# Holy Bible

## *Aionian* Edition®

## हरियाणवी बाइबिल

## Haryanvi Bible

AionianBible.org
The world’s first Holy Bible untranslation
100% free to copy and print
also known as “ The Purple Bible ”

*Holy Bible Aionian Edition ®*

हरियाणवी बाइबिल

Haryanvi Bible

Creative Commons Attribution ShareAlike 4.0 International, 2018-2025

Source text: eBible.org
Source version: 4/25/2025
Source copyright: Creative Commons Attribution ShareAlike 4.0
The Love Fellowship, 2021

Formatted by Speedata Publisher 5.1.9 (Pro) on 6/3/2025
100% Free to Copy and Print
TOR Anonymously
https://AionianBible.org

Published by Nainoia Inc, https://Nainoia-Inc.signedon.net
All profits are given to https://CoolCup.org

We pray for a modern Creative Commons translation in every language
Translator resources at https://AionianBible.org/Third-Party-Publisher-Resources
Report content and format concerns to Nainoia Inc
Volunteer help is welcome and appreciated!

*Celebrate Jesus Christ’s victory of grace!*

# Preface

हरियाणवी at AionianBible.org/Preface

The *Holy Bible Aionian Edition* ® is the world's first Bible *un-translation*! What is an *un-translation*? Bibles are translated into each of our languages from the original Hebrew, Aramaic, and Koine Greek. Occasionally, the best word translation cannot be found and these words are transliterated letter by letter. Four well known transliterations are *Christ*, *baptism*, *angel*, and *apostle*. The meaning is then preserved more accurately through context and a dictionary. The Aionian Bible un-translates and instead transliterates eleven additional Aionian Glossary words to help us better understand God's love for individuals and all mankind, and the nature of afterlife destinies.

The first three words are *aiōn*, *aiōnios*, and *aïdios*, typically translated as *eternal* and also *world* or *eon*. The Aionian Bible is named after an alternative spelling of *aiōnios*. Consider that researchers question if *aiōn* and *aiōnios* actually mean *eternal*. Translating *aiōn* as *eternal* in Matthew 28:20 makes no sense, as all agree. The Greek word for *eternal* is *aïdios*, used in Romans 1:20 about God and in Jude 6 about demon imprisonment. Yet what about *aiōnios* in John 3:16? Certainly we do not question whether salvation is eternal! However, *aiōnios* means something much more wonderful than infinite time! Ancient Greeks used *aiōn* to mean *eon* or *age*. They also used the adjective *aiōnios* to mean *entirety*, such as *complete* or even *consummate*, but never infinite time. Read Dr. Heleen Keizer and Ramelli and Konstan for proofs. So *aiōnios* is the perfect description of God's Word which has *everything* we need for life and godliness! And the *aiōnios* life promised in John 3:16 is not simply a ticket to eternal life in the future, but the invitation through faith to the *consummate* life beginning now!

The next seven words are *Sheol*, *Hadēs*, *Geenna*, *Tartaroō*, *Abyssos*, and *Limnē Pyr*. These words are often translated as *Hell*, the place of eternal punishment. However, *Hell* is ill-defined when compared with the Hebrew and Greek. For example, *Sheol* is the abode of deceased believers and unbelievers and should never be translated as *Hell*. *Hadēs* is a temporary place of punishment, Revelation 20:13-14. *Geenna* is the Valley of Hinnom, Jerusalem's refuse dump, a temporal judgment for sin. *Tartaroō* is a prison for demons, mentioned once in 2 Peter 2:4. *Abyssos* is a temporary prison for the Beast and Satan. Translators are also inconsistent because *Hell* is used by the King James Version 54 times, the New International Version 14 times, and the World English Bible zero times. Finally, *Limnē Pyr* is the Lake of Fire, yet Matthew 25:41 explains that these fires are prepared for the Devil and his angels. So there is reason to review our conclusions about the destinies of redeemed mankind and fallen angels.

The eleventh word, *eleēsē*, reveals the grand conclusion of grace in Romans 11:32. Please understand these eleven words. The original translation is unaltered and a highlighted note is added to 64 Old Testament and 200 New Testament verses. To help parallel study and Strong's Concordance use, apocryphal text is removed and most variant verse numbering is mapped to the English standard. We thank our sources at eBible.org, Crosswire.org, unbound.Biola.edu, Bible4u.net, and NHEB.net. The Aionian Bible is copyrighted with creativecommons.org/licenses/by/4.0, allowing 100% freedom to copy and print, if respecting source copyrights. Check the Reader's Guide and read at AionianBible.org, with Android, and with TOR network. Why purple? King Jesus' Word is royal and purple is the color of royalty! All profits are given to CoolCup.org.

# History

हरियाणवी at AionianBible.org/History

06/21/75 - Two boys, P. and J., wonder if Jesus saves all and pray.
04/15/85 - Aionian Bible conceived as B. and J. pray.
12/18/13 - Aionian Bible announced as J. and J. pray.
06/21/15 - Aionian Bible birthed as G. and J. pray.
01/11/16 - AionianBible.org domain registered.
06/21/16 - 30 translations available in 12 languages.
12/07/16 - Nainoia Inc established as non-profit corporation.
01/01/17 - Creative Commons Attribution No Derivatives 4.0 license added.
01/16/17 - Aionian Bible Google Play Store App published.
07/01/17 - 'The Purple Bible' nickname begins.
07/30/17 - 42 translations now available in 22 languages.
02/01/18 - Holy Bible Aionian Edition® trademark registered.
03/06/18 - Aionian Bibles available in print at Amazon.com.
09/15/18 - Aionian Bible dedicated as J. and J. pray again.
10/20/18 - 70 translations now available in 33 languages.
11/17/18 - 104 translations now available in 57 languages.
03/24/19 - 135 translations now available in 67 languages.
10/28/19 - Aionian Bible nursed as another J. and J. pray.
10/31/19 - 174 translations now available in 74 languages.
02/22/20 - Aionian Bibles available in print at Lulu.com.
05/25/20 - Illustrations by Gustave Doré, La Grande Bible de Tours, Felix Just.
08/29/20 - Aionian Bibles now available in ePub format.
12/01/20 - Right to left and Hindic languages now available in PDF format.
03/31/21 - 214 translations now available in 99 languages.
11/17/21 - Aionian Bible Branded Leather Bible Covers now available.
12/20/21 - Social media presence on Facebook, Twitter, LinkedIn, YouTube, etc.
01/01/22 - 216 translations now available in 99 languages.
01/09/22 - StudyPack resources for Bible translation study.
01/23/22 - Volunteers celebrate with pie and prayer.
02/14/22 - Strong's Concordance from Open Scriptures and STEPBible.
02/14/23 - Aionian Bible published on the TOR Network.
12/04/23 - Eleēsē added to the Aionian Glossary.
02/04/24 - 352 translations now available in 142 languages.
05/01/24 - 370 translations now available in 164 languages.
08/05/24 - 378 translations now available in 165 languages.
08/18/24 - Creative Commons Attribution 4.0 International, if source allows.
10/20/24 - Gospel Primer handout format.
11/24/24 - Progressive Web Application off-line format.
01/28/25 - All profits are given to CoolCup.org.
03/12/25 - 382 translations now available in 166 languages.
05/04/25 - 393 translations now available in 175 languages.
05/27/25 - 462 translations now available in 229 languages.

# Table of Contents

**NEW TESTAMENT**

मत्ती ....................................................11
मरकुस ................................................75
लूका ..................................................116
यूहन्ना ...............................................185
प्रेरितों के काम ....................................239
रोमियों ...............................................306
1 कुरिन्थियों ......................................339
2 कुरिन्थियों ......................................372
गलातियों ...........................................393
इफिसियों ..........................................405
फिलिप्पियों .......................................416
कुलुस्सियों ........................................423
1 थिस्सलुनीकियों ...............................431
2 थिस्सलुनीकियों ...............................438
1 तीमुथियुस ......................................442
2 तीमुथियुस ......................................451
तीतुस ................................................458
फिलेमोन ...........................................463
इब्रानियों ...........................................465
याकूब ................................................490
1 पतरस ...........................................498
2 पतरस ...........................................508
1 यूहन्ना ...........................................515
2 यूहन्ना ...........................................523
3 यूहन्ना ...........................................525
यहूदा .................................................527
प्रकाशित वाक्य ...................................531

**APPENDIX**
Reader's Guide
Glossary
Maps
Destiny
Illustrations, Doré

# NEW TESTAMENT




फेर यीशु नै कह्या, “हे पिता इन्हनै माफ कर, क्यूँकि ये न्ही जाणदे के ये के करै सै।”
अर उननै पर्ची गेर कै उसके लत्ते बांड लिए।
लूका 23:34

# मत्ती

**1** ये यीशु मसीह के पूर्वजां के नाम सै। वो राजा दाऊद का वंशज था, अर
राजा दाऊद अब्राहम का वंशज था। 2 अब्राहम का बेट्टा इसहाक था, अर
इसहाक का बेट्टा याकूब था, फेर याकूब तै यहूदा अर उसके भाईयाँ का जन्म
होया। 3 यहूदा के बेट्टे फिरिस अर जोरह थे। (फिरिस अर जोरह की माँ का
नाम तामार था।) फिरिस का बेट्टा हिस्रोन था। हिस्रोन का बेट्टा एराम था, 4
एराम का बेट्टा अम्मीनादाब था। अम्मीनादाब तै नहशोन, अर नहशोन तै
सलमोन का जन्म होया, 5 सलमोन का बेट्टा बोआज था। (बोआज की माँ
का नाम राहाब था।) बोआज अर रुत तै ओबेद का जन्म होया, अर ओबेद
का बेट्टा यिशै था। 6 अर यिशै का बेट्टा राजा दाऊद था। (राजा सुलैमान
दाऊद का बेट्टा था।) जो उस बिरबान्नी तै जन्मा था जो पैहले उरिय्याह की
घरआळी थी, 7 सुलैमान का बेट्टा रहबाम था। अर रहबाम का बेट्टा अबिय्याह
था। अर अबिय्याह तै आसा का जन्म होया। 8 आसा का बेट्टा यहोशाफात
था। फेर यहोशाफात तै योराम अर योराम तै उज्जियाह का जन्म होया। 9
उज्जियाह का बेट्टा योताम था अर योताम, आहाज का। फेर आहाज तै
हिजकिय्याह का जन्म होया। 10 हिजकिय्याह तै मनश्शिह का जन्म होया।
मनश्शिह का बेट्टा आमोन था, अर आमोन तै योशिय्याह का जन्म होया।। 11
फेर इस्राएल के माणसां नै कैदी बणाकै बेबीलोन देश ले जाण के बखत
योशिय्याह तै यकुन्याह, अर उसके भाईयाँ का जन्म होया। 12 बेबीलोन
देश म्ह पोहचाये जाये पाच्छै यकुन्याह तै शालतियेल का जन्म होया, फेर
शालतियेल तै जरुब्बाबिल का जन्म होया। 13 जरुब्बाबिल तै अबीहूद का
जन्म होया, अबीहूद तै एलयाकीम का अर एलयाकीम तै अजोर का जन्म
होया। 14 अजोर का बेट्टा सदोक था। सदोक तै अखीम अर अखीम तै
इलीहूद का जन्म होया। 15 इलीहूद का बेट्टा इलियाजार था। अर इलियाजार
मत्तान का। मत्तान का बेट्टा याकूब था। 16 अर याकूब तै यूसुफ का जन्म
होया, जो मरियम का धणी था। अर मरियम तै यीशु जो मसीह कुह्वावै सै,
पैदा होया। 17 इस तरियां अब्राहम तै दाऊद तक चौदहा पीढ़ी होई, अर
दाऊद तै लेकै इस्राएलियाँ नै कैदी बणाकै बेबीलोन देश भेज्जे जाण तक
चौदहा पीढ़ी, अर इस्राएलियाँ कैदी बणाकै बेबीलोन देश म्ह भेज्जे जाण कै

बखत तै मसीह तक चौदहा पीढ़ी और होई। **18** यीशु मसीह का जन्म इस
तरियां होया, कै जिब उसकी माँ मरियम की सगाई यूसुफ कै गैल होग्यी, तो
उनका ब्याह होण तै पैहल्याए बेरा पाट्या के वा पवित्र आत्मा की शक्ति तै
गर्भवती सै। **19** पर उसका धणी यूसुफ जो एक धर्मी माणस था, उसनै
बदनाम न्ही करणा चाहवै था, इस खात्तर उस ताहीं चुपके तै छोड़ण का
विचार करया। **20** जिब वो इन बात्तां नै सोच्चै ए था तो परमेसवर का सुर्गदूत
उसनै सपनै म्ह आकै कहण लाग्या, "हे यूसुफ! दाऊद के वंशज, तू अपणी
घरआळी मरियम नै अपणे उरै ल्याण तै ना डरै, क्यूँके जो उसकी कोख म्ह
सै, वो पवित्र आत्मा की ओड़ तै सै। **21** वो बेट्टा जाम्यैगी अर तू उसका नाम
यीशु धरिये, क्यूँके वो अपणे माणसां का उनकै पापां तै उद्धार करैगा।" **22**
यो सारा इस खात्तर होया के जो वचन प्रभु नै यशायाह नबी कै जरिये कह्या
था, वो पूरा हो **23** देक्खो एक कुँवारी गर्भवती होगी अर एक छोरा जण्येगी,
अर उसका नाम इम्मानुएल धरया जावैगा, जिसका मतलब सै "परमेसवर
म्हारै गैल सै।" **24** फेर यूसुफ नींद तै जाग कै परमेसवर कै सुर्गदूत के हुकम
कै मुताबिक मरियम नै अपणी घरआळी बणाकै अपणे याड़ै ले आया। **25**
अर जिब ताहीं उसनै छोरा ना जण्या जिब तक यूसुफ उसकै धोरै न्ही गया
अर उसनै बाळक का नाम यीशु धरया।

**2** हेरोदेस राजा जिब यहूदिया परदेस पै राज करण लागरया था, तो उस
परदेस के बैतलहम नगर म्ह यीशु का जन्म होया। तो थोड़े बखत बाद कई
विद्वान जो तारां का ज्ञान राक्खै थे, पूरब तै यरुशलेम नगर म्ह आये। **2** वो
आकै बुझ्झण लाग्गे, यहूदियाँ का राजा जिसका जन्म होया सै, वो कित्त सै?
हमनै पूरब दिशा म्ह उसका तारा देख्या सै, जो उसके जन्म के बारें म्ह बतावै
सै, इस करकै हम उसकी आराधना करण आये सां। **3** यो सुणकै हेरोदेस
राजा अर उसकै गैल यरुशलेम नगर के सारे लोग चिन्ता करण लाग्गै। **4**
फेर उसनै माणसां के सारे प्रधान याजकां अर शास्त्रियाँ ताहीं कठ्ठा करकै
उनतै बुझ्झया, के पवित्र ग्रन्थ के कहवै सै? "मसीह का जन्म कित्त होणा
चाहिये?" **5** उननै उस ताहीं कह्या, "यहूदिया परदेस के बैतलहम नगर
म्ह," क्यूँके नबियाँ कै जरिये योए पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या गया सै: **6** "हे
बैतलहम नगर, तू जो यहूदा कै परदेस म्ह सै, तू किसे भी ढाळ तै यहूदा कै

अधिकारियां म्ह सारा तै छोट्टा कोन्या। क्यूँके तेरे म्ह तै एक राजा लिकड़ैगा,
जो मेरी प्रजा इस्राएल की रुखाळी करैगा।” 7 हेरोदेस जाणणा चाहवै था के
उस बाळक की उम्र कितनी सै, इस करकै उसनै तारां का ज्ञान राक्खण
आळा ताहीं लुह्क्मा बुलाकै उनतै बुझ्झया के तारा ठीक किस बखत दिख्या
था। 8 अर राजा नै यो कहकै उन ताहीं बैतलहम नगर भेज्जा, “जाओ,
उस बाळक कै बारें म्ह ठीक-ठाक बेरा पाड़ो, अर जिब वो मिल ज्या तो
मन्नै खबर द्यो, ताके मै भी आणकै उसकी आराधना करुँ।” 9 वे राजा
की बात सुणकै चले गए, अर जो तारा उननै पूरब दिशा म्ह देख्या था, वो
उनकै आग्गै-आग्गै चाल्या। अर जड़ै बाळक था, उस घर कै उप्पर जाकै रुक
ग्या। 10 उस तारे नै देखकै वे घणे आनन्दित होए, जो उस घर के उप्पर रुक
ग्या था। 11 उननै उस घर म्ह जाकै उस बाळक ताहीं उसकी माँ मरियम
कै गैल देख्या, अर झुककै बाळक की आराधना करी, अर अपणा-अपणा
झोळा खोल कै उस ताहीं सोन्ना, लोबान, अर गन्धरस की भेट चढ़ाई। 12
फेर सपनै म्ह परमेसवर नै या चेतावनी दी के हेरोदेस राजा कै धोरै फेर ना
जाइयो, वे राजा ताहीं बिना बताये दुसरे राह तै अपणे देश म्ह चले ग्ये। 13
विद्वानां कै चले जाणकै बाद परमेसवर कै एक सुर्गदूत नै सपनै म्ह आकै
यूसुफ तै कह्या, “उठ! उस बाळक नै अर उसकी माँ नै लेकै मिस्र देश म्ह
भाग ज्या। अर जिब ताहीं मै तेरे तै ना कहूँ, जिब ताहीं ओड़ैए रहिये। क्यूँके
हेरोदेस राजा इस बाळक नै टोह्कै उस ताहीं उसनै मरवाणा चाहवै सै।” 14
फेर वो रात नै ए उठकै बाळक अर उसकी माँ नै लेकै मिस्र देश नै चाल
पड्या। 15 अर हेरोदेस राजा कै मरण तक ओड़ैए रह्या। ताके वो वचन जो
प्रभु नै होशे नबी कै जरिये कह्या था वो पूरा हो “मन्नै अपणे बेट्टै ताहीं मिस्र
देश तै बुलाया।” 16 जिब हेरोदेस राजा नै यो देख्या, के विद्वानां नै उसकै गैल
धोक्खा करया सै, फेर वो छो म्ह भरग्या। उसनै सैनिकां ताहीं भेजकै विद्वानां
कै जरिये ठीक-ठाक बताये होड़ बखत कै मुताबिक बैतलहम नगर अर उसकै
लोवै-धोवै की जगहांया के सारे छोरयां ताहीं जो दो साल के या उसतै छोट्टे
थे, वे सब मरवा दिए। 17 फेर जो वचन यिर्मयाह नबी कै जरिये कह्या ग्या
था, वो पूरा होया, 18 “रामाह नगर म्ह एक रोण की आवाज सुणाई देई,
रोणा अर घणाए बिलाप। राहेल अपणे बाळकां कै खात्तर रोवै थी, अर चुप

न्ही होणा चाहवै थी, क्यूँके वे इब मरगे थे।” 19 हेरोदेस राजा कै मरण कै
पाच्छै, परमेसवर का सुर्गदूत मिस्र देश म्ह यूसुफ तै सपनै म्ह बोल्या, 20
“उठ, बाळक अर उसकी माँ नै लेकै इस्राएल कै देश म्ह चल्या ज्या, क्यूँके
हेरोदेस राजा अर उसके माणस जो बाळक नै मारणा चाहवै थे, वे मर लिये
सै।” 21 यूसुफ नींद तै जाग्या, अर बाळक अर उसकी माँ नै गेल्या लेकै
इस्राएल देश म्ह बोहड़ आया। 22 पर या सुणकै के अरखिलाउस अपणे
पिता हेरोदेस राजा की जगहां यहूदिया परदेस पै राज करै सै, ओड़ै जाण तै
डरग्या। फेर सपनै म्ह परमेसवर की ओड़ तै चेतावनी पाकै गलील परदेस म्ह
चल्या गया। 23 अर नासरत नाम कै नगर म्ह जा बस्या, ताके वो वचन पूरा
हो, जो नबियाँ कै जरिये यीशु के बारें कह्या गया था: “वो नासरी कुह्वावैगा।”

**3** उन दिनां म्ह यूहन्ना बपतिस्मा देण आळा आकै यहूदिया परदेस के जंगल-
बियाबान म्ह यो प्रचार करण लाग्या: 2 “पाप करणा छोड़ द्यो, क्यूँके सुर्ग
का राज्य धोरै आ लिया सै।” 3 यो वोए सै, जिसका जिक्र यशायाह नबी
कै जरिये करया गया: “जंगल-बियाबान म्ह तै ए कोए रुक्का देवै सै, के
प्रभु का राह तैयार करो अर उसकी सड़क सीध्धी करो।” 4 यूहन्ना ऊँट के
रुए के लत्ते पहरणीया अर अपणी कड़ म्ह चमड़े की पेट्टी-बाँधे रहवै था।
उसका खाणपान टिड्डियाँ अर शहद था। 5 फेर यरुशलेम नगर अर सारे
यहूदिया परदेस अर यरदन नदी कै लोवै-धोवै की सारी जगहां के माणस
उसकै धोरै आ ग्ये। 6 उन सारया नै अपणे-अपणे पापां नै मानकै यरदन
नदी म्ह उसतै बपतिस्मा लिया। 7 जिब उसनै घणे सारे फरीसियाँ अर
सदूकियाँ ताहीं अपणे धोरै बपतिस्मा लेण खात्तर आन्दे देख्या, तो बोल्या,
“हे साँप के सप्पोलों जिसे माणसों, थम नरक की सजा तै किस ढाळ
बचोगे? (questioned) 8 इस खात्तर जै थमनै सच म्ह पाप करणा छोड़ दिया
सै तो यो दिखाण खात्तर भले काम तो करो। 9 अर अपणे-अपणे मन म्ह
न्यू मतना सोच्चो के म्हारा पिता अब्राहम सै। क्यूँके मै थमनै कहूँ सूं के
परमेसवर इन पत्थरां तै अब्राहम कै खात्तर ऊलाद पैदा कर सकै सै। 10 इब
कुहाड़ा दरखतां की जड़ पै धरया सै, इस करकै जो-जो दरखत बढ़िया फळ
न्ही ल्यांदा, वो काट्या अर आग म्ह झोक्या जावैगा। इसका मतलब यो सै
परमेसवर उन सारया नै दण्ड देवैगा जो पाप करणा न्ही छोड़ते। 11 “मै तो

थमनै पाणी तै, पापां ताहीं छोड़ण का बपतिस्मा देऊ सूं, पर जो मेरै पाच्छै
आवैगा, वो मेरै तै भी शक्तिशाली सै। मै उसकी जूत्ती ठाण जोग्गा भी कोनी।
वो थमनै पवित्र आत्मा अर आग तै बपतिस्मा देवैगा। 12 उसका छाज उसकै
हाथ म्ह सै, अर वो अपणा खलिहाण आच्छी तरियां साफ करैगा, अर अपणे
नाज नै अपणे कोठार (गोदाम) म्ह कठ्ठा करैगा, पर भुरळी ताहीं उस आग म्ह
जळावैगा जो कदे बुझै कोनी।" 13 उस बखत यीशु गलील परदेस तै यरदन
नदी कै कन्ठारे यूहन्ना कै धोरै उसतै बपतिस्मा लेण आया। 14 पर या कहकै
यूहन्ना उसनै रोक्कण लाग्या, "कै मन्नै तो तेरे हाथ तै बपतिस्मा लेण की
जरूरत सै, अर तू मेरै धोरै आया सै?" 15 यीशु नै उसतै जवाब दिया, "कै
इब तो योए होण दे, क्यूँ कै हमनै इस्से तरियां तै सारी धार्मिकता पूरी करणा
ठीक सै।" फेर उसनै उसकी बात मान ली। 16 अर यीशु बपतिस्मा लेकै
जिब पाणी तै उप्पर आया, अर अकास खुलग्या, अर उसनै परमेसवर की
पवित्र आत्मा ताहीं कबूतर की तरियां उतरते अर अपणे उप्पर आन्दे देख्या।
17 अर देक्खो, परमेसवर सुर्ग म्ह तै बोल्या, "कै यो मेरा प्यारा बेट्टा सै,
जिसतै मै भोत घणा राज्जी सूं।"

**4** बपतिस्मे के बाद पवित्र आत्मा यीशु नै जंगल-बियाबान म्ह लेग्या, ताके
शैतान उस ताहीं परखै। 2 वो चाळीस दिन अर चाळीस रात, बिना खाए पिए
रह्या, फेर उसनै भूख लाग्गी। 3 फेर शैतान नै धोरै आणकै उसतै कह्या, "जै
तू परमेसवर का बेट्टा सै, तो कहकै साबित करदे, के ये पत्थर रोट्टी बण जावै,
ताके तू इननै खा सकै।" 4 यीशु नै जवाब दिया: "पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै,
'माणस सिर्फ रोट्टी तै ए न्ही, पर परमेसवर के हरेक वचन तै जो उसनै मान्नै
सै, जिन्दा रह्वैगा।'" 5 फेर शैतान उसनै पवित्र नगर यरुशलेम म्ह लेग्या अर
मन्दर की चोट्टी पै खड्या कर दिया। 6 अर उसतै बोल्या, "जै तू परमेसवर
का बेट्टा सै, तो अपणे-आपनै तळै गेर कै साबित कर। क्यूँके पवित्र ग्रन्थ म्ह
लिख्या सै: वो तेरे बाबत अपणे सुर्गदूत्तां नै हुकम देगा, अर वे तन्नै हाथों हाथ
उठा लेवैगें कदे इसा ना हो के तेरे पायां म्ह पत्थर तै ठेस लाग्गै।" 7 यीशु नै
उसतै कह्या, "यो भी पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै, के 'तू अपणे प्रभु परमेसवर
नै ना परखै।'" 8 फेर शैतान उसनै घणे ऊँच्चे पहाड़ पै लेग्या अर सारी
दुनिया का राजपाट अर उसकी शानों-शोकत दिखाकै, 9 उसतै बोल्या, "जै

तू झुककै मेरी भगति करै, तो मै सारा किमे तन्नै दे दियुँगा।" 10 फेर यीशु
उसतै बोल्या, "हे शैतान दूर हो ज्या, पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै: तू प्रभु
अपणे परमेसवर की भगति कर, अर सिर्फ उस्से की सेवा करया कर।" 11
फेर शैतान उसकै धोरै तै चल्या ग्या, अर देख्ये, सुर्गदूत आणकै उसकी सेवा
करण लाग्गे। 12 जिब उसनै न्यू सुण्या के यूहन्ना कैदी बणा लिया सै, तो वो
यहूदिया परदेस तै लिकड़कै गलील परदेस म्ह चल्या ग्या। 13 अर फेर वो
गलील परदेस के नासरत नगर नै छोड़कै कफरनहूम नगर म्ह, जो गलील
समुन्दर कै किनारे था, कफरनहूम उस क्षेत्र म्ह गलील के समुन्दरी तट पै था,
जड़ै जबूलून अर नप्ताली के गोत्र के माणस रहवै थे। 14 ताके जो यशायाह
नबी कै जरिये कह्या गया था, वो पूरा हो 15 "जबूलून अर नप्ताली जात्ति कै
परदेस, गलील समुन्दर कै किनारे यरदन नदी के पार, गलील परदेस म्ह रहण
आळे गैर यहूदी माणस" 16 "जो माणस अन्धकार म्ह जीण लागरे थे, उननै
तेज चान्दणा देख्या। वे उस जगहां म्ह जीण लागरे थे, जित्त हर घड़ी मौत का
खतरा था, उनपै चान्दणा चमक्या।" 17 उस बखत तै यीशु नै प्रचार करणा
अर कहणा शरु करया, "पाप करणा छोड़ द्यो, क्यूँके सुर्ग का राज्य धोरै
आया सै।" 18 गलील परदेस म्ह गलील समुन्दर कै किनारे घूमदे होए उसनै
दो भाईयाँ ताहीं शमौन जो पतरस कुह्यावै सै, अर उसके भाई अन्द्रियास
ताहीं समुन्दर म्ह जाळ गेरते देख्या, क्यूँके वे मछवारे थे। 19 यीशु नै उनतै
कह्या, "मेरै पाच्छै आओ, मै थमनै माणसां ताहीं कठ्ठे करण आळे बणाऊँगा
ताके वो मेरे चेल्लें बणे।" 20 वे जिब्बे जाळां नै छोड़कै उसके चेल्लें बणण
खात्तर उसकै पाच्छै हो लिये। 21 ओड़ तै आग्गै चालकै, यीशु नै दो और
भाईयाँ ताहीं यानी जब्दी के बेट्टे याकूब अर उसकै भाई यूहन्ना ताहीं देख्या।
वे अपणे पिता जब्दी कै गैल किस्ती पै अपणे जाळां ताहीं ठीक करै थे।
यीशु नै उन ताहीं भी बुला लिया। 22 वे जिब्बे किस्ती अर अपणे पिता नै
छोड़कै उसके चेल्लें बणण खात्तर उसकै पाच्छै हो लिये। 23 यीशु सारे
गलील परदेस म्ह फिरता होया उनकै आराधनालयाँ म्ह उपदेश सुणान्दा, अर
राज्य का सुसमाचार सुणान्दा अर माणसां की हरेक ढाळ की बीमारी अर
कमजोरियाँ नै दूर करदा रह्या। 24 अर सारे सीरिया परदेस म्ह उसका यश
फैलग्या, अर माणस सारे बिमारां नै, जो कई ढाळ की बिमारियाँ अर दुखां तै

जकड़े होए थे, जिन म्ह भुंडी आत्मा थी, अर मिर्घी आळे अर लकवे के रोग्गी
नै उसकै धोरै ल्याए उसनै उन ताहीं ठीक करया। **25** अर गलील परदेस,
दिकापुलिस नगर, यरुशलेम नगर, यहूदिया परदेस अर यरदन नदी कै पार तै
भीड़ की भीड़ उसकै पाच्छै हो ली

**5** यीशु उस भीड़ नै देखकै पहाड़ पै चला ग्या, अर जब बैठग्या तो उसके
चेल्लें उसकै धोरै आए। **2** अर वो अपणी ऊँच्ची आवाज म्ह उननै या शिक्षा
देण लाग्या: **3** “धन्य सै वे, जो या जाणे सै के उननै परमेसवर की जरूरत
सै, क्यूँके सुर्ग का राज्य उननै का सै। **4** धन्य सै वे, जो शोक करै सै, क्यूँके
वे परमेसवर तै शांति पावैगें। **5** धन्य सै वे, जो नम्र सै, क्यूँके वे परमेसवर के
जरिये धरती के हकदार होंगे। **6** धन्य सै वे, जो धार्मिकता का जीवन जीण
खात्तर भूखे अर तिसाए सै, क्यूँके वे परमेसवर के जरिये छिकाए जावैंगे। **7**
धन्य सै वे, जो दया करण आळे सै, क्यूँके परमेसवर भी उनपै दया करैगा। **8**
धन्य सै वे, जिनके मन शुद्ध सै, क्यूँके वे परमेसवर नै देखैगें। **9** धन्य सै वे,
जो मेल कराण आळे सै, क्यूँके वे परमेसवर के बेट्टा-बेट्टी कुह्वावैगें। **10** धन्य
सै वे, जो धार्मिकता के कारण सताए जावै सै, क्यूँके सुर्ग का राज्य उन्हे का
सै।” **11** “धन्य सों थम, जिब माणस मेरै कारण थारी बुराई करै सतावै अर
झूठ बोल-बोलकै थारे बिरोध म्ह सारी तरियां की बुरी बात फैलावै, क्यूँके
थम मेरे चेल्लें सों। **12** फेर खुश अर मग्न होइयो, क्यूँके थारे खात्तर सुर्ग
म्ह बड्ड़ा ईनाम सै। इस करकै के उननै उन नबियाँ ताहीं भी इस्से ढाळ
सताया था, जो थारे तै भी भोत पैहल्या थे।” **13** “थम धरती पै लोग्गां
खात्तर नूण की तरियां सों, पर जै नूण का सुवाद जान्दा रहवै, तो वो किस
चीज तै नमकीन करया जावैगा? फेर वो किसे काम का न्ही, सिर्फ इसकै के
बाहर फेक्या ज्या अर माणसां के पैरां तळै चिकल्या ज्या।” **14** “थम दुनिया
के लोग्गां खात्तर चाँदणा की तरियां सों। जो नगर पहाड़ पै बस रह्या सै वो
लुह्क न्ही सकदा। **15** अर माणस दीवा जळा कै बरतन कै तळै न्ही पर टांडी
पै धरै सै, फेर उसतै घर के सारे माणसां ताहीं चान्दणा ज्या सै। **16** उस्से
तरियां थारा चान्दणा माणसां के स्याम्ही चमकै के वे थारे भले काम्मां नै
देखकै थारे पिता की, जो सुर्ग म्ह सै बड़ाई करै।” **17** “या ना समझो, के मै
मूसा के नियम-कायदा या नबियाँ के लेख नै मिटाण आया सूं, मिटाण न्ही,

पर पूरा करण आया सूं। 18 क्यूँके मै थमनै सच कहूँ सूं, के जब ताहीं धरती
अर अकास सै, जद ताहीं नियम-कायदा म्ह लिखी हरेक छोट्टी तै छोट्टी बात
पूरी होए बिना न्ही रहवैगी। 19 इस करकै जो कोए इन छोट्टे तै छोट्टे हुकम म्ह
तै किसे एक नै भी न्ही मानता, अर दुसरे माणसां नै भी उसाए सिखावै, वो
सुर्ग के राज्य म्ह सारा तै छोट्टा कुह्यावैगा, पर जो कोए उन सारे हुकमां पै
चाल्लैगा अर उननै सिखावैगा, वोए सुर्ग राज्य म्ह महान् कुह्यावैगा। 20 क्यूँके
मै थमनै कहूँ सूं, के जै थारा आत्मिक जीवन शास्त्रियाँ अर फरीसियाँ के
आत्मिक जीवन तै बढ़कै न्ही हो, तो थम सुर्ग के राज्य म्ह कदे बड़ न्ही
पाओगें।" 21 "थमनै सुण्या होगा, के थारे पूर्वजां तै कह्या, गया था के 'खून
ना करियो', अर 'जो कोए खून करैगा वो कचेह्ड़ी म्ह दण्ड के लायक होगा।'
22 पर मै थमनै या कहूँ सूं, के जो कोए अपणे भाई पै गुस्सा करैगा, वो
कचेह्ड़ी म्ह दण्ड के लायक होगा, अर जो कोए अपणे भाई नै निकम्मा
कहवैगा वो बड्डी सभा म्ह दण्ड के लायक होगा, अर जो कोए कहवै 'अरै
बेकूफ' वो नरक की आग के दण्ड के लायक होगा।" **(Geenna g1067)** 23
"इस करकै जै तू अपणा चढ़ावा मन्दर म्ह वेदी पै चढ़ावै, अर ओड़ै तू याद
करै, के तेरे भाई के मन म्ह तेरे खात्तर किमे बिरोध सै, 24 तो तू अपणा
चढ़ावा ओड़ैए वेदी कै धोरै छोड़दे, अर ज्याकै अपणे भाई तै मेळ-मिलाप कर
अर फेर आकै अपणा चढ़ावा चढ़ा।" 25 "जिब तक तू अपणे बैरी के गेल्या
राह म्ह सै, तो उसतै जिब्बे मेळ-मिलाप करले, कदे इसा ना हो के बैरी तन्नै
न्यायाधीश के हवालै, अर न्यायाधीश तन्नै सिपाही के हवालै करदे, अर तू
जेळ म्ह गेर दिया जावै। 26 मै तन्नै सच कहूँ सूं के जिब ताहीं तू पाई-पाई
न्ही भरदे जद ताहीं जेळ तै छुटण न्ही पावैगा।" 27 "थमनै परमेसवर का
हुकम सुण्या होगा के कह्या गया था, 'जारी ना करियो।' 28 पर मै थमनै न्यू
कहूँ सूं, के जो कोए किसे बिरबान्नी पै भुंडी निगांह गेरै वो अपणे मन म्ह
उसतै जारी करग्या। 29 जै तेरी सोळी आँख तेरे तै पाप करवावै सै, तो उसनै
लिकाड़ के फेंक दे, क्यूँके तेरे खात्तर योए ठीक सै के तेरे अंगा म्ह तै एक
नाश हो ज्या अर तेरी सारी देह नरक म्ह ना गेरी जावै। **(Geenna g1067)** 30
जै तेरा सोळा हाथ तेरे तै पाप करवावै सै, तो उसनै काट के फेंक दे, क्यूँके
तेरे खात्तर योए आच्छा सै के तेरे बाक्की अंगा म्ह तै एक नाश हो जावै

अर तेरी सारी देह नरक म्ह न्ही गेरी जावै।” (Geenna g1067) 31 “यो भी
कह्या गया था, ‘जो कोए अपणी घरआळी नै तलाक देणा चाहवै, तो उसनै
तलाकनामा दे।’ 32 पर मै थमनै यो कहूँ सूं के जो कोए अपणी घरआळी नै
जारी कै सिवा किसे और कारण तै तलाक दे, तो वो उसतै जारी करवावै सै।
अर जो कोए उस छोड्डी होई तै ब्याह करै, वो जारी करै सै।” 33 “फेर थमनै
सुण्या होगा के थारे पूर्वजां तै कह्या गया था, ‘झूठ्ठी कसम ना खाईयों, पर
प्रभु के खात्तर अपणी कसम नै पूरी करियो।’ 34 पर मै थमनै या कहूँ सूं के
कदे कसम ना खाईयों, ना तो सुर्ग की, क्यूँके वो परमेसवर का सिंहासन सै।
35 ना धरती की, क्यूँके वा उसकै पैरां की पिढ्ढी सै, ना यरुशलेम नगर की,
क्यूँके वो महाराजा का नगर सै। 36 अपणे सिर की भी कसम ना खाईयों
क्यूँके तू एक बाळ नै भी ना तो धोळा, अर ना काळा कर सकै सै। 37 पर
थारी बात ‘हाँ’ की हाँ, या ‘ना’ की ना हो, क्यूँके जो किमे इसतै घणा होवै सै
वो शैतान की ओड़ तै होवै सै।” 38 “थमनै नियम-कायदा म्ह सुण्या होगा के
कह्या था, आँख कै बदले आँख, अर दाँत कै बदले दाँत। 39 पर मै थमनै कहूँ
सूं के बुरे माणस तै झगड़ा मोल ना लियो, पर जो कोए तेरे सोळे गाल पै
थप्पड़ मारै उस कान्ही दुसरा भी फेर दे। 40 जै कोए तेरे पै दाब देकै तेरा
कुड़ता लेणा चाहवै, तो उसनै अंगोच्छा भी दे दे। 41 जै कोए अधिकारी तन्नै
एक कोस मुफ्त म्ह ले जावै, तो उसकै गेल्या दो कोस चल्या ज्या। 42 जो
कोए तेरे तै माँग्गै, उसनै दे, अर जो कोए तेरे तै उधार लेणा चाहवै, उसतै मुँह
ना मोड़।” 43 “थमनै नियम-कायदा म्ह सुण्या होगा के कह्या गया था,
अपणे पड़ोसी तै प्यार राखिये, अर अपणे बैरी तै बैर। 44 पर मै थमनै कहूँ सूं
के अपणे बैरियाँ तै प्यार राक्खों अर अपणे सतावण आळे के खात्तर प्रार्थना
करो, 45 जिसतै थम अपणे सुर्गीय पिता की सिध्द ऊलाद मान्ने जाओगे।
क्यूँके वो भले अर बुरे लोग्गां पै अपणा सूरज उगाया करै सै, अर धर्मी अर
अधर्मी लोग्गां पै मिह बरसावै सै। 46 क्यूँके जै थम अपणे प्यार करण आळा
तै ए प्यार करो सों, तो कौण सा बड़ा काम करो सों? के चुंगी लेण आळे भी
इसाए न्ही करदे? 47 जै थम अपणे भाईयाँ नै ए नमस्कार करो, तो कौण्सा
बड्ड़ा काम करो सों? के गैर यहूदी भी इसाए न्ही करदे? 48 इस करकै
जरूरी सै के थम भी सिध्द बणो, जिसा थारा सुर्गीय पिता सिध्द सै।”

**6** “चौक्कस रहो! थम माणसां नै दिखाण कै खात्तर धर्म के काम ना करो,
न्ही तो अपणे सुर्गीय पिता तै कुछ भी ईनाम न्ही पाओगे।” **2** “इस करकै
जिब तू दान करै, तो अपणे आग्गै ढिंडोरा ना पिटवाईये, जिसा कपटी,
आराधनालयाँ अर गळियाँ म्ह करै सै, ताके माणस उनकी बड़ाई करै। मै थारे
ताहीं साच्ची कहूँ सूं के उननै अपणा ईनाम माणसां की बड़ाई के रूप म्ह पा
लिया। **3** पर जिब तू दान करै, तो उसका किसे और नै बेरा न्ही पाटणा
चाहिए। **4** ताके तेरा दान छिप्या रहवै, अर जिब तेरा पिता जो गुप्त म्ह देक्खै
सै, तन्नै ईनाम देवैगा।” **5** “जिब तू प्रार्थना करै, तो कपटियाँ के तरियां ना
हो, क्यूँके माणसां नै दिखाण खात्तर आराधनालयाँ म्ह अर सड़कां कै मोड़ां
पै खड़े होकै प्रार्थना करणा उननै आच्छा लाग्गै सै। मै थमनै साच्ची कहूँ सूं के
उननै अपणा ईनाम माणसां की बड़ाई के रूप म्ह पा लिया। **6** पर जिब तू
प्रार्थना करै, तो अपणी कोठड़ी म्ह जा, अर किवाड़ बन्द करकै अपणे पिता
तै, जो गुप्त म्ह सै उसतै प्रार्थना कर। जद तेरा पिता, जो तेरे लुह्क कै करे
होए काम्मां नै देक्खै सै, तो तन्नै उनका ईनाम देवैगा। **7** प्रार्थना करदे बखत
दुसरी जात्तां की तरियां बडबडाइये ना, क्यूँके वे समझै सै के उनकै एक बात
के बार-बार बोल्लण तै उनकी सुणी जावैगी। **8** इस करकै थम उनकी तरियां
ना बणो, क्यूँके थारा पिता थारे माँगण तै पैहल्याए जाणै सै के थारी के-के
जरूरत सै। **9** इस करकै थम इस तरियां तै प्रार्थना करया करो ‘हे म्हारे पिता,
तू जो सुर्ग म्ह सै, तेरा नाम पवित्र मान्या जावै।’ **10** ‘तेरा राज्य आवै। तेरी
इच्छा जिसी सुर्ग म्ह पूरी होवै सै, उसी धरती पै भी हो।’ **11** ‘म्हारे दिन भर
की रोटी आज हमनै दे।’ **12** ‘अर जिस तरियां हमनै अपणे कसूरवारां ताहीं
माफ करया सै, उस्से तरियां तू भी म्हारे कसूरां नै माफ करदे।’ **13** ‘अर म्हारे
ताहीं परखै ना, पर बुराई तै बचा, (क्यूँके राज्य, वीरता अर महिमा सदा तेरे ए
सै।’ आमीन।) **14** “इस करकै जै थम माणसां के कसूर माफ करोगे, तो
थारा सुर्गीय पिता भी थमनै माफ करैगा। **15** अर जै थम माणसां के कसूरां नै
माफ न्ही करोगे, तो थारा पिता भी थारे कसूर माफ न्ही करैगा।” **16** “जिब
थम ब्रत करो, तो कपटियाँ की तरियां थारे मुँह पै उदासी छाई ना रहवै, क्यूँके
वे अपणा मुँह बणाई राक्खै सै, ताके माणस उननै ब्रती जाणै। मै थमनै
साच्ची कहूँ सूं के वे अपणा ईनाम माणसां की बड़ाई के रूप म्ह पा चुके। **17**

पर जिब तू ब्रत करै तो अपणे सिर पै तेल लगा अर मुँह धो, 18 ताके माणस
न्ही पर तेरा पिता तन्नै ब्रती जाणै। तेरा पिता जो तेरे उस गुप्त म्ह करे होए
ब्रत नै देक्खै सै, तो तन्नै उनका ईनाम देगा।” 19 “अपणे खात्तर धरती पै
धन कठ्ठा ना करो, जड़ै कीड़ा अर काई नाश करै सै, अर जड़ै चोर सेंध लगावै
अर चोरै सै। 20 पर अपणे खात्तर सुर्ग म्ह धन कठ्ठा करो, जड़ै ना तो कीड़ा
अर ना काई नाश करै सै, अर जड़ै चोर ना सेंध लगावै अर ना चोरै सै। 21
क्यूँके जड़ै तेरा धन सै उड़ै तेरा मन भी लाग्या रहवैगा।” 22 “देह का दीवा
आँख सै इस करकै जै तेरी नजर सही सै तो तेरी सारी देह भी चाँदणे म्ह सै।
23 पर जै तेरी नजर खराब सै तो तेरी सारी देह भी अन्धेरे म्ह सै, इस कारण
जो तू सोच्चै सै के मै चाँदणे म्ह सूं, पर वो अन्धेरा हो, तो सोचकै देख वो
अन्धेरा कितना बड्ड़ा होगा!” 24 “कोए माणस दो मालिकां की सेवा एक
बखत पै न्ही कर सकदा, क्यूँके वो एक तै बैर अर दुसरे तै प्यार राक्खैगा, या
एक तै मिल्या रहवैगा अर दुसरे नै छोट्टा जाणैगा। थम परमेसवर अर धन
दोनुआ की सेवा न्ही कर सकदे। 25 “इस करकै मै थमनै कहूँ सूं के अपणे
जीवन के खात्तर या चिंता ना करियो के हम के खावांगें अर के पीवागें, अर
ना अपणी देह के खात्तर के पैहरागें। के जीवन खाणे तै, के देह लत्यां तै
बढ़कै कोन्या? 26 अकास के पंछियाँ नै देक्खों! वे ना बोवै सै, ना काटै सै,
अर ना कुठले (गोदाम) म्ह कठ्ठा करै सै, फेर भी थारा सुर्गीय पिता उन ताहीं
खुवावै सै। के थम पंछियाँ तै घणे कीमती कोनी? 27 थारे म्ह कौण सै, जो
चिंता करकै अपणी उम्र म्ह एक पल भी बढ़ा सकै सै?” 28 “अर लत्यां के
खात्तर क्यूँ चिंता करो सों? जंगळी फूल्लां पै ध्यान करो के वे किस तरियां
बढ़ै सै, वे ना तो मेहनत करै सै, ना लत्तें बणावै सै। 29 तोभी मै थारे तै कहूँ
सूं के राजा सुलैमान भी, अपणे सारे शानों-शोकत म्ह उन म्ह तै किसे के
समान लत्ते पैहरे होए कोनी था। 30 इस करकै जिब परमेसवर मैदान की
घास नै इसी सुन्दरता देवै सै, जो आज सै अर काल बाड़ म्ह झोक्की जावैगी,
तो हे बिश्वास म्ह कमजोर माणसों, वो थारी चिन्ता क्यूँ न्ही करैगा?” 31
“इस करकै थम चिंता करकै न्यू ना कहियो के हम के खावांगें, या के पीवागें,
या के पैहरागें? 32 क्यूँके गैर यहूदी इन सारी चिज्जां की टोह् म्ह रहवै सै, पर
थारा सुर्गीय पिता जाणै सै के थमनै इन सारी चिज्जां की जरूरत सै, इस

करकै चिन्ता ना करो। 33 इस करकै पैहल्या थम परमेसवर के राज्य की
खोज करो अर पवित्र जीवन जिओ, तो ये सारी चीज भी थमनै अपणे-आप
मिल ज्यागीं। 34 इस करकै कांल की चिंता ना करो, क्यूँके कांल का दिन
अपणी चिंता आप कर लेवैगा, आज कै खात्तर आज का ए दुख भतेरा सै।"

7 "दुसरयां पै दोष ना लाओ न्ही तो लोग थारे पै भी दोष लगावैंगे। 2 क्यूँके
जिस तरियां थम दुसरयां पै दोष लगाओ सों, उस्से तरियां परमेसवर भी थारे
पै दोष लगावैगा, जिस तरियां तै थम दुसरयां का न्याय करो सों, उस्से तरियां
थारा भी न्याय करया जावैगा।" 3 "तू क्यूँ अपणे भाई की आँख कै तिन्कै
जिसी छोट्टी सी बुराई नै देक्खै सै, अर अपणी आँख म्ह लठ जिसी बड़ी बुराई
तन्नै कोनी दिखदी?" 4 जिब तेरी-ए आँख म्ह लठ सै, तो तू अपणे भाई
तै किस तरियां कहवै सै, "ल्या मै तेरी आँख तै तिन्का लिकाड़ द्यु।" 5
इस करकै हे कपटी, पैहल्या अपणे जीवन की बड़ी बुराई नै दूर कर फेर तू
अपणे भाई नै आच्छी दाऊँ बुराई तै बचा सकैगा। 6 "उन माणसां ताहीं
परमेसवर का वचन ना सुणाओ जो उस ताहीं सुणणा न्ही चाहन्दे। जै तू
इसा करै सै तो पवित्र चीज कुत्याँ कै आग्गै अर मोत्ती सूअरां के आग्गै
फैक्कण की ढाळ होगा, इसा न्ही हो के वे उननै पैरां तळै चिकलै अर उल्टके
थमनै पाड़ले।" 7 "परमेसवर तै माँग्गो, तो वो थमनै देवैगा, टोव्होगें तो थम
पाओगे, खटखटाओ, तो थारे खात्तर खोल्या जावैगा। 8 क्यूँके जो कोए
माँग्गै सै, उसनै मिलै सै, अर जो टोह्वैं सै, वो पावै सै, अर जो खटखटावै सै,
उसकै खात्तर खोल्या जावैगा।" 9 "थारे म्ह तै इसा कौण माणस सै, के जै
उसका बेट्टा रोट्टी माँग्गै, तो वो उसनै पत्थर देवै? 10 या मच्छी माँग्गै, तो
उसनै साँप देवै? 11 इस करकै जिब थम बुरे होकै, अपणे बाळकां नै आच्छी
चीज देणा जाणो सों, तो थारा सुर्गीय पिता अपणे माँगण आळा नै आच्छी
चीज क्यूँ न्ही देवैगा? 12 इस कारण जो किमे थम चाहो सों के माणस थारे
गेल्या करै, थम भी उनकै गेल्या उसाए करो, क्यूँके नियम-कायदे अर नबियाँ
की शिक्षा याए सै।" 13 "थम परमेसवर के राज्य म्ह भीड़ै फाटक तै ए
दाखल हो सको सों, क्यूँके चौड़ा सै वो फाटक अर सीध्धा सै वो रास्ता जो
नाश नै पोहच्यै सै, अर घणेए सै जो उस म्ह दाखल होवै सै। 14 क्यूँके भीड़ा
सै वो फाटक अर मुश्किल सै वो राह जो अनन्त जीवन की ओड़ पुह्चावै सै,

अर भोत थोड़े सै वे लोग जो उसनै पावै सै।" 15 "झूठ्ठे नबियाँ तै चौक्कस
रहो, जो भेड्डां के भेष म्ह थारे धोरै आवै सै, पर भित्तर तै वे पाडण आळे
भेड़िये सै। 16 उनकै काम्मां तै ए थम उन ताहीं पिच्छाण ल्योगे। के माणस
झाड़ियाँ तै अंगूर, या झाड़ बोझड़े तै अंजीर तोड़ै सै? 17 इस तरियां हरेक
आच्छा दरखत आच्छा फळ ल्यावै सै अर निकम्मा दरखत बुरा फळ ल्यावै
सै। 18 आच्छा दरखत बुरा फळ न्ही ल्या सकदा, अर ना निकम्मा दरखत
आच्छा फळ ल्या सकै सै। 19 जो-जो दरखत आच्छा फळ न्ही ल्यान्दा, वो
काट्या अर आग म्ह गेरया ज्या सै, उस्से तरियां झूठ्ठे नबियाँ कै गैल भी
इसाए होवैगा। 20 झूठ्ठे नबियाँ नै उनके काम्मां तै थम उन ताहीं पिच्छाण
ल्योगे।" 21 "जो मेरै तै, 'हे प्रभु! हे प्रभु!' कहवै सै, उन म्ह तै हर एक सुर्ग
के राज्य म्ह दाखल न्ही होगा, पर वोए दाखल होगा जो मेरै सुर्गीय पिता की
मर्जी पै चाल्लै सै। 22 न्याय के दिन घणखरे-ए माणस मेरै तै कहवैगें, 'हे
प्रभु, हे प्रभु, के हमनै तेरे नाम तै भविष्यवाणी न्ही करी, के हमनै तेरे नाम तै
ओपरी आत्मायाँ ताहीं न्ही लिकाड्या, अर तेरे नाम तै घणेए अचम्भे के काम
न्ही करे?' 23 फेर मै उनतै खुलकै कह दियुँगा, मन्नै थारे ताहीं कदे न्ही
अपणाया। हे भुन्डे काम करण आळो, मेरै धोरै तै चले जाओ।" 24 "इस
करकै जो कोए मेरी इन बात्तां नै सुणकै उननै मान्नै सै, वो उस अकलमंद
माणस की ढाळ होगा जिसनै अपणे घर की नीम चट्टान पै धरी। 25 अर मिह
बरसया, बाढ़ आयी, आँधी आई, अर उस घर तै टकराई, फेर भी वो कोनी
गिरया, क्यूँके उसकी नीम चट्टान पै धरी ग्यी थी। 26 पर जो कोए मेरी ये
बात सुणै सै अर उनपै न्ही चाल्दा, वो उस बेकूफ माणस की ढाळ सै, जिसनै
अपणे घर की नीम बाळूरेत पै धरी। 27 अर मिह बरसया, बाढ़ आयी, आँधी
चाल्ली, अर उस घर तै टकराई अर पड़कै उसका सत्यानाश होग्या।" 28
जिब यीशु नै ये बात कह ली, तो इसा होया के भीड़ उसके उपदेश तै हैरान
होगी, 29 क्यूँके वो उन ताहीं शास्त्रियाँ की तरियां न्ही पर अधिकार कै गैल
उननै उपदेश देवै था।

**8** जिब यीशु उस पहाड़ तै उतरा, तो एक बड्डी भीड़ उसके पाच्छै हो ली। 2
अर, एक कोढ़ी नै धोरै आकै उस ताहीं नमस्कार करया अर कह्या, "हे प्रभु,
जै तू चाहवै, तो मन्नै ठीक कर सकै सै।" 3 यीशु नै हाथ बढ़ाकै उस ताहीं

छुआ, अर कह्या, “मै चाहूँ सूं, के तू इस बीमारी तै ठीक हो ज्या।” अर वो
जिब्बे कोढ़ तै ठीक होग्या। 4 यीशु नै उसतै कह्या, “देख किसे तै ना कहिये,
पर जाकै अपणे-आपनै याजक ताहीं दिखा अर अपणे कोढ़ तै ठीक होण कै
बारै म्ह जो कुछ मूसा नबी नै जो पवित्र ग्रन्थ म्ह चढ़ावा बताया सै उसनै
चढ़ा, के माणसां खात्तर या गवाही हो, के तू ठीक होग्या सै।” 5 जिब यीशु
कफरनहूम नगर म्ह आया तो एक सूबेदार नै धोरै आकै उसतै बिनती करी, 6
“हे प्रभु, मेरा नौक्कर लकवे के रोग तै घणा दुखी होरया सै।” 7 यीशु नै उस
ताहीं कह्या, “मै आकै उसनै ठीक करुँगा।” 8 सूबेदार नै जवाब दिया, “हे
प्रभु, मै इस लायक कोनी के तू मेरे घरां आवै, पर सिर्फ मुँह तै कह दे तो मेरा
नौक्कर ठीक हो ज्यागा। 9 क्यूँके मै जाणु सूं, के मै भी किसी के आदेशां का
पालन करुँ सूं, अर सिपाही मेरै आदेशां का पालन करै सै। जिब मै एक तै
कहूँ सूं, जा, तो वो जावै सै, अर दुसरे तै कहूँ, आ, तो वो आवै सै, अर अपणे
नौक्कर तै कहूँ सूं, यो कर, तो वो करै सै।” 10 यो सुणकै यीशु कै अचम्भा
होया, अर जो लोग उसकै पाच्छै आवै थे उनतै कह्या, “मै थमनै साच्ची कहूँ
सूं के मन्नै इस्राएल देश म्ह भी इसा बिश्वास न्ही देख्या, जिसा इस सूबेदार
का सै। 11 अर मै थमनै कहूँ सूं के पूरब अर पच्छिम तै घणेए गैर यहूदी
आवैगें अर भोज म्ह अब्राहम अर इसहाक अर याकूब के गेल्या सुर्ग के
राज्य म्ह बैठैगें। 12 पर राज्य की ऊलाद (यहूदी लोग) बाहर अन्धेरे म्ह गेर
दिये जावैंगे उड़ै रोणा अर दाँत पिसणा होगा।” 13 जिब यीशु नै सूबेदार तै
कह्या, “घर चला जा, जिसा तेरा बिश्वास सै, उसाए तेरे खात्तर होगा।” अर
उसका नौक्कर उस्से बखत ठीक होग्या। 14 यीशु जिब पतरस के घरां
आया, तो उसनै उसकी सास्सू ताहीं बुखार म्ह पड्या देख्या। 15 उसनै
उसका हाथ पकड्या अर उसका बुखार उतर ग्या, अर वा उठकै उसकी
सेवा-पाणी करण लाग्गी। 16 जिब साँझ होई फेर माणस उसके धोरै घणेए
माणसां नै ल्याए जिन म्ह ओपरी आत्मा थी अर यीशु नै उन आत्मायाँ ताहीं
अपणे वचन तै लिकाड़ दिया, अर सारे बिमारां ताहीं ठीक कर दिया। 17
ताके जो वचन यशायाह नबी के जरिये कह्या गया था वो पूरा हो “उसनै खुद
ए म्हारी कमजोरी ले ली अर म्हारी बीमारी उठा ली।” 18 यीशु नै जिब अपणे
चौगरदू एक भीड़ देक्खी तो अपणे चेल्यां ताहीं गलील समुन्दर के परली

ओड़ जाण का हुकम दिया। 19 यीशु अर उसके चेल्लें किस्ती की ओड़ जाण
लागरे थे, तो एक शास्त्री नै धोरै आकै उसतै कह्या, "हे गुरु, जड़ै किते तू
जावैगा, मै तेरे पाच्छै हो ल्यूँगा, क्यूँके मै तेरा चेल्ला बणणा चाहूँ सूं।" 20
यीशु नै उसतै कह्या, "लोमड़ियां की घुरखाण अर अकास के पंछियाँ के बसेरे
हो सै, पर मुझ माणस के बेट्टै खात्तर सिर छिपाण की भी जगहां कोनी सै।"
21 एक और चेल्लै नै उसतै कह्या, "हे प्रभु, पैहले मन्नै घर जाणदे, मै अपणे
पिता के मरण कै बाद उस ताहीं दफना के आऊँगा, फेर तेरा चेल्ला बणुगाँ।"
22 यीशु नै उसतै कह्या, "तू मेरै पाच्छै हो ले, अर मेरा चेल्ला बण जा अर जो
आत्मिक रूप तै मर चुके सै, उननै मुर्दे दफणाण दे।" 23 जिब यीशु किस्ती पै
चढ्या, तो उसके चेल्लें उसकै पाच्छै हो लिए। 24 अर देक्खो, समुन्दर म्ह
एक इसा बड्ड़ा अन्धोड़ उठ्या के किस्ती झाल्लां तै ढक्ण लाग्गी, अर वो
सोण लाग रह्या था। 25 फेर चेल्यां नै धोरै आकै उस ताहीं जगाया अर कह्या,
"हे प्रभु, हमनै बचा, हम डूबके मरण आळे सां।" 26 यीशु नै उनतै कह्या, "हे
बिश्वास म्ह कमजोर माणसों, क्यूँ डरो सों?" फेर उसनै उठकै आँधी अर
पाणी ताहीं धमकाया, अर सब शान्त होग्या। 27 अर वे अचम्भा करकै कहण
लाग्ये, "यो किसा माणस सै के आँधी अर पाणी भी उसका हुकम मान्नैं
सै।" 28 जिब यीशु गलील समुन्दर कै परली ओड़ गदरेनियां के देश म्ह
पुँह्चा, तो दो माणस जिन म्ह ओपरी आत्मा थी कब्रिस्तान म्ह तै लिकड़कै
उसनै मिले। वे इतने डरावणे थे के कोए उस रास्ते तै जा न्ही सकै था। 29
दोन्नु माणसां नै किल्की मारकै कह्या, "हे परमेसवर के बेट्टे, म्हारा तेरे तै के
काम? के तू बखत तै पैहल्या हमनै दुख देण आड़ै आया सै?" 30 उनतै
थोड़ी सी दूर पै घणेए सूअरां का टोळ चरै था। 31 ओपरी आत्मायाँ नै उसतै
या कहकै बिनती करी के, "जै तू हमनै लिकाड़ै सै, तो सूअरां के टोळ म्ह
भेजदे।" 32 उसनै उन ताहीं कह्या, "जाओ!" अर वे ज्या के सूअरां म्ह बैठगी
अर देक्खो, सारा टोळ ढळान पै तै झपटकै पाणी म्ह ज्या पड्या, अर डूब
मरया। 33 उनके पाळी भाज्ये, अर नगर म्ह जाकै ये सारी बात अर जिन म्ह
ओपरी आत्मा थी उनका सारा हाल कह सुणाया। 34 फेर सारे नगर के
माणस यीशु तै फेटण नै लिक्ड़ाए, अर उस ताहीं देख के बिनती करी के
म्हारी सीमा तै बाहर चल्या ज्या।

**9** फेर यीशु किस्ती म्ह चढ़कै उस पार गया, अर बोहड़कै अपणे नगर म्ह
आया। **2** अर देक्खो, कई माणस लकवे के एक मरीज नै खाट पै लिटा
के उसकै धोरै ल्याए। यीशु नै उनका बिश्वास देखकै, उस लकवे के मरीज
तै कह्या, "हे बेट्टे, धीर बाँध, मन्नै तेरे पाप माफ कर दिये।" **3** इसपै कई
शास्त्रियाँ नै सोच्या, "यो तो परमेसवर की बुराई करै सै" **4** यीशु नै उनकै
मन की बात जाणकै कह्या, "थम माणस अपणे-अपणे मन म्ह बुरा विचार
क्यूँ आण देओ सों? **5** आसान के सै? यो कहणा, 'तेरे पाप माफ होए', या
यो कहणा, 'उठ अर हाँड-फिर।' **6** पर इस करकै के थम जाण ल्यो के मुझ
माणस के बेट्टे नै धरती पै पाप माफ करण का हक सै।" फेर उसनै लकवे के
मरीज तै कह्या, "उठ, अपणे बिस्तर ठाकै, अपणे घरां चल्या जा।" **7** वो
उठकै अपणे घरां चल्या गया। **8** माणस यो देखकै डरगे अर परमेसवर की
बड़ाई करण लाग्ये जिसनै माणस ताहीं इसा हक दिया सै। **9** ओड़ै तै आग्गै
बढ़ के यीशु नै मत्ती नाम के एक आदमी ताहीं चुंगी की चौकी पै बेठ्या
देख्या, अर उसतै कह्या, "मेरा चेल्ला बणण खात्तर मेरै पाच्छै हो ले।" अर वो
उठकै उसकै पाच्छै हो लिया। **10** जिब वो अर उसकै चेल्लें मत्ती के घर म्ह
खाणा खाण खात्तर बेठ्ठे तो भोत-से चुंगी लेण आळे अर जिननै लोग पापी
कहवै सै वे आकै उनकै गेल्या खाणा खाण बेठ्ठे। **11** या देखकै फरीसियाँ नै
उसकै चेल्यां ताहीं कह्या, "थारा गुरु चुंगी लेण आळे अर पापी माणसां गेल्या
क्यूँ खावै-पीवै सै?" **12** या सुणकै यीशु नै उनतै कह्या, "वैद आच्छे-बिच्छयां
खात्तर कोनी पर बिमारां खात्तर जरूरी सै। **13** इस करकै थम जाओ अर
समझ ल्यो के पवित्र ग्रन्थ के इस वचन का मतलब के सै: 'मै बलिदान न्ही
पर दया चाहूँ सूं।' क्यूँके जो अपणे-आपनै धर्मी कहवै मै उनन्है न्ही, पर जो
अपणे-आपनै पापी कहवै सै उननै बुलाण आया सूं।" **14** फेर बपतिस्मा देण
आळे यूहन्ना के चेल्यां नै धोरै आणकै कह्या, "के कारण सै के हम अर
फरीसी इतने ब्रत करा सां, पर तेरे चेल्लें ब्रत न्ही करदे?" **15** यीशु नै उनतै
कह्या, "के बराती, जिब ताहीं बन्दड़ा उसके गेल्या सै, शोक मना सकै सै?
पर वे दिन आवैगें जिब बन्दड़ा उनतै न्यारा करया जावैगा, उस बखत वे ब्रत
करैगें।" **16** "नये लत्यां की थेग्ळी पुराणे लत्यां पै कोए न्ही लगान्दा, क्यूँके
वा थेग्ळी लत्ते तै और भी लत्ता खुस्का दे सै, अर वो और भी घणा पाट ज्या

सै। 17 अर माणस नया अंगूर का रस पुराणी मश्क म्ह न्ही भरदे, क्यूँके इसा
करण तै मश्क पाट ज्या सै, अर अंगूर का रस खिंड ज्या सै, अर मश्क फूट
ज्या सै, पर नया अंगूर का रस नई मशकां म्ह भरा जावै सै तब वे दोनु बचे
रहवै सै।" 18 वो उनतै ये बात कहण ए लागरया था, के जिब्बे आराधनालयाँ
कै सरदारां म्ह तै एक याईर नाम के आदमी नै आकै उस ताहीं नमस्कार
करया अर कह्या, "मेरी बेट्टी इब्बे मरी सै, पर तू चाल के अपणा हाथ उसपै
धरै, तो वा जिन्दा हो ज्यागी।" 19 यीशु उठकै अपणे चेल्यां समेत उसके
पाच्छै हो लिया। 20 अर देक्खो, एक बिरबान्नी नै जिसकै बारहां साल तै लहू
बहण की बीमारी थी, पाच्छै तै आकै उसकै लत्ते के कोणे ताहीं छू लिया। 21
क्यूँके वा अपणे मन म्ह कहवै थी, "जै मै उसकै लत्ते नै छू ल्यूँगी तो ठीक हो
जाऊँगी।" 22 यीशु नै घूमकै उस ताहीं देख्या अर कह्या, "बेट्टी धीरज राख,
तेरे बिश्वास नै तेरे ताहीं ठीक करया सै।" अर वा बिरबान्नी उस्से बखत ठीक
होगी। 23 जिब यीशु याईर कै घर म्ह पुँह्चा अर बाँसली बजाण आळे अर
भीड़ नै रोळा मचांदे देख्या, 24 फेर कह्या, "हट जाओ, छोरी मरी कोनी, पर
सोवै सै।" इसपै वे उसका मजाक उड़ाण लाग्ये। 25 पर जिब भीड़ लिकाड़
दी, तो उसनै भित्तर ज्या के उस छोरी का हाथ पकड्या, अर वा जी उठी। 26
अर इस बात का जिक्र सारे देश म्ह फैलग्या। 27 जिब यीशु ओड़ै तै आग्गै
बढ़ा, तो दो आन्धे उसकै पाच्छै या कहन्दे होए चाल्ले, "हे दाऊद की ऊलाद,
म्हारै पै दया कर!" 28 जिब वो घर म्ह पुह्चा, तो वे आन्धे उसके धोरै आये,
अर यीशु नै उनतै कह्या, "के थमनै बिश्वास सै के मै थमनै चंगा कर सकू
सूं?" उननै उसतै कह्या, "हाँ प्रभु!" 29 फेर उसनै उनकी आँखां कै हाथ
लगाकै कह्या, "थारे बिश्वास के मुताबिक थम चंगे होजाओ।" 30 अर वे
जिब्बे देक्खण लाग्गे। यीशु नै उनतै समझां के कह्या, "सावधान, किसे ताहीं
या बात ना बताइयो, के मन्नै थारे खात्तर के करया सै।" 31 पर उननै मिलकै
सारे देश म्ह उसका नाम फैला दिया। 32 जिब वे दोन्नु आन्धे बारणै जाण
लागरे थे, तो देक्खो, कई माणस एक गूँगे नै उसके धोरै ल्याए जिसम्ह
ओपरी आत्मा थी, जो उसनै बोल्लण कोनी देवै थी। 33 अर जिब यीशु नै
ओपरी आत्मा लिकाड़ दी, तो गूँगा बोलण लाग्या। इसपै भीड़ नै अचम्भा
करकै कह्या, "इस्राएल म्ह इसा कदे न्ही देख्या गया।" 34 पर फरीसियाँ नै

कह्या, “ओपरी आत्मायाँ के सरदार इस ताहीं शक्ति देवै सै, इस करकै यो
ओपरी आत्मायाँ नै लिकाड़ै सै।” 35 यीशु अर उसके चेल्लें सारे नगरां अर
गाम्मां म्ह फिरता होया अर उनकै आराधनालयाँ म्ह उपदेश सुणान्दा, अर
परमेसवर के राज्य का सुसमाचार सुणादा, अर हरेक ढाळ की बीमारी अर
कमजोरियाँ नै दूर करदा रह्या। 36 जिब उसनै भीड़ देखी तो उसनै माणसां पै
तरस आया, क्यूँके वे उन भेड्या की तरियां थे, जिनका कोए पाळी ना हो, वे
बेचैन अर भटके होए से थे। 37 फेर उसनै अपणे चेल्यां तै कह्या, “पके होए
खेत्तां की तरियां लोग तो भोत सै जो परमेसवर के वचन नै सुणणा चाहवै सै,
पर फसल काट्टण आळे की तरियां लोग कम सै जो जाकै परमेसवर का
वचन सुणावै। 38 इस करकै खेत के माल्लिक यानी परमेसवर तै बिनती
करो, के वो और लोग्गां नै भेज्जै, ताके परमेसवर का वचन भोत सारे लोग्गां
ताहीं सुणावै।”

**10** फेर यीशु नै अपणे बारहां चेल्यां ताहीं धोरै बुलाकै, उन ताहीं ओपरी
आत्मायाँ पै हक दिया के उननै लिकाड़ै अर सारी ढाळ की बिमारियाँ अर
सारी ढाळ की कमजोरियाँ नै ठीक करै। 2 इन बारहां प्रेरितां के नाम ये सै:
पैहल्या शमौन, जो पतरस कुह्वावै सै, अर उसका भाई अन्द्रियास, जब्दी का
बेट्टा याकूब, अर उसका भाई यूहन्ना, 3 फिलिप्पुस, अर बरतुल्मै, थोमा, अर
चुंगी लेण आळा मत्ती, हलफई का बेट्टा याकूब, अर तद्दै, 4 शमौन जेलोतेस,
अर यहूदा इस्करियोती जिसनै वो पकड़वा भी दिया। 5 इन बारहां चेल्यां
ताहीं यीशु नै यो हुकम देकै भेज्या: “गैर यहूदी लोग्गां कान्ही ना ज्याइयो,
अर सामरियाँ के किसे नगर म्ह दाखल ना होइये। 6 पर इस्राएल के कुण्बे
की ए खुई होड़ी भेड्डां के धोरै जाईये। 7 अर चालते-चालते यो प्रचार करो:
सुर्ग का राज्य धोरै आ ग्या। 8 बिमारां नै ठीक करो, मरै होए नै जीवाओ,
कोढ़ियाँ नै शुद्ध करो, ओपरी आत्मायाँ नै लिकाड़ो। थमनै मुफ्त लिया सै
मुफ्त द्यो।” 9 “अपणे अंगोच्छां म्ह ना तो सोन्ना, ना चाँदी, अर ना ताम्बे के
सिक्के राखियो। 10 रास्ते खात्तर ना झोळी लियो, ना दो कुड़ते, ना जूत्ते अर
ना लाठ्ठी लियो, क्यूँके मजदूर नै उसका खाणा मिलणा चाहिए। 11 जिस
किसे नगर या गाम म्ह जाओ, तो बेरा पाड़ो के कुण लायक सै। अर जिब
ताहीं उड़ै तै ना लिकड़ो, उस्से के गेल्या रहों। 12 घर म्ह बढ़ते आणी उसनै

आशीर्वाद दिए। 13 जै उस घर के माणस लायक होंगे तो थारा आशीर्वाद
उनपै पुहँचगा, पर जै वे लायक ना हों तो थारा आशीर्वाद थारे धोरै उल्टा ए
आ ज्यागा। 14 जो कोए थमनै न्ही अपणावै अर थारी बात ना सुणै, उस घर
या उस नगर तै लिकड़दे आणी अपणे पैरां की धूळ झाड़ लियो। 15 मै थमनै
सच्ची कहूँ सूं के न्याय के दिन उस नगर की हालत तै सदोम अर अमोरा के
नगर की हालत घणी सहण जोग्गी होवैगी।" 16 "देक्खो, मै थमनै भेड्डां की
तरियां भेड़ियाँ के बिचाल्ये भेज्जू सूं, इस करकै साँपां की तरियां अकलमंद
अर कबूतरां की तरियां भोळे बणो। 17 पर माणसां तै चौक्कस रहों, क्यूँके वे
थमनै बड़े आराधनालयाँ म्ह सौपैगें, अर अपणी सभा म्ह थारे कोड़े मारैगें।
18 थम मेरै खात्तर राज्यपालों अर राजयां के स्याम्ही अर गैर यहूदी लोग्गां
म्ह भेज्जे जाओगें। ताके थम मेरे बारें म्ह गवाही दे सको 19 जिब वे थमनै
पकड़वावैगें तो या फिक्र ना करियो के हम किस तरियां तै या के कहवागें,
क्यूँके जो किमे थारे ताहीं कहणा होगा, वो उस्से बखत थारे ताहीं बता दिया
जावैगा। 20 क्यूँके बोलण आळे थम न्ही सों, पर थारे सुर्गीय पिता का
आत्मा थारे म्ह बोल्लै सै। 21 भाई, भाई नै अर पिता बेट्टे नै, मारण खात्तर
सौंप देंगें, अर बाळक अपणे माँ बाप के बिरोध म्ह खड़े होकै उन ताहीं मरवा
देवैगें। 22 मेरै नाम के कारण सारे माणस थारे तै बैर करैगें, पर जो अन्त
ताहीं धीरज धरैगा उस्से का उद्धार होगा। 23 जिब वे थमनै नगर म्ह सतावै,
तो दुसरे म्ह भाग ज्याइयो। मै थमनै सच कहूँ सूं, थम इस्राएल के सारे नगरां
म्ह न्ही घूम सकोगें के मै माणस का बेट्टा आ जाऊँगा।" 24 "चेल्ला अपणे
गुरु तै बड्ड़ा न्ही होंदा, अर ना नौक्कर अपणे माल्लिक तै। 25 चेल्लै का गुरु
के, अर नौक्कर का माल्लिक के बराबर होणा ए भोत सै। जिब उननै घर के
माल्लिक तै शैतान कह्या तो उसके घरआळां नै के कुछ न्ही कहवैगें!" 26
"इस करकै माणसां तै ना डरो, क्यूँके कुछ ढकया कोनी, जो उजागर न्ही
करया जावैगा, अर ना कुछ लुहक्या सै जिसका बेरा न्ही पटै। 27 जो मै
थारे तै अन्धेरे म्ह कहूँ सूं, उसनै थम चाँदणे म्ह कहो, अर जो कान्नो-कान
सुणो सों, उसनै छात्तां पै चढ़ के प्रचार करो। 28 जो देह नै घात करै सै, पर
आत्मा नै घात न्ही कर सकदे, उनतै ना डरियो, पर उस परमेसवर तै डरो जो
आत्मा अर देह दोनुआ नै नरक म्ह गेरकै नाश कर सकै सै। **(Geenna g1067)**

29 छोट्टी चिड़ियाँ दो पिस्या की बिकै सै, जो ना कै बराबर सै तोभी जै वो
धरती पै पड़कै मरै सै तो पिता परमेसवर नै उसका भी बेरा सै क्यूँके पिता
परमेसवर सब कुछ जाणण आळा सै। 30 थारे सिर के बाळ भी सारे गिणे
होड़े सै। 31 इस करकै डरो मतना, थम घणी गौरैयाँ (एक छोट्टी चिड़ियाँ) तै
बढ़कै सो।" 32 "जो कोए माणसां कै स्याम्ही मन्नै मान लेवैगा, उसनै मै भी
अपणे सुर्गीय पिता के स्याम्ही मान ल्यूँगा। 33 पर जो माणसां कै स्याम्ही
मेरै बारै म्ह इन्कार करैगा, उसनै मै भी अपणे सुर्गीय पिता के स्याम्ही इन्कार
करुँगा।" 34 "यो ना समझो के मै धरती पै माणसां का मिलाप करवाण
आया सूं, मै मिलाप करवाण न्ही, पर न्यारे करण आया सूं। 35 मै तो आया
सूं, ताके माणस नै उसके पिता तै, अर बेट्टी नै उसकी माँ तै, अर बहू नै
उसकी सास तै न्यारा कर द्यु।" 36 "माणस के बैरी उसके घर के ए लोग
होंगे।" 37 "जो अपणे माँ-बाप नै मेरै तै घणा प्यारा मान्नै सै, वो मेरा चेल्ला
बणण कै लायक कोनी, अर जो बेट्टा या बेट्टी नै मेरै तै घणा प्यारा मान्नै सै,
वो मेरै लायक कोनी। 38 अर जो अपणा दुखां का क्रूस लेकै मेरै पाच्छै
न्ही चाल्लै वो मेरै लायक कोनी। 39 जो अपणी जान बचावै सै, वो उसनै
खोवैगा, अर जो मेरै कारण अपणी जान खोवैगा, वो उसनै पावैगा।" 40
"जो थमनै अपणावै सै, वो मन्नै अपणावै सै, अर जो मन्नै अपणावै सै, वो
उस परमेसवर नै अपणावै सै, जिसनै मेरे ताहीं भेज्या सै। 41 जो नबियाँ नै
नबी जाण के अपणावै, वो नबियाँ के जिसा फळ पावैगा, जिसा नबी नै
मिलै सै, अर जो धर्मी नै धर्मी जाण के अपणावै, वो धर्मी के जिसा फळ
पावैगा। 42 जो कोए मेरे इन चेल्यां म्ह तै एक नै भी मेरा चेल्यां जाण के
सिर्फ एक कटोरा ठंडा पाणी पियावैगा, मै थमनै सच कहूँ सूं, वो किसे तरियां
भी अपणा फळ न्ही खोवैगा।"

**11** अपणे बारहां चेल्यां ताहीं इस तरियां समझाण कै बाद यीशु ओड़ै तै
चाल पड्या, अर गलील परदेस के नगरां म्ह उपदेश अर प्रचार करदा घूमता
रह्या। 2 यूहन्ना नै जेळ म्ह मसीह के काम्मां की खबर सुणी अर अपणे
चेल्यां ताहीं यीशु तै न्यू बुझ्झण भेज्या, 3 अर उसतै कह्या, "के आण आळा
वो मसीहा जिसका वादा परमेसवर नै करया था, तू ए सै, या हम किसे और
की बाट देक्खां?" 4 यीशु नै जवाब दिया, "जो कुछ थम सुणो सो अर

देक्खो सो, यो सारा जाकै यूहन्ना ताहीं कह द्यो, 5 के आन्धे देक्खैं सै अर
लंगड़े चाल्लै-फिरै सै, कोढ़ी ठीक करे जावै सै अर बहरे सुणै सै, मुर्दे जिन्दे
करे जावै सै, अर कंगालां ताहीं सुसमाचार सुणाया जावै सै। 6 अर धन्य सै
वे, जो मेरै पै शक न्ही करते, अर बिश्वास करणा न्ही छोड़ते।" 7 जिब यूहन्ना
के चेल्लें ओड़ै तै जाण लागरे थे तो यीशु भीड़ म्ह माणसां तै यूहन्ना कै बारै
म्ह कहण लागग्या, "थम जंगल-बियाबान म्ह के देखण गये थे? के हवा म्ह
हाल्दे होए सरकंड्या नै? 8 तो फेर थम के देखण गये थे? के सुथरे लत्ते पहरे
होड़ माणस ताहीं? देक्खो, जो सुथरे लत्ते पहरै सै, वे राजघरां म्ह रहवैं सै। 9
तो फेर क्यांतै गये थे? के किसे नबी नै देखण ताहीं? हाँ, मै थमनै कहूँ सूं,
बल्के नबी तै भी बड़े नै।" 10 यूहन्ना वोए सै जिसकै बारै म्ह पवित्र ग्रन्थ म्ह
लिख्या सै: के "'देख, मै अपणे दूत ताहीं तेरे आग्गै भेज्जू सूं जो तेरे आग्गै
तेरा रास्ता त्यार करैगा।'" 11 मै थमनै कहूँ सूं के जो बिरबानियाँ तै जणे सै,
उन म्ह तै यूहन्ना बपतिस्मा देणआळे तै बड्ड़ा कोए न्ही होया, पर जो सुर्ग कै
राज्य म्ह छोट्टे तै भी छोट्टा सै वो उसतै बड्ड़ा सै। 12 यूहन्ना बपतिस्मा देण
आळे के दिनां तै इब ताहीं सुर्ग का राज्य बलपूर्वक बढ़ण लाग रहया सै, अर
बिरोधी लोग उसनै रोकण की कोशिश करण लागरे सै। 13 यूहन्ना के आण
तक सारे नबी अर मूसा के नियम-कायदा म्ह, सुर्ग के राज्य की भविष्यवाणी
करी गई। 14 जै थम सच म्ह भविष्यवाणीयाँ पै बिश्वास करो सों, तो सुणो
यूहन्ना ए वो एलिय्याह सै जो दोबारा आण आळा था। 15 जिसके कान हों,
वो ध्यान तै सुण ले। 16 "मै आज की पीढ़ी के माणसां की बराबरी किसतै
करुँ? वे उन बाळकां की ढाळ सै, जो बजारां म्ह बेठ्ठे होए एक-दुसरे तै रुक्के
मारकै शिकायत करै सै:" 17 "हमनै थारे खात्तर बाँसली बजाई, अर थम
कोनी नाच्चे, हमनै बिलाप करया, अर थमनै छात्ती कोनी पिट्टी।" 18 "इस्से
तरियां यूहन्ना बपतिस्मा देण आळा ना रोट्टी खाया करदा अर ना अंगूर का
रस पिया करदा, अर थम कहो सो, 'उस म्ह ओपरी आत्मा सै।' 19 मुझ
माणस के बेट्टे का खाण-पान और माणसां की तरियां साद्दा ए सै, लखाओ,
सै, 32 पर जिब बोया गया, तो जामकै सारे सागपात तै बड्ड़ा हो जावै सै,
अर उसकी इतनी बड्डी डाळी लिकड़ै सै के अकास के पंछी उसकी छाया तळै
बसेरा कर सकै सै।” 33 यीशु उन ताहीं इस तरियां कै घणे उदाहरण दे-देकै
उनकी समझकै मुताबिक वचन सुणावै था, 34 अर इस तरियां की शिक्षा देण
खात्तर वो उदाहरणां का ए इस्तमाल करया करदा; पर एक्ले म्ह वो अपणे
चेल्यां ताहीं सारी बात्तां का मतलब बतावै था। 35 उस्से दिन जिब साँझ होई,
तो यीशु नै चेल्यां तै कह्या, “आओ, हम समुन्दर के परली ओड़ चाल्लां।” 36
अर वे भीड़ नै छोड़कै जिसा वो था, उसाए उस ताहीं किस्ती पै गेल्या ले
चाल्ले; अर उसकै गेल्या और भी किस्ती थी। 37 फेर बड़ीए आँधी आई, अर
पाणी की झाल किस्ती कै उरै ताहीं लाग्गी के वा पाणी तै भरण नै होगी। 38
पर यीशु पाच्छले हिस्से म्ह गद्दी लगाई सोण लाग रह्या था। फेर उननै उस
ताहीं जगाकै उसतै कह्या, “हे गुरु, के तन्नै चिन्ता कोनी के हम डूबके मरण
आळे सां?” 39 फेर उसनै उठकै आँधी ताहीं धमकाया, अर पाणी की झाल
तै कह्या, “शांत रहै, थम ज्या।” अर आँधी थमगी अर पूरी तरियां शान्ति
छागी। 40 उसनै उनतै कह्या, “थम क्यूँ डरो सों? के थमनै इब ताहीं बिश्वास
कोनी?” 41 वे घणे डरगे, अर आप्पस म्ह बोल्ले, “यो कौण सै के आँधी अर
पाणी की झाल भी उसका हुकम मान्नैं सै?”

**5** यीशु अर उसके चेल्लें गलील समुन्दर कै परली ओड़ गिरासेनियों कै
परदेस म्ह पोहचे, 2 जिब यीशु किस्ती पै तै उतरया तो जिब्बे एक माणस
जिसम्ह ओपरी आत्मा थी, कब्रिस्तान म्ह तै लिकड़कै उसतै मिल्या। 3 वो
कब्रिस्तान म्ह रह्या करै था अर कोए उस ताहीं बेल्लां तै भी कोनी जुड़ सकै
था, 4 क्यूँके वो घणीए बर बेड़ियाँ अर बेल्लां तै जुड्यां गया था, पर उसनै
बेल्लां ताहीं तोड़ दिया था अर बेड़ियाँ के टुकड़े-टुकड़े कर दिये थे, अर कोए
उस ताहीं बस म्ह कोनी कर सकै था। 5 वो सारीहाण रात-दिन कब्रिस्तानां
अर पहाड़ां म्ह किल्की मारदा अर खुद नै पत्थरां तै जख्मी करै था। 6 वो
यीशु नै दूर तै ए देखकै भाजकै आया, उसके पायां म्ह पड़कै घुटने टेक दिए,

7 अर जोर तै किल्की मारकै कह्या, “हे यीशु, परमप्रधान परमेसवर के बेट्टे,
मन्नै तेरे तै के काम? मै तन्नै परमेसवर की कसम दियुँ सूं के मन्नै काल ना
करै।” 8 क्यूँके उसनै उसतै कह्या था, “हे ओपरी आत्मा, इस माणस म्ह तै
लिकड़ आ!” 9 यीशु नै उसतै बुझ्झया, “तेरा के नाम सै?” उसनै उस ताहीं
कह्या, “मेरा नाम सेना सै, क्यूँके हम घणे सां।” 10 अर उसनै यीशु तै घणी
बिनती करी, “के हमनै इस परदेस तै बाहरणै ना खन्दावै।” 11 उड़ै पहाड़ पै
सूअरां का एक बड्ड़ा टोळ चरै था। 12 ओपरी आत्मायाँ नै यीशु तै बिनती
करकै कह्या, “हमनै उन सूअरां म्ह भेजदे के हम उनकै भीत्तर समा जावां।”
13 यीशु नै उन ताहीं हुकम दिया अर ओपरी आत्मा लिकड़कै सूअरां कै
भीत्तर समागी अर टोळ, जो कोए दो हजार का था, ढळान पै तै झपटकै
गलील समुन्दर म्ह पड़कै डूब मरया। 14 उनके पाळीयाँ नै जो डरे होए थे,
भाजकै कस्बे अर गाम्मां म्ह खबर सुणाई, अर जो होया था, माणस उस
ताहीं देक्खण आए। 15 अर यीशु कै धोरै आकै वे उस ताहीं जिसम्ह ओपरी
आत्मा थी, यानिके जिस म्ह सेना बड़री थी, लत्ते पहरे अर सोध्दी म्ह बेठ्ठे
देख्या। 16 अर देखण आळा नै उसका, जिसम्ह ओपरी आत्मा थी, अर
सूअरां का पूरा किस्सा उन ताहीं कह सुणाया। 17 फेर वे उसतै बिनती करकै
कहण लाग्गे के म्हारी सीमा तै लिकड़ज्या। 18 जिब यीशु किस्ती पै चढ़ण
लागग्या, तो वो जिस म्ह पैहल्या ओपरी आत्मा थी, उसतै बिनती करण
लाग्या, के “मन्नै अपणे गेल्या रहण दे।” 19 पर यीशु नै उस ताहीं मंजूरी
कोनी देई, अर उसतै बोल्या, “अपणे घरां जाकै अपणे माणसां नै बता, के
तेरे पै दया करकै प्रभु नै तेरे खात्तर किसे बड़े-बड़े काम करे सै।” 20 वो
जाकै दिकापुलिस नगर म्ह इस बात का प्रचार करण लाग्या, के यीशु नै
मेरै खात्तर किस ढाळ के बड़े काम करे; अर जिसनै भी यो सुण्या वे सारे
अचम्भा करण लाग्गै। 21 जिब यीशु किस्ती तै दुसरे किनारे पै गया, तो एक
बड्डी भीड़ उसकै धोरै कठ्ठी होगी; वो गलील समुन्दर का किनारा था। 22
आराधनालयाँ कै सरदारां म्ह तै एक याईर नाम का आदमी आया, अर उसनै
देखकै उसकै पायां के म्ह पड़ग्या, 23 अर न्यू कहकै उस ताहीं बिनती करी,
“मेरी छोट्टी छोरी मरण नै होरी सै: तू आकै उसपै हाथ धरदे, तो वा ठीक होकै
जिन्दा हो जावै।” 24 फेर वो उसकै गेल्या चाल्या; अर बड्डी भीड़ उसकै

पाच्छै हो ली, याड़ै ताहीं के माणस उसपै पड़ण लागरे थे। 25 एक बिरबान्नी
थी, जिसकै बारहा साल तै लहू बहण की बीमारी थी। 26 उसनै घणे डाक्टरां
तै ईलाज करवा कै भी बड़ा दुख ठाया, अर उसनै अपणा सारा रपियाँ खर्च कै
भी कोए फायदा कोनी होया, पर उसकी बीमारी और भी घणी बढ़गी थी। 27
वा बिरबान्नी यो सुणकै, यीशु माणसां नै ठीक करै सै भीड़ म्ह उसकै पाच्छै
तै आई अर उसकै लत्ते ताहीं छू लिया, 28 अर वा या भी कहवै थी, "जै मै
उसकै लत्ते नै छू ल्यूँगी, तो ठीक हो जाऊँगी।" 29 अर जिब्बे उसका लहू
बहणा बन्द हो गया, अर उसनै अपणे देह म्ह बेरा लागग्या के मै उस बीमारी
तै चंगी होगी सूं। 30 यीशु नै जिब्बे खुद तै बेरा पाटग्या के मेरै म्ह तै सामर्थ
लिकड़ी सै, अर भीड़ कै पाच्छै फिरकै बुझ्झया, "मेरे लत्ते किसनै छुए?" 31
उसके चेल्यां नै उसतै कह्या, "तू देक्खै सै के भीड़ तेरपै गिरण-पड़ण लागरी
सै, अर तू पूच्छै सै के किसनै मेरै ताहीं छुया?" 32 फेर उसनै उस ताहीं
देखण खात्तर जिसनै यो काम करया था, चोगरदेनै निगांह घुमाई। 33 फेर
वा बिरबान्नी न्यू जाणकै के मेरी किसी भलाई होई सै, डरगी अर काम्बदी
होई आई, अर उसकै पायां म्ह पड़कै उस ताहीं सारा हाल सच-सच कह
दिया। 34 यीशु नै उसतै कह्या, "बेट्टी, तेरे बिश्वास नै तेरे ताहीं ठीक करया
सै, खुशी-खुशी जा, अर अपणी इस बीमारी तै ठीक रह।" 35 यीशु न्यू
कहवै था के आराधनालय कै सरदार याईर कै घर तै माणसां नै आकै कह्या,
"तेरी छोरी तो मर ली सै, इब गुरु नै क्यांतै कांल करै सै?" 36 जो बात वे
कहरे थे, उस ताहीं यीशु नै बेगौरी करकै, आराधनालय कै सरदार तै कह्या,
"मतना डरै, सिर्फ बिश्वास राख।" 37 अर उसनै पतरस अर याकूब अर
उसकै भाई यूहन्ना नै छोड़, किसे दुसरे ताहीं अपणे गेल्या आण ना दिया।
38 आराधनालय कै सरदार कै घर म्ह पोहचकै, उसनै माणसां ताहीं घणे रोन्दे
अर किल्की मारदे देख्या। 39 फेर उसनै भीत्तर जाकै उनतै कह्या, "थम
क्यांतै रोळा मचाओ अर रोओ सो, छोरी मरी कोनी, पर सोवै सै।" 40 वे
उसका मजाक उड़ाण लाग्गे, पर उसनै सारया ताहीं बाहर लिकाड़कै छोरी कै
माँ-बाप अर अपणे चेल्यां कै गेल्या भीत्तर गया, जित्त छोरी पड़ी थी। 41
अर छोरी का हाथ पकड़कै उसतै कह्या, "तलिता कूमी!" जिसका मतलब
सै, "हे छोरी, मै तेरे तै कहूँ सूं, उठ!" 42 अर वा छोरी जो बारहा साल की

थी, जिब्बे उठकै चाल्लण-फिरण लाग्गी; अर इसपै माणस घणे हैरान होगे।
43 फेर उसनै उन ताहीं चेतावनी देकै हुकम दिया के इस बात का किसे नै भी
बेरा ना पाट्टण दियो अर कह्या, “इसनै कुछ खाण नै द्यो।”

**6** कफरनहूम नगर तै लिकड़कै यीशु अपणे नासरत नगर म्ह आया, अर
उसके चेल्लें भी उसकै पाच्छै गए। 2 आराम कै दिन वो आराधनालय म्ह
उपदेश देण लागग्या, अर घणखरे माणसां नै सुणकै अचम्भा करया अर
कहण लाग्गे, “इसनै इतनी बात कड़ै तै आगी?” यो कौण सा ज्ञान सै जो
उस ताहीं दिया होया सै? किस ढाळ के सामर्थ के काम उसकै हाथ्थां तै
दिक्खै सै? 3 के यो वोए खात्ती कोनी, जो मरियम का छोरा, अर याकूब,
योसेस, यहूदा, अर शमौन का भाई सै? के उसकी सारी बेब्बे याड़ै म्हारै
बिचाळै कोनी रह्न्दी? इस करकै उननै उसका बिश्वास कोनी करा। 4 यीशु नै
उनतै कह्या, “नबी का अपणे गाम, अपणे कुण्बे, अर अपणे घर नै छोड़कै
और किते भी निरादर कोनी होन्दा।” 5 वो उड़ै कोए चमत्कार के काम न्ही
कर सक्या, सिर्फ थोड़े-से बिमारां पै हाथ धरकै उन ताहीं ठीक करया। 6 अर
यीशु नै उनकै अबिश्वास पै हैरानी होई अर चौगरदे के गाम्मां म्ह उपदेश
सुणान्दा हांडया। 7 यीशु नै बारहां चेल्यां ताहीं अपणे धोरै बुलाया अर उननै
ओपरी आत्मायाँ पै हक दिया अर उननै दो-दो करकै भेजण लागग्या; । 8
उसनै चेल्यां ताहीं हुकम दिया, “रास्ते खात्तर लाठ्ठी नै छोड़ और कुछ ना
लियो, ना तो रोट्टी, ना झोळी, ना बटुए म्ह पईसे, 9 जूत्ते तो पैहरियो पर
पैहरण खात्तर दो कुड़ते ना लियो।” 10 अर यीशु नै चेल्यां ताहीं कह्या, “जित्त
किते थम जिस घर म्ह जाओ, तो जिब ताहीं उड़ै तै बिदा ना होइयो तब तक
उस्से घर म्ह ठहरे रहो। 11 जिस जगहां के माणस थमनै न्ही अपणावै अर
थारी न्ही सुणै, उड़ै तै चाल्दे-ए अपणे ताल्वां की धूळ झाड़ दियो के या उनकै
बिरुध्द गवाही होवै।” 12 फेर चेल्यां नै जाकै प्रचार करया के पाप करणा
छोड़ द्यो, 13 अर घणीए ओपरी आत्मा ताहीं काढ्या, अर घणे बिमारां पै तेल
मळ कै उन ताहीं ठीक करया। 14 राजा हेरोदेस नै भी यीशु का जिक्र सुण्या,
क्यूँके उसका नाम फैलग्या था, अर उसनै कह्या, के “यूहन्ना बपतिस्मा देण
आळा मरया होया म्ह तै जिन्दा होया सै, इस्से करकै उसतै ये सामर्थ के काम
होवै सै।” 15 दुसरे माणसां नै कह्या, “यो एलिय्याह सै।” पर कुछ दुसरयां नै

कह्या, “वो एक नबी सै पुराणे नबियाँ म्ह तै किसे कै बरगा।” 16 हेरोदेस नै
न्यू सुणकै कह्या, “जिस यूहन्ना का सिर मन्नै कटवाया था, वोए जिन्दा
होया सै।” 17 हेरोदेस नै अपणे भाई फिलिप्पुस की घरआळी हेरोदियास कै
कारण, जिसतै उसनै ब्याह कर लिया था, माणसां ताहीं भेजकै यूहन्ना ताहीं
पकड़वाकै जेळ म्ह गेर दिया था। 18 क्यूँके यूहन्ना नै हेरोदेस तै कह्या था,
“अपणे भाई की घरआळी ताहीं राखणा मूसा के नियम-कायदा कै मुताबिक
तेरे खात्तर ठीक कोनी।” 19 इस करकै हेरोदियास यूहन्ना तै बैर राख्या करै
थी अर वा चाहवै थी के उसनै मरवा देवै, पर इसा हो न्ही सक्या, 20 क्यूँके
हेरोदेस यूहन्ना नै धर्मी अर पवित्र माणस जाणकै उसतै डरै था, अर उसका
बचाव करै था, अर उसकी बात सुणकै घणा घबरावै था, फेर भी उसकी बात्तां
नै आनन्द तै सुणै था। 21 आखिरकार एक इसा मौक्का आया, जिब हेरोदेस
नै अपणे जन्म दिन पै अपणे प्रधानां, सेनापतियाँ, अर गलील कै बड़े माणसां
कै खात्तर जीमणा करया। 22 तो हेरोदियास की बेट्टी भीत्तर आई, अर
नाचकै हेरोदेस ताहीं अर उसकै गेल्या बैठण आळा ताहीं राज्जी करया। फेर
राजा नै छोरी तै कह्या, “तू जो चाहवै मेरै तै माँग ले, मै तन्नै वोए दियुँगा।”
23 हेरोदेस नै कसम खाई, “मै अपणा आध्धा राज्य तक जो कुछ तू मेरै तै
माँगैगी मै तन्नै दियुँगा।” 24 उसनै बाहरणै जाकै अपणी माँ तै बुझया, “मै
के माँग्गू?” वा बोल्ली, “यूहन्ना बपतिस्मा देण आळे का सिर।” 25 वा
जिब्बे राजा धोरै भीत्तर आई अर उसतै बिनती करी, “मै चाहूँ सूं के तू इब्बे
यूहन्ना बपतिस्मा देण आळे का सिर एक थाळ म्ह मन्नै मँगवा दे।” 26 फेर
राजा घणा दुखी होया, पर अपणी कसम कै कारण अर गेल्या बैठण आळा
कै कारण उस ताहीं टाळणा कोनी चाह्या। 27 आखर म्ह राजा नै जिब्बे
एक सिपाही ताहीं हुकम देकै भेज्या के उसका सिर काट ल्यावै। 28 उसनै
जेळखान्ने म्ह जाकै उसका सिर काट्या, अर एक थाळ म्ह धरकै ल्याया अर
छोरी ताहीं दिया, अर छोरी नै अपणी माँ तै दिया। 29 न्यू सुणकै यूहन्ना के
चेल्लें आए, अर उसकी लाश नै लेगे अर कब्र म्ह धर दी। 30 चेल्लें बोहड़कै
यीशु कै धोरै आये, जो कुछ उननै करया अर सिखाया था, सब कुछ उस ताहीं
बता दिया। 31 यीशु नै चेल्यां तै कह्या, “आओ हम किसे एकान्त जगहां म्ह
चालकै माड़ा आराम करां।” क्यूँके घणे माणस आवै-जावै थे, अर उननै

खाण का मौक्का भी कोनी मिलै था। 32 ज्यांतै वे किस्ती पै चढ़कै सुनसान
जगहां म्ह न्यारे चले गए। 33 घणा नै यीशु अर उसके चेल्यां ताहीं जान्दे
देखकै पिछाण लिया, अर सारे नगरां तै कठ्ठे होकै उड़ै पांए-पाँ भाज लिए अर
उनतै पैहल्या जा पोहचे। 34 उसनै उतरकै बड्डी भीड़ देक्खी, अर उनपै तरस
खाया, क्यूँके वे उन भेड्या की तरियां थे, जिनका कोए रुखाळा ना हो; अर
वो उननै घणीए बात सिखाण लागग्या। 35 जिब दिन घणा ढळग्या, तो
उसके चेल्लें उसकै धोरै आकै कहण लागगे, "या सुनसान जगहां सै, अर
दिन घणा ढळग्या सै। 36 उननै बिदा करकै चौगरदेकै गाम्मां अर बस्तियाँ म्ह
जाकै, अपणे खाण खात्तर कुछ मोल लियावै।" 37 यीशु नै जवाब दिया,
"थमे उननै खाण नै द्यो।" चेल्यां नै उस ताहीं कह्या, "के हम दो सौ दीनार
(200 दिन की मजदूरी) की रोट्टी मोल ल्यावां, अर उननै खुआवां?" 38
यीशु नै उन ताहीं कह्या, "जाकै देक्खो थारे धोरै कितनी रोट्टी सै?" उननै
कह्या, "पाँच रोट्टी अर दो मच्छी भी।" 39 फेर यीशु नै उन ताहीं हुकम दिया
के सारया नै हरी घास पै टोळ म्ह बिठा द्यो। 40 वे सौ-सौ अर पचास-पचास
करकै टोळ म्ह बैठगें। 41 यीशु नै उन पाँच रोट्टी अर दो मच्छियाँ ताहीं लिया,
अर सुर्ग कै कान्ही लखाकै परमेसवर का धन्यवाद करया, अर रोट्टी तोड़-
तोड़कै चेल्यां ताहीं देन्दा गया के वे माणसां ताहीं बांडै, अर वे दो मच्छियाँ भी
उन सारया म्ह बांड दी। 42 सारे खाकै धापगे, 43 अर उननै टुकड्या अर
मच्छियाँ तै भरी होई बारहा टोकरियाँ ठाई। 44 जिन नै रोट्टी खाई, वे पाँच
हजार आदमी थे। 45 फेर यीशु नै जिब्बे अपणे चेल्यां ताहीं किस्ती पै चढ़ण
कै खात्तर मजबूर करया, ताके वे उसतै पैहल्या उस पार बैतसैदा नगर म्ह चले
जावै, जिब तक के वो माणसां ताहीं बिदा करै। 46 चेल्यां नै बिदा करकै यीशु
पहाड़ पै प्रार्थना करण खात्तर गया। 47 जिब साँझ होई, तो किस्ती समुन्दर
कै बिचाळै थी, अर यीशु एक्ला किनारे पै था। 48 जिब उसनै देख्या के वे
किस्ती चलाणा म्ह घणी मेहनत करण लागरे सै, क्यूँके हवा उनके स्याम्ही
की थी, तो सबेरै तीन बजे कै लोवै-धोवै यीशु समुन्दर पै चाल्दे होए उनकै
धोरै आया; अर उनतै आग्गै लिकड़ जाणा चाहवै था। 49 पर चेल्यां नै उस
ताहीं समुन्दर पै चाल्दे देखकै समझया के भूत सै, अर किल्की मारण लाग्गे;
50 क्यूँके सारे उसनै देखकै घबरागे थे। पर उसनै जिब्बे उनतै बात करी अर

कह्या, "होसला राक्खो, मै सूं; डरो मतना!" 51 फेर वो उनकै धोरै किस्ती पै
आया, अर हवा थमगी: अर वे घणा अचम्भा करण लाग्गे। 52 चेल्लें उस
रोट्टी की घटना के बारै म्ह कोनी समझै थे, क्यूँके उनके दिल कठोर होरे थे।
53 वे गलील समुन्दर पार करकै गन्नेसरत परदेस म्ह पोहचे, अर किस्ती घाट
पै लाई। 54 जिब यीशु किस्ती पै तै उतरया तो माणसां नै उस ताहीं पिच्छाण
लिया, 55 लोवै-धोवै कै सारे नगर म्ह भाज्जे-भाज्जे, अर बिमारां नै खाट्टां पै
लादकै, जित्त-जित्त खबर मिली के यीशु ओड़ै सै, उड़ै-उड़ै लिए हान्डे। 56 अर
जित्त किते भी वो गाम्मां, नगरां, या बस्तियाँ म्ह जावै था, माणस बिमारां नै
बजारां म्ह धरकै उसतै बिनती करै थे के वो उननै अपणे लत्ते कै पल्ले तै ए छू
लेण दे: अर जितने उसनै छुवै थे, सारे ठीक हो जावै थे।

**7** एक दिन कुछ फरीसी अर शास्त्री जो यरुशलेम नगर तै आए थे, यीशु
कै धोरै कठ्ठे होए, 2 अर उननै उसके कुछ चेल्यां ताहीं बिना सुच्चे होए
यानिके बिना हाथ धोए रोट्टी खांदे देख्या। 3 क्यूँके फरीसी अर सारे यहूदी,
बड़े बुजुर्गां के रीति-रिवाजां पै चाल्लै सै अर जिब ताहीं ठीक ढाळ हाथ
न्ही धो लेंदे जद ताहीं कोनी खान्दे। 4 अर बजार तै आकै, जिब तक के
अपणे हाथ न्ही धो लेते, जद ताहीं रोट्टी कोनी खान्दे; और घणीए बात सै,
जो उनके रीति-रिवाजां का हिस्सा सै, जिस तरियां कटोरे, अर लोट्टे, अर
ताम्बे के बरतनां ताहीं धोणा मान्जणा। 5 इस करकै उन फरीसियाँ अर
शास्त्रियाँ नै यीशु तै बुझ्झया, "तेरे चेल्लें क्यांतै बड़े बुजुर्गां के रीति-रिवाजां
पै कोनी चाल्दे, अर बिना हाथ धोए रोट्टी खावै सै?" 6 यीशु नै फरीसियाँ अर
शास्त्रियाँ ताहीं कह्या, "यशायाह नबी नै थम कपटियाँ कै बारै म्ह घणी ठीक
भविष्यवाणी करी; जिसा लिख्या सै: 'ये माणस होठ्ठां तै तो मेरा आदर करै
सै पर उनका मन मेरै तै दूर रहवै सै। 7 वे खामखां मेरी पूजा करै सै, क्यूँके
माणसां कै हुकमां नै धर्म का उपदेश करकै सिखावै सै।'" 8 "क्यूँके थम
परमेसवर कै हुकम नै टाळकै माणसां कै रिवाजां ताहीं मान्नो सो।" 9 उसनै
उन ताहीं कह्या, "थम अपणे रिवाजां नै मानण कै खात्तर परमेसवर का हुकम
कितनी बढ़िया ढाळ टाळ द्यो सो। 10 क्यूँके मूसा नबी नै कह्या सै, 'अपणे
माँ-बाप की इज्जत कर' अर 'जो कोए अपणे माँ-बाप नै भुंडा बोल्लै, वो
जरुर मारया जावै।' 11 पर थम कहो सो के जै कोए अपणे माँ-बाप तै कहवै,

‘जो कुछ मन्नै थारे ताहीं अपणी सम्पत्ति म्ह तै देणा था, वो मन्नै परमेसवर
ताहीं अर्पण कर दिया।’ 12 तो थम उननै उसके माँ बाप की कुछ भी सेवा
करण न्ही देन्दे। 13 इस तरियां थम अपणी रीत-रिवाजां तै, जिन ताहीं थमनै
ठहराया सै, परमेसवर का वचन टाळ द्यो सो; अर इसे-इसे घणखरे काम करो
सो।” 14 फेर यीशु नै माणसां ताहीं अपणे धोरै बुलाकै कह्या, “थम सारे मेरी
सुणो, अर समझो। 15 इसी कोए चीज कोनी जो माणस म्ह बाहर तै बड़कै
उस ताहीं अशुद्ध करै; पर जो चीज माणस कै भीत्तर तै लिकड़ै सै, वैए उस
ताहीं अशुद्ध करै सै। 16 (जै किसे के कान हो तो वो ध्यान तै सुण ले।)” 17
जिब यीशु भीड़ नै छोड़कै घरां आया, तो उसके चेल्यां नै इस उदाहरण कै
बारै म्ह उसतै बुझ्झया। 18 यीशु नै उनतै कह्या, “के थम भी इसे नासमझ
सो? के थमनै न्ही बेरा के जो चीज बाहर तै माणस कै भीत्तर जावै सै वा
उसनै अशुद्ध कोनी कर सकदी? 19 क्यूँके वा उसकै मन म्ह न्ही, पर पेट म्ह
जावै सै, अर संडास म्ह लिकड़ जावै सै?” न्यू कहकै उसनै सारी खाणे की
चिज्जां ताहीं शुद्ध ठहराया। 20 फेर उसनै कह्या, “जो माणस म्ह तै लिकड़ै
सै, वोए माणस नै अशुद्ध करै सै। 21 क्यूँके भीत्तर तै, यानिके माणस कै
मन तै, भुन्डे-भुन्डे ख्याल, जारी, चोरी, हत्या, बिगान्नी बिरबान्नी कै धोरै
जाणा, 22 लोभ, दुष्टता, छळ, लुचपण, जलन, बुराई, घमण्ड, अर बेअक्ली
लिकड़ै सै। 23 ये सारी भुंडी बात भीत्तर तै ए लिकड़ै सै अर माणस नै
अशुद्ध करै सै।” 24 फेर यीशु ओड़ै तै उठकै सूर अर सैदा के परदेस म्ह
आया; जित्त एक घर म्ह गया अर वो चाहवै था ताके किसे नै उनके बारें
म्ह बेरा न्ही लाग्गै, पर वो लुह्क न्ही सक्या। 25 अर जिब्बे एक बिरबान्नी
जिसकी छोट्टी छोरी म्ह ओपरी आत्मा थी, उसका जिक्र सुणकै आई, अर
उसकै पायां म्ह पड़गी। 26 वा सुरुफिनिकी परदेस के यूनानी जात की थी।
बिरबान्नी नै उसतै बिनती करी के मेरी छोरी म्ह तै ओपरी आत्मा लिकाड़ दे।
27 उसनै उसतै कह्या, “पैहल्या मेरे बच्चें जो यहूदी सै उननै खा लेण दे,
क्यूँके बाळकां की रोट्टी लेकै कुत्याँ कै आग्गै गेरणा ठीक कोनी।” (यहूदी
दुसरी जात के माणसां नै कुत्याँ कै समान समझै थे) 28 उसनै उस ताहीं
जवाब दिया, “साच्ची सै प्रभु; पर कुत्ते भी तो मेज कै तळै बाळकां की
रोट्टी के टुकड़े खा लेवैं सै।” 29 यीशु नै उसतै कह्या, “तेरी बात सुणकै तेरे

बिश्वास का बेरा पाट्टै सै इस कारण चली जा; ओपरी आत्मा तेरी छोरी म्ह तै
लिकड़ग्यी सै।" 30 उसनै अपणे घरां आकै देख्या के छोरी खाट पै पड़ी सै,
अर ओपरी आत्मा लिकड़ग्यी सै। 31 फेर यीशु सूर अर सैदा के परदेसां तै
लिकड़कै दिकापुलिस नगर तै होंदा होड़ गलील समुन्दर पै पोंहच्या। 32 तो
आदमियाँ नै एक बैहरै ताहीं जो हाकळा भी था, उसकै धोरै आकै उसतै
बिनती करी के अपणा हाथ उसपै धरै। 33 फेर यीशु उसनै भीड़ तै न्यारा
लेग्या, अपणी आन्गळी उसकै कान्ना म्ह घाल्ली, अर अपणी आन्गळी पै
थूककै उसकी जीभ ताहीं छुया; 34 अर सुर्ग कान्ही देखकै आह भरी, अर
उसतै कह्या, "इप्फत्तह!" यानिके "खुल ज्या!" 35 वो सही तरियां सुणण,
अर वो सुथरी-ढाळ बोल्लण लाग्या। 36 फेर उसनै उन ताहीं चिताया कह्या
के किसे तै ना कहियो; पर जितना यीशु नै उन ताहीं बताया उतनाए वे और
प्रचार करण लाग्गे। 37 वे घणे हैरान होकै कहण लाग्गे, "उसनै जो कुछ
करया सारा ठीक करया सै; वो बैहरया नै सुणण की, गूँगा नै बोल्लण की
ताकत देवै सै।"

8 एक दिन जिब भीड़ कट्ठी होई, अर उनकै धोरै इब कुछ खाण नै कोनी
बचा था, तो यीशु नै अपणे चेल्यां ताहीं धोरै बुलाकै उनतै कह्या, 2 "मन्नै इस
भीड़ पै तरस आवै सै, क्यूँके ये तीन दिनां तै बराबर मेरै गेल्या सै, अर इब
उनकै धोरै कुछ खाण नै भी कोनी बचा। 3 जै मै उननै भूक्खा घरां भेज द्यु,
तो राह म्ह थक हार कै बेहोस हो ज्यांगें; क्यूँके इन म्ह तै कई लोग दूर तै आरे
सै।" 4 उसकै चेल्यां नै जवाब दिया, "उरै जंगल-बियाबान म्ह इतनी रोट्टी
कोए कित्त तै ल्यावै के वे छिक्क ज्या?" 5 यीशु नै उनतै बुझ्झया, "थारे धोरै
कितनी रोट्टी सै?" उननै कह्या, "सात।" 6 फेर उसनै माणसां ताहीं धरती पै
बैठण का हुकम दिया, अर वे सात रोट्टी ली अर परमेसवर का धन्यवाद करकै
तोड़ी, अर अपणे चेल्यां नै देन्दा गया, अर उननै वे रोटी माणसां कै आग्गै
परोस दी। 7 उनकै धोरै माड़ी-सी छोट्टी मच्छियाँ भी थी; उसनै परमेसवर का
धन्यवाद करकै उन ताहीं माणसां कै आग्गै धरण का हुकम दिया। 8 वे खाकै
छिकगे अर चेल्यां नै बचे होड़ टुकड्या के सात टोकरे भरकै ठाए। 9 अर
सारे लोग चार हजार कै करीबन थे; फेर यीशु नै उन ताहीं भेज दिया, 10
अर वो जिब्बे अपणे चेल्यां कै गेल्या किस्ती म्ह चढ़कै दलमनूता परदेस नै

चल्या गया। 11 जब फरीसियाँ नै देख्या कै यीशु दलमनूता परदेस म्ह आ
ग्या तो वे उसतै बहस करण लाग्गे, अर यो परखण खात्तर के परमेसवर नै
यीशु ताहीं भेज्या सै, उसतै कोए सुर्गीय चिन्ह-चमत्कार की माँग करी। 12
यीशु नै अपणी आत्मा म्ह आह भरकै कह्या, "इस बखत के माणस क्यांतै
चिन्ह-चमत्कार टोह्वैं सै? मै थमनै साच्ची-साच कहूँ सूं, के इस बखत के
माणसां नै कोए चिन्ह-चमत्कार कोनी दिया जावैगा।" 13 अर वो उननै
छोड़कै फेर किस्ती पै चढ़ग्या अर गलील समुन्दर के परली ओड़ चल्या गया।
14 चेल्लें रोट्टी लेणा भूलगे थे, पर किस्ती म्ह उनकै धोरै सिर्फ एक-ए रोट्टी
थी। 15 यीशु नै उनकी कपट रूपी शिक्षा के बारें म्ह चिताया, "लखाओ,
फरीसियाँ अर हेरोदेस के खमीर तै चौकन्ने रहो।" 16 वे आप्पस म्ह विचार
करकै कहण लाग्गे, "म्हारै धोरै तो रोट्टी सै कोनी।" 17 न्यू जाणकै यीशु नै
उनतै कह्या, "थम क्यांतै आप्पस म्ह यो विचार कररे सो के म्हारै धोरै रोट्टी
कोनी? के इब ताहीं थम न्ही जाणे अर न्ही समझे? के थारा मन कठोर
होग्या सै? 18 के आँख होते होए भी कोनी देखदे, अर कान होते होए भी
कोनी सुणदे? के थारे याद कोनी। 19 के जिब मन्नै पाँच हजार माणसां
कै खात्तर पाँच रोट्टी तोड़ी थी तो थमनै बचे होड़ टुकड्या के कितने टोकरे
भरकै ठाए थे, उननै उसतै कह्या, बारहा टोकरे।" 20 "अर जिब चार हजार
माणसां कै खात्तर सात रोट्टी थी तो थमनै बचे होड़ टुकड्या के कितने टोकरे
भरकै ठाए थे?" उननै उसतै कह्या, "सात टोकरे।" 21 उसनै उनतै कह्या,
"के थम इब ताहीं न्ही समझदे?" 22 यीशु अर उसके चेल्लें बैतसैदा कस्बे
म्ह आए; अर आदमी एक आन्धे नै उसकै धोरै लियाये अर उसतै बिनती
करी के उसनै छुवै। 23 वो उस आन्धे का हाथ पकड़कै गाम तै बाहरणै
लेग्या, अर अपणी आंगळी पै थूककै उसकी आँखां पै हाथ धरते होए उसतै
बुझ्झया, "के तू कुछ देक्खै सै?" 24 उसनै निगांह ठाकै कह्या, "मै माणसां
नै देक्खूँ सूं; वे मन्नै चाल्दे होए दरख्तां की ढाळ दिक्खै सै।" 25 फेर उसनै
दुबारा उसकी आँखां पै हाथ धरे, अर आन्धे नै ध्यान तै देख्या। वो ठीक
होग्या, अर सारा कुछ सुथरी-ढाळ देक्खण लाग्या। 26 उसनै उस ताहीं न्यू
कहकै घरां भेज्या, "इस गाम म्ह भी ना जाईये।" 27 यीशु अर उसकै चेल्लें
कैसरिया फिलिप्पी परदेस के गाम्मां म्ह चले गये। राह म्ह उसनै अपणे

चेल्यां तै बुझ्झया, “माणस मन्नै के कहवै सै?” 28 उननै जवाब दिया,
“यूहन्ना बपतिस्मा देण आळा, पर कोए एलिय्याह अर कोए-कोए तो उसनै
पुराणे नबियाँ म्ह तै एक सै भी कहवै सै।” 29 उसनै उनतै बुझ्झया, “पर थम
मन्नै के कहो सो?” पतरस नै जवाब दिया, “तू मसीह सै।” 30 फेर उसनै
उन ताहीं समझाकै कह्या के मेरै बारै म्ह यो किसे तै ना कहियो। 31 फेर यीशु
चेल्यां नै सिखाण लाग्या के माणस कै बेट्टे (उसनै अपणे बारें म्ह कह्या
था) खात्तर जरूरी सै के वो घणा दुख ठावै, यहूदी अगुवें, प्रधान याजकां,
अर शास्त्री उसनै तुच्छ समझकै मार देवैं, अर वो तीसरे दिन म्ह जिन्दा हो
जावैगा। 32 उसनै या बात उनतै साफ-साफ कह दी। इसपै पतरस उसनै
न्यारा ले जाकै झिड़कण लाग्या, क्यूँके उसनै सोच्या के मसीह मर न्ही
सकदा। 33 पर यीशु नै पलटकै अपणे चेल्यां कान्ही देख्या, अर पतरस तै
झिड़ककै कह्या, “हे शैतान, मेरै स्याम्ही तै दूर हो; क्यूँके तू परमेसवर की
बात्तां पै न्ही, पर माणसां की बात्तां पै मन लगावै सै।” 34 यीशु नै भीड़ ताहीं
अपणे चेल्यां सुधा बुलाकै कह्या, “जो कोए मेरा चेल्ला बणणा चाहवै, वो
अपणी ए इच्छा पूरी ना करै बल्के अपणे दुखां का क्रूस ठाकै, मेरै पाच्छै हो
लेवै। 35 क्यूँके जो कोए अपणी जान बचाणा चाहवै वो अनन्त काल खात्तर
गवावैगा, पर जो कोए मेरै अर सुसमाचार खात्तर अपणी जान गवावैगा, वो
उसनै अनन्त काल खात्तर बचावैगा। 36 जै माणस सारी दुनिया की चिज्जां नै
पा लेवै अर फेर भी अनन्त जीवन नै न्ही पा सकै, तो उसतै के फैयदा होगा?
37 कोए भी माणस अनन्त जीवन की तुलना दुनिया की किसी भी चीज तै
न्ही कर सकता? 38 जो कोए इस जार अर पापी युग कै बिचाळै मेरै तै अर
मेरे वचन तै इन्कार करैगा, तो मै माणस का बेट्टा भी जिब पवित्र सुर्गदूत्तां
कै गेल्या अपणे पिता की महिमा सुधा आऊँगा, तो मै भी उसतै इन्कार
करुँगा।”

**9** यीशु नै उनतै कह्या, “मै थारे तै साच्ची कहूँ सूं के जो उरै खड़े सै, उन म्ह
तै कई इसे माणस सै, के जिब ताहीं परमेसवर के राज्य नै सामर्थ सुधा
आन्दा होया न्ही देख लेवैंगे, जद तक न्ही मरैंगे।” 2 छ: दिनां पाच्छै यीशु नै
पतरस अर याकूब अर यूहन्ना ताहीं गेल्या लिया, अर एकान्त म्ह किसे ऊँच्चे
पहाड़ पै लेग्या। ओड़ै उनकै स्याम्ही उसका रूप बदल ग्या, 3 अर उसके

लत्ते इसे चमकण लाग्गे उरै ताहीं जमा धोळाधप होया, के धरती पै कोए
धोब्बी भी उसा धोळा न्ही लिकाड़ सकदा। 4 अर उननै मूसा नबी कै गेल्या
एलिय्याह नबी दिख्या; वे यीशु कै गेल्या बात करै थे। 5 इसपै पतरस नै यीशु
तै कह्या, "हे गुरु, म्हारा उरै रहणा ठीक सै: इस करकै हम तीन मण्डप
बणावा; एक तेरे खात्तर, एक मूसा नबी खात्तर, एक एलिय्याह नबी खात्तर।"
6 क्यूँके उसनै कोनी बेरा था, के वो के जवाब देवै, ज्यांतै के वे घणे डरगे थे।
7 फेर एक बादळ उनपै छाग्या, अर उस बादळ म्ह तै परमेसवर नै कह्या, "यो
मेरा प्यारा बेट्टा सै, इसकी सुणो।" 8 फेर उननै चाणचक चौगरदेकै निगांह
घुमाई, अर यीशु नै छोड़ अपणे गेल्या और किसे ताहीं कोनी देख्या। 9 पहाड़
तै उतरदी आणी यीशु नै उन ताहीं हुकम दिया के जिब ताहीं मै माणस का
बेट्टा मरे होया म्ह तै जिन्दा न्ही हो जाऊँगा, तब तक जो कुछ थमनै देख्या सै
वो किसे तै ना कहियो। 10 चेल्यां नै या बात अपणे मन म्ह ए राक्खी, अर
आप्पस म्ह बहस करण लाग्गे, के "मरे होया म्ह तै जी उठण का के मतलब
हो सकै सै?" 11 अर उननै उसतै बुझ्झया, "शास्त्री क्यांतै कहवै सै के
एलिय्याह नबी का पैहल्या आणा जरूरी सै?" 12 यीशु नै उन ताहीं जवाब
दिया, "यो सच सै एलिय्याह नबी पैहल्या आकै सारा कुछ सुधारैगा, पर मेरे
बारें म्ह पवित्र ग्रन्थ म्ह यो क्यांतै लिख्या सै के वो घणा दुख ठावैगा, अर
तुच्छ गिण्या जावैगा? 13 पर मै थमनै कहूँ सूं के एलिय्याह नबी तो (जो
यूहन्ना सै) आ लिया, अर जिसा के उसकै बारें म्ह पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै,
उननै जो कुछ चाह्या उसकै गेल्या करया।" 14 यीशु अर उसके तीन चेल्लें
दुसरयां चेल्यां कै धोरै आये, तो देख्या के उनकै चौगरदे नै घणी भीड़ लागरी
सै अर शास्त्री उनकै गेल्या बहस कररे सै। 15 यीशु ताहीं देखदे ए सारे घणे
हैरान होण लाग्गे, अर उननै यीशु कान्ही भाजकै उसतै नमस्कार करया। 16
यीशु नै उनतै बुझ्झया, "थम इनतै के बहस कररे सो?" 17 भीड़ म्ह तै एक
नै उसतै जवाब दिया, "हे गुरु, मै अपणे बेट्टे ताहीं जिसम्ह ओपरी आत्मा सै,
जो उसनै बोल्लण कोनी देती। मै उस ताहीं तेरे धोरै ल्याया था। 18 जित्त
किते ओपरी आत्मा उसनै पकड़ै सै, उड़ैए पटक देवै सै: अर वो मुँह म्ह तै
झाग भर लावै सै, अर दाँत पिसदा, अर सुखदा जावै सै। मन्नै तेरे चेल्यां तै
कह्या के वे ओपरी आत्मा नै काढ देवै, पर वे काढ न्ही सके।" 19 न्यू सुणकै

यीशु नै उनतै जवाब देकै कह्या, "हे अबिश्वासी माणसों, मै कद ताहीं थारे
गेल्या रहूँगा? अर कद ताहीं थारी सहूँगा? बाळक नै मेरै धोरै ल्याओ।" 20
फेर वे बाळक नै यीशु कै धोरै लियाये: अर जिब ओपरी आत्मा नै यीशु ताहीं
देख्या, तो उस ओपरी आत्मा नै जिब्बे उस ताहीं मरोड्या, अर वो धरती पै
पड़ग्या, अर मुँह तै झाग बगान्दे होए लोट्टण लाग्या। 21 यीशु नै उसकै पिता
तै बुझ्झया, "इसकी या हालत कद तै सै?" उसनै कह्या, "बाळकपण तै। 22
उसनै इस ताहीं नाश करण खात्तर कदे आग अर कदे पाणी म्ह गेरया, पर जै
तू कुछ कर सकै, तो म्हारै पै तरस खाकै म्हारा भला कर।" 23 यीशु नै उसतै
कह्या, "या के बात होई! जै तू कर सकै सै? बिश्वास करण आळा खात्तर
सारा कुछ हो सकै सै।" 24 बाळक कै पिता नै जिब्बे जोर तै कह्या, "हे प्रभु,
मै बिश्वास करुँ सूं, मेरै अबिश्वास का उपाय कर।" 25 जिब यीशु नै देख्या
के माणस भाजकै भीड़ लावै सै, तो उस ओपरी आत्मा ताहीं न्यू कहकै
धमकाया, "हे गूँगी अर बैहरी करण आळी ओपरी आत्मा, मै तन्नै हुकम दियुँ
सूं, उस म्ह तै लिकड़ आ, अर उस म्ह फेर कदे ना बड़ीये।" 26 फेर वा
किल्की मारकै अर उस ताहीं घणा मरोड़कै, लिकड़ आई; अर बाळक मरया
होया-सा होग्या, उरै ताहीं के घणे आदमी कहण लाग्गे के वो मरग्या। 27 पर
यीशु नै उसका हाथ पकड़कै उस ताहीं ठाया, अर वो खड्या होग्या। 28 जिब
वो घरां आया, तो उसके चेल्यां नै एक्ले म्ह उसतै बुझ्झया, "हम उस ताहीं
क्यांतै न्ही काढ सके?" 29 उसनै उनतै कह्या, "या जात, बिना प्रार्थना किसे
और उपाय तै कोनी लिकड़ सकदी।" 30 फेर यीशु अर उसके चेल्यां नै ओड़ै
तै लिकड़कै, गलील परदेस का राह लिया। यीशु न्ही चाहवै था के कोए उननै
जाणै, क्यूँके वो अपणे चेल्यां ताहीं सिखाणा चाहवै था 31 यीशु उपदेश देन्दा
अर अपणे बारै म्ह चेल्यां तै कहवै था, मै "माणस का बेट्टा माणसां कै हात्थां
म्ह पकड़वाया जाऊँगा, अर वे मन्नै मार देवैगें, अर मै मरण कै तीसरे दिन
जिन्दा हो जाऊँगा।" 32 पर या बात उनकी समझ म्ह कोनी आई, अर वे
उसतै बुझ्झण तै डरै थे। 33 यीशु अर उसके चेल्लें कफरनहूम कस्बे म्ह
आये; अर घर म्ह आकै उसनै चेल्यां तै बुझ्झया, "राह म्ह थम किस बात पै
बहस कररे थे?" 34 वे बोल-बाल्ले रहे, क्यूँके राह म्ह उननै आप्पस म्ह या
बहस करी थी के म्हारै म्ह तै बड्ड़ा कौण सै। 35 फेर यीशु नै बैठकै बारहा

चेल्यां ताहीं बुलाया अर उनतै कह्या, “जै कोए बड्ड़ा होणा चाहवै, तो सारया
तै छोट्टा अर सारया का सेवक बणै।” 36 अर उसनै एक बाळक लेकै उनकै
बिचाळै खड्या करया अर उस ताहीं गोद्दी म्ह लेकै उन ताहीं कह्या, 37 “जो
कोए मेरै नाम तै इसे बाळकां म्ह तै किसे एक नै भी अपणावै सै, वो मन्नै
अपणावै सै; अर जो कोए मन्नै अपणावै सै, वो मन्नै न्ही, बल्के मेरै भेजण
आळे नै अपणावै सै।” 38 यूहन्ना नै यीशु ताहीं कह्या, “हे गुरु, हमनै एक
माणस ताहीं तेरे नाम तै ओपरी आत्मा नै लिकाड़दे देख्या अर हम उसनै मना
करण लाग्गे, क्यूँके वो म्हारी तरियां तेरा चेल्ला न्ही था।” 39 उसनै कह्या,
“उस ताहीं मना मत करो; क्यूँके इसा कोए न्ही जो मेरै नाम तै अदभुत काम
करै, अर दुसरे पल मेरी बुराई करै 40 क्यूँके जो म्हारै बिरोध म्ह न्ही, वो म्हारै
कान्ही सै। 41 जै कोए एक कटोरा पाणी भी थमनै ज्यांतै प्यावै के थम
मसीह के सो तो मै थमनै सच कहूँ सूं के वो अपणा ईनाम किसे तरियां भी
न्ही खोवैगा।” 42 पर जो कोए इन छोट्टे बाळकां कै समान जो मेरै पै बिश्वास
करै सै, किसे तै भी पाप करवावै तो उसकै खात्तर भला योए सै के एक बड्डी
चाक्की का पाट उसकै गळ म्ह लटकाया जावै अर वो समुंदर म्ह गेरया जावै।
43 जै तेरा हाथ तेरे तै पाप करवावै तो उसनै काट दे। टुंडा होकै अनन्त जीवन
म्ह बड़णा तेरे खात्तर भला सै इसके बजाये के दो हाथ रहंदे होए नरक की
आग म्ह गेरया जावै जो कदे न्ही बुझै। **(Geenna g1067)** 44 (जड़ै उनका
कीड़ा कोनी मरदा अर आग कोनी बुझदी।) 45 जै तेरा पैर तेरे तै पाप करवावै
तो उसनै काट दे। लंगड़ा होकै अनन्त जीवन म्ह बड़णा तेरे खात्तर भला सै
इसके बजाये के दो पैर रहंदे होए नरक की आग म्ह गेरया जावै। **(Geenna
g1067)** 46 (जड़ै उनका कीड़ा कोनी मरदा अर आग कोनी बुझदी।) 47 जै
तेरी आँख तेरे तै पाप करवावै तो उसनै लिकाड़ दे। काणा होकै परमेसवर कै
राज्य म्ह बड़णा तेरे खात्तर भला सै के दो आँख रहंदे होए तू नरक म्ह गेरया
जावै। **(Geenna g1067)** 48 “जड़ै उनका कीड़ा कोनी मरदा अर आग कोनी
बुझदी।” 49 हरेक माणस आग तै शुद्ध करया जावैगा, जिस तरियां बलिदान
नूण तै शुद्ध करया जावैगा। 50 “नूण एक जरूरत की चीज सै, पर जै नूण का
सुवाद जान्दा रहवै तो उसनै किस तरियां नमकीन करोगे? अपणे म्ह नूण
जिसा गुण राक्खो, अर आप्पस म्ह मेळ-मिलाप तै रहो।”

**10** यीशु ओड़ै तै उठकै यहूदिया नगर की सीमा नै पार करकै, यरदन नदी
कै परली ओड़ आया। भीड़ उसकै धोरै कठ्ठी होग्यी, अर अपणी रीत कै
मुताबिक उननै दुबारै उपदेश देण लाग्या। **2** फेर फरीसियाँ नै यीशु कै धोरै
आकै उस ताहीं परखण खात्तर उसतै बुझ्झया, "के यो ठीक सै के माणस
अपणी घरआळी नै छोड्डै?" **3** यीशु नै उनतै पूच्छया, "मूसा नबी नै थारे ताहीं
के हुकम दिया सै?" **4** उननै कह्या, "मूसा नबी नै तो तलाकनामा देकै अर
छोड़ण का हुकम दिया सै।" **5** यीशु नै उनतै कह्या, "थारे मन की कठोरता
कै कारण उसनै थारे खात्तर यो हुकम लिख्या।" **6** "पर सृष्टि की शरुआत तै
परमेसवर नै नर अर नारी करकै उन ताहीं बणाया सै। **7** इस कारण माणस
अपणे माँ-बाप तै न्यारा होकै अपणी घरआळी गेल्या रहवैगा, **8** अर वे दोन्नु
कठ्ठे रहवैंगे; ज्यांतै के वे इब दो न्ही पर एक तन सै। **9** इस करकै जिस ताहीं
परमेसवर नै जोड़या सै उस ताहीं माणस न्यारा ना करै।" **10** जब वे दोबारा
घरां आये, तो चेल्यां नै तलाक कै बारें म्ह उसतै फेर बुझ्झया। **11** यीशु नै
उनतै कह्या, "जो कोए अपणी घरआळी नै छोड़कै दुसरी तै ब्याह करै तो वो
उस पैहल्ड़ी कै बिरोध म्ह जारी करै सै; **12** अर जै घरआळी अपणे धणी
नै छोड़कै दुसरे तै ब्याह करै तो वा जारी करै सै।" **13** फेर माणस अपणे
बाळकां नै उसकै धोरै ल्याण लाग्गे के वो उनपै हाथ धरै, पर चेल्यां नै उन
ताहीं धमकाया। **14** यीशु नै न्यू देख छो म्ह होकै कह्या, "बाळकां नै मेरै धोरै
आण द्यो अर उननै मना मतना करो, क्यूँके परमेसवर का राज्य बाळकां के
समान सै। **15** मै थमनै सच कहूँ सूं के जो कोए परमेसवर के राज्य नै बाळक
की तरियां न्ही अपणावै, वो उस म्ह कदे न्ही बड़ण पावैगा।" **16** अर उसनै
उन ताहीं गोद्दी म्ह लिया, अर उनपै हाथ धरकै उन ताहीं आशीर्वाद दिया। **17**
जिब यीशु अर उसके चेल्लें यरुशलेम की ओड़ जाण लागरे थे, तो एक
माणस उसकै धोरै भाज्दा होया आया, अर उसकै आग्गै घुटने टेक कै उसतै
बुझ्झया, "हे उत्तम गुरु, अनन्त जीवन का हकदार होण खात्तर मै के करुँ?"
**(aiōnios g166)** **18** यीशु नै उसतै कह्या, "तू मन्नै उत्तम क्यांतै कहवै सै?
परमेसवर नै छोड़कै कोए उत्तम कोनी। **19** तन्नै हुकमां का तो बेराए सै:
'खून न्ही करणा, जारी न्ही करणा, चोरी न्ही करणा, झूठ्ठी गवाही न्ही देणा,
छळ न्ही करणा, अपणे माँ-बाप का आदर करणा।'" **20** उसनै यीशु तै

कह्या, “हे गुरु, इन सारया नै मै बाळकपण तै मानता आऊँ सूं।” 21 यीशु नै
उसपै निगांह करकै उसतै प्यार करया, अर उसतै कह्या, “तेरे म्ह एक बात
की कमी सै। जा, जो कुछ तेरा सै उसनै बेचकै कंगालां ताहीं दे, अर तन्नै सुर्ग
म्ह धन मिलैगा, अर आकै मेरा चेल्ला बणण खात्तर मेरै पाच्छै हो ले।” 22
इस बात तै उसकै मुँह पै उदासी छाग्यी, अर वो दुखी होंदा होया चल्या गया,
क्यूँके वो घणा साहूकार था। 23 यीशु नै चौगरदेकै देखकै अपणे चेल्यां तै
कह्या, “साहूकारां का परमेसवर कै राज्य म्ह दाखल होणा कितना ओक्खा
सै।” 24 चेल्लें उसकी बात तै हैरान होए। इसपै यीशु नै उनतै दुबारै कह्या,
“हे बाळकों, जो धन पै भरोस्सा राक्खै सै, उनकै खात्तर परमेसवर कै राज्य
म्ह बड़णा कितना ओक्खा सै! 25 ऊँट का सूई कै छेद म्ह तै लिकड़णा
आसान हो सकै सै। पर परमेसवर के राज्य म्ह साहूकार का बड़णा भोत
मुश्किल सै।” 26 वे घणेए हैरान होकै आप्पस म्ह कहण लाग्गे, “तो फेर
किसका उद्धार हो सकै सै?” 27 यीशु नै उनकी ओड़ देखकै कह्या, “माणसां
तै तो यो न्ही हो सकदा, पर परमेसवर तै हो सकै सै; क्यूँके परमेसवर खात्तर
कुछ भी मुश्किल कोनी।” 28 पतरस उसतै कहण लाग्या, “देख, हम तो सब
कुछ छोड़कै तेरे चेल्लें बणगे सा।” 29 यीशु नै कह्या, “मै थमनै साच्ची-साच
कहूँ सूं के इसा कोए कोनी, जिसनै मेरै अर मेरै सुसमाचार कै खात्तर घर,
भाण-भाई, माँ-बाप, बाळ-बच्चे या जमीन-जायदाद ताहीं छोड़ दिया हो, 30
अर इब इस युग म्ह सताव के बदले म्ह घर, भाण-भाई, माँ-बाप या बाळ-
बच्चे अर जमीन-जायदाद का सौ गुणा पर आण आळे बखत म्ह अनन्त
जीवन पावैगा। (aiōn g165, aiōnios g166) 31 पर घणखरे जो पैहले सै,
पाच्छले होंगे; अर जो पाच्छले सै, वे पैहले होंगे।” 32 वे यरुशलेम नगर म्ह
जान्दे होए राह म्ह थे, अर यीशु उनकै आग्गै-आग्गै जाण लाग रहया था:
चेल्लें हैरान थे अर जो चेल्यां कै गैल-गैल चाल्लै थे, वे डररे थे। फेर वो उन
बारहां चेल्यां नै न्यारा ले ज्याकै उनतै ये बात कह्ण लाग्या, जो उसकै गेल्या
होण आळा था, 33 “देक्खो, हम यरुशलेम नगर म्ह जावां सा, अर मै माणस
का बेट्टा प्रधान याजकां अर शास्त्रियाँ कै हाथ्थां पकड़वाया जाऊँगा, अर वे
मन्नै मारण खात्तर गैर यहूदियाँ कै हाथ्थां म्ह सौपैगें। 34 वे मेरा मजाक
उड़ावैगें, मेरै पै थूकैगें, मेरै कोरड़े मारैगें अर मन्नै मार देवैगें, अर तीसरे दिन मै

जिन्दा हो जाऊँगा।” 35 कुछ दिनां बाद जब्दी के दोन्नु बेट्टे याकूब अर यूहन्ना
नै यीशु कै धोरै आकै कह्या, “हे गुरु, हम चाहवां सां के जो कुछ हम तेरे तै
माँग्गा, वो तू म्हारै खात्तर करै।” 36 यीशु नै उनतै कह्या, “थम के चाहो सो
के थारे खात्तर करुँ?” 37 उननै यीशु तै कह्या, “हमनै यो हक दे, के तेरी
महिमा म्ह म्हारै म्ह तै एक तेरे सोळे अर दुसरा तेरे ओळै कान्ही बेठ्ठै।” 38
यीशु नै उनतै कह्या, “थम न्ही जाणदे के थम के माँग्गो सो? अर जो दुख का
कटोरा मै पीण पै सूं, के थम पी सको सो? अर जो मौत का बपतिस्मा मै
लेण पै सूं, के थम ले सको सो?” 39 उननै यीशु तै कह्या, “हम कर सका
सां।” यीशु नै उनतै कह्या, “जो दुख का कटोरा मै पीण पै सूं, थम पी ल्योगे;
अर जो बपतिस्मा मै लेण पै सूं, उसनै ले भी ल्योगे। 40 पर जिन खात्तर वा
जगहां त्यार करी गई सै, उन ताहीं छोड़ और किसे नै अपणी सोळी अर
अपणी ओळी ओड़ बिठाणा मेरा काम कोनी।” 41 न्यू सुणकै बाकी दस
चेल्लें याकूब अर यूहन्ना तै चिड़गे। 42 तो यीशु नै उन ताहीं धोरै बुलाकै उनतै
कह्या, “थमनै बेरा सै के जो गैर यहूदियाँ के हाकिम समझे जावै सै, वे उनपै
राज करै सै; अर उन म्ह जो बड़े सै, उनपै हक जमावैं सै। 43 पर थारे म्ह इसा
न्ही होणा चाहिये, बल्के जो कोए थारे म्ह बड्ड़ा होणा चाहवैं वो थारा सेवक
बणै; 44 अर जो थारे म्ह प्रधान होणा चाहवैं, वो सारया का दास बणै। 45
क्यूँके मै माणस का बेट्टा ज्यांतै कोनी आया के अपणी सेवा-पाणी करवाऊँ,
पर ज्यांतै आया के खुद सेवा-पाणी करुँ, अर घणखरयां के छुटकारै कै
खात्तर अपणी जान देऊँ।” 46 यीशु अर उसके चेल्लें यरुशलेम नगर जाते
बखत यरीहो नगर म्ह आये, अर जिब वो अर उसके चेल्लें, अर एक बड्डी
भीड़ यरीहो नगर तै लिकड़ै जाण लागरी थी, तो सड़क कै किनारे एक आन्धा
भिखारी बेठ्या था, जो तिमाई का बेट्टा बरतिमाई था, 47 उसनै न्यू सुणकै के
नासरत का यीशु उरै सै, रुक्के मार-मारकै कहण लाग्या, “हे दाऊद की
ऊलाद, यीशु मेरै पै दया कर!” 48 घणाए नै उस ताहीं धमकाया के बोल-
बाल्ला रह, पर वो और भी रुक्के मारण लाग्या, “हे दाऊद की ऊलाद, मेरै
पै दया कर!” 49 फेर यीशु नै ठहरकै कह्या, “उस ताहीं बुलाओ।” अर
आदमियाँ नै उस आन्धे ताहीं बुलाकै उसतै कह्या, “धीरज धर! उठ! यीशु
तन्नै बुलावै सै।” 50 वो अपणा चोगा बगाकै तोळा उठ्या, अर यीशु कै धोरै

आया। 51 इसपै यीशु नै उसतै कह्या, “तू के चाहवै सै के मै तेरे खात्तर
करुँ?” आन्धे नै उसतै कह्या, “हे गुरु, योए के मै देक्खण लाग्गू।” 52 यीशु
नै उसतै कह्या, “चल्या जा, तेरे बिश्वास नै तेरे ताहीं ठीक करया सै।” वो
जिब्बे देखण लाग्या, अर राह म्ह उसकै पाच्छै हो लिया।

11 जिब यीशु अर उसके चेल्लें यरुशलेम नगर कै लोवै, जैतून पहाड़ पै
बैतफगे अर बैतनिय्याह गाम कै धोरै आये तो उसनै अपणे चेल्यां म्ह तै दोयां
ताहीं न्यू कहकै भेज्या, 2 “स्याम्ही कै गाम म्ह जाओ, अर उस म्ह पोहचदे
एक गधी का बच्चा, बन्धया होया थमनै मिलैगा। जिसकी सवारी किसे नै इब
ताहीं न्ही करी सै, उसनै खोल ल्याओ। 3 जै थारे तै कोए बुझ्झै, यो के
करो सो? तो कहियो, ‘प्रभु नै इसकी जरूरत सै, अर वो तोळा उसनै भेज
देवैगा।’” 4 चेल्यां नै जाकै उस गधी के बच्चे ताहीं बाहरणै दरबाजे कै धोरै
आँगण म्ह बन्धया होया पाया, अर खोल्लण लाग्गे। 5 उन म्ह तै जो ओड़ै
खड़े थे, कई कहण लाग्गे, “यो के करो सो, गधी कै बच्चे नै क्यांतै खोल्लो
सो?” 6 जिसा यीशु नै कह्या था, उस्से तरियां उननै कह दिया; फेर माणसां
नै उन ताहीं जाण दिया। 7 चेल्यां नै गधी कै बच्चे ताहीं यीशु कै धोरै ल्याकै
उसपै अपणे लत्ते बिछाये अर वो उसपै बैठग्या। 8 फेर घणखरे माणसां नै
अपणे लत्ते राह म्ह बिछाये अर औरां नै खेत्तां म्ह तै डालियाँ काटकै फैला
दी। 9 जो उसकै आग्गै-आग्गै अर पाच्छै-पाच्छै चाल्लै थे, रुक्के मार-मारकै
कहन्दे जावै थे, “होशाना!” “धन्य सै वो जो प्रभु कै नाम तै आवै सै!” 10
म्हारै पिता दाऊद का राज्य जो आवै सै; “धन्य सै! अकास म्ह होशाना!” 11
यीशु यरुशलेम नगर पोहचकै मन्दर म्ह आया, अर चौगरदे की सारी चिज्जां
नै देखकै बारहां चेल्यां कै गेल्या बैतनिय्याह गाम म्ह गया, क्यूँके साँझ होग्यी
थी। 12 आगले दिन सबेरै जिब यीशु अर उसके चेल्लें बैतनिय्याह गाम तै
लिकड़े तो यीशु नै भूख लाग्गी। 13 यीशु दूर तै अंजीर का हरा दरखत देखकै
उसकै धोरै गया के, के बेरा उस म्ह कुछ पा ज्या: पर पत्त्या नै छोड़कै उस म्ह
कुछ न्ही पाया; क्यूँके फळ लाग्गण का बखत कोनी था। 14 यीशु नै उस
दरखत ताहीं देखकै उस ताहीं कह्या, “आज कै पाच्छै कोए तेरा फळ न्ही
खावैगा!” अर उसकै चेल्लें सुणण लागरे थे। (aiōn g165) 15 फेर यीशु अर
उसके चेल्लें यरुशलेम म्ह आये, अर वो मन्दर म्ह गया; अर ओड़ै जो व्यापार

करै थे उननै बाहरणै लिकाड़ण लाग्या, सर्राफां (पईसा का लेण देण करण
आळे) के पीढ़े अर कबूतर बेचणीयाँ की चौकियाँ उल्ट दी, 16 अर मन्दर म्ह
किसे ताहीं भी व्यापार करण खात्तर आण-जाण कोनी दिया। 17 अर उपदेश
देकै उनतै कह्या, "के पवित्र ग्रन्थ म्ह यो न्ही लिख्या सै, के मेरा घर सारी
जात्तां कै खात्तर प्रार्थना का घर कुह्वावैगा? पर थमनै इस ताहीं डाकुआं की
गुफा बणा दी सै।" 18 या घटना सुणकै सारे प्रधान याजक अर शास्त्री लोग
उसनै मारण का मौक्का टोह्ण लाग्गे; पर वे भीड़ तै डरै थे, क्यूँके सारे माणस
उसकै उपदेश तै भोत परभाबित होवै थे। 19 अर उस दिन साँझ होन्दे यीशु
अर उसके चेल्लें रात काट्टण खात्तर यरुशलेम नगर तै बाहरणै चले गये। 20
फेर तड़कैए नै जिब यीशु अर उसके चेल्लें ओड़ै कै जावै थे तो उननै उस
अंजीर कै दरखत ताहीं जड़ तै ए सूख्या होया देख्या। 21 पतरस नै वा बात
याद आई, अर उसनै उसतै कह्या, "हे गुरु, देख! यो अंजीर का दरखत जिस
ताहीं तन्नै श्राप दिया था, वो सूख ग्या सै।" 22 यीशु नै उस ताहीं जवाब
दिया, "परमेसवर पै बिश्वास राक्खो। 23 मै थमनै साच्ची कहूँ सूं के जो कोए
इस पहाड़ नै कहवै, 'तू उखड़ जा, अर समुन्दर म्ह जा पड़,' अर अपणे मन
म्ह शक ना करै, बल्के बिश्वास करै के जो कहूँ सूं वो हो जावैगा, तो उसकै
खात्तर वोए होवैगा। 24 ज्यांतै मै थमनै कहूँ सूं के जो कुछ थम प्रार्थना करकै
माँग्गो, तो बिश्वास कर ल्यो के थमनै मिलग्या, अर थारे खात्तर हो जावैगा।
25 अर जिब कदे थम प्रार्थना खात्तर खड़े होओ, तो जै थारे मन म्ह किसे कै
बिरोध म्ह कुछ हो, तो उसनै माफ करो: ज्यांतै के थारा सुर्गीय पिता भी थारे
अपराध माफ करै। 26 अर जै थम माफ ना करो तो थारा पिता भी जो सुर्ग
म्ह सै, थारा कसूर माफ कोनी करैगा।" 27 यीशु अर उसके चेल्लें फेर
यरुशलेम म्ह आये, अर जिब वो मन्दर म्ह टहलरया था तो सारे प्रधान याजक
अर शास्त्री अर यहूदी अगुवें उसकै धोरै आकै बुझ्झण लाग्गे, 28 "तू ये काम
किस हक तै करै सै? अर यो हक तेरे ताहीं किसनै दिया सै के तू ये काम
करै?" 29 यीशु नै उनतै कह्या, "मै भी थारे तै एक बात बुझ्झु सूं; मन्नै
जवाब दियो तो मै थमनै बताऊँगा के ये काम किस हक तै करुँ सूं। 30
यूहन्ना ताहीं बपतिस्मा देण का हक परमेसवर की ओड़ तै था या माणसां की
ओड़ तै था? मन्नै जवाब द्यो।" 31 फेर वे आप्पस म्ह बहस करण लाग्गे के

जै हम कह्वां, परमेसवर की ओड़ तै, तो वो कहवैगा, फेर थमनै बिश्वास क्यांतै
न्ही करया? 32 अर जै हम कह्वां, माणसां की ओड़ तै, तो माणसां की भीड़
का डर सै, क्यूँके सारे जाणै सै के यूहन्ना साच्चीये नबी था। 33 उननै यीशु
ताहीं जवाब दिया, "हमनै न्ही बेरा।" यीशु नै उनतै कह्या, "मै भी थारे तै
कोनी बतान्दा के ये काम किस हक तै करुँ सूं।"

12 यीशु उदाहरणां म्ह उनतै बात करण लाग्या: "किसे माणस नै अंगूर का
बाग लगाया, अर उसकै चौगरदे नै बाड़ा बाँधया, अर रस का कुण्ड खोद्या,
अर रुखाळ खात्तर एक मचान बणाया; अर किसानां ताहीं उसका ठेक्का देकै
परदेस चल्या गया। 2 फेर फळ तोड़ण का बखत लोवै आया, तो बाग के
माल्लिक नै अपणे नौक्कर ताहीं उसका फळ लेण नै किसानां धोरै भेज्या के
किसानां तै अंगूर के बाग के फळां का हिस्सा लेवै। 3 पर किसानां नै उस
नौक्कर ताहीं पकड़कै छेत्या अर खाल्ली हाथ भेज दिया। 4 फेर उसनै एक
और नौक्कर ताहीं उनकै धोरै भेज्या; उननै उसकी बेजती करी उसका सिर
फोड़ दिया अर। 5 फेर उस माल्लिक नै एक और ताहीं भेज्या; उननै उस
नौक्कर ताहीं भी मार दिया। फेर उसनै और घणाए ताहीं भेज्या; उन म्ह तै
उननै कुछ तो छेत्ते अर कुछ मार दिये।" 6 "इब माल्लिक कै धोरै एकैए
आदमी रहग्या जो उसका प्यारा बेट्टा था; आखर म्ह उसनै अपणे बेट्टे ताहीं
भी उनकै धोरै न्यू सोचकै भेज्या के वे मेरै बेट्टे की इज्जत तो जरुर करैगें।"
7 पर उन किसानां नै आप्पस म्ह कह्या, "योए तो वारिस सै; आओ, हम
इसनै मार द्या, फेर यो अंगूर का बाग म्हारा हो जावैगा।" 8 अर उननै उस
ताहीं पकड़कै मार दिया, अर अंगूर के बाग तै बाहरणै बगा दिया। 9 इस
करकै अंगूर के बाग का माल्लिक के करैगा? वो आकै उन किसानां का
नाश करैगा, अर अंगूर के बाग का ठेक्का दुसरे किसानां नै दे देवैगा। 10 के
थमनै पवित्र ग्रन्थ म्ह यो वचन कोनी पढ्या: जिस पत्थर ताहीं राजमिस्त्रियाँ
नै बेकार बताया था, वोए कोणे का खास पत्थर होग्या; 11 यो प्रभु की
ओड़ तै होया, अर यो म्हारे खात्तर अनोक्खा सै! 12 फेर यहूदियाँ के प्रधान
नै उस ताहीं पकड़णा चाह्या; क्यूँके वे समझगे थे, के उसनै म्हारै बिरोध
म्ह यो उदाहरण कह्या सै: पर वे माणसां तै डरगे, अर उसनै छोड़कै चले
गये। 13 फेर यहूदियाँ के प्रधान नै यीशु ताहीं बात्तां म्ह उलझाण खात्तर कुछ

फरीसियाँ अर हेरोदेस राजा के समर्थकां ताहीं उसकै धोरै भेज्या। 14 उननै
आकै यीशु तै कह्या, “हे गुरु, हमनै बेरा सै, के तू साच्चा सै, अर किसे की
परवाह न्ही करदा, क्यूँके तू माणसां का मुँह देखकै बात कोनी करदा, पर
परमेसवर की बातें सच्चाई तै सिखावै सै। तो के कैसर ताहीं कर देणा ठीक
सै या कोनी? 15 हम देवां, या न्ही देवां?” उसनै उनका कपट जाणकै उनतै
कह्या, “मन्नै क्यांतै परखो सो? एक दीनार (एक दिन की मजदूरी) मेरै धोरै
ल्याओ, के मै उसनै देक्खूँ।” 16 वे लियाए, अर उसनै उनतै कह्या, “या छाप
अर नाम किसका सै?” उननै कह्या, “कैसर का।” 17 यीशु नै उनतै कह्या,
“जो कैसर का सै वो कैसर ताहीं, अर जो परमेसवर का सै परमेसवर ताहीं
द्यो।” फेर वे उसपै घणे हैरान होण लाग्गे। 18 फेर सदूकी लोग भी, जो कहवै
सै के मरे होए जिन्दा होए न्ही सकदे; उसकै धोरै आकै उसतै बुझ्झया, 19
“हे गुरु, मूसा नबी नै म्हारै खात्तर पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै के जै किसे
का भाई बेऊलादा मर जावै अर उसकी घरआळी रह जावै, तो उसका भाई
उसकी घरआळी तै ब्याह कर लेवै अर अपणे भाई खात्तर पीढ़ी पैदा करै। 20
उदाहरण के तौर पै सात भाई थे। पैहल्ड़ा भाई ब्याह करकै बेऊलादा मरग्या।
21 फेर दुसरे भाई नै उसकी बिरबान्नी तै ब्याह कर लिया अर वो भी बेऊलादा
मरग्या; अर उस्से तरियां तीसरे नै भी करया। 22 अर सातुवां कै ऊलाद
कोनी होई। सारया पाच्छै वा बिरबान्नी भी मरगी। 23 आखर म्ह जिन्दा होण
पै वा उन म्ह तै किसकी घरआळी होवैगी? क्यूँके वा सातुवां की घरआळी हो
ली थी।” 24 यीशु नै उनतै कह्या, “थारी गलती या सै के थम पवित्र ग्रन्थ अर
परमेसवर की सामर्थ नै न्ही जाणते। 25 क्यूँके जी उठण कै बाद ब्याह शादी
कोनी होन्दी, पर सुर्ग म्ह वो परमेसवर के सुर्गदूत्तां की ढाळ होवैगें। 26 मरे
होया कै जिन्दा होण कै बारें म्ह के थमनै मूसा नबी की किताब म्ह जळती
होई झाड़ी की कथा म्ह कोनी पढ़्या के परमेसवर नै उसतै कह्या, ‘मै अब्राहम
का परमेसवर, अर इसहाक का परमेसवर, अर याकूब का परमेसवर सूं’? 27
परमेसवर मरे होया का न्ही बल्के जिन्दयां का परमेसवर सै; थम बड्डी भूल
म्ह पड़े सो।” 28 शास्त्री समाज के माणसां म्ह तै एक नै आकै उन ताहीं
बहस करदे सुण्या, अर न्यू जाणकै उसनै उन ताहीं ठीक ढाळ तै जवाब दिया,
अर उसतै बुझ्झया, “सारया तै खास हुकम कौण सा सै?” 29 यीशु नै

उस ताहीं जवाब दिया, "सारे हुकमां म्ह तै यो खास सै: 'हे इस्राएल के
माणसों सुणो! प्रभु म्हारा परमेसवर सिर्फ एक ही प्रभु सै, 30 अर तू प्रभु
अपणे परमेसवर तै अपणे सारे मन तै, अर अपणे सारे प्राण तै, अर अपणी
सारी समझ तै, अर अपणी सारी शक्ति तै प्यार राखणा।' 31 अर दुसरा
यो सै, 'तू अपणे पड़ोसी तै अपणे जिसा प्यार राखणा।' इसतै बड्ड़ा और
कोए हुकम कोनी।" 32 शास्त्री नै उसतै कह्या, "हे गुरु, जमा ठीक! तन्नै
साच्ची कही के परमेसवर एक-ए सै, अर उस ताहीं छोड़कै और कोए कोनी।
33 अर उसतै सारे मन तै, अर सारे प्राण तै, अर सारी समझ तै, अर सारी
शक्ति तै प्यार राखणा; अर पड़ोसी तै अपणे जिसा प्यार राखणा, ये दोन्नु
हुकम होमबलियाँ अर बलिदानां तै बाध सै।" 34 जिब यीशु नै देख्या के
उसनै समझदारी तै जवाब दिया, तो उसतै कह्या, "तू परमेसवर कै राज्य तै
दूर कोनी।" अर किसे नै फेर उसतै बुझ्झण की हिम्मत कोनी होई। 35
फेर यीशु नै मन्दर म्ह उपदेश देन्दे होए न्यू कह्या, "शास्त्री क्यूँ कहवै सै के
मसीह दाऊद का बेट्टा सै? 36 क्यूँके दाऊद नै खुद ए पवित्र आत्मा म्ह होकै
कह्या सै, 'परमेसवर यहोवा नै मेरै प्रभु तै कह्या, "मेरै सोळी ओड़ बैठ, जिब
ताहीं के मै तेरे बैरियाँ नै हरा कै, तेरे पायां की चौक्की न्ही बणा दियुँ।"'
37 "दाऊद तो खुद ए उसनै प्रभु कहवै सै, फेर वो उसका बेट्टा किस ढाळ
होया?" अर भीड़ के माणस उसकी राज्जी होकै सुणै थे। 38 यीशु नै अपणे
उपदेश म्ह उनतै कह्या, "शास्त्रियाँ तै चौकन्ने रहियो, जो लाम्बे-लाम्बे चोगे
पहरे होड़ हाँडै अर बजारां म्ह नमस्कार चाहवैं सै, 39 अर आराधनालयाँ म्ह
खास-खास जगहां बैठणा, जिम्मण म्ह खास-खास जगहां भी चाहवैं सै। 40
वे बिधवायाँ के घर खा जावै सै अर दिखाण खात्तर घणी वार ताहीं प्रार्थना
करदे रहवै सै। ये घणा दण्ड पावैगें।" 41 यीशु मन्दर कै भण्डार कै स्याम्ही
बैठकै देक्खै था के आदमी मन्दर कै दानपात्र म्ह किस तरियां पईसे घालैं सै;
अर घणखरे साहूकारां नै घणाए कुछ घाल्या। 42 इतनै म्ह एक कंगाल
बिधवा नै आकै दो दमड़ी घाल्लीं। (जो एक धेले कै बराबर होवै सै) 43 फेर
उसनै अपणे चेल्यां ताहीं धोरै बुलाकै कह्या, "मै थमनै सच कहूँ सूं के मन्दर
कै दानपात्र म्ह घाल्लण आळा म्ह तै इस कंगाल बिधवा नै सारया तै बाध
घाल्या सै; 44 क्यूँके सारया नै अपणे धन की बढ़दी म्ह तै घाल्या सै, पर

इसनै अपणी घटदी म्ह तै जो उसकै धोरै जीवन चलाण खात्तर था, वो सारा
घाल दिया।"

**13** जिब यीशु मन्दर तै लिकड़ै था, तो उसकै चेल्यां म्ह तै एक नै उसतै
कह्या, "हे गुरु, लखा, किसे बड़े-बड़े पत्थरां तै बणाये होए किसे सुथरे भवन
सै!" **2** यीशु नै उनतै कह्या, "के थम ये बड़े-बड़े पत्थरां के भवन देक्खो सो:
पर उरै एक पत्थर भी कोनी बचैगा जो गेरया न्ही जावैगा।" **3** जिब यीशु
मन्दर कै स्याम्ही जैतून कै पहाड़ पै बेठ्या था, तो पतरस, याकूब, यूहन्ना
अर अन्द्रियास नै न्यारे जाकै उसतै बुझ्झया, **4** "हमनै बता के ये बात कद
होवैगी? अर जिब ये सारी बात पूरी होण पै होवैगी उस बखत की के निशान्नी
होवैगी?" **5** यीशु उनतै कहण लाग्या, "चौकन्ने रहियो के कोए थमनै भकावै
न्ही। **6** क्यूँके घणखरे मेरै नाम तै आकै कहवैगें, 'मै मसीह सूं!' अर घणाए नै
भकावैगें। **7** जिब थम रोळे, अर लड़ाईया का जिक्र सुणो, तो घबराईयो ना;
क्यूँके इनका होणा जरूरी सै, पर उस बखत खात्मा कोनी होवैगा। **8** क्यूँके
जात पै जात, राज्य पै राज्य चढ़ाई करैगा। भोत सारी जगहां पै हाल्लण
आवैगें, अर अकाळ पड़ैंगें, ये तो दुखां की शरुआत ए होवैगी।" **9** "पर थम
अपणे बारै म्ह चौकन्ने रहो; क्यूँके माणस थारे ताहीं बड्डी सभा म्ह सौपैगें
अर थम आराधनालयों म्ह छितोगे, अर मेरै कारण हाकिमां अर राजां कै
आग्गै खड़े करे जाओगे, ताके थम मेरे बारें म्ह गवाही दे सको। **10** पर जरूरी
सै के पैहल्या सुसमाचार सारी जात्तां म्ह प्रचार करया जावै। **11** जिब वे थमनै
ले जाकै सौपैगें, तो पैहल्या तै फिक्र ना करियो इब हम के कहवागें; पर जो
कुछ थमनै उस बखत बताया जावै वोए कहियो; क्यूँके बोल्लण आळे थम
कोनी सो, पर पवित्र आत्मा सै।" **12** "भाई नै भाई, पिता नै बेट्टा मारण
खात्तर सौंप देंगें, अर बाळक माँ-बाप कै बिरोध म्ह खड़े होकै उन ताहीं मरवा
देवैगें। **13** अर मेरै नाम कै कारण सारे माणस थारे तै बैर करैगें; पर जो
आखर ताहीं धीरज धरैगा, उस्से का उद्धार होवैगा।" **14** (पढ़ण आळा इस
बात नै समझ लेवै) "जिस दिन थम मन्दर म्ह उस उजाड़ण आळी घृणित
चीज नै खड़े देक्खो, जिस ताहीं मन्दर म्ह न्ही होणा चाहिये, तब जो यहूदिया
परदेस म्ह हो वे पहाड़ां पै भाज जावै; **15** जो छात पै हो, वो घर म्ह कुछ लेण
खात्तर भीत्तर ना जावै, **16** अर जो खेत म्ह हो, वो अपणे लत्तें लेण खात्तर

घर नै ना बोहड़ैं। 17 उन दिनां म्ह जो गर्भवती अर दूध पिलान्दी बिरबान्नी
होवैगीं, उनकै खात्तर भागणा भी मुश्किल होगा! 18 अर प्रार्थना करया करो
के यो जाड्यां म्ह न्ही हो। 19 क्यूँके वे दिन इसे क्लेश के होवैगें के सृष्टि की
शरुआत तै, जो परमेसवर नै रचाई सै, इब ताहीं ना तो होए अर ना फेर कदे
होवैगें।" 20 अर जै प्रभु उन दिनां नै न्ही घटान्दा, तो कोए जीव भी कोनी
बचदा; पर उन छाँटे होया कै कारण जिन ताहीं उसनै छाट्या सै, उन दिनां
ताहीं घटाया। 21 उस बखत जै कोए थमनै कहवै, देक्खो, मसीह उरै सै, या
देक्खो, ओड़ै सै, तो बिश्वास ना करियो; 22 क्यूँके झूठ्ठे मसीह अर झूठ्ठे नबी
उठ खड़े होवैगें, अर बड़े-बड़े चमत्कार अर अनोक्खे काम दिखावैगें के जै हो
सक्या तो छाँटे होया ताहीं भी भका देवैगें। 23 पर थम चौकन्ने रहियो;
देक्खो, मन्नै थारे तै सारी बात बखत तै पैहल्याए बता दी सै। 24 उन दिनां
म्ह, उस क्लेश कै पाच्छै सूरज अन्धेरा हो जावैगा, अर चाँद चाँदणा कोनी
देवैगा; 25 अर अकास के तारे पड़ण लागैगें; अर अकास की शक्तियाँ हलाई
जावैंगी। 26 फेर मुझ माणस कै बेट्टे नै बड्डी सामर्थ अर महिमा कै गेल्या सब
लोग बादळां पै आन्दे देक्खैंगे। 27 उस बखत मै अपणे सुर्गदूत्तां नै भेजकै,
धरती कै इस सिरे तै अकास कै उस सिरे ताहीं, च्यारु दिशायां तै अपणे चुणे
होए माणसां नै कठ्ठा करूँगा। 28 अंजीर के दरखत तै यो उदाहरण सीक्खो:
जिब उसकी डाळी कोमल हो जावै, अर पत्ते लिकड़ण लागैं सै; तो थम जाण
ल्यो सो के गर्मी का बखत लोवै सै। 29 इस्से तरियां जिब थम इन बात्तां नै
होन्दे देक्खो, तो जाण ल्यो के वो भोत तावळा आण आळा सै। 30 मै थमनै
साच्ची कहूँ सूं के जिब ताहीं ये बात न्ही हो लेन्दी, जद ताहीं ये पीढ़ी खतम
न्ही होवैंगी। 31 धरती अर अकास टळ जावैंगे, पर मेरी बात कदे न्ही टळैगी।
32 "उस दिन या उस बखत कै बारै म्ह कोए न्ही जाण्दा, ना सुर्गदूत अर ना
बेट्टा; पर सिर्फ पिता जाणै सै। 33 लखाओ, जागदे अर प्रार्थना करदे रहो;
क्यूँके थमनै न्ही बेरा के वो बखत कद आवैगा। 34 मेरे आण का बखत उस
माणस के समान सै, जो परदेस जान्दे बखत अपणा घर छोड़ जावै, अर
अपणे नौकरां ताहीं हक देवै, अर हरेक नै उसका काम बता देवै, अर पहरेदार
ताहीं जागदे रहण का हुकम देवै। 35 "इस करकै जागदे रहो, क्यूँके थमनै
न्ही बेरा के घर का माल्लिक कद आवैगा, साँझ नै या आध्धी रात नै, या मुर्गे

के बाँग देण के बखत या तड़कै ए तड़कै नै। 36 इसा ना हो के वो चाणचक
आकै थमनै सोंदे पावै। 37 अर जो मै थमनै कहूँ सूं, वोए सारया नै कहूँ सूं:
जागदे रहो!"
14 दो दिनां पाच्छै फसह अर अखमीरी रोट्टी का त्यौहार होण आळा था।
प्रधान याजक अर शास्त्री इस बात की टाह म्ह थे के यीशु ताहीं किस ढाळ
कपट तै पकड़कै मार देवै; 2 पर वे कहवै थे, "त्यौहार कै दिन न्ही, कदे इसा
ना हो के माणसां म्ह रोळा माच्चै।" 3 जिब यीशु बैतनिय्याह नगर म्ह आया,
ओड़ै यीशु शमौन नाम के माणस जो कोढ़ तै ठीक होया था, उसके घरां
खाणा खाण बेठ्या, तो एक बिरबान्नी संगमरमर कै बरतन म्ह जटामांसी का
शुद्ध महँगा खसबूदार तेल लेकै आई, अर बरतन तोड़कै महँगा खसबूदार
तेल उसकै सिर पै उंडेल दिया। 4 पर उन म्ह तै कई माणस अपणे मन
म्ह बड़बड़ाने लाग्गे, "इस महँगे खसबूदार तेल का क्यांतै सत्यानाश कर
दिया? 5 क्यूँके यो महँगा खसबूदार तेल तो तीन सौ दीनार (तीन सौ दिन की
मजदूरी) तै भी घणी किम्मत पै बेचकै कंगालां म्ह बांडया जा सकै था।" अर
उस बिरबान्नी ताहीं झिड़कण लाग्गे। 6 यीशु नै कह्या, "उस ताहीं छोड़ द्यो;
उसनै क्यांतै सताओ सो? उसनै मेरै गेल्या भलाई करी सै। 7 कंगाल थारे
गेल्या सारी हाण रहवै सै, अर थम जिब चाहो जद उनतै भलाई कर सको सो;
पर मै थारे गेल्या सारी हाण कोनी रहूँगा। 8 जो कुछ वा कर सकी, उसनै
करया; उसनै मेरै गाड्डे जाण की त्यारी म्ह पैहला ए महँगा खसबूदार तेल मेरी
देह पै उंडेला सै। 9 मै थमनै साच्ची कहूँ सूं के सारे दुनिया म्ह जित्त किते
भी सुसमाचार प्रचार करया जावैगा, जो उसनै करया वो सदा याद करया
जावैगा।" 10 फेर यहूदा इस्करियोती जो बारहा चेल्यां म्ह तै एक था, प्रधान
याजकां कै धोरै गया के यीशु ताहीं उनके हाथ पकड़वा देवै। 11 वे न्यू सुणकै
राज्जी होगे, अर उस ताहीं रपिये देण खात्तर मानगे; अर वो मौक्का टोह्ण
लाग्या के उस ताहीं किसे ढाळ पकड़वाया जावै। 12 अखमीरी रोट्टी कै
त्यौहार कै पैहल्ड़े दिन, जिसम्ह वे फसह खात्तर मेम्ने का बलिदान करै थे,
उसके चेल्यां नै उसतै बुझ्झया, "तू कित्त जाणा चाहवै सै के हम जाकै तेरे
खात्तर फसह भोज की त्यारी करा?" 13 उसनै अपणे चेल्यां म्ह तै दो ताहीं
न्यू कहकै भेज्या, "यरुशलेम नगर म्ह जाओ, अर एक माणस पाणी का पैंढ़ा

ठाए होए थमनै मिलैगा, उसकै पाच्छै हो लियो; 14 अर वो जिस घर म्ह जावै,
उस घर कै माल्लिक ताहीं कहियो, 'गुरु कहवै सै के बैठक कित्त सै? जिसम्ह
मै अपणे चेल्यां गेल्या फसह भोज खाऊँ।' 15 वो थमनै एक सजी-सजाई,
अर त्यार करी होड़ बड़ी अटारी दिखा देवैगा, ओड़ै म्हारै खात्तर त्यारी करो।"
16 चेल्लें लिकड़कै नगर म्ह आये, अर जिसा यीशु नै उनतै कह्या था, उस्से
तरियां पाया; अर फसह का भोज त्यार करया। 17 जिब साँझ होई, तो यीशु
बारहा चेल्यां कै गेल्या आया। 18 जिब वे बेठ्ठे खाणा खावै थे, तो यीशु नै
कह्या, "मै थमनै साच्ची कहूँ सूं के थारे म्ह तै एक, जो मेरै गेल्या खाणा
खाण लागरया सै, वो मन्नै धोक्खा देकै पकड़वावैगा।" 19 उनपै उदासी
छाग्यी अर वे एक-एक करकै उसतै कहण लाग्गे, "के वो मै सूं?" 20 उसनै
उनतै कह्या, "वो बारहां चेल्यां म्ह तै एक सै, जो मेरै गेल्या थाळी म्ह हाथ
घालै सै। 21 क्यूँके मै माणस का बेट्टा तो, जिसा मेरे बारै म्ह पवित्र ग्रन्थ म्ह
लिख्या सै; मेरा मर जाणा तो पक्का सै, पर उस माणस पै धिक्कार सै
जिसकै जरिये मै माणस का बेट्टा पकड़वाया जाऊँगा! जै उस माणस का
जन्म ए न्ही होंदा, तो उसकै खात्तर भला होंदा।" 22 जिब वे खाण ए लागरे
थे, उसनै रोट्टी लेकै परमेसवर का धन्यवाद करया, अर आशीष माँगकै तोड़ी,
अर उन ताहीं दी, अर कह्या, "ल्यो, या मेरी देह सै।" 23 फेर यीशु नै अंगूर के
रस का कटोरा लेकै परमेसवर का धन्यवाद करया, अर उन ताहीं दिया; अर
उन सारया नै उस म्ह तै पिया। 24 अर उसनै उनतै कह्या, "यो अंगूर का रस
मेरे लहू नै दर्शावै सै, जिसका करार परमेसवर नै लोग्गां तै करया जो घणाए
अपणे चेल्यां म्ह तै दोयां ताहीं बुलाकै प्रभु कै धोरै न्यू बुझ्झण खात्तर भेज्या,
“के आण आळा तूए सै, या हम किसे और की बाट देक्खां?” **20** उननै
उसकै धोरै आकै कह्या, “यूहन्ना बपतिस्मा देणआळे नै म्हारै ताहीं तेरे धोरै
न्यू बुझ्झण नै भेज्या सै, के आण आळा वो मसीहा जिसका वादा परमेसवर
नै करया था, तू ए सै, या हम किसे और की बाट देक्खां?” **21** उस्से बखत
उसनै घणाए ताहीं बिमारियाँ, अर कांल्ली, अर ओपरी आत्मायाँ तै छुटाया,
अर घणाए की आँख खोल दी, **22** अर उसनै उनतै कह्या, “जो कुछ थमनै
देख्या अर सुण्या सै, जाकै यूहन्ना ताहीं कह द्यो, के आन्धे देक्खैं सै, लंगड़े
चाल्लै-फिरै सै, कोढ़ी शुद्ध करे जावै सै, बहरे सुणै सै, मुर्दे जिन्दे करे जावै सै,
अर कंगालां ताहीं सुसमाचार सुणाया जावै सै। **23** धन्य सै वे जो मेरै पै शक
न्ही करते, अर बिश्वास करणा न्ही छोड़दे।” **24** जिब यूहन्ना के भेज्जे होड़
माणस चले गये तो यीशु यूहन्ना कै बारै म्ह माणसां तै कहण लागग्या, “थम
जंगल-बियाबान म्ह के देखण गये थे? के हवा म्ह हाल्दे होए सरकंडे नै?” **25**
तो फेर थम बण म्ह के देखण गये थे? के कोमल लत्ते पहरे होए माणस नै?
लखाओ, जो चमकदे लत्ते पहरै अर असो-आराम म्ह रहवैं सै, वे राजघरां म्ह
रहवैं सै। **26** तो फेर थम बण म्ह के देखण गये थे? के किसे नबी नै? हाँ, मै
थमनै कहूँ सूं, बल्के नबी तै भी बड़े नै। **27** यो वोए सै, जिसकै बारै म्ह
लिख्या सै: लखा, “मै अपणे दूत नै तेरे आग्गै-आग्गै भेज्जू सूं, जो तेरे आग्गै
तेरी राही सीध्धी करैगा।” **28** “मै थमनै कहूँ सूं के जो बिरबानियाँ तै जणे सै,
उन म्ह तै यूहन्ना बपतिस्मा देणआळे तै बड्ड़ा कोए न्ही पर जो परमेसवर कै
राज्य म्ह छोट्टे तै छोट्टा सै, वो उसतै भी बड्ड़ा सै।” **29** फेर हरेक किसे नै,
उरै ताहीं के चुंगी लेण आळे माणसां नै भी यूहन्ना की बात सुणकै उसतै
बपतिस्मा लेकै यो मान लिया के परमेसवर ए धर्मी सै। **30** पर फरीसियाँ अर
शास्त्रियाँ नै यूहन्ना तै बपतिस्मा कोनी लेकै परमेसवर कै मनसां ताहीं अपणे

बारै म्ह टाळ दिया। **31** "पर मै इस युग कै माणसां की बराबरी किसतै करुँ
के वे किसकी ढाळ सै?" **32** वे उन बाळकां की ढाळ सै जो बजारां म्ह बेठ्ठे
होए एक-दुसरे तै रुक्के मारकै शिकायत करै सै, हमनै थारे खात्तर बाँसली
बजाई, अर थम कोनी नाच्चे, हमनै बिलाप करया, अर थम कोनी रोए! **33**
क्यूँके यूहन्ना बपतिस्मा देण आळा ना रोट्टी खाया होया करदा अर ना अंगूर
का रस पिया होया करदा, अर थम कहो सो, उस म्ह ओपरी आत्मा सै। **34**
मुझ माणस के बेट्टे का खाण-पान और माणसां की तरियां साद्दा ए सै,
लखाओ, थमनै मेरे ताहीं पेट्टू अर पियक्कड़ माणस, चुंगी लेणिये का अर
पापियाँ का साथी घोषित कर दिया। **35** पर ज्ञान अपणे काम्मां म्ह सच्चा
ठहराया गया सै। **36** फेर किसे फरीसी नै उसतै बिनती करी के वो उसकै
गेल्या खाणा खावै, आखर वो उस फरीसी कै घरां जाकै खाणा खाण बेठ्या।
**37** उस नगर की एक पापण बिरबान्नी न्यू जाणकै के यीशु फरीसी कै घर
म्ह खाणा खाण बेठ्या सै, संगमरमर कै बरतन म्ह महँगा खसबूदार तेल
ल्याई, **38** अर उसकै पायां कै धोरै, पाच्छै खड़ी होकै, रोंदी होई उसकै पायां
नै आसूआं तै भेण लाग्गी अर अपणे सिर कै बाळां तै पूंझण लाग्गी, अर
उसके पायां नै बार-बार चूमकै उनपै महँगा खसबूदार तेल मळया। **39** न्यू
देखकै शमौन फरीसी जिसनै यीशु ताहीं बुलाया था, अपणे मन म्ह सोच्चण
लागग्या, "जै यो नबी होन्दा तो जाण जान्दा के या जो उसनै छूण लागरी सै,
वा कौण अर किसी बिरबान्नी सै, क्यूँके वा तो पापण सै।" **40** यीशु नै उसके
मन के विचार जाणकै उस ताहीं उदाहरण म्ह कह्या, "हे शमौन, मन्नै तेरे तै
कुछ कहणा सै।" वो बोल्या, "हे गुरु, कह।" **41** यीशु नै एक और उदाहरण
दिया, "किसे साहूकार के दो देणदार थे, एक पाँच सौ अर दुसरा पचास
दीनार (50 दिन की मजदूरी) का देणदार था। **42** जिब उनकै धोरै चुकाण नै
कुछ न्ही रह्या तो उसनै दोनुआ का कर्ज माफ कर दिया। इस करकै उन दोन्नु
माणसां म्ह तै कौण उसतै घणा प्यार राक्खैगा?" **43** शमौन नै जवाब दिया,
"मेरी समझ म्ह वो माणस, जिसका घणा कर्जा माफ होया।" यीशु नै उसतै
कह्या, "तन्नै ठीक कह्या सै।" **44** अर उस बिरबान्नी कान्ही पलटकै उसनै
शमौन तै कह्या, "तन्नै देख्या सै के इस बिरबान्नी नै के करया सै? मै तेरे
घरां आया पर तन्नै मेरे पैर धोण नै पाणी भी कोनी दिया, पर इसनै मेरे पैर

आँसुआँ तै भेये अर अपणे बाळां तै पूंजे। 45 तन्नै मेरै ताहीं चुम्या न्ही, पर
जिब तै मै आया सूं जिब्बे तै इसनै मेरे पायां ताहीं चुमना न्ही छोड्या। 46
तन्नै मेरे सिर पै तेल कोनी मळया, पर इसनै मेरे पायां पै इत्र मळया सै। 47
इस करकै मै तन्नै कहूँ सूं के इसनै कई पाप करे थे, जो माफ होगे, क्यूँके
इसनै मेरे तै घणा प्यार करया सै, पर जिसका पाप कम माफ होया सै, वो
कम प्यार करै था।" 48 अर उसनै बिरबान्नी तै कह्या, "तेरे पाप माफ होए।"
49 फेर जो माणस उसकै गेल्या खाणा खाण नै बेठ्ठे थे, वे अपणे-अपणे मन
म्ह सोच्चण लाग्गे, "यो के परमेसवर सै, जो पापां नै भी माफ कर सकै
सै?" 50 पर उसनै उस बिरबान्नी ताहीं कह्या, "परमेसवर नै तेरे ताहीं बचाया
सै, क्यूँके तन्नै मेरे पै बिश्वास करया सै, खुश होकै चली जा।"

8 इसकै बाद यीशु नगर-नगर अर गाम-गाम्मां म्ह प्रचार करदा होया, अर
परमेसवर कै राज्य का सुसमाचार सुणादा होया हांडण लाग्या, अर वे बारहां
चेल्लें उसकै गेल्या थे, 2 अर कुछ बिरबान्नी भी थी जो ओपरी आत्मायाँ तै
अर बिमारियाँ तै छुटाई गई थी, अर वे ये सै: मरियम जो मगदलीनी कुह्वावै
थी, जिसम्ह तै सात ओपरी आत्मा लिकड़ी थी, 3 अर हेरोदेस राजा के
भण्डारी खुजा की घरआळी योअन्ना, अर सूंसन्नाह, अर घणखरी दुसरी
बिरबान्नी। ये अपणे धन तै यीशु अर उसके चेल्यां की सेवा-पाणी करै थी। 4
जिब बड्डी भीड़ कठ्ठी होई अर नगर-नगर के माणस उसकै धोरै चालकै आवै
थे, तो उसनै उदाहरण म्ह कह्या 5 "एक किसान बीज बोण लिकड़या। बोंदे
होए कुछ बीज राही कै किनारे पड़े, अर रोंद्या गया, अर अकास के पंछियाँ नै
उस ताहीं चुग लिया। 6 कुछ बीज चट्टान पै पड्या, अर जामग्या, पर नमी ना
मिलण कै कारण सूख ग्या। 7 कुछ झाड़ियाँ कै बिचाळै पड्या, अर झाड़ियाँ
नै गेलै-गेलै बढ़कै उस ताहीं दबा लिया। 8 कुछ आच्छी धरती पै पड्या, अर
उगकै सौ गुणा फळ ल्याया।" न्यू कहकै वो जोर तै बोल्या, "जिसके कान हो
वो ध्यान तै सुण ले।" 9 उसके चेल्यां नै उसतै बुझ्झया के इस उदाहरण का
के मतलब सै? 10 उसनै कह्या, "थारे ताहीं परमेसवर कै राज्य के भेद की
समझ दे राक्खी सै, पर औरां नै उदाहरणां म्ह सुणाया जावै सै, इस करकै के
'वे देखदे होए भी कोनी देक्खै, अर सुणदे होए भी कोनी समझै।'" 11
उदाहरण का मतलब यो सै: बीज परमेसवर का वचन सै 12 राही कै किनारे

के वे सै, जिन नै सुण्या, फेर शैतान आकै उनकै मन म्ह तै वचन ठा ले जावै
सै के कदे इसा ना हो के वे बिश्वास करकै उद्धार पावै। 13 चट्टान पै के वे सै,
के जिब सुणै सै, तो खुश होकै वचन नै अपणावै सै, पर जड़ कोनी पकड़दे वे
माड़ी वार ताहीं बिश्वास राक्खैं सै अर मुसीबत कै बखत बहक जावै सै। 14
जो झाड़ियाँ म्ह पड्या, यो वे सै जो सुणै सै, पर आग्गै जाकै फिक्र, अर धन,
अर जिन्दगी के ऐसो-आराम म्ह फँस जावै सै अर उनका फळ कोनी पकदा।
15 पर आच्छी धरती के वे सै, जो वचन सुणकै भले अर आच्छे मन तै साम्ये
राक्खैं सै, अर धीरज तै फळ ल्यावै सै। 16 "कोए दीवा जळा कै बरतन तै
कोनी ढकदा, अर ना खाट तळै धरै सै, पर टांडी पै धरै सै ताके भीत्तर आण
आळे नै चाँदणा मिलै। 17 कुछ लुहक्या कोनी जो दिखाया कोनी जावै,
अर ना किमे लुहक्या सै जिसका बेरा न्ही पटै। 18 ज्यांतै चौक्कस रहो के
थम किस तरियां सुणो सो? क्यूँके जिसकै धोरै सै उसतै दिया जावैगा, अर
जिसकै धोरै न्ही सै उसतै वो भी ले लिया जावैगा, जिसनै वो अपणा समझै
सै।" 19 यीशु की माँ अर उसके भाई उसकै धोरै आए, पर भीड़ कै कारण
उसतै मिल न्ही सके 20 उसतै कह्या गया, "तेरी माँ अर तेरे भाई बाहरणै खड़े
होए, तेरे तै मिलणा चाहवैं सै।" 21 यीशु नै इसकै जवाब म्ह उनतै कह्या,
"मेरी माँ अर मेरे भाई येए सै, जो परमेसवर का वचन सुणै अर मान्नैं सै।"
22 फेर एक दिन वो अर उसके चेल्लें किस्ती पै चढ़े, अर उसनै उनतै कह्या,
"आओ, समुन्दर के परली ओड़ चाल्लां।" आखर उननै किस्ती खोल दी।
23 पर जिब किस्ती चालरी थी, तो वो सोग्या अर समुन्दर पै आँधी आगी,
अर किस्ती पाणी तै भरण लाग्गी अर वे खतरे म्ह थे। 24 फेर उननै धोरै
आकै उस ताहीं जगाया, अर कह्या, "हे माल्लिक! हे माल्लिक! हम डूबके
मरण आळे सां।" फेर उसनै उठकै आँधी ताहीं अर पाणी की झाल्लां ताहीं
धमकाया अर वे थमगे अर शान्ति होई। 25 फेर उसनै उनतै कह्या, "थारा
बिश्वास कित्त था?" पर वे डरगे अर हैरान होकै आप्पस म्ह कहण लाग्गे,
"यो कौण सै जो आँधी अर पाणी नै भी हुकम देवै सै, अर वे उसकी मान्नैं
सै?" 26 फेर वे गिरासेनियों कै देश म्ह पोहचे, जो उस पार गलील समुन्दर
कै स्याम्ही सै। 27 जिब वो किनारे पै उतरया तो उस नगर का एक माणस
उसतै मिल्या जिसम्ह ओपरी आत्मा थी। वो घणे दिनां तै उघाड़ा था अर ना

घरां रहवैं था बल्के कब्रिस्तान म्ह रह्या करै था। 28 वो यीशु नै देखकै जोर तै
किल्की मारकै उसकै स्याम्ही पड़कै जोर तै बोल्या, “हे परमप्रधान परमेसवर
के बेट्टे यीशु! मन्नै तेरे तै के काम? मै तेरे तै बिनती करुँ सूं, मन्नै काल ना
करै।” 29 क्यूँके वो उस ओपरी आत्मा ताहीं उस माणस म्ह तै लिकड़ण का
हुकम देवै था, इस करकै के वो उसपै बार-बार हावी होवै थी। ऊतो माणस
उसनै साँकळां अर बेलां तै जुड़ै थे फेरभी वो बन्धनां नै तोड़ देवै था, अर
ओपरी आत्मा उसनै बण म्ह भजाए फिरै थी। 30 यीशु नै उसतै बुझ्झया,
“तेरा के नाम सै?” उसनै कह्या, “सेना,” क्यूँके घणीए ओपरी आत्मा उस
म्ह रहवैं थी। 31 उननै यीशु बिनती करी के हमनै अथाह कुण्ड म्ह जाण का
हुकम ना देवै। (Abyssos g12) 32 उड़ै पहाड़ पै सूअरां का एक बड़्ड़ा टोळ
चरै था, इस करकै उननै उसतै बिनती करी के हमनै उन म्ह बैठणे दे। उसनै
उन ताहीं जाण दिया। 33 फेर ओपरी आत्मा उस माणस म्ह तै लिकड़कै
सूअरां म्ह जा पड़ी अर वो टोळ ढळान पै तै झपटकै गलील समुन्दर म्ह जा
पड्या अर डूब मरया। 34 पाळी यो जो होया था देखकै भाज्ये, अर नगर म्ह
अर गाम्मां म्ह जाकै उसकी खबर दी। 35 माणस जो होया था उसनै देखण नै
लिकड़े, अर यीशु कै धोरै आकै जिस माणस तै ओपरी आत्मा लिकड़ी थी,
उसनै यीशु के पायां कै धोरै लत्ते पहरे अर सोध्दी म्ह बेठ्ठे देखकै डरगे, 36 अर
देखण आळा नै उन ताहीं बताया के वो ओपरी आत्मायाँ का कांल करया होड़
माणस किस तरियां ठीक होया। 37 फेर गिरासेनियों कै लोवै-धोवै के सारे
माणसां नै यीशु तै बिनती करी के म्हारै उरै तै चल्या जा, क्यूँके वे घणे डरगे
थे। आखर म्ह वो किस्ती पै चढ़कै बोहड़ आया। 38 जिस माणस म्ह ओपरी
आत्मा लिकड़ी थी वो उसतै बिनती करण लाग्या के मन्नै अपणे गेल्या रहण
दे, पर यीशु नै उस ताहीं बिदा करकै कह्या, 39 “अपणे घरां बोहड़ जा अर
माणसां तै बता के परमेसवर नै तेरे खात्तर किसे बड़े-बड़े काम करे सै।” वो
जाकै सारे नगर म्ह प्रचार करण लाग्या के यीशु नै मेरै खात्तर किसे बड़े-बड़े
काम करे। 40 जिब यीशु बोहड़या तो माणस उसतै राज्जी होकै मिले, क्यूँके
वे सारे उसकी बाट देक्खै थे। 41 इतनै म्ह याईर नाम का एक माणस आया,
जो आराधनालय का सरदार था, अर यीशु कै पायां म्ह पड़कै उसतै बिनती
करण लागग्या के मेरै घरां चाल, 42 क्यूँके उसकी बारहां साल की एकलौती

बेट्टी थी, अर वा मरण नै होरी थी। जिब वो जाण लागरया था, जद माणस
उसपै पड़ण लागरे थे। 43 एक बिरबान्नी नै जिसकै बारहां साल तै लहू बहण
की बीमारी थी, अर जो अपणी सारी कमाई डाक्टरां कै पाच्छै बरतगी थी,
फेरभी किसे कै हाथ तै चंगी कोनी हो सकी थी, 44 पाच्छै तै आकै उसकै
लत्ते ताहीं छुया, अर जिब्बे उसका लहू बहणा बन्द होगा। 45 इसपै यीशु नै
कह्या, "मेरैताहीं किसनै छुया?" जिब सारे नाट्टण लाग्गे, तो पतरस अर
उसके साथियाँ नै कह्या, "हे माल्लिक, तन्नै तो भीड़ दबाण लागरी सै अर
तेरे पै पड़ण लागरी सै।" 46 पर यीशु नै कह्या, "किसे नै मेरै ताहीं छुआ सै,
क्यूँके मन्नै बेरा पाटग्या के मेरै म्ह तै सामर्थ लिकड़ी सै।" 47 जिब बिरबान्नी
नै देख्या के मै लुह्क कोनी सकदी, फेर काम्बदी होई आई अर उसकै पायां पै
पड़कै सारे माणसां कै स्याम्ही बताया के उसनै किस कारण उस ताहीं छुया,
अर किस तरियां जिब्बे चंगी होई। 48 उसनै उसतै कह्या, "बेट्टी, तेरे बिश्वास
नै तेरे ताहीं ठीक करया सै, खुशी-खुशी चली जा।" 49 वो न्यू कहवै था के
किसे नै आराधनालय कै सरदार याईर कै उरै तै आकै कह्या, "तेरी छोरी मर
ली सै: गुरु नै कांल ना करै।" 50 यीशु नै न्यू सुणकै उसतै जवाब दिया,
"मतना डरै, सिर्फ बिश्वास राख, तो वा बच जावैगी।" 51 घर म्ह आकै उसनै
पतरस, यूहन्ना, याकूब, अर छोरी के माँ-बाप नै छोड़ दुसरे किसे नै अपणे
गेल्या भीत्तर कोनी आण दिया। 52 सारे उसकै बाबत रोण-पिट्टण लागरे थे,
पर उसनै कह्या, "रोओ मतना, वा मरी कोनी पर सोवै सै।" 53 वे न्यू जाणकै
के वा मरगी सै उसका मजाक उड़ाण लाग्ये। 54 पर उसनै उसका हाथ
पकड्या, अर रुक्का मारकै कह्या, "हे छोरी, उठ!" 55 फेर उसका जी बोहड़
आया अर वा जिब्बे उठ बेठ्ठी। फेर उसनै हुकम दिया के उसनै कुछ खाण नै
द्यो। 56 उसकै माँ-बाप हैरान होए, पर उसनै उन ताहीं चिताया के यो जो
होया सै किसे तै ना कहियो।

**9** फेर उसनै अपणे बारहां चेल्यां ताहीं बुलाकै उननै सारी ओपरी आत्मायाँ
अर बिमारियाँ ताहीं दूर करण की सामर्थ अर हक दिया, 2 अर उननै
परमेसवर कै राज्य का प्रचार करण अर बिमारां ताहीं आच्छा करण खात्तर
भेज्या। 3 उसनै उनतै कह्या, "राह खात्तर कुछ ना लियो, ना तो लाठ्ठी, ना
झोळी, ना रोट्टी, ना रपिये अर ना दो-दो कुड़ते। 4 जिस किसे घर म्ह उतरो,

उड़ैए रहो, अर उड़ैए तै बिदा होइयो। 5 जो कोए थमनै न्ही अपणावै, उस
नगर तै जान्दे होए अपणे पायां की धूळ झाड़ दियो के उनपै गवाही होवै।" 6
आखर म्ह वे लिकड़कै गाम-गाम सुसमाचार सुणान्दे, अर हरेक माणसां नै
ठीक करदे होए हांडदे रहे। 7 चौथाई देश के गलील परदेस का राजा हेरोदेस
यो सारा सुणकै घबराग्या, क्यूँके कईयाँ नै कह्या, के यूहन्ना मरे होया म्ह तै
जिन्दा होया सै, 8 अर कईयाँ नै न्यू कह्या के एलिय्याह दिख्या सै, अर औरां
नै न्यू के पुराणे नबियाँ म्ह तै कोए जिन्दा होया सै। 9 पर हेरोदेस नै कह्या,
"यूहन्ना का तो मन्नै सिर कटवाया, इब यो कौण सै जिसकै बाबत इसी बात
सुणु सूं?" अर उसनै उस ताहीं देखण की चाहन्ना करी। 10 फेर प्रेरितां नै
बोहड़कै जो कुछ उननै करया था, उस ताहीं बता दिया, अर वो उननै न्यारे
करकै बैतसैदा नामक नगर म्ह लेग्या। 11 न्यू जाणकै भीड़ उसकै पाच्छै हो
ली, अर वो राज्जी होकै उनतै मिल्या, अर उनतै परमेसवर कै राज्य की
बात करण लाग्या, अर जो चंगे होणा चाहवै थे उन ताहीं ठीक करया। 12
जिब दिन छिपण लाग्या तो बारहां नै आकै उसतै कह्या, "भीड़ नै जाणदे के
चौगरदे के गाम्मां अर बस्तियाँ म्ह जाकै ठहरै अर खाणे का जुगाड़ करै,
क्यूँके हम उरै बियाबान जगहां म्ह सां।" 13 यीशु नै उनतै कह्या, "थमे उननै
खाण नै द्यो।" उननै कह्या, "म्हारै धोरै पाँच रोट्टी अर दो मच्छियाँ नै छोड़कै
और कुछ कोनी, पर हाँ, जै हम जाकै इन सारया खात्तर खाणा मोल ल्यावां,
फेर हो सकै सै।" वे माणस तो पाँच हजार माणसां कै करीबन थे। 14 फेर
उसनै अपणे चेल्यां तै कह्या, "उननै पचास-पचास करकै लैणपतार म्ह बिठा
द्यो।" 15 उननै न्यूए करया, अर सारया ताहीं बिठा दिया। 16 फेर यीशु नै वे
पाँच रोट्टी अर दो मच्छियाँ ली, सुर्ग कान्ही लखाकै परमेसवर का धन्यवाद
करया, अर रोट्टी तोड़-तोड़कै चेल्यां ताहीं देंदा गया के माणसां ताहीं बांडै।
17 फेर सारे खाकै छिकगे, अर चेल्यां नै बचे होड़ टुकड्या तै भरी होई बारहां
टोकरी ठाई। 18 जिब वो एक्ले म्ह प्रार्थना करै था अर चेल्लें उसकै गेल्या थे,
तो उसनै उनतै बुझ्झया, "माणस मन्नै के कहवै सै?" 19 उननै जवाब दिया,
"यूहन्ना बपतिस्मा देण आळा, अर कोए एलिय्याह, अर कोए यो के पुराणे
नबियाँ म्ह तै कोए जिन्दा होया सै।" 20 उसनै उनतै बुझ्झया, "पर थम मन्नै
के कहो सो?" पतरस नै जवाब दिया, "परमेसवर का मसीह।" 21 फेर उसनै

उनतै चिताकै कह्या के यो किसे तै ना कहियो।। 22 फेर उसनै कह्या, "मुझ
माणस कै बेट्टे खात्तर जरूरी सै के मै घणा दुख ठाऊँ, अर यहूदी अगुवें, प्रधान
याजक अर शास्त्री मन्नै तुच्छ समझकै मार देवै, अर मै तीसरे दिन जिन्दा हो
जाऊँगा।" 23 उसनै सारया तै कह्या, "जो कोए मेरै मेरा चेल्ला बणणा
चाहवै, वो अपणी ए इच्छा पूरी ना करै बल्के हरेक दिन अपणे दुखां का क्रूस
ठाकै, मेरै पाच्छै हो लेवै। 24 क्यूँके जो कोए अपणी जान बचाणा चाहवैगा
वो उसनै खोवैगा, पर जो कोए मेरी खात्तर अपणी जान खोवैगा वोए उसनै
बचावैगा। 25 जै माणस सारी दुनिया नै पा लेवै अर अपणी जान खो दे या
उसका नुकसान ठावै, तो उसनै के फायदा? 26 जो कोए मेरै तै अर मेरी
बात्तां तै सरमावैगा, मै माणस का बेट्टा भी, जिब अपणी अर अपणे पिता की
अर पवित्र सुर्गदूत्तां की महिमा सुधां आऊँगा, तो उसतै सरमावैगा। 27 "मै
थमनै साच्ची कहूँ सूं, के जो याड़ै खड़े सै, उन म्ह तै कुछ इसे सै के जिब
ताहीं परमेसवर का राज्य ना देख लेवैं, जद ताहीं मौत उननै कदे छू भी न्ही
पावैगी।" 28 इन बात्तां कै कोए आठ दिनां पाच्छै वो पतरस, यूहन्ना अर
याकूब नै गेल्या लेकै प्रार्थना करण खात्तर पहाड़ पै गया। 29 जिब वो प्रार्थना
करै था, तो उसके मुँह का रूप बदल ग्या, अर उसके लत्ते धोळे होकै चमकण
लाग्गे। 30 अर लखाओ, मूसा नबी अर एलिय्याह नबी ये दो माणस उसकै
गेल्या बतळावै थे। 31 ये महिमा सुधां दिक्खे अर यीशु के मरण का जिक्र करै
थे, जो यरुशलेम म्ह होण आळा था। 32 पतरस अर उसके साथी नींद म्ह
होरे थे, अर जिब ठीक तरियां सोध्दी म्ह आए, तो उसकी महिमा अर उन दो
माणसां नै, जो उसकै गेल्या खड़े थे, देख्या। 33 जिब वे उसकै धोरै तै जाण
लाग्गे, तो पतरस नै यीशु तै कह्या, "हे माल्लिक, म्हारा उरै रहणा भला सै:
आखर म्ह हम तीन मण्डप बणावा, एक तेरे खात्तर, एक मूसा नबी खात्तर,
एक एलिय्याह नबी कै खात्तर।" उसनै बेरा कोनी था के कह के रह्या सै। 34
वो न्यू कहवैए था के एक बाद्दळ आकै उनपै छाग्या, अर जिब वे उस बाद्दळ
तै घिरण लाग्गे तो वे डरगे। 35 फेर उस बाद्दळ म्ह तै या वाणी लिकड़ी, "यो
मेरा बेट्टा अर मेरा चुण्या होया सै, इसकी सुणो।" 36 या आवाज होन्दे यीशु
एक्ला होग्या, अर वे बोल-बाल्ले रहे, अर जो कुछ देख्या था उसकी कोए
बात उन दिनां म्ह किसे तै न्ही कही। 37 दुसरे दिन जिब वो पहाड़ तै उतरया

तो एक बड्डी भीड़ उसतै आ मिली। 38 अर लखाओ, भीड़ म्ह तै एक माणस
नै किल्की मारकै कह्या, "हे गुरु, मै तेरे तै बिनती करुँ सूं के मेरे बेट्टे पै दया
की निगांह फेर दे, क्यूँके वो मेरा एक्ला बेट्टा सै। 39 अर दे, एक भुंडी ओपरी
आत्मा उसनै पकड़ै थी, अर वो चाणचक किल्की मारै था, अर वा उसनै इसा
मरोड़ै थी के वो मुँह म्ह तै झाग भर लावै सै, उसनै रोंदकै घणी मुश्किल तै
छोड्डै थी। 40 मन्नै तेरे चेल्यां तै बिनती करी के उसनै लिकाड़ै, पर वे कोनी
काढ सके।" 41 यीशु नै जवाब दिया, "हे अबिश्वासी अर जिद्दी माणसों, मै
कद ताहीं थारे गेल्या रहूँगा अर थारी सहूँगा? अपणे बेट्टे नै उरै लिया।" 42
जिब वो आवै था तो ओपरी आत्मा नै उस ताहीं पटककै मरोड्या, पर यीशु नै
उस ओपरी आत्मा ताहीं धमकाया अर छोरे ताहीं ठीक करकै पिता तै थमा
दिया। 43 फेर सारे माणस परमेसवर कै घणे सामर्थ तै हैरान होए। पर जिब
सारे माणस उन सारे काम्मां तै जो वो करै था, हक्के-बक्के थे, तो उसनै
अपणे चेल्यां तै कह्या, 44 "थम इन बात्तां पै गौर करो, क्यूँके मै माणस का
बेट्टा माणसां कै हाथ्थां म्ह पकड़वाया जाण पै सूं।" 45 पर वे इस बात नै
कोनी समझै थे, अर या बात उनतै लुक्ही रही के उननै उसका बेरा न्ही पाट्टै,
अर वे इस बात कै बारै म्ह उसतै बुझ्झण तै डरै थे। 46 फेर उन म्ह या बहस
होण लाग्गी के म्हारै तै बड्ड़ा कौण सै। 47 पर यीशु नै उनकै मन के विचारां
ताहीं पढ़ लिया, अर एक बाळक नै लेकै अपणे धोरै खड्या करया, 48
अर उनतै कह्या, "जो कोए मेरै नाम तै इस बाळक नै अपणावै सै, वो मन्नै
अपणावै सै, अर जो कोए मन्नै अपणावै सै, वो मेरै भेजण आळे नै भी
अपणावै सै, क्यूँके जो थारे म्ह सारया म्ह छोट्टे तै छोट्टा सै, वोए बड्ड़ा सै।"
49 फेर यूहन्ना नै कह्या, "हे स्वामी, हमनै एक माणस ताहीं तेरे नाम तै
ओपरी आत्मा लिकाड़दे देख्या, अर हमनै उसतै मना करया, क्यूँके वो म्हारी
तरियां तेरा चेल्ला न्ही था।" 50 यीशु नै उसतै कह्या, "उसनै नाट्टो ना, क्यूँके
जो थारे बिरोध म्ह न्ही, वो थारे कान्ही सै।" 51 जिब उसके उप्पर ठाए जाण
के दिन पूरे होण पै थे, तो उसनै यरुशलेम जाण का विचार पक्का करया।
52 उसनै अपणे आग्गै दूत भेज्जै। वे सामरियाँ कै एक गाम म्ह गए ताके
उसकै खात्तर जगहां त्यार करै। 53 पर उन माणसां नै उस ताहीं उतरण कोनी
दिया, क्यूँके वो यरुशलेम जावै था। 54 न्यू देखकै उसके चेल्लें याकूब अर

यूहन्ना नै कह्या, "हे प्रभु, तू के चाहवै सै के हम हुकम देवां, के अकास तै
आग गिरकै उननै भस्म करदे?" 55 पर उसनै बोहड़कै उन ताहीं धमकाया
(अर कह्या, "थम न्ही जाणदे के थम किसी आत्मा के सो। क्यूँके माणस का
बेट्टा लोग्गां नै जान तै मारण कोनी आया, बल्के उननै बचाण आया सै।")
56 अर वे किसे दुसरे गाम म्ह चले गये। 57 जिब वे राह म्ह जावै थे, तो किसे
नै उसतै कह्या, "जित्त-जित्त तू जावैगा, मै तेरे पाच्छै हो ल्यूँगा।" 58 यीशु नै
उसतै कह्या, "लोमड़ियां की घुरखाण अर अकास के पंछियाँ के बसेरे हो सै,
पर माणस के बेट्टे खात्तर सिर छिपाण की भी जगहां कोनी।" 59 उसनै दुसरे
तै कह्या, "मेरै पाच्छै हो ले।" उसनै कह्या, "हे प्रभु, पैहले मन्नै घर जाणदे, मै
अपणे पिता के मरण कै बाद उस ताहीं दफना के आऊँगा, फेर तेरा चेल्ला
बणुगाँ।" 60 उसनै उसतै कह्या, "जो आत्मिक रूप तै मर चुके सै, उननै मुर्दे
दफणाण दे। पर तू जाकै परमेसवर कै राज्य की कथा सुणा।" 61 एक और
नै भी कह्या, "हे प्रभु, मै तेरे पाच्छै हो लूँगा, पर पैहल्या मन्नै जाणदे के अपणे
घर के माणसां तै बिदा ले आऊँ।" 62 यीशु नै उसतै कह्या, "जो कोए अपणा
हाथ हळ पै धरकै पाच्छै देक्खै सै, वो परमेसवर के राज्य कै जोग्गा कोनी।"
**10** इन बात्तां कै बाद प्रभु यीशु नै सत्तर और चेल्लें तैयार करे, अर जिस-
जिस गाम अर जगहां पै वो खुद जाण आळा था, उड़ै उननै दो-दो करकै
अपणे आग्गै भेज्या। 2 उसनै अपणे चेल्यां तै कह्या, "पके होए खेत्तां की
तरियां लोग तो भोत सै जो परमेसवर के वचन नै सुणणा अर समझणा चाहवै
सै। पर फसल काट्टण आळे थोड़े लोग सै, जो उन ताहीं जाकै परमेसवर का
वचन सुणा अर समझा सकै। इस करकै खेत के माल्लिक यानी परमेसवर तै
बिनती करो, के वो और लोग्गां नै भेज्जै, ताके परमेसवर का वचन सारे
लोग्गां तक पोहच सकै सै।" 3 जाओ, देक्खों, मै थमनै भेड्डां की तरियां
भेड़ियाँ के बिचाल्ये भेज्जू सूं। 4 इस करकै ना बटुआ, ना झोळी, ना जूत्ते
ल्यो, अर ना राह म्ह किसे तै नमस्कार करो। 5 जिस किसे घर म्ह जाओ,
पैहले कहो, इस घर का कल्याण हो। 6 जै उड़ै कोए कल्याण कै जोग्गा
होगा, तो थारा कल्याण उसपै थमैगा, न्ही तो थारे धोरै उल्टा ए आ ज्यागा।
7 उस्से घर म्ह रहो, अर जो कुछ उनतै मिलै, वोए खाओ-पीओ, क्यूँके मजदूर
नै अपणी मजदूरी मिलणी चाहिए, घर-घर न्ही हांडणा। 8 जिस नगर मै

जाओ, अर उड़ै के माणस थमनै उतारै, तो जो कुछ थारे स्याम्ही धरया जावै
वोए खाओ। 9 उड़ै के बिमारां नै ठीक करो अर उनतै कहो, परमेसवर का
राज्य थारे धोरै आण पोंहच्या सै। 10 पर जिस नगर म्ह जाओ, अर उड़ै कै
माणस थमनै न्ही अपणावै, तो उनके बजारां म्ह जाकै कहो, 11 थारे नगर की
धूळ भी, जो म्हारे पायां म्ह लाग्गी सै, हम थारे स्याम्ही झाड़ देवां सां, फेरभी
न्यू जाण ल्यो के परमेसवर का राज्य थारे धोरै आण पोंहच्या सै। 12 मै
थमनै कहूँ सूं, "के उस दिन उस नगर की हालत तै सदोम नगर की हालत
घणी सहण जोग्गी होवैगी।" 13 "धिक्कार सै थारे पै खुराजिन नगर के
माणसों! धिक्कार सै थारे पै बैतसैदा नगर के माणसों! जो सामर्थ के काम
थारे म्ह करे गये, जै वे सूर अर सैदा नगर म्ह करे जान्दे, तो टाट ओढ़ कै, अर
राख म्ह बैठकै वे कदे के पाप करणा छोड़ देन्दे। 14 पर न्याय कै दिन थारी
हालत तै सूर अर सैदा नगर की हालत घणी सहण जोग्गी होवैगी। 15 अर हे
कफरनहूम नगर, तू के सोच्चै सै, के तू सुर्ग ताहीं ऊँच्चा करया जावैगा? तू
तो अधोलोक तक नीच्चै जावैगा। (Hadēs g86) 16 "जो थारी सुणै सै, वो
मेरी सुणै सै, अर जो थमनै तुच्छ समझै सै, वो मन्नै तुच्छ समझै सै, अर जो
मन्नै तुच्छ समझै सै, वो मेरे भेजण आळे ताहीं तुच्छ समझै सै।" 17 वे सत्तर
चेल्लें राज्जी होन्दे होए बोहड़े अर बोल्ले, "हे प्रभु, तेरे नाम तै ओपरी आत्मा
भी म्हारा कहणा मान्नै थी।" 18 यीशु नै उनतै कह्या, "जिब थम ओपरी
आत्मायाँ नै लिकाड़ो थे तो मन्नै शैतान ताहीं सुर्ग तै बिजळी की तरियां पड़ता
होया देख्या। 19 लखाओ, मन्नै थारे ताहीं साँपां अर बिच्छुआं ताहीं पायां
तळै रोंदण का, अर बैरी की सारी सामर्थ पै हक दिया सै, अर किसे चीज तै
थमनै कुछ नुकसान कोनी होवैगा। 20 फेरभी इतने राज्जी मतना होवो के
आत्मा थारा कहणा मान्नै सै, पर इसतै राज्जी होवो थारे नाम सुर्ग पै लिक्खे
सै।" 21 उस्से बखत यीशु पवित्र आत्मा म्ह होकै खुशी तै भरग्या, अर कह्या,
"हे पिता, सुर्ग अर धरती के प्रभु, मै तेरा शुक्रियादा करुँ सूं, के तन्नै इन
बात्तां ताहीं ज्ञानियाँ अर समझदारां तै ल्कोए राख्या, अर बाळकां ताहीं दिखा
दिया सै।" हाँ, हे पिता, क्यूँके तन्नै योए भाया। 22 मेरे पिता नै मेरै ताहीं सब
कुछ सौप दिया सै, अर किसे नै न्ही बेरा के बेट्टा कौण सै, सिवा पिता के,
अर पिता कौण सै न्यू भी किसे नै कोनी बेरा सिवाए बेट्टे कै, अर वो जिसपै

बेट्टा उस ताहीं जाहिर करणा चाहवै। 23 फेर चेल्यां की ओड़ बोहड़कै एक्ले
म्ह बोल्या, "धन्य सै वे आँख, जो ये बात जो थम देक्खो सो। 24 क्यूँके मै
थमनै कहूँ सूं के घणखरे नबियाँ अर राजयां नै चाह्या के जो बात थम देक्खो
सो, देक्खै, पर न्ही देक्खी, अर जो बात थम सुणो सो, सुणै पर न्ही सुणी।"
25 एक दिन यीशु माणसां नै उपदेश देण लागरया था, तो एक शास्त्री उठ्या
अर न्यू कहकै उस ताहीं परखण लाग्या, "हे गुरु, अनन्त जीवन का वारिस
होण खात्तर मै के करुँ?" (aiōnios g166) 26 यीशु नै उसतै कह्या, "नियम-
कायदा म्ह के लिख्या सै? अर तू उसनै किस तरियां समझै सै?" 27 उसनै
जवाब दिया, "तू प्रभु, अपणे परमेसवर तै अपणे सारे मन, अपणे पूरे प्राण
अर अपणे सारी शक्ति अर अपणी सारी बुद्धि कै गेल्या प्यार राख, अर अपणे
पड़ोसी तै अपणे जिसा प्यार राख।" 28 यीशु नै उसतै कह्या, "तन्नै ठीक
कह्या, न्यूए करिये जिब्बे तू अनन्त जीवन पावैगा।" 29 पर उसनै खुद ताहीं
धर्मी जाहिर करण की इच्छा तै यीशु तै बुझ्झया, "तो मेरा पड़ोसी कौण सै?"
30 यीशु नै एक कहाँनी बताकै जवाब दिया, "एक माणस यरुशलेम नगर तै
यरीहो नगर म्ह जावै था, के डाकुआं नै घेर कै, उसका सब कुछ खोस कै,
उस ताहीं नंगा कर दिया, अर पिट-छेतकै उस ताहीं अधमरा छोड़कै चले गये।
31 अर इसा होया के उस्से राही तै एक यहूदी याजक जावै था, पर उसनै
उस ताहीं देखकै उसकी मदद कोनी करी अर चल्या गया। 32 इस्से ढाळ
एक लेवी उस जगहां पै आया, उसनै भी उसकी मदद कोनी करी, अर वो
चल्या गया। 33 फेर सामरी गाम का एक राहगीर ओड़ै तै लिकड़या, अर उस
माणस ताहीं देखकै उसपै तरस खाया। 34 उसनै उसकै धोरै आकै उसके
घायाँ पै तेल अर अंगूर का रस गेर कै पट्टी बाँध्धी, अर अपणे गधे पै चढ़ाकै
सराय म्ह लेग्या, अर उसकी सेवा-पाणी करी। 35 दुसरे दिन उसनै दो दीनार
(दो दिन की मजदूरी) काढ कै सराय कै माल्लिक तै दिये, अर कह्या, इसकी
सेवा-पाणी करिये, अर जो कुछ तेरा और लाग्गैगा, वो मै बोहड़दा होया भर
द्युगां।" 36 यीशु नै उस ताहीं कह्या, "इब यो बता तेरी समझ तै जिस माणस
ताहीं डाकुआं नै घायल करा था, उन तीनां म्ह तै उस माणस का सच्चा
पड़ोसी कौण था?" 37 उसनै कह्या, "वोए जिसनै उसपै दया करी।" यीशु नै
उसतै कह्या, "जा, तू भी न्यूए करया कर।" 38 जिब यीशु अर उसके चेल्लें

जावै थे तो वो एक गाम म्ह गया, अर मार्था नाम की एक बिरबान्नी नै बड़ी
उदारता तै उसका आदर-सत्कार करया। 39 मरियम नाम की उसकी एक
बेब्बे थी। वा प्रभु कै पायां म्ह बैठकै उसका वचन सुणै थी। 40 पर मार्था
सेवा-पाणी करदे-करदे परेशान होगी, अर उसकै धोरै आकै कहण लाग्गी, "हे
प्रभु, के तन्नै कुछ भी फिक्र कोनी के मेरी बेब्बे नै सारा काम का बोझ मेरै पै
गेर दिया सै? इस करकै उसतै कह के मेरी मदद करै।" 41 प्रभु यीशु मसीह
नै मार्था तै जवाब दिया, "मार्था, हे मार्था, तू घणी बात्तां खात्तर फिक्र करै,
अर परेशान हो ज्या सै। 42 पर एक बात जरुर सै, अर उस बढ़िया हिस्से
ताहीं मरियम नै छाँट लिया सै जो उसतै खोस्या कोनी जावैगा।"

**11** यीशु किसे जगहां प्रार्थना करण लागरया था। जिब उसनै प्रार्थना कर
ली, तो उसके चेल्यां म्ह तै एक नै उसतै कह्या, "हे प्रभु, जिस तरियां यूहन्ना
नै अपणे चेल्यां ताहीं प्रार्थना करणी सिखाई उस्से तरियां ए तू भी हमनै
सीखा दे।" 2 उसनै उनतै कह्या, "जिब थम प्रार्थना करो, तो कहो, 'हे पिता,
तेरा नाम पवित्र मान्या जावै, तेरा राज्य आवै, 3 म्हारी दिन भर की रोट्टी हरेक
दिन हमनै दिया कर, 4 अर म्हारे पापां नै माफ कर, क्यूँके हम भी अपणे
हरेक कसूरवार ताहीं माफ करां सां, अर म्हारे ताहीं परखै ना।'" 5 फेर यीशु
नै चेल्यां तै कह्या, "मान ल्यो थारा एक दोस्त सै, अर थम आध्धी रात नै
उसकै धोरै ज्याकै उसतै बिनती करो, 'हे दोस्त, मन्नै तीन रोट्टी दे। 6 क्यूँके
मेरा एक दोस्त सफर करकै मेरै धोरै आया सै, अर उस ताहीं खुआण खात्तर
मेरै धोरै कुछ भी कोनी।' 7 अर वो भीत्तर तै थमनै जवाब देवै सै, मन्नै दुखी
ना करै, इब तो मन्नै कुवाड़ मूंद राक्खे सै अर मेरे बाळक मेरै धोरै बिछाणा पै
सै, इस करकै मै उठकै तन्नै कुछ भी न्ही दे सकदा? 8 मै थमनै कहूँ सूं,
हालाकि वो माणस उस ताहीं रोट्टी ना भी देणा चाहवै, तोभी दोस्त होण के
नाते वो जरुर उठैगा, अर दोस्त के बार-बार बिनती करण पै, उसकी जरूरत
के मुताबिक उस ताहीं जरुर देवैगा।" 9 अर मै थारैतै कहूँ सूं, के माँग्गो तो
थमनै दिया जावैगा, टोव्होगें, तो थम पाओगे, खटखटाओ, तो थारे खात्तर
खोल्या जावैगा। 10 क्यूँके जो कोए माँग्गै सै, उसनै मिलै सै, अर जो टोहै सै,
वो पावै सै, अर खटखटावै सै, उसकै खात्तर खोल्या जावैगा। 11 थारे म्ह तै
इसा कौण पिता होगा, के जिब उसका बेट्टा रोट्टी माँग्गै, तो उसनै पत्थर देवै,

या मच्छी माँग्गै, तो बदले म्ह उसनै साँप देवै? 12 या अंडा माँग्गै तो उसनै
बिच्छु दे? 13 इस करकै जिब थम बुरे होकै, अपणे बाळकां नै आच्छी चीज
देणा जाणो सों, तो थारा सुर्गीय पिता अपणे माँगण आळा नै पवित्र आत्मा
क्यूँ न्ही देवैगा। 14 फेर यीशु नै एक गूँगा माणस म्ह तै ओपरी आत्मा ताहीं
लिकाड़या। जिब ओपरी आत्मा लिकड़गी तो गूँगा बोलण लागग्या, अर
माणसां कै अचम्भा होया। 15 पर उन म्ह तै कुछ नै कह्या, "यो तो ओपरी
आत्मायाँ के प्रधान शैतान की मदद तै ओपरी आत्मायाँ नै लिकाड़ै सै।" 16
औरां नै उस ताहीं परखण कै खात्तर उसतै अकास की एक निशान्नी माँगी।
17 पर उसनै उनकै मन की बात जाणकै, उनतै कह्या, "जिस-जिस राज्य म्ह
फूट आवै सै, वो राज्य उजड़ जावै सै, अर जिस घर म्ह फूट होवै सै, वो नाश
हो जावै सै।" 18 जै शैतान खुद का बिरोधी हो जावै, तो उसका राज्य किस
तरियां बण्या रहवैगा? क्यूँके थम मेरै बाबत कहो सो के यो शैतान की मदद
तै ओपरी आत्मायाँ नै काड्डै सै। 19 भला जै मै शैतान की मदद तै ओपरी
आत्मायाँ नै काढ्ढू सूं, तो थारी ऊलाद किसकी मदद तै काड्डै सै? इस करकै
वैए थारा न्याय करैगें। 20 पर जै मै परमेसवर के सामर्थ तै ओपरी आत्मायाँ
नै काढ्ढू सूं, तो परमेसवर का राज्य थारे धोरै आण पोंहच्या सै। 21 जिब ठाड्डा
माणस हथियार लिये होए अपणे घर की रुखाळी करै सै, तो उसका धन बचा
रहवैगा। 22 पर जिब उसतै बाध कोए और ठाड्डा धावा बोलकै उसनै जीत
लेवै सै, तो उसकै वे राछ जिनपै उसका बिश्वास था, खोस लेवै सै अर उसका
धन लूटकै बांड देवै सै। 23 जो मेरै गेल्या न्ही वो मेरै बिरोध म्ह सै, अर जो
मेरै गेल्या न्ही कठ्ठा करदा, वो खिंडावै सै। 24 "जिब ओपरी आत्मा माणस
म्ह तै लिकड़कै जावै सै, तो सूक्खी जगहां म्ह आराम टोह्न्दी फिरै सै, अर वा
पांदी कोनी। फेर वा कहवै सै, 'मै उस्से माणस म्ह जड़ै तै लिकड़ी थी बोहड़
जाऊँगी।' अर आकै उस माणस नै घर जिसा झाड़ा-बुहारा अर सजा-धज्या
पावै सै। 25 अर आकै उसनै झाड़ा-बुहारा अर सजा-धज्या पावै सै। 26 फेर
वा ओपरी आत्मा जाकै अपणे तै भुंडी सात और आत्मायाँ नै अपणे गेल्या ले
आवै सै, अर वे उस म्ह बड़कै वास करै सै, अर उस माणस की पाच्छली
हालत पैहल्या तै भी भुंडी हो जावै सै।" 27 जिब यीशु ये बात कहवै था तो
भीड़ म्ह तै किसे बिरबान्नी नै जोर तै बोलकै कह्या, "धन्य सै वो बिरबान्नी

जिस तू जन्मा अर उसका तन्नै दूध पिया।" 28 उसनै कह्या, "हाँ, पर धन्य वे
सै, जो परमेसवर का वचन सुणै अर मान्नै सै।" 29 जिब बड्डी भीड़ कठ्ठी
होंदी जावै थी तो वो कहण लाग्या, "इस युग के माणस बुरे सै, वे चिन्ह-
चमत्कार टोह्वैं सै, पर योना नबी के चिन्ह-चमत्कार नै छोड़कै उन ताहीं कोए
और चिन्ह-चमत्कार कोनी दिया जावैगा। 30 जिसा योना नबी निनवे के
आदमियाँ खात्तर निशान्नी ठहरी, उस्से तरियां मै माणस का बेट्टा भी इस युग
के आदमियाँ कै खात्तर ठहरूँगा। 31 दक्षिण देश की राणी न्याय कै दिन इस
बखत के माणसां कै गेल्या उठकै उन ताहीं कसूरवार ठैहरावैगी, क्यूँके वा
राजा सुलैमान का ज्ञान सुणण खात्तर धरती कै सिरे तै आई, अर देक्खों, उरै
वो सै जो राजा सुलैमान तै भी बड्ड़ा सै। 32 निनवे नगर के माणस न्याय कै
दिन इस युग कै माणसां कै गेल्या उठकै, उन ताहीं कसूरवार ठैहरावैगें, क्यूँके
उननै योना नबी का प्रचार सुणकै अपणे पापां ताहीं स्वीकार करया, अर
देक्खो, उरै वो सै जो योना नबी तै भी बड्ड़ा सै। 33 "कोए माणस दीवा
जळा कै बरतन कै तळै न्ही धरदा, पर टांडी पै धरै सै के भीत्तर आण आळा
नै चाँदणा मिलै। 34 देह का दीवा आँख सै, इस करकै जिब तेरी निगांह
आच्छी सै तो तेरी सारी देह भी उजाळा होगा। पर जिब तेरी आँख ठीक कोनी
सै तो तेरी सारी देह भी अँधेरे म्ह सै। 35 इस करकै चौकन्ने रहो के जो
चाँदणा थारे म्ह सै वो अँधेरा ना हो जावै। 36 इस करकै जै तेरी देह म्ह
चाँदणा हो अर उसका कोए हिस्सा अन्धेरे म्ह ना रहवैं तो सारा का सारा इसा
चाँदणा होगा, जिसा उस बखत होवै सै जिब दीवा अपणी चमक तै थारे
ताहीं चाँदणा देवै सै।" 37 जिब वो बात करै था तो किसे फरीसी नै उसतै
बिनती करी के मेरै उरै आकै खाणा खाईयों। वो भीत्तर जाकै खाणा खाण नै
बेठ्या। 38 फरीसी नै न्यू देखकै हैरानी होई के उसनै खाणा खाण तै पैहल्या
हाथ कोनी धोए। 39 प्रभु नै उसके मन के विचारां ताहीं पढ़कै उसतै कह्या,
"हे फरीसियों, थम कटोरे अर थाळी नै उप्पर-उप्पर तै तो माँजो सो, पर
थारे भीत्तर अन्धेर अर बुराई भरी सै। 40 हे बेअक्लो! जिसनै बाहरणै का
हिस्सा बणाया, के उसनै भीत्तर का हिस्सा कोनी बणाया? 41 पर हाँ,
भीत्तर आळी चिज्जां नै दान कर द्यो, तो देक्खो, सारा कुछ थारे खात्तर
पवित्र हो जावैगा।" 42 पर हे फरीसियों, थारे पै धिक्कार सै! थम पुदीने अर

सुदाब का अर कई तरियां के साग-पात का दसमां हिस्सा द्यो सो, पर न्याय
ताहीं अर परमेसवर कै प्यार ताहीं टाळ द्यो सो, आच्छा तो था के इन्नै भी
करदे रहन्दे अर उननै भी कोनी छोड़दे। **43** हे फरीसियों, थारे पै धिक्कार
सै! थम आराधनालयाँ म्ह खास-खास आसन नै चाहो सो अर बजारां म्ह
नमस्कार चाहो सो। **44** "धिक्कार सै थारे पै! क्यूँके थम उन लुक्ही होई
कब्रां की तरियां सो, जिनपै माणस चाल्लै सै पर कोनी जाणदे।" **45** फेर
एक शास्त्री नै उसतै जवाब दिया, "हे गुरु, इन बात्तां नै कहकै तू म्हारी बुराई
करै सै।" **46** पर यीशु नै जवाब दिया, "हे शास्त्रियो थारे पै धिक्कार सै! थम
नियम-कायदा का इसा बोझ जिनका ठाणा ओक्खा सै, माणसां पै लाद्दो सो,
पर थम खुद उनकी मदद खात्तर उस बोझ नै अपणी आन्गाळी तै भी कोनी
छुन्दे।" **47** "धिक्कार सै थारे पै! थम उन नबियाँ की कब्र बणाओ सो,
जिन ताहीं थारे पूर्वजां नै मार दिया था।" **48** आखर म्ह थम गवाह सो, अर
अपणे पूर्वजां कै काम्मां तै रजामंद सो, क्यूँके उननै उन ताहीं मार दिया अर
थम उनकी कब्र बणाओ सो। **49** इस करकै परमेसवर की समझ नै भी
कह्या सै, "के मै उनकै धोरै नबियाँ अर प्रेरितां नै भेज्जूंगी, अर वे उन म्ह तै
कईयाँ नै मार देंगे, अर कईयाँ नै दुखी करैगें।" **50** ताके जित्त नबियाँ का लहू
दुनिया की शरुआत तै बहाया गया सै, सारया का ब्यौरा इस युग के माणसां
तै लिया जावै, **51** हाबिल की हत्या तै लेकै जकर्याह की हत्या ताहीं, जो
वेदी अर मन्दर कै बिचाळै मारया गया। मै थारे तै सच कहूँ सूं, इन सारया
का ब्यौरा इस्से बखत के माणसां तै लिया जावैगा। **52** "धिक्कार सै थम
शास्त्रियाँ पै! थमनै ज्ञान की ताळी तो ले ली, पर थम खुद कोनी दाखल होए,
अर दाखल होण आळे ताहीं भी रोक द्यो सो।" **53** जिब वो उड़ै तै लिकड़या,
तो शास्त्री अर फरीसी भुण्डी तरियां उसकै पाच्छै पड़गे अर छेड़ण लाग्गे के
वो घणखरी बात्तां का जिक्र करै, **54** अर ताक म्ह लाग्गे रहे के उसकै मुँह तै
कही होई कोए बात पकड़ै।

**12** इतनै म्ह जिब हजारां की भीड़ लाग्गी, उरै ताहीं के वे एक-दुसरे पै
पड़ण लाग्गे थे, तो यीशु नै सारया तै पैहल्या अपणे चेल्यां तै यो कह्या,
"फरीसियाँ कै कपट रूपी खमीर तै चौकन्ने रहो। **2** कुछ ढकया कोनी, जो
उघाड़या न्ही जावैगा, ना कुछ लुहक्या सै, जिसका बेरा न्ही पटै। **3** इस

करकै जो कुछ थमनै अन्धेरे म्ह कह्या सै, वो उजाळै म्ह सुण्या जावैगा, अर
जो थमनै कोठड़ियाँ म्ह चुपके-चुपके कह्या सै, वो छात पै तै प्रचार करया
जावैगा। 4 “मै थारे तै जो मेरे साथी सो कहूँ सूं, के जो देह नै घात करै सै पर
उसतै ज्यादा और कुछ न्ही कर सकदे, उनतै ना डरियो। 5 मै थमनै समझाऊँ
सूं के थमनै किसतै डरणा चाहिये, घात करण कै बाद, जिस ताहीं नरक म्ह
गेरण का हक सै, उस्से तै डरियो। हाँ, मै थारे तै कहूँ सूं उस्से तै डरियो।
(Geenna g1067) 6 के दो पिस्या की पाँच गौरैयाँ (एक छोट्टी चिड़ियाँ) न्ही
बिकदी? फेरभी परमेसवर उन म्ह तै एक नै भी कोनी भुल्दा। 7 थारे सिर के
एक-एक बाळ भी गिणे होड़े सै, इस करकै डरो मतना, थम घणी गौरैयाँ
तै बढ़कै सो।” 8 “मै थारे तै कहूँ सूं जो कोए माणसां कै स्याम्ही मन्नै
मान लेवैगा, उसनै मै माणस का बेट्टा भी परमेसवर कै सुर्गदूत्तां कै स्याम्ही
मान लेऊँगा। 9 पर जो माणसां कै स्याम्ही मेरा इन्कार करैगा, उसका भी
परमेसवर कै सुर्गदूत्तां कै स्याम्ही इन्कार करया जावैगा।” 10 जो कोए मुझ
माणस कै बेट्टे कै बिरोध म्ह कोए बात कहवै, उसका वो कसूर माफ कर
दिया जावैगा, पर जो पवित्र आत्मा की बुराई करै, उसका वो कसूर माफ
कोनी करया जावैगा। 11 जिब माणस थमनै आराधनालयाँ अर हाकिमां अर
अधिकारियां कै स्याम्ही ल्यावै, तो फिक्र ना करियो के हम किस तरियां तै,
या के जवाब देवां, या के कहवागें। 12 क्यूँके पवित्र आत्मा उस्से बखत
थमनै सीखा देगा के, के कहणा चाहिये। 13 फेर भीड़ म्ह तै एक नै यीशु तै
कह्या, “हे गुरु, मेरे भाई तै कह के बाप कै जमीन-जायदाद नै मेरै गेल्या बांड
लेवै।” 14 उसनै उसतै कह्या, “हे भले माणस, किसनै मेरै ताहीं थारा जमीन-
जायदाद बटवारा करण आळा न्यायी बणा दिया सै?” 15 अर यीशु नै उनतै
कह्या, “चौकन्ने रहो, अर सारी तरियां कै लोभ-लालच तै खुद नै बचाकै
राक्खो, क्यूँके किसे का जीवन उसकै घणी जमीन-जायदाद तै कोनी होंदा।”
16 यीशु नै उनतै एक उदाहरण देकै कह्या, “किसे साहूकार की धरती म्ह
घणी पैदावार होई।” 17 फेर वो अपणे मन म्ह विचार करण लाग्या, मै के
करुँ? क्यूँके मेरै धोरै जगहां कोनी जित्त अपणी उपज वैगरा धरुँ। 18 अर
उसनै कह्या, मै न्यू करुँगा मै अपणे नाज के गोदाम नै तोड़कै, उनतै नाज के
और बड़े गोदाम बणाऊँगा, अर उड़ै अपणा सारा नाज अर धन धरुँगा, 19 अर

अपणे-आप तै कहूँगा, के तेरे धोरै घणे साल खात्तर घणा धन धरया सै, चैन
कर, खा, पी, मौज कर। 20 पर परमेसवर नै उसतै कह्या, हे बेकूफ, तू इस्से
रात मर जावैगा, फेर जो कुछ तन्नै कठ्ठा करया सै, वो किसका होगा? 21
"इस्से तरियां वो माणस भी सै, जो अपणे खात्तर धन कठ्ठा करै सै, पर
परमेसवर की निगांह म्ह साहूकार कोनी।" 22 फेर यीशु नै अपणे चेल्यां तै
कह्या, "इस करकै मै थमनै कहूँ सूं, अपणे जीवन के खात्तर या चिंता ना करो
के हम के खावांगें, ना अपणी देह की के, के पैहरागें। 23 क्यूँके जीवन खाणे
तै बढ़कै सै, अर देह लत्यां तै बढ़कै सै। 24 काग्गां पै ध्यान द्यो, वे ना बोवै सै,
ना काटै सै, अर ना उनके भण्डार अर गोदाम होवै सै, फेरभी परमेसवर उननै
पाळै सै। थारी किम्मत पंछियाँ तै बाध सै।" 25 थारे म्ह तै इसा कौण सै, जो
चिंता करण तै अपणी उम्र का एक पल भी बढ़ा सकै सै? 26 इस करकै जै
थम अपणी जिन्दगी म्ह छोट्टे-छोट्टे काम भी न्ही कर सकदे, तो जिन्दगी
की बड़ी-बड़ी बात्तां खात्तर क्यातै फिक्र करो सो? 27 "जंगळी फूल्लां पै
ध्यान करो, के वे किस तरियां बढ़ै सै, वे मेहनत करकै अपणे खात्तर लत्तें
कोनी बणाते। तोभी मै थारे तै कहूँ सूं, के राजा सुलैमान भी, अपणे सारे
शानों-शोकत म्ह, उन म्ह तै, किसे के समान लत्ते पैहरे होए कोनी था। 28
इस करकै जै परमेसवर मैदान की घास नै, जो आज सै अर काल बाड़ म्ह
झोक्की जावैगी, इसे लत्तें पहरावै सै, तो हे बिश्वास म्ह कमजोर माणसों, वो
थारी चिन्ता क्यूँ न्ही करैगा? 29 अर थम इस बात की टोह् म्ह ना रहो के, के
खावांगें अर के पीवागें, अर शक ना करो। 30 क्यूँके परमेसवर ताहीं ना
जाणण आळे लोग, इन सारी चिज्जां की टोह् म्ह रहवै सै: पर थारा सुर्गीय
पिता जाणै सै, के थमनै इन चिज्जां की जरूरत सै। 31 पर परमेसवर कै
राज्य की खोज करो तो ये चीज भी थमनै मिल ज्यागीं।" 32 "हे छोट्टे टोळ,
मतना डरै, क्यूँके थारे सुर्गीय पिता नै न्यू भाया सै, के थमनै अपणा राज्य
देवै। 33 अपणा धन बेचकै दान कर द्यो, अर अपणे खात्तर इसे बटुए बणाओ,
जो पुराणे कोनी होन्दे, यानिके परमेसवर नै खुश करण आळे भले काम
करकै सुर्ग म्ह इसा धन कठ्ठा करो जो खतम कोनी होन्दा, अर जिसकै धोरै
चोर कोनी जान्दा, अर कीड़ा कोनी बिगाड़दा। 34 क्यूँके जड़ै थारा धन सै,
उड़ै थारा मन भी लाग्या रहवैगा।" 35 "हमेशा परमेसवर के काम्मां खात्तर

तैयार रहों, अर थम प्रभु के आण खात्तर, दीवे जळा कै तैयार रहों, 36 अर
थम उन माणसां कै बरगे बणो, जो अपणे माल्लिक की बाट देखते रहवै सै,
के वो ब्याह तै कद बोहड़ैगा, ताके जिब आकै दरबाजा खटखटावै, तो जिब्बे
उसकै खात्तर खोल द्यो। 37 धन्य सै वे नौक्कर जो माल्लिक के बोहड़ण की
बाट देखते होए तैयार रहवै सै, मै थमनै साच्ची कहूँ सूं, के माल्लिक भी खुद
एक नौक्कर की तरियां उन ताहीं खाणा खुआण खात्तर बिठावैगा, अर खुद
उनकी सेवा-पाणी करैगा। 38 जै वो आध्धी रात नै या उसकै बाद आकै उन
ताहीं तैयार पावै, तो वे नौक्कर धन्य सै। 39 पर न्यू जाण ल्यो, के जै घर का
माल्लिक नै बेरा हो, के चोर ठीक किस घड़ी आवैगा तो वो तैयार रहन्दा, अर
अपणे घर म्ह चोरी न्ही होण देन्दा। 40 थम भी मेरे बोहड़ के आण खात्तर
तैयार रहो, क्यूँके जिस घड़ी कै बारै म्ह थम सोचदे भी कोनी, उस्से घड़ी मै
माणस का बेट्टा सुर्ग तै आ जाऊँगा।" 41 फेर पतरस बोल्या, "हे प्रभु, के
यो उदाहरण तन्नै म्हारै खात्तर दिया से या सारया खात्तर दिया सै।" 42
प्रभु नै जवाब दिया, "वो बिश्वास जोग्गा अर अकलमंद भण्डारी कौण सै,
जिसका माल्लिक उस ताहीं नौक्कर-चाकरां पै सरदार ठैहरावै, के उननै
बखत पै खाणा देवै।" 43 धन्य सै वो नौक्कर, जिस ताहीं उसका माल्लिक
आकै इसाए करदा पावै। 44 मै थमनै साच्ची कहूँ सूं, वो उस ताहीं अपणी
सारी धन-सम्पत्ति का माल्लिक बणावैगा। 45 पर जै वो नौक्कर सोच्चण
लाग्गै के मेरा माल्लिक आण म्ह वार कर रह्या सै, उसके साथ के नौक्कर
नौकराणियाँ ताहीं मारण लागज्या अर खाण-पीण अर दारूबाज होण लाग्गे।
46 तो उस नौक्कर का माल्लिक इसे दिन आवैगा, जिब वो उसकी बाट देख्दा
ना हो, अर इसे बखत म्ह आवैगा जिसका उसनै ना बेरा हो, अर उसनै भारी
सजा देकै उसकी गिणती बिश्वास लायक माणसां म्ह कोनी करी जावैगी। 47
वो नौक्कर घणा छितैगा, जो अपणे माल्लिक की मर्जी जाणै था, अर तैयार
न्ही रह्या अर ना उसकी मर्जी कै मुताबिक चाल्या। 48 पर हरेक वो नौक्कर
जो अपणे माल्लिक की मर्जी नै कोनी जाणै, फेर इसा काम करै सै जो मार
खाण के लायक सै, वो कम छितैगा। इस करकै जिस ताहीं घणा दिया गया
सै, उसतै घणा माँगया जावैगा, अर जिस ताहीं घणा सौप्या सै, उसतै घणा
लिया जावैगा। 49 "मै धरती पै आग लाण नै आया सूं, अर कितना आच्छा

होन्दा, के या इस्से बखत सुलग जान्दी! 50 मन्नै तो एक बड़ी भारी बिप्दा
का बपतिस्मा लेणा सै, अर जिब ताहीं वो ना हो ले जद ताहीं मै इस्से बिप्दा
म्ह रहूँगा! 51 के थम समझो सो के मै धरती पै मिलाप करवाण आया सूं? मै
थमनै कहूँ सूं, ना, बल्के न्यारे करण आया सूं। 52 क्यूँके इब तै एक घर म्ह
पाँच माणस आप्पस म्ह बिरोध राक्खैगें, तीन जन जो मेरे पै बिश्वास न्ही
करते, वो उन दो जन का बिरोध्द करैगें जो मेरे पै बिश्वास राक्खै सै। 53 पिता
बेट्टे तै, अर बेट्टा बाप तै बिरोध राक्खैगा, माँ बेट्टी तै, अर बेट्टी माँ तै, सास्सू
बहू तै, अर बहू सास्सू तै बिरोध राक्खैगी।" 54 यीशु नै भीड़ तै कह्या, "जिब
थम बाद्दळ नै पश्चिम तै उठदे देक्खो सो, तो जिब्बे कहो सो के मिह आवैगा,
अर न्यूए होवै सै, 55 अर जिब दक्षिणी हवा चाल्दी देक्खो सो, तो कहो सो
के बड़ी गर्मी पड़ैगी, अर न्यूए हो सै। 56 हे कपटियों! थम धरती अर अकास
कै रूप-रंग म्ह भेद जाण सको सो, पर परमेसवर जो इस युग म्ह करण
लागरया सै उसका भेद क्यातै न्ही जाणदे? 57 "थम खुद फैसला क्यातै
कोनी कर लेंदे के ठीक सै?" 58 जिब तू अपणे बैरी कै गेल्या हाकिम कै धोरै
जावै सै, तो राही म्ह उसतै छुटण की कोशिश करले, इसा ना हो के वो तन्नै
न्यायाधीश कै धोरै घसीट कै ले जावै, अर न्यायाधीश तन्नै सिपाही के हवालै
करदे अर सिपाही तन्नै जेळ म्ह गेर दे। 59 मै तेरे तै कहूँ सूं के जिब ताहीं तू
पाई-पाई न्ही भर देवैगा, तब तक जेळ तै छुटण न्ही पावैगा।

**13** उस बखत कुछ माणस आण पोहचे, अर यीशु तै उन गलीली माणसां
का जिक्र करण लाग्गे, जिन ताहीं पिलातुस नै मन्दर म्ह बलिदान करते बखत
मार दिया था, अर उनका ए लहू बलिदान की भेट तै मिला दिया था। 2
न्यू सुणकै उसनै उनतै जवाब म्ह कह्या, "के थम समझो सो के ये गलीली
माणस और बाकी सारे गलीलवासियाँ तै घणे पापी थे के उनपै इसी बिप्दा
आण पड़ी? 3 मै थमनै कहूँ सूं के ना, पर जै थम पाप करणा न्ही छोड़ोगे तो
थम भी इस्से तरियां नाश होओगे। 4 अर थम के सोच्चों सों, के उन अठारह
माणसां के बारें म्ह जिनपै शीलोह का गुम्मट पड्या, अर वे दब कै मरगे:
यरुशलेम के दुसरे सारे बासिन्दयां तै घणे अपराधी थे? 5 मै थमनै कहूँ सूं,
के जै थम पाप करणा न्ही छोड़ोगे तो थम भी इस्से तरियां नाश होओगे।" 6
फेर यीशु नै यो उदाहरण भी देकै कह्या, "किसे अंगूर के बाग म्ह अंजीर का

दरखत लागरया था। वो उस म्ह फळ टोह्‍ण आया, पर कोनी मिल्या। 7 फेर
उसनै बाग कै रुखाळै तै कह्या, लखा, तीन साल तै म्ह इस अंजीर कै दरखत
पै फळ टोह्‍ण आऊँ सूं, पर कोनी पान्दा। इसनै काट बगा के यो धरती नै भी
क्यूँ रुंधै।" 8 उसनै उसतै जवाब दिया, "हे माल्लिक, इस साल और रहण दे
के मै इसकै चौगरदेकै माट्टी खोदकै खाद गेरू। 9 जै आगले साल इसकै फळ
आ ग्या तो ठीक, न्ही तो इसनै कटवा दियो।" 10 आराम कै दिन यीशु एक
आराधनालय म्ह उपदेश देवै था। 11 उड़ै एक बिरबान्नी थी जिसम्ह अठारह
साल तै एक कमजोर करण आळी ओपरी आत्मा थी, अर वा कुबड़ी होगी थी
अर किसे तरियां भी सीध्धी कोनी हो सकै थी। 12 यीशु नै उस ताहीं देखकै
बुलाया अर कह्या, "हे नारी, तू अपणे इस रोग तै मुक्त होगी सै।" 13 फेर
उसनै उसपै हाथ धरया, अर वा जिब्बे सीध्धी होगी अर परमेसवर की बड़ाई
करण लाग्गी। 14 इस करकै के यीशु नै आराम कै दिन उस ताहीं ठीक करया
था, आराधनालय का सरदार चिड़ कै माणसां तै कहण लाग्या, "काम करण
के छ: दिन सै, उन ए दिनां म्ह आकै अपणे रोग ठीक कराओ, पर आराम कै
दिन न्ही।" 15 न्यू सुणकै प्रभु यीशु नै जवाब दिया, "हे कपटियों, के आराम
कै दिन थारे म्ह तै हरेक अपणे बळध या गधे नै थान म्ह तै खोल कै पाणी
पियाण कोनी ले जान्दा? 16 तो के या बिरबान्नी जो अब्राहम की पीढ़ी सै,
जिस ताहीं शैतान नै अठारह साल तै जुड़ राख्या था, के इस ताहीं आराम कै
दिन इसके बन्धन तै मुक्त करणा न्ही चाहिये था?" 17 जिब यीशु नै ये बात
कही, तो उसके सारे बिरोधी शर्मिन्दा होगे, अर साब्ती भीड़ उन महान् काम्मां
तै जो वो करै था, राज्जी होई। 18 फेर यीशु नै कह्या, "परमेसवर का राज्य
किस जिसा सै? अर मै उसका उदाहरण किसतै द्यु? 19 वो राई कै दाणै की
ढाळ सै, जिस ताहीं किसे माणस नै लेकै अपणे बाग म्ह बोया: अर वो बढ़कै
दरखत बणग्या, अर अकास के पंछियाँ नै उसकी डाळियाँ पै बसेरा करया।"
20 यीशु नै दुबारै कह्या, "मै परमेसवर के राज्य का उदाहरण किसतै द्यु? 21
वो खमीर की ढाळ सै, जिस ताहीं किसे बिरबान्नी नै लेकै तीन पसेरी (पन्द्रह
किलो) चून म्ह रळाया, अर होन्दे-होन्दे सारा चून खमीर बणग्या।" 22 यीशु
अर उसके चेल्लें नगर-नगर, अर गाम-गाम होकै उपदेश देन्दे होए यरुशलेम
नगर की ओड़ जावै थे, 23 तो किसे नै उसतै बुझ्झया, "हे प्रभु, के थोड़े

ए माणसां का उद्धार होगा?” यीशु नै उनतै कह्या, 24 “भीड़ै दरबाजे तै
बड़ण की कोशिश करो, क्यूँके मै थमनै कहूँ सूं के घणखरे उस म्ह बड़णा
चाहवैगें, अर कोनी बड़ सकैगें। 25 क्यूँके परमेसवर जो घर का माल्लिक सै
उठकै दरबाजा भेड़ देगा, अर थम बाहरणै खड़े होए खटखटाकै कहण लागो,
हे प्रभु, म्हारै खात्तर दरबाजा खोल दे, अर वो जवाब देवै, मै थमनै कोनी
जाण्दा, थम कित्त के सो?” 26 फेर थम कहण लागोगे, हमनै तेरे स्याम्ही
खाया-पिया अर तन्नै म्हारे बजारां म्ह उपदेश दिया। 27 पर वो कहवैगा, मै
थमनै कहूँ चुक्या सूं, मै कोनी जाण्दा, थम कित्त के सो। हे भुन्डे काम करण
आळो, थम सारे मेरै तै दूर रहो। 28 जिब अब्राहम अर इसहाक अर याकूब
अर सारे नबियाँ ताहीं परमेसवर राज्य म्ह बेठे, अर खुद नै बाहरणै लिकाड़े
होए देक्खोगे, “उड़ै रोणा अर दाँत पिसणा होगा। 29 पूरी दुनिया के माणस
आकै परमेसवर कै राज्य के भोज म्ह शामिल होवैंगे। 30 अर सच्चाई या सै
के जो पाच्छले सै वे पैहले होंगे, अर जो पैहले सै वे पाच्छले होंगे।” 31 उस्से
बखत कुछ फरीसियाँ नै आकै यीशु तै कह्या, “उरै तै लिकड़ज्या, क्यूँके
हेरोदेस तन्नै मार देणा चाहवै सै।” 32 यीशु नै उनतै कह्या, “जाकै उस
लोमड़ी तै कह द्यो के लखा, मै आज अर काल ओपरी आत्मायाँ नै काढ़ू सूं
अर बिमारां नै ठीक करुँ सूं, अर तीसरे दिन अपणा काम पूरा करुँगा। 33
फेर भी यो जरूरी सै के मै आज, काल अर परसो सफर करुँ, क्यूँके हो
न्ही सकदा के कोए नबी यरुशलेम नगर कै बाहरणै मारया जावै। 34 “हे
यरुशलेम के माणसों! हे यरुशलेम के माणसों! तन्नै भोत-से नबियाँ ताहीं
मारया सै, जो भोत पैहले रहवै थे, अर उन माणसां ताहीं भी पत्थरां तै मार
दिया जिन ताहीं थारे धोरै भेज्जे थे। कितनी ए बर मन्नै न्यू चाह्या के जिस
ढाळ मुर्गी अपणे बच्चां नै अपणे पाक्खां तळै कठ्ठे करै सै, उस्से तरियां ए मै
भी तेरे बाळकां नै कठ्ठा करुँ, पर थमनै न्यू न्ही चाह्या। 35 देक्खो, थारा घर
थारे खात्तर उजाड़ छोड्या जावै सै, मै थमनै कहूँ सूं: जिब ताहीं थम न्ही
कहोगे, ‘धन्य सै वो, जो प्रभु कै नाम तै आवै सै,’ ‘जद ताहीं थम मन्नै दुबारै
कदे न्ही देक्खोगे।’”

**14** एक खास मौक्कै पै जिब मसीह आराम कै दिन फरीसियाँ के सरदारां
म्ह तै किसे कै घरां रोट्टी खाण नै गया, अर वे सारे उननै घणी उत्सुकता तै

देखण लागरे थे। 2 उड़ै एक माणस था, जिसम्ह जलोदर की बीमारी थी।
3 इसपै यीशु नै शास्त्रियाँ अर फरीसियाँ तै कह्या, "के नियम-कायदा के
मुताबिक आराम कै दिन आच्छा करणा ठीक सै या न्ही?" 4 पर वे बोल-
बाल्ले रहे। फेर यीशु नै उस रोगी पै हाथ धरकै उस ताहीं ठीक करकै, उस
ताहीं बिदा कर दिया। 5 अर उनतै कह्या, "थारे म्ह तै इसा कौण सै, के जै
थारा बेट्टा या बळध कुएँ म्ह आराम कै दिन पड़ज्या अर वो उसनै जिब्बे
बाहरणै कोनी लिकड़ै?" 6 वे इन बात्तां का कुछ जवाब कोनी दे पाए। 7
जिब यीशु नै देख्या के न्योंदे होए माणस किस तरियां खास-खास जगहां
छाँट लेवैं सै तो एक उदाहरण देकै कह्या, 8 "जिब कोए तन्नै ब्याह म्ह
बुलावै, तो खास माणसां की जगहां पै न्ही बैठणा, कदे इसा ना हो के उसनै
तेरे तै भी बड़े ताहीं न्योंद राख्या हो, 9 अर जिसनै तेरे ताहीं अर उस ताहीं
दोनुआ ताहीं न्योंदा दिया सै, आकै कहवै, 'इसनै जगहां दे,' अर फेर तन्नै
शर्मिन्दा होकै सारया तै पाच्छै बैठणा पड़ै। 10 पर जिब तू न्योंदा जावै तो
सारया तै पाच्छली जगहां बैठ के जिब वो, जिसनै तेरे ताहीं न्योंदा सै आवै,
तन्नै कहवै, 'हे दोस्त, आग्गै बढ़कै बैठ,' फेर तेरे गेल्या बैठण आळा कै
स्याम्ही तेरी बड़ाई होवैगी। 11 क्यूँके जो कोए अपणे-आपनै बड्ड़ा बणावैगा,
वो छोट्टा करया जावैगा, अर जो कोए अपणे-आपनै छोट्टा बणावैगा, वो बड्ड़ा
करया जावैगा।" 12 फेर यीशु नै फिरीसी तै जिसनै उसका न्योंदा दिया था
उसतै कह्या, "जिब तू दिन का या रात का भोज करै, तो अपणे साथियाँ
या भाईयाँ या कुण्बे या साहूकार पड़ोसियाँ नै ना न्योंद, कदे इसा ना हो
के वे भी तन्नै न्योंदा देवै, अर तेरा बदला हो जावै। 13 पर जिब तू भोज
करै तो कंगाल, टुंडे, लंगड़े अर आंध्याँ नै न्योंद। 14 तब तू धन्य होवैगा,
क्यूँके उन माणसां कै धोरै बदले म्ह देण खात्तर कुछ कोनी, परमेसवर तन्नै
उस काम का बदला धर्मियाँ कै जिन्दा होण के बाद देवैगा।" 15 यीशु कै
गेल्या खाणा खाण आळा म्ह तै एक नै ये बात सुणकै उसतै कह्या, "धन्य
सै वो जो परमेसवर के राज्य म्ह भोज खावैगा।" 16 यीशु नै उसतै कह्या,
"किसे माणस नै बड्ड़ा भोज करया अर घणा ताहीं न्योंदा। 17 जिब खाणा
त्यार होग्या तो उसनै अपणे नौक्कर कै हाथ न्योंदे होए माणसां ताहीं कहवां
भेज्या, 'आओ, इब खाणा त्यार सै।'" 18 "पर वे सारे के सारे माफी माँगण

लाग्गे। पैहल्ड़े नै उसतै कह्या, 'मन्नै खेत मोल लिया सै, अर जरूरी सै के
उसनै देक्खूँ, मै तेरे तै बिनती करुँ सूं मन्नै माफ करदे।'" 19 दुसरे नै कह्या,
"मन्नै पाँच जोड़े बळध मोल लिए सै, उननै परखण जाऊँ सूं, मै तेरे तै बिनती
करुँ सूं, मन्नै माफ करदे।" 20 एक और नै कह्या, "मन्नै ब्याह करया सै, इस
करकै मै न्ही आ सकदा।" 21 उस नौक्कर नै आकै अपणे माल्लिक ताहीं ये
बात कह सुणाई। फेर घर कै माल्लिक नै खुन्दक म्ह आकै, अपणे नौक्कर तै
कह्या, "नगर के बजारां अर गळियाँ म्ह इब्बे जाकै कन्गालाँ नै, टुंड्यां नै,
लंगड्यां नै, अर आंध्याँ नै उरै लेकै आओ।" 22 नौक्कर नै दुबारै कह्या, "हे
माल्लिक, जिस ढाळ तन्नै कह्या था, उस्से तरियां ए करया गया सै, अर फेर
भी जगहां सै।" 23 माल्लिक नै नौक्कर तै कह्या, "सड़कां पै अर बाड़या की
कान्ही जा अर माणसां नै मजबूर करकै लिया ताके मेरा घर भरज्या। 24
क्यूँके मै थमनै कहूँ सूं के उन पैहले बुलाए होड़ माणसां म्ह तै कोए मेरै खाणे
नै कोनी चाखैगा।" 25 जिब बड्डी भीड़ यीशु कै गेल्या जावै थी, तो उसनै
बोहड़कै उनतै कह्या, 26 जै कोए मेरा चेल्ला बणणा चाहवै सै, अर अपणे
माँ-बाप अर घरआळी अर बाळकां नै अर भाईयाँ नै अर भाणां नै बल्के
अपणे जीवन नै भी मेरे तै ज्यादा प्यार करै सै, तो वो मेरा चेल्ला न्ही हो
सकदा। 27 अर जो कोए अपणे दुखां का क्रूस ना ठावै, अर मेरै पाच्छै न्ही
आवै, वो भी मेरा चेल्ला कोनी हो सकदा। 28 उदाहरण के तौर पै "थारे म्ह तै
कौण सै जो घर बणाणा चाह्न्दा हो, अर पैहल्या बैठकै खर्चा न्ही फैळावै के
पूरा करण की गुंजास मेरै धोरै सै के न्ही? 29 जै वो आस ना होया करदा हो,
तो जिब वो नीम धर ले पर काम पूरा ना कर पावै, तो सारे देक्खण आळे न्यू
कहकै उसका मखौल उड़ावैंगे, 30 'के यो माणस बणाण तो लाग्या पर
पूरा कोनी कर पाया?'" 31 या कौण इसा राजा सै जो दुसरे राजा तै युध्द
करण जान्दा हो, अर जो विचार करले के जो बीस हजार सैनिक लेकै मेरै पै
चढ़या आवै सै, के मै दस हजार सैनिक लेकै उसका सामना कर सकूँ सूं के
न्ही? 32 न्ही तो उसके दूर रहन्दे होए वो दूत्तां नै भेजकै उसतै मिलाप करणा
चाहवैगा। 33 इस्से ढाळ थारे म्ह तै कोए अपणा सारा कुछ त्याग न्ही देवै, वो
मेरा चेल्ला कोनी हो सकदा। 34 "नूण तो बढ़िया सै, पर जै नूण का सुवाद
जान्दा रहवै, तो वो किस चीज तै नमकीन करया जावैगा। 35 वो ना तो धरती

कै अर ना खाद कै खात्तर काम म्ह आवै सै: उसनै तो माणस बाहरणै बगा
देवै सै। जिसके कान हों वो ध्यान तै सुण ले।”

**15** सारे चुंगी लेण आळे अर पापी माणस, यीशु कै धोरै आया करै थे
ताके उसकी सुणै। 2 पर फरीसी अर शास्त्री बरड़ाकै कहण लाग्गे, “यो तो
पापियाँ तै मिलै सै अर उनकै गेल्या खावै भी सै।” 3 फेर उसनै उनतै यो
उदाहरण कह्या 4 “थारे म्ह तै कौण सै जिसकी सौ भेड़ हों, अर उन म्ह तै
एक खुज्या, तो निन्यानमै नै बण म्ह छोड़कै, उस खुई होड़ नै जिब ताहीं पा
न्ही लेन्दी टोह्न्दा ना रहवैं? 5 अर जिब पा ज्या सै, फेर वो घणा राज्जी होकै
उस ताहीं कंधे पै ठा लेवै सै, 6 अर अपणे घरां आकै साथियाँ अर पड़ोसियाँ
नै कठ्ठा करकै कहवै सै, ‘मेरै गेल्या खुशी मनाओ, क्यूँके मेरी खुई होड़ भेड़
पागी सै।’ 7 मै थमनै कहूँ सूं, के इस्से तरियां तै पापां नै छोड़ण आळे एक
पापी खात्तर उन निन्यानबे धर्मियाँ की तुलना म्ह सुर्ग म्ह इसतै भी घणा
आनन्द मनाया जावै सै, जिननै पापां की माफी माँगण की जरूरत कोनी।” 8
यीशु नै एक और उदाहरण दिया “के कौण इसी बिरबान्नी होगी जिसकै धोरै
दस सिक्के हों, अर उन म्ह तै एक खुज्या, तो वा दीवा बाळ कै अर घर झाड़-
बुहारकै, जिब ताहीं पा न्ही जावै जी लाकै टोह्न्दी ना रहवैं? 9 अर जिब पा
ज्या सै, तो वा अपणी सहेलियाँ अर पड़ोसणां नै कठ्ठा करकै कहवै सै, ‘मेरै
गेल्या खुशी मनाओ, क्यूँके मेरा खुया होया सिक्का पाग्या सै।’ 10 मै थमनै
कहूँ सूं के इस्से ढाळ जिब कोए माणस अपणे पापां नै छोड़कै परमेसवर की
राह पै चाल्लणा शरु करै सै तो उसके खात्तर भी, परमेसवर के सुर्गदूत्तां
कै स्याम्ही उतणा ए आनन्द मनाया जावै सै।” 11 फेर यीशु नै एक और
उदाहरण देकै कह्या, “किसे माणस के दो बेट्टे थे। 12 उन म्ह तै छोट्ळै नै
पिता तै कह्या, हे पिता, सम्पत्ति म्ह तै जो मेरा बांडै आवै सै वो मन्नै इब्बे दे
द्यो। इस करकै पिता नै उन ताहीं अपणी सम्पत्ति का बंडवारा कर दिया। 13
घणे दिन कोनी बीते थे के छोट्टा बेट्टा सारा कुछ कठ्ठा करकै दूर देश म्ह चल्या
गया, अर उड़ै बुरे काम्मां म्ह अपणा धन उड़ा दिया। 14 जिब वो सारा कुछ
खर्च कर ग्या, तो उस देश म्ह भारया अकाळ पड्या, अर वो कंगाल होग्या,
अर उसकै धोरै खाण नै कुछ भी न्ही रह्या। 15 इस करकै वो उस देश के
बाशिंद्यां म्ह तै एक कै धोरै काम करण खात्तर, अर उसनै उस ताहीं अपणे

खेत्तां म्ह सूअर चराण खात्तर भेज्या। 16 वो भोत भूक्खा था अर वो चाहवै
था के उन फळियाँ म्ह तै जिन नै सूअर खावै थे, अपणा पेट भरै, अर उस
ताहीं कोए कुछ कोनी देवै था। 17 जिब छोट्टे बेट्टे के होश ठिकाणै आये अर
अपणे-आप तै कहण लाग्या, मेरै पिता कै धोरै इसे भोत मजदूर सै जिनकै
खाणा खाण कै बाद भी घणाए बच जावै सै, पर मै उरै भूक्खा मरण लाग
रह्या सूं। 18 इस करकै मै इब उठकै अपणे पिता धोरै जाऊँगा अर उसतै
कहूँगा के पिता जी, मन्नै परमेसवर जो सुर्ग म्ह सै, उसके अर तेरे बिरोध म्ह
पाप करया सै। 19 इब इस जोग्गा कोनी रह्या के तेरा बेट्टा कुह्वाऊँ, मन्नै
अपणे एक मजदूर की ढाळ राख ले।" 20 "पर वो उस देश नै छोड़ के
अपणे बाप कै घर की ओड़ चाल्या, वो इब्बे कुछ ए दूर था के उसकै बाप नै
उस ताहीं देख्या उसपै तरस आया, अर भाजकै अपणे बेट्टे ताहीं छात्ती
कै लगाकै, उस ताहीं चुम्ता रह्या। 21 बेट्टे नै उसतै कह्या, पिता जी, मन्नै
परमेसवर जो सुर्ग म्ह सै, उसके अर तेरे बिरोध म्ह पाप करया सै, अर इब
इस जोग्गा कोनी रह्या के तेरा बेट्टा कुह्वाऊँ। 22 पर बाप नै अपणे नौकरां तै
कह्या, 'ताव्ळ करकै सुथरे-सुथरे लत्ते लिकाड़कै उसनै पिहराओ, अर उसकै
हाथ्थां म्ह गुठ्ठी, अर पायां म्ह जूत्ती पहराओ, 23 अर बढ़िया भोज तैयार करो
ताके हम खावां अर खुशी मनावां। 24 क्यूँके मेरा यो बेट्टा मरग्या था, दुबारै
जीग्या सै: खुग्या था अर इब पाग्या सै।' अर वे खुशी मनाण लाग्गे। 25 पर
उसका जेट्ठा बेट्टा खेत म्ह काम करण लागरया था। जिब वो आन्दे होए घर कै
धोरै पोंहच्या, तो उसनै गाण-बजाण अर नाचण का बोल सुण्या। 26 आखर
म्ह उसनै एक नौक्कर बुलाकै बुझ्झया, यो के होण लाग रह्या सै? 27 उसनै
उस ताहीं कह्या, तेरा भाई बोहड़ आया सै, अर तेरे बाप नै बढ़िया भोज तैयार
करवाया सै, इस करकै के वो ठीक-ठाक घरा आ ग्या सै। 28 न्यू सुणकै वो
छो तै भरग्या अर भीत्तर जाणा कोनी चाह्या, पर उसका बाप बाहरणै आकै
उसनै मनाण लाग्या। 29 उसनै बाप तै कह्या, 'देख, मै इतने साल तै तेरी
सेवा-पाणी कर रह्या सूं, अर कदे भी तेरा हुकम कोनी टाळया, फेरभी तन्नै
मेरै ताहीं कदे भी कोए बढ़िया चीज कोनी दी, ताके मै अपणे साथियाँ गेल्या
आनन्द कर सकूँ। 30 पर जिब तेरा यो बेट्टा आया, जिसनै तेरी सम्पत्ति
अयाशियाँ म्ह उड़ा दी सै, तो उसकै खात्तर तन्नै बढ़िया भोज तैयार करया।'

31 उसकै बाप नै उसतै कह्या, मेरे बेट्टे, तू सारी हाण मेरै गेल्या सै, अर जो
कुछ मेरा सै वो सारा तेराए सै। 32 पर इब आनन्द अर मगन होणा चाहिये
क्यूँके यो तेरा भाई जो मरे होए माणसां की तरियां था दुबारा जी ग्या सै,
खुग्या था, इब पाग्या सै।"

16 फेर यीशु नै चेल्यां ताहीं एक और उदाहरण देकै कह्या, "किसे साहूकार
का एक भण्डारी था, अर लोग्गां नै उसकै स्याम्ही उसपै यो इल्जाम लाया के
वो तेरा सारा धन उड़ा देवै सै। 2 आखर म्ह उसनै अपणे भण्डारी ताहीं
बुलाकै कह्या, 'यो के सै मै तेरे बाबत के सुणु सूं?' अपणे भण्डारीपण का
हिसाब दे, क्यूँके तू आग्गै तै भण्डारी कोनी रह सकदा।" 3 फेर भण्डारी
सोच्चण लाग्या, इब मै के करुँ? क्यूँके मेरा माल्लिक इब भण्डारी का काम
मेरै तै खोस्सै सै। माट्टी खोदण का काम मेरै तै होवै कोनी, अर भीख माँगदे
होए मन्नै शर्म आवैगी। 4 मै जाण ग्या के मै के करुँ, ताके मै जिब भण्डारी
कै काम तै हटाया जाऊँ तो माणस मन्नै अपणे घरां म्ह ले लेवै। 5 फेर उसनै
अपणे माल्लिक के देणदारां ताहीं एक-एक करकै बुलाया अर पैहल्या तै
बुझ्झया, "तेरे उप्पर मेरै माल्लिक का कितना कर्जा सै?" 6 उसनै कह्या,
"सौ मण तेल," फेर उसनै उसतै कह्या, "अपणा खात्ता अर बही ले अर
बैठकै तावळा पचास लिख दे।" 7 फेर उसनै दुसरे तै बुझ्झया, "तेरे पै
कितना कर्जा सै?" दुसरे नै कह्या, सौ मण गेहूँ, फेर उसनै उसतै कह्या,
"अपणा खात्ता अर बही लेकै अर बैठकै अस्सी लिख दे।" 8 माल्लिक नै
उस अधर्मी भण्डारी ताहीं सराहया के उसनै कितनी चतुराई तै काम करया
सै। क्यूँके इस दुनिया के माणस अपणे बखत के माणसां के गेल्या व्यवहार
म्ह चाँदणे के माणसां तै घणे चलाक सै। (aiōn g165) 9 अर मै थमनै कहूँ सूं
के दुनिया की धन-दौलत तै भले काम करकै अपणे खात्तर साथी बणा ल्यो,
ताके जिब वो धन दौलत न्ही रहवैं तो अनन्त काल के घर म्ह थारे स्वागत हो।
(aiōnios g166) 10 वे लोग जो थोड़े-तै भी थोड़े म्ह भी बिश्वास जोग्गे सै, वे
घणे म्ह भी बिश्वास जोग्गे होंगे, जो थोड़े-तै भी थोड़े म्ह बेईमान सै, वो घणा
म्ह भी बेईमान होंगे। 11 इस करकै जिब थम संसारिक धन म्ह बिश्वास
जोग्गा न्ही ठहरे, तो साच्चा धन थमनै कौण देवैगा? 12 अर जै थम संसारिक
धन-दौलत न इस्तमाल करण म्ह भरोस्सेमंद न्ही ठहरे, तो परमेसवर थमनै

सुर्गीय धन क्यूँ देवैगा? 13 “कोए नौक्कर दो मालिकां की सेवा एक बखत पै
न्ही कर सकदा, क्यूँके वो एक तै बैर अर दुसरे तै प्यार राक्खैगा, या एक तै
मिल्या रहवैगा अर दुसरे नै छोट्टा जाणैगा। थम परमेसवर अर धन दोनुआ की
सेवा न्ही कर सकदे।” 14 फरीसी जो लोभ्भी थे, ये सारी बात सुणकै,
मखौल करण लाग्गे। 15 यीशु नै उनतै कह्या, “थम तो माणसां कै स्याम्ही
खुद नै धर्मी ठहराओ सो, पर परमेसवर थारे मन नै जाणै सै, क्यूँके जो चीज
माणसां की निगांह म्ह महान् सै, वा परमेसवर कै लोवै घृणित सै।” 16 जब
तक यूहन्ना आया, जिब ताहीं मूसा के नियम-कायदे अर नबी का प्रभाव
माणसां पै रह्या। उस बखत तै परमेसवर के राज्य का सुसमाचार सुणाया
जाण लागरया सै, अर हरेक उस म्ह तेज्जी तै इसकी ओड़ खिचे आण लागरे
सै। 17 अकास अर धरती का टळ जाणा आसान सै, पर नियम-कायदा
की हर छोट्टी बात भी पूरी होकै रहवैगी। 18 उदाहरण के तौर पै “जो कोए
अपणी घरआळी नै छोड़कै दुसरी तै ब्याह करै सै, वो जारी करै सै, अर जो
कोए इसी छोड्डी होई बिरबान्नी तै ब्याह करै सै, वो भी जारी करै सै।” 19
फेर यीशु नै कह्या, “एक साहूकार माणस था जो बैंजनी अर मलमल के महँगे
लत्ते पहरदा अर हरेक दिन ऐसो-आराम तै अर मौज तै रहवैं था। 20 लाजर
नाम का एक कंगाल जिसकै घा: होरे थे उसकी देहळी पै छोड़ दिया जावै था।
21 अर वो चाहवै था, के साहूकार के मेज की जूठण तै अपणा पेट भरै,
उरै ताहीं के कुत्ते भी आकै उसके घा: नै चाट्या करै थे।” 22 इसा होया
के वो कंगाल मरग्या, अर सुर्गदूत्तां नै उस ताहीं लेकै अब्राहम की गोद म्ह
पोंहच्या। वो साहूकार भी मारया अर गाड्या गया, 23 साहूकार नरक म्ह
गेरया गया, अर नरक की ताड़ना तै दर्द म्ह पड़े होए अपणी निगांह ठाई, दूर
तै ए अब्राहम के साथ लाजर ताहीं देख्या। (Hadēs g86) 24 फेर उसनै रुक्का
मारकै कह्या, हे पिता अब्राहम, मेरै पै दया करकै लाजर नै भेजदे, ताके वो
अपणी आन्गळी का कुणा पाणी म्ह डबोकै मेरी जीभ नै शीळी करै, क्यूँके मै
इस आग तै तड़फूं सूं। 25 “पर अब्राहम बोल्या, ‘हे बेट्टे, याद कर, के तन्नै
अपणी जिन्दगी म्ह बढ़िया तै बढ़िया चीज ले ली सै’, अर उस्से तरियां लाजर
नै तुच्छ चीज, पर इब वो उरै सुख अर शान्ति पा रह्या सै, अर तू तड़फ रह्या
सै। 26 इन सबके अलावा म्हारै अर तेरे बिचाळै एक बड़ी खाई ठहराई गई

सै, के जो उरै तै तेरी ओड़ आणा चाहवै, वे ना जा सकै, अर ना कोए उड़ै इस
पास्सै म्हारै धोरै आ सकै।" 27 साहूकार बोल्या, तो हे पिता, मै तेरे तै बिनती
करुँ सूं, के उस ताहीं मेरै बाप कै घरां भेज, 28 क्यूँके मेरे पाँच भाई सै, वो
उनकै स्याम्ही इन बात्तां की गवाही दे, इसा ना हो के वे भी दुख की जगहां म्ह
आवै। 29 अब्राहम नै उसतै कह्या, उनकै धोरै तो मूसा के नियम-कायदे, नबी
अर नबियाँ की किताब सै, वे उनकी सुणै। 30 साहूकार बोल्या, "न्ही, पिता
अब्राहम, पर जै कोए मरे होया म्ह तै उनकै धोरै जावै, तो वे पाप करणा छोड़
देंगे।" 31 अब्राहम नै उसतै कह्या, "जिब वे मूसा नबी अर नबियाँ की न्ही
सुणदे, तो जै मरे होया म्ह तै कोए जी भी जा, तोभी उसकी कोनी मान्नैगें।"
**17** फेर यीशु नै अपणे चेल्यां तै कह्या, "हो न्ही सकदा के ठोक्कर ना
लाग्गै, पर धिक्कार सै, उस माणस पै जिसकै बाबत ठोक्कर लाग्गै सै। 2
पर जो कोए इन छोट्या बाळकां समान जो मेरै पै बिश्वास करै सै, किसे तै भी
पाप करवावै तो उसकै खात्तर भला योए सै के एक बड्डी चाक्की का पाट
उसकै गळ म्ह लटकाया जावै अर वो समुंदर म्ह गेरया जावै।" 3 सावधान
रहों, "जै तेरा बिश्वासी भाई पाप करै तो उसनै समझा, अर जै पछतावै तो
उसनै माफ करदे। 4 जै हरेक दिन वो तेरे बिरुध्द म्ह सात बार भी पाप करै,
अर सात्तु बार तेरे धोरै आकै कहवै, मै पछताऊँ सूं, तो उसनै माफ करदे।" 5
फेर प्रेरितां नै प्रभु यीशु तै बिनती करी, "के म्हारे बिश्वास नै बढ़ा।" 6 प्रभु
बोल्या, "जै थमनै राई कै दाणै बराबर भी बिश्वास होन्दा, तो थम इस शहतूत
कै दरखत नै कहन्दे के जड़ तै उखड़कै समुन्दर म्ह जा लाग, तो वो थारी मान
लेन्दा।" 7 फेर यीशु नै कह्या, "मान ल्यो थारे म्ह तै किसे कै धोरै एक
नौक्कर सै जो नौक्कर हळ चलान्दा या भेड़ चरान्दा हो, अर जिब वो खेत तै
बोहड़ आवै, तो के थम उसतै कहोंगे, 'आकै मेरे गैल खाणा खाण बैठ ज्या?'
8 पर इसके बजाये के वो अपणे नौक्कर न्यू कोनी कहवैगा, 'मेरे खात्तर
खाणा त्यार कर, अर मेरे ताहीं खाणा परोसण खात्तर तैयार हो ज्या, जिब
ताहीं मै खाऊँ पीऊँ तब ताहीं मेरी सेवा-पाणी कर, इसकै पाच्छै तू भी खा-पी
लिये?' 9 के वो उस नौक्कर का श्यान मान्नैगा के उसनै वैए काम करे
जिसका हुकम दिया सै? 10 इस्से तरियां तै थम भी जिब उन सारे काम्मां नै
कर ल्यो जिसका हुकम थारे ताहीं दिया गया सै, तो उस ताहीं कर लेण के

बाद थमनै कहणा चाहिये, 'हम नौक्कर सां, हम किसे बड़ाई के हकदार
कोनी हमनै तो बस अपणा फर्ज निभाया सै।'" 11 फेर जिब यीशु यरुशलेम
जाण लागरया था तो सामरिया अर गलील परदेस कै बिचाळै की सीमा तै
होन्दा होया लिकड्या। 12 तो गाम म्ह बड़दे बखत उसनै दस कोढ़ी मिले वे
दूर खड़े थे। 13 वे जोर तै रुक्का मारकै बोल्ले, "हे यीशु, हे माल्लिक, म्हारै
पै दया कर!" 14 यीशु नै उन कान्ही लखाकै कह्या, "यरुशलेम के मन्दर म्ह
जाओ, अर खुद नै याजकां ताहीं दिखाओ, ताके वो भी देक्खै के थम ठीक
होए सों के न्ही।" अर जान्दे ए जान्दे वे कोढ़ तै मुक्त होग्ये। 15 फेर उन म्ह तै
एक न्यू देखकै के मै ठीक होग्या सूं, जोर-जोर तै परमेसवर की बड़ाई करदा
होया यीशु कै धोरै बोहड़या, 16 अर यीशु कै पायां पै मुँह कै बळ पड़कै
उसका धन्यवाद करण लाग्या, अर वो सामरी था। 17 इसपै यीशु नै कह्या,
"के दस कोढ़ी चंगे न्ही होए, तो फेर नौ कित्त सै? 18 के गैर यहूदी नै छोड़
कोए और न्ही लिकड़या जो परमेसवर की बड़ाई करदा?" 19 फेर उसनै उस
ताहीं कह्या, "उठकै चल्या जा, तन्नै बिश्वास करया इस खात्तर तू ठीक
होग्या सै।" 20 फेर फरीसियाँ नै यीशु तै बुझ्झया के परमेसवर का राज्य
कद आवैगा, तो उसनै उनतै जवाब दिया, "परमेसवर का राज्य इस ढाळ
आवैगा के थम उसनै अपणी आँखां तै न्ही देख सकदे। 21 अर ना ए माणस
इसके बारें म्ह न्यू कह सकैगे, देक्खों यो सै परमेसवर का राज्य। क्यूँके
परमेसवर का राज्य थारे बिचाळै सै।" 22 फेर यीशु नै चेल्यां तै कह्या, "वो
दिन आवैगा, जिब थम उस दिन नै देखणा चाहोंगे जिब मै माणस का बेट्टा
बोहड़ के आऊँगा पर थम उस दिन नै देख न्ही पाओगे।" 23 माणस थारे तै
कहवैगें, लखाओ, "मसीहा उड़ै सै!" या लखाओ, "वो आड़ै सै!" पर थम यो
सुणकै चले ना जाइयो, अर ना उनकै पाच्छै लागियो। 24 क्यूँके जिस तरियां
बिजळी अकास कै एक छोर तै कोंध कै अकास कै दुसरे छोर ताहीं चमकै सै,
उस्से तरियां मै माणस का बेट्टा भी अपणे दिनां म्ह जाहिर होऊँगा। 25 पर
पैहल्या जरूरी सै के मै घणा दुख ठावै, अर इस युग कै माणस मेरे ताहीं
नकार देंगें। 26 जिसा पूर्वज नूह के दिनां म्ह होया था, उस्से तरियां मुझ
माणस के बेट्टे के दिनां म्ह भी होवैगा। 27 जिस दिन तक नूह जहाज म्ह न्ही
चढ़या, उस दिन तक माणस खावै-पीवै थे, अर उन म्ह ब्याह होवै थे। फेर

बाढ़ नै उन सारया का नाश करया। 28 ठीक याए हालात लूत कै दिनां म्ह
होई थी, जिब वो सदोम नगर म्ह रहवै था। माणस खावै-पीवै, लेणा-देणा
करदे, दरखत लगान्दे अर घर चिणैं थे, 29 पर जिस दिन लूत सदोम तै
लिकड़या, उस दिन आग अर गन्धक अकास तै बरसी सारे नगर के माणसां
ताहीं नाश कर दिया। 30 यो उस दिन की तरियां होगा जिब मै माणस का
बेट्टा बिना बताये आ जाऊँगा। 31 “उस दिन जो छात पै हो, अर उसका
समान घर म्ह हो, अर वो उसनै लेण खात्तर तळै न्ही उतरैं, अर उस्से तरियां
जो खेत्तां म्ह हो, वो पाच्छै न्ही बोहड़ैं। 32 याद राखियों लूत की घरआळी कै
गैल के होया था! 33 जो कोए अपणी जान बचाणा चाहवै, वो उसनै खोवैगा,
अर जो कोए उसनै खोवै वो उसनै जिन्दा राक्खैगा। 34 मै थमनै कहूँ सूं, उस
रात नै दो माणस एक खाट पै होंगे, एक ठाया जावैगा अर दुसरा छोड़ दिया
जावैगा। 35 दो बिरबान्नी एक साथ चाक्की पीसदी होवैगी, एक ठा ली
जावैगी अर दुसरी छोड़ दी जावैगी। 36 (दो जणे खेत म्ह होंगे, एक ठाया
जावैगा अर दुसरा छोड्या जावैगा।)” 37 न्यू सुण उननै उसतै बुझ्झया, “हे
प्रभु, यो कित्त होवैगा?” यीशु नै उनतै कह्या, “जड़ै लाश हो सै, उड़ैए चील
कठ्ठे होवै सै, उस्से तरियां यो हरेक कोए जाण लेवैगा के यो कित्त होगा।”

**18** फेर यीशु नै अपणे चेल्यां तै इसकै बाबत कह्या, के रोज प्रार्थना करणी
चाहिये अर हिम्मत न्ही हारनी चाहिये, उनतै यो उदाहरण दिया, 2 “किसे
नगर म्ह एक न्यायाधीश रहवैं था, जो ना परमेसवर तै डरै था अर ना किसे
माणस की परवाह करया करै था। 3 उस्से नगर म्ह एक बिधवा भी रहवैं
थी, जो उसकै धोरै आ-आकै कह्या करै थी, मेरा न्याय चुकाकै मन्नै बैरी तै
बचा।” 4 कुछ बखत ताहीं तो वो कोनी मान्या पर आखर म्ह मन म्ह सोचकै
बोल्या, “ऊंतो मै परमेसवर तै कोनी डरदा, अर ना माणसां की कुछ परवाह
करुँ सूं, 5 फेरभी या बिधवा मन्नै कांल राक्खै सै, इस करकै मै उसका न्याय
चूकाऊँगा, कदे इसा ना हो के घड़ी-घड़ी आकै आखर म्ह मेरी नास्सा म्ह दम
करदे।” 6 प्रभु यीशु नै कह्या, “सुणो, इस अधर्मी न्यायाधीश नै देख के
सीखों। 7 के परमेसवर अपणे चुणे होया का न्याय कोनी करैगा, जो दिन-
रात उसके नाम की दुहाई देंदे रहवैं सै? के वो उनकी मदद करण म्ह वार
लगावैगा? 8 मै थमनै कहूँ सूं, वो जिब्बे उनका न्याय करैगा। फेर भी मै

माणस का बेट्टा जिब आऊँगा, तो के मै धरती पै मेरे पै बिश्वास करणीया नै
पाऊँगा?" 9 यीशु नै उन माणसां तै यो उदाहरण दिया, जो अपणे बारें म्ह यो
सोच्चै थे, के हम धर्मी सां, अर दुसरयां नै नकारै थे। 10 "दो माणस मन्दर म्ह
प्रार्थना करण नै गए, एक फरीसी था अर दुसरा चुंगी लेण आळा, 11 फरीसी
खड्या होकै अपणे मन म्ह न्यू प्रार्थना करण लाग्या, हे परमेसवर, मै तेरा
धन्यवाद करुँ सूं के मै और माणसां की तरियां अन्धेर करण आळा, जुल्मी,
अर जार कोनी, अर ना इस चुंगी लेण आळे की तरियां सूं। 12 मै हफ्तै म्ह
दो बर ब्रत राक्खूँ सूं, मै अपणी सारी आमदणी का दसमां हिस्सा भी तेरे
ताहीं देऊँ द्यु सूं।" 13 पर चुंगी लेण आळे नै दूर खड़े होकै, सुर्ग कै कान्ही
निगांह ठाणा भी कोनी चाह्या, बल्के दुखी होकै अपणी छात्ती पीट-पीटकै
कह्या, "हे परमेसवर, मुझ पापी पै दया कर!" 14 "बिश्वास करो वास्तव
म्ह योए चुंगी लेण आळा माणस (परमेसवर की ओड़ तै) धर्मी ठहराया
जाकै घरां गया, ना के वो फरीसी माणस। क्यूँके जो कोए अपणे-आपनै
बड्ड़ा बणावैगा, वो छोट्टा करया जावैगा, अर जो कोए अपणे-आपनै छोट्टा
बणावैगा, वो बड्ड़ा करया जावैगा।" 15 फेर माणस अपणे बाळकां नै भी
उसकै धोरै ल्याण लाग्गे के वो उनपै हाथ धरै, पर चेल्यां नै देख उन ताहीं
धमकाया। 16 यीशु नै बाळकां ताहीं धोरै बुलाकै कह्या, "बाळकां नै मेरै धोरै
आण द्यो अर उननै रोक्को मतना: क्यूँके परमेसवर का राज्य इसाए का सै।
17 मै थमनै सच कहूँ सूं के जो कोए परमेसवर कै राज्य नै बाळक की तरियां
कोनी अपणावै वो उस म्ह कदे न्ही बड़ सकदा।" 18 किसे सरदार नै उसतै
बुझ्झया, "हे उत्तम गुरु, अनन्त जीवन का हकदार होण खात्तर मै के करुँ?"
(aiōnios g166) 19 यीशु नै उसतै कह्या, "तू मन्नै उत्तम क्यांतै कहवै सै?
कोए उत्तम कोनी, सिर्फ एक, यानिके परमेसवर। 20 तन्नै हुकमां का तो
बेराए सै: 'जारी ना करिये, खून ना करिये, अर चोरी ना करिये, अर झूठ्ठी
गवाही ना दियो, अपणे माँ-बाप का आदर करियो।'" 21 उसनै कह्या, "मै तो
इन सारया नै बाळकपण तै ए मान्दा आऊँ सूं।" 22 न्यू सुणकै यीशु नै
उसतै कह्या, "तेरे म्ह इब भी एक बात की कमी सै, अपणा सब कुछ बेचकै
कंगालां ताहीं बांड दे, अर तन्नै सुर्ग म्ह धन मिलैगा, अर आकै मेरा चेल्ला
बणण खात्तर मेरै पाच्छै हो ले।" 23 वो न्यू सुणकै घणा उदास होया, क्यूँके

वो घणा साहूकार था। 24 यीशु नै उस ताहीं देखकै कह्या, "साहूकारां का
परमेसवर कै राज्य म्ह बड़णा कितना ओक्खा सै। 25 जिस तरियां तै ऊँट
का सूई कै मोरै म्ह तै लिकड़णा मुश्किल सै। उस्से तरियां परमेसवर के राज्य
साहूकार का बड़णा भी मुश्किल सै।" 26 इसपै सुणण आळा नै कह्या, "तो
फेर किसका उद्धार हो सकै सै?" 27 उसनै कह्या, "जो माणसां तै न्ही हो
सकदा वो परमेसवर तै हो सकै सै।" 28 पतरस नै कह्या, "लखा, हम तो
घर-बार छोड़कै तेरे पाच्छै हो लिये सां।" 29 उसनै उनतै कह्या, "मै थमनै
साच्ची-साच कहूँ सूं के इसा कोए कोनी जिसनै परमेसवर के राज्य कै खात्तर
घर, या घरआळी, भाई, या माँ-बाप, या बाळ-बच्चे ताहीं छोड़ दिया हो, 30
अर इस बखत कई गुणा घणा न्ही पावै अर परलोक म्ह अनन्त जीवन।"
(aiōn g165, aiōnios g166) 31 फेर उसनै बारहां चेल्यां ताहीं गैल लेकै उनतै
कह्या, "देक्खो, हम यरुशलेम नगर म्ह जावां सां, अर जितनी बात मुझ
माणस के बेट्टे खात्तर नबियाँ नै लिक्खी होई सै, वे सारी पूरी होवैगी। 32
क्यूँके मै गैर यहूदियाँ कै हाथ्थां म्ह सौप्या जाऊँगा, अर मेरा मजाक उड़ावैगें,
मेरी बेजती करैंगें, अर मेरे पै थूकैगें, 33 अर मेरै कोड़े मारैगें, अर मन्नै छेतैगें
अर मार देवैगें, अर मै तीसरे दिन जिन्दा हो जाऊँगा।" 34 पर उननै इन बात्तां
म्ह तै कोए बात न्ही समझी, अर या बात उनतै लुक्ही रही, अर जो कह्या गया
था वो उनकी समझ कोनी आया। 35 जिब वो यरीहो नगर कै लोवै पोंहच्या,
तो एक आन्धा सड़क कै किनारे बेठ्या होया भीख माँगण लागरया था। 36
वो भीड़ कै चाल्लण की आवाज सुणकै बुझण लाग्या, "यो के होरया सै?"
37 उनै उसतै बताया, "यीशु नासरी जाण लागरया सै।" 38 फेर उसनै
रुक्का मारकै कह्या, "हे यीशु, दाऊद की ऊलाद, मेरै पै दया कर!" 39 जो
आग्गै-आग्गै जाण लागरे थे, वे उसनै धमकाण लाग्ये के बोल-बाल्ला रहै, पर
वो और भी रुक्का मारण लाग्या, "हे दाऊद की ऊलाद, मेरै पै दया कर!"
40 फेर यीशु नै खड़े होकै हुकम दिया के उसनै मेरै धोरै ल्याओ, अर जिब वो
धोरै आया तो उसनै उसतै बुझ्झया, 41 "तू के चाहवै सै के मै तेरे खात्तर
करुँ?" उसनै कह्या, "हे प्रभु, योए के मै देक्खण लाग्गू।" 42 यीशु नै उसतै
कह्या, "देक्खण लाग, तेरे बिश्वास नै तेरे ताहीं ठीक करया सै।" 43 फेर वो

जिब्बे देखण लाग्या अर परमेसवर की बड़ाई करदा होया उसकै पाच्छै हो
लिया, अर सारे आदमियाँ नै देखकै परमेसवर की जै-जै कार करी।

**19** यीशु यरीहो नगर म्ह बड़ण लागरया था। 2 ओड़ै जक्कई नाम का एक
माणस था जो चुंगी लेण आळा का सरदार, अर साहूकार था। 3 वो यीशु नै
देखणा चाहवै था के वो कौण सै। पर भीड़ कै कारण देख न्ही सकै था,
क्यूँके वो बोन्ना था। 4 फेर उस ताहीं देक्खण खात्तर वो आग्गै भाजकै गुलर
कै दरखत पै चढ़ग्या, क्यूँके यीशु नासरी उस्से राह तै जाण आळा था।
5 जिब यीशु नासरी उसकै धोरै आया, तो उप्पर लखाकै उसनै कह्या, "हे
जक्कई, तोळा उतरया, क्यूँके आज मन्नै तेरे घरां जरुर रहणा सै।" 6 वो
दरखत तै उतरकै राज्जी होकै यीशु नै अपणे घरां लेग्या। 7 न्यू देखकै सारे
माणस बरड़ाण लाग्गे, "वो तो एक पापी माणस कै घरां रुकरया सै।" 8
जिब यीशु जक्कई के घर खाणा खाण लागरया था तो जक्कई नै खड़े होकै
प्रभु तै कह्या, "हे प्रभु यीशु, देख, मै अपणी आध्धी सम्पत्ति कंगालां नै द्यु सूं,
अर किसे का कुछ भी जुल्म करकै ले लिया सै तो उस ताहीं चौगुणा बोहड़ा
द्यु सूं।" 9 फेर यीशु नै उसतै कह्या, "आज इस घर के माणसां पै उद्धार आया
सै, इस करकै के यो भी अब्राहम के वंश तै सै। 10 मै माणस का बेट्टा खोए
होया नै टोह्ण अर उनका उद्धार करण आया सूं।" 11 जिब वे ये बात सुणै थे,
तो यीशु नै एक उदाहरण देकै कह्या, इस करकै के वो यरुशलेम कै धोरै था,
अर वे समझै थे के परमेसवर का राज्य इब्बे जाहिर होण आळा सै। 12
आखर उसनै कह्या, "एक साहूकार माणस दूर देश तै चल्या के राजपद पाकै
बोहड़ै।" 13 उसनै अपणे नौकरां म्ह तै दस ताहीं बुलाकै उन ताहीं दस मोंहर
दी अर उनतै कह्या, "मेरै बोहड़ण ताहीं लेण-देण करियो।" 14 पर उसकै
नगर के बासिन्दे उसतै बैर राक्खै थे, अर उसकै पाच्छै दूत्तां तै कुह्वा भेज्या,
"हम न्ही चाह्न्दे के यो म्हारै पै राज करै।" 15 "जिब माल्लिक राजपद पाकै
बोहड़या, तो इसा होया के उसनै अपणे नौकरां ताहीं जिन ताहीं रपिये दिये
थे, अपणे धोरै बुलाया ताके बेरा करै के उननै लेण-देण म्ह के-के कमाया।"
16 फेर पैहल्ड़े नै आकै कह्या, "हे माल्लिक, तेरी मोंहर तै दस और मोंहर
कमाई सै।" 17 उसनै उसतै कह्या, "शाबाश, हे आच्छे नौक्कर! तू घणेए
थोड़े म्ह भरोसमंद लिकड़या इब दस नगरां का हक राख।" 18 दुसरे नौक्कर

नै आकै कह्या, "हे माल्लिक, तेरी मोंहर तै पाँच और मोंहर कमाई सै।" 19
माल्लिक नै उसतै कह्या, "तू भी पाँच नगरां पै हाकिम होज्या।" 20 तीसरे
नौक्कर नै आकै कह्या, "हे माल्लिक, देख, तेरी मोंहर या सै: जिस ताहीं मन्नै
अंगोच्छे म्ह जुड़ राक्खी थी। 21 क्यूँके मै तेरे तै डरुँ था, इस करकै के तू
कठोर माणस सै: जो तन्नै न्ही धरया उसनै ठा ले सै, अर जो तन्नै न्ही बोया,
उस ताहीं काट्टै सै।" 22 माल्लिक नै उसतै कह्या, "हे दुष्ट नौक्कर, मै तेरैए
मुँह तै तन्नै कसूरवार ठहराऊँ सूं। जिब तन्नै मेरा बेरा सै के करड़ा माणस सूं,
जो मन्नै न्ही धरया उसनै ठा ल्यु सूं, अर जो मन्नै न्ही बोया, उस ताहीं काट्टू
सूं, 23 तो तन्नै मेरे रपिये सर्राफां कै धोरै क्यातै कोनी धरे के मै आकै ब्याज
सुधां ले लेन्दा?" 24 अर जो माणस धोरै खड़े थे, उसनै उनतै कह्या, "वा
मोंहर उसतै ले ल्यो, अर जिसकै धोरै दस मोंहर सै उसनै दे द्यो।" 25 उननै
उसतै कह्या, "हे माल्लिक, उसकै धोरै दस मोंहर तो सै।" 26 "मै थमनै कहूँ
सूं के जिसकै धोरै सै, उस ताहीं दिया जावैगा, अर जिसकै धोरै न्ही सै, उसतै
वो भी जो उसकै धोरै सै ले लिया जावैगा। 27 पर मेरे उन बैरियाँ ताहीं जो न्ही
चाहवैं थे के मै उनपै राज करुँ, उन ताहीं उरै ल्याकै मेरै स्याम्ही घात करो।"
28 ये बात कहकै यीशु यरुशलेम नगर कै कान्ही चेल्यां कै आग्गै-आग्गै
चाल्या। 29 जिब वो जैतून नामक पहाड़ पै बैतफगे अर बैतनिय्याह गाम कै
धोरै पोंहच्या, तो उसनै अपणे चेल्यां म्ह तै दोयां ताहीं न्यू कहकै भेज्या, 30
"स्याम्ही के गाम म्ह जाओ, अर उस म्ह पोहोचदये एक गधी का बच्चा
जिसपै कोए कदे न्ही बेठ्या हो, बन्धया होड़ थमनै मिलैगा, उसनै खोल कै
लियाओ। 31 जै थारे तै कोए बुझ्झै के क्यातै खोल्लो सो, तो कहियो के प्रभु
नै इसकी जरूरत सै।" 32 जो भेज्जै गए थे, उननै जाकै जिसा यीशु नै कह्या
था, उस्से तरियां पाया। 33 जिब वे गधी कै बच्चे नै खोल्लै रहे थे, तो उसके
मालिकां नै उनतै बुझ्झया, "इस बच्चे नै क्यांतै खोल्लो सो?" 34 चेल्यां नै
कह्या, "प्रभु नै इस ताहीं काम म्ह ल्याणा सै।" 35 वे उसनै यीशु कै धोरै
लियाए, अर अपणे लत्ते उस गधी के बच्चे पै गेरकै यीशु ताहीं उसपै बिठा
दिया। 36 जिब वो जाण लागरया था, तो वे अपणे लत्ते राह म्ह बिछान्दे जावै
थे। 37 यरुशलेम नगर कै धोरै आन्दे होए जिब यीशु जैतून पहाड़ की ढलाण
पै पोंहच्या, तो चेल्यां का सारा टोळ उन सारे सामर्थ के काम्मां कै कारण जो

उननै देक्खे थे, राज्जी होकै जोर तै परमेसवर की जय-जयकार करण लाग्गे
38 "धन्य सै वो राजा, जो प्रभु कै नाम तै आवै सै! सुर्ग म्ह शान्ति अर अकास
मण्डप म्ह महिमा हो!" 39 फेर भीड़ म्ह तै कुछ फरीसी यीशु तै कहण
लाग्गे, "हे गुरु, इस बात के कारण अपणे चेल्यां नै धमका।" 40 उसनै
जवाब दिया, "मै थमनै कहूँ सूं, जै ये बोल-बाल्ले रहे तो स्तुति इन पत्थरां तै
लिकड़ण लाग्गैगी।" 41 जिब यीशु यरुशलेम नगर कै धोरै आया तो नगर नै
देखकै माणसां खात्तर रोया 42 अर बोल्या, "कितना भला होन्दा के तू, हाँ,
तू ए आज इतणाए समझ लेन्दा की परमेसवर के साथ शान्ति का के मतलब
सै, पर यो तेरे तै लह्को के राख्या गया सै। 43 क्यूँके वे दिन तेरे म्ह आवैगें
के तेरे बैरी मोर्चा बाँधकै तन्नै घेर लेवैगें, अर चौगरदे तै तन्नै दबावैंगें ताके
थारा राह बन्द होज्या, 44 अर तेरा बैरी तन्नै अर तेरे बाळकां ताहीं जो तेरे म्ह
सै, माट्टी म्ह मिलावैंगें, अर तेरे म्ह पत्थर पै पत्थर भी कोनी रहवैगा, जो
गेरया ना जावैगा, क्यूँके तन्नै उस मौक्कै ताहीं जिब तेरे पै दया की निगांह
होई थी तो तन्नै कोनी पिच्छाणा।" 45 फेर वो मन्दर म्ह जाकै समान बेचण
आळा ताहीं बाहरणै लिकाड़ण लाग्या, 46 अर उनतै कह्या, "पवित्र शास्त्र म्ह
लिख्या सै, 'मेरा घर प्रार्थना का घर होगा,' पर थमनै इस ताहीं डाकुआं की
गुफा बणा दिया।" 47 वो हरेक दिन मन्दर म्ह उपदेश दिया करै था, अर
प्रधान याजक अर शास्त्री अर माणसां के मुखिया उसका नाश करण का
मौक्का टोह्है थे। 48 पर कोए जुगाड़ कोनी काढ सकै थे, के यो किस तरियां
करा, क्यूँके सारे माणस घणे चाह तै उसकी सुणै थे।

**20** एक दिन इसा होया के जिब यीशु मसीह मन्दर म्ह माणसां नै उपदेश
देवै था अर सुसमाचार सुणावै था, तो प्रधान याजक अर शास्त्री, यहूदी
अगुवां कै गेल्या धोरै आकै खड़े होए, 2 अर कहण लाग्गे, "म्हारै ताहीं बता,
तू इन काम्मां नै किसकै हक तै करै सै, अर वो कौण सै जिसनै तेरे ताहीं यो
हक दिया सै?" 3 उसनै उनतै कह्या, "मै भी थारे तै एक बात बुझ्झु सूं, मन्नै
बताओ। 4 यूहन्ना का बपतिस्मा सुर्ग की ओड़ था या माणसां की ओड़ तै
था?" 5 फेर वे आप्पस म्ह कहण लाग्गे, "जै हम कह्वां, 'सुर्ग की ओड़,' तो
वो कहवैगा, 'फेर थमनै उसका बिश्वास क्यांतै न्ही करया?' 6 अर जै हम
कह्वां, 'माणसां की ओड़,' तो सारे माणस म्हारै पै पत्थर बरसावैगें, क्यूँके

सारे जाणै सै के यूहन्ना साच्चीये नबी था।" 7 आखर उननै जवाब दिया,
"हमनै न्ही बेरा के वो किस ओड़ तै था।" 8 यीशु नै उनतै कह्या, "तो मै भी
कोनी बतान्दा के मै ये काम किस हक तै करुँ सूं।" 9 फेर वो माणसां तै
यो उदाहरण कहण लाग्या: "किसे माणस नै अंगूर का बाग लगाया, अर
किसानां तै उसनै ठेक्का दे दिया अर घणे दिनां खात्तर परदेस चल्या गया।
10 जिब बखत आया तो उसनै किसानां कै धोरै एक नौक्कर ताहीं भेज्या के
वे अंगूर के बाग के कुछ फळां का हिस्सा उसनै देवै, पर किसानां नै उस ताहीं
छेतकै रित्ते हाथ्थां बोहड़ा दिया। 11 फेर उसनै एक और नौक्कर ताहीं भेज्या,
अर उननै उस ताहीं भी छेतकै अर उसकी बेजती करकै रित्ते हाथ्थां बोहड़ा
दिया। 12 फेर उसनै तीसरा भेज्या, उननै उस ताहीं भी घायल करकै लिकाड़
दिया।" 13 फेर अंगूर के बाग कै माल्लिक नै कह्या, "मै के करुँ? मै अपणे
प्यारे बेट्टे नै भेज्जूगा, हो सकै सै वे उसकी इज्जत करै।" 14 जिब किसानां नै
उस ताहीं देख्या तो आप्पस म्ह विचार करण लाग्गे, "यो तो वारिस सै,
आओ, हम इसनै मार दया के विरासत म्हारी हो जावै।" 15 अर उननै उस
ताहीं अंगूर के बाग तै बाहरणै लिकाड़कै मार दिया। इस करकै अंगूर के बाग
का माल्लिक उनकै गेल्या के करैगा? 16 वो आकै उन किसानां का नाश
करैगा, अंगूर के बाग औरां नै सोपैगा। न्यू सुणकै उननै कह्या, "परमेसवर
करै इसा ना हो।" 17 उसनै उनकी ओड़ देखकै कह्या, फेर यो के लिख्या सै:
"जिस पत्थर नै राजमिस्त्रियाँ नै निकम्मा ठहराया था, वोए कोणे का सिरा
होग्या। 18 "जो कोए उस पत्थर पै पड़ैगा वो चकणाचूर हो ज्यागा, अर
जिसपै वो पड़ैगा, उसनै पिस देवैगा।" 19 उस्से बखत शास्त्रियाँ अर प्रधान
याजकां नै उस ताहीं पकड़णा चाह्या, क्यूँके वे समझगे थे के उसनै म्हारै पै
यो उदाहरण कह्या, पर वे माणसां तै डरगे। 20 अर वे उसकी टाह म्ह लाग्गे
अर भेदिए भेज्जै के धर्म का भेष धरकै उसकी कोए ना कोए बात पकड़ै,
ताके उस ताहीं राज्यपाल कै हाथ अर अधिकार म्ह सौंप दें। 21 उननै उसतै
न्यू बुझ्झया, "हे गुरु, हमनै बेरा सै के तू ठीक कहवै अर सिखावै भी सै,
अर किसे की मेरै कोनी लेन्दा, बल्के परमेसवर की राह सच्चाई तै बतावै
सै। 22 के म्हारा कैसर तै चुंगी देणा ठीक सै या कोनी?" 23 उसनै उनकी
श्याणपत ताहीं ताड़कै उनतै कह्या, 24 "एक दीनार (एक दिन की मजदूरी)

मन्नै दिखाओ। इसपै किसकी छाप अर नाम सै?" उननै कह्या, "कैसर का।"
25 उसनै उन ताहीं कह्या, "तो जो कैसर का सै, वो कैसर नै द्यो, अर जो
परमेसवर का सै, वो परमेसवर नै द्यो।" 26 वे माणसां कै स्याम्ही इस बात
म्ह उसनै पकड़ कोनी सके, बल्के उसकै जवाब तै हैरान होकै बोल-बाल्ले
रहगे। 27 फेर सदूकी जो कहवै सै के मरे होया का जिन्दा होणा सै ए कोनी
उन म्ह तै कुछ नै उसकै धोरै आकै बुझ्झया, 28 "हे गुरु, मूसा नबी नै म्हारै
खात्तर यो लिख्या सै: जै किसे का भाई अपणी घरआळी कै रहन्दे बेऊलादा
मर जावै, तो उसका भाई उसकी घरआळी तै ब्याह करले, अर अपणे भाई कै
खात्तर पीढ़ी पैदा करै। 29 सात भाई थे, पैहल्ड़ा भाई ब्याह करकै बेऊलादा
मरग्या। 30 फेर दुसरे 31 अर तीसरे नै भी उस बिरबान्नी तै ब्याह कर लिया।
इस तरियां तै सात्तु बेऊलादे मरगे। 32 आखर म्ह वा बिरबान्नी भी मरगी। 33
आखर म्ह जिन्दा होण पै वा उन म्ह तै किसकी घरआळी होवैगी, क्यूँके वा
सातुवां की घरआळी हो ली थी।" 34 यीशु नै उनतै कह्या, "इस युग की
ऊलादां म्ह ब्याह होवै सै, (aiōn g165) 35 पर जो माणस इस जोग्गे ठहरैगें के
उस युग नै अर मरे होया म्ह तै जिन्दा उठ्ठणके पद नै पा लेवै, उन म्ह ब्याह
शादी कोनी होन्दी। (aiōn g165) 36 वे दुबारै मरण के भी कोनी, क्यूँके वे
सुर्गदूत्तां की ढाळ होवैगें, अर पुनरुत्थान की ऊलाद होणे तै परमेसवर की
भी ऊलाद होवैगें। 37 पर इस बात ताहीं के मरे होए जिन्दा होवै सै, मूसा
नबी नै भी झाड़ी की कहाँनी म्ह दिखाया सै के वो प्रभु ताहीं 'अब्राहम का
परमेसवर, अर इसहाक का परमेसवर अर याकूब का परमेसवर कहवै सै।'
38 परमेसवर तो मुर्दा का कोनी पर जिन्दा का परमेसवर सै: क्यूँके उसकै
लोवै सारे जिन्दे सै।" 39 फेर न्यू सुणकै शास्त्रियाँ म्ह तै कुछ नै न्यू कह्या,
"हे गुरु, तन्नै ठीक कह्या।" 40 अर उननै दुबारै उसतै कुछ और बुझ्झण की
हिम्मत कोनी करी। 41 फेर उसनै उनतै बुझ्झया, "मसीह नै दाऊद की
ऊलाद किस तरियां कहवै सै?" 42 दाऊद खुदे भजन संहिता की किताब म्ह
कहवै सै: 43 प्रभु नै मेरै प्रभु तै कह्या, "मेरै सोळे कान्ही बैठ, जिब ताहीं के
मै तेरे बैरियाँ तेरे पायां म्ह न्ही झुका दियुँ।" 44 दाऊद तो उसनै प्रभु कहवै
सै, "तो फेर वो उसकी ऊलाद किस ढाळ होया?" 45 जिब सारे सुणै थे, तो
उसनै अपणे चेल्यां तै कह्या, 46 "शास्त्रियाँ तै चौकन्ने रहियो, जिनताहीं

लाम्बे-लाम्बे चोगे पहरकै हांडणा आच्छा लाग्गै सै, अर जिन नै बजारां म्ह
नमस्कार, अर आराधनालयाँ म्ह खास बैठणा अर जिम्मण म्ह खास जगहां
प्यारी लाग्गै सै। 47 वे बिधवायाँ के घर खा जावै सै, अर दिखाण खात्तर घणी
वार ताहीं प्रार्थना करदे रहवै सै: ये घणा दण्ड पावैगें।"

**21** फेर उसनै निगांह ठाकै सहूकारां ताहीं अपणा-अपणा दान भण्डार म्ह
घालदे देख्या। 2 उसनै एक कंगाल बिधवा ताहीं भी उस म्ह दो दमड़ी (जो
एक धेले कै बराबर होवै सै) घालदे देख्या। 3 फेर उसनै कह्या, "मै थमनै सच
कहूँ सूं के इस कंगाल बिधवा नै सारया तै बाध घाल्या सै। 4 क्यूँके उन
सारया नै अपणी-अपणी बढ़दी म्ह तै दान म्ह कुछ घाल्या सै, पर इसनै
अपणी घटी म्ह तै अपणी सारी कमाई घाल्ली सै।" 5 जिब घणखरे माणस
मन्दर कै बाबत कहरे थे के वो किसे सुथरे पत्थरां अर भेटां की चिज्जां तै
समारया गया सै, तो उसनै कह्या, 6 "वे दिन आवैगें, जिन म्ह यो सारा जिन
नै थम देक्खो सो, उन म्ह तै उरै किसे पत्थर पै पत्थर भी कोनी रहवैगा, जो
गेरया न्ही जावैगा।" 7 उननै उसतै बुझ्झया, "हे गुरु, यो सारा कद होवैगा?
अर ये बात जिब पूरी होण पै होवैगी, तो उस बखत की के निशान्नी होवैगी?"
8 उसनै कह्या, "चौकन्ने रहियो के भकाए ना जाओ, क्यूँके घणखरे मेरै नाम
तै आकै कहवैगें, 'मै वोए सूं,' अर न्यू भी के, 'बखत लोवै आण पोंहच्या
सै।,' थम उनकै पाच्छै ना चले जाइयो। 9 जिब थम रोळे अर झगड़े का जिक्र
सुणो तो घबराईयो ना, क्यूँके इनका पैहल्या होणा जरूरी सै, पर उस बखत
जिब्बे खात्मा कोनी होवैगा।" 10 फेर उसनै उनतै कह्या, "जात पै जात अर
राज्य पै राज्य चढ़ाई करैगा, 11 अर बड़े-बड़े हाल्लण आवैगें, अर जगहां-
जगहां अकाळ अर महामारियाँ पड़ैंगी, अर अकास म्ह खतरनाक बात अर
बड़े-बड़े निशान जाहिर होवैगें।" 12 पर इन सारी बात्तां तै पैहल्या मेरै नाम कै
बाबत थमनै पकड़ैगें, अर कांल करैगें, अर आराधनालयाँ म्ह सौपैगें, अर जेळ
म्ह गिरवावैंगे, राज्यपालों अर राजयां कै स्याम्ही ले जावैंगे। 13 पर यो थारे
खात्तर गवाही देण का मौक्का हो जावैगा। 14 इस करकै अपणे-अपणे मन
म्ह ठान ल्यो के हम पैहल्या तै जवाब देण की फिक्र कोनी करागें। 15 क्यूँके
मै थारे ताहीं इसा बोल अर समझ दियुँगा के थारे सारे बिरोधी सामना या
खण्डन कोनी कर सकैगें। 16 थारे माँ-बाप, अर भाई अर कुण्बा, अर साथी

भी थमनै पकड़वावैगें, उरै ताहीं के थारे म्ह तै कईयाँ नै मरवा देवैगें। 17 मेरै
नाम कै कारण सारे माणस थारे तै बैर राक्खैगें। 18 पर थारे सिर का एक
बाळ भी बाँका कोनी होवैगा। 19 अपणे धीरज तै थम अपणी जान नै बचाए
राक्खोगे। 20 “जिब थम यरुशलेम की पलटन तै घिरया होया देक्खो, तो
जाण लियो के उसका उजड़ जाणा लोवै सै। 21 फेर जो यहूदिया परदेस म्ह
हों पहाड़ां पै भाज जावै, अर जो यरुशलेम नगर कै भीत्तर हों वे बाहरणै
लिकड़ जावै, अर जो गाम्मां म्ह हों वे उस म्ह न्ही जावै। 22 क्यूँके ये बदला
लेण के इसे दिन होंगे, जिन म्ह लिक्खी होई सारी बात पूरी हो जावैगी। 23
उन दिनां म्ह जो गर्भवती अर दूध पिलान्दी बिरबान्नी होवैगीं, उनकै खात्तर
भागणा भी मुश्किल होगा! क्यूँके देश म्ह बड्ड़ा क्लेश अर इन माणसां पै
बड्ड़ा प्रकोप होवैगा। 24 वे तलवार की कौर हो जावैंगे, अर सारे देश कै
माणसां म्ह कैदी होकै पोहुचाये जावैंगे, अर जिब ताहीं गैर यहूदी का बखत
पूरा कोनी होवै, जद ताहीं यरुशलेम गेरजात्तां तै रोंद्या जावैगा। 25 “सूरज,
चाँद, अर तारां म्ह निशान्नी दिखैगी, अर धरती पै देश-देश के आदमियाँ
पै संकट होगा, क्यूँके वे समुन्दर कै गरजण अर लहरां के रोळें तै घबरां
जावैंगे। 26 भय कै कारण अर दुनिया पै आण आळी घटनायां की बाट
देखदे-देखदे माणसां कै जी म्ह जी कोनी रहवैगा, क्यूँके अकास की शक्तियाँ
हलाई जावैगी। 27 फेर वे माणस के बेट्टे नै सामर्थ अर बड्डी महिमा कै गेल्या
बादळां पै आन्दे देखैगें। 28 जिब ये बात होण लाग्गै, तो सीध्धे होकै अपणे
सिर उप्पर ठाईयो, क्यूँके थारा छुटकारा लोवै होगा।” 29 यीशु नै उनतै एक
उदाहरण देकै कह्या, “अंजीर के दरखत अर सारे दरखतां नै देक्खो। 30
ज्योए उन म्ह कोंपले लिकड़ै सै, तो थम खुद जाण ल्यो सो, के गर्मी का
बखत लोवै सै। 31 इस तरियां तै जिब थम ये बात होन्दे देक्खो, तो जाण
ल्यो के परमेसवर का राज्य लोवै सै।” 32 मै थमनै साच्ची कहूँ सूं के जिब
ताहीं ये सारी बात न्ही हो ले, जद तक इस पीढ़ी का कदे भी अन्त कोनी
होवैगा। 33 धरती अर अकास टळ जावैंगे, पर मेरी बात कदे न्ही टळैगी। 34
“इस करकै चौकन्ने रहियो, इसा ना हो के थारा मन खुमार, अर मतवालेपण,
अर इस जिन्दगी की फिक्र तै सुस्त हो जावै, अर वो दिन थारे पै फन्दे की
ढाळ चाणचक आण पड़ै। 35 क्यूँके वो सारी धरती के सारे बासिन्दा पै इस

तरियां आण पड़ैगा। 36 इस करकै जागदे रहो अर हर बखत प्रार्थना करदे
रहो के थम इन सारी आण आळी घटनायां तै बचण अर माणस के बेट्टे कै
स्याम्ही खड़े होण कै जोग्गे बण सको।" 37 वो दिन म्ह मन्दर म्ह उपदेश देवै
था, अर रात नै बाहरणै जाकै जैतून नामक पहाड़ पै रह्या करै था, 38 अर
सबेरै नै तड़कै सारे माणस उसकी सुणण की खात्तर मन्दर म्ह उसकै धोरै
आया करै थे।

**22** अखमीरी रोट्टी का त्यौहार जो फसह कुह्यावै सै, धोरै था, 2 अर प्रधान
याजक अर शास्त्री इस बात की टोह् म्ह थे। के यीशु नै किस तरियां मारै, पर
वे माणसां तै डरै थे। 3 फेर शैतान यहूदा म्ह बडग्या, जो इस्करियोती कुह्यावै
अर बारहां चेल्यां म्ह गिण्या जावै था। 4 उसनै जाकै प्रधान याजकां अर
पहरेदार के सरदारां के गेल्या बातचीत करी के किस तरियां यीशु नै उनके
हाथ पकड़वांवां। 5 वे राज्जी होए, अर उस ताहीं रुपिये देण का वादा किया।
6 वो मान ग्या अर मौक्का टोह्ण लाग्या के जिब भीड़ न्ही हो तो उसनै उनके
हाथ पकड़वा दे। 7 फेर अखमीरी रोट्टी कै त्यौहार का दिन आया, जिसम्ह
फसह का मेम्ना बलि करणा जरूरी था। 8 यीशु नै पतरस अर यूहन्ना ताहीं
यो कहकै भेज्या, "जाकै म्हारै खाण खात्तर फसह त्यार करो।" 9 उननै यीशु
तै बुझया, "तू कित्त चाहवै सै के हम उसनै त्यार करा?" 10 यीशु नै चेल्यां
ताहीं कह्या, देक्खो, नगर म्ह बड़्तेए एक आदमी पाणी का पैंढ़ा ठाए होए
थमनै मिलैगा, जिस घर म्ह वो जावै थम उसके पाच्छै चले जाइयो, 11 अर
उसके घर के माल्लिक तै कहियो, "गुरु तेरे तै बुझ्झै सै के वा बैठक कित्त सै
जिस म्ह मै अपणे चेल्यां के गेल्या फसह खाऊँ?" 12 वो थमनै एक सजी-
सजाई बड़ी अटारी दिखा देवैगा, ओड़ैए त्यारी करियो। 13 उननै जाकै, जिसा
उसनै उनतै कह्या था, उस्से तरियां पाया अर फसह का भोज त्यार करया।
14 जद वा घड़ी आगी, के यीशु प्रेरितां गेल्या खाणा खाण बेठ्या। 15 अर
उसनै उन ताहीं कह्या "मन्नै बड़ी लालसा थी के मरण तै पैहल्या यो फसह
भोज थारे गेल्या खाऊँ। 16 क्यूँके मै थमनै सच कहूँ सूं के मै इसनै जिब तक
न्ही खाऊँगा जब तक यो परमेसवर के राज्य म्ह पूरा न्ही हो।" 17 फेर उसनै
अंगूरां के रस का कटोरा लेकै परमेसवर का धन्यवाद करया अर कह्या,
"इसनै ल्यो अर आप्पस म्ह बाँट ल्यो। 18 क्यूँके के मै थमनै कहूँ सूं के जिब

ताहीं परमेसवर का राज्य न्ही आवै तब तक मै अंगूर का रस इब तै कदे न्ही
पिऊँगा।” 19 फेर यीशु नै रोट्टी ली अर परमेसवर का धन्यवाद करकै तोड़ी,
अर चेल्यां ताहीं या कहकै दी, “या मेरी देह सै जो थारे खात्तर दी जा सै: मेरी
याद म्ह न्यूए करया करो।” 20 इसे तरियां तै उसनै खाणे के पाच्छै कटोरा
भी यो कहन्दे होए दिया, “यो कटोरा मेरै उस लहू म्ह जो थारे खात्तर बहाया
जा सै नया करार सै। 21 पर देक्खो, जो मन्नै पकड़वावैगा वो म्हारे गेल्या
इस भोज म्ह शामिल सै। 22 क्यूँके मै माणस का बेट्टा तो जिसा मेरे खात्तर
तय करया गया सै, ठीक उस्से तरियां होण लागरया सै, पर धिक्कार सै उस
माणस पै जिसकै जरिये मै पकड़वाया जाऊँ सूं!” 23 फेर वे आप्पस म्ह
पूच्छताछ करण लाग्ये के म्हारै म्ह तै कौण सै, जो यो काम करैगा। 24 उन
म्ह या बहस भी होगी के म्हारे मै तै कौण बड्ड़ा समझा जावै सै। 25 यीशु नै
उन ताहीं कह्या, “और गैर यहूदियाँ के राजा उनपै राज करै सै, अर जो उनपै
हक जमावैं सै वे भले कुह्वावै सै। 26 पर थम इसे ना होइयो, बल्के जो थारे
म्ह बड्ड़ा सै वो छोट्टे कै बरोब्बर अर जो प्रधान सै, वो सेवक कै बरोब्बर बणै।
27 क्यूँके बड्ड़ा कौण सै, वो जो खाणे पै बेठ्या सै, या वो जो सेवा करै सै?
के वो न्ही जो ज़िम्मण बेठ्या सै? पर मै थारे बिचाळै सेवक बरोब्बर सूं।
28 थम वो सों, जो मेरी मुसीबतां म्ह लगातार मेरै गेल्या रहे, 29 अर जिस
तरियां मेरै पिता नै मेरै खात्तर एक राज्य ठहराया सै, उस्से तरियां मै भी थारे
खात्तर ठहराऊँ सूं, 30 ताके थम मेरै राज्य म्ह मेरी मेज पै खाओ-पीओ बल्के
सिंहासनां पै बैठकै इस्राएल के बारहां गोत्रां का न्याय करो।” 31 “शमौन, हे
शमौन! देख शैतान नै परमेसवर तै हुकम ले लिया सै, के थारे ताहीं परखै
जिस तरियां किसान गेहूँ नै भूसी तै न्यारा करै सै। 32 पर मन्नै तेरे खात्तर
बिनती करी ताके थम मेरे पै बिश्वास करणा ना छोड़ दे, अर जिब थम पाप
करणा छोड़ दे, तो अपणे भाईयाँ नै भी इसाए करण खात्तर कहियो।” 33
उसनै उसतै कह्या, “हे प्रभु मै, तेरे गेल्या जेळ जाण, बल्के मरण नै भी त्यार
सूं।” 34 उसनै कह्या, “हे पतरस, मै तन्नै सच कहूँ सूं, के आज मुर्गा बाँग न्ही
देवैगा जब ताहीं तू तीन बर मेरै बारै म्ह मुकरैगा जावैगा, के मै तन्नै न्ही
जाण्दा।” 35 फेर यीशु नै चेल्यां ताहीं कह्या, “जिब मन्नै थारे ताहीं वचन
सुणाण खात्तर बटुए, अर झोळी, अर जूत्याँ कै बिना भेज्या था, तो के थमनै

किसे चीज की कमी होई थी?” उननै कह्या, “किसे चीज की न्ही।” 36 उसनै
चेल्यां तै कह्या, “पर इब जिसकै धोरै बटुआ ना हो वो उसनै ले अर उस्से
तरियां जिसकै धोरै तलवार न्ही हो तो वो अपणे लत्ते बेचकै एक मोल लेवै।
37 क्यूँके मै थमनै कहूँ सूं, यो जो पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै, ‘वो गुन्हेगार
गेल्या गिण्या गया,’ उसका मेरै म्ह पूरा होणा जरूरी सै, क्यूँके मेरै बारै म्ह
लिखी सारी बात्तां का होणा जरूरी सै।” 38 चेल्यां नै कह्या, “हे प्रभु याड़ै दो
तलवार सै।” यीशु नै उन ताहीं कह्या, “भतेरी सै।” 39 फेर यीशु बारणै
लिकड़कै अपणी रीत के मुताबिक जैतून कै पहाड़ पै गया, अर चेल्लें उसकै
पाच्छै हो लिये। 40 उस जगहां पोहुच कै उसनै चेल्यां तै कह्या, “प्रार्थना करो
कै थम परखे ना जाओ।” 41 अर आप उनतै न्यारा एक डळा फेकण के
बराबर जितनी दूर गया, अर गोड्डे टेक कै प्रार्थना करण लाग्या, 42 “हे पिता
जै तू चाहवै तो इस दुख के कटोरे नै मेरै धोरै तै हटा ले, तोभी मेरी न्ही पर
तेरी मर्जी पूरी हो।” 43 फेर सुर्ग तै एक सुर्गदूत उसनै दिख्या जो उसनै
सामर्थ दिया करै था। 44 वो और घणे संकट म्ह काल होकै और भी मन तै
प्रार्थना करण लाग्या, अर उसका पसीन्ना मान्नो लहू की बड्डी-बड्डी बूँदां के
जू धरती पै गिरै था। 45 फेर वो प्रार्थना तै उठ्या अर अपणे चेल्यां कै धोरै
आकै उन ताहीं उदासी कै मारै सोन्दे पाया। 46 अर उनतै कह्या, “क्यूँ सोवों
सों? उठ्ठो, प्रार्थना करो के थम परखे ना जाओ।” 47 यीशु न्यू कहण ए
लागरया था, के एक भीड़ आई, अर उन बारहां चेल्यां म्ह तै एक जिसका
नाम यहूदा था उसकै आग्गै-आग्गै आण लाग रह्या था। वो यीशु कै धोरै
आया के उसनै चूम ले। 48 यीशु नै उसतै कह्या, “हे यहूदा, के तू चुम्मा लेकै
माणस के बेट्टा नै पकड़वावै सै?” 49 उसकै साथियाँ नै जद देख्या के, के
होण आळा सै, तो कह्या “हे प्रभु, के हम तलवार चलावां?” 50 अर उन म्ह
तै एक नै महायाजक के नौक्कर पै तलवार चलाकै उसका सोळा कान उड़ा
दिया। 51 इसपै यीशु नै कह्या, “इब बस करो।” अर उसका कान छू कै उस
ताहीं ठीक करया। 52 फेर यीशु नै प्रधान याजकां अर मन्दर कै पैहरेदारां कै
सरदारां अर यहूदी अगुवां तै, जो उसपै चढ़ ग्ये थे, कह्या, “के थम मन्नै डाकू
जाणकै तलवार अर लाठ्ठी लेकै लिकड़े सो? 53 जद मै मन्दर म्ह हरेक दिन
थारे गेल्या था, तो थमनै मेरै हाथ भी कोनी लाया, पर यो थारा बखत सै, अर

अन्धकार का हक सै।" 54 फेर वे यीशु नै पकड़कै ले चाल्ले, अर महायाजक
कै घर म्ह लाये, पतरस दूरे ए दूर उसकै पाच्छै-पाच्छै चाल्लै था। 55 अर जद
वे आँगण म्ह आग सुलगाकै कठ्ठे बेठ्ठे, तो पतरस भी उसके बिचाळै बैठग्या।
56 फेर एक नौकराणी उस ताहीं आग कै चाँदणे म्ह बेठ्या देखकै अर उस
कान्ही देखकै कहण लाग्गी, "यो भी तो उसकै गेल्या था।" 57 पर पतरस नै
यो कहकै मना कर दिया, के "हे, जनानी मै उसनै कोनी जाणदा।" 58 थोड़ी
हाण पाच्छै किसे और नै पतरस ताहीं देखकै कह्या, "तू भी तो उन म्ह तै ए
सै।" उसनै कह्या, "हे भाई, मै वो कोनी।" 59 कोए एक घंटे कै पाच्छै एक
और माणस पक्के बिश्वास तै कहण लाग्या, "सही म्ह यो भी तो उसकै
गेल्या था, क्यूँके यो गलीलवासी सै।" 60 पतरस नै कह्या, "हे भाई, मै न्ही
जाण्दा के तू के कहवै सै!" वो या कहवैए था के मुर्गे नै बाँग देई 61 फेर
घूमकै प्रभु नै पतरस की ओड़ देख्या अर पतरस नै प्रभु की बात याद आई
जो उसनै कही थी: "आज मुर्गे कै बाँग देण तै पैहल्या, तू तीन बर इन्कार
करैगा।" 62 अर वो बारणै लिकड़कै नै फूट-फूटकै रोण लाग्या। 63 जो
माणस यीशु नै पकड़े होए थे, वे उसका मजाक बणाकै पीटण लाग्गे, 64 अर
उसकी आँख ढँक कै उसतै बुझ्या, "भविष्यवाणी करकै बता के तेरे किसनै
मारया!" 65 अर उननै घणीए बुराई की बात उसकै बिरोध म्ह कही। 66 जिब
दिन लिकड़या तो यहूदी अगुवें, प्रधान याजक अर शास्त्री कठ्ठे होए, अर उस
ताहीं अपणी बड्डी सभा म्ह ल्याकै बुझ्या, 67 "जै तू मसीह सै, तो म्हारै ताहीं
कह दे!" उसनै उनतै कह्या, "जै मै थारे तै कहूँ, तो बिश्वास कोनी करोगे,
68 अर जै बुझ्झु, तो जवाब न्ही द्योगे। 69 पर इब तै मै माणस का बेट्टा
सर्वशक्तिमान परमेसवर कै सोळी ओड़ बेठ्या रहूँगा।" 70 इसपै सब नै
कह्या, "तो के तू परमेसवर का बेट्टा सै?" यीशु नै उन ताहीं कह्या, "थम
अपणे-आप्पे कहो सों, क्यूँके मै सूं।" 71 फेर उननै कह्या, "इब हमनै गवाह
की के जरूरत सै, क्यूँके हमनै आप्पे उसकै मुँह तै सुण लिया सै।"

**23** फेर सारी मंडळी उठकै यीशु नै राज्यपाल पिलातुस कै धोरै लेग्यी।
2 वो ये कहकै उसपै इल्जाम ल्गाण लाग्गे, "हमनै इस ताहीं माणसां नै
भकांदे, अर कैसर नै चुंगी देण तै मना करदे, अर खुद नै मसीह, राजा कहन्दे
होए सुण्या सै।" 3 पिलातुस नै उसतै बुझ्झया, "के तू यहूदियाँ का राजा

सै?” उसनै उस ताहीं जवाब दिया, “तू आप ए कहण लागरया सै।” 4 फेर
पिलातुस नै प्रधान याजकां तै अर माणसां तै कह्या, “मन्नै इस आदमी म्ह
कोए खोट न्ही पाया।” 5 पर वे और भी बिश्वास के गेल्या कहण लाग्गे, “यो
गलील परदेस तै लेकै याड़ै ताहीं, सारे यहूदिया परदेस के माणसां नै उपदेश
देकै दंगा करवावै सै।” 6 या सुणकै पिलातुस नै बुझया, “के यो आदमी
गलीलवासी सै?” 7 अर या जाणकै के वो हेरोदेस की रियासत का सै, उस
ताहीं हेरोदेस के धोरै भेज दिया, क्यूँके उस बखत वो भी यरुशलेम म्ह था। 8
हेरोदेस यीशु नै देखकै घणा राज्जी होया, क्यूँके वो घणे दिनां तै उसनै देखणा
चाहवै था, इस खात्तर के उसके बारै म्ह सुण्या था, अर उसतै किमे चमत्कार
देखण की आस राक्खै था। 9 वो उसतै भोत-सी बात बुझता रह्या, पर उसनै
उस ताहीं कोए भी जवाब न्ही दिया। 10 प्रधान याजक अर शास्त्री खड़े होए
तन मन तै उसपै इल्जाम लगान्दे रहे। 11 फेर हेरोदेस नै अपणे सिपाहियाँ
के गेल्या उसकी बेजती करकै मजाक उड़ाया, अर भड़कीले लत्ते पिराह
के उस ताहीं पिलातुस के धोरै भेज दिया। 12 उस्से दिन पिलातुस अर
हेरोदेस साथी बणगे, इसतै पैहल्या वे एक-दुसरे के दुश्मन थे। 13 पिलातुस
नै प्रधान याजकां, सरदारां अर माणसां नै बुलाकै उन ताहीं कह्या, 14 “थम
इस आदमी नै माणसां का भकाण आळा बताकै मेरै धोरै ल्याए सों, अर
देक्खो, मन्नै थारे स्याम्ही उसकी जाँच करी, पर जिन बात्तां का थम उसपै
इल्जाम लगाओ सों उन बात्तां के बारै म्ह मन्नै इस म्ह कोए भी खोट कोनी
पाया, 15 ना हेरोदेस नै दोषी पाया, क्यूँके उसनै इस ताहीं म्हारै धोरै भेज
दिया सै: अर देक्खो, उसतै इसा कुछ कोनी होया के वो मौत की सजा के
काबिल ठहराया जावै। 16 इस खात्तर मै इसनै छित्वा कै छोड़ द्यु सूं।” 17
(पिलातुस त्यौहार के बखत उनकै खात्तर एक कैदी नै छोड़ण पै मजबूर था।)
18 फेर सारे मिलकै चिल्ला उठे, “इसका काम तमाम करदे, अर म्हारै खात्तर
बरअब्बा नै छोड़दे!” 19 वो किसे बलवे के कारण जो नगर म्ह होया था, अर
हत्या के कारण जेळ म्ह गेरया ग्या था 20 पर पिलातुस नै यीशु ताहीं छोड़ण
की इच्छा तै माणसां ताहीं फेर समझाया, 21 आखर उननै रुक्के मारकै
कह्या, “उसनै क्रूस पै चढ़ा, क्रूस पै!” 22 उसनै तीसरी बर उन ताहीं कह्या,
“क्यांतै उसनै के बुरा करया सै? मन्नै उस म्ह मौत की सजा के काबिल कोए

बात कोनी पाई। इस तरियां मै इसनै छित्वा कै छोड़ देऊ सूं।" 23 पर वे
रुक्के मार-मारकै पाच्छै पड़ ग्ये के वो क्रूस पै चढ़ाया जावै, अर उनका रुक्के
मारणा तेज होग्या। 24 आखर पिलातुस नै हुकम दिया के उनकी बिनती के
मुताबिक करया जावै। 25 उसनै उस आदमी के जो बलवे अर हत्या के
कारण जेळ म्ह गेरया ग्या था, अर जिसनै वो माँग्गै थे, छोड़ दिया, अर यीशु
नै उनकी इच्छा के मुताबिक सौप दिया। 26 जिब वो यीशु नै लेकै जावै थे, तो
उननै एक माणस जिसका नाम शमौन कुरेनी था, जो गाम म्ह तै आवै था,
पकड़कै उसपै क्रूस लाद दिया के उस्से यीशु के पाच्छै-पाच्छै ले चाल्लै। 27
माणसां की भीड़ उसकै पाच्छै-पाच्छै हो ली उन म्ह घणीए बिरबान्नी भी थी
जो उसकै खात्तर छात्ती पीट्टै अर रोवै धोवै थी। 28 यीशु नै उनकै कान्ही
मुड़कै कह्या, "हे यरुशलेम की बेटियों, मेरै खात्तर ना रोओ, पर अपणे अर
अपणे बाळकां के खात्तर रोओ 29 क्यूँके देक्खो, वे दिन आवै सै, जिन म्ह
माणस कहवैंगें, 'धन्य सै वे जो बिरबान्नी जो बाँझ सै अर वे गर्भ जिननै
ऊलाद न्ही पैदा करी, अर वे स्तन जिन नै दूध न्ही पियाया।' 30 उस बखत
'माणस पहाड़ां अर टीलां तै कहण लाग्ये के म्हारै पै आण पड़ो, अर हमनै
ढँक ल्यो।'" 31 क्यूँके वे जिब हरे रुखां गेल्या इसा करै सै, तो सूख्या कै
गेल्या के किमे न्ही करया ज्यागा? 32 वे और दो माणसां नै भी जो बुरे काम
करण आळे थे यीशु कै गेल्या मारण नै ले चाल्ले। 33 जद वे उस जगहां पै
पोहचे जो "खोपड़ी" यानी इब्रानी भाषा म्ह "गुलगुता" कुह्वावै सै, तो उननै
ओड़ै यीशु ताहीं अर बुरे काम करण आळे ताहीं भी, एक नै सोळी अर दुसरे
नै ओळी ओड़ क्रूस पै चढ़ाए। 34 फेर यीशु नै कह्या, "हे पिता इन्हनै माफ
कर, क्यूँके ये न्ही जाणदे के ये के करै सै।" अर उननै पर्ची गेर कै उसके लत्ते
बांड लिए। 35 माणस खड़े-खड़े देक्खै थे, अर सरदार भी मजाक करकै
कहवै थे "इसनै औरां ताहीं बचाया, जै यो परमेसवर का मसीह सै, अर
उसका छाट्या होए सै, तो अपणे-आपनै बचाले।" 36 सिपाही भी धोरै आकै
अर सिरका देकै उसका मजाक बणा के कहवै थे, 37 "जै तू यहूदियाँ का
राजा सै, तो अपणे-आपनै बचाले!" 38 अर उसकै उप्पर एक दोषपत्र भी
लगा दिया: "यो यहूदियाँ का राजा सै।" 39 जो बुरे काम करणीये ओड़ै
लटकाए गए थे, उन म्ह तै एक नै उसकी बेजती करकै कह्या, "के तू मसीह

कोनी? फेर अपणे-आपनै अर हमनै बचा!" 40 इसपै दुसरे नै उस ताहीं
धमका के कह्या, "के तू परमेसवर तै भी कोनी डरदा? तू भी तो वाए सजा
पा रया सै, 41 हम तो न्याय के मुताबिक सजा पारे सां, क्यूँके हम अपणे
काम्मां की ठीक सजा पारे सां, पर उसनै कोए गलत काम न्ही करया।" 42
फेर उसनै कह्या, "हे यीशु, जद तू अपणे राज्य म्ह आवै, तो मेरी खियास
करिये।" 43 उसनै उस ताहीं कह्या, "मै तन्नै सच कहूँ सूं के आजे तू मेरै
गेल्या सुर्गलोक म्ह होगा।" 44 करीबन दोफ्फारै तै तीन बजे ताहीं सारे देश
म्ह अन्धेरा होया रह्या, 45 अर सूरज का चाँदणा जान्दा रह्या, अर मन्दर का
पड़दा बिचाळै तै पाटग्या, 46 अर यीशु नै जोर तै किल्की मारकै कह्या, "हे
पिता, मै अपणी आत्मा तेरे हात्थां म्ह सौंप्पू सूं।" अर या कह के जी दे
दिया। 47 सूबेदार नै जो कुछ होया था देखकै परमेसवर की बड़ाई करी, अर
कह्या, "पक्का यो माणस धर्मी था।" 48 अर भीड़ जो यो देक्खण नै कठ्ठी
होई थी, इस घटना नै देखकै दुख के मारे छात्ती पीटती होई बोहड्गी। 49 पर
उसकै सब जाण-पिच्छाण, अर जो बिरबान्नी गलील परदेस तै उसकै गेल्या
आई थी, दूर खड़ी यो सब देक्खै थी। 50 ओड़ै यूसुफ नाम का यहूदी अगुवां
की सभा का एक सदस्य था जो आच्छा अर धर्मी आदमी था 51 वो सभा
के फैसले अर इस काम तै राज्जी कोनी था। वो यहूदिया परदेस के नगर
अरिमतिया गाम का रहण आळा अर परमेसवर के राज्य की बाट देखण
आळा था। 52 उसनै पिलातुस के धोरै जाकै यीशु की लाश माँग्गी, 53 अर
उस ताहीं उतार के मलमल की चाद्दर म्ह लपेट्या, अर एक कब्र म्ह धरया,
जो पत्थरां म्ह खुदी होए थी, अर उस म्ह कोए कदे न्ही राख्या ग्या था। 54
वो त्यारी का दिन था, अर आराम का दिन शरु होण आळा था। 55 उन
बिरबानियाँ नै जो उसके गेल्या गलील परदेस तै आई थी, पाच्छै-पाच्छै जाकै
उस कब्र ताहीं देख्या, अर यो भी के उसकी लाश किस रीति तै राक्खी गयी
सै। 56 फेर उननै घर बोहड़ के खुशबुदार चीज अर इत्र त्यार करया, अर
आराम कै दिन उननै हुकम के मुताबिक आराम करया।

**24** पर हफ्तै कै पैहल्ड़े दिन तड़कै-तड़कै नै वे उन खुशबुदार चिज्जां नै जो
उननै बणाई थी, लेकै यीशु की कब्र पै आई। 2 उननै पत्थर कब्र पै तै गिरड़्या
होया पाया, 3 पर भीत्तर जाकै प्रभु यीशु की लाश कोनी पाई। 4 जब वे इस

बात तै हैरान होरी थी तो देक्खो दो माणस चमकदे होए लत्ते पहरी होए उनकै
धोरै आण खड़े होए। 5 जिब वे डरगी अर धरती की ओड़ मुँह झुकाए रही तो
उननै उन ताहीं कह्या, "थम जान्दे नै मरे होया म्ह क्यूँ टोह्यो सो? 6 वो उरै
कोनी, पर जिन्दा होग्या सै। याद करो कै उसनै गलील परदेस म्ह रहंदे होए
थारे तै कै कह्या था, 7 जरूरी सै कै मै माणस का बेट्टा पापियाँ कै हात्थां म्ह
पकड़वाया जाऊँ, अर क्रूस पै चढ़ाया जाऊँ, अर तीसरे दिन जी उठ्ठु।" 8 फेर
उसकी बात उनकै याद आई, 9 अर कब्र तै उल्टे आकै उननै उन ग्यारहां नै
अर, सारया ताहीं ये सब बात कह दी। 10 जिन नै प्रेरितां तै ये बात कही वे
मरियम मगदलीनी अर योअन्ना अर याकूब की माँ मरियम अर उसकै साथ
की और भी बिरबान्नी थी। 11 पर उनकी बात उन ताहीं कहाँनी-सी लाग्गी,
अर उननै उसका बिश्वास कोनी करया। 12 फेर पतरस कब्र पै भाज्या ग्या,
अर झुककै लत्यां की पट्टियाँ का ढेर पड़े देक्खे, अर जो होया था उसतै
अचम्भा होया करदा होया अपणे घरां चल्या ग्या। 13 उस्से दिन उन म्ह तै दो
चेल्लें इम्माऊस नाम के गाम म्ह जाण लागरे थे, जो यरुशलेम तै कोए सात
कोंस की दूरी पै था। 14 वे इन सब बात्तां पै जो होई थी, आप्पस म्ह बातचीत
करदे जाण लागरे थे, 15 अर जद वे आप्पस म्ह बातचीत अर पूछताछ करै थे
तो यीशु खुद धोरै आकै उनकै गेल्या चाल्लण लाग्या। 16 पर परमेसवर नै
उनकी आँख न्यू बन्द कर दी थी कै यीशु ताहीं पिच्छाण ना सकै। 17 यीशु नै
उनतै बुझया, "ये कै बात सै, जो थम चाल्दे-चाल्दे आप्पस म्ह करो सों?"
वे खड़े होगे अर उनका मुँह भोत उदास था। 18 या सुणकै चेल्यां म्ह तै
क्लियुपास नाम के एक चेल्लें नै कह्या, "इसा लाग्गै सै के तू यरुशलेम म्ह
एक्ला परदेशी सै, जो न्ही जाण्दा के इन दिनां म्ह इस नगर म्ह के-के होया
सै?" 19 यीशु नै उनतै बुझया, "कौण सी बात? उननै उस ताहीं कह्या, यीशु
नासरी जो नबी था उसकी बात, जो परमेसवर अर सारे माणसां कै स्याम्ही
काम अर वचन म्ह सामर्थी था। 20 अर प्रधान याजकां अर म्हारै सरदारां नै
उस ताहीं पकड़वा दिया ताके उसतै मौत का हुकम दिया जावै, अर उस ताहीं
क्रूस पै चढ़वाया। 21 पर हमनै उम्मीद थी के योए इस्राएल नै रोमी साम्राज्य
तै छुटकारा देवैगा। इन सारी बात्तां कै सिवा इस घटना नै होए आज तीसरा
दिन सै, 22 अर म्हारै म्ह तै कई बिरबानियाँ नै भी म्हारै ताहीं उळझन म्ह गेर

दिया, जो आज सबेरै कब्र पै ग्यी थी, 23 अर जिब उसकी लाश कोनी पाई
तो वा या कहन्दी आई के हमनै सुर्गदूत्तां के दर्शन पाये, जिन नै कह्या के
यीशु जिन्दा सै। 24 फेर म्हारै साथियाँ म्ह तै कई कब्र पै गये, अर जिसा
बिरबानियाँ नै कह्या था उसाए पाया, पर वो कोनी देख्या।" 25 फेर यीशु नै
उन दो चेल्यां तै कह्या, "हे सब बेकुफों अर नबियाँ की सारी बात्तां पै बिश्वास
करण म्ह नासमझों! 26 कै जरूरी कोनी था कै मसीह ये दुख उठाकै अपणी
महिमा म्ह दाखल हो?" 27 फेर उसनै मूसा नबी तै अर सारे नबियाँ तै शरु
करकै सारे पवित्र ग्रन्थां म्ह तै अपणे बारै म्ह लिक्खी बात्तां का मतलब, उन
ताहीं समझा दिया। 28 इतनै म्ह वो उस गाम कै धोरै पोहचे जित्त वे जावै थे,
अर उसके ढंग तै इसा लाग्या के वो आग्गै जाणा चाहवै सै। 29 पर उननै यो
कहकै उस ताहीं रोक्या, "म्हारै गेल्या रह, क्यूँके साँझ होली सै अर दिन इब
घणा ढळग्या सै।" फेर वो उनकै गेल्या रहण के खात्तर भीत्तर ग्या। 30 जद
वो उनकै गेल्या खाणा खाण बेठ्या, तो उसनै रोट्टी लेकै धन्यवाद करया अर
उस ताहीं तोड़कै उननै देण लाग्या। 31 फेर उनकी आँख खुलगी, अर उननै
उस ताहीं पिच्छाण लिया, अर वो उनकी आँखां तै ओन्झळ होग्या। 32 उननै
आप्पस म्ह कह्या, "जद वो म्हारै तै रास्ते म्ह बात करै था अर पवित्र ग्रन्थ का
मतलब हमनै समझावै था, तो कै म्हारै मन म्ह जोश न्ही आया?" 33 वो
उस्से बखत जिब्बे उठकै यरुशलेम नगर म्ह चले गये, अर उन ग्यारहां चेल्यां
अर उनकै साथियाँ ताहीं उननै कठ्ठे मिलगे। 34 वो कहवै थे, "प्रभु साच्चेए
जी उठ्या, अर शमौन नै दिख्या।" 35 फेर उन दो चेल्यां नै भी राह म्ह होई
घटना के बारें ब्यौरा सुण्या अर किस तरियां खाणा खान्दे बखत उननै मसीह
यीशु ताहीं पिच्छाणा लिया था। 36 वे ये बात करै ए थे के वो खुद ए उनके
बिचाळै आण खड्या होया, अर उन ताहीं कह्या, "थमनै शान्ति मिलै।" 37
पर वे घबरागे अर डरगे, अर समझे के हम किसे भूत नै देक्खां सां। 38 यीशु
नै उनतै कह्या के, "क्यूँ घबराओ सों? अर थारे मन म्ह क्यूँ बैहम हो सै? 39
मेरै हाथ-पायां नै देक्खो के मै वोए सूं। मन्नै छू के देक्खो, क्यूँके आत्मा के
हाड-माँस कोनी होन्दे जिसा मेरै म्ह देक्खो सों।" 40 न्यू कहकै उसनै उन
ताहीं अपणे हाथ पैर के घा दिखाए। 41 जद खुशी के मारै उननै बिश्वास
कोनी होया, अर वो अचम्भा मान्नै थे, तो यीशु नै उन ताहीं बुझया, "के याड़ै

थारे धोरै किमे खाण नै सै?” **42** चेल्यां नै उस ताहीं भुनी होई मच्छी का
टुकड़ा दिया। **43** उसनै वो मच्छी का टुकड़ा लेकै उनकै आग्गै खाया। **44** फेर
उसनै उन ताहीं कह्या, “ये मेरी वे बात सै, जो मन्नै थारे गेल्या रहंदे होए थारे
तै कही थी के जरूरी सै जितनी बात मूसा नबी की नियम-कायदा अर नबियाँ
अर भजनां की किताबां म्ह मेरै बारै म्ह लिक्खी सै, सारी पूरी हों।” **45** फेर
उसनै पवित्र ग्रन्थ बुझण के खात्तर उनकी बुद्धि खोल दी, **46** अर उनतै कह्या,
“यो पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै के मसीह दुख ठावैगा, अर तीसरे दिन मरे
होया म्ह तै जी उठ्ठैगा, **47** अर यरुशलेम तै लेकै सारी जात्तां म्ह पापां नै
छोड़ण का अर पापां की माफी का प्रचार, उसकै-ए नाम तै करया जावैगा।
**48** थम इन सारी बात्तां के गवाह सों। **49** अर देक्खो, मै थारे पै पवित्र आत्मा
भेज्जूँगा जिसा मेरे पिता नै कह्या सै, जिब तैई पवित्र आत्मा थारे पै न्ही आवै,
अर थम सुर्ग तै सामर्थ ना पाओ, जब ताहीं इसे नगर म्ह रुके रहो।” **50** फेर
यीशु उननै बैतनिय्याह गाम ताहीं बाहर लेग्या, अर अपणे हाथ ठाकै उन ताहीं
आशीर्वाद दिया, **51** अर उननै आशीष देंदे होए वो उनतै न्यारा होग्या अर सुर्ग
पै उठा लिया। **52** फेर वो उसनै नमस्कार करकै बड़ी खुशी तै यरुशलेम चले
गए, **53** अर वे लगातार मन्दर म्ह हाज्जर होकै परमेसवर की भगति करया
करै थे।

# यूहन्ना

1 दुनिया बणण तै पैहल्या वचन था, अर वचन परमेसवर कै गेल्या था, अर
वचन परमेसवर था। 2 यो वचन ए शरुआत तै परमेसवर कै गेल्या था। 3
दुनिया की हरेक चीज उस्से कै जरिये बणी सै, अर उसके बिना किसे भी
चीज की रचना न्ही होई। 4 वो जीवन का जरिया था, अर वो जीवन मानव
जात्ति कै खात्तर चाँदणा था। 5 चाँदणा अन्धेरै म्ह चमकै सै, अर अन्धेरा उस
ताहीं बुझा न्ही सक्या। 6 परमेसवर कै ओड़ तै भेज्जा होया एक माणस
आया, जिसका नाम यूहन्ना था। 7 वो गवाही देण खात्तर आया के माणसां नै
चाँदणे की गवाही देवै, के सारे माणस उसकै जरिये चाँदणे पै बिश्वास करै। 8
वो खुद तै वो चाँदणा कोनी था, पर माणसां नै उस्से चाँदणे की गवाही देण
खात्तर आया था। 9 जो साच्चा चाँदणा था, हरेक माणस नै ज्ञान का चाँदणा
देवै सै, वो धरती पै आण आळा था। 10 वो दुनिया म्ह था, अर दुनिया उसकै
जरिये बणी, अर दुनिया के माणसां नै उस ताहीं न्ही पिच्छाण्या। 11 वो
अपणे यहूदी माणसां कै धोरै आया अर उसके अपणे लोग्गां नै उस ताहीं
कोन्या अपणाया। 12 पर जितन्या नै उस ताहीं अपणाया, उसनै उन ताहीं
परमेसवर के ऊलाद होण कि हक दिया। 13 वे कुदरती तौर पै ना तो पूर्वजां
तै, ना देह की मर्जी तै, ना माणसां की मर्जी तै, पर परमेसवर की मर्जी तै पैदा
होए सै। 14 अर वचन देह धारण करकै आया, अर अनुग्रह अर सच्चाई तै
भरकै म्हारै बिचाळै रहण लाग्या, अर हमनै उसकी इसी महिमा देक्खी,
जिसी पिता कै इकलौते बेट्टे की महिमा। 15 यूहन्ना नै उसकै बारै म्ह गवाही
दी, अर रुक्का मारकै बोल्या, "यो वोए सै, जिसका मन्नै जिक्र करया के जो
मेरै पाच्छै आण लागरया सै, वो मेरतै घणा महान् सै क्यूँके वो मेरतै पैहल्या
था।" 16 क्यूँके उसकी करुणा अर सच्चाई की भरपूरी म्ह तै हम सारया नै
आशीष पै आशीष पाई। 17 इस खात्तर के नियम-कायदे तो मूसा नबी तै
मिले, पर अनुग्रह अर सच्चाई यीशु मसीह कै जरिये पोहची। 18 परमेसवर
ताहीं किसे नै कदे कोन्या देख्या, पर परमेसवर के इकलौते बेट्टे नै, जो सदा
परमपिता कै गैल सै, उस्से नै म्हारे ताहीं दिखाया। 19 यूहन्ना की गवाही या
सै, के जिब यहूदी अगुवां नै यरुशलेम तै याजकां अर लेवियाँ नै उसतै यो
बुझ्झण नै भेज्या, के "तू कौण सै?" 20 फेर उसनै नाट्या कोनी, पर मान

लिया के “मै मसीह कोनी।” 21 फेर उननै यूहन्ना तै बुझ्झया, “तो फेर तू
कौण सै? के तू एलिय्याह नबी सै?” उसनै साफ-साफ कह दिया के, “मै
मसीह कोनी।” “तो के तू वो नबी सै?” उसनै जवाब दिया, “ना।” 22 फेर
उननै यूहन्ना तै बुझ्झया, “फेर तू सै कौण? ताके हम अपणे भेजण आळा
ताहीं जवाब देवां। तू अपणे बारै म्ह के कहवै सै?” 23 वो बोल्या, “जिसा
यशायाह नबी नै बोल्या सैः ‘मै जंगल-बियाबान म्ह एक रुक्का देवण आळे
का वचन सूं, के थम प्रभु का रास्ता सीध्धा करो।’” 24 वे फरीसियों के
कान्ही तै भेज्जै होड़ थे। 25 उननै उसतै यो सवाल बुझ्झया, “जै तू ना मसीह
सै, अर ना एलिय्याह, अर ना वो नबी सै, तै फेर बपतिस्मा क्यांतै देवै सै?”
26 यूहन्ना नै उन ताहीं जवाब दिया, “मै तो थमनै पाणी तै बपतिस्मा देऊँ सूं,
पर थारे बीच म्ह एक माणस खड्या सै जिसनै थम कोनी जाणदे। 27 यानी
मेरै पाच्छै आण आळा सै, जिसके जूत्याँ के फित्ते भी मै खोल्लण जोग्गा
कोनी।” 28 ये बात यरदन नदी तै परली ओड़ बैतनिय्याह गाम म्ह होई, जड़ै
यूहन्ना माणसां ताहीं बपतिस्मा दिया करदा। 29 दुसरे दिन यूहन्ना नै यीशु
ताहीं अपणी ओड़ आन्दे देखकै बोल्या, “देक्खो, यो परमेसवर का मेम्ना सै
जो दुनिया का पाप ठावै सै। 30 यो वोए सै जिसकै बारै म्ह मन्नै कह्या था,
एक माणस मेरै बाद आवै सै जो मेरतै महान् सै, ज्यातै वो मेरतै पैहल्या
था। 31 मै खुद तो उसनै कोनी पिच्छाणु था, पर इस्से खात्तर मै पाणी तै
बपतिस्मा देन्दा होया आया, ताके इस्राएल के माणस उसनै जान ले।” 32
अर यूहन्ना नै या गवाही दीः “मन्नै सुर्ग तै पवित्र आत्मा ताहीं कबूतर की
तरियां अकास तै उतरदे अर उस ताहीं मसीह यीशु पै ठहरते देख्या सै।” 33
मै तो उसनै पिच्छाणु कोनी था, पर जिसनै मेरै ताहीं पाणी तै बपतिस्मा देण
कै खात्तर भेज्या, उस्से नै मेरै ताहीं कह्या, “जिसपै तू आत्मा नै उतरदे अर
ठहरदे देक्खै, वोए पवित्र आत्मा तै बपतिस्मा देणिया सै।” 34 “अर मन्नै
देख्या, अर गवाही दी सै, के योए परमेसवर का बेट्टा सै।” 35 आगले दिन
यूहन्ना अपणे दो चेल्यां कै गैल फेर ओड़ै खड़े थे, 36 अर उसनै यीशु ताहीं
जो उसकै धोरै तै जाण लागरया था, उसकी ओड़ लखाकै बोल्या, “देक्खो,
यो परमेसवर का मेम्ना सै।” 37 जिब्बे वे दोन्नु चेल्लें उसकी या बात सुणकै
यीशु कै गैल हो लिए। 38 यीशु नै मुड़कै उन ताहीं गैल आन्दे देख्या अर उनतै

बोल्या, “थम के चाह्वो सो?” वे उसतै बोल्ले, “हे गुरु, तू कित्त रहवै सै?”
39 यीशु उनतै बोल्या, “चाल्लों, तो देख लियो।” फेर उननै उसकै रहण
की जगहां देक्खी, अर उस दिन उसकै गेल्या रहे। क्यूँके साँझ के करीब
चार बजगे थे। 40 उन दोनुआ म्ह तै, जो यूहन्ना की बात सुणकै यीशु कै
गेल्या हो लिए थे, एक तो शमौन पतरस का भाई अन्द्रियास था। 41 उसनै
पैहल्या अपणे सगे भाई शमौन तै मिलकै उसतै बोल्या, “हमनै ख्रिस्त यानी
मसीह (परमेसवर का अभिषिक्त) मिलग्या।” 42 फेर अन्द्रियास शमौन
नै यीशु कै धोरै ल्याया। यीशु नै उसकी ओड़ लखाकै कह्या, “तू यूहन्ना
का बेट्टा शमौन सैः तू कैफा यानिके पतरस कुआवैगा।” 43 आगले दिन
यीशु नै गलील परदेस जाण का इरादा करया। वो फिलिप्पुस तै मिल्या
अर बोल्या, “मेरै पाच्छै हो ले।” 44 फिलिप्पुस, अन्द्रियास अर पतरस
के नगर बैतसैदा का रहणीया था। 45 फिलिप्पुस नतनएल तै मिल्या अर
उसतै बोल्या, “जिसका जिक्र मूसा नबी नै नियम-कायदा म्ह अर नबियाँ नै
करया सै, वो हमनै मिलग्या सै! वो यूसुफ का बेट्टा, यीशु नासरी सै।” 46
नतनएल नै उसतै बुझ्झया, “के कोए उत्तम चीज भी नासरत तै लिकड़ सकै
सै?” फिलिप्पुस उसतै बोल्या, “चालकै देख ले।” 47 यीशु नै नतनएल
ताहीं अपणी ओड़ आन्दे देखकै उसकै बारै म्ह कह्या, “देक्खो, यो साच्चए
इस्राएली सैः इस म्ह कपट कोनी।” 48 नतनएल नै उसतै बुझ्झया, “तू मन्नै
किस तरियां जाणै सै?” यीशु नै उस ताहीं जवाब दिया, “इसतै पैहल्या के
फिलिप्पुस नै तेरे ताहीं बुलाया, तो मन्नै तेरे ताहीं देख्या था जिब तू अंजीर
कै दरखत तळै था।” 49 नतनएल नै उस ताहीं जवाब दिया, “हे गुरु, तू
परमेसवर का बेट्टा सै, तू इस्राएल का राजा सै।” 50 यीशु नै उस ताहीं जवाब
दिया, “मन्नै जो तेरे तै कह्या के मन्नै तेरे ताहीं अंजीर कै दरखत तळै देख्या,
के तू इस्से बात पै बिश्वास करै सै? तू इसतै भी बड़े-बड़े काम देक्खैगा।” 51
फेर उसनै कह्या, “मै तेरे तै सच-सच कहूँ सूं, के थम सुर्ग नै खुल्या होड़ अर
परमेसवर के सुर्गदूत्तां ताहीं मुझ माणस कै बेट्टे कै खात्तर नीच्चै उतरदे अर
उप्पर जान्दे होए देक्खोगे।”

**2** फेर तीसरे दिन गलील परदेस कै काना नगर म्ह किसे का ब्याह था, अर
यीशु की माँ भी ओड़ैए थी। 2 यीशु अर उसके चेल्लें भी उस ब्याह म्ह न्योंद

राक्खे थे। 3 जिब अंगूर का रस खतम होग्या, फेर यीशु की माँ उसतै बोल्ली,
“उनकै धोरै अंगूर का रस कोनी रहया।” 4 यीशु नै उसतै कह्या, “हे नारी, या
बात तू मेरे तै क्यूँ कहवै सै? इब्बै मेरा बखत कोनी आया।” 5 पर उसकी माँ
नै नौकरां तै कह्या, “जो कुछ यो थारे ताहीं कहवै, न्यूए करियो।” 6 यहूदी
परम्परा के मुताबिक शुद्ध करण कै खात्तर ओड़ै छः पत्थर के पैण्डे धरे थे,
जिन म्ह दो-दो, तीन-तीन मण पाणी आवै था। 7 यीशु नै उनतै कह्या, “पैंढ़ा
म्ह पाणी भर द्यो।” अर उननै वे मुँह तक भर दिए। 8 फेर यीशु नै नौकरां
ताहीं कह्या, “इब काढकै भोज कै प्रधान धोरै ले जाओ।” अर वे लेगे। 9 जिब
भोज कै प्रधान नै वो पाणी चाख्या, जो अंगूर का रस बणग्या था अर वे न्ही
जाणै था के वो कड़ै तै आया सै पर जिन नौकरां नै पाणी काढ्या था वे जाणै
थे फेर भोज कै प्रधान नै बन्दड़े ताहीं बुलाकै उसतै कह्या, 10 “हरेक माणस
पैहल्या बढ़िया अंगूर का रस देवै सै, अर जिब माणस पीकै छिक्क जावै सै,
फेर हल्का देवै सै, पर तन्नै बढ़िया अंगूर का रस इब ताहीं राख राख्या सै।”
11 यीशु नै गलील परदेस के काना नगर म्ह अपणा यो पैहला चिन्ह-चमत्कार
दिखाकै अपणी महिमा जाहिर कर दी अर जिसकी बजह तै उसके चेल्यां नै
उसपै बिश्वास करया। 12 इसकै बाद वो अर उसकी माँ अर उसके भाई अर
उसके चेल्लें कफरनहूम नगर म्ह गए अर ओड़ै कुछ दिन रहे। 13 यहूदियाँ का
फसह का त्यौहार लोवै था, अर यीशु यरुशलेम नगर म्ह गया। 14 उसनै
मन्दर म्ह बळध, भेड़ अर कबूतर बेच्चण आळे अर सर्राफां (पईसा का लेण
देण करण आळे) ताहीं बेठ्ठे होए पाया। 15 फेर उसनै जेवड़ियां का कोरड़ा
बणाकै, सारी भेड्डां अर बळधां ताहीं मन्दर तै काढ दिया, अर सर्राफां के
पईसे खिन्डा दिए अर उनके पीढ़े पलट दिए, 16 अर कबूतर बेचण आळा
ताहीं बोल्या, “इन्हनै उरै तै ले जाओ। मेरै पिता कै घर नै व्यापर का घर ना
बणाओ।” 17 फेर उसकै चेल्यां नै याद आया के पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या होड़
सै, “तेरे घर की धुन मन्नै खा ज्यागी।” 18 इसपै यहूदी अगुवां नै यीशु तै
कह्या, “तू म्हारै ताहीं कौण सा अदभुत निशान दिखा सकै सै?” जो इस
तरियां के काम तू करै सै, यो साबित हो सकै, के तू उसका हक राक्खै सै।
19 यीशु नै उन ताहीं जवाब दिया, “इस मन्दर नै ढ़ा दो, मै इसनै तीन दिन
म्ह बणा दियुँगा।” 20 यहूदी अगुवां नै कह्या, “इस मन्दर कै बणाण म्ह

छियालिस साल लाग्गे सै, अर के तू इसनै तीन दिन म्ह बणा देवैगा?" 21 पर
यीशु नै उनतै अपणी देह रूपी मन्दर कै बारै म्ह कह्या था। 22 आखर म्ह जिब
वो मरे होया म्ह तै जिन्दा होया, जिब उसकै चेल्यां नै याद आई, के उसनै यो
कह्या था, अर उननै पवित्र ग्रन्थ के वचन जो यीशु के जिन्दा होण के बारें म्ह
बतावै सै, अर उननै यीशु के जरिये कहे होए वचनां पै बिश्वास करया। 23
फसह के त्यौहार के दिन्नां म्ह जिब यीशु यरुशलेम नगर म्ह था, तो उसके
जरिये करे गये चिन्ह-चमत्कार के काम्मां नै देखकै घणे माणसां नै उसपै
बिश्वास करया। 24 पर यीशु नै अपणे-आप ताहीं उनकै भरोसै पै कोनी
छोड्या, ज्यातै वो सारया नै जाणै था, 25 अर उसनै इस बात की जरूरत
कोनी थी के कोए आकै उसनै माणसां के बारै म्ह बतावै, क्यूँके वो खुदे जाणै
था के माणस कै मन म्ह के सै?

**3** फरीसियाँ म्ह तै नीकुदेमुस नाम का एक माणस था, जो यहूदियाँ का
प्रधान था। 2 उसनै रात नै यीशु के धोरै आकै उस ताहीं कह्या, "हे गुरु, हमनै
बेरा सै के तू परमेसवर की ओड़ तै म्हारे ताहीं सिखाण खात्तर आया सै,
ज्यातैए कोए इन चिन्ह-चमत्कारां नै जिननै तू दिखावै सै, जै परमेसवर उसकै
गेल्या ना हो, तो दिखा कोन्या सकदा।" 3 यीशु नै उस ताहीं जवाब दिया,
"मै थारे ताहीं सच कहूँ सूं, जै कोए नए सिरे तै ना जन्म ले तो परमेसवर का
राज्य देख न्ही सकदा।" 4 नीकुदेमुस नै उस ताहीं कह्या, "माणस जिब बूढ़ा
होज्या, तो किस ढाळ जन्म ले सकै सै? के वो अपणी माँ कै गर्भ म्ह दुसरी
बर भीत्तर बड़कै जन्म ले सकै सै।" 5 यीशु नै जवाब दिया, "मै तेरे तै
सच कहूँ सूं, जिब ताहीं कोए माणस पाणी अर आत्मा तै ना जन्मे तो वो
परमेसवर के राज्य म्ह बड़ न्ही सकदा। 6 क्यूँके मानव देह म्ह जन्म सिर्फ देह
का जन्म सै, जिब के आत्मा तै जन्म नया जन्म सै। 7 हैरान ना होवै, के मन्नै
तेरे तै कह्या, के थारे ताहीं नए सिरे तै जन्म लेणा जरूरी सै। 8 हवा जितोड़
चाहवै सै उतोड़ चाल्लै सै, अर तू उसकी आवाज सुणै सै, पर जाण्दा कोनी,
के वा कड़ै तै आवै सै अर कितोड़ नै जावै सै? जो कोए पवित्र आत्मा तै
जन्मा सै वो इसाए सै।" 9 नीकुदेमुस नै उस ताहीं जवाब दिया, के या बात
किस ढाळ हो सकै सै? 10 या सुणकै यीशु नै उस ताहीं जवाब दिया, "तू
इस्राएलियाँ का गुरु होकै भी के इन बात्तां नै कोनी समझदा?" 11 मै तेरे तै

साच्ची-साच कहूँ सूं के हम जो जाणां सां, वो कह्वां सां, अर जिस ताहीं
हमनै देख्या सै उसकी गवाही देवां सां, अर जो हम कह्वां सां, उसका थम
बिश्वास कोनी करदे। **12** जिब मन्नै थारैतै दुनिया की बात कही, अर थम
बिश्वास न्ही करदे, तो जै मै थमनै सुर्ग की बात कहूँ, तो फेर किस ढाळ
बिश्वास करोगे? **13** अर कोए सुर्ग पै कोनी चढ़ा, सिर्फ वोए एक सै जो सुर्ग
तै उतरा यानिके मै माणस का बेट्टा। **14** अर जिस ढाळ तै मूसा नबी नै
जंगल-बियाबान म्ह कांस्सी का साँप बणाकै उस ताहीं ऊँच्चे पै चढ़ाया,
उस्से ढाळ तै जरूरी सै के मै माणस का बेट्टा भी ऊँच्चे पै चढ़ाया जाऊँ। **15**
ताके जो कोए मेरे पै बिश्वास करै वो अनन्त जीवन पावै। **(aiōnios g166)** **16**
क्यूँके परमेसवर नै दुनिया के माणसां तै इसा प्यार राख्या के उसनै अपणा
इकलौता बेट्टा दे दिया, ताके जो कोए उसपै बिश्वास करै, वो नाश कोनी होवै,
पर अनन्त जीवन पावै। **(aiōnios g166)** **17** क्यूँके परमेसवर नै अपणा बेट्टा
दुनिया म्ह इस खात्तर न्ही भेज्या, के दुनिया पै दण्ड का हुकम देवै, पर इस
खात्तर भेज्या के दुनिया उसकै जरिये उद्धार पावै। **18** जो परमेसवर के बेट्टे पै
बिश्वास करै सै, उसपै दण्ड का हुकम कोन्या होन्दा, पर जो उसपै बिश्वास
न्ही करदा, वो कसूरवार बणैगा, ज्यांतै के उसनै परमेसवर के इकलौते बेट्टे कै
नाम पै बिश्वास कोनी करया। **19** अर दण्ड कै हुकम का कारण यो सै के
चान्दणा दुनिया म्ह आया सै, अर माणसां नै अन्धेरै ताहीं चाँदणे तै घणा
प्यारा जाण्या क्यूँके उनके काम बुरे थे। **20** क्यूँके जो कोए पाप करै सै, वो
चाँदणे तै बैर राक्खै सै, अर चाँदणे धोरै कोनी आन्दा, क्यूँके उसके पाप
उजागर हो जावैंगे। **21** पर जो सच्चाई पै चाल्लै सै वो चाँदणे धोरै आवै
सै, ताके ये साबित हो जावै के उसके काम परमेसवर की ओड़ तै कराये
गये सै। **22** फेर यीशु अर उसके चेल्लें यहूदिया परदेस म्ह पोहचे, अर वो
ओड़ै उनकै गेल्या रहकै माणसां ताहीं बपतिस्मा देण लाग्या। **23** यूहन्ना भी
शालेम नगर कै धोरै ऐनोन नामक गाम म्ह बपतिस्मा देवै था, क्यूँके ओड़ै
घणाए पाणी था, अर माणस आकै बपतिस्मा लेवै थे। **24** यूहन्ना उस बखत
ताहीं जेळखान्ने म्ह कैद न्ही करया था। **25** ओड़ै यूहन्ना के कुछ चेल्यां
का किसे यहूदी गेल्या पाणी तै शुद्धिकरण कै बारै म्ह बहस होगी। **26** अर
यूहन्ना कै चेल्यां नै आकै उस ताहीं कह्या, "हे गुरु, जो माणस यरदन नदी कै

परली ओड़ तेरी गेल्या था, अर जिसके बारें म्ह तन्नै कह्या सै, देख, वो यीशु
बपतिस्मा देवै सै, अर सारे उसकै धोरै आवै सै।” 27 यूहन्ना नै जवाब दिया,
“माणस नै तब तक कुछ न्ही मिल सकता, जिब तक वो सुर्ग तै ना दिया
जावै।” 28 थारे ताहीं तो पैहले मन्नै बताया था के “मै मसीह कोनी, पर
उसतै पैहले भेज्या गया सूं।” 29 बन्दड़ा बन्दड़ी तै ब्याह करै सै, पर बन्दड़े
का साथी जो खड्या होया उसकी आवाज सुणै सै, बन्दड़े कै वचन तै घणा
खुश होवै सै, अर मै भी खुश सूं। 30 जरूरी सै के वो बधै अर मै घटूँ। 31 जो
सुर्ग तै आवै सै, वो सारया म्ह सबतै महान् सै, जो धरती कान्ही तै आवै सै वो
धरती का सै, अर धरतीए की बात कहवै सै: जो सुर्ग कान्ही तै आवै सै, वो
सारया तै उप्पर सै। 32 उसनै जो कुछ देख्या अर सुण्या सै, वो उस्से की
बात करै सै, पर उसकी गवाही कोए न्ही मानता। 33 जिसनै उसकी गवाही
अपणाई उसनै इस बात पै छाप लगा दी के परमेसवर साच्चा सै। 34 क्यूँके
जिस ताहीं परमेसवर नै भेज्या सै, वो परमेसवर की बात कहवै सै, क्यूँके
परमेसवर उननै बिना किसे माप के पवित्र आत्मा देवै सै। 35 पिता अपणे
बेट्टै तै प्यार करै सै, अर उसनै सारी चीज उसकै हाथ्थां म्ह दे दी सै। 36 जो
बेट्टै पै बिश्वास करै सै, अनन्त जीवन उस्से का सै, पर जो बेट्टै की बात कोनी
मान्दा, उसनै वो अनन्त जीवन कोनी मिलै, इसकी बजाये उसपै परमेसवर
का छो बण्या रहवैगा। (aiōnios g166)

**4** फेर जिब यीशु नै बेरा पाट्या के फरीसियाँ नै सुण्या सै के यीशु यूहन्ना तै
घणे चेल्लें बणावै सै अर उननै बपतिस्मा देवै सै। 2 (ऊतो यीशु खुद न्ही
बल्कि उसके चेल्लें बपतिस्मा देवै थे) 3 फेर वो यहूदिया परदेस नै छोड़कै
दुबारै गलील परदेस म्ह चल्या गया, 4 इस बार उसनै सामरिया परदेस होकै
जाणा पड्या था। 5 इस करकै वो सामरिया परदेस के सूखार नामक एक
नगर म्ह आया, यो नगर उस जगहां कै धोरै था जो याकूब नै अपणे बेट्टे
यूसुफ ताहीं दिया था। 6 अर याकूब का कुआँ भी ओड़ैए था। यीशु सफर का
थक्या होड़ उस कुएँ पै न्यूए बैठग्या। दोपहर का बखत होरया था। 7 इतनै
म्ह एक सामरी बिरबान्नी पाणी भरण आई। यीशु नै उस ताहीं कह्या, “मन्नै
पाणी पिया।” 8 क्यूँके उसके चेल्लें नगर म्ह खाणा मोल लेण जारे थे।
9 उस सामरी बिरबान्नी नै उस ताहीं कह्या, “तू यहूदी होकै मेरे तै सामरी

बिरबान्नी तै पाणी क्यांतै माँग्गै सै?" (क्यूँके यहूदी सामरियाँ तै नफरत करै
थे।) 10 यीशु नै जवाब दिया, "जै तू जाणदी के परमेसवर तन्नै के देणा
चाहवै सै, अर वो कौण सै, जो तेरे तै कहवै सै, 'मन्नै पाणी पिया,' फेर तू
उसतै माँगदी, अर वो तन्नै जीवन का पाणी देन्दा।" 11 बिरबान्नी नै उस
ताहीं कह्या, "हे प्रभु, तेरे धोरै पाणी भरण नै तो किमे सै भी कोनी, अर कुआँ
डून्घा सै, तो फेर वो जीवन का पाणी तेरे धोरै कड़ै तै आया? 12 के तू म्हारै
पूर्वज याकूब तै बड्ड़ा सै, जिसनै म्हारै ताहीं यो कुआँ दिया, अर खुद भी
अपणे ऊलादां, अर अपणे डान्गरां सुधा इस म्ह तै पिया?" 13 यीशु नै उस
ताहीं जवाब दिया, "जो कोए यो पाणी पीवैगा वो फेर तिसाया होगा, 14 पर
जो कोए उस पाणी म्ह तै पीवैगा जो मै उस ताहीं दियुँगा वो फेर अनन्त काल
ताहीं तिसाया कोनी होवैगा, बल्के जो पाणी मै उस ताहीं दियुँगा वो उस म्ह तै
एक चोवा बण ज्यागा जो अनन्त जीवन खात्तर उमड़दा रहवैगा।" **(aiōn
g165, aiōnios g166)** 15 बिरबान्नी नै उस ताहीं कह्या, "हे प्रभु, वो पाणी
मन्नै दे ताके मै तिसाई ना होऊँ अर ना पाणी भरण नै इतनी दूर आऊँ।" 16
यीशु नै उस ताहीं कह्या, "जा अपणे धणी नै याड़ै बुला ल्या।" 17 बिरबान्नी
नै जवाब दिया, "मै बिना धणी की सूं।" यीशु नै उस ताहीं कह्या, "तू ठीक
कहवै सै, 'मै बिना धणी की सूं।' 18 क्यूँके तन्नै पाँच धणी कर लिए सै, अर
जिस माणस कै गेल्या तू इब सै वो भी तेरा धणी कोनी। या तन्नै साच्ची-ए
कही सै।" 19 बिरबान्नी नै उस ताहीं कह्या, "हे प्रभु, मन्नै लाग्गै सै तू नबी
सै। 20 म्हारै सामरी पूर्वजां नै इस्से पहाड़ पै भगति करी, अर यहूदी लोग
कहवै सै, के वा जगहां जड़ै भगति करणी चाहिए यरुशलेम नगर म्ह सै।" 21
यीशु नै उस ताहीं कह्या, "हे नारी," मेरी बात का भरोस्सा कर, के वो बखत
आवै सै, के थम ना तो इस पहाड़ पै पिता की भगति करोगे, ना यरुशलेम
म्ह। 22 थम जिसनै कोनी जाणदे, उसकी भगति करो सो, अर हम यहूदी
लोग जिसनै जाणा सा उसकी भगति करा सां, क्यूँके उद्धार यहूदियाँ म्ह तै
सै। 23 पर वो बखत आवै सै, बल्कि इब भी सै, जिसम्ह सच्चे भगत पिता
की भगति आत्मा अर सच्चाई तै करैगें, क्यूँके पिता अपणे खात्तर इसेए
भगतां नै टोहवै सै। 24 परमेसवर आत्मा सै अर जरूरी सै के उसकी भगति
करण आळे आत्मा अर सच्चाई तै उसकी भगति करै। 25 बिरबान्नी नै उस

ताहीं कह्या, "मै जांणु सूं के मसीह" जो ख्रिस्त कुहावै सै, "आण आळा सै,
जिब वो आवैगा, फेर म्हारै ताहीं सारी बात बता देवैगा।" 26 यीशु नै उस
ताहीं कह्या, "मै जो तेरे तै बोल्लण लागरया सूं, मै वोए सूं।" 27 इतनै म्ह
उसके चेल्लें आण पोहचे, अर हैरान होण लागगे के वो बिरबान्नी तै बतळावै
था, फेर भी किसे नै कोनी बुझ्झया, "तू के चाहवै सै? या क्यातै उसतै
बतळावै सै?" 28 फेर बिरबान्नी अपणा पैंढ़ा छोड़कै नगर म्ह चली गई, अर
माणसां तै कहण लाग्गी, 29 "आओ एक माणस नै देक्खो, जिसनै सारा
किमे जो मन्नै करया मेरै तै बता दिया। कदे योए तो मसीह न्ही सै?" 30 तब
वे नगर के बासिन्दे गाम तै लिकड़कै यीशु कै धोरै आण लाग्गे। 31 इस
बिचाळै उसके चेल्यां नै यीशु तै या बिनती करी, "हे गुरु, किमे खा ले।" 32
पर उसनै उन ताहीं कह्या, "मेरै धोरै खाण खात्तर इसा खाणा सै जिसनै थम
कोनी जाणदे।" 33 फेर चेल्यां नै आप्पस म्ह कह्या, "के कोए उसकै खात्तर
खाणा लेकै आया सै?" 34 यीशु नै उनतै कह्या, "मेरा खाणा यो सै के अपणे
भेजण आळे की मर्जी कै मुताबिक चाल्लुँ अर उसके काम नै पूरा करुँ जो
उसनै कह्या सै। 35 के थम कोनी कहन्दे, 'लामणीयां के इब्बै चार महिन्ने
रहरे सै?' अपणी आँखां तै देक्खों जितने माणस आण लागरे सै, वो उस खेत
की तरियां सै जो काट्टण खात्तर तैयार सै। 36 पैहले तै मजदूर काम करण
लागरया सै अर अपणी मजदूरी पाण लागरया सै, इसका मतलब यो सै के
वो माणसां नै कठ्ठा करण लागरया सै जो अनन्त जीवन पागे। **(aiōnios g166)**
37 क्यूँके याड़ै या कहावत ठीक बेठ्ठै सैः बोणआळा और सै, अर काट्टण
आळा और। 38 मन्नै थारे ताहीं वो खेत काट्टण खात्तर भेज्या जिसम्ह थमनै
मेहनत कोन्या करी दुसरयां नै मेहनत करी अर थम उनकी मेहनत कै फळ म्ह
हिस्सेदार होए।" 39 उस नगर के घणखरे सामरियाँ नै उस बिरबान्नी कै
कहण तै यीशु पै बिश्वास करया, क्यूँके उसनै कह्या था, के "उसनै सारा किमे
जो मन्नै करया सै, मेरै तै बता दिया।" 40 ज्यांतै जिब सामरी उसकै धोरै
आए, तो उसतै बिनती करण लागगे के म्हारै याड़ै रह। आखर म्ह वो ओड़ै दो
दिन ताहीं रहया। 41 उसके वचन कै कारण और भी घणखरे माणसां नै
बिश्वास करया 42 अर उस बिरबान्नी तै कह्या, "इब हम तेरे कहण तैए
बिश्वास कोनी करदे, क्यूँके हमनै खुदे सुण लिया, अर जाणगे सा के योए

साच्चए म्ह दुनिया का उद्धार करणीया सै।" 43 फेर दो दिनां कै पाच्छै वो
ओड़ै तै लिकड़कै गलील परदेस म्ह गया। 44 क्यूँके यीशु नै खुदे गवाही दी
के नबी अपणे गाम म्ह आदर मान कोनी पान्दा। 45 जिब वो गलील परदेस
म्ह आया, तो गलील परदेस के माणस राज्जी होकै उसतै मिले, क्यूँके जितने
काम उसनै यरुशलेम म्ह त्यौहार कै बखत करे थे, उननै उन सारया ताहीं
देख्या था, क्यूँके वे भी त्यौहार म्ह जारे थे। 46 फेर वो दुबारै गलील परदेस
कै काना नगर म्ह आया, जड़ै उसनै पाणी ताहीं अंगूर का रस बणाया था।
ओड़ै राजा का एक कर्मचारी था जिसका बेट्टा कफरनहूम नगर म्ह बीमार था।
47 वो या सुणकै के यीशु यहूदिया परदेस तै गलील परदेस म्ह आ रहया सै,
उसकै धोरै गया अर उसतै बिनती करण लागग्या के चालकै मेरै बेट्टे नै ठीक
कर दे: क्यूँके वो मरण आळा था। 48 यीशु नै उस ताहीं कह्या, "जिब ताहीं
थम चमत्कार अर अचम्भे के काम कोनी देखदे जद ताहीं कदे भी बिश्वास
कोनी करोगे।" 49 राजा कै कर्मचारी नै उसतै कह्या, "हे प्रभु, मेरै बाळक की
मौत होण तै पैहल्या चाल।" 50 यीशु नै उस ताहीं कह्या, "जा, तेरा बेट्टा
जिन्दा सै।" उस माणस नै यीशु की कही होई बात का बिश्वास करया अर
चल्या गया। 51 वो रास्ते म्ह था के उसके नौक्कर उसतै आ मिले अर कहण
लाग्गे, "तेरा छोरा जिन्दा सै।" 52 उसनै उसतै बुझ्झया, "किस बखत वो
ठीक होण लागग्या?" उननै उस ताहीं कह्या, "काल दोफहरै एक बजे उसका
बुखार उतर गया।" 53 फेर बाप जाण गया के यो उस्से बखत होया जिस
बखत यीशु नै उस ताहीं कह्या, "तेरा बेट्टा जिन्दा रहवैगा," अर उसनै अर
उसके सारे कुण्बे नै बिश्वास करया। 54 यो दुसरा अचम्भे का काम था जो
यीशु नै यहूदिया परदेस तै गलील परदेस म्ह आकै दिखाया।

**5** इन बात्तां कै पाच्छै यहूदियाँ का एक त्यौहार आया, अर यीशु यरुशलेम
नगर म्ह गया। 2 यरुशलेम म्ह भेड़-फाटक कै धोरै एक कुण्ड सै जो इब्रानी
भाषा म्ह बैतहसदा कुह्वावै सै, उसके पाँच घाट सै। 3 इन म्ह घणखरे बीमार,
आन्धे, लंगड़े अर सूखे अंगआळे (पाणी कै हाल्लण कै आस म्ह) पड़े रहवै
थे। 4 (क्यूँके खास बखत पै परमेसवर के सुर्गदूत कुण्ड म्ह उतरकै पाणी नै
हलाया करै थे। पाणी हाल्दे जो कोए पैहल्या उतरदा वोए ठीक हो जान्दा
चाहे उसकै कोए बीमारी क्यूँ ना हो।) 5 उड़ै एक माणस था, जो अड़तीस

साल तै बीमारी म्ह पड्या था। 6 यीशु नै उस ताहीं पड्या होया देखकै अर न्यू
जाणकै के वो घणे दिनां तै इसी हाल्लत म्ह पड्या सै, उसतै बुझ्झया, "के तू
ठीक होणा चाहवै सै?" 7 उस बीमार नै उस ताहीं जवाब दिया, "हे प्रभु, मेरै
धोरै कोए माणस कोनी के जिब पाणी हलाया जावै, तो मन्नै कुण्ड म्ह उतारै,
पर मेरे पोंहोचदे-पोंहोचदे दुसरा मेरतै पैहल्या पाणी म्ह उतर जावै सै।" 8
यीशु नै उस ताहीं कह्या, "उठ, अपणे बिस्तर ठाकै, हाँड-फिर।" 9 वो माणस
जिब्बे ठीक होग्या, अर अपणे बिस्तर ठाकै हाँड़ण-फिरण लागग्या। 10
वो आराम का दिन था। ज्यांतै यहूदी उस ताहीं जो ठीक होया था, कहण
लाग्गे, "आज तो आराम का दिन सै, तेरा बिस्तर ठाणा नियम-कायदा के
मुताबिक ठीक कोनी।" 11 उसनै उन ताहीं जवाब दिया, "जिसनै मेरै ताहीं
ठीक करया, उस्से नै मेरै ताहीं कह्या, 'अपणा बिस्तर ठा अर हाँड-फिर।'"
12 उननै उसतै बुझ्झया, "वो कौण माणस सै जिसनै तेरे तै कह्या, 'बिस्तर
ठा, अर हाँड-फिर?'" 13 पर जो ठीक होया था वो कोनी जाणै था के वो
कौण सै, क्यूँके उस जगहां पै भीड़ होण कै कारण यीशु ओड़ै तै चला ग्या
था। 14 इन बात्तां कै पाच्छै वो यीशु नै मन्दर म्ह मिल्या। यीशु नै उस ताहीं
कह्या, "देख, तू ठीक होग्या सै: दुबारा पाप ना करिये, इसा ना हो के इसतै
कोए भारी संकट तेरे पै आण पड़ै।" 15 उस माणस नै जाकै यहूदियाँ तै कह
दिया के जिसनै मेरै ताहीं ठीक करया वो यीशु सै। 16 इस कारण यहूदी
अगुवें यीशु नै तंग करण लाग्गे, क्यूँके वो इसे काम आराम कै दिन करया
करदा। 17 इसपै यीशु नै उन ताहीं कह्या, "मेरा पिता सारी हाण काम करै सै,
अर मेरे ताहीं भी करते रहणा सै।" 18 यीशु की बात के कारण यहूदी अगुवें
और भी घणे उस ताहीं मारण खात्तर कोशिश करण लाग्गे, क्यूँके वो ना
सिर्फ आराम कै दिन का नियम तोड्या करदा, पर परमेसवर नै अपणा पिता
कहकै खुद ताहीं परमेसवर कै बरोबर भी ठैहरावै था। 19 इसपै यीशु नै उस
ताहीं कह्या, "मै थारैताहीं साच्ची-साच कहूँ सूं, बेट्टा खुद तै किमे न्ही कर
सकदा, सिर्फ वो जो पिता नै करदे देक्खै सै, क्यूँके जिन-जिन काम्मां नै वो
करै सै उननै बेट्टा भी इस्से ढाळ करै सै। 20 क्यूँके पिता बेट्टै तै प्यार करै सै
अर जो-जो काम वो खुद करै सै, वो सारे उसतै दिखावै सै: अर वो इसतै भी
बड़े काम उस ताहीं दिखावैगा, ताके थम हैरान होओ। 21 जिसा पिता मरे

होया नै ठावै अर जिवांवै सै उस्से ढाळ बेट्टा भी जिननै चाहवै सै उननै जिवांवै
सै। 22 पिता किसे का न्याय कोनी करदा, पर न्याय करण का सारा काम
बेट्टै ताहीं सौंप राख्या सै, 23 ताके सारे माणस जिस ढाळ पिता की इज्जत
करै सै उस्से ढाळ बेट्टै की भी इज्जत करै। जो बेट्टै की इज्जत कोनी करदा,
वो पिता की भी इज्जत कोनी करदा, जिसनै उस ताहीं भेज्या सै।” 24 मै
थारैतै साच्ची-साच कहूँ सूं, जो मेरा वचन सुणकै उसपै बिश्वास करै सै,
जिसनै मेरै ताहीं भेज्या सै, वो अनन्त जीवन पावै सै, अर उसपै दण्ड का
हुकम कोनी होन्दा, पर वो मौत नै पार करकै जीवन म्ह दाखल हो लिया सै।
(aiōnios g166) 25 “मै थारैतै साच्ची-साच कहूँ सूं, वो बखत आवै सै, अर
इब सै, जिसम्ह मरे होड़ परमेसवर के बेट्टै का वचन सुणैगें, अर जो सुणैगें वे
जिवैंगे। 26 क्यूँके जिस ढाळ तै पिता खुद म्ह जीवन राक्खै सै, उस्से ढाळ तै
उसनै बेट्टै ताहीं भी यो अधिकार दिया सै के खुद जीवन राक्खै। 27 बल्के मेरे
ताहीं माणसां के न्याय करण का भी अधिकार दिया सै, ज्यांतै के मै माणस
का बेट्टा सूं।” 28 इसतै हैरान मतना होओ: क्यूँके वो बखत आवै सै के
जितने मरे होए लोग कब्रां म्ह सै वे मेरा वचन सुणकै लिकड़ आवैगें। 29 जिन
नै भले काम करे सै वे जीवन कै पुनरुत्थान खात्तर जी जावैंगे अर जिन नै बुरे
काम करे सै वे दण्ड के पुनरुत्थान खात्तर जी जावैंगे। 30 “मै खुद तो कुछ
कोनी कर सकदा, जिसा सुणु सूं, उस्से तरियां न्याय करुँ सूं, अर मेरा न्याय
साच्चा सै, क्यूँके मै अपणी मर्जी कोनी पर अपणे भेजण आळे की मर्जी चाहूँ
सूं।” 31 जै मै खुदे अपणी गवाही द्यूँ, तो मेरी गवाही साच्ची कोनी। 32 एक
और सै जो मेरा पिता सै, वो मेरी गवाही देवै सै, अर मै जाणु सूं, के मेरी जो
गवाही वो देवै सै, वा साच्ची सै। 33 थमनै यूहन्ना तै बुझवाया अर उसनै
सच्चाई की गवाही दी सै। 34 पर मै अपणे बारै म्ह माणसां की गवाही कोनी
चाहन्दा, फेर भी मै ये बात ज्यांतै कहूँ सूं के थारा उद्धार हो। 35 यूहन्ना तो
बळदे अर चमकदे होए दीवै कै समान था, अर थमनै किमे वार ताहीं उसके
चाँदणे म्ह मगन होणा भाया। 36 पर मेरै धोरै जो गवाही सै वा यूहन्ना की
गवाही तै बड्डी सै, क्यूँके जो काम पिता नै मेरै ताहीं निपटाण नै सौप्या सै
यानिके योए काम जो मै करुँ सूं, वे मेरे गवाह सै के पिता नै मेरै ताहीं भेज्या
सै। 37 अर पिता जिसनै मेरै ताहीं भेज्या सै, उस्से नै मेरी गवाही दी सै।

थमनै ना कदे उसका वचन सुण्या, अर ना उसकी शक्ल देक्खी सै, 38 अर
उसकै वचन ताहीं मन म्ह बणाए कोनी राखदे, क्यूँके जिस ताहीं उसनै भेज्या
थम उसका बिश्वास कोनी करदे। 39 थम पवित्र ग्रन्थ म्ह टोव्हो सो, क्यूँके
समझों सो के उस म्ह अनन्त जीवन थारे ताहीं मिलै सै, अर यो वोए सै जो
मेरी गवाही देवै सै, (aiōnios g166) 40 फेर भी थम अनन्त जीवन पाण खात्तर
मेरै धोरै आणा कोनी चाहन्दे। 41 मै माणसां तै आदर कोनी चाहन्दा। 42
पर मै थमनै जाणु सूं, के थारे म्ह परमेसवर खात्तर प्यार कोनी। 43 थम
मेरे ताहीं पसन्द न्ही करते जिब के मै अपणे पिता कै नाम तै आया सूं, जै
दुसरा कोए खुद कै नाम तै आवै, तो उसनै थम अपणा लोगे। 44 थम मेरै पै
किस तरियां बिश्वास कर सको सो? क्यूँके थम तो आप्पस म्ह एक-दुसरे तै
तारीफ सुणणा चाहो सो, अर उस तारीफ की ओड़ देखते भी कोनी जो
एकमात्र परमेसवर तै आवै सै। 45 न्यू ना समझियों के मै पिता के स्याम्ही
थारे म्ह खोट काढ्ढू सूं, थारे म्ह खोट काढणिया तो मूसा नबी सै, जिसपै
थमनै भरोस्सा करया सै। 46 क्यूँके जै थम मूसा नबी पै बिश्वास करदे, तो
मेरा भी बिश्वास करदे, ज्यांतै के उसनै मेरै बारै म्ह लिख्या सै। 47 पर जै थम
उसके पवित्र ग्रन्थ म्ह लिक्खी होई बात्तां पै बिश्वास कोनी करदे, तो मेरी
बात्तां पै किस तरियां बिश्वास करोगे?

**6** इन बात्तां कै पाच्छै यीशु गलील समुन्दर यानिके तिबिरियास की झील कै
धोरै गया। 2 अर एक बड्डी भीड़ उसकै गेल्या हो ली क्यूँके जो अचम्भे के
काम वो बिमारां पै दिखावै था वे उननै देख्या करै थे। 3 फेर यीशु पहाड़ पै
चढ़कै अपणे चेल्यां कै गेल्या बैठग्या। 4 यहूदियाँ कै फसह का त्यौहार लोवै
था। 5 जिब यीशु नै अपणी आँख ठाकै एक बड्डी भीड़ ताहीं अपणे कान्ही
आन्दे देख्या, फेर फिलिप्पुस ताहीं कह्या, "हम इनकै खाणे कै खात्तर कड़ै तै
रोट्टी मोल ल्यावां?" 6 उसनै या बात उस ताहीं आजमाण ताहीं बोल्ली,
क्यूँके वो खुदे जाणै था के वो के करैगा। 7 फिलिप्पुस नै उस ताहीं जवाब
दिया, "दो सौ दीनार (200 दिन की मजदूरी) की रोट्टी भी उन खात्तर पूरी
कोनी पड़ै के उन म्ह तै हरेक नै माड़ी-माड़ी मिल जा।" 8 उसके चेल्यां म्ह तै
शमौन पतरस का भाई अन्द्रियास नै उस ताहीं कह्या, 9 "याड़ै एक छोरा सै
जिसकै धोरै जौ की पाँच रोट्टी अर दो मच्छी सै, पर इतने माणसां खात्तर वे

के सै?" 10 यीशु बोल्या, "माणसां नै बिठा द्यो।" उस जगहां घणी घास थी:
फेर माणस जिन म्ह आदमियाँ की गिणती करीबन पाँच हजार की थी, बैठगे।
11 फेर यीशु नै रोट्टी ली अर परमेसवर का धन्यवाद करकै बैठण आळा ताहीं
बांड दी: अर उस्से ढाळ मच्छियाँ म्ह तै जितनी वे चाहवै थे, बांड दी। 12 जिब
वे खाकै छिकगे फेर वो चेल्यां तै बोल्या, "बचे होड़ टुकड़े कट्ठे कर ल्यो के
किमे बगायां न्ही जावै।" 13 आखर म्ह उननै कठ्ठा करया, अर जौ की पाँच
रोटियाँ के टुकड्या तै जो खाण आळा तै बची होड़ थी, बारहा टोकरी भरी।
14 फेर जो अचम्भे के काम उसनै कर दिखाये उसनै वे माणस देखकै कहण
लाग्गे, "वो नबी जो दुनिया म्ह आण आळा था, पक्का योए सै।" 15 यीशु
न्यू जाणकै के वे मन्नै राजा बणाण खात्तर पकड़णा चाहवै सै, फेर पहाड़ पै
एक्ला चल्या गया। 16 जिब साँझ होई, तो उसके चेल्लें झील कै किनारे गए,
17 अर किस्ती पै चढ़कै झील कै परली ओड़ कफरनहूम नगर म्ह जाण
लाग्गे। उस बखत अन्धेरा होग्या था, अर यीशु इब ताहीं उनकै धोरै कोनी
आया था। 18 अर आँधी कै कारण समुन्दर म्ह झांल उठ्ठण लाग्गी। 19
जिब वे खेते-खेते तीन-चार कोस कै करीबन लिकड़गे, फेर उननै यीशु ताहीं
समुन्दर पै चाल्दे अर किस्ती कै धोरै आन्दे देख्या, अर डरगे। 20 पर उसनै
उनतै कह्या, "मै सूं, डरो मतना।" 21 आखर म्ह वे उसनै किस्ती पै चढ़ाण नै
राज्जी होए अर जिब्बे वा किस्ती उस जगहां पै जा पोहची जड़ै वे जाण लागरे
थे। 22 जो लोग गलील समुन्दर के उस पार रहगे थे, उननै दुसरे दिन देख्या
के याड़ै सिर्फ एक ए किस्ती थी, अर यीशु अपणे चेल्यां गेल्या उस किस्ती पै
कोनी चढ़या था, पर सिर्फ उसके चेल्लें एक्ले ए चले गए थे। 23 तिबिरियास
नगर की कुछ किस्ती उस जगहां कै धोरै आकै रुकी, जड़ै प्रभु नै परमेसवर
का धन्यवाद करकै भीड़ ताहीं रोट्टी खुआई थी। 24 जिब भीड़ नै देख्या के
याड़ै ना यीशु सै अर ना उसके चेल्लें, फेर वे भी छोट्टी-छोट्टी किस्तियाँ पै
चढ़कै यीशु नै टोन्दे होए कफरनहूम नगर पोहचे। 25 गलील समुन्दर कै
परली ओड़ जिब वे उसतै मिले तो बोल्ले, "हे गुरु, तू याड़ै कद आया?" 26
यीशु नै उन ताहीं जवाब दिया, "मै थारैताहीं साच्ची-साच कहूँ सूं, थम मन्नै
ज्यांतै कोनी टोव्हो सो के थमनै अचम्भे के काम देक्खे, पर ज्यांतै के थमनै
पेट भरकै रोट्टी खाई थी।" 27 उस खाणे खात्तर मेहनत ना करो जो सड़ जावै

सै, पर उस खाणे खात्तर जतन करो जो कदे खराब न्ही होंदा अर अनन्त
जीवन देवै सै, मै माणस का बेट्टा यो खाणा थारे ताहीं देऊँगा, क्यूँके पिता
परमेसवर नै मेरे ताहीं इसा करण का हक दिया सै। **(aiōnios g166)** **28** वे
उसतै बोल्ले, "परमेसवर के काम करण खात्तर हम के करा?" **29** यीशु नै
उन ताहीं जवाब दिया, "परमेसवर चाहवै सै, के थम उसपै बिश्वास करो,
जिस ताहीं उसनै भेज्या सै।" **30** फेर वे उसतै बोल्ले, "फेर तू कौण सा
निशान दिखावै सै के हम उसनै देखकै तेरा बिश्वास करा? तू कौण सा काम
दिखावै सै? **31** म्हारै पूर्वजां नै जंगल-बियाबान म्ह मन्ना खाया, जिसा पवित्र
शास्त्र म्ह लिख्या सै, 'परमेसवर नै उन ताहीं खाण खात्तर सुर्ग तै रोट्टी देई।'"
**32** यीशु नै उनतै कह्या, "मै थारे ताहीं साच्ची-साच कहूँ सूं, के मूसा नबी नै
थारे ताहीं वा रोट्टी सुर्ग तै कोनी दी, पर मेरा पिता थमनै सुर्ग तै असली रोट्टी
देवै सै। **33** क्यूँके परमेसवर की रोट्टी वाए सै, जो सुर्ग तै उतरकै दुनिया के
माणसां ताहीं जिन्दगी देवै सै।" **34** फेर यो सुणकै यीशु तै बिनती करी, "के
हे प्रभु, वा रोट्टी हमनै सदा दिया कर।" **35** यीशु नै उनतै कह्या, "जीवन की
रोट्टी मै सूं: जो मेरै धोरै आवैगा, वो कदे भूक्खा कोनी रहवैगा, अर जो कोए
मेरै पै बिश्वास करैगा, वो कदे तिसाया कोनी होवैगा। **36** पर मन्नै थारे ताहीं
पैहले तै कह्या था, के थमनै मेरैताहीं देख भी लिया सै, फेर भी बिश्वास कोनी
करदे। **37** वे सारे जो पिता नै मेरे ताहीं दिये सै, वे मेरै धोरै आवैगें, अर हर
एक जो कोए मेरै धोरै आवैगा उसनै मै कदे भी कोनी छोड्डूंगा। **38** पर मै
अपणी मर्जी कोनी पर अपणे भेजण आळे पिता की मर्जी पूरी करण खात्तर
सुर्ग तै उतरया सूं। **39** अर मेरै भेजण आळे की मर्जी या सै के जो किमे उसनै
मेरै ताहीं दिया सै, उस म्ह तै मै किसे नै ना खोऊँ, पर उसनै आखर के दिनां
म्ह दुबारै जिन्दा कर द्यूँ। **40** क्यूँके मेरै पिता की मर्जी या सै के जो कोए बेट्टै
नै अपणा कै उसपै बिश्वास करै, वो अनन्त जीवन पावै, अर मै उसनै आखरी
के दिनां म्ह दुबारै जिन्दा करुँगा।" **(aiōnios g166)** **41** इसपै यहूदी उसपै
बिरड़ाण लागगे, क्यूँके उसनै कह्या था, "जो रोट्टी सुर्ग तै उतरी, वा मै सूं।"
**42** अर वे बोल्ले, "के यो यीशु सै, यूसुफ का बेट्टा, जिसकै माँ-बाप नै हम
जाणां सां? फेर वो किस ढाळ कह सकै सै के मै सुर्ग तै उतरया सूं?" **43**
यीशु नै उन ताहीं जवाब दिया, "आप्पस म्ह मतना बिरड़ाओ।" **44** कोए मेरै

धोरै कोनी आ सकदा जिब ताहीं पिता, जिसनै मेरैताहीं भेज्या सै, उसनै खींच
न्ही लेवै, अर मै उसनै आखर के दिनां म्ह फेर जिन्दा करुँगा। 45 नबियाँ के
लेखां म्ह यो लिख्या सै: "वे सारे परमेसवर की ओड़ तै सिखाए होए होवैगें।"
जिस किसे नै पिता तै सुण्या अर सिख्या सै, वो मेरै धोरै आवै सै। 46 किसे
नै पिता ताहीं कोनी देख्या, सिवाए उसके, जो परमेसवर की ओड़ै तै सै,
सिर्फ उस्से नै पिता ताहीं देख्या सै। 47 मै थारैताहीं साच्ची-साच कहूँ सूं, के
जो कोए बिश्वास करै सै, अनन्त जीवन उस्से का सै। (aiōnios g166) 48
जीवन की रोट्टी मै सूं। 49 थारे पूर्वजां नै जंगल-बियाबान म्ह मन्ना खाया अर
मरगे। 50 या वा रोट्टी सै जो सुर्ग तै उतरी सै, ताके माणस उस म्ह तै खावै
अर ना मरै। 51 जीवन की रोट्टी जो सुर्ग तै उतरी सै, मै सूं। जै कोए इस रोट्टी
म्ह तै खावै, तो सारी हाण जिन्दा रहवैगा, अर जो रोट्टी मै दुनिया कै जीवन
खात्तर दियुँगा, वो मेरा माँस सै। (aiōn g165) 52 इसपै यहूदी न्यू कहकै
आप्पस म्ह बहस करण लागगे, "यो माणस किस ढाळ हमनै अपणा माँस
खाण नै दे सकै सै?" 53 यीशु नै उन ताहीं कह्या, "मै थारैताहीं साच्ची-साच
कहूँ सूं, के जिब ताहीं थम मुझ माणस कै बेट्टे का माँस ना खाओ, अर मेरा
लहू ना पियो, थारे म्ह जीवन कोनी। 54 जो मेरा माँस खावै अर मेरा लहू पीवै
सै, अनन्त जीवन उस्से का सै, अर आखरी के दिनां म्ह मै उसनै दुबारै जिन्दा
कर दियुँगा। (aiōnios g166) 55 क्यूँके मेरा माँस सच म्ह खाण की चीज सै,
अर मेरा लहू सच म्ह पीण की चीज सै। 56 जो मेरा माँस खावै अर मेरा लहू
पीवै सै वो मेरै म्ह डटया रहवै सै, अर मै उस म्ह। 57 जिसा जिन्दे पिता नै
मेरैताहीं भेज्या सै, अर मै पिता कै कारण जिन्दा सूं, उस्से ढाळ वो भी जो
मन्नै खावैगा मेरै कारण जिन्दा रहवैगा। 58 जो रोट्टी सुर्ग तै उतरी सै याए सै,
उस रोट्टी बरगी कोनी जो पूर्वजां नै खाई अर मरगे, जो कोए या रोट्टी खावैगा,
वो सदा ताहीं जिन्दा रहवैगा।" (aiōn g165) 59 ये बात उसनै कफरनहूम नगर
कै एक आराधनालय म्ह उपदेश देन्दे बखत कही। 60 उसके चेल्यां म्ह तै
घणखरा नै या सुणकै कह्या, "या सख्त शिक्षा सै, इसनै कौण सुण सकै
सै?" 61 यीशु नै अपणे मन म्ह न्यू जाणकै के मेरे चेल्लें आप्पस म्ह इस
बात पै बिरड़ावै सै, उन ताहीं बुझ्झया, "के इस बात तै थारे ताहीं ठेस लाग्गै
सै?" 62 जै थम मुझ माणस कै बेट्टे नै जड़ै मै पैहल्या था, ओड़ैए उप्पर जान्दे

देक्खोगे, तो के होगा? 63 आत्मा ए सै जो देह नै जीवन देवै सै, देह का कोए
महत्व कोनी, जो वचन मन्नै थारैतै कह्ये सै, वे आत्मा सै, अर जीवन भी। 64
पर थारे म्ह तै किमे इसे सै जो बिश्वास कोनी करदे। क्यूँके यीशु पैहल्या
तै ए जाणै था के जो बिश्वास न्ही करदे, वे कौण सै, अर कौण मेरै ताहीं
पकड़वावैगा। 65 अर वो बोल्या, "ज्यांतै मन्नै थारे ताहीं कह्या था के जिब
ताहीं किसे नै पिता की ओड़ तै यो वरदान ना मिलै तब ताहीं वो मेरै धोरै
कोनी आ सकदा।" 66 इसपै उसकै चेल्यां म्ह तै घणखरे उल्टे हटगे अर
उसकै बाद उसकै गेल्या कोनी चाल्ले। 67 फेर यीशु नै उन बारहां चेल्यां तै
कह्या, "के थम भी चले जाणां चाहो सो?" 68 शमौन पतरस नै उस ताहीं
जवाब दिया, "हे प्रभु, हम किसकै धोरै जावां? अनन्त जीवन की बात तो
तेरैए धोरै सै, (aiōnios g166) 69 अर हमनै बिश्वास करया अर जाणगे सै के
परमेसवर का पवित्र जन तूए सै।" 70 यीशु नै उन ताहीं जवाब दिया, "के
मन्नै थम बारहां चेल्यां ताहीं कोन्या छाट्या? फेरभी थारे म्ह तै एक जन
शैतान सै।" 71 यो उसनै शमौन इस्करियोती के बेट्टे यहूदा कै बारै म्ह कह्या
था, क्यूँके वोए जो बारहां चेल्यां म्ह तै एक था, उस ताहीं पकड़वाण म्ह था।
**7** इन बात्तां कै हो लेण कै पाच्छै यीशु गलील परदेस म्ह सफर करण लाग्या,
वो यहूदिया परदेस म्ह जाणा कोनी चाहवै था, क्यूँके यहूदी लोग उस ताहीं
मारण की ताक म्ह थे। 2 यहूदियाँ का झोपड़ियाँ का त्यौहार लोवै था। 3
ज्यांतै उसके भाईयाँ नै उस ताहीं कह्या, "याड़ै तै यहूदिया परदेस नै जा, ताके
जो काम तू करै सै उननै तेरे चेल्लें ओड़ै भी देक्खै। 4 क्यूँके इसा कोए न्ही
होगा जो मशहुर होणा चाहवै, अर लुह्क कै काम करै। जै तू यो काम करै सै,
तो खुद नै दुनिया म्ह साबित कर।" 5 क्यूँके उसके भाई भी उसपै बिश्वास
कोनी करै थे। 6 फेर यीशु नै उनतै कह्या, "मेरे खात्तर इब्बै सही बखत कोनी
आया, पर थारे खात्तर सारा बखत सही सै। 7 दुनिया थारे तै बैर कोनी कर
सकदी, पर वा मेरै तै बैर करै सै क्यूँके मै उसकै बिरोध म्ह या गवाही दियुँ सूं
के उसके काम भुन्डे सै। 8 थम त्यौहार म्ह जाओ, मै इब्बै इस त्यौहार म्ह
कोनी जान्दा, क्यूँके इब्बै मेरा सही बखत कोनी आया।" 9 वो उनतै ये बात
कहकै गलील परदेस म्ह रहग्या। 10 पर जिब उसके भाई त्यौहार म्ह जा लिए
तो वो खुद भी, जाहिर म्ह न्ही पर मान्नो गुप्ती तै गया। 11 त्यौहार म्ह कुछ

यहूदी लोग यीशु ताहीं टोह्न्दे होए पूछताछ करण लागरे थे, “के वो कड़ै सै?”
12 फेर भी यीशु के बारें म्ह बड़ी बहस होण लागरी थी, कई माणस कहवै थे,
“के वो भला माणस सै।” अर कईयाँ का कहणा था, “के ना, वो माणसां नै
बहकावै सै।” 13 फेर भी यहूदियाँ कै डरकै मारे कोए भी माणस यीशु कै बारै
म्ह खुलकै कोनी बोल्लै था। 14 जिब त्यौहार के आध्धे दिन बीतगे, फेर यीशु
मन्दर म्ह जाकै उपदेश देण लागग्या। 15 फेर यहूदियाँ नै हैरान होकै कह्या,
“इसनै बिना पढ़े ज्ञान किस तरियां आ ग्या?” 16 यीशु नै उन ताहीं जवाब
दिया, “जो उपदेश मै देऊँ सूं, मेरा अपणा कोनी, पर उसतै आवै सै जिसनै
मेरे ताहीं भेज्या सै। 17 जै कोए माणस उसकी मर्जी पै चाल्लण का प्रण
करै, तो उस ताहीं यो बेरा लाग ज्यागा, के यो उपदेश परमेसवर की ओड़ तै
सै, या मै अपणी ओड़ तै देऊँ सूं। 18 जो अपणी ओड़ तै कुछ कहवै सै, वो
खुद की बड़ाई चाहवै सै, पर जो अपणे भेजण आळे की बड़ाई चाहवै सै वोए
साच्चा सै, अर उस म्ह अधर्म कोनी। 19 के मूसा नबी नै थारैताहीं नियम-
कायदे कोनी दिये? फेरभी थारैम्ह तै कोए नियम-कायदा पै कोनी चाल्दा।
थम मन्नै क्यातै मारणा चाहो सो?” 20 माणसां नै जवाब दिया, “तेरे म्ह
ओपरी आत्मा सै! कौण तन्नै मारणा चाहवै सै?” 21 यीशु नै उन ताहीं जवाब
दिया, “मन्नै आराम कै दिन एक चमत्कार करया, अर थम सारे छो म्ह होगे।
22 इस्से खात्तर मूसा नबी नै थारैताहीं खतने का नियम दिया था (यो नियम
मूसा नबी का न्ही था बल्के या थारे पूर्वजां तै ए लाग लागरी सै) अर थम
आराम कै दिन माणस का खतना करो सो। 23 जिब आराम कै दिन माणस
का खतना करया जावै सै ताके मूसा नबी कै नियम-कायदा का हुकम न्ही
टळै। फेर थम मेरै पै क्यांतै छो करो सो के मन्नै आराम कै दिन एक माणस
ताहीं पूरी तरियां ठीक करया। 24 मुँह देख्या न्याय मतना करो, पर सही-सही
न्याय करो।” 25 फेर यरुशलेम म्ह रहण आळे माणसां म्ह तै कईयाँ नै
कह्या, “के यो वोए कोनी जिस ताहीं यहूदी अगुवें मार देणा चाहवै सै?”
26 पर लखाओ, “वो तो सरेआम बात करै सै अर कोए उसतै किमे कोनी
कहन्दा। के यो न्ही हो सकता के यहूदी अगुवां नै साच्चे बेरा पाटग्या सै, के
योए मसीह सै? 27 इसकै बारै म्ह हमनै बेरा सै यो कितका सै, पर मसीह
जिब आवैगा तो कोए कोनी जाणै के वो कितका सै।” 28 फेर यीशु नै मन्दर

म्ह उपदेश देन्दे होए रुक्का मारकै कह्या, “थम मन्नै जाणो सो, अर न्यू भी
जाणो सो के मै कित्त तै आया सूं। मै तो खुद कोनी आया, पर मेरा भेजण
आळा साच्चा सै, उसनै थम कोनी जाणदे। 29 पर मै उसनै जाणु सूं, क्यूँके
मै उसकै कान्ही तै आया सूं, अर उस्से नै मेरै ताहीं भेज्या सै।” 30 यो सुणकै
यहूदी अगुवां नै यीशु ताहीं पकड़णा चाह्या, फेरभी किसे नै उसकै हाथ कोनी
लाया, क्यूँके उसके मरण का सही बखत इब्बै कोनी आया था। 31 फेर भी
भीड़ म्ह तै घणखरे माणसां नै उसपै बिश्वास करया, अर बोल्ले, “मसीह जिब
आवैगा तो के इसतै घणे अचम्भे के काम दिखावैगा जो इसनै दिखाए?” 32
फरीसियाँ नै भीड़ म्ह माणस ताहीं यीशु के बारें म्ह चुपके-चुपके बात करते
सुण्या, तो प्रधान याजक अर फरीसियाँ नै यीशु ताहीं पकड़ण खात्तर मन्दर
के सिपाहियाँ ताहीं भेज्या। 33 मसीह यीशु बोल्या, “मै थोड़ी बार ताहीं थारे
गेल्या सूं, फेर अपणे भेजण आळे धोरै उल्टा चल्या जाऊँगा। 34 थम मन्नै
टोहओगे, पर कोनी पाओगे, अर जड़ै मै सूं, ओड़ै थम कोनी आ सकदे।” 35
इसपै यहूदी अगुवां नै आप्पस म्ह कह्या, “यो कित्त जावैगा, के हम इसनै
कोनी टोह् सकदे? के यो जो यूनानी परदेशियाँ म्ह तो बसणा न्ही चाहन्दा,
ताके यूनानियाँ ताहीं भी उपदेश दे? 36 इसकी इस बात का के मतलब सै?
जो उसनै बोल्ली सै, के थम मन्नै टोहओगे, पर कोनी पाओगे, अर जड़ै मै सूं,
ओड़ै थम न्ही आ सकदे।” 37 त्यौहार कै आखरी दिन, जो खास दिन सै, यीशु
खड्या होया अर रुक्का मारकै कह्या, “जै कोए तिसाया हो तो मेरै धोरै आवै
अर पीवै। 38 जो कोए मेरै पै बिश्वास करैगा, जिसा पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या
सै, ‘उसकी अंतरआत्मा म्ह तै जीवन कै जल की नदियाँ बह लिकड़ैंगी, जो
अनन्त जिन्दगी देवै सै।’” 39 यीशु नै यो वचन पवित्र आत्मा कै बारै म्ह
कह्या, जो बिश्वास करण आळा नै मिलण आळी थी, क्यूँके इब ताहीं पवित्र
आत्मा कोनी उतरया था, क्यूँके यीशु इब ताहीं अपणी महिमा म्ह कोनी
पोंहच्या था। 40 फेर भीड़ म्ह तै कईयाँ नै या बात सुणकै कह्या, “साच्ये योए
वो नबी सै, जिसके आण की हम आस देक्खां थे।” 41 अर कईयाँ नै कह्या,
“यो मसीह सै” पर कई बोल्ले, “मसीह गलील परदेस तै तो न्ही आवैगा?”
42 पवित्र ग्रन्थ यो कहवै सै, के मसीह दाऊद की पीढ़ी तै अर बैतलहम नगर
तै आवैगा, जड़ै दाऊद रहवै था? 43 आखर म्ह उसकै कारण माणसां म्ह फूट

पड़ी। 44 उन म्ह तै कई उस ताहीं पकड़णा चाहवै थे, पर किसे नै उसकै हाथ
कोनी लाया। 45 फेर सिपाही, प्रधान याजकां अर फरीसियाँ कै धोरै बोहड़
आए, उननै उन ताहीं कह्या, "थम उसनै क्यातै न्ही ल्याए?" 46 सिपाहियाँ नै
जवाब दिया, "इसी बात बताण आळा माणस हमनै आज ताहीं कदे भी
कोनी मिल्या।" 47 फरीसियाँ नै उन ताहीं जवाब दिया, "के थम भी भळोई
म्ह आग्गै? 48 के सरदारां या फरीसियाँ म्ह तै किसे नै भी उसपै बिश्वास
करया सै? 49 पर ये माणस जो मूसा नबी के नियम-कायदे कोनी जाणदे,
परमेसवर की ओड़ तै सरापित सै।" 50 नीकुदेमुस जो उन म्ह तै एक था, वो
मसीह यीशु तै पैहल्या मिल चुका था, उन ताहीं बोल्या, 51 "के म्हारे नियम-
कायदे किसे माणस नै, जिब ताहीं पैहल्या उसकी सुणकै जाण ना लेवै, के
वो के करै सै, कसूरवार मान्नै सै?" 52 उननै नीकुदेमुस ताहीं जवाब दिया,
"तू भी गलील परदेस का सै? पवित्र ग्रन्थ म्ह ढूँढ़ अर देख के गलील परदेस
तै कोए नबी कोनी आवै।" 53 फेर सारे अपणे-अपणे घरां चले गए।

**8** यीशु अपणे चेल्यां कै गैल जैतून कै पहाड़ पै गया। 2 तड़कैए आगले दिन
यीशु फेर मन्दर म्ह आया। भोत सारे माणस उसकै धोरै आए अर वो बैठकै
उननै उपदेश देण लाग्या। 3 जिब वो बोलण लागरया था, तो जिब्बे शास्त्री
अर फरीसी एक बिरबान्नी नै ल्याए, जो जारी करते होए रंगे हाथ पकड़ी गयी
थी, अर उस ताहीं माणसां के स्याम्ही खड्या कर दिया, अर यीशु ताहीं
कह्या, 4 "हे गुरु, या बिरबान्नी जारी कर दी रंगे हाथ पकड़ी गयी सै। 5 मूसा
नबी के नियम-कायदा म्ह उसनै म्हारै ताहीं हुकम दिया सै, के इसी बिरबान्नी
नै पत्थर बरसा कै मार द्यो। पर तू इस बिरबान्नी कै बारै म्ह के कहवै सै?" 6
उननै यीशु ताहीं परखण खात्तर या बात कही, ताके उस म्ह खोट लिकाड़ण
का कोए सुराग मिलै जावै। पर यीशु कोड्डा होकै आन्गळी तै धरती पै लिखण
लाग्या। 7 जिब वे बार-बार उसतै सवाल करते रहे, तो फेर उसनै सीध्धा होकै
उन ताहीं कह्या, "थारे म्ह जिसनै भी कोए पाप न्ही करया हो, वोए उसकै
सबतै पैहला पत्थर मारै।" 8 फेर यीशु कोड्डा होकै आन्गळी तै धरती पै
लिक्खण लाग्या। 9 जिब माणसां नै यो सुण्या तो सबतै पैहले बूढ़े माणस
अर फेर एक-एक करकै ओड़ै तै खिसकण लाग्गे, क्यूँके वे सब जाणै थे, के
हम सब पापी सां, अर सिर्फ यीशु अर वा बिरबान्नी ओड़ै रहगे। 10 यीशु

खड्या होया अर उस बिरबान्नी ताहीं कह्या, “हे नारी, वे कित्त गए? के
किस्से नै तेरे ताहीं दण्ड न्ही दिया?” 11 वा बोल्ली, “हे प्रभु, किसे नै न्ही।”
यीशु बोल्या, “मै भी तेरे ताहीं दण्ड न्ही देऊँगा, जा, अर दुबारा कदे पाप ना
करिए।” 12 मन्दर म्ह अपणे उपदेश नै दुबारै शरु करदे होए यीशु नै माणसां
तै कह्या, “दुनिया का चाँदणा मै सूं, जो कोए मेरै पाच्छै चाल्लैगा, वो अन्धेरै
म्ह कदे कोनी चाल्लैगा, पर वो चाँदणा पावैगा जो अनन्त जीवन देवै सै।” 13
फरीसियाँ नै उस ताहीं कह्या, “तू अपणी गवाही खुद देवै सै, इस खात्तर तेरी
गवाही साच्ची कोनी।” 14 यीशु नै उन ताहीं जवाब दिया, “भलाए मै अपणी
गवाही खुद देऊँ सूं, फेर भी मेरी गवाही मान्नी जावैगी, क्यूँके मै जाणु सूं, के
मै कित्त तै आया सूं, अर कितोड़ जाऊँ सूं? पर थम कोनी जाणदे के मै कित्त
तै आऊँ सूं, या कितोड़ जाऊँ सूं। 15 थम मानवीय सोच तै, न्याय करो सो, मै
किसे का न्याय कोनी करदा। 16 जै मै न्याय करुँ भी तो वो सही ए होगा,
क्यूँके मै एक्ला कोनी, पर परम पिता, जिसनै मेरै ताहीं भेज्या सै, वो अर मै
दोन्नु मिलकै न्याय करा सां। 17 थारे मूसा नबी के नियम-कायदा म्ह भी
लिख्या सै, के दो जण्यां की गवाही सच के रूप म्ह मान्नी जा सकै सै। 18
एक तो मै खुद अपणी गवाही दियुँ सूं, अर दुसरा मेरा पिता मेरी गवाही देवै
सै, जिसनै मेरैताहीं भेज्या।” 19 उननै उस ताहीं कह्या, “तेरा पिता कित्त
सै?” यीशु नै जवाब दिया, “ना थम मन्नै जाणो सो, ना मेरै पिता नै, जै मन्नै
जाणदे तै मेरै पिता नै भी जाणदे।” 20 यीशु नै ये वचन मन्दर म्ह उपदेश देन्दे
होए भण्डार घर म्ह बोल्ली, अर किसे नै उस ताहीं कोनी पकड्या, क्यूँके
उसके दुख ठाण का अर मरण का बखत इब ताहीं कोनी आया था। 21 यीशु
नै फेर उन ताहीं कह्या, “मै जाऊँ सूं, अर थम मन्नै टोहओगे, अर अपणे पाप
म्ह मरोगे। जड़ै मै जाऊँ सूं, ओड़ै थम न्ही आ सकदे।” 22 इसपै यहूदी अगुवां
नै कह्या, “के वो खुद नै मार देवैगा, जो कहवै सै, ‘जड़ै मै जाऊँ सूं, ओड़ै थम
न्ही आ सकदे?’” 23 यीशु नै उन ताहीं कह्या, “थम इस दुनिया म्ह पैदा होए
सों, अर मै सुर्ग तै आया सूं। थम इस दुनिया के सो, मै इस दुनिया का कोनी।
24 ज्यांतै मन्नै थारे ताहीं कह्या के थम अपणे पापां म्ह मरोगे, जै थारा मेरे म्ह
बिश्वास कोनी के मै कौण सूं, तो थम मरोगे, अर थारे पाप माफ कोनी होंगे।”
25 यहूदी अगुवां नै यीशु ताहीं कह्या, “के तू कौण सै?” वो उनतै बोल्या,

जिब तै मन्नै प्रचार करणा शरु करया सै, तब तै मै थमनै कहन्दा आया सूं,
"के मै कौण सूं?" 26 "थारे बारै म्ह कहण खात्तर अर फैसला करण खात्तर
मेरे धोरै भोत कुछ सै, पर सच्चाई याए सै के जिसनै मेरे ताहीं भेज्या सै, मै
वोए कहूँ सूं, जो मन्नै उसतै सुण्या सै, वोए दुनिया के माणसां तै कहूँ सूं।"
27 वे न्यू न्ही समझै के म्हारै तै, पिता कै बारै म्ह कहवै सै। 28 फेर यीशु
बोल्या, "जिब थम मुझ माणस कै बेट्टै नै ऊँच्चे पै चढ़ाओगे, जिब जाणोगे के
मै वोए सूं। मै खुद तै किमे कोनी करदा, पर जिस तरियां मेरै पिता नै, मेरै
ताहीं सिखाया सै, उस्से ढाळ ये बात कहूँ सूं। 29 मेरा भेजण आळा मेरै
गेल्या सै, उसनै मेरैताहीं एक्ला कोनी छोड्या क्यूँके मै सारी हाण वैए काम
करुँ सूं, जिसतै वो राज्जी होवै सै।" 30 वो ये बात कहणे लागरया था, के
घणखरयां नै उसपै बिश्वास करया। 31 फेर यीशु नै उन यहूदियाँ तै जिन नै
उसपै बिश्वास करया था, बोल्या, "जै थम मेरै वचन म्ह बणे रहोगे, तो साच-
ए मेरे चेल्लें ठहरोगे।" 32 थम सच नै जाणोगे अर सच थमनै आजाद करैगा।
33 उननै उस ताहीं जवाब दिया, "हम तो अब्राहम के वंशज सा, कदे किसे
के गुलाम कोनी बणे। फेर तू किस तरियां कहवै सै, के थम आजाद हो
जाओगे?" 34 यीशु नै उन ताहीं जवाब दिया, "मै थारैतै साच्ची-साच कहूँ सूं,
के जो कोए पाप करै सै, वो पाप का गुलाम सै। 35 गुलाम सारी हाण घर म्ह
कोनी रहन्दा, बेट्टा सारी हाण घरां रहवै सै। (aiōn g165) 36 ज्यांतै जै बेट्टा
थमनै आजाद करैगा, तो साच्ये थम आजाद हो जाओगे। 37 मै जाणु सूं, के
थम अब्राहम के वंश के सो, फेर भी थम मेरे वचनां नै कोनी मानते, ज्यांतै
थम मन्नै मारणा चाहो सो। 38 मै वोए कहूँ सूं, जो मेरे पिता नै मेरे ताहीं
दिखाया सै, अर थम वोए करो सों, जो थमनै अपणे पिता तै सुण्या सै।" 39
उननै उस ताहीं जवाब दिया, "म्हारा पूर्वज तो अब्राहम सै।" यीशु उनतै
बोल्या, "जै थम अब्राहम के वंशज होन्दे, तो अब्राहम जिसे काम करदे। 40
पर इब थम मेरै ताहीं मारणा चाहो सो, जिसनै थारे ताहीं वो साच्चा वचन
बताया जो परमेसवर तै सुण्या, इस तरियां तो अब्राहम नै कोनी करया था।
41 थम अपणे पिता कै जिसे काम करो सो।" उननै यीशु ताहीं कह्या, "हम
जारी तै कोनी जणे, म्हारा एक ए पिता सै यानिके परमेसवर।" 42 यीशु
उनतै बोल्या, "जै परमेसवर थारा पिता होन्दा, तो थम मेरै तै प्यार करदे,

क्यूँके मै परमेसवर की ओड़ तै आया सूं। मै खुद कोनी आया, पर उस्से नै
मेरै ताहीं भेज्या। 43 थम मेरी बात क्यांतै न्ही समझदे? ज्यांतै के थम मेरे
वचनां नै अपणादे कोनी। 44 थम अपणे पिता शैतान की ओड़ तै सो, अर
अपणे पिता की मर्जी पूरी करणा चाहो सो। वो तो शरु तै ए खून्नी सै, अर
सच पै टिक्या ए कोनी रहया, क्यूँके सच उस म्ह सै ए कोनी। जिब वो झूठ
बोल्लै सै, तो अपणे सुभाव तै ए बोल्लै सै, क्यूँके वो झूठ्ठा सै बल्के झूठ का
बाप सै। 45 पर मै जो सच बोल्लू सूं, इस्से करकै थम मेरा बिश्वास कोनी
करदे। 46 थारे म्ह तै कौण मन्नै पापी ठैहरावै सै? जै मै सच बोल्लू सूं, तो
थम मेरा बिश्वास क्यांतै न्ही करदे? 47 जो परमेसवर कान्ही तै होवै सै, वो
परमेसवर की बात सुणै सै, अर थम ज्यांतै कोनी सुणदे के परमेसवर की
ओड़ तै कोनी सो।" 48 न्यू सुण यहूदियाँ नै उस ताहीं कह्या, "के हम ठीक
कोनी कहन्दे के तू सामरी सै, अर तेरे म्ह भुन्ड़ी ओपरी आत्मा सै?" 49 यीशु
नै जवाब दिया, "मेरै म्ह भुन्ड़ी ओपरी आत्मा कोनी," पर मै अपणे बाप की
इज्जत करुँ सूं, अर थम मेरी बेजती करो सो। 50 पर मै अपणा मान-सम्मान
कोनी चाहन्दा, हाँ, एक सै जो चाहवै सै, अर न्याय करण आळा सै। 51 मै
थमनै साच्ची-साच कहूँ सूं, "के जै कोए माणस मेरे वचनां नै मान्नैगा, तो वो
अनन्त काल ताहीं कोनी मरै।" (aiōn g165) 52 यहूदियाँ नै उस ताहीं कह्या,
"इब हम जाणगे के तेरे म्ह भुन्ड़ी ओपरी आत्मा सै। अब्राहम मरग्या अर नबी
भी मरग्ये सै, अर तू कहवै सै, 'जै कोए मेरे वचनां नै मान्नैगा, तो वो अनन्त
काल ताहीं कोनी मरै।' (aiōn g165) 53 म्हारा पूर्वज अब्राहम तो मरग्या। के
तू उसतै भी बड्ड़ा सै? अर नबी भी मरग्ये। तू अपणे-आपनै के मान्नै सै?"
54 यीशु नै जवाब दिया, "जै मै खुद अपणी महिमा करुँ, तो मेरी महिमा किमे
कोनी। पर मेरी महिमा करण आळा मेरा पिता सै, जिसनै थम कहो सो के वो
थारा परमेसवर सै। 55 थमनै तो उस ताहीं कोनी जाण्या, पर मै उस ताहीं
जाणु सूं। जै मै कहूँ के मै उस ताहीं कोनी जाण्दा, तो मै थारी ढाळ झूठ्ठा
ठहरूँगा, पर मै उस ताहीं जाणु अर उसके वचनां नै मान्नु सूं। 56 थारा पूर्वज
अब्राहम मेरा दिन देक्खण की आस म्ह घणा मगन था, अर उसनै देख्या अर
आनन्द करया।" 57 यहूदियाँ नै उस ताहीं कह्या, "इब ताहीं तू पचास साल
का कोनी, फेरभी तन्नै अब्राहम ताहीं देख्या सै?" 58 यीशु उनतै बोल्या, "मै

थमनै साच्ची-साच कहूँ सूं, के पैहल्या इसकै के अब्राहम पैदा होया, मै सूं।”
59 या बात सुणकै माणसां नै यीशु ताहीं मारण खात्तर पत्थर ठाए, पर यीशु
लुह्ककै मन्दर तै लिकड़ ग्या।

**9** ओड़ तै जान्दे होए राह म्ह एक यीशु ताहीं जन्म तै आन्धा एक माणस
मिला। 2 उसके चेल्यां नै उसतै बुझ्झया, “हे गुरु, किसनै पाप करया था के
यो आन्धा पैदा होया, इस माणस नै या इसकै माँ-बाप नै?” 3 यीशु नै जवाब
दिया, “ना तो इसनै पाप करया था, ना इसके माँ-बाप नै पाप करया, पर यो
ज्यांतै आन्धा पैदा होया ताके परमेसवर की शक्ति दिखाई जा सकै। 4 जिसनै
मेरै ताहीं भेज्या सै, हमनै उसके काम दिन-ए-दिन म्ह करणा जरूरी सै। वा
रात आण आळी सै, जिस म्ह कोए माणस काम न्ही कर पावैगा। 5 जिब
ताहीं मै दुनिया म्ह सूं, जद ताहीं दुनिया का चान्दणा सूं।” 6 न्यू कहकै यीशु
नै धरती पै थुक्या, अर उस थूक तै माट्टी का लेप बणाया, अर उस लेप ताहीं
आंधे की आँखां पै लगाकै। 7 उसतै बोल्या, “जा,” “शीलोह कै कुण्ड म्ह”
(शीलोह का मतलब भेज्या होया सै)। उसनै जाकै अपणा मुँह धोया, अर
जिब वो बोहड़ा तो उसनै दिक्खण लाग्या। 8 फेर भिखारी के पड़ोसी अर उन
माणसां नै जिननै उस ताहीं पैहल्या भीख माँगदे देख्या था, एक-दुसरे तै
कहण लाग्गे, “के यो वोए न्ही सै, जो बेठ्या भीख माँगया करै था?” 9
कई माणस बोल्ले, “यो वोए सै,” दुसरे बोल्ले, “कोनी, पर उसकै जिसा
सै।” उसनै कह्या, “मै वोए सूं।” 10 फेर वे उसतै बुझ्झण लाग्गे, “तेरी
आँखां की रोशनी किस तरियां आगी?” 11 उसनै जवाब दिया, “यीशु नामक
एक माणस नै माट्टी का लेप बणाया, अर मेरी आँखां पै लाकै मेरै ताहीं
बोल्या, ‘जा, शीलोह म्ह जाकै अपणा मुँह धो ले,’ बस फेर के था मै गया अर
अपणा मुँह धोया अर देक्खण लाग्या।” 12 उननै उसतै बुझ्झया, “वो माणस
कित्त सै?” वो बोल्या, “मै कोनी जाण्दा।” 13 माणस उसनै जो आन्धा
था फरीसियाँ कै धोरै ले आए। 14 जिस दिन यीशु नै माट्टी लगाकै उसकी
आँख खोल्ली थी, वो आराम का दिन था। 15 फेर फरीसियाँ नै भी उनतै
बुझ्झया के उसकी आँखां की रोशनी किस ढाळ मिली। उसनै उन ताहीं
कह्या, “उसनै मेरी आँखां पै माट्टी लाई, फेर मन्नै अपणा मुँह धो लिया, अर
इब देक्खूँ सूं।” 16 इसपै कई फरीसी कहण लाग्गे, “यो माणस परमेसवर

की ओड़ तै कोनी, क्यूँके वो आराम कै दिन नै कोनी मान्दा।" दुसरे बोल्ले,
"पापी माणस इसे अचम्भे के काम किस ढाळ दिखा सकै सै?" आखर म्ह
उन म्ह फूट पड़गी। **17** उननै उस आंधै तै फेर कह्या, "जिस माणस नै तेरे
ताहीं आँखां की रोशनी दी सै। तू उसकै बारै म्ह के कहणा चाहवै सै?"
उसनै कह्या, "वो नबी सै।" **18** पर यहूदी अगुवां नै बिश्वास कोनी होया, के
वो आन्धा था, अर इब वो देक्खै सै, इस खात्तर उननै उसके माँ-बाप ताहीं
बुलाया। **19** अर उनतै बुझ्झया, "के यो थारा बेट्टा सै, जिसके बारें मै थम
कहों सों, के वो जन्म तै आन्धा था? फेर इब वो किस तरियां देक्खै सै?" **20**
उसकै माँ-बाप नै जवाब दिया, "हाँ, या तो जाणा सा के यो म्हारा बेट्टा सै,
अर या भी के यो आन्धा जन्मा था, **21** पर न्यू कोनी जाणदे, के इब यो
किस तरियां देक्खण लाग्या, अर ना न्यू जाणदे के किसनै इसकी आँखां की
रोशनी दी सै। वो बाळक कोनी सै, उस्से तै बुझल्यो, वो अपणे बारै म्ह खुद
ए बतावैगा।" **22** ये बात उसकै माँ-बाप नै ज्यांतै कही क्यूँके वे यहूदी अगुवां
तै डरै थे, क्यूँके यहूदी अगुवां नै एक्का कर लिया था, के जै कोए कहवै के वो
मसीह सै, तो उस ताहीं आराधनालय म्ह तै लिकाड़ दिया जावैगा। **23** इस्से
कारण उसकै माँ-बाप नै कह्या, "वो बाळक कोनी, उस्से तै बुझल्यो।" **24**
फेर यहूदी अगुवां नै उस माणस ताहीं जो आन्धा था, दुसरी बर बुलाकै उसतै
कह्या, "सच बता अर जो तू ठीक होया सै, तो तू सच बोलकै परमेसवर की
महिमा कर, हम जाणां सां के वो माणस पापी सै।" **25** उसनै जवाब दिया,
"मै न्ही जाण्दा, के वो पापी सै के न्ही, मै एक बात जाणु सूं, के मै आन्धा था
अर इब देक्खूँ सूं।" **26** उननै उस ताहीं फेर दुबारै कह्या, "उसनै तेरे गेल्या के
करया? अर किस ढाळ तेरी आँखां की रोशनी आगी?" **27** उसनै उन ताहीं
कह्या, "मन्नै तो थारे ताहीं पैहले भी बता दिया, पर थम उस बात नै सुणते
कोनी, इब दुसरी बर क्यांतै सुणणा चाहवो सो? के थम भी उसके चेल्लें
बणाणा चाहवो सो?" **28** फेर वे उसतै आच्छा-भुन्ड़ा कहकै बोल्ले, "तूए
उसका चेल्ला सै, हम तो मूसा नबी के चेल्लें सां। **29** हम जाणा सां, के
परमेसवर नै मूसा नबी तै बात करी, पर इस माणस नै कोनी जाणदे के कड़ै
तै आया सै।" **30** उसनै उन ताहीं जवाब दिया, "या तो अचम्भे की बात सै,
के थम न्ही जाणदे के वो कित्त का सै, फेर भी उसनै मेरी आँखां की रोशनी दे

दी। 31 हम जाणां सां, के परमेसवर पापियाँ की कोनी सुणदा, पर जै कोए
परमेसवर का भगत हो अर उसकी मर्जी पै चाल्दा हो, तो वो उसकी जरुर
सुणै सै। 32 दुनिया कै शरुआत तै यो कदे सुणनै म्ह कोनी आया, के किसे नै
जन्म तै आन्धै की आँखां की रोशनी दी हो। (aiōn g165) 33 जै यो माणस
परमेसवर कै कान्ही तै न्ही होन्दा, तो किमे भी कोनी कर सकदा।" 34 उननै
उस ताहीं जवाब दिया, "तू तो जमाए पापां म्ह जन्मा सै, तू हमनै के सिखावै
सै?" अर उननै उस ताहीं आराधनालय तै बाहरणै लिकाड़ दिया। 35 यीशु नै
सुण्या के उननै उस ताहीं बाहरणै लिकाड़ दिया सै, अर जिब उसतै मिल्या तो
बोल्या, "के तू परमेसवर कै बेट्टै पै बिश्वास करै सै?" 36 उसनै जवाब दिया,
"हे जनाब, परमेसवर का बेट्टा कौण सै, के मै उसपै बिश्वास करुँ?" 37 यीशु
नै उस ताहीं कह्या, "तन्नै उस ताहीं देख्या भी सै, अर जो तेरे गेल्या बात
करण लाग रह्या सै, वो मै ए सूं।" 38 उसनै कह्या, "हे प्रभु, मै तेरे पै बिश्वास
करुँ सूं।" अर उस ताहीं मोध्धा पड़कै प्रणाम करया। 39 फेर यीशु बोल्या,
"मै इस दुनिया म्ह न्याय खात्तर आया सूं, ताके जो आन्धे सै, वे देक्खै, अर
जो देक्खै सै, वे आन्धे हो जावै।" 40 जो फरीसी उसकै गेल्या थे, उननै या
बात सुणकै उस ताहीं कह्या, "के हम भी आन्धे सां?" 41 यीशु नै उन ताहीं
कह्या, "जै थम आन्धे होन्दे तो पापी कोनी होते, पर इब जिसा के थम कहो
सो, के थम देक्खों सों, तो सच म्ह थारा पाप माफ न्ही हो सकदा।"
**10** यीशु नै कह्या, "मै थारे ताहीं साच्ची-साच कहूँ सूं, के जो कोए भेड्या
के बाड़े म्ह दरबाजे तै न्ही आन्दा, बल्के बाड़ा कूदकै बड़ै सै, वो चोर अर डाकू
सै। 2 पर जो दरबाजे तै भीत्तर बड़ै सै वो भेड्डां का पाळी सै। 3 उस खात्तर
द्वारपाल दरबाजा खोल देवै सै, अर भेड़ उसका बोल सुणै सै, अर वो अपणी
उन भेड्डां नै नाम ले-लेकै बुलावै सै, अर बाड़ै तै बाहरणै ले जावै सै। 4 जिब
वो अपणी सारी भेड्डां नै बाहरणै काढ लेवै सै, तो उनकै आग्गै-आग्गै चाल्लै
सै, अर भेड़ उसकै गैल-गैल हो ले सै, क्यूँके वे उसका बोल पिच्छाणै सै। 5
पर भेड़ बिगान्ने कै गेल्या कोनी चाल्लै, पर उसतै भाज्जैंगी, क्यूँके वे बिगान्ने
का बोल कोनी पिच्छाणदी।" 6 यीशु नै उन ताहीं यो उदाहरण देकै कह्या, पर
वे कोनी समझे के वो उनतै के समझणा चाहवै। 7 फेर यीशु नै उन ताहीं
दुबारै कह्या, "मै थारैताहीं साच्ची-साच कहूँ सूं, भेड्डां का दरबाजा मै सूं। 8

जितने मेरै तै पैहल्या आए वे सारे चोर अर डाक्कू सै, पर मेरी भेड्डां नै उनकी
एक न्ही सुणी। 9 दरबाजा मै सूं, जै कोए मेरै जरिये भीत्तर बड़ै सै, तो वो
उद्धार पावैगा, अर भीत्तर बाहर आण-जाण लाग ज्यागा अर खाण खात्तर
खाणा पावैगा।" 10 चोर किसे और काम खात्तर कोनी पर सिर्फ चोरी करण
अर घात करण अर नुकसान करण नै आवै सै, मै ज्यांतै आया के वे जिन्दगी
पावै अर भोत-ए घणी पावै। 11 आच्छा पाळी मै सूं, आच्छा पाळी भेड्डां कै
खात्तर अपणी मर्जी तै जान देवै सै। 12 मजदूर जो ना पाळी सै अर ना भेड्डां
का माल्लिक सै, भेड़िये नै आन्दे देखकै भेड्डां नै छोड़कै भाज जावै सै, अर
भेड़िया उननै पकड़ै सै, अर उनपै हमला करै देवै सै। 13 वो ज्यांतै भाज जावै
सै क्यूँके वो मजदूर सै, उसनै भेड्डां की फिक्र कोनी। 14 "काम्मल चरवाहा मै
सूं, मै अपणी भेड्डां नै जाणु सूं, अर मेरी भेड़ मन्नै जाणै सै। 15 जिस ढाळ
पिता मन्नै जाणै सै, अर मै पिता नै जाणु सूं, अर मै अपणी भेड्डां खात्तर
अपणी जान दियुँ सूं। 16 मेरी और भी भेड़ सै, जो इस बाड़े की कोनी। मन्नै
उन ताहीं भी ल्याणा जरूरी सै। वे मेरा बोल पिच्छाणैगी, फेर एकैए रेवड़ अर
एकैए पाळी होगा। 17 पिता ज्यांतै मेरै तै प्यार करै सै, क्यूँके मै अपणी जान
अपणी मर्जी तै दियुँ सूं, के उसनै दुबारै ले लूँ। 18 कोए मेरी जान मेरै तै
खोसदा कोनी, बल्के मै उसनै खुदे उसनै अपणी मर्जी तै दियुँ सूं। मन्नै उसकै
देण का भी हक सै, अर उस ताहीं दुबारा लेण का भी हक सै, यो हुकम मेरै
पिता नै मेरै ताहीं दिया सै।" 19 इन बात्तां कै कारण यहूदियाँ म्ह दुबारै फूट
पड़ी। 20 उन म्ह तै घणखरे माणस कहण लागगे, "उस म्ह ओपरी आत्मा
सै, अर वो बावळा सै, उसकी क्यांतै सुणो सो?" 21 दुसरे माणसां नै कह्या,
"ये वचन इसे माणस की न्ही हो सकदे, जिसम्ह ओपरी आत्मा हो। के
ओपरी आत्मा आन्धयां नै आँखां की रोशनी दे सकै सै?" 22 यरुशलेम नगर
म्ह स्थापन का त्यौहार मनाया जारया था, अर जाड्यां का मौसम था। 23
यीशु मन्दर म्ह सुलैमान कै बराम्दा म्ह हान्डण लागरया था। 24 फेर यहूदियाँ
नै उस ताहीं आ घेरया अर बुझ्झया, "तू म्हारै मन नै कद ताहीं दुबिध्या म्ह गेरे
राक्खैगा? जै तू मसीह सै, तो म्हारै तै साफ-साफ बता दे।" 25 यीशु नै उन
ताहीं जवाब दिया, "मन्नै थारैतै कह दिया पर थम बिश्वास करदेए कोनी। जो
काम मै अपणे पिता कै नाम तै करुँ सूं, वैए मेरे गवाह सै, 26 पर थम ज्यांतै

बिश्वास कोनी करदे क्यूँके थम मेरी भेड्डां म्ह तै कोनी सो। 27 मेरी भेड़ मेरा
बोल पिच्छाणै सै, मै उननै जाणु सूं, अर वे मेरै पाच्छै-पाच्छै चाल्लै सै 28 अर
मै उन ताहीं अनन्त जीवन दियुँ सूं। वे कदे नाश कोनी होवैगीं, अर कोए उननै
मेरै हाथ तै खोस न्ही सकदा। **(aiōn g165, aiōnios g166)** 29 मेरा पिता,
जिसनै उन ताहीं मेरै तै दिया सै, सारया तै बड्ड़ा सै, अर कोए उननै पिता कै
हाथ्थां तै खोस कोनी सकदा। 30 मै अर पिता एक सां।" 31 यहूदियाँ नै
यीशु पै मारण खात्तर दुबारा पत्थर ठा लिये। 32 इसपै यीशु नै उन ताहीं
कह्या, "मन्नै थारे तै अपणे पिता की ओड़ तै घणे भले काम दिखाए सै, उन
म्ह तै कौण सै काम खात्तर थम मेरै पै पत्थर मारणा चाह्वो सो?" 33 यहूदियाँ
नै उस ताहीं जवाब दिया, "भले काम खात्तर हम तेरे पै पत्थर कोनी मारदे,
पर परमेसवर की बुराई करण कै कारण, अर ज्यांतै के तू माणस होकै खुद नै
परमेसवर कहवै सै।" 34 यीशु नै उन ताहीं जवाब दिया, "के थारे मूसा नबी
के नियम-कायदा म्ह कोनी लिख्या सै, 'मन्नै कह्या, थम ईश्वर सो?' 35 जै
उसनै उन ताहीं ईश्वर कह्या, जिनकै धोरै परमेसवर का वचन पोंहच्या (अर
पवित्र ग्रन्थ की बात झूठ न्ही हो सकदी), 36 तो जिस ताहीं पिता नै पवित्र
ठहराकै दुनिया म्ह भेज्या सै, थम मेरे ताहीं कहो सो, 'तू बुराई करै सै, ज्यांतै
के मन्नै यो कह्या,' 'मै परमेसवर का बेट्टा सूं?' 37 जै मै अपणे पिता के काम
कोनी करदा, तो मेरा बिश्वास ना करो। 38 पर जै मै करुँ सूं, तो चाहे मेरा
बिश्वास ना भी करो, पर उन काम्मां का तो बिश्वास करो, ताके थम जाणो
अर समझो के पिता मेरै म्ह सै अर मै पिता म्ह सूं।" 39 फेर यहूदियाँ नै दुबारै
उस ताहीं पकड़ण की कोशिश करी पर वो उनके हाथ्थां तै लिकड़ ग्या। 40
यीशु दुबारै यरदन नदी कै परली ओड़ै उस जगहां पै चल्या गया, जड़ै यूहन्ना
पैहल्या बपतिस्मा दिया करै था, अर वो ओड़ैए रहया। 41 घणखरे माणस
उसकै धोरै आकै कहवै थे, "यूहन्ना नै तो कोए चमत्कार कोनी दिखाया, पर
जो किमे यूहन्ना नै इसकै बारै म्ह कह्या था, वो सारा कुछ साच्ची था।" 42
अर ओड़ै भोत-से माणसां नै यीशु पै बिश्वास करया।

**11** लाजर नामका एक माणस बीमार था, जो बैतनिय्याह गाम का था, अर
उसकी दो भाण थी मरियम अर मार्था। 2 या वाए मरियम थी जिसनै बाद म्ह
प्रभु पै खसबूदार तेल गेर कै उसके पायां ताहीं बाळां तै पुन्जयां था, लाजर

इस्से का भाई था जो बीमार था। 3 इस करकै उसकी भाणां नै यीशु ताहीं
कुहवां भेज्या, "हे प्रभु, लखा, जिसतै तू प्यार करै सै, वो बीमार सै।" 4 न्यू
सुणकै यीशु न्यू बोल्या, "या बीमारी मरण का कारण कोनी, पर परमेसवर
की महिमा खात्तर सै, ताके उसकै जरिये परमेसवर कै बेट्टे की महिमा होवै।"
5 मार्था उसकी बेब्बे अर लाजर तै यीशु प्यार करै था। 6 पर जिब उसनै
सुण्या के लाजर बीमार सै, तो जिस जगहां पै वो था, ओड़ै दो दिन और रुक
ग्या। 7 दो दिन बाद फेर उसनै चेल्यां ताहीं कह्या, "आओ, हम फेर यहूदिया
परदेस म्ह चाल्लां।" 8 चेल्यां नै उस ताहीं कह्या, "हे गुरु, कुछ दिन पैहल्या
तो यहूदी तेरे पै पत्थर बरसा कै तन्नै मारणा चाहवै थे, अर के तू फेर भी उड़ैए
जाणा चाहवै सै?" 9 यीशु नै जवाब दिया, "के दिन के बारहा घन्टे कोनी
होन्दे? जै कोए दिन म्ह चाल्लै तो ठोक्कर कोनी खान्दा, क्यूँके वे इस दुनिया
के उजाळै नै देक्खै सै। 10 पर जै कोए रात म्ह चाल्लै तो ठोक्कर खावै सै,
क्यूँके उस म्ह उजाळा कोनी।" 11 उसनै ये बात कही, अर इसके बाद उन
ताहीं कहण लाग्या, "के म्हारा साथी लाजर सो ग्या सै, पर मै उसनै जगाण
जाऊँ सूं।" 12 फेर चेल्यां नै उस ताहीं कह्या, "हे प्रभु, जै वो सो ग्या सै तो
वो ठीक हो ज्यागा।" 13 यीशु नै तो उसकी मौत कै बाबत कह्या था, पर
उननै सोच्या के उसनै नींद तै सोण कै बाबत कह्या सै। 14 फेर यीशु नै उन
ताहीं साफ-साफ कह दिया, "लाजर मर लिया सै, 15 यो थारे ए हित म्ह सै,
के मै उड़ै कोनी था, क्यूँके इब थम मेरे पै बिश्वास कर सकोगे, आओ, हम
उसकै धोरै चाल्लां।" 16 फेर थोमा नै जो दिदुमुस कुह्वावै सै, अपणे गेल्या के
चेल्यां ताहीं कह्या, "आओ, हम भी प्रभु कै गेल्या मरण नै चाल्लां।" 17
बैतनिय्याह गाम पोहचे पाच्छै यीशु नै न्यू बेरया पाट्या के लाजर नै कब्र म्ह
धरे चार दिन हो लिए सै। 18 बैतनिय्याह गाम यरुशलेम कै धोरै कोए दो
कोस की दूरी पै था, 19 घणखरे यहूदी माणस मार्था अर मरियम कै धोरै
उसकै भाई की मौत कै बाबत दीलास्सा देण नै आरे थे। 20 जिब मार्था नै
यीशु कै आण की खबर सुणी, तो मार्था उसतै मिलण खात्तर गई, पर मरियम
घरा ए बेठ्ठी रही। 21 मार्था नै यीशु ताहीं कह्या, "हे प्रभु, जै तू आड़ै होंदा, तो
मेरा भाई कदे न्ही मरदा। 22 अर इब भी मन्नै बेरा सै, जो कुछ तू परमेसवर
तै माँगैगा, परमेसवर तन्नै देवैगा।" 23 यीशु नै उस ताहीं कह्या, "तेरा भाई

जी ज्यागा।" 24 मार्था नै उस ताहीं कह्या, "मन्नै बेरा सै, के आखर के
दिन म्ह पुनरुत्थान के बखत वो जी ज्यागा।" 25 यीशु नै मार्था तै कह्या,
"पुनरुत्थान अर जीवन मै ए सूं, जो कोए मेरै पै बिश्वास करैगा, वो जै मर भी
जावै फेर भी जिवैगा, 26 अर जो कोए जीवै सै, अर वो मेरै पै बिश्वास करै सै,
वो अनन्त काल ताहीं कोनी मरैगा। के तू इस बात पै बिश्वास करै सै।"
(aiōn g165) 27 मार्था नै यीशु तै कह्या, "हाँ, हे प्रभु, मै बिश्वास करुँ सूं,
के परमेसवर का बेट्टा मसीह जो दुनिया म्ह आण आळा था, वो तूए सै।"
28 न्यू कहकै मार्था चली गयी, अर अपणी बेब्बे मरियम ताहीं एक्ले म्ह
बुलाकै चुपके तै कह्या, "गुरु याड़ैए सै अर तन्नै बुलावै सै।" 29 न्यू सुण तिए
मरियम जिब्बे उठकै उसकै धोरै आई। 30 यीशु इब्बे गाम तै बाहरे था, पर
उस्से जगहां था जड़ै मार्था उसतै मिली थी। 31 फेर जो यहूदी माणस उसकै
गेल्या घर म्ह थे अर उस ताहीं दीलास्सा देवै थे, न्यू देखकै के मरियम जिब्बे
उठकै बारणै चली गयी सै, न्यू समझे के वा कब्र पै रोण नै जावै सै, तो उसकै
पाच्छै हो लिये। 32 जिब मरियम उड़ै गई जड़ै यीशु था, तो उसनै देखदे उसकै
पायां म्ह पड़कै कह्या, "हे प्रभु, जै तू आड़ै होन्दा फेर मेरा भाई कोनी मरदा।"
33 जिब यीशु नै जो यहूदी माणस उसकै गेल्या आये थे, रोन्दे होए देख्या, तो
आत्मा म्ह घणाए दुखी अर उदास होग्या, 34 अर कह्या, "थमनै उसकी लाश
कित्त धर राक्खी सै?" उननै उस ताहीं कह्या, "हे प्रभु, चालकै देख ले।" 35
यीशु रोण लाग्या। 36 फेर यहूदी माणस कहण लाग्गे, "लखाओ, वो लाजर
तै कितना प्यार करै था।" 37 पर उन म्ह तै कईयाँ नै कह्या, "के यो जिसनै
आंध्याँ ताहीं रोशनी दे दी, के यो लाजर ताहीं मरण तै न्ही बचा सकै था?"
38 यीशु मन म्हए फेर घणाए दुखी होकै कब्र पै आया। वा एक गुफा थी अर
एक पत्थर उसपै धरया था। 39 यीशु नै कह्या, "पत्थर हटादो।" लाजर की
बेब्बे मार्था उसतै कहण लाग्गी, "हे प्रभु, उस म्ह तै इब तो बदबू आवै सै,
क्यूँके उसनै मरे चार दिन हो लिए सै।" 40 यीशु नै उन ताहीं कह्या, "के मन्नै
तेरे तै कोनी कह्या था के जै तू बिश्वास करैगी, तो परमेसवर की महिमा नै
देक्खैगी।" 41 फेर उननै पत्थर ताहीं हटाया। यीशु नै सुर्ग कान्ही निगांह ठाकै
कह्या, "हे पिता, मै तेरा धन्यवाद करुँ सूं, के तन्नै मेरी सुण ली सै। 42 अर
मन्नै बेरा था के तू सारी हाण मेरी सुणै सै, पर जो भीड़ आसै-पासै खड़ी सै,

उनकै बाबत मन्नै कह्या, ताके वे बिश्वास करै, के तन्नै मेरैताहीं भेज्या सै।"
43 न्यू कहकै ठाड्डू आवाज म्ह रुक्का मारया, "हे लाजर, लिकड़ आ।" 44
जो मर लिया था उसके हाथ पैर पट्टियाँ तै बंधे हुए थे, अर उसकै मुँह पै
अंगोच्छा लिपटरया था। यीशु नै उन ताहीं कह्या, "उसनै खोलदो अर जाण
द्यो।" 45 फेर जो यहूदी मरियम धोरै मिलण आरे थे, अर उसका यो चमत्कार
देख्या था, उन म्ह तै घणखरयां नै उसपै बिश्वास करया। 46 पर उन म्ह तै
कईयाँ नै फरीसियाँ धोरै जाकै यीशु के काम्मां की खबर दी। 47 ज्यांतै प्रधान
याजकां अर फरीसियाँ नै यहूदी अगुवां की सभा करी, अर कह्या, "हमनै के
करणा चाहिये? यो माणस तो घणे चमत्कार दिखावै सै। 48 जै हम उसनै
न्यूए करण द्या, तो फेर सारे उसपै बिश्वास करैगें, अर रोमी सैनिक आकै म्हारे
देश अर मन्दर दोनुवां पै कब्जा कर लेवैगें।" 49 फेर उन म्ह तै काइफा
नामका एक माणस नै जो उस साल का महायाजक था, उन ताहीं कह्या,
"थम किमे न्ही जाणदे! 50 अर ना ए थमनै इस बात की समझ सै, के इस्से
म्ह थारा फायदा सै, के बजाये इसके के सारे माणस ए नाश हो जावै, सब
खात्तर एक आदमी नै मरणा होगा।" 51 पर या बात उसनै अपणी ओड़ तै
कोन्या कही, पर उस साल का महायाजक होण के नाते या भविष्यवाणी
करी, के यीशु उस जात खात्तर मरैगा। 52 अर ना सिर्फ यहूदी जात खात्तर
बल्के ज्यांतै के परमेसवर की खिंड-मिंड ऊलादां नै एक करदे। 53 इस
तरियां उस्से दिन तै यहूदी अगुवें उस ताहीं मारण खात्तर साजिस रचाण
लाग्गे। 54 ज्यांतै यीशु उस बखत तै यहूदी लोग्गां म्ह घाट दिक्खण लागग्या,
अर यरुशलेम नगर नै छोड़कै वो जंगल-बियाबान कै धोरै इफ्राईम नामक एक
नगर कान्ही चल्या गया, अर अपणे चेल्यां गैल उड़ैए रहण लाग्या। 55
यहूदियाँ का फसह का त्यौहार लोवै था, अर घणेए माणस फसह तै पैहल्या
अपणे गाम्मां म्ह तै यरुशलेम नगर म्ह गए, के खुद नै पवित्र करै। 56 वे यीशु
नै टोह्ण लाग्गे अर मन्दर म्ह खड़े होकै आप्पस म्ह बतलाण लाग्गे, "थम के
सोच्चो सो? के वो त्यौहार म्ह कोनी आवैगा?" 57 अर प्रधान याजकां अर
फरीसियाँ नै हुकम दे राख्या था, के जै कोए न्यू जाणै सै, के यीशु कित्त सै तो
बतावै, ताके वे उसनै पकड़ ले।

12 फेर यीशु फसह का त्यौहार तै छ: दिन पैहल्या बैतनिय्याह गाम म्ह
आया जित्त लाजर था, जिस ताहीं यीशु नै मरया होड़ म्ह तै जिन्दा करया था।
2 उड़ै उननै यीशु कै खात्तर भोज तैयार करया, अर मार्था सेवा करण लागरी
थी, अर लाजर भी उन म्ह तै एक था जो उसकै गेल्या खाणा खाण बेठ्ठे
थे। 3 फेर मरियम नै जटामांसी फूल का आध्धा सेर घणा महँगा खसबूदार
तेल लेकै यीशु के पायां पै गेरया, अर अपणे बाळां तै उसके पैर पुन्झे, अर
खसबूदार तेल की खस्बू तै घर खसबूदार होग्या। 4 पर उसके चेल्यां म्ह तै
यहूदा इस्करियोती नामका एक चेल्ला जो उस ताहीं पकड़वाणा चाहवै था,
कहण लाग्या, 5 "यो महँगा खसबूदार तेल तीन सौ दीनार (तीन सौ दिन की
मजदूरी) म्ह बेचकै कंगालां ताहीं क्यातै कोनी दिया गया?" 6 उसनै या बात
ज्यातै कोनी कही के उसनै कंगालां की फिक्र थी बल्के ज्यांतै के वो चोर था,
अर उसकै धोरै पिस्या की थैल्ली रह्या करै थी अर उस म्ह जो कुछ गेरया
जान्दा, वो काढ लेवै था। 7 यीशु नै कह्या, "उस ताहीं यो करण द्यो, यो मेरे
गाड्डे जाण की तैयारी कै खात्तर सै। 8 क्यूँके कंगाल तो थारे गेल्या सारी
हाण रहवैंगे, पर मै थारे गेल्या सारी हाण कोनी रहूँगा।" 9 फसह का त्यौहार
म्ह आई यहूदियाँ की एक बड़ीए भीड़ नै जिब बेरा लागग्या के वो बैतनिय्याह
गाम म्ह सै, तो वे ना सिर्फ यीशु कै बाबत आये पर ज्यांतै भी के लाजर नै
देक्खै, जिस ताहीं यीशु मसीह नै मरया होड़ म्ह तै जिन्दा करया था। 10 फेर
प्रधान याजकां नै लाजर ताहीं भी मारण की सलाह करी। 11 क्यूँके उसकै
बाबत घणखरे यहूदी चले गये अर यीशु पै बिश्वास करया। 12 दुसरे दिन
घणखरे माणसां नै जो फसह के त्यौहार म्ह आरे थे न्यू सुण्या, के यीशु
यरुशलेम नगर म्ह आरया सै। 13 ज्यांतै उननै खजूर की डाळी ली, अर उसतै
फेट्टण नै लिकड़े, अर रुक्के मारण लाग्गे, "होशाना! (मतलब जै-जै कार
हो) धन्य इस्राएल का राजा, जो प्रभु कै नाम तै आवै सै।" 14 जिब यीशु
यरुशलेम नगर कै धोरै आया, तो उसनै एक गधे का बच्चा मिल्या, फेर वो
उसपै बैठग्या, 15 जिसा पवित्र शास्त्र म्ह लिख्या सै, "हे सिय्योन की बेट्टी,
मतना डरै, लखा, तेरा राजा गधी के बच्चे पै चढ़ा होड़ चाल्या आवै सै।" 16
यीशु के चेल्लें ये बात पैहल्या कोनी समझे थे, पर जिब यीशु की महिमा
दिक्खी फेर उनकै याद आया के ये बात उसकै बाबत लिक्खी होड़ थी, अर

माणसां नै उसकै गेल्या न्यूए बरताव करया था। 17 फेर उसकै गैल जो भीड़
थी उननै या गवाही दी, जो उस बखत उसकै गेल्या थे, जिब उसनै लाजर
ताहीं कब्र म्ह तै बुलाकै मरया होया म्ह तै जिन्दा करया था। 18 ज्यांतै माणस
यीशु तै फेट्टण नै आरे थे क्यूँके उननै सुण्या था के उसनै यो अचम्भे का काम
करया था। 19 फेर फरीसियाँ नै आप्पस म्ह कह्या, "सोचकै तो देक्खो, के
थारे तै कुछ भी कोनी बणदा। लखाओ, दुनिया उसकै गैल हो ली सै।" 20
जो माणस उस फसह के त्यौहार म्ह भगति करण नै आये थे उन म्ह तै कुछ
यूनानी थे। 21 उननै गलील परदेस कै बैतसैदा नगर के बासिन्दे फिलिप्पुस
कै धोरै आकै उसतै बिनती करी, "श्रीमान, हम यीशु तै फेटणा चाहवां सां।"
22 फिलिप्पुस नै आकै अन्द्रियास तै कह्या, फेर अन्द्रियास अर फिलिप्पुस नै
जाकै यीशु ताहीं कह्या। 23 इसपै यीशु नै उन ताहीं कह्या, "वो बखत आ ग्या
सै के मुझ माणस के बेट्टे की महिमा हो। 24 मै थारे तै साच्ची-साच कहूँ सूं,
के जिब ताहीं गेहूँ का दाणा धरती म्ह पड़कै मर न्ही जान्दा, वो एक्ला रहवै
सै, पर जिब मर जावै सै, तो वो अनगणित दाण्या नै जन्म देवै सै। 25 जो
अपणे जीवन नै प्यारा जाणै सै, वो उसनै खो देवै सै, अर जो इस दुनिया म्ह
अपणे जीवन नै प्यारा कोनी जाण्दा, वो अनन्त जीवन कै खात्तर उसकी
रुखाळी करैगा। (aiōnios g166) 26 जै कोए मेरी सेवा करै, तो वो मेरा चेल्ला
बण जावै, अर जिब जड़ै मै सूं, उड़ै मेरा सेवक भी होवैगा। जै कोए मेरी सेवा
करै, तो पिता उसका आदर करैगा। 27 "इब मेरा जी भोत दुखी सै। ज्यांतै
इब मै के कहूँ? 'हे पिता, मन्नै इस दुख की घड़ी तै बचा?' पर मै इस्से खात्तर
इस दुनिया म्ह आया सूं, ताके मै दुख सहु। 28 हे पिता अपणे नाम की
महिमा कर।" फेर या अकास वाणी होई, "मन्नै इसकी महिमा करी सै, अर
फेर भी करुँगा।" 29 फेर जो माणस खड़े होए सुणरे थे, उननै कह्या के
बाद्दळ गरजा। दुसरयां नै कह्या, "कोए सुर्गदूत उसतै बोल्या।" 30 इसपै
यीशु नै कह्या, "या आवाज मेरै खात्तर न्ही, पर थारे खात्तर आई सै। 31 इब
इस दुनिया का न्याय होवै सै, इब इस दुनिया का अधिकारी काढ्या जावैगा।
32 अर मै जै धरती पै तै ऊँच्चे पै चढ़ाया जाऊँगा, तो सारया नै अपणे कान्ही
खिच्चुगाँ।" 33 न्यू कहकै उसनै यो बता दिया के वो किस ढाळ की मौत तै
मरैगा। 34 इसपै माणसां नै यीशु ताहीं कह्या, "हमनै मूसा नबी के नियम-

कायदा की या बात सुणी सै के मसीह सदा जिन्दा रहवैगा, फेर तू क्यातै
कहवै सै के माणस का बेट्टा ऊँच्चे पै चढ़ाया जाणा जरूरी सै? यो माणस का
बेट्टा कौण सै?" (aiōn g165) 35 यीशु नै उन ताहीं कह्या, "चाँदणा (यीशु नै
अपणे-आप तै कह्या सै) इब थोड़ी देर ताहीं थारे बिचाळै सै। जिब ताहीं
चाँदणा थारे गेल्या सै जद ताहीं चाल्दे रहो, इसा ना हो के अँधेरा थारे ताहीं
घेर लेवै, जो अँधेरे म्ह चाल्लै सै वो कोनी जाण्दा के कड़ै जावै सै। 36 जिब
ताहीं चाँदणा थारे गेल्या सै, चाँदणे पै बिश्वास राक्खो ताके थम चाँदणे की
ऊलाद बणो।" ये बात कहकै यीशु चल्या गया अर उनतै दूर रह्या। 37 यीशु
मसीह नै उनकै स्याम्ही इतने चमत्कार दिखाए, फेर भी उननै उसपै बिश्वास
कोनी करया, 38 ताके यशायाह नबी का वचन पूरा हो जो उसनै कह्या "हे
प्रभु, म्हारै संदेश का किसनै बिश्वास करया सै? अर प्रभु की शक्ति किसपै
जाहिर होई सै?" 39 इस बाबत वे बिश्वास कोनी कर सके, क्यूँके यशायाह नै
न्यू भी कह्या सै: 40 "उसनै उनकी आँख आँधी, अर उनके मन कठोर कर
दिए सै, कदे इसा ना हो के वे आँखां तै देक्खै, अर मन तै समझै, अर पलटै,
अर मै उननै ठीक करुँ।" 41 यशायाह नै ये बात ज्यांतै कही, के उसनै यीशु
मसीह की महिमा देक्खी, अर उसनै उसकै बारें म्ह बताया। 42 फेरभी यहूदी
सरदारां म्ह तै घणाए नै उसपै बिश्वास करया, पर फरीसियाँ कै कारण खुलकै
कोनी मान्नै थे, क्यूँके उननै डर था कदे वे आराधनालय म्ह तै लिकाड़े ना
जावै 43 क्यूँके माणसां की ओड़ तै करी जाण आळी बड़ाई उननै परमेसवर
की ओड़ तै बड़ाई की बराबरी म्ह घणी प्यारी लाग्गै थी। 44 यीशु नै रुक्का
मारकै कह्या, "जो मेरै पै बिश्वास करै सै, वो मेरै पै न्ही बल्के मेरै खन्दानआळै
पै बिश्वास करै सै। 45 अर जो मन्नै देक्खै सै, वो मेरै खन्दानआळै नै देक्खै
सै। 46 मै दुनिया म्ह चाँदणा बणकै आया सूं, ताके जो कोए मेरै पै बिश्वास
करै वो अँधेरे म्ह कोनी रहवै।" 47 "जै कोए मेरे वचन सुणकै भी उननै न्ही
मानता, तोभी मै उसनै कसूरवार कोनी ठहरान्दा, क्यूँके मै दुनिया के माणसां
ताहीं कसूरवार ठहराण खात्तर कोनी, पर दुनिया के माणसां का उद्धार करण
खात्तर आया सूं। 48 जो कोए मन्नै नकारै सै, अर मेरे सुसमाचार नै कोनी
अपणावै, उस ताहीं कसूरवार ठहराण आळा तो एके सै, यानिके जो वचन
मन्नै कह्या सै, वोए पाच्छले दिन म्ह उस ताहीं कसूरवार ठहरावैगा। 49 क्यूँके

मै अपणी ओर तै बात न्ही कहन्दा, पर पिता जिसनै मेरै ताहीं भेज्या सै,
उसनै मेरै ताहीं हुकम दिया सै के, के मै कहूँ अर किस तरियां बोल्लूँ? 50 अर
मन्नै बेरा सै के उसका हुकम अनन्त जीवन देवै सै। ज्यांतै मै जो कुछ कहूँ सूं,
ठीक उसाए कहूँ सूं, जिसा पिता नै मेरै ताहीं कहण का हुकम दिया सै।"
(aiōnios g166)

**13** फसह कै त्यौहार तै पैहल्या, जिब यीशु नै बेरा लागग्या, के मेरा वो
बखत आ लिया सै, के दुनिया छोड़कै पिता कै धोरै उल्टा जाऊँ, तो अपणे
मानण आळा तै, जो दुनिया म्ह थे, जिसा प्यार वो करया करदा, आखर ताहीं
उसाए प्यार करदा रह्या। 2 यीशु अर उसके चेल्लें साँझ नै खाणा खाण
लागरे थे। शमौन के बेट्टे यहूदा इस्करियोती के मन म्ह शैतान नै यो विचार
घाल दिया था, के वो यीशु कै गेल्या धोक्खा करै। 3 यीशु यो जाणै था, के
पिता नै सब कुछ उसके हाथ म्ह सौप दिया सै, अर यो भी के वो परमेसवर
की ओड़ तै आया सै, परमेसवर कै धोरै ए उल्टा जाण लागरया सै। 4 इस
खात्तर वो खाणा छोड़कै खड्या होग्या, उसनै अपणे उप्परले लत्ते उतार दिये,
अंगोच्छा लेकै अपणी कमर म्ह बाँध लिया। 5 फेर बास्सण म्ह पाणी भरकै
चेल्यां के पैर धोये, अर जो अंगोच्छा कमर पै बाँध राख्या था, उस्से तै पूंझण
लागग्या। 6 जिब वो शमौन पतरस कै धोरै आया, फेर पतरस नै उस ताहीं
कह्या, "हे प्रभु, के तू मेरे पैर धोवैगा?" 7 यीशु नै उस ताहीं जवाब दिया,
"जो मै करुँ सूं, तू उसका मतलब इब्बे न्ही समझ पावैगा, पर इसकै बाद
समझैगा।" 8 पतरस नै उस ताहीं कह्या, "मै अपणे पैर तेरे ताहीं कदे न्ही
धोण दियुँगा।" न्यू सुणकै यीशु नै उस ताहीं कह्या, "जै मै तेरे पैर ना धोऊँ,
तो तू मेरा चेल्ला न्ही कुह्यावैगा।" (aiōn g165) 9 शमौन पतरस नै उस ताहीं
कह्या, "हे प्रभु, फेर मेरे पैर ए न्ही बल्के मेरे हाथ अर सिर भी धोदे।" 10
यीशु नै उस ताहीं कह्या, "जो माणस न्हा लिया हो उस ताहीं पैर कै सिवाय
और कुछ धोण की जरूरत कोनी, पर वो पूरी तरियां साफ हो चुका सै, थम
सारे साफ सो, पर एक नै छोड़ के।" 11 यीशु तो अपणे पकड़वाण आळे नै
जाणै था, ज्यांतै उसनै कह्या, "थम सारे साफ सो, पर एक नै छोड़ के।" 12
जिब यीशु नै पैर धो लिये, अर अपणे लत्ते दुबारा पहरकै फेर बैठग्या, तो उन
ताहीं कहण लागग्या, "के थम समझे के मन्नै थारे गेल्या के करया?" 13

थम मन्नै गुरु अर प्रभु कहो सो, अर सही कहो सो, क्यूँके मै वोए सूं। 14
जिब मन्नै गुरु अर प्रभु होकै थारे पैर धोए, तो थमनै भी मेरी तरियां एक-
दुसरे के पैर धोणे चाहिये। 15 क्यूँके मन्नै थारे ताहीं नमूना दिखाया सै, के
जिसा मन्नै थारे गेल्या करया सै, थम भी उसाए करया करो। 16 मै थारे तै
साच्ची-साच कहूँ सूं, नौक्कर अपणे माल्लिक तै बड्ड़ा कोनी, अर ना प्रेरित
अपणे भेजण आळे तै। 17 इब थम ये बात जाणगे सों, जै उनपै चाल्लों तो
थम सुखी रहोगे। 18 मै थम सारया कै बारें म्ह कोनी कहन्दा, मै उननै जांणु
सूं, जिनताहीं मन्नै छाँट लिया सै, (अर यो भी के यहूदा बिश्वासघाती सै)
क्यूँके मन्नै उस ताहीं इस खात्तर छाट्या सै, ताके पवित्र ग्रन्थ का यो वचन
पूरा हो, "जो मेरी रोट्टी खावै सै, उसनै मेरै पै लात ठाई।" 19 "ये सब कुछ
मन्नै थारे ताहीं पैहले ए बता दिया था, के जब न्यू हो जावै तो थम बिश्वास
करियो के मै वोए सूं। 20 मै थारे ताहीं साच्ची-साच कहूँ सूं, के जो मेरे भेज्जै
होया नै अपणावै सै, वो मन्नै अपणावै सै, अर जो मन्नै अपणावै सै, वो मेरे
भेजण आळे नै अपणावै सै।" 21 ये बात कहकै यीशु आत्मा म्ह दुखी होया
अर या गवाही दी, "मै थारे ताहीं साच्ची-साच कहूँ सूं, के थारे म्ह तै एक मन्नै
धोक्खा देकै पकड़वावैगा।" 22 चेल्लें यो शक करते होए के वो किसकै
बाबत कहवै सै, एक-दुसरे कै कान्ही लखाण लागगे। 23 उसके चेल्यां म्ह तै
यूहन्ना जिस ताहीं यीशु प्यार राक्खै था, यीशु कै धोरै बेठ्या था। 24 शमौन
पतरस नै यूहन्ना कान्ही इशारा करकै उस ताहीं बुझ्झया, "बता तो, वो
किसकै बाबत कहवै सै?" 25 फेर उसनै उस्से ढाळ यीशु की छात्ती कै
कान्ही झुककै उस ताहीं बुझ्झया, "हे प्रभु, वो कौण सै?" 26 यीशु नै जवाब
दिया, "जिस ताहीं मै यो रोट्टी का टुकड़ा डुबोकै द्युगां वोए सै।" अर उसनै
टुकड़ा डुबोकै शमौन के बेट्टे यहूदा इस्करियोती ताहीं दिया। 27 टुकड़ा खान्दे
शैतान यहूदा इस्करियोती म्ह बड़ग्या। फेर यीशु नै उस ताहीं कह्या, "जो तू
करै सै, तोळा कर।" 28 भोज पै बैठण आळे चेल्यां म्ह तै किसे नै भी यो
कोनी बेरा लाग्गण पाया के उसनै या बात उसतै किस मतलब तै कही। 29
कईयाँ नै सोच्या के रपियाँ की थैल्ली यहूदा कै धोरै रहवै सै, ज्यांतै यीशु उस
ताहीं कहवै सै के त्यौहार कै खात्तर जरूरी समान मोल ले आओ या गरीबां नै
कुछ देवै, इस खात्तर यहूदा नै रोट्टी का टुकड़ा लिया। 30 आखर म्ह वो टुकड़ा

खाकै जिब्बे बाहरणै लिकड़ग्या, अर रात का बखत था। 31 जिब यहूदा
बाहरणै लिकड़ग्या तो यीशु नै कह्या, "इब मुझ माणस के बेट्टे की महिमा होई
सै, अर परमेसवर की महिमा मेरे म्ह होई सै, 32 परमेसवर भी अपणे बेट्टे की
महिमा करैगा, अर वो जिब्बे करैगा।" 33 हे बाळकों, मै थोड़ी सी वार और
थारे धोरै सूं, फेर थम मन्नै टोहओगे, अर जिसा मन्नै यहूदियाँ ताहीं कह्या,
"जड़ै मै जाऊँ सूं, उड़ै थम कोनी आ सकदे, न्यू इब मै थारे ताहीं भी कहूँ
सूं।" 34 "मै थमनै नया हुकम द्यु सूं, के एक-दुसरे तै प्यार करो, जिसा मन्नै
थारैतै प्यार करया सै, उस्से तरियां थम भी एक-दुसरे तै प्यार करो। 35 जै
आप्पस म्ह प्यार राक्खोगे, तो इसतै सारया नै बेरा पाट्टैगा के थम मेरे चेल्लें
सो।" 36 शमौन पतरस नै उस ताहीं कह्या, "हे प्रभु, तू कित्त जा सै?" यीशु
नै जवाब दिया, "जड़ै मै जाऊँ सूं, उड़ै तू इब्बे मेरै पाच्छै न्ही आ सकदा, पर
इसकै बाद मेरै गेल्या आवैगा।" 37 पतरस नै उसतै कह्या, "हे प्रभु, इब्बे मै
तेरे पाच्छै क्यातै न्ही आ सकदा? मै तो तेरी खात्तर अपणी जान भी देण नै
तैयार सूं।" 38 यीशु नै जवाब दिया, "के तू मेरी खात्तर अपणी जान दे
देवैगा? मै तेरे तै सच कहूँ सूं, के मुर्गे कै बाँग देण तै पैहल्या तू तीन बार मेरे
बारें म्ह मुकरैगा।

**14** "अपणे मन नै दुखी ना होण द्यो, थम परमेसवर पै बिश्वास राक्खो सो,
अर मेरै पै भी बिश्वास राक्खो। 2 मेरै पिता कै घर म्ह घणीए रहण की जगहां
सै, जै न्ही होंदी तो मै थारे ताहीं कह देंदा, क्यूँके मै थारे खात्तर जगहां त्यार
करण नै जाऊँ सूं। 3 अर जै मै जाकै थारे खात्तर जगहां त्यार करुँ, तो फेर
दुबारै आकै थमनै अपणे उरै ले जाऊँगा के जड़ै मै रहूँ उड़ै थम भी रहो। 4 अर
जित्त म्ह जाऊँ सूं, थम ओड़ै की राह जाणो सों।" 5 थोमा नै उसतै सवाल
करया, "हे प्रभु, हमनै तेरे ठिकाणै का ए कोनी बेरा तो उसका राह किस
तरियां जाण सका सां?" 6 यीशु नै उस ताहीं जवाब दिया, "मै ए वो राह अर
सच अर अनन्त जीवन सूं, बिना मेरै जरिये कोए पिता धोरै कोनी पोहच
सकदा। 7 जै थम सच म्ह ए मन्नै जाणदे होन्दे, तो मेरै पिता नै भी जाणदे,
इसकै बाद थमनै उस ताहीं जाण लिया सै, अर उस ताहीं देख भी लिया सै।"
8 फिलिप्पुस नै उस ताहीं कह्या, "हे प्रभु, तू म्हारै ताहीं पिता के दर्शन ए
करा दे, योए म्हारै खात्तर भतेरा होगा।" 9 यीशु नै उस ताहीं कह्या, "हे

फिलिप्पुस, मै इतने दिन तै थारे गेल्या सूं, के तू मन्नै कोनी जाण्दा? जिसनै
मेरैताहीं देख्या सै उसनै पिता ताहीं देख्या सै। फेर क्यातै कहवै सै के पिता नै
म्हारैताहीं दिखा?” 10 के तन्नै बिश्वास कोनी के मै पिता म्ह सूं, अर पिता मेरै
म्ह सै? ये वचन जो मै थारे ताहीं बताऊँ सूं, अपणी ओड़ तै कोनी बतान्दा,
पर मेरे भित्तर बसा पिता ए सै, जो मेरे म्ह होकै अपणे काम पूरा करण
लागरया सै। 11 मेरा-ए बिश्वास करो के मै पिता म्ह सूं, अर पिता मेरै म्ह सै,
ना तो काम्मां कै कारण मेरा बिश्वास करो। 12 मै थारैतै साच्ची-साच कहूँ सूं,
के जो मेरै पै बिश्वास राक्खै सै, ये काम जो मै करुँ सूं, वो भी करैगा, बल्के
इनतै भी बड़े-बड़े काम करैगा, क्यूँके मै इब पिता कै धोरै जाऊँ सूं। 13 मेरै
नाम तै थम जो कुछ माँगोगे, वोए मै करुँगा, जिसतै बेट्टे कै जरिये पिता की
महिमा हो। 14 जै थम मेरै तै मेरै नाम तै कुछ माँगोगे, तो मै उस ताहीं पूरा
करुँगा। 15 “जै थम मेरै तै प्यार करो सो, तो मेरे हुकमां नै मान्नोगे। 16 मै
पिता तै बिनती करुँगा, अर वो थारे ताहीं एक और मददगार देवैगा के वो
सारीहाण थारे गेल्या रहवै। (aiōn g165) 17 यानिके सच का आत्मा, जिस
ताहीं दुनिया कोनी अपणा सकदी, क्यूँके वो ना उसनै देक्खै सै, अर ना उस
ताहीं जाणै सै, थम उसनै जाणो सो, क्यूँके आज वो थारे गेल्या सै, अर आण
आळे बखत म्ह भी वो थारे म्ह बणा रहवैगा।” 18 “मै थारे ताहीं अनाथ
कोनी छोडूँगा, मै थारे धोरै बोहड़ के आऊँगा। 19 थोड़ा ए बखत बाकी सै,
जिब दुनिया मेरै ताहीं कोनी देक्खैगी, पर थम मन्नै देक्खोगे, ज्यांतै के मै
जिन्दा सूं, थम भी जिन्दा रहोगे। 20 जिब मै बोहड़ के आऊँगा, उस दिन
थमनै बेरा लाग्गैगा, के मै अपणे पिता म्ह सूं, अर थम मेरै म्ह, मै थारे म्ह।
21 वो, जो मेरे हुकम नै मान्नै सै अर उननै निभावै सै, वोए मेरतै प्यार करै
सै, अर जो मेरतै प्यार करै सै, वोए मेरे पिता का प्रियजन होगा, मै उसतै
प्यार करुँगा, अर अपणे-आप ताहीं उसपै जाहिर करुँगा।” 22 उस यहूदा नै
(जो इस्करियोती कोनी था) यीशु ताहीं कह्या, “हे प्रभु, इसा के होया के तू
अपणे-आप ताहीं म्हारै पै जाहिर करणा चाहवै सै, अर दुनिया के माणसां पै
न्ही?” 23 यीशु नै उस ताहीं जवाब दिया, “जै कोए मेरै तै प्यार करै सै, तो
वो मेरी शिक्षा का पालन करैगा, वो मेरे पिता का प्रियजन बणैगा, अर हम
उसकै धोरै आकै उसकै गेल्या वास करागें।” 24 वो, जो मेरतै प्यार कोनी

करदा, वो मेरै वचन नै कोनी मानता, अर जो वचन थम सुणो सो वो मेरे
कोनी बल्के पिता के सै, जो मेरा भेजण आळा सै। 25 "ये बात मन्नै थारे
गेल्या रहंदे होए थारैतै कही। 26 पर मददगार यानिके पवित्र आत्मा जिस
ताहीं पिता मेरै नाम तै भेज्जैगा, वो थारे ताहीं इन सारी बात्तां की शिक्षा
देवैगा, अर जो कुछ मन्नै थारे तै कह्या सै, वो सारा कुछ थारे ताहीं याद
दुआवैगा।" 27 मै थारे ताहीं शान्ति देकै जाऊँ सूं, अपणी शान्ति थारे ताहीं
दियुँ सूं, जिसी दुनिया थारे ताहीं शान्ति देवै सै, मै थमनै उसी शान्ति कोनी
देंदा अपणे मन नै दुखी ना होण द्यो अर ना डरियो। 28 थमनै सुण्या के मन्नै
थारे ताहीं के कह्या, "मै जाऊँ सूं, अर थारे धोरै फेर आऊँगा।" जै थम मेरै तै
प्यार करदे, तो यो जाणकै राज्जी होन्दे, के मै पिता कै धोरै जाऊँ सूं, जो मेरै
तै घणा महान् सै। 29 यो सब होण तै पैहल्या मन्नै थारे ताहीं इसके बारै म्ह
बता दिया सै, के जिब यो हो जावै, तो थम बिश्वास करो। 30 मै इब थारे तै
घणा कुछ न्ही कहूँगा, क्यूँके इस दुनिया का शासक (शैतान) आवै सै। मेरै पै
उसका कोए हक कोनी, 31 दुनिया यो समझ ले के मै पिता तै प्यार करुँ सूं,
योए कारण सै के मै उसके सारे हुकमां का पालन करुँ सूं। उठो, हम याड़ै तै
चाल्लां।

15 यीशु नै कह्या, "मै सच्ची अंगूर की बेल की तरियां सूं, अर मेरा पिता
किसान की तरियां सै। 2 मेरे मै लाग्गी हरेक डाळी जो फळ न्ही देन्दी, उस
ताहीं वो काट देवै सै, पर हरेक एक फळ देण आळी डाळी ताहीं छांगै सै ताके
वा और घणा फळ ल्यावै। 3 थम तो उस वचन कै कारण जो मन्नै थारैताहीं
कह्या सै, शुद्ध होगे सो। 4 थम मेरै म्ह बणे रहो, अर मै थारे म्ह, जिस तरियां
डाळी जै अंगूर की बेल म्ह बणी न्ही रहवै तो खुद तै कोनी फळ सकदी, उस्से
तरियां थम भी जै मेरै म्ह बणे न्ही रहो तो कोनी फळ सकदे।" 5 मै अंगूर की
बेल की ढाळ सूं अर थम डाळी सो। जो मेरै म्ह बण्या रहवै सै अर मै उस म्ह,
वो घणाए फळ फळै सै, क्यूँके मेरै तै न्यारे पाटकै थम कुछ न्ही कर सकदे।
6 जै कोए मेरै म्ह न्ही बण्या रहंदा, तो वो डाळी की तरियां बगा दिया जावैगा,
अर सूख जावै सै, अर माणस उन ताहीं कठ्ठे करकै आग म्ह झोक देवै सै, अर
वे बळ जावै सै। 7 जै थम मेरै म्ह बणे रहो अर मेरे वचन थारे म्ह बणे रहवै,
तो थारे माँगण पै थारी इच्छा पूरी करी जावैगी। 8 थारे फळ की भरपूरी म्ह

मेरै पिता की महिमा अर थारा मेरे चेल्लें होण का सबूत सै। 9 जिसा पिता नै
मेरै तै प्यार करया, उसाए मन्नै थारैतै प्यार करया, मेरै प्यार म्ह बणे रहो। 10
जै थम मेरे हुकमां नै मान्नोगे, तो मेरै प्यार म्ह बणे रहोगे, जिस ढाळ के मन्नै
अपणे पिता का हुकम मान्या सै, अर उसकै प्यार म्ह बणा रहूँ सूं। 11 मन्नै ये
बात थारे तै ज्यांतै कही, के जो आनन्द मेरे म्ह सै, वो थारे म्ह भी हो अर
बढ़ता जावै। 12 "मै थमनै नया हुकम द्यु सूं, के एक-दुसरे तै प्यार करियो,
जिसा मन्नै थारैतै प्यार करया सै, उसाए थम भी एक-दुसरे तै प्यार करियो।
13 इसतै बड्ड़ा प्यार किसे का कोनी के कोए अपणे दोस्तां कै खात्तर अपणी
जान दे। 14 जो हुकम मै थारे ताहीं दियुँ सूं, जै थम उसपै चाल्लों सों तो थम
मेरे साथी सो।" 15 मन्नै थारे ताहीं नौक्कर न्ही, पर साथी मान्या सै, क्यूँके
नौक्कर माल्लिक के काम्मां तै अनजाण रहवै सै, मन्नै थारे ताहीं वे सारी
बात बता दी सै, जो मन्नै पिता तै मिली सै। 16 थमनै मेरै ताहीं कोनी चुण्या
पर मन्नै थारे ताहीं चुण्या सै अर थारैताहीं काम पै लाया सै, के थम जाकै
फळ ल्याओ अर थारा फळ बणा रहवै, के थम मेरै नाम तै जो कुछ पिता तै
माँग्गो, वो थारे ताहीं दे दे। 17 मेरा हुकम यो सै के थम एक-दुसरे तै प्यार
करो। 18 "जै दुनिया के माणस थारैतै बैर राक्खै सै, तो जाण ल्यो के उसनै
थारैतै पैहल्या मेरै तै बैर राख्या सै। 19 जै थम दुनिया के माणसां जिसे होन्दे,
तो दुनिया थारे तै आपण्यां जिसा प्यार करदी, पर थम दुनिया के कोनी,
बल्के मन्नै थारैताहीं दुनिया म्ह तै छाँट लिया सै, इस करकै दुनिया के माणस
थारे तै बैर राक्खै सै। 20 याद राक्खों मन्नै थारे तै के कह्या था, 'नौक्कर
अपणे माल्लिक तै बड्ड़ा कोनी होंदा,' जिब उननै मेरै ताहीं सताया, तो
थारैताहीं भी सतावैगें। जै उननै मेरी शिक्षा मान्नी, तो थारी भी माँन्नैगें।
21 पर यो सब कुछ माणस मेरै नाम कै कारण थारे गेल्या करैगें, क्यूँके
माणस मेरै भेजण आळे नै कोनी जाणदे। 22 जै मै न्ही आन्दा, अर उनतै बात
न्ही करदा, फेर वे पापी कोनी ठहरदे, पर इब उननै उनकै पाप खात्तर कोए
बहान्ना कोनी। 23 जो मेरै तै बैर राक्खै सै, वो मेरै पिता तै भी बैर राक्खै सै।
24 जै मै उनके बीच म्ह वे काम न्ही करदा, जो और किसे नै कोनी करे, तो वे
पापी कोनी ठहरदे, पर इब तो जो कुछ मन्नै करया सै उननै मेरै ताहीं देख
लिया सै, उननै मेरै ताहीं अर मेरे पिता दोनुआ तै बैर करया। 25 पर यो इस

करकै होया के जो उनकै नियम-कायदा म्ह लिख्या सै वो सच हो सकै, 'उननै
मेरै तै खामखां बैर करया।'" 26 पर जिब वो मददगार (सच का आत्मा जो
पिता की ओड़ तै आवै सै) धोरै आवैगा, जिसनै मै थारे धोरै पिता की ओड़ तै
भेज्जूँगा, तो वो मेरी गवाही देवैगा, 27 अर थम भी मेरे गवाह सो, क्यूँके थम
शरु तै मेरै गेल्या रहे सो।

**16** "ये बात मन्नै थारैतै ज्यांतै बताई सै के थारा बिश्वास डगमगा न्ही
जावै।" 2 वे थमनै आराधनालयाँ म्ह तै काढ देवैगें, बल्के वो बखत आवै सै,
के जो कोए थमनै मार देवैगा, वो न्यू समझैगा के मै परमेसवर की सेवा करुँ
सूं। 3 इसा वे ज्यांतै करैंगें के उननै ना पिता ताहीं जाण्या सै, अर ना मन्नै
जाणै सै। 4 पर ये बात मन्नै ज्यांतै थारैतै कही, के जिब इनका बखत आवै
तो थमनै याद रहवै के मन्नै थारैतै पैहल्याए उसकै बारें म्ह बता दिया था।
"मन्नै शरु म्ह थारैतै ये बात ज्यांतै कोनी कही क्यूँके मै थारे गेल्या था।" 5
पर इब मै अपणे भेजण आळे कै धोरै जाऊँ सूं, अर थारे म्ह तै कोए मेरै तै
कोनी बुझता, "तू कित्त जावै सै?" 6 पर मन्नै जो ये बात थारैतै कही सै,
ज्यांतै थारा मन दुख तै भरग्या सै। 7 फेरभी मै थारैतै साच्ची कहूँ सूं, के मेरा
जाणा थारे खात्तर ठीक सै, क्यूँके जै मै ना जाऊँ तो वो मददगार थारे धोरै
कोनी आवैगा, पर जै मै जाऊँगा, तो उस ताहीं थारे धोरै भेज्जूँगा। 8 वो आकै
दुनिया के माणसां ताहीं पाप अर धार्मिकता अर न्याय कै बाबत बतावैगा। 9
पाप कै बारै म्ह ज्यांतै के वे मेरै पै बिश्वास कोनी करदे। 10 अर धार्मिकता
कै बारै म्ह ज्यांतै के मै पिता कै धोरै जाऊँ सूं, अर थम मन्नै दुबारै कोनी
देक्खोगे, 11 न्याय कै बारै म्ह ज्यांतै के दुनिया का शासक कसूरवार ठहराया
जा चुक्या सै। 12 मन्नै थारे तै और भी घणीए बात कहणी सै, पर इब्बे थम
उननै सह न्ही सकदे। 13 पर जिब वो यानिके सच का आत्मा आवैगा, तो
थम सारया नै सच का रास्ता बतावैगा, क्यूँके वो अपणी ओड़ तै कोनी
कहवैगा पर जो कुछ सुणैगा वोए कहवैगा, अर होण आळी बात थारे ताहीं
बतावैगा। 14 वो मेरी महिमा करैगा, क्यूँके उस ताहीं मेरी ओड़ तै जो मिला
सै, वो थारे ताहीं मेरी बात्तां म्ह तै लेकै बतावैगा। 15 वो सब कुछ, जो पिता
का सै, वो सारा मेरा सै, ज्यांतै मन्नै कह्या के वो मेरी बात्तां म्ह तै लेकै थारे
ताहीं बतावैगा। 16 "थोड़ी देर म्ह थम मन्नै कोनी देक्खोगे, अर फेर थोड़ी देर

म्ह मन्नै दुबारा देक्खोगे।" 17 फेर उसके कुछ चेल्यां नै आप्पस म्ह कह्या,
"उसका इस बात तै के मतलब सै जो वो म्हारै ताहीं कहवै सै, 'थोड़ी देर म्ह
थम मन्नै कोनी देक्खोगे, अर फेर थोड़ी देर म्ह मन्नै दुबारा देक्खोगे?' अर यो
'ज्यांतै के मै पिता कै धोरै जाऊँ सूं?'" 18 फेर उननै कह्या, "यो 'थोड़ी देर'
जो वो कहवै सै, या के बात सै? हम कोनी जाणदे के वो के कहवै सै।" 19
यीशु नै न्यू जाणकै के वे मेरतै बुझणा चाहवै सै, उन ताहीं कह्या, "के थम
आप्पस म्ह मेरी इस बात बाबत जाँच-पड़ताळ करो सो, 'थोड़ी देर म्ह थम
मन्नै कोनी देक्खोगे, अर फेर थोड़ी देर म्ह मन्नै दुबारा देक्खोगे?' 20 मै थारे
तै साच्ची-साच कहूँ सूं, के जिब मै मरूँगा तो थम रोओगे अर बिलाप करोगे,
पर दुनिया राज्जी होवैगी। थमनै दुख होगा, पर थारा दुख आनन्द म्ह बदल
जावैगा। 21 जाप्पै कै बखत बिरबान्नी नै दुख होवै सै, क्यूँके उसकै दुख का
बखत आरया सै, पर जिब वा बाळक नै जन्म दे सै, तो इस खुशी तै, के
दुनिया म्ह एक माणस पैदा होया, उस दुख नै फेर याद कोनी कर दी। 22
उस्से तरियां थारे म्ह भी इब तो दुख सै, पर मै थारे तै दुबारा मिलूँगा अर थारे
मन आनन्द तै भर जावैंगे, थारा आनन्द कोए थारे तै खोस न्ही सकदा। 23
उस बखत थम मेरतै कुछ न्ही बुझ्झोगे। मै थारैतै सच कहूँ सूं, जै थम पिता तै
कुछ माँगोगे, तो वो मेरै नाम तै थमनै देवैगा। 24 इब ताहीं थमनै मेरै नाम तै
पिता तै कुछ न्ही मांग्या, माँग्गो, तो पा ल्योगे ताके थारा आनन्द पूरा हो
जावै। 25 "मन्नै ये बात थारैताहीं उदाहरणां म्ह कही सै, पर वो बखत आवै
सै, जिब पिता के बारें म्ह मै उदाहरणां म्ह न्ही कहूँगा, पर साफ शब्दां म्ह थारे
ताहीं बताऊँगा। 26 उस दिन थम मेरै नाम तै माँगोगे, अर मै थारैतै न्यू कोनी
कहन्दा के मन्नै ए थारे खात्तर पिता तै बिनती करणी पड़ैंगी, 27 क्यूँके मेरा
पिता तो खुदे थारैतै प्यार करै सै, ज्यांतै के थमनै मेरतै प्यार करया सै अर यो
बिश्वास करया सै के मै पिता की ओड़ तै भेज्या होड़ सूं। 28 मै पिता की
ओड़ तै दुनिया म्ह आया सूं, अर इब दुनिया नै छोड़कै पिता कै धोरै जाऊँ
सूं।" 29 उसकै चेल्यां नै कह्या, "हाँ, इब तू उदाहरणां म्ह न्ही, बल्के साफ
शब्दां म्ह समझाण लागरया सै। 30 इब हम समझगे सां, के तू सब कुछ
जाणै सै, अर इब किसे नै तेरे तै कोए सवाल पूच्छण जुरत कोनी, इस खात्तर
हम बिश्वास करा सां के तू परमेसवर की ओड़ तै आया सै।" 31 न्यू सुणकै

यीशु नै उन ताहीं कह्या, "के थमनै इब बिश्वास होया सै?" 32 लखाओ, वो
बखत आवै सै बल्के आण पहोंच्या सै के थम सारे खिंड-मिन्ड होकै अपणे-
अपणे घर बोहड़ जाओगे, अर मन्नै एक्ला छोड़ दोगे, फेरभी मै एक्ला कोनी
क्यूँके पिता मेरै गेल्या सै। 33 "मन्नै ये बात थारैतै ज्यांतै कही सै, के थम मेरै
म्ह शान्ति पाओ। दुनिया म्ह थारे पै क्लेश होवै सै, पर हिम्मत राखियो, मन्नै
दुनिया ताहीं जीत लिया सै।"

17 यीशु नै ये बात कही अर अपणी नजर अकास कान्ही ठाकै कह्या, "हे
पिता, वो बखत आण पहोंच्या सै, अपणे बेट्टे की महिमा कर, के बेट्टा भी तेरी
महिमा कर सकै, 2 क्यूँके तन्नै उस ताहीं सारी मानवजात्ति पै हक दिया, के
वो सब नै अनन्त जीवन देवै जो तन्नै उस ताहीं सौप्या सै। (aiōnios g166) 3
अर अनन्त जीवन यो सै के वे तुझ, जो के एकमात्र सच्चे परमेसवर अर यीशु
मसीह नै जिस ताहीं तन्नै भेज्या सै, जाणै। (aiōnios g166) 4 जो काम तन्नै
मेरै ताहीं सौप्या था, उस ताहीं पूरा करकै मन्नै धरती पै तेरी महिमा करी सै।
5 जो महिमा मेरी तेरे गैल दुनिया की सृष्टि तै पैहल्या थी, इब हे पिता, तू
अपणे गेल्या मन्नै भी महिमावान कर।" 6 "मन्नै तेरा नाम उन माणसां पै
जाहिर करया सै दुनिया म्ह तै जिनताहीं तन्नै छाटकै मेरै ताहीं सौप्या था, वे
तेरे थे पर तन्नै उन ताहीं मेरै ताहीं सौप्या सै, अर उननै तेरे वचन का पालन
करया सै।" 7 इब जाणगे सै के जो कुछ तन्नै मेरै ताहीं दिया सै, वो सारा
तेरी ओड़ तै सै, 8 क्यूँके जो बात तन्नै मेरै ताहीं बताई, मन्नै उन ताहीं उनकै
धोरै पहोंच्या दी सै, अर उननै उन ताहीं अपणालिया, अर सच म्ह ए जाण
लिया सै के मै तेरी ओड़ तै आया सूं, अर उननै बिश्वास भी कर लिया सै के तू
ए मेरा भेजण आळा सै। 9 मै उन खात्तर बिनती करुँ सूं, दुनिया के माणसां
कै खात्तर बिनती कोनी करदा पर उन्नैए कै खात्तर करुँ सूं जिन ताहीं तन्नै
मेरै ताहीं दिया सै, क्यूँके वे तेरे सै, 10 अर जो कुछ मेरा सै वो सारा तेरा सै,
अर जो तेरा सै वो मेरा सै, अर मन्नै उनके जरिये महिमा पाई सै। 11 इब मै
इस दुनिया म्ह कोनी रहूँगा, अर मै तेरे धोरै आऊँ सूं, पर ये दुनिया म्ह रहवैंगे,
हे पवित्र पिता, अपणे नाम की शक्ति तै उनकी रुखाळ कर, जो तन्नै मेरै
ताहीं दिया सै, ताके जिस तरियां मै अर तू एक सां, वे भी एक हो सकै। 12
जिब मै उनकै गेल्या था, तो मन्नै उन ताहीं तेरे नाम म्ह, जो तन्नै मेरै ताहीं

दिया था, उनकी रुखाळ करी, अर उन म्ह तै किसे का नाश कोनी होया,
सिवाए उसके जिस ताहीं खोणा जरूरी था, वो भी ज्यांतै के पवित्र ग्रन्थ म्ह
जो लिख्या होड़ सच हो। 13 पर इब मै तेरे धोरै आऊँ सूं, अर ये बात दुनिया
म्ह रहते होए कहूँ सूं, ताके वे अपणे मनां म्ह मेरे भरपूर आनन्द नै पा सकै।
14 मन्नै तेरा वचन उन ताहीं पोहोचा दिया सै, अर दुनिया के माणसां नै उनतै
बैर करया, क्यूँके जिस तरियां मै इस दुनिया का कोनी, उस्से तरियां वे भी
इस दुनिया के कोनी। 15 मै या बिनती कोनी करदा के उननै तू दुनिया तै
लिकाड़ ले, बल्के तू उननै उस शैतान तै बचाए राख। 16 जिस तरियां मै
दुनिया का कोनी, उस्से तरियां वे भी दुनिया के कोनी। 17 तेरा वचन साच्चा
सै, सच कै जरिये तू उननै अलग करण खात्तर समर्पित कर। 18 जिस तरियां
तन्नै मेरै ताहीं दुनिया म्ह भेज्या, उस्से तरियां मन्नै भी उन ताहीं दुनिया म्ह
भेज्या, 19 मै उनकै खात्तर खुद नै तेरी सेवा म्ह समर्पित करुँ सूं, ताके वे भी
सच के खात्तर समर्पित हो जावै। 20 “मै केवल इन्हे खात्तर बिनती कोनी
करदा, पर उन माणसां खात्तर भी जो इनकै वचन कै जरिये मेर पै बिश्वास
करैगें, 21 ताके वे सब एक हों, जिस तरियां हे पिता तू मेरै म्ह सै, अर मै तेरे
म्ह सूं, उस्से तरियां वे भी म्हारै म्ह एक हो, जिसतै दुनिया के माणस बिश्वास
करै के तन्नै ए मेरै ताहीं भेज्या सै। 22 वा महिमा जो तन्नै मेरै ताहीं दी, मन्नै
उन ताहीं दी सै, ताके वे उस्से तरियां ए एक होवै जिस तरियां हम एक सा,
23 मै उन म्ह अर तू मेरे म्ह ताके वे सिध्द होकै एक हो जावै, अर दुनिया नै
बेरा पाट्टै के तन्नै ए मेरै ताहीं भेज्या, अर जिस तरियां तन्नै मेरै तै प्यार करया
उस्से तरियां उनतै प्यार करया।” 24 हे पिता, मै चाहूँ सूं, के जिन ताहीं तन्नै
मेरैताहीं सौप्या सै, जड़ै मै सूं उड़ै वे भी मेरै गेल्या हो, के वे मेरी उस महिमा
नै देक्खै जो तन्नै मेरैताहीं दी सै, क्यूँके तन्नै दुनिया नै बणाण तै पैहल्या
मेरतै प्यार करया सै। 25 “हे धार्मिक पिता, दुनिया के माणसां नै तो तेरे ताहीं
कोनी जाण्या, पर मन्नै तेरे ताहीं जाण लिया सै, अर मेरे चेल्यां नै भी बेरा
पाटग्या के तन्नै ए मेरैताहीं भेज्या सै। 26 मन्नै तेरे ताहीं उनपै जाहिर करया
सै, अर जाहिर होन्दा रहूँगा, के जो प्यार तन्नै मेरतै करया था वोए प्यार उन
म्ह बस जावै, अर मै उन म्ह रहूँ।”

**18** जिब यीशु नै प्रार्थना खतम कर ली, तो वो अपणे चेल्यां कै गेल्या
किद्रोन नाळे कि परली ओड़ गया। उड़ै एक फूल्लां का बाग था, जिस म्ह वो
अर उसके चेल्लें गए। 2 यीशु का पकड़ाण आळा यहूदा भी उस जगहां नै
जाणै था, क्यूँके यीशु अपणे चेल्यां कै गैल उड़ै जाया करै था। 3 फेर यहूदा,
सिपाहियाँ कै एक टोळ नै अर प्रधान याजकां अर फरीसियाँ की ओड़ तै
मन्दर के पैहरेदारां नै लेकै, दीवे अर मशाल अर हथियारां नै लेकै उड़ै आया।
4 फेर यीशु, उन सारी बात्तां नै जो उसपै बीत्तण आळी थी जाणकै, लिकड़कै
उन ताहीं पूछा, "किसनै टोह्‌वो सो?" 5 उननै उस ताहीं जवाब दिया, "यीशु
नासरी नै।" यीशु नै उन ताहीं कह्या, "मैए सूं।" यीशु नै पकड़वाण आळा
यहूदा भी उनकै गेल्या खड्या था। 6 जिब यीशु नै उनतै कह्या, "मै सूं," वे
पाच्छै हटकै धरती पै पड़गे। 7 फेर उसनै दुबारै उन ताहीं बुझ्झया, "थम
किसनै टोह्‌वो सो?" वे बोल्ले, "यीशु नासरी नै।" 8 यीशु नै जवाब दिया,
"मन्नै तो थारे ताहीं कह दिया सै के वो मै सूं, जै थम मन्नै टोह्‌वो सो तो इन
माणसां नै जाण दो।" 9 यो इस करकै के खुद उसके जरिये कह्या गया यो
वचन पूरा हो, "मन्नै उन म्ह तै एक भी न्ही खोया, जिन ताहीं तन्नै मेरतै
सौप्या था।" 10 फेर शमौन पतरस नै तलवार, जो उसकै धोरै थी, खींच्ची
अर महायाजक के नौक्कर पै चलाकै उसका सोळा कान उड़ा दिया, उस
नौक्कर का नाम मलखुस था। 11 फेर यीशु नै पतरस तै कह्या, "अपणी
तलवार म्यान म्ह धर। जो दुख का कटोरा पिता नै मेरै ताहीं दिया सै, के मै
उसनै न्ही पीऊँ?" 12 फेर रोमी सिपाहियाँ अर उनकै सूबेदार अर यहूदिया
परदेस के मन्दर के पैहरेदारां नै यीशु ताहीं पकड़कै बाँध लिया, 13 अर
पैहल्या उस ताहीं हन्ना कै धोरै ले गए, क्यूँके वो उस साल के महायाजक
काइफा का सुसरा था। 14 यो वोए काइफा था, जिसनै यहूदियाँ ताहीं सलाह
दी थी के म्हारे माणसां खात्तर एक आदमी का मरणा ठीक सै। 15 शमौन
पतरस अर एक और दुसरा चेल्ला भी यीशु कै पाच्छै हो लिए। यो चेल्ला
महायाजक का जाण-पिच्छाण का था, ज्यांतै वो यीशु कै गेल्या महायाजक
कै आँगण म्ह गया, 16 पर पतरस बाहरणै दरबाजे पै खड्या रह्या। फेर दुसरा
चेल्ला जो महायाजक की जाण-पिच्छाण का था, वो बाहरणै लिकड़या अर
पहरेदारणी तै कहकै पतरस ताहीं भीत्तर लियाया। 17 उस नौकराणी नै, जो

पहरेदारणी भी थी, पतरस तै कह्या, “कदे तू भी इस माणस के चेल्यां म्ह तै
तो न्ही सै?” उसनै कह्या, “मै कोनी।” 18 नौक्कर अर मन्दर के पहरेदारां नै
जाड्डे कै कारण आग जळा राक्खी थी, अर खड़े होकै सेक्कै थे, अर पतरस
भी उनकै गेल्या खड्या आग सेक्कै था। 19 फेर महायाजक नै यीशु तै उसकै
चेल्यां कै बाबत अर उसकै उपदेशां कै बाबत जाँच-पड़ताळ करी। 20 यीशु नै
उस ताहीं जवाब दिया, “मन्नै हरेक माणस तै खुलकै बात करी, मन्नै सभायां
अर आराधनालयाँ म्ह, जड़ै सारे यहूदी कठ्ठे होया करै सै, सारी हाण उपदेश
दिया अर लुह्क कै कुछ कोनी कह्या। 21 तू क्यूँ मेरे तै सवाल बुझ्झै सै?
सवाल उनतै कर जिननै मेरे वचन सुणे सै, वे जाणे सै, के मन्नै उन ताहीं के-
के कह्या।” 22 जिब उसनै न्यू कह्या, तो मन्दर के पैहरेदारां म्ह तै एक नै जो
धोरै खड्या था, यीशु कै थप्पड़ मारकै कह्या, “के तन्नै महायाजक ताहीं इस
तरियां जवाब देण की हिम्मत किसी करी?” 23 यीशु नै उसतै जवाब दिया,
“जै मेरा कहणा गलत सै तो साबित करो पर मन्नै जो कह्या सै वो सही
सै तो फेर थम मेरै क्यूँ मारण लागरे सों?” 24 इस खात्तर यीशु ताहीं जो
इब भी बाँधे होए थे, हन्ना नै काइफा महायाजक कै धोरै भेज दिया। 25
शमौन पतरस खड्या होया आग सेक्कै था, फेर उननै उसतै कह्या, “कदे तू
भी उसकै चेल्यां म्ह तै तो न्ही सै?” उसनै नाट-कै कह्या, “मै कोनी।” 26
महायाजक के नौकरां म्ह तै एक, जो उसकै कुण्बे म्ह तै था, जिसका कान
पतरस नै काट दिया था, बोल्या, “के मन्नै तेरे ताहीं यीशु कै गेल्या फूल्लां के
बाग म्ह कोनी देख्या था?” 27 पतरस फेर नाटग्या, अर जिब्बे मुर्गे नै बाँग
देई। 28 फेर वे यीशु ताहीं काइफा कै धोरै तै किले म्ह लेगे, अर तड़कैए का
बखत था, पर वे खुद किले कै भीत्तर कोनी गए ताके वे फसह का भोज
खाण तै पैहल्या अशुद्ध ना हों जावै। 29 फेर राज्यपाल पिलातुस उनकै धोरै
बाहरणै लिकड़कै आया अर कह्या, “थम इस माणस पै किस बात का दोष
लाओ सो?” 30 उननै उस ताहीं जवाब दिया, “जै वो बुरे काम करणीया न्ही
होंदा तो हम इसनै तेरे धोरै कोनी ल्यान्दे।” 31 पिलातुस नै उनतै कह्या, “थमे
इसनै ले जाकै अपणे नियम-कायदा कै मुताबिक इसका न्याय करो।” यहूदी
अगुवां नै उसतै कह्या, “हमनै हक कोनी के किसे की जानलेवां।” 32 “यो
इस करकै होया, ताके यीशु की वा बात पूरी हो जो उसनै यो इशारा देंदे होड़

कही थी के उसकी मौत किस ढाळ होगी।" 33 फेर पिलातुस दुबारै किले कै
भीत्तर गया, यीशु ताहीं बुलाकै उसनै बुझ्झया, "के तू यहूदियाँ का राजा
सै?" 34 यीशु नै जवाब दिया, "के तू या बात अपणी ओड़ तै कहवै सै या
दुसरयां नै मेरै बाबत तेरे तै न्यू कह्या सै?" 35 पिलातुस नै जवाब दिया, "के
मै यहूदी न्ही सूं, तेरी-ए कोम अर प्रधान याजकां नै तेरे ताहीं मेरै हाथ म्ह
सौंप्या सै। तन्नै के करया सै?" 36 यीशु नै जवाब दिया, "मेरा राज्य इस
दुनिया का कोनी, जै मेरा राज्य इस दुनिया का होंदा, तो मेरे सेवादार लड़दे के
मै यहूदी अगुवां कै हाथ्थां सौंप्या कोनी जान्दा पर सच्चाई तो या सै के मेरा
राज्य आड़ै का सै ए कोनी।" 37 पिलातुस नै उसतै कह्या, "के तू राजा सै?"
यीशु नै जवाब दिया, "तू कहवै सै के मै राजा सूं। मन्नै ज्यांतै जन्म लिया अर
ज्यांतै दुनिया म्ह आया सूं, के सच की गवाही दियुँ। जो कोए सच का सै, वो
मेरा वचन सुणै सै।" 38 पिलातुस नै उसतै कह्या, "सच के सै?" न्यू कहकै
वो फेर यहूदी अगुवां कै धोरै लिकड़ आया अर उन ताहीं कह्या, "मै तो उस
म्ह कुछ खोट कोनी पांदा।" 39 पर थारे यो रिवाज सै के मै फसह पै थारे
खात्तर एक माणस नै छोड़ दियुँ। आखर के थम चाह्वो सो, "के मै थारे खात्तर
यहूदियाँ के राजा नै छोड़ दियुँ?" 40 फेर उननै रुक्के मारकै कह्या, "इसनै
न्ही, पर म्हारै खात्तर बरअब्बा नै छोड़दे।" जिब के बरअब्बा बिद्रोही था।

**19** फेर पिलातुस राज्यपाल नै यीशु कै कोड़े लगवाण खात्तर सिपाहियाँ के
हाथ सौप दिया। 2 सिपाहियाँ नै काण्डयाँ का मुकुट गूँथकै उसकै सिर पै
धरया, अर उस ताहीं बैंजनी लत्ते पिहराये, 3 अर उसकै धोरै आ-आकै कहण
लाग्गे, "हे यहूदियाँ के राजा, प्रणाम!" अर उसकै थप्पड़ भी मारे। 4 फेर
पिलातुस नै दुबारै बाहरणै लिकड़कै माणसां ताहीं कह्या, "लखाओ, मै उसनै
थारे धोरै फेर ल्याया सूं, ताके थमनै बेरा लाग्गै के मै उस म्ह कुछ भी खोट
कोनी पान्दा।" 5 फेर यीशु ताहीं काण्डयाँ का मुकुट अर बैंजनी लत्ते पहरे
होड़ बाहरणै लेग्या, अर पिलातुस नै उन ताहीं कह्या, "देक्खों, इस माणस
नै!" 6 जिब प्रधान याजकां अर मन्दर के पैहरेदारां नै उस ताहीं देख्या, तो
रुक्के मारकै कह्या, "उस ताहीं क्रूस पै चढ़ा, क्रूस पै!" पिलातुस नै उनतै
कह्या, "थमे उसनै ले जाकै क्रूस पै चढ़ाओ, क्यूँके मै उस म्ह कोए खोट
कोनी पान्दा।" 7 यहूदी अगुवां नै उस ताहीं जवाब दिया, "म्हारे नियम-

कायदे सै अर उस नियम-कायदा कै मुताबिक इस माणस नै मौत की सजा
मिलणी चाहिये, क्यूँके इसनै खुद ताहीं परमेसवर का बेट्टा होण का दावा
करया सै।” 8 जिब पिलातुस नै या बात सुणी तो और भी घणा डरग्या, 9
अर दुबारै किले कै भीत्तर गया अर यीशु तै कह्या, “तू कितका सै?” पर
यीशु नै उसतै कुछ भी जवाब कोनी दिया। 10 इसपै पिलातुस नै उसतै कह्या,
“मेरतै क्यातै न्ही बोल्दा? के तन्नै कोनी बेरा के तेरे ताहीं छोड़ देण का हक
मेरै ताहीं सै, अर तेरे ताहीं क्रूस पै चढ़ाण का भी मेरै ताहीं हक सै।” 11 यीशु
नै जवाब दिया, “जै तेरे ताहीं परमेसवर की ओड़ तै हक न्ही दिया जान्दा, तो
तेरा मेरै पै कोए हक कोनी होंदा, ज्यांतै जिसनै मेरै ताहीं तेरे हाथ पकड़ाया सै
उसका पाप घणा सै।” 12 इस बात नै सुणकै पिलातुस नै उस ताहीं छोड़
देणा चाह्या, पर यहूदी माणसां की भीड़ नै रुक्के मार-मारकै कह्या, “जै
तू इसनै छोड़ देवैगा, तो तू कैसर का बिरोध्दी बण जावैगा। जो कोए खुद
नै राजा होण का दावा करै सै, वो कैसर का बिरोध्द करै सै।” 13 ये बात
सुणकै पिलातुस यीशु नै बाहरणै ल्याया अर उड़ै न्याय की गद्दी पै बैठग्या,
जो इब्रानी भाषा म्ह “गब्बता” कुह्वावै सै, जिसका मतलब चोतरा हो सै। 14
यो फसह की त्यारी का दिन था, अर दोफाहरा का बखत था। फेर उसनै
यहूदी माणसां ताहीं कह्या, “यो रह्या थारा राजा!” 15 पर उननै और ऊँच्ची
आवाज म्ह कह्या, “उस ताहीं मार द्यो! उस ताहीं मार द्यो! उस ताहीं क्रूस पै
चढ़ा!” पिलातुस नै उनतै कह्या, “के मै थारे राजा नै क्रूस पै चढ़ाऊँ?” प्रधान
याजकां नै जवाब दिया, “कैसर नै छोड़ म्हारा और कोए राजा कोनी।” 16
फेर पिलातुस नै यीशु ताहीं क्रूस पै चढ़ाण खात्तर उनकै हवालै कर दिया। 17
फेर सिपाही यीशु नै ले गए, अर यीशु अपणा क्रूस ठाए होए उस जगहां तक
बाहर गया, जो “खोपड़ी” यानी इब्रानी भाषा म्ह “गुलगुता” कुह्वावै सै। 18
उड़ै उननै उस ताहीं अर उसकै गेल्या और दो माणसां ताहीं क्रूस पै चढ़ाया,
एक इस ओड़ अर एक दुसरी ओड़, अर बिचाळै यीशु ताहीं। 19 पिलातुस नै
एक दोषपत्र लिखकै क्रूस पै लगवा दिया, अर उसपै लिख्या होया था, “यीशु
नासरी, यहूदियाँ का राजा।” 20 यो दोषपत्र घणखरे यहूदियाँ नै पढ़्या,
क्यूँके यरुशलेम नगर जड़ै यीशु क्रूस पै चढ़ाया गया था नगर कै धोरै थी, अर
दोषपत्र इब्रानी अर लतीनी अर यूनानी म्ह लिख्या होया था। 21 फेर यहूदियाँ

के प्रधान याजकां नै पिलातुस तै कह्या, "'यहूदियाँ का राजा' मतना लिखै पर
यो के उसनै कह्या, 'मै यहूदियाँ का राजा सूं।'" 22 पिलातुस नै जवाब दिया,
"मन्नै जो लिखणा था, लिख दिया।" 23 जिब सिपाहियाँ नै यीशु ताहीं क्रूस
पै चढ़ा दिया, तो उसके लत्ते लेकै चार हिस्यां म्ह बांड लिए, हरेक सिपाही
खात्तर एक हिस्सा, अर कुड़ता भी लिया, पर कुड़ता बिन सिलाई उप्पर तै
तळै ताहीं सिम्या होया था। 24 इस करकै सिपाहियाँ नै आप्पस म्ह कह्या,
"हम इस ताहीं पाड़ा कोनी, पर इसपै पर्ची गेर कै, के यो किसका होवैगा।"
न्यू इस करकै होया के पवित्र ग्रन्थ म्ह जो लिख्या होया वो पूरा हो, "उननै
मेरे लत्ते आप्पस म्ह बांड लिए अर मेरे लत्ते पै पर्ची गेरी।" 25 आखर म्ह
सिपाहियाँ नै इसाए करया। यीशु कै क्रूस कै धोरै यीशु की माँ, अर उसकी
मौस्सी, क्लोपास की घरआळी मरियम, अर मगदल गाम की मरियम खड़ी
थी। 26 जिब यीशु नै अपणी माँ, अर उस चेल्लें ताहीं जिसतै वो प्यार करै
था, धोरै खड़े देख्या तो अपणी माँ तै कह्या, "हे नारी, लखा, यो तेरा बेट्टा
सै।" 27 फेर उस चेल्लें तै कह्या, "या तेरी माँ सै।" अर उस्से बखत वो
चेल्ला उस ताहीं अपणे घरां लेग्या। 28 इसकै पाच्छै यीशु नै बेरा लागग्या के
इब उसनै सारा काम पूरा कर लिया सै, ज्यांतै के पवित्र ग्रन्थ म्ह जो कह्या
गया वो पूरा हो, कह्या, "मै तिसाया सूं।" 29 उड़ै सिरके तै भरया होड़ एक
बास्सण धरया था, आखर म्ह सिपाहियाँ नै सिरके म्ह भेकै स्पंज (फोम)
ताहीं जुफे की लाठ्ठी पै धरकै उसकै मुँह कै लगाया 30 जिब यीशु नै वो
सिरका चख्या, तो कह्या, "पूरा होया," अर सिर झुकाकै जी दे दिया। 31 इब
यो त्यारी का दिन था, अर आगला दिन आराम का दिन अर फसह का दिन
था, यो यहूदी माणसां खात्तर एक खास दिन था, अर वे न्ही चाहवै थे, के इस
दिन देह क्रूस पै टंगी रहवै, इस करकै यहूदियाँ नै पिलातुस तै बिनती करी के
उन माणसां की टाँग तोड़ दी जावै, जो क्रूस पै चढ़ाये गये थे। 32 आखर म्ह
सिपाहियाँ नै आकै उन माणसां म्ह तै पैहले की टाँग तोड़ी फेर दुसरे की भी,
जो उसकै गेल्या क्रूस पै चढ़ाए गए थे, 33 पर जिब यीशु कै धोरै आकै देख्या
के वो मर लिया सै, तो उसकी टाँग कोनी तोड़ी। 34 पर सिपाहियाँ म्ह तै एक
नै बरछी तै उसका पंजर चीर दिया, अर उस म्ह तै जिब्बे लहू अर पाणी
लिकड़या। 35 जिस माणस नै यो देख्या, उसनै गवाही दी सै, अर उसकी

गवाही साच्ची सै, अर उननै बेरा सै के वो साच्ची कह सै के थम भी बिश्वास
करो। **36** ये बात ज्यांतै होई के पवित्र ग्रन्थ म्ह जो कह्या गया वो पूरा हो,
"उसकी कोए हाड्डी कोनी तोड़ी जावैगी।" **37** फेर एक और जगहां पै पवित्र
ग्रन्थ म्ह न्यू लिख्या सै, "जिस ताहीं उननै बेधा सै, उसनै वे देक्खैगें।" **38** इन
बात्तां पाच्छै अरिमतिया गाम के यूसुफ नै जो यीशु का चेल्ला था, पर यहूदी
अगुवां कै डर के मारे इस बात नै ल्कोए राक्खै था, पिलातुस तै बिनती करी,
के वो यीशु की लाश ले जा सकै सै। पिलातुस नै उसकी बिनती सुणी, अर
वो आकै उसकी लाश लेग्या। **39** नीकुदेमुस भी, जो पैहले यीशु कै धोरै रात
नै गया था, पचास सेर कै करीबन रळा होड़ गन्धरस अर एलवा (काण्डयाँ
आळा पौधा) लियाया। **40** फेर उननै यीशु की लाश ली, अर यहूदियाँ कै
गाड्डण कै रिवाज कै मुताबिक उस ताहीं खुशबुदार द्रव्य कै गेल्या कफन म्ह
लपेट्या। **41** उस जगहां पै जड़ै यीशु क्रूस पै चढ़ाया गया था, एक फूल्लां का
बगीचा था, अर उस फूल्लां की क्यारी म्ह एक नई कब्र थी जिसम्ह कदे कोए
कोनी राख्या ग्या था। **42** ज्यांतै उननै यीशु की लाश ताहीं उस्से कब्र म्ह धर
दिया, क्यूँके वा लोवै ए थी, अर वो यहूदियाँ के आराम की त्यारी का दिन भी
था।

**20** हफ्तै कै पैहल्ड़े दिन तड़कैए सूरज लिकड़ण तै पैहल्या अन्धेरै रहंदे ए
मगदल गाम की मरियम कब्र पै गई, अर पत्थर ताहीं कब्र पै तै हटया होड़
देख्या। **2** फेर वा भाज्जी अर शमौन पतरस अर उस दुसरे चेल्लै कै धोरै
जिसतै यीशु प्यार राक्खै था, आकै कह्या, "वे प्रभु की लाश नै कब्र म्ह तै
काढ लेगे सै, अर हमनै न्ही बेरा के उस ताहीं कित्त धर दिया सै।" **3** फेर
पतरस अर वो दुसरा चेल्ला लिकड़कै कब्र कै कान्ही चाल्ले। **4** वे दोन्नु
गैल-गैल भाजरे थे, पर दुसरा चेल्ला पतरस तै तेज भाजकै कब्र पै पैहल्या
पोंहच्या, **5** अर झुककै लत्ते पड़े देक्खे, तोभी वो भीत्तर कोनी गया। **6** फेर
शमौन पतरस उसकै पाच्छै-पाच्छै पोंहच्या, अर कब्र कै भीत्तर गया अर
उसनै भी लत्ते पड़े देक्खे, **7** अर वो अंगोच्छा जो उसकै सिर पै बन्धया होड़
था, लत्यां कै गेल्या कोनी पड्या था, पर न्यारा एक जगहां लपेटकै धरया
होया देख्या। **8** फेर दुसरा चेल्ला भी जो कब्र पै पैहल्या पोंहच्या था, भीत्तर
गया अर देखकै बिश्वास करया के यीशु मुर्दा म्ह तै जिन्दा होग्या। **9** पतरस

अर दुसरा चेल्ला इब ताहीं पवित्र ग्रन्थ की वा बात कोनी समझे थे के उसनै
मरे होया म्ह तै जी उठणा होगा। **10** फेर चेल्लें अपणे घरां बोहड़गे। **11** पर
मरियम रोंदी होई कब्र कै धोरै ए बाहरणै खड़ी रही, अर रोन्दे-रोन्दे कब्र कै
कान्ही कोड्डी होकै, **12** दो सुर्गदूत्तां ताहीं धोळे-चमकदे लत्ते पहरे होड़ एक
सिरहाणै अर दुसरे ताहीं पांयां की ओड़ बेठ्ठे देख्या, जड़ै यीशु की लाश धरी
गई थी। **13** उननै उस ताहीं कह्या, "हे नारी, तू क्यातै रोवै सै?" उसनै उन
ताहीं कह्या, "वे मेरै प्रभु की लाश नै ठा लेगे अर मन्नै कोनी बेरा के उसनै
कित्त धर राख्या सै।" **14** न्यू कहकै वा पाच्छै मुड़ी अर यीशु ताहीं खड़े
देख्या, पर पिच्छाण्या कोनी के यो यीशु सै। **15** यीशु नै उसतै कह्या, "हे
नारी, तू क्यातै रोवै सै? किसनै टोहवै सै?" उसनै माळी समझकै उस ताहीं
कह्या, "हे श्रीमान, जै तन्नै उस लाश ताहीं ठा लिया सै, तो मन्नै बता के उस
ताहीं कित्त धर राख्या सै, अर मै उसनै ले जाऊँगी।" **16** यीशु नै उस ताहीं
कह्या, "मरियम!" उसनै बोहड़कै उस ताहीं इब्रानी म्ह कह्या, "रब्बुनी!"
यानिके "हे गुरु"। **17** यीशु नै उस ताहीं कह्या, "पैरां म्ह लिपटकै मन्नै मतना
छुओ, क्यूँके मै इब ताहीं पिता कै धोरै उप्पर कोनी गया, पर मेरे भाईयाँ
कै धोरै जाकै उनतै कह दे, के मै अपणे पिता अर थारे पिता, अर अपणे
परमेसवर अर थारे परमेसवर कै धोरै उप्पर जाकै आऊँ सूं।" **18** मरियम
मगदलीनी नै जाकै चेल्यां ताहीं बताया, "मन्नै प्रभु ताहीं देख्या, अर उसनै
मेरै तै ये बात कही।" **19** उस्से दिन जो हफ्तै का पैहल्ड़ा दिन था, साँझ कै
बखत यहूदियाँ कै डर के मारे चेल्लें जिब किवाड़ मूंदे होड़ एक कमरे म्ह थे,
तो यीशु उनकै बिचाळै आ खड्या होया अर उनतै बोल्या, "थमनै शान्ति
मिलै।" **20** अर न्यू कहकै उसनै अपणे हात्थां के घा अर अपणा पंजर उनतै
दिखाए। फेर चेल्लें यीशु नै देखकै राज्जी होए। **21** यीशु नै फेर उनतै कह्या,
"थमनै शान्ति मिलै: जिस तरियां पिता नै मेरै ताहीं दुनिया म्ह भेज्या सै,
उस्से तरियां ए मै थमनै दुनिया म्ह भेज्जू सूं।" **22** न्यू कहकै उसनै उनपै
फूँक मारी अर उसनै कह्या, "पवित्र आत्मा ल्यो। **23** जिनके पाप थम माफ
करो, वे उनकै खात्तर माफ करे गए सै, जिनके थम राक्खो, वे राक्खे गए
सै।" **24** पर बारहा चेल्यां म्ह तै एक, यानिके थोमा जो दिदुमुस कुह्यावै सै,
जिब यीशु आया तो उनकै गेल्या कोनी था। **25** जिब दुसरे चेल्लें उसतै कहण

लाग्गे, “हमनै प्रभु ताहीं देख्या सै,” फेर उसनै उनतै कह्या, “जिब ताहीं मै
उसकै हाथ्थां म्ह कील्लां के छेद न्ही देख ल्यूँ, अर कील्लां के छेदां म्ह अपणी
आंगळी न्ही घाल ल्यूँ, अर उसकै पंजर म्ह अपणा हाथ ना घाल ल्यूँ, जद
ताहीं बिश्वास कोनी करुँगा।” 26 आठ दिन कै पाच्छै उसके चेल्लें फेर घर
कै भीत्तर थे, अर थोमा उनकै गेल्या था, अर किवाड़ मूंद राक्खे थे, फेर
यीशु आया अर उनकै बिचाळै खड्या होकै कह्या, “थमनै शान्ति मिलै।” 27
फेर उसनै थोमा तै कह्या, “अपणी आंगळी याड़ै ल्याकै मेरै हाथ्थां नै देख
अर अपणा हाथ ल्याकै मेरै पंजर म्ह घाल, अर अबिश्वासी न्ही पर बिश्वासी
बण।” 28 न्यू सुणकै थोमा नै जवाब दिया, “हे मेरे प्रभु, हे मेरे परमेसवर!”
29 यीशु नै उसतै कह्या, “तन्नै तो मेरै ताहीं देखकै बिश्वास करया सै, धन्य वे
सै जिन नै बिन देक्खे बिश्वास करया।” 30 यीशु नै और भी घणखरे चमत्कार
चेल्यां कै आग्गै दिखाए, जो इस किताब म्ह कोनी लिक्खे गए, 31 पर ये
ज्यांतै लिक्खे गए सै के थम बिश्वास करो के यीशु ए परमेसवर का बेट्टा
मसीह सै, अर बिश्वास करकै उसकै नाम म्ह अनन्त जिन्दगी पाओ।

**21** इन बात्तां कै पाच्छै यीशु नै खुद ताहीं तिबिरियास झील कै किनारे
चेल्यां पै जाहिर करया, अर इस ढाळ जाहिर करया 2 शमौन पतरस, अर
थोमा जो दिदुमुस कुह्यावै सै, अर गलील परदेस कै काना नगर का नतनएल,
अर जब्दी के बेट्टे, अर उसके चेल्यां म्ह तै दो और जणे कठ्ठे थे। 3 शमौन
पतरस नै उन ताहीं कह्या, “मै मच्छी पकड़ण नै जाऊँ सूं।” उननै उसतै
कह्या, “हम भी तेरे गेल्या चाल्लां सां।” इस करकै वे लिकड़कै किस्ती पै
चढ़े, पर उस रात उननै कुछ न्ही पकड्या। 4 सबेर होन्दे-ए यीशु किनारे पै
आ खड्या होया, फेरभी चेल्यां नै कोनी पिच्छाणा के यो यीशु सै। 5 फेर
यीशु नै उन ताहीं कह्या, “हे बाळकों, के थारे धोरै कुछ खाण नै सै?” उननै
जवाब दिया, “कोनी।” 6 यीशु नै उन ताहीं कह्या, “किस्ती कै सोळी ओड़
जाळ गेरो फेर पाओगे।” आखर उननै जाळ गेरया, अर इब घणी मच्छियाँ कै
बाबत जाळ उनपै खिच्या कोनी। 7 फेर उस चेल्लें नै जिसतै यीशु प्यार करै
था, पतरस तै कह्या, “यो तो प्रभु सै!” शमौन पतरस नै न्यू सुणकै के वो तो
प्रभु सै, अपणा बाहरी कपड़ा लपेट्या अर झील म्ह कूद पड्या, क्यूँके उस
बखत वो अंगोच्छें-अंगोच्छें म्ह था। 8 पर दुसरे चेल्लें डोंगी पै मच्छी तै भरया

होड़ जाळ खिंचदे होए आए, क्यूँके वे किनारे तै घणी दूर कोनी, पर कोए दो
सौ हाथ (सौ मीटर) की दूरी पै थे। 9 जिब चेल्लें किनारे पै उतरे, तो उननै
कोयले की आग अर उसपै मच्छी धरी होई, अर रोट्टी देक्खी। 10 यीशु नै
उनतै कह्या, "जो मच्छी थमनै इब्बे पकड़ी सै, उन म्ह तै कुछ ल्याओ।" 11
फेर शमौन पतरस नै डोंगी पै चढ़कै एक सौ तरेपन बड्डी मच्छियाँ तै भरया
होड़ जाळ किनारे पै खिच्या, अर इतनी मच्छी होन्दे होए भी जाळ कोनी
पाट्या। 12 यीशु नै उनतै कह्या, "आओ, खाणा खाओ।" चेल्यां म्ह तै किसे
की हिम्मत कोनी होई, के उसतै बुझ्झै, "तू कौण सै?" क्यूँके उननै बेरा था,
के हो ना हो यो प्रभु ए सै। 13 यीशु आया अर रोट्टी लेकै उन ताहीं दी, अर
उस्से ढाळ मच्छी भी। 14 यो तीसरी बार सै के यीशु मरे होया म्ह तै जिन्दा
उठ्ठण कै पाच्छै चेल्यां नै दिखाई दिया। 15 खाणा खाणे कै पाच्छै यीशु नै
शमौन पतरस तै कह्या, "हे शमौन, यूहन्ना के बेट्टे, के तू चेल्यां तै बाध मेरतै
प्यार करै सै?" उसनै उसतै कह्या, "हाँ प्रभु, तन्नै तो बेरा सै के मै तेरे तै
प्यार राक्खूँ सूं।" उसनै उसतै कह्या, "मेरे मेम्ना नै चरा।" 16 उसनै दुसरी बर
उसतै कह्या, "हे शमौन, यूहन्ना के बेट्टे, के तू मेरै तै प्यार राक्खै सै?" उसनै
उसतै कह्या, "हाँ प्रभु, तन्नै तो बेरा सै के मै तेरे तै प्यार राक्खूँ सूं।" उसनै
उसतै कह्या, "मेरी भेड्डां की रुखाळी कर।" 17 उसनै तीसरी बर उस ताहीं
कह्या, "हे शमौन, यूहन्ना के बेट्टे, के तू मेरतै प्यार राक्खै सै?" पतरस कांल
होया के उसनै उसतै तीसरी बर इसा कह्या, "हे शमौन, यूहन्ना के बेट्टे, के तू
मेरतै प्यार राक्खै सै?" अर उसतै कह्या, "हे प्रभु, तन्नै तो सारा कुछ बेरा सै,
तन्नै न्यू बेरा सै के मै तेरे तै प्यार राक्खूँ सूं।" यीशु नै उसतै कह्या, "मेरी
भेड्डां नै चरा।" 18 मै तेरे तै साच्ची-साच कहूँ सूं, "जिब तू जवान था तो
अपणी कड़ बाँधकै जड़ै चाहवै था उड़ै हाँडै था, पर जिब तू बूढ़ा होगा तो
अपणे हाथ पसारैगा, अर दुसरा तेरी कड़ बाँधकै जड़ै तू ना चाहवैगा उड़ै तन्नै
ले जावैगा।" 19 यीशु नै इन बात्तां तै इशारा करया के पतरस किसी मौत तै
परमेसवर की महिमा करैगा, अर फेर उसनै उसतै कह्या, "मेरै पाच्छै हो ले।"
20 पतरस नै बोहड़कै उस चेल्लें ताहीं पाच्छै आन्दे देख्या, जिसतै यीशु प्यार
राक्खै था, जो खाणे कै बखत उसकै साथ बेठ्या था, उसतै बुझ्झया, "हे
प्रभु, तेरा पकड़वाण आळा कौण सै?" 21 उस ताहीं देखकै पतरस नै यीशु

तै कह्या, “हे प्रभु, इसका के हाल होगा?” 
22 यीशु नै उसतै कह्या, “जै मै
चाहूँ के वो मेरै आण ताहीं रुक्या रहवै, तो तन्नै इसतै के? तू मेरै पाच्छै हो
ले।” 
23 ज्यांतै भाईयाँ म्ह या बात फैलगी के वो चेल्ला कोनी मरैगा, फेरभी
यीशु नै उसतै न्यू कोनी कह्या के वो कोनी मरैगा, पर यो के, “जै मै चाहूँ के
वो मेरै आण ताहीं रुक्या रहवै, तो तन्नै इसतै के?” 
24 यो वोए चेल्ला सै जो
इन बात्तां की गवाही देवै सै अर जिसनै इन बात्तां ताहीं लिख्या सै, अर हमनै
बेरा सै के उसकी गवाही साच्ची सै। 
25 और भी घणेए काम सै, जो यीशु
नै करे, जै वे एक-एक करकै लिखे जान्दे, तो मै समझू सूं के किताब जो
लिक्खी जान्दी वा दुनिया म्ह भी कोनी समान्दी।

# प्रेरितों के काम

1 हे थियुफिलुस, मन्नै पैहल्ड़ी किताब उन सारी बात्तां कै बारें म्ह लिक्खी,
जो यीशु शरु तै लेकै सुर्ग म्ह ठाए जाण तक करदा अर सिखान्दा रहया, 2
पर यीशु ताहीं परमेसवर के जरिये सुर्ग म्ह उठाए जाण तै पैहले उसनै अपणे
चुणे होए प्रेरितां ताहीं पवित्र आत्मा के जरिये हुकम दिया। 3 यीशु के दुख
ठाण कै पाच्छै उन प्रेरितां कै स्याम्ही भोत-से पक्के सबूत दिखाए के वो
जिन्दा सै, अर वो चाळीस दिन तक उननै दिखदा रहया, अर परमेसवर के
राज्य की बात करदा रहया। 4 अर एक दिन मसीह यीशु नै उनतै कठ्ठे करकै
उन ताहीं हुकम दिया, "यरुशलेम नगर नै ना छोड्डो, पर पिता की उस प्रतिज्ञा
की पूरे होण की बाट देखदे रहो, जिसका जिक्र थम मेरै तै सुण चुके सो। 5
क्यूँके यूहन्ना नै तो पाणी तै बपतिस्मा दिया सै पर थोड़े दिनां पाच्छै थम
पवित्र आत्मा तै बपतिस्मा पाओगे।" 6 चेल्लें जिब यीशु तै दुबारा मिले तो
उननै उसतै बुझ्झया, "हे प्रभु, के वो बखत आ ग्या सै, के तू इस्राएल ताहीं
छुड़वा कै उसनै दुबारा बसाकै राजा के रूप म्ह सब पै शासन करैगा।" 7
उसनै उनतै कह्या, "उस बखत या युगा ताहीं, जिन ताहीं पिता नै अपणे
अधिकार म्ह कर राख्या सै, उननै जाणणा थारा काम कोनी। 8 पर जिब
पवित्र आत्मा थारे पै आवैगा फेर थम सामर्थ पाओगे, अर यरुशलेम नगर
अर सारे यहूदिया और सामरिया परदेसां म्ह, अर धरती कै सिरे ताहीं मेरे
बारें म्ह गवाही द्योगे।" 9 न्यू कहकै यीशु उनकै देखदे-देखदे परमेसवर के
जरिये उप्पर ठा लिया गया, अर बाद्दळ नै उस ताहीं उनकी आँखां तै लह्को
लिया। 10 उसकै जान्दे बखत जिब वे अकास की ओड़ देक्खै थे, तो देक्खो,
चाणचक दो माणस धोळे लत्ते पहरे ओड़ उनकै लोवै आण खड़े होए, 11 अर
उनतै कह्या, "हे गलील परदेस के माणसों, थम खड़े अकास कान्ही क्यांतै
लखाओ सो? योए यीशु, जो परमेसवर के जरिये थारे धोरै तै सुर्ग पै ठा लिया
गया सै, जिस तरियां तै थमनै उस ताहीं सुर्ग नै जान्दे देख्या उस्से तरियां तै
वो दुबारा आवैगा।" 12 जिब सुर्गदूत चले गये, तो चेल्लें जैतून नाम के पहाड़
तै जो यरुशलेम नगर तै करीब आधै कोस की दूरी पै सै, यरुशलेम नगर म्ह
बोह्ड़े। 13 जिब वे नगर पोहचे तो उस चुबारै पै गये, जित्त पतरस अर यूहन्ना
अर याकूब अर अन्द्रियास अर फिलिप्पुस अर थोमा अर बरतुल्मै अर मत्ती

अर हलफई का बेट्टा याकूब अर शमौन, जेलोतेस अर याकूब का बेट्टा यहूदा
ये सारे माणस ओड़ै थे। 14 ये सारे कई बिरबानियाँ अर यीशु की माँ मरियम
अर उसके भाईयाँ कै गेल्या कठ्ठे होकै एक मन तै प्रार्थना म्ह लाग्गे रहे। 15
उन्हे दिनां म्ह पतरस बिश्वासियाँ कै बिचाळै म्ह जो एक सौ बीस आदमियाँ कै
करीबन थे, खड्या होकै कहण लाग्या, 16 हे भाईयो, जरूरी था के पवित्र
ग्रन्थ का वो लेख पूरा हो जो पवित्र आत्मा नै दाऊद के मुँह तै यहूदा कै
बाबत, जो यीशु कै पकड़वाण आळा का अगुवां था, पैहल्याए तै कह्या था।
17 क्यूँके वो तो म्हारै म्ह गिण्या गया, अर इस सेविकाई म्ह साझ्झी होया।
18 "जिसा थम जाणो सों (उसनै पाप की कमाई तै एक खेत मोल लिया,
अर सिर के बळ गिरया अर उसका पेट पाटग्या अर उसकी सारी आन्दड़ी
लिकड़गी। 19 इस बात ताहीं यरुशलेम नगर के सारे रहणीये जाणगे, उरै
ताहीं के उस खेत का नाम उनकी भाषा म्ह 'हक्कलदमा' यानिके 'लहू का
खेत' पड़ग्या।)" 20 "दाऊद नै भजन संहिता म्ह लिख्या सै, 'उसका घर
उजड़ जावै, अर यो भी लिख्या सै, के उस म्ह कोए न्ही बसै,' अर 'उसका
पद कोए और ले लेवै।'" 21 "इस करकै यो जरूरी सै के एक इसा माणस
छाट्या जावै, जो प्रभु यीशु के सारे काम्मां के हरेक बखत का गवाह हो, प्रभु
यीशु ताहीं यूहन्ना के जरिये बपतिस्मा दिये जाण तै लेकै, सुर्ग म्ह स्वीकार
किये जाण तक, 22 वो माणस म्हारे गैल प्रभु यीशु के जिन्दा होण का गवाह
बणै।" 23 फेर उननै दो नाम सुझाए, एक यूसुफ जो बरसब्बा कुह्वावै था,
जिसका उपनाम यूसतुम सै, दुसरा मत्तियाह ताहीं, 24 अर या प्रार्थना करी,
"हे प्रभु, तू जो सारया के मनां नै जाणै सै, न्यू बता के इन दोनुआ म्ह तै तन्नै
किस ताहीं चुण्या सै, 25 के वो इस सेवा के काम अर प्रेरितों की वा खाल्ली
जगहां ले, जिसनै यहूदा छोड़कै अपणी जगहां चल्या गया, जित्त उसनै जाणा
चाहिए था।" 26 फेर उननै उनकै बाबत पर्ची गेरी, अर पर्ची मत्तियाह कै नाम
लिकड़ी। आखर वो उन ग्यारहां प्रेरितां कै गेल्या गिण्या गया।

**2** यहूदियाँ के पिन्तेकुस्त त्यौहार के दिन, यीशु के चेल्लें एक जगहां कठ्ठे थे।
2 चाणचक अकास तै तेज आँधी जिसी आवाज आई, अर उसतै सारा घर
जित्त वे बेठ्ठे थे, गूँजग्या। 3 अर उननै एक आग की लपट दिक्खी, जो जीभ
के समान थी, वा आग की लपट अलग-अलग होकै उन सब कै उप्पर आ

उतरी। 4 वे सारे पवित्र आत्मा तै भरगे, अर जो वरदान पवित्र आत्मा नै उन
ताहीं दिया, उसके मुताबिक वो अन्य-अन्य भाषा बोल्लण लाग्गे। 5 उस
बखत पूरी दुनिया की हरेक जात म्ह तै यहूदी-भगत यरुशलेम नगर म्ह रहण
लागरे थे। 6 जिब आँधी जिसा शब्द गरजा, तो भीड़ लाग्गी अर आदमी
घबरागे, क्यूँके हर एक अपणी-अपणी भाषा म्ह चेल्यां ताहीं बोलदे सुणण
लागरे थे। 7 वे सारे हैरान अर अचम्भा करकै कहण लाग्गे, "देक्खो, जो वे
बोल्लण लागरे सै के सारे गलीलवासी कोनी? 8 तो यो के होण लागरया सै,
के जो म्हारे म्ह तै हर एक इन ताहीं अपणी-अपणी जन्म-भूमि की भाषा म्ह
बात करते सुणै सै! 9 हम जो पारथी अर मेदी अर एलामी अर मेसोपोटामिया
अर यहूदिया अर कप्पदूकिया अर पुन्तुस अर आसिया परदेस, 10 कुछ
फ्रुगिया, पंफूलिया परदेस अर कुछ मिस्र देश अर लीबिया देश जो कुरेने नगर
कै लोवै-धोरै सै, इन सारे देशां के रहण आळे अर रोमी प्रवासी, 11 यानिके
यहूदी माणस अर यहूदी पंथ धारण करण आळे, क्रेतो दीप अर अरब देश के
माणस भी सै, पर अपणी-अपणी भाषा म्ह उनतै परमेसवर के बड़े-बड़े
काम्मां का जिक्र सुणै सै।" 12 अर वे सारे हैरान होए अर घबराकै एक-दुसरे
तै कहण लाग्गे, "यो के होण लागरया सै?" 13 पर औरां नै मखौल करकै
कह्या, "वे तो नई मदिरा कै नशै म्ह चूर सै।" 14 जिब पतरस उन ग्यारहां
प्रेरितां कै गेल्या खड्या होया, अर ठाड्डू आवाज म्ह बोल्या, "हे यहूदिवासियों
अर हे यरुशलेमवासियों, न्यू जाण ल्यो, अर कान लाकै मेरी बात सुणो।" 15
जिसा थम समझरे सो, ये आदमी नशै म्ह कोनी, क्यूँके इब्बे दिन के नौ बजे
सै। 16 जो थम म्हारै साथ होते होए देखण लागरे सों, यो योएल नबी कै
जरिये कही गई भविष्यवाणी का पूरा होणा सै। 17 "'परमेसवर कहवै सै,
के अन्त के दिनां म्ह इसा होवैगा के मै अपणा आत्मा सारे माणसां ताहीं
दियुँगा,' अर थारे बेट्टे अर थारी बेट्टी भविष्यवाणी करैगी, अर थारे जवान
दर्शन देखैगें, अर थारे बुजुर्ग सपना देक्खैगें।" 18 उन दिनां म्ह, मै अपणे
दास्सां, अर दासियाँ ताहीं अपणी आत्मा दियुँगा, अर वे भविष्यवाणी करैगें।
19 अर मै उप्पर अकास म्ह अनोक्खे काम अर तळै धरती पै निशान, यानिके
लहू अर आग अर धुम्मै का बाद्दळ दिखाऊँगा। 20 प्रभु के महान् अर तेजस्वी
दिन कै आण तै पैहल्या सूरज अँधेरा अर चाँद लहू-सा हो जावैगा। 21 अर

जो कोए प्रभु का नाम लेवैगा, उसका उद्धार होवैगा। 22 "हे इस्राएलियों, इन
बात्तां नै सुणो यीशु नासरी एक माणस था जिसका परमेसवर की ओड़ तै
होण का सबूत उन सामर्थ के काम्मां अर हैरानी के काम्मां अर चमत्कारां तै
जाहिर सै, जो परमेसवर नै थारे बिचाळै उसकै जरिये कर दिखाए जिसकै बारै
म्ह थमनै खुदे बेरा सै। 23 उस्से यीशु ताहीं, जो परमेसवर की ठहराई होई
योजना अर पूर्व ज्ञान कै मुताबिक पकड़वाया गया, थमनै अधर्मियाँ के हात्थां
तै क्रूस पै चढ़ाकै उस ताहीं मार दिया। 24 पर उस्से ताहीं परमेसवर नै मौत
के बन्धनां तै छुड़ाकै जिन्दा करया, क्यूँके यीशु ताहीं अपणे बस म्ह राखणा
मौत खात्तर असम्भव था।" 25 राजा दाऊद यीशु कै बारै म्ह कहवै सै, "मै
प्रभु नै सारी हाण अपणे धोरै देख्दा रहया क्यूँके वो मेरी सोळी ओड़ सै, मै
उनतै न्ही डरुँगा जो लोग मेरा नुकसान करणा चाहवै सै।" 26 इस्से कारण
मेरा मन आनन्दित होया, अर मै खुशी तै गाऊँगा, बल्के मेरी आस भी उस्से
म्ह बणी रहवैगी। 27 क्यूँके तू मेरै प्राणां नै अधोलोक म्ह कोनी छोड्डैगा, अर
ना अपणे पवित्र माणस नै सड़ण देवैगा। **(Hadēs g86)** 28 "तन्नै मेरै ताहीं
जीण का राह बताया सै, तू मन्नै दर्शन कै जरिये आनन्द तै भर देवैगा।" 29
"हे भाईयो, मै कुलपति राजा दाऊद कै बारै म्ह थारे तै हिम्मत करकै कहूँ सूं
के वो तो मरग्या अर गाड्या भी गया अर उसकी कब्र आज ताहीं म्हारै उरै
न्यू-की-न्यू सै। 30 वो नबी था अर उसनै बेरा था के परमेसवर नै मेरै तै वादा
करया सै के मै तेरी पीढ़ी म्ह तै एक माणस नै तेरे सिंहासन पै बिठाऊँगा, 31
उसनै होण आळी बात ताहीं पैहल्याए तै देखकै मसीह के जिन्दा उठण कै
बारै म्ह भविष्यवाणी करी के ना तो उसका प्राण अधोलोक म्ह छोड्या गया
अर ना उसकी देह सड़ण पाई। **(Hadēs g86)** 32 इस्से यीशु ताहीं परमेसवर नै
जिन्दा करया, जिसके हम सारे गवाह सां। 33 इस तरियां परमेसवर के सोळे
हाथ पै सबतै ऊँच्चा पद पाकै, अर पिता तै वो पवित्र आत्मा पाकै जिसका
वादा लिया गया था, उसनै यो उण्डेल दिया सै जो थम देक्खो अर सुणो सो।
34 क्यूँके दाऊद तो सुर्ग पै कोनी चढ्या, पर वो खुद कहवै सै, 'प्रभु परमेसवर
नै मेरे प्रभु तै कह्या,' मेरै सोळी ओड़ नै बैठ, 35 "जिब ताहीं के मै तेरे बैरियाँ
नै तेरे कदमां तळै ना झुका दियुँ।" 36 "आखर इस्राएल का सारा खानदान
पक्की तरियां तै जाण लेवै के परमेसवर नै उस्से यीशु ताहीं जिस ताहीं थमनै

क्रूस पै चढ़ाया, प्रभु भी ठहराया अर मसीह भी।" 37 जिब माणसां नै यो
सुण्या, तो बिश्वास होग्या था के उननै गलत काम करया सै, अर वे पतरस
अर बाकी प्रेरितां तै बुझ्झण लाग्गे, "हे भाईयो, हम के करा?" 38 पतरस नै
उनतै कह्या, "पाप करणा छोड़ द्यो, अर थारे म्ह तै हरेक अपणे-अपणे पापां
की माफी कै खात्तर यीशु मसीह कै नाम तै बपतिस्मा लेवै, जिब थम पवित्र
आत्मा का दान पाओगे। 39 क्यूँके या प्रतिज्ञा थम, अर थारी ऊलादां, अर
उन सारे दूर-दूर के आदमियाँ खात्तर भी सै जिन ताहीं प्रभु म्हारा परमेसवर
अपणे धोरै बुलावैगा।" 40 पतरस नै कई और बात्तां तै, भी गवाही दे-देकै
समझाया के अपणे-आपनै इस टेढ़ी जात तै बचाओ। 41 आखर जिननै
उसके वचन पै बिश्वास करकै बपतिस्मा लिया, अर उस्से दिन तीन हजार
माणसां कै करीबन उन म्ह मिलगे। 42 जिननै पतरस के वचन पै बिश्वास
करया, वे प्रेरितां तै शिक्षा लेन्दे, अर संगति राखदे, अर रोट्टी तोड़ण, अर
प्रार्थना करण म्ह मग्न रहे। 43 अर सारे के यरुशलेम माणस डरगे, अर घणे
अनोक्खे काम अर चमत्कार प्रेरितां कै जरिये जाहिर होवै थे। 44 अर सारे
बिश्वास करणीये कठ्ठे रहवै थे, अर उनकी सारी चीज साझे म्ह थी। 45 वे
अपणी-अपणी जायदाद अर सामान बेच-बेचकै जिसकी जरूरत होवै थी बांड
दिया करै थे। 46 वे हरेक दिन एक मन होकै मन्दर म्ह कठ्ठे होवै थे, घर-
घर रोट्टी तोड़दे होए खुशी अर मन की सीधाई तै खाणा खावै थे, 47 अर
परमेसवर की जय-जयकार करै थे, अर सारे माणस उनतै राज्जी थे जो उद्धार
पावैं थे, उन ताहीं प्रभु हरेक दिन उन म्ह मिला देवै था।

**3** पतरस अर यूहन्ना दोफाहरै के तीन बजे पाच्छै प्रार्थना कै बखत मन्दर म्ह
जाण लागरे थे। 2 अर माणस एक जन्म तै लंगड़े नै ल्यावै थे, जिस ताहीं वे
हरेक दिन मन्दर कै बाहरणै पै जो सुन्दर नामक फाटक कुह्वावै सै, बिठा
देवै थे, के वो मन्दर म्ह जाण आळा तै भीख माँग्गै। 3 जिब उसनै पतरस
अर यूहन्ना ताहीं मन्दर म्ह जान्दे देख्या, तो उनतै भीख माँगी। 4 पतरस नै
यूहन्ना कै गेल्या उसकी ओड़ गौर तै देखकै कह्या, "म्हारी ओड़ लखा!" 5
आखर वो उनतै कुछ पाण की आस राखते होए उनकी ओड़ लखाण लाग्या।
6 फेर पतरस नै कह्या, "चाँदी अर सोन्ना तो मेरै धोरै सै न्ही, पर जो मेरै धोरै
सै वो तन्नै दियुँ सूं, यीशु मसीह नासरी कै नाम तै उठ अर चाल-फिर।" 7

पतरस नै उसका सोळा हाथ पकड़कै उस ताहीं ठाया, अर जिब्बे उसके
पायां अर टाखणयां म्ह ताकत आगी। 8 वो उछळते-कूदते खड्या होग्या
अर चाल्लण-फिरण लाग्या, अर चाल्दा, अर कुद्दा, अर परमेसवर की जय-
जयकार करदा होया उनकै गेल्या मन्दर म्ह गया। 9 सारे आदमियाँ नै उस
ताहीं चाल्दे-फिरदे अर परमेसवर की जय-जयकार करदे होए देखकै, 10 उस
ताहीं पिच्छाण लिया के यो वोए सै जो मन्दर कै "सुन्दर" नामक फाटक पै
बैठकै भीख मांग्या करै था, अर उस घटना तै जो उसकै गेल्या होई थी वे
घणे अचम्भित अर हैरान होए। 11 जिब वो पतरस अर यूहन्ना ताहीं पकड़े
होए था, तो सारे माणस घणे हैरान होन्दे होए उस बराम्दा म्ह जो सुलैमान
का कुह्वावै सै, उनकै धोरै भाज्जे आये। 12 न्यू देखकै पतरस नै माणसां तै
कह्या, "हे इस्राएलियों, थम इस माणस पै क्यांतै हैरान होवो सो, म्हारी ओड़
क्यांतै इस ढाळ लखाओ सों, के मान्नो हमनै-ए अपणी सामर्थ या भगति तै
इस ताहीं चाल्लण-फिरण जोग्गा बणा दिया। 13 अब्राहम अर इसहाक
अर याकूब के परमेसवर, म्हारे पूर्वजां के परमेसवर नै अपणे सेवक यीशु
मसीह की महिमा करी, जिस ताहीं थमनै पकड़वा दिया, अर जिब राज्यपाल
पिलातुस नै उस ताहीं छोड़ देण का विचार करया, फेर थमनै उसकै स्याम्ही
उसका इन्कार करया। 14 थमनै उस धर्मी अर पवित्र का इन्कार करया, अर
बिनती करी के एक खून्नी ताहीं थारे खात्तर छोड़ दिया जावै, 15 अर थमनै
अनन्त जीवन के कर्ता ताहीं मार दिया, जिस ताहीं परमेसवर नै मरे होया म्ह
तै जिन्दा करया, अर इस बात के हम गवाह सां। 16 मसीह यीशु कै नाम म्ह
बिश्वास कै कारण इस माणस नै जिसनै थम जाणो सों, जिसनै थम इस
बखत देक्खण लागरे सों, उस ताहीं ताकत दी सै, यो माणस यीशु के नाम
म्ह अर मसीह यीशु पै बिश्वास के जरिये कती भला चंगा होया सै, जिसा के
थम खुद देख सको सों।" 17 "इब हे भाईयो, मन्नै बेरा सै के थमनै अर थारे
अगुवां नै यो काम अज्ञानता म्ह करया, क्यूँके थम न्ही जाणो थे के वो मसीह
सै। 18 पर जिन बात्तां ताहीं परमेसवर नै सारे नबियाँ के मुँह तै पैहल्याए तै
बता दिया था, के उसका मसीह दुख ठावैगा, उन ताहीं उसनै इस्से ढाळ पूरा
करया। 19 इस करकै, पाप करणा छोड़ द्यो अर बोहड़ आओ के थारे पाप
मिटाए जावै, जिसतै प्रभु के स्याम्ही तै सुख-चैन के दिन आवै, 20 अर वो

यीशु ताहीं भेज्जै, जो थारे खात्तर पैहल्या तै ए मसीह ठहराया गया सै। 21
जरूरी सै के वो सुर्ग म्ह उस बखत ताहीं रहवै जिब ताहीं के वो सारी बात्तां का
सुधार ना कर लेवै जिसका जिक्र पुराणे बखत तै परमेसवर नै अपणे पवित्र
नबियाँ के मुँह तै करया सै। (aiōn g165) 22 जिस ढाळ के मूसा नबी नै कह्या,
'परमेसवर थारे भाईयाँ म्ह तै थारे खात्तर मेरै जिसा एक नबी भेज्जैगा, जो
किमे वो थारे तै कहवै उसकी सुणीयो।' 23 पर हरेक माणस जो उस नबी की
न्ही सुणै, आदमियाँ म्ह तै नाश करया जावैगा।" 24 "अर शमूएल तै लेकै
उसकै पाच्छै आळा ताहीं जितने नबी बोल्ले उन सारया नै इन दिनां का
सन्देशा दिया सै। 25 थम सारे नबियाँ की ऊलाद अर उस करार के हिस्सेदार
सो, जो परमेसवर नै थारे बाप-दाद्यां तै करया, जिब उसनै अब्राहम तै कह्या,
'तेरी पीढ़ी के जरिये धरती के सारे खानदान आशीष पावैगें।' 26 परमेसवर नै
अपणे सेवक ताहीं मरे होया म्ह तै ठाकै सब तै पैहल्या थारे धोरै भेज्या, के
थारे म्ह तै हरेक ताहीं उसकी बुराईयाँ तै पलटा कै आशीष देवै।"

**4** जिब वे आदमियाँ तै न्यू कहण लागरे थे, तो याजक अर मन्दर के सरदार
अर सदूकी दल के लोग उनपै चढ़ आये। 2 क्यूँके वे घणे खुन्दक म्ह थे के वे
आदमियाँ ताहीं सिखावै थे, अर यीशु का उदाहरण दे-देकै प्रचार करै थे, के
परमेसवर मुर्दां नै एक दिन जिन्दा करैगा जिसा उसनै यीशु ताहीं करया। 3
उननै उन ताहीं बन्दी बणाकै दुसरे दिन तक हवालात म्ह राख्या क्यूँके साँझ
होग्यी थी। 4 पर वचन के सुणण आळा म्ह तै घणाए नै बिश्वास करया, अर
उनकी गिणती पाँच हजार माणसां कै करीबन होग्यी थी। 5 दुसरे दिन इसा
होया के उनके सरदार, यहूदी अगुवें, शास्त्री 6 अर महायाजक हन्ना, कैफा,
यूहन्ना, सिकन्दर अर जितने महायाजक के कुण्बे के थे, सारे यरुशलेम नगर
म्ह एक जगहां कठ्ठे होए। 7 वे उन ताहीं बिचाळै खड्या करकै बुझ्झण लाग्गे
के थमनै यो काम किसकै सामर्थ तै अर किसकै नाम तै करया सै। 8 फेर
पतरस नै पवित्र आत्मा तै भरकै उनतै कह्या, 9 "हे माणसां के सरदारो अर
यहूदी अगुवों, इस कमजोर माणस गेल्या जो भलाई करी गयी सै, जै आज
म्हारै तै उसकै बारै म्ह पूछताछ करी जावै सै, के वो किस ढाळ ठीक होया।"
10 तो थम सारे अर सारे इस्राएली आदमी जाण लेवै के यीशु मसीह नासरी
कै नाम तै जिस ताहीं थमनै क्रूस पै चढ़ाया, अर परमेसवर नै मरे होया म्ह तै

जिन्दा करया, यो माणस थारे स्याम्ही भला-चंगा खड्या सै। 11 यीशु मसीह
ए वो पत्थर सै जिस ताहीं थम राजमिस्त्रियाँ नै नकार दिया, अर वो सिरे का
पत्थर होग्या। 12 "यीशु के अलावा किसे दुसरे नाम म्ह उद्धार कोनी, क्यूँके
सुर्ग कै तळै माणसां म्ह और कोए दुसरा नाम कोनी दिया गया, सिर्फ यीशु
के जरिये हम उद्धार पा सकां सां।" 13 जिब उननै पतरस अर यूहन्ना की
हिम्मत देक्खी, अर न्यू बेरा लाग्या के ये अनपढ़ अर साधारण सा माणस सै,
तो अचम्भा करया, फेर उन ताहीं पिच्छाण्या के ये यीशु कै गेल्या रहे सै।
14 उस माणस ताहीं जो ठीक होया था, पतरस अर यूहन्ना कै गेल्या खड़े
देखकै, वे बिरोध म्ह किमे न्ही कह सके। 15 पर उन ताहीं यहूदी अगुवां की
सभा तै बाहर जाण का हुकम देकै, वे आप्पस म्ह विचार करण लाग्गे, 16
"हम इन माणसां कै गेल्या के करा? क्यूँके यरुशलेम नगर के सारे रहणीया
नै बेरा पाटरया सै, के इनकै जरिये एक मशहुर चमत्कार दिखाया गया सै,
अर हम उसकै बारै म्ह नाट न्ही सकदे। 17 पर माणसां म्ह इस सुसमाचार
का और घणा प्रसार ना हो।" 18 फेर उन ताहीं बुलाया अर चेतावनी देकै
न्यू कह्या, "यीशु कै नाम पै ना तो वे चर्चा करै अर ना सिखाइयो।" 19
पर पतरस अर यूहन्ना नै उन ताहीं जवाब दिया, "थमे न्याय करो, के यो
परमेसवर कै धोरै भला सै के हम परमेसवर की बात तै बढ़कै थारी बात
मान्नां। 20 क्यूँके यो तो म्हारै तै न्ही हो सकदा के जो हमनै देख्या अर सुण्या
सै, वो न्ही कह्वां।" 21 फेर उननै उन ताहीं और धमकाकै छोड़ दिया, क्यूँके
आदमियाँ कै कारण उन ताहीं सजा देण का कोए मौक्का न्ही मिल्या, इस
करकै के जो घटना होई थी उसकै कारण सारे आदमी परमेसवर की बड़ाई
करै थे। 22 वो माणस जो अचम्भे के काम तै ठीक होया था, चाळीस बरस तै
घणी उम्र का था। 23 वे छूट कै अपणे साथियाँ कै धोरै आए, अर जो किमे
प्रधान याजकां अर यहूदी अगुवां नै उनतै कह्या था, उन ताहीं सुण्या दिया।
24 न्यू सुणकै उननै एक मन होकै ठाड्डू आवाज तै परमेसवर तै कह्या, "हे
माल्लिक," तू वोए सै जिसनै सुर्ग अर धरती अर समुन्दर अर जो किमे उन
म्ह सै बणाया सै। 25 तन्नै पवित्र आत्मा के जरिये अपणे सेवक म्हारे पूर्वज
दाऊद के मुँह तै कह्या, "गैर यहूदियाँ नै रोळा क्यांतै मचाया? अर देश-देश के
माणसां नै क्यांतै बेकार म्ह बात सोच्ची?" 26 प्रभु अर उसके अभिषिक्त

के बिरोध म्ह धरती के राजा खड़े होए, अर हाकिम एक सेत्ती कठ्ठे होए।
27 "क्यूँके साच्चए तेरे सेवक यीशु कै बिरोध म्ह, जिसका तन्नै अभिषेक
करया, हेरोदेस अर पुन्तियुस पिलातुस भी गैर यहूदियाँ अर इस्राएलियाँ कै
गेल्या इस नगर म्ह कठ्ठे होए, 28 के जो किमे पैहल्या तै तेरी सामर्थ अर बुद्धि
तै ठहरा था वोए करै। 29 इब हे प्रभु, उनकी धमकियाँ नै सुण, अर अपणे
दास्सां ताहीं यो वरदान दे के तेरा वचन बड़ी हिम्मत तै सुणावै। 30 ठीक
करण कै खात्तर तू अपणा हाथ बढ़ा के चमत्कार अर अनोक्खे काम तेरे
पवित्र सेवक यीशु कै नाम तै करे जावै।" 31 जिब उननै प्रार्थना कर ली, तो
वा जगहां जित्त वे कठ्ठे थे काम्बगी, अर वे सारे पवित्र आत्मा तै भरगे, अर
परमेसवर का वचन हिम्मत तै सुणान्दे रहे। 32 बिश्वास करण आळा का टोळ
एक चित्त अर एक मन का था, उरै ताहीं के कोए भी अपणी सम्पत्ति अपणी
न्ही कहवै था, पर सारा किमे साझ्झै म्ह था। 33 प्रेरित बड़ी सामर्थ तै प्रभु
यीशु के जिन्दा होण की गवाही देन्दे रहे, अर उन सारया पै घणा अनुग्रह था।
34 अर उन बिश्वासियाँ म्ह कोए भी गरीब कोनी था, क्यूँके जिनकै धोरै धरती
या घर थे, वे उननै बेच-बेचकै, बिकी होई चिज्जां का दाम ल्यावै थे, अर उस
ताहीं प्रेरितां के पायां म्ह धरै थे। 35 अर जिसी जिसकी जरूरत होवै थी,
उसकै मुताबिक हरेक ताहीं बांड दिया करै थे। 36 यूसुफ नाम का साइप्रस
टापू का एक लेवी था जिसका नाम प्रेरितां नै बरनबास (यानिके उत्साहित
करण आळा) धरया था। 37 उसकी किमे धरती थी, जिस ताहीं उसनै बेच्या,
अर दाम के रपिये प्रेरितां के पायां म्ह धर दिए।

**5** हनन्याह नाम का एक माणस अर उसकी घरआळी सफीरा नै अपणी कुछ
जमीन बेच्ची। 2 अर उसकै दाम म्ह तै कुछ अपणे खात्तर राख लिया, अर या
बात उसकी घरआळी भी जाणै थी, उसका एक हिस्सा ल्याकै प्रेरितां के
पायां म्ह धर दिया। 3 पतरस बोल्या, "हे हनन्याह! शैतान नै तेरे मन म्ह या
बात क्यांतै घाल्ली के तू पवित्र आत्मा तै झूठ बोल्लै, अर जमीन के दाम म्ह
तै किमे राख लेवै? 4 के बेचण तै पैहल्या वा जमीन तेरी कोनी थी? अर जिब
बिकगी तो उस धन पै तेरा हक कोनी था? तन्नै या बात अपणे मन म्ह क्यांतै
सोच्ची? तन्नै माणसां तै न्ही, पर परमेसवर तै झूठ बोल्या सै।" 5 या बात
सुणदे हनन्याह जमीन पै गिर पड्या अर जी लिकड़ग्या, सारे सुणण आळे

घणे डरगे। 6 फेर जवानां नै उठकै उसकी लाश ताहीं कपड़े म्ह लपेटा अर
बाहरणै ले जाकै गाड़ दिया। 7 करीबन तीन घंटा कै पाच्छै उसकी घरआळी,
जिसनै बेराए कोनी था जो किमे होया था, भीत्तर आई। 8 फेर पतरस नै
उसतै कह्या, “मन्नै बता के थम दोनुआं नै वा जमीन इतनै म्ह बेच्ची थी?” वा
बोल्ली, “हाँ, इतनै ए म्ह।” 9 पतरस नै उसतै कह्या, “या के बात सै के थम
दोनुआं नै प्रभु की आत्मा ताहीं परखण खात्तर एक्का करया? लखा, तेरे
धणी नै गाड्डण आळे बाहरणै ए खड़े सै, अर तन्नै भी बाहरणै ले जावैंगे।” 10
फेर वा जिब्बे उसकै पायां म्ह गिर पड़ी, अर जी लिकड़ग्या, अर जवानां नै
भीत्तर आकै उस ताहीं मरया पाया, अर बाहरणै ले जाकै उसकै धणी कै
धोरै ए उस ताहीं भी गाड़ दिया। 11 यरुशलेम की सारी कलीसिया अर इन
बात्तां के सारे सुणनियें भोत घणे डरगे। 12 प्रेरितां के जरिये घणे चमत्कार
अर अनोक्खे काम आदमियाँ कै बिचाळै दिखाए जावै थे, अर वे सारे एक
चित्त होकै सुलैमान के बरामदे म्ह कठ्ठे होया करै थे। 13 पर औरां म्ह तै
किसे और की या हिम्मत कोनी होवै थी के उन म्ह जा मिलै, फेर भी आदमी
उनकी बड़ाई करै थे। 14 प्रभु म्ह बिश्वास करण आळी की गिणती बढ़ती गई
भोत घणे बिश्वासी प्रभु म्ह आ मिले, लोग-लुगाईयाँ का एक भोत बड़ा टोळ
बणग्या। 15 जो प्रेरित करण लागरे थे, उसकी बजह तै माणस, बिमारां ताहीं
सड़कां पै ल्या-ल्याकै, खाट-खटोल्यां पै लिटा देवैं थे, के जिब पतरस आवै,
तो उसकी छाया-ए उन म्ह तै किसे पै पड़ जावै। 16 यरुशलेम नगर कै
लोवै-धोवै के नगरां तै भी घणे माणस बिमारां अर भुंडी ओपरी आत्मायाँ के
सताए होया ताहीं चेल्यां कै धोरै ल्या-ल्याकै, कठ्ठे होवै थे, अर सारे ठीक
कर दिए जावै थे। 17 फेर महायाजक अर उसके सारे मित्तर जो सदूकियाँ
के पंथ के थे, प्रेरितां तै जळण लाग्गे। 18 अर प्रेरितां ताहीं पकड़कै जेळ
म्ह बन्द कर दिया। 19 पर रात नै प्रभु के एक सुर्गदूत नै जेळ के किवाड़
खोल कै उन ताहीं बाहरणै ल्याकै कह्या, 20 “जाओ, मन्दर म्ह खड़े होकै
अनन्त जीवन की सारी बात आदमियाँ ताहीं सुणाओ।” 21 वे न्यू सुणकै
सबेरा होन्दे मन्दर म्ह जाकै उपदेश देण लाग्गे। फेर महायाजक अर उसके
मित्तरां नै आकै यहूदी अगुवां की सभा अर इस्राएलियाँ के सारे बुजुर्गां ताहीं
कठ्ठे करया, अर जेळ म्ह कहवां भेज्या के उन ताहीं ल्याओ। 22 पर मन्दर

के पैहरेदारां नै उड़ै पोहचकै उन ताहीं जेळ म्ह कोन्या पाया, अर बोहड़कै
संदेशां दिया, 23 “हमनै जेळ ताहीं घणी चौकसी तै बन्द कर राख्या था,
अर पैहरेदारां ताहीं बाहरणै दरवाज्यां पै खड़े पायां, पर जिब खोल्या, तो
भीत्तर कोए ना मिल्या।” 24 जिब मन्दर के सरदार अर प्रधान याजकां नै या
खबर सुणी, तो वे घबरागे थे, अर वे यो विचार करण लाग्गे के इन बात्तां का
नतिज्जा के होगा! 25 इतनै म्ह किसे नै आकै उन ताहीं बताया, “देक्खो,
जिन ताहीं थमनै जेळ म्ह बन्द कर राख्या था, वे माणस मन्दर म्ह खड़े होकै
आदमियाँ नै उपदेश देण लागरे सै।” 26 फेर सरदार, पैहरेदारां कै गेल्या ओड़ै
जाकै, प्रेरितां ताहीं यहूदी अगुवां की सभा कै स्याम्ही लीआया, पर हंगे तै
न्ही, क्यूँके वे आदमियाँ तै डरै थे के कदे म्हारै पै पत्थर ना बरसा देवैं। फेर
महायाजक नै उनतै बुझ्झया, 28 “के हमनै थारे ताहीं चिताकै हुकम न्ही दिया
था के थम इस नाम तै उपदेश ना दियो? फेरभी, थमनै सारे यरुशलेम नगर
ताहीं अपणे उपदेश तै भर दिया सै अर उस माणस की हत्या का कसूर थम
म्हारै पै लगाणा चाहो सो।” 29 फेर पतरस अर दुसरे प्रेरितां नै जवाब दिया,
“माणसां के हुकम तै बढ़कै परमेसवर के हुकम का पालन करणा ए म्हारा
फर्ज सै। 30 म्हारै पूर्वजां कै परमेसवर नै यीशु ताहीं मुर्दां म्ह तै जिन्दा करया,
जिस ताहीं थमनै क्रूस पै लटकाकै मार दिया था। 31 उस्से ताहीं परमेसवर नै
प्रभु अर उद्धारकर्ता ठैहराया अर परमेसवर नै मसीह यीशु ताहीं अपणे सोळे
हाथ कान्ही बैठाया, ताके इस्राएल के माणस पाप करणा छोड़ दे, अर अपणे
पापां खात्तर उन ताहीं माफी मिल सकै। 32 हम इन बात्तां के गवाह सां अर
उस्से तरियां पवित्र आत्मा भी, जिस ताहीं परमेसवर नै उन ताहीं दिया सै जो
उनका हुकम मान्नै सै।” 33 यहूदी अगुवां की सभा के सारे माणस या बात
सुणकै जळगे, अर प्रेरितां ताहीं मारणा चाह्या। 34 पर गमलीएल नामक एक
फरीसी नै जो शास्त्री अर सारे आदमियाँ म्ह आदर-मान राक्खै था, यहूदी
अगुवां की सभा म्ह खड़े होकै प्रेरितां ताहीं थोड़ी देर खात्तर बाहरणै ले जाण
का हुकम दिया। 35 फेर वो बोल्या, “हे इस्राएलियों, थम जो किमे इन
माणसां गैल करणा चाहवो सो, सोच-समझकै करियो। 36 इन दिनां तै
पैहल्या थियूदास भी दावा करै था के मै भी किमे सूं, अर तकरीबन चार सौ
माणस उसकै चेल्लें बणगे, पर वो मारया गया, अर उस ताहीं मानण आळे

सब लोग बिखरगे अर उनका नामो-निशान भी कोनी रह्या। 37 उसकै पाच्छै
नाम लिखाई के दिनां म्ह गलीलवासी यहूदा आया, अर कई आदमी अपणी
ओड़ कर लिये, वो भी मर ग्या, अर जितने आदमी उसनै मान्नै थे, सारे
तित्तर-बितर होग्ये। 38 ज्यांतै मै थारे तै कहूँ सूं, इन माणसां तै दूर ए रहो अर
इनतै किमे काम ना राक्खो, क्यूँके जै यो धर्म या काम माणसां की ओड़ तै
हो फेर तो मिट जावैगा। 39 पर जै परमेसवर की ओड़ तै सै, तो थम उन
ताहीं कदे भी न्ही मिटा सकदे। कदे इसा ना हो के थम परमेसवर तै भी
लड़णआळे ठहरो।" फेर उननै उसकी बात मान ली। 40 अर प्रेरितां ताहीं
बुलाकै छितवाया, अर यो हुकम देकै छोड़ दिया के यीशु कै नाम तै दुबारा
कोए बात ना करणा। 41 वे इस बात तै राज्जी होकै यहूदी अगुवां की सभा
कै स्याम्ही तै चले गये, के हम यीशु कै नाम कै खात्तर बेईज्जत होण कै
जोग्गे तो ठहरे। 42 वे हरेक दिन मन्दर म्ह अर घर-घर म्ह उपदेश करण तै,
अर इस बात का सुसमाचार सुणाण तै के यीशु ए मसीह सै न्ही रुके।

**6** उन दिनां म्ह जिब चेल्यां की गिणती घणी बधण लाग्गी, फेर यूनानी भाषा
बोल्लण आळे यहूदी चेल्लें इब्रानी भाषा बोल्लण आळे यहूदी चेल्यां पै
बिरड़ाण लाग्गे, के हरेक दिन पईसा अर खाणे के मामलै म्ह म्हारी बिधवायाँ
की सुध कोनी ली जान्दी। 2 फेर उन बारहां चेल्यां नै उन बिश्वासियाँ ताहीं
जो यरुशलेम म्ह थे, अपणे धोरै बुलाकै कह्या, "यो ठीक कोनी के हम
परमेसवर का वचन छोड़कै खिलाण-पिलाण की सेवा म्ह रह्वां। 3 इस करकै,
हे बिश्वासी भाईयो, अपणे म्ह तै सात बढ़िया नाम्मी माणसां ताहीं जो पवित्र
आत्मा अर बुद्धि तै भरे हो, जिनके बारें म्ह सब नै बेरा हो, छाँट ल्यो, के
हम उननै इस काम पै ला देवां। 4 पर हम तो प्रार्थना म्ह अर वचन के
प्रचार अर शिक्षा देण की सेवा म्ह लाग्गे रहवांगें।" 5 या बात सारे टोळ नै
आच्छी लाग्गी, अर उननै स्तिफनुस नामक एक माणस ताहीं जो बिश्वास अर
पवित्र आत्मा तै भरया था, अर फिलिप्पुस, अर प्रुखुरुस, अर नीकानोर, अर
तीमोन, अर परमिनास, अर अन्ताकियावासी नीकुलाउस ताहीं जो यहूदी पंथ
म्ह आ ग्या था, छाँट लिया। 6 इन ताहीं प्रेरितां कै स्याम्ही ल्याए अर उननै
प्रार्थना करकै उनपै हाथ धरे, ताके वे उस काम नै करै। 7 परमेसवर का
वचन फैलदा गया अर यरुशलेम नगर म्ह चेल्यां की गिणती घणी बढ़दी

गई, अर भोत सारे यहूदी याजक भी प्रभु यीशु के सुसमाचार पै बिश्वास
करकै मानणआळे होगे। 8 स्तिफनुस अनुग्रह अर सामर्थ तै भरया-पूरा होकै
आदमियाँ म्ह बड़े-बड़े अनोक्खे काम अर चमत्कार दिखाया करै था। 9
फेर वो आराधनालय म्ह तै जो लिबिरतिनों की कुह्वावै थी, अर कुरेनी अर
सिकन्दरिया अर किलिकिया अर आसिया परदेस के आदमियाँ म्ह तै कई
माणस उठकै स्तिफनुस तै बहसण लाग्गे। 10 पर उस ज्ञान अर उस पवित्र
आत्मा का जिसतै वो बात करै था, वे सामना न्ही कर सके। 11 इसपै उननै
कई आदमियाँ ताहीं उकसाया जो कहण लाग्गे, "हमनै इस ताहीं मूसा नबी
अर परमेसवर कै बिरोध म्ह बुराई की बात कहन्दे होए सुण्या सै।" 12 उननै
स्तिफनुस के बिरुध्द माणसां, यहूदी अगुवां अर शास्त्रियाँ ताहीं उकसाया अर
आकै उस ताहीं पकड़कै यहूदी अगुवां की सभा कै स्याम्ही ले गये। 13 अर
उननै झूठ्ठे गवाह खड़े करे, जिननै स्तिफनुस पै यो इलजाम लगाकै, कह्या,
"यो माणस इस पवित्र जगहां अर मूसा के नियम-कायदे कै बिरोध म्ह बुराई
करणा न्ही छोड़दा। 14 क्यूँके हमनै उस ताहीं न्यू कहन्दे सुण्या सै के योए
यीशु नासरी इस मन्दर नै गेर देवैगा, अर उन रिवाज्जां नै बदल देवैगा जो मूसा
नबी नै म्हारै ताहीं सौंपी सै।" 15 फेर सारे आदमियाँ नै जो यहूदी अगुवां की
सभा म्ह बेठ्ठे थे, उसपै निगांह गड़ाई तो उसका मुँह सुर्गदूत जिसा दिख्या।

**7** फेर महायाजक नै स्तिफनुस तै बुझ्झया, "के यो इलजाम सच सै?" 2
उसनै कह्या, "हे भाईयो, अर बुजुर्गों सुणो। म्हारा पूर्वज अब्राहम हारान नगर
म्ह बसण तै पैहल्या जिब वो मेसोपोटामिया परदेस म्ह था, तो तेजोमय
परमेसवर नै उस ताहीं दर्शन दिया, 3 अर उसतै बोल्या, 'तू अपणे देश
अर अपणे कुण्बे म्ह तै लिकड़कै उस देश म्ह जा, जिस ताहीं मै तन्नै
दिखाऊँगा।'" 4 फेर अब्राहम कसदियो के देश तै लिकड़कै हारान नगर म्ह
जा बस्या। उसकै पिता की मौत कै पाच्छै परमेसवर नै उस ताहीं ओड़ै तै इस
देश म्ह ल्याकै बसाया जिसम्ह इब हम बसां सां, 5 अर उस ताहीं कुछ भी
विरासत न्ही दी, बल्के पैर धरण भर की भी उस म्ह जगहां कोनी देई, पर
परमेसवर नै वादा करया, के मै यो देश तेरे अर तेरे बाद तेरे वंश कै हाथ कर
दियुँगा, हालाकि उस बखत उसकै कोए बेट्टा कोनी था। 6 अर परमेसवर नै
यो भी कह्या, "वे लोग उननै गुलाम बणा लेंगे, अर चार सौ साल ताहीं उनकै

गैल भुंडा बरताव करैगें।" 7 फेर परमेसवर नै यो भी कह्या, "के जिस जात
के वे गुलाम होवैंगें, उस ताहीं मै सजा देऊँगा, अर इसकै बाद वे लिकड़कै
इस्से देश म्ह मेरी भगति करैंगें।" 8 अर परमेसवर नै अब्राहम कै गैल खतने
का करार करया, जिब अब्राहम के बेट्टे इसहाक का जन्म होया, तो आंठ्वै
दिन उसका खतना करया गया, अर इसहाक तै याकूब अर याकूब तै बारहां
कुलपति पैदा होए। 9 "कुलपतियाँ नै अपणे भाई यूसुफ तै जळण करकै
उस ताहीं मिस्र देश जाण आळा ताहीं बेच्या। पर परमेसवर उसकै गेल्या था,
10 अर परमेसवर नै यूसुफ ताहीं उसके सारे क्लेशां तै छुड़ाकै मिस्र देश कै
राजा फिरौन की निगांह म्ह अनुग्रह अर बुद्धि दी, अर फिरौन नै उस ताहीं
मिस्र देश पै अर अपणे सारे घर पै हाकिम बणा दिया। 11 "जिब यूसुफ मिस्र
देश का हाकिम था, तो सारे मिस्र देश अर कनान देश म्ह अकाळ पड़ग्या,
जिसतै हरेक जगहां हाहाकार माचग्या, अर म्हारे पूर्वजां ताहीं नाज कोनी
मिलै था। 12 पर याकूब नै न्यू सुणकै के मिस्र देश म्ह नाज सै, म्हारे पूर्वजां
ताहीं नाज मोल लेण खात्तर पैहली बार भेज्या। 13 जिब वे दुसरी बार नाज
मोल लेण खात्तर गये, तो यूसुफ नै खुद ताहीं अपणे भाईयाँ पै जाहिर करया,
अर यूसुफ के परिवार के बारें म्ह फिरौन नै बेरा पाटग्या। 14 फेर यूसुफ नै
अपणे बाप याकूब अर अपणे साबतै कुण्बे ताहीं, जो पचत्तर माणस थे,
बुलवा भेज्या। 15 फेर याकूब मिस्र देश गया, अर कुछ साल्लां बाद ओड़ैए
वो अर म्हारे पूर्वज मरग्ये। 16 उनकी लाश शकेम नगर म्ह पहुँचाकै उस कब्र
म्ह धरी गई, जिस ताहीं अब्राहम नै चाँदी देकै शकेम नगर म्ह हमोर की
ऊलाद तै मोल लिया था।" 17 "पर जिब उस वादा के पूरे होण का बखत
लोवै आया जो परमेसवर नै अब्राहम तै करया था, तो मिस्र देश म्ह वे आदमी
बढ़ग्ये अर घणे होग्ये। 18 फेर मिस्र देश म्ह दुसरा राजा होया जो यूसुफ ताहीं
कोनी जाणै था। 19 उसनै म्हारे जात्ति भाईयाँ तै हेरा-फेरी करकै म्हारे पूर्वजां
कै गेल्या उरै ताहीं भुंडा बीवार करया, के अपणे माँ-बाप नै अपणे बाळकां
ताहीं बगाणे पड़गे, के एक भी बाळक जिन्दा ना रहवैं। 20 "उस बखत मूसा
नबी पैदा होया। वो परमेसवर की निगांह म्ह घणा सुथरा था। वो तीन महिन्ने
ताहीं अपणे बाप कै घरां लुह्को कै पाळया गया। 21 जिब उसके परिवार
आळे उस ताहीं और न्ही लह्को सके, तो उननै मूसा ताहीं छोड़णा पड्या,

फेर फिरौन की बेट्टी नै उस ताहीं ठा लिया, अर अपणा बेट्टा करकै पाळया।
22 मूसा नबी नै मिस्र देश की सारी विद्या पढ़ाई गई, अर वो बोलण म्ह अर
काम करण म्ह, दोनुआ म्ह सामर्थी था।" 23 "जिब मूसा नबी चाळीस साल
का होया, तो उसकै मन म्ह आया के मै अपणे इस्राएली भाईयाँ तै मिलूं। 24
उसनै एक इस्राएली माणस पै जुल्म होन्दे देखकै उस ताहीं बचाया, अर उस
मिस्री आदमी ताहीं मारकै सताए होए का बदला लिया। 25 मूसा नै सोच्या के
उसके भाई-बन्धु जाण जावैंगे के उन ताहीं गुलामी तै छुटकारा दुआण खात्तर
परमेसवर उसका इस्तमाल करण लाग रह्या सै, पर वे इस ताहीं समझ न्ही
पाये। 26 दुसरे दिन जिब वे आप्पस म्ह लड़ै थे, तो वो उड़ै तै आण लिकड़या,
अर न्यू कहकै उननै मेल करण कै खात्तर समझाया, 'हे भले माणसों, थम तो
भाई-भाई सो, एक-दुसरे पै क्यांतै जुल्म करो सो?'" 27 "पर जो अपणे
पड़ोसी पै जुल्म करै था, उसनै उस ताहीं न्यू कहकै धक्का दिया, 'तेरे ताहीं
किसनै म्हारै पै हाकिम अर न्यायाधीश ठहराया सै? 28 के जिस ढाळ तै तन्नै
काल उस मिस्री आदमी ताहीं मार दिया मन्नै भी मार देणा चाहवै सै?' 29 या
बात सुणकै मूसा नबी डरकै भाज्या अर मिधान देश म्ह परदेशी होकै रहण
लाग्या, अर ओड़ै उसके दो बेट्टे पैदा होए।" 30 "जिब मूसा ताहीं ओड़ै रहन्दे
पूरे चाळीस साल बीतगे, तो परमेसवर नै एक सुर्गदूत के रूप म्ह सीनै पहाड़
के बण म्ह उस ताहीं बळदी होई झाड़ी की ज्वाला म्ह दर्शन दिया। 31 मूसा
नबी नै यो बळदी होई झाड़ी का दर्शन देखकै हैरानी होई, अर जिब देखण
खात्तर लोवै गया, तो प्रभु की या वाणी सुणाई दी, 32 'मै तेरे पूर्वज, अब्राहम,
इसहाक, याकूब का परमेसवर सूं,' फेर मूसा नबी डर के मारे काम्बग्या, उरै
ताहीं के उसकी देखण की हिम्मत भी कोनी होई।" 33 "फेर प्रभु नै मूसा नबी
तै कह्या, 'अपणे पायां तै जूत्ती उत्तार ले, क्यूँके जिस जगहां तू खड्या सै, वा
पवित्र धरती सै। 34 मन्नै साच्ये अपणे आदमियाँ की जो मिस्र देश म्ह सै,
भुन्ड़ी हालत देक्खी सै, अर उनकी आह अर उनका रोणा सुण्या सै, ज्यांतै
उन ताहीं छुड़ाण कै खात्तर उतरया सूं। इब आ, मै तन्नै मिस्र देश भेज्जूँगा।'"
35 "जिस मूसा नबी ताहीं उननै न्यू कहकै नकारा दिया था, 'तेरे ताहीं किसनै
म्हारै पै हाकिम अर न्यायाधीश ठहराया सै?' उस्से ताहीं परमेसवर नै हाकिम
अर छुड़ाण आळा ठहराकै उस सुर्गदूत के जरिये जिसनै उस ताहीं झाड़ी म्ह

दर्शन दिया था, भेज्या। 36 योए माणस मिस्र देश अर लाल समुन्दर अर
जंगळ म्ह चाळीस साल ताहीं अनोक्खे काम अर चमत्कार दिखा-दिखाकै उन
ताहीं लिकाड़ ल्याया।" 37 यो वोए मूसा नबी सै, जिसनै इस्राएल के माणसां
तै कह्या, "परमेसवर थारे भाईयाँ म्ह तै थारे खात्तर मेरै जिसा एक नबी
ठावैगा। 38 यो वोए सै, जिसनै जंगळ म्ह इस्राएली मण्डळी कै बिचाळै उस
सुर्गदूत के साथ सीनै पहाड़ पै उसतै बात करी, अर म्हारे पूर्वजां कै गेल्या था,
उस्से ताहीं जिन्दा वचन मिल्या ताके म्हारै तक पोहोचावै।" 39 पर म्हारे
पूर्वजां नै उसकी मानणी कोनी चाह्यी, बल्के उस ताहीं हटाकै अपणे मन
मिस्र देश की ओड़ पलटे, 40 अर मूसा नबी कै भाई हारुन तै, कह्या, म्हारै
खात्तर इसा देवता बणा, जो म्हारै आग्गै-आग्गै चाल्लै, क्यूँके यो मूसा नबी
जो हमनै मिस्र देश तै लिकाड़ ल्याया, हमनै न्ही बेरा के उसकै के होया? 41
उन दिनां म्ह उननै एक बाछड़े की मूर्ति बणाकै उसकै आग्गै बलि चढ़ाई,
अर अपणे हाथ्थां तै बणाई होई मूर्ति तै मग्न होण लाग्गे। 42 इस खात्तर
परमेसवर नै मुँह मोड़कै उन ताहीं छोड़ दिया, के अकास के सूरज चाँद
सितारां ताहीं परमेसवर मानकै पुजै, जिसा नबियाँ की किताब म्ह लिख्या सै,
"हे इस्राएल के घराने, के थम जंगळ म्ह चाळीस साल ताहीं पशुबलि अर
अन्नबलि मेरै ताहीं ए चढ़ान्दे रहे?" 43 "थम उस तम्बू ताहीं जिस म्ह मोलेक
देवता की मूर्ति अर अपणे रिफान देवता, के तारे नै लिये फिरे, यानिके उन
मूरतां ताहीं जिन ताहीं थमनै आराधना करण कै खात्तर बणाया था। इस
करकै मै थारे ताहीं बेबीलोन देश तै परली ओड़ ले जाकै बसाऊँगा।" 44
"मिलापआळे तम्बू की जंगल-बियाबान म्ह म्हारै पूर्वजां कै बिचाळै था,
जिसा उसनै ठहराया जिसनै मूसा नबी तै कह्या, 'जो रूप तन्नै देख्या सै,
उसकै मुताबिक इसनै बणा।' 45 उस्से तम्बू नै म्हारे पूर्वज पाच्छले बखत तै
पाकै यहोशू कै गेल्या उरै लियाये, जिस बखत के उननै उन दुसरी जात्तां पै
हक पाया, जिन ताहीं परमेसवर नै म्हारै पूर्वजां कै स्याम्ही तै लिकाड़ दिया,
अर वो तम्बू राजा दाऊद के बखत ताहीं रहया। 46 दाऊद पै परमेसवर नै
अनुग्रह करया, राजा दाऊद नै याकूब के परमेसवर कै खात्तर रहण की जगहां
बणाण की बिनती करी। 47 पर उसके बेट्टे राजा सुलैमान नै उसकै खात्तर
घर बणाया।" 48 पर परमप्रधान हाथ के बणाए होए घरां म्ह कोनी रहन्दा,

जिसा के यशायाह नबी की किताब म्ह कह्या, 49 "परमेसवर कहवै सै, सुर्ग
मेरा सिंहासन अर धरती मेरी पायां तळै की पीढ़ी सै, मेरै खात्तर थम किस
ढाळ का घर बणाओगे? अर मेरै आराम कि कौण-सी जगहां होवैगी?" 50 के
ये सारी चीज मेरे जरिये न्ही बणाई गई सै? 51 "हे जिद्दी, अर मन अर कान
के खतनारहित आदमियो, थम सारी हाण पवित्र आत्मा का बिरोध करो सो।
जिसा थारे पूर्वज करै थे, उस्से तरियां ए थम भी करो सो। 52 के कोए इसा
भी नबी था, जिस ताहीं थारे पूर्वजां नै न्ही सताया हो? उननै तो उस ताहीं भी
मार दिया, जिननै भोत पैहले ए तै उस मसीहा के आण की मुनाद्दी कर दी
थी, जिस ताहीं इब थमनै धोक्खे तै पकड़वा दिया अर मार दिया। 53 थमनै
सुर्गदूत्तां कै जरिये ठहराये होए नियम-कायदे तो पाए, पर उसका पालन
कोनी करया।" 54 ये बात सुणकै यहूदी अगुवें छो म्ह भरगे अर स्तिफनुस पै
दाँत पिस्सण लाग्गे। 55 पर उसनै पवित्र आत्मा तै पूरी तरियां भरकै सुर्ग की
ओड़ देख्या अर परमेसवर की महिमा अर यीशु ताहीं परमेसवर के सोळी
ओड़ खड्या देखकै 56 कह्या, "देक्खो, मै सुर्ग नै खुल्या होया, अर माणस के
बेट्टे ताहीं परमेसवर कै सोळी ओड़ खड्या देखु सूं।" 57 फेर ये बात सुणते ए
सुणण आळा नै चीखते होए अपणे कान्ना पै हाथ रख लिये, अर वे छो म्ह
एक साथ उसपै टूट पड़े, 58 अर स्तिफनुस ताहीं यरुशलेम नगर कै बाहरणै
लिकाड़कै उसपै पत्थर बरसाण लाग्गे। गवाहां नै अपणे लत्ते शाऊल नामक
एक जवान कै पायां कै धोरै उतारकै धर दिए। 59 वे स्तिफनुस पै पत्थर
बरसान्दे रहे, अर वो न्यू कहकै प्रार्थना करदा रह्या, "हे प्रभु यीशु, मेरी आत्मा
ताहीं अपणाले।" 60 फेर गोड्डे टेककै ठाड्डू आवाज म्ह रुक्का मारया, "हे
प्रभु, यो पाप उनपै मतना ला।" अर न्यू कह कै उसनै अपणे प्राण दे दिए।

**8** शाऊल उसकै मारण म्ह सहमत था। उस्से दिन यरुशलेम नगर की
कलीसिया म्ह घणा दंगा शरु होग्या अर प्रेरितां नै छोड़कै सारे के सारे
यहूदिया अर सामरिया परदेस म्ह खिंड-मिंड होग्ये। 2 कुछ परमेसवर भगतां
नै स्तिफनुस ताहीं कब्र म्ह धरया अर उसकै खात्तर घणा बिलाप करया। 3
शाऊल कलीसिया नै सताण लागरया था, अर घर-घर म्ह बड़कै माणसां अर
लुगाईयाँ ताहीं घिसड़ा-घिसड़ा कै जेळ म्ह गेरै था। 4 जो बिश्वासी खिंड-मिन्ड
होए थे, वे सुसमाचार सुणान्दे होए हान्डे, 5 अर फिलिप्पुस सामरिया परदेस

के एक नगर म्ह जाकै माणसां म्ह मसीह का प्रचार करण लाग्या। 6 जो बात
फिलिप्पुस नै कही उन ताहीं आदमियाँ नै सुणकै अर जो चमत्कार वो दिखावै
था उन ताहीं देख देखकै, एक चित्त होकै मन लगाया। 7 क्यूँकै घणखरयां म्ह
तै भुंडी ओपरी आत्मा ठाड्डू आवाज म्ह किल्की मारदी होई लिकड़ग्यी, अर
घणखरे लकवे के बीमार अर लंगड़े भी ठीक करे गये, 8 अर उस नगर म्ह
घणी खुशी मनाई गई। 9 उस नगर म्ह शमौन नाम का एक माणस था, जो
जादू-टोणा करकै सामरिया परदेस के आदमियाँ नै हैरान करदा अर खुद ताहीं
एक बड्ड़ा माणस बतावै था। 10 छोट्या तै लेकै बड्डुयाँ ताहीं सारे उसका
आदर करकै कहवै थे, "यो माणस परमेसवर की वा शक्ति सै, जो महान्
कुह्वावै सै।" 11 उसनै घणे दिनां तै उन ताहीं अपणे जादू के काम्मां तै हैरान
कर राख्या था, ज्यांतै वे उसकी घणी मान्नै थे। 12 पर जिब माणसां नै
परमेसवर के राज्य अर यीशु मसीह के नाम का सुसमाचार, फिलिप्पुस के
संदेश म्ह सुण्या, तो सारे माणसां अर लुगाईयाँ नै बिश्वास करया अर सब नै
बपतिस्मा ले लिया। 13 फेर शमौन नै खुद भी फिलिप्पुस के संदेश का
बिश्वास करया अर बपतिस्मा लेकै उसकै गेल्या रहण लाग्या। वो चमत्कार
अर बड़े-बड़े सामर्थ के काम होन्दे देखकै हैरान होवै था। 14 जिब प्रेरितां नै
जो यरुशलेम नगर म्ह थे, सुण्या के सामरिया परदेस के माणसां नै परमेसवर
का वचन मान लिया सै तो पतरस अर यूहन्ना ताहीं उनकै धोरै भेज्या। 15
उननै ओड़ै जाकै उनकै खात्तर प्रार्थना करी के पवित्र आत्मा पावै। 16 क्यूँकै
वो इब ताहीं इन म्ह तै किसे पै भी कोनी उतरया था, उननै तो सिर्फ प्रभु यीशु
कै नाम तै बपतिस्मा लिया था। 17 फेर प्रेरितां नै उनपै हाथ धरे अर उननै
पवित्र आत्मा पाया। 18 जिब शमौन नै देख्या के प्रेरितां कै हाथ धरण तै
पवित्र आत्मा दिया जावै सै, तो उनकै धोरै रपिये ल्याकै कह्या, 19 "या शक्ति
मन्नै भी द्यो, के जिस किसे पै हाथ धरुँ वो पवित्र आत्मा पावै।" 20 पतरस नै
उसतै कह्या, "तेरे रपिये तेरे गेल्या नाश होज्या, क्यूँकै तन्नै परमेसवर का
दान रपियाँ तै मोल लेण का विचार करया। 21 इस बात म्ह ना तेरा हिस्सा
सै, ना हक, क्यूँकै तेरा मन परमेसवर कै आग्गै सच्चा कोनी। 22 इस करकै
अपणी इस बुरी सोच नै छोड़कै प्रभु तै प्रार्थना कर, हो सकै सै वो तेरे मन का
यो बुरा विचार माफ करदे। 23 क्यूँकै मै देक्खूँ सूं के तू कड़वाहट तै भरया सै

अर पाप के चुंगल म्ह फँसा सै।" 24 शमौन नै जवाब दिया, "थम मेरै खात्तर
प्रभु तै प्रार्थना करो के जो बात थमनै कही, उन म्ह तै कोए भी मेरै पै न्ही
आवै।" 25 आखर म्ह वे गवाही देकै प्रभु यीशु का वचन सुणाकै यरुशलेम
नगर नै बोहड़गे, अर सामरिया के घणखरे गाम्मां म्ह सुसमाचार सुणान्दे गये।
26 फेर प्रभु कै एक सुर्गदूत नै फिलिप्पुस तै कह्या, "उठ अर दक्षिण की ओड़
उस राह पै जा, जो यरुशलेम नगर तै गाज़ा नगर म्ह जावै सै।" यो बियाबान
राह सै। 27 वो उठकै चल दिया, अर देक्खो, कूश देश का एक माणस आण
लागरया था जो खोजा (किन्नर) अर कूशियों की राणी कन्दाके का मंत्री अर
खजांची था। वो आराधना करण खात्तर यरुशलेम नगर म्ह आया था। 28 वो
अपणे रथ पै बेठ्या होया था, अर यशायाह नबी की किताब पढ़दा होया
बोहड़ण लागरया था। 29 फेर पवित्र आत्मा नै फिलिप्पुस ताहीं कह्या, "लोवै
जाकै इस रथ कै गेल्या हो ले।" 30 फिलिप्पुस दौड़ कै रथ कै धोरै पोहचा अर
उस ताहीं यशायाह नबी की किताब पढ़ते होए सुण्या, अर बुझ्झया, "तू जो
पढ़ै सै, के उसनै समझै भी सै?" 31 वो बोल्या, "जिब ताहीं कोए मेरै ताहीं
न्ही समझावै तो मै किस ढाळ समझूँ।" अर फिलिप्पुस तै बिनती करी के वो
रथ पै चढ़कै उसकै धोरै बेठ्ठै। 32 पवित्र ग्रन्थ का जो पाठ वो पढ़ै था, वो यो
था: "वो भेड़ की ढाळ मारण खात्तर पोहचाया गया, अर जिस तरियां मेम्ना
अपणे ऊन काट्टण आळा कै स्याम्ही बोल-बाल्ला रहवै सै, उस्से तरियां ए
उसनै भी अपणा मुँह कोनी खोल्या।" 33 "उस ताहीं अपमानित करया गया
अर उस ताहीं कोए न्याय न्ही मिल्या। उसकै बखत के माणसां का ब्यौरा
कौण देवैगा? क्यूँके धरती तै उसका प्राण ठा लिया जावै सै।" 34 इसपै
खोजे (किन्नर) नै फिलिप्पुस तै बुझ्झया, "मै तेरे तै बिनती करुँ सूं, न्यू बता
के नबी यो किसकै बारै म्ह कहवै सै, अपणे या किसे दुसरे कै बारै म्ह?" 35
फेर फिलिप्पुस नै बताणा शरु करया, अर इस्से पवित्र ग्रन्थ तै शरु करकै उस
ताहीं यीशु का सुसमाचार सुणाया। 36 राह म्ह चाल्दे-चाल्दे वे किसे तालाब
कै धोरै पोहचे। फेर खोजे नै कह्या, "लखा उरै पाणी सै, इब मन्नै बपतिस्मा
लेण म्ह के रोक सै।" 37 फिलिप्पुस बोल्या, "जै तू पूरे मन तै बिश्वास करै
सै तो ले सकै सै।" उसनै जवाब दिया, "मै बिश्वास करुँ सूं के यीशु मसीह
परमेसवर का बेट्टा सै।" 38 फेर उसनै रथ खड्या करण का हुकम दिया, अर

फिलिप्पुस अर खोजा (किन्नर) दोन्नु तालाब म्ह बड़गे, अर उसनै खोजा
(किन्नर) ताहीं बपतिस्मा दिया। 39 जिब वे पाणी म्ह तै लिकड़कै ऊपरान
आये, तो प्रभु का आत्मा फिलिप्पुस ताहीं ठा लेग्या, अर खोजे नै उस ताहीं
दुबारा न्ही देख्या, अर वो खुश था क्यूँके परमेसवर नै उस ताहीं बचा लिया
सै। 40 फिलिप्पुस अशदोद नगर म्ह आ लिकड़या, अर जिब ताहीं कैसरिया
नगर म्ह न्ही पोंहच्या, तब तक नगर-नगर सुसमाचार सुणान्दा गया।
**9** शाऊल जो इब ताहीं प्रभु यीशु के चेल्यां ताहीं धमकाण अर मारण की धुन
म्ह था, महायाजक कै धोरै गया 2 अर उसतै दमिश्क नगर के आराधनालयाँ
कै नाम पै इस बाबत म्ह चिट्ठियाँ माँगी के, के चाहे माणस हो, चाहे लुगाई हो,
जिन नै वो इस पंथ म्ह पावै उन ताहीं बाँधकै यरुशलेम नगर लियावै। 3 पर
चाल्दे-चाल्दे जिब शाऊल अर उसके साथी दमिश्क नगर कै लोवै पोहुच्ये, तो
चाणचक अकास तै उसकै चौगरदे नै चाँदणा चमक्या, 4 अर वो धरती पै
पड़ग्या अर परमेसवर का यो शब्द सुण्या, "हे शाऊल, हे शाऊल, तू मन्नै
क्यांतै सतावै सै?" 5 उसनै बुझ्झया, "हे प्रभु, तू कौण सै?" उसनै कह्या,
"मै यीशु सूं, जिस ताहीं तू सतावै सै। 6 पर इब उठकै नगर म्ह जा, अर जो
तन्नै करणा सै वो तेरे तै कह्या जावैगा।" 7 जो माणस उसकै गेल्या थे, वे
हैरान रहग्ये, क्यूँके बोल तो सुणै थे पर किसे ताहीं देक्खै कोनी थे। 8 फेर
शाऊल धरती पै तै उठ्या, पर जिब आँख खोल्ली तो उस ताहीं किमे कोनी
दिख्या, अर वे उसका हाथ पकड़कै दमिश्क नगर म्ह ले गये। 9 वो तीन
दिन ताहीं कोनी देख सक्या, अर ना खाया अर ना पिया। 10 दमिश्क नगर
म्ह हनन्याह नामक एक चेल्ला था, उसतै प्रभु यीशु नै दर्शन म्ह कह्या, "हे
हनन्याह!" वो बोल्या, "हाँ, प्रभु!" 11 फेर प्रभु नै उसतै कह्या, "उठकै उस
गळी म्ह चल्या जा जो 'सीध्धी' कुह्वावै सै, अर यहूदा कै घर म्ह शाऊल
नामक एक तरसुसवासी नै बुझ, क्यूँके देख, वो प्रार्थना करण लागरया सै,
12 अर उसनै दर्शन म्ह हनन्याह नामक एक माणस ताहीं भीत्तर आन्दे अर
अपणे उप्पर हाथ धरदे देख्या सै, ताके दुबारा आँखां की रोशनी पावै।" 13
हनन्याह नै जवाब दिया, "हे प्रभु, मन्नै इस माणस कै बारै म्ह घणाए तै
सुण्या सै के इसनै यरुशलेम नगर म्ह तेरे आदमियाँ गेल्या बड्डी-बड्डी बुराई
करी सै, 14 अर उरै भी इस ताहीं प्रधान याजकां की ओड़ तै हक मिल्या सै

के जो माणस तेरे म्ह बिश्वास राक्खै सै, उन सारया नै बाँधकै यरुशलेम ले
जा।" **15** पर प्रभु नै उसतै कह्या, "तू चल्या जा, क्यूँके वो तो गैर यहूदी अर
राजयां अर इस्राएलियों कै स्याम्ही मेरा नाम का प्रचार करण कै खात्तर चुण्या
होया पात्र सै। **16** अर मै उसनै बताऊँगा, के मेरै बारें बताण कै खात्तर उसनै
किसा-किसा दुख ठाणा पड़ैगा।" **17** फेर हनन्याह उठकै उस घर म्ह गया जड़ै
शाऊल रुक्या था, अर उसपै अपणा हाथ धरकै कह्या, "हे भाई शाऊल, प्रभु,
यानिके यीशु, जो उस राह म्ह, जिसतै तू आया तेरे ताहीं दिखया था, उस्से नै
मेरै ताहीं भेज्या सै के तू दुबारा आँखां की रोशनी पावै अर पवित्र आत्मा तै
भरया-पूरा हो जावै।" **18** अर जिब्बे उसकी आँखां तै छिल्के-से पड़े अर वो
देखण लाग्या, अर उठकै बपतिस्मा लिया, **19** फेर खाणा खाकै हिम्मत पाई।
शाऊल कई दिन उन चेल्यां कै गेल्या रहया जो दमिश्क नगर म्ह थे। **20** अर
वो जिब्बे दमिश्क नगर के आराधनालयाँ म्ह यीशु का प्रचार करण लाग्या, के
वो परमेसवर का बेट्टा सै। **21** सारे सुणण आळे हैरान होकै कहण लाग्गे, "के
यो वोए माणस न्ही सै जो यरुशलेम नगर म्ह उन ताहीं जो यीशु मसीह के
बिश्वासी थे, उनका नाश करया करै था, अर उरै भी इस्से खात्तर आया था, के
उननै बाँधकै प्रधान याजकां कै धोरै ले जावै?" **22** पर शाऊल और भी
सामर्थी होंदा गया, अर इस बात का सबूत दे-देकै, के मसीह यीशु-ए सै,
दमिश्क नगर के रहणीये यहूदियाँ का मुँह बन्द करदा रहया। **23** जिब शाऊल
नै ओड़ै रहन्दे होए भोत दिन बीतगे, तो यहूदियाँ नै मिलकै उस ताहीं मारण
की साजस रची। **24** पर उनकी साजिस का शाऊल नै बेरा पाटग्या। वे तो
उसनै मारण खात्तर रात-दिन फाटकां पै घात म्ह लाग्गे रहवैं थे। **25** पर रात नै
उसके चेल्यां नै उस ताहीं टोकरे म्ह बिठाया, अर दमिश्क नगर की चारदीवारी
पै तै लटकाकै उतार दिया। **26** यरुशलेम नगर म्ह पोहचकै शाऊल नै चेल्यां
कै गेल्या मिल जाण की कोशिश करी, पर सारे उसतै डरै थे, क्यूँके उननै
बिश्वास कोनी होवै था, के वो भी चेल्ला सै। **27** पर बरनबास नै उस ताहीं
अपणे गेल्या प्रेरितां कै धोरै ले जाकै उन ताहीं बताया के इसनै किस ढाळ तै
राह म्ह प्रभु यीशु ताहीं देख्या, अर यीशु नै इसतै बात करी, फेर दमिश्क नगर
म्ह इसनै किस तरियां हिम्मत दिखाकै यीशु कै नाम का प्रचार करया। **28** वो
उनकै गेल्या यरुशलेम नगर म्ह आन्दा-जान्दा रहया **29** अर बेधड़क होकै प्रभु

का नाम तै प्रचार करै था, अर यूनानी भाषा बोल्लण आळे यहूदियाँ कै गेल्या
बोलचाल अर बहस करै था, पर वे उसनै मारण की कोशिश करण लाग्गे।
30 न्यू जाणकै भाई उस ताहीं कैसरिया नगर लिआये, अर तरसुस नै भेज
दिया। 31 इस तरियां सारे यहूदिया परदेस, अर गलील परदेस, अर सामरिया
परदेस की कलीसिया नै चैन मिल्या, अर उसकी बढ़ोतरी होन्दी गई, अर वा
प्रभु कै भय अर पवित्र आत्मा की शान्ति म्ह चाल्दी अर बढ़दी गई। 32 फेर
इसा होया के पतरस हरेक जगहां हांडदा होया, उन पवित्र आदमियाँ कै धोरै
भी पोंहच्या जो लुद्दा नगर म्ह रहवैं थे। 33 ओड़ै उसनै एनियास नामक लकवे
का रोग्गी एक माणस मिल्या, जो आठ साल तै खाट पै पड्या था। 34
पतरस नै उसतै कह्या, "हे एनियास! यीशु मसीह तन्नै ठीक करै सै। उठ,
अपणा बिछाणा ठा।" फेर वो जिब्बे उठ खड्या होया। 35 फेर लुद्दा नगर अर
शारोन के सारे रहणीये उस ताहीं देखकै प्रभु की ओड़ फिरे। 36 याफा नगर
म्ह तबीता यानिके दोरकास नाम की एक बिश्वासण रहवै थी। वा घणे भले-
भले काम अर दान करया करै थी। 37 उन्हे दिनां म्ह जिब पतरस लुद्दा नगर
म्ह था, तो वा बीमार होकै मरग्यी, अर उननै उस ताहीं नुह्वाकै चुबारै पै धर
लिया। 38 लुद्दा नगर याफा नगर कै धोरै था, चेल्यां नै न्यू सुणकै पतरस
ओड़ै सै, दो माणस भेजकै उसतै बिनती करी, "म्हारै धोरै आण म्ह वार ना
लावै।" 39 फेर पतरस उठकै उसकै गेल्या हो लिया, अर जिब वो पोंहच्या तो
वे उसनै उस चौबारे म्ह ले गये। सारी बिधवां रोंदी होई उसकै धोरै आण खड़ी
होई, अर जो कुड़ते अर लत्ते दोरकास नै उनकै गेल्या रहंदे होए बणाए थे,
दिखाण लाग्गी। 40 फेर पतरस नै सारया ताहीं बाहरणै कर दिया, अर गोड्डे
टेक कै प्रार्थना करी अर लाश की ओड़ लखाकै कह्या, "हे तबीता, उठ!" फेर
उसनै अपणी आँख खोल दी, अर पतरस ताहीं देखकै उठ बेठ्ठी। 41 उसनै
हाथ बढ़ाकै उस ताहीं ठाया, अर पवित्र आदमी अर बिधवायाँ ताहीं बुलाकै
उस ताहीं जिन्दा दिखा दिया। 42 या बात साब्बत याफा नगर म्ह फैलग्यी,
अर घणखरयां नै प्रभु यीशु पै बिश्वास करया। 43 अर पतरस याफा नगर म्ह
शमौन नामक किसे चमड़े का धन्धा करणीये कै उरै घणे दिनां ताहीं रहया।
**10** कैसरिया नगर म्ह कुरनेलियुस नाम का एक माणस था, जो इतालियानी
नामक पलटन का सूबेदार था। 2 वो भगत था, अर अपणे साब्ते कुण्बे सुधा

परमेसवर तै डरै था, अर गरीब यहूदी आदमियाँ ताहीं घणा दान देवै था, अर
बराबर परमेसवर की प्रार्थना करै था। 3 उसनै दिन कै बजे कै लोवै दर्शन म्ह
साफ तौर तै देख्या के परमेसवर का एक सुर्गदूत उसकै धोरै भीत्तर आकै
कहवै सै, "हे कुरनेलियुस!" 4 कुरनेलियुस नै उस ताहीं गौर तै देख्या अर
डरकै कह्या, "हे प्रभु, के हुकम सै?" उसनै उसतै कह्या, "तेरी प्रार्थनाएँ अर
तेरे दान याद कै खात्तर परमेसवर कै स्याम्ही पोहचे सै, 5 अर याफा नगर म्ह
माणस भेजकै शमौन नै, जो पतरस कुह्वावै सै, बुलवा ले। 6 वो शमौन, चमड़े
का धन्धा करण आळे कै उरै मेहमान सै, जिसका घर समुन्दर कै किनारे सै।"
7 जिब वो सुर्गदूत जिसनै उसतै बात करी थी चल्या गया, तो कुरनेलियुस नै
दो नौक्कर, अर जो उसकै लोवै हाजिर रहया करै थे उन म्ह तै एक भगत
सिपाही ताहीं बुलाया, 8 अर उन ताहीं सारी बात बताकै याफा नगर की
ओड़ भेज्या, ताके पतरस ताहीं ले आवै। 9 दुसरे दिन जिब वे तीन आदमी
जो कुरनेलियुस जरिये भेज्जे गये थे, चाल्दे-चाल्दे नगर कै धोरै पोहचे, तो
दोफारी कै लोवै पतरस छात पै प्रार्थना करण चढ़या। 10 उसनै भूख लाग्गी
अर कुछ खाणा चाहवै था, पर जिब वे खाणा त्यार करै थे तो वो बेसुध
होग्या, 11 अर उसनै देख्या, के अकास खुलग्या, अर एक बड्डी चाद्दर च्यारु
कुणयां तै लटकदी होई, धरती की ओड़ उतरै सै। 12 जिस म्ह धरती के सारे
ढाळ के चार पैरां आळे अर रेंगणेआळे जिनोर अर अकास के पंछी थे। 13
उसनै एक इसा बोल सुण्या, "हे पतरस उठ, मार अर खा।" 14 पर पतरस नै
कह्या, "ना प्रभु, कती भी न्ही, क्यूँके मन्नै कदे कोए अशुद्ध चीज न्ही खाई
सै।" 15 फिर दुसरी बर उस ताहीं बोल सुणाई दिया "जो किमे परमेसवर नै
शुद्ध कर दिया सै, उस ताहीं अशुद्ध मतना कहवै।" 16 तीन बर इस तरियां ए
होया, फेर जिब्बे वा चाद्दर अकास म्ह ठा ली गई। 17 जिब पतरस अपणे मन
म्ह दुबिध्या म्ह था, के यो दर्शन जो मन्नै देख्या इसका के मतलब हो सकै सै,
तो देक्खो, वे माणस जिन ताहीं कुरनेलियुस नै भेज्या था, शमौन कै घर का
पता लगाकै दरबाजे पै आण खड़े होए, 18 अर रुक्का मारकै बुझ्झण लाग्गे,
"के शमौन जो पतरस कुह्वावै सै, याड़ैए सै के?" 19 पतरस तो उस दर्शन पै
सोचण ए लागरया था, के पवित्र आत्मा नै उसतै कह्या, "देख, तीन माणस
तेरी टोह् म्ह सै। 20 आखर उठकै तळै जा, अर बेझिझक उनकै गेल्या हो ले,

क्यूँके मन्नै ए उन ताहीं भेज्या सै।” 21 फेर पतरस नै उतरकै उन माणसां
ताहीं कह्या, “देक्खो, जिसकी टोह् म्ह थम सो, वो मै सूं। थारे आण का के
कारण सै?” 22 वे बोल्ले, “कुरनेलियुस सूबेदार जो धर्मी अर परमेसवर तै
डरणआळा अर सारी यहूदी जात म्ह नाम्मी माणस सै, उसनै एक पवित्र
सुर्गदूत तै यो निर्देश पाया सै के तेरे ताहीं अपणे घरां बुलाकै तेरे तै वचन
सुणै।” 23 फेर उसनै उन ताहीं भीत्तर बुलाकै उनकी मेहमान-नवाजी करी।
दुसरे दिन वो उनकै गेल्या गया, अर याफा नगर के बिश्वासी भाईयाँ म्ह तै
कुछ उसकै गेल्या हो लिए। 24 आगले दिन वे कैसरिया नगर पोहचे, अर
कुरनेलियुस अपणे कुण्बे आळा अर प्यारे साथियाँ ताहीं कठ्ठा करकै उनकी
बाट देक्खै था। 25 जिब पतरस भीत्तर आवै था, तो कुरनेलियुस उसतै
मिल्या, अर उसकै पायां म्ह पड़कै उस ताहीं प्रणाम करया, 26 पर पतरस नै
उस ताहीं ठा कै कह्या, “खड्या हो, मै भी तो माणस सूं।” 27 अर उसकै
गेल्या बतळान्दा भीत्तर गया, अर घणे आदमियाँ ताहीं कठ्ठे देखकै 28
पतरस नै उनतै कह्या, “थमनै बेरा सै के हम यहूदियाँ कै खात्तर गैर यहूदियाँ
तै संगति करणा या उसकै उरै जाणा कानून के खिलाफ सै, पर परमेसवर नै
मेरै तै बताया सै के किसे माणस ताहीं अपवित्र या अशुद्ध ना कहूँ। 29 ज्यांतै
मै जिब बुलाया गया तो बिना कुछ कहे चल्या आया। इब मै बुझ्झु सूं के मेरै
ताहीं किस काम कै खात्तर बुलाया गया?” 30 कुरनेलियुस बोल्या, “इस्से
घड़ी, पूरे चार दिन होए, मै अपणे घर म्ह दोफाहरै पाच्छै तीन बजे प्रार्थना
करण लागरया था, तो एक माणस चमकीला बाणा पहरे होए, मेरै स्याम्ही
आण खड्या होया 31 अर कहण लाग्या, ‘हे कुरनेलियुस, तेरी प्रार्थनाएँ अर
तेरे दान याद कै खात्तर परमेसवर कै स्याम्ही पोहचे सै। 32 इस करकै किसे
नै याफा नगर भेजकै शमौन जो पतरस कुह्वावै सै, बुलवा ले। वो शमौन, चमड़े
का धन्धा करण आळे कै उरै मेहमान सै, जिसका घर समुन्दर कै किनारे सै।’
33 फेर मन्नै जिब्बे तेरे धोरै आदमी भेज्जै, अर तन्नै भला करया जो आ ग्या।
इब हम सारे उरै परमेसवर कै स्याम्ही सां, ताके जो किमे परमेसवर नै तेरे तै
कह्या उस ताहीं सुणां।” 34 फेर पतरस बोल्या, “इब मेरै पक्का यकिन
होग्या के परमेसवर किसे का पक्षपात कोनी करदा, 35 बल्के हरेक जात म्ह
जो परमेसवर तै डरै अर धर्म के काम करै सै, वो उसनै भावै सै। 36 थम

जाणो सों के परमेसवर नै इस्राएल के माणसां ताहीं अपणा संदेश भेज्जा,
उसनै शान्ति के बारै म्ह सुसमाचार सुणाया जो माणसां ताहीं यीशु मसीह पै
बिश्वास करण कै जरिये मिलै सै। **37** वो वचन थमनै बेरा सै, जो यूहन्ना के
बपतिस्मा के प्रचार कै पाच्छै गलील परदेस तै शरु होकै साब्ते यहूदिया
परदेस म्ह फैलग्या। **38** परमेसवर नै किस तरियां तै यीशु नासरी ताहीं पवित्र
आत्मा अर सामर्थ तै अभिषेक करया, वो भलाई करदा अर सारया ताहीं जो
शैतान के सताए होड़ थे, आच्छा करदा फिरया, क्यूँके परमेसवर उसकै
गेल्या था।" **39** "हम उन सारे काम्मां के गवाह सां, जो उसनै यहूदिया
परदेस अर यरुशलेम नगर म्ह भी करे, अर उननै उस ताहीं क्रूस पै लटकाकै
मार दिया। **40** उस ताहीं परमेसवर नै तीसरे दिन जिन्दा करया, अर जाहिर
भी कर दिया सै, **41** सारे आदमियाँ पै न्ही बल्के उन गवाह पै जिन ताहीं
परमेसवर नै पैहल्या तै छाँट लिया था, यानिके म्हारै पै जिन नै उसकै मरे
होया म्ह तै जिन्दा उठण कै पाच्छै उसकै गेल्या खाया-पिया, **42** अर उसनै
म्हारै ताहीं हुकम दिया के आदमियाँ म्ह प्रचार करो अर गवाही द्यो, के यो वोए
सै जिस ताहीं परमेसवर नै जिन्दा अर मरया होया का न्यायी ठहराया सै। **43**
उसकी सारे नबी गवाही देवैं सै के जो कोए उसपै बिश्वास करैगा, उस ताहीं
उसकै नाम तै पापां की माफी मिलैगी।" **44** पतरस ये बात कहण ए लागरया
था के पवित्र आत्मा वचन के सारे सुणण आळा पै उतर आया। **45** अर
जितने खतना करे होए बिश्वासी पतरस कै गेल्या आये थे, वे सारे हैरान होए
के गैर यहूदियाँ पै भी पवित्र आत्मा का दान ढाळा गया सै। **46** क्यूँके उननै
उन ताहीं कई ढाळ की भाषा बोल्दे अर परमेसवर की बड़ाई करदे सुण्या।
इसपै पतरस नै कह्या, **47** "के कोए पाणी नै रोक सकै सै के ये बपतिस्मा ना
पावै, जिननै म्हारै की ढाळ परमेसवर की ओड़ तै पवित्र आत्मा पाया सै?"
**48** अर उसनै हुकम दिया के उननै यीशु मसीह कै नाम म्ह बपतिस्मा दिया
जावै। फेर उननै उसतै बिनती करी के वो कुछ दिन और उनकै गेल्या रहवै।
**11** फेर प्रेरितां अर बिश्वासी भाईयाँ नै जो यहूदिया परदेस म्ह थे सुण्या के
गैर यहूदियाँ नै भी परमेसवर का वचन मान लिया सै। **2** आखर म्ह जिब
पतरस यरुशलेम नगर म्ह आया, तो खतना किये होए आदमी उसतै बहस
करण लाग्गे, **3** "तन्नै खतनारहित आदमियाँ कै उरै जाकै उनकै गेल्या

खाया।" 4 फेर पतरस नै उन ताहीं शरु तै आखर ताहीं सारा किमे कह
सुणाया 5 "मै याफा नगर म्ह प्रार्थना करण लागरया था, अर बेसुध होकै
एक दर्शन देख्या के एक बड्डी चाद्दर च्यारु कुणयां तै लटकदी होई, अकास तै
उतरकै मेरै धोरै आई।" 6 जिब मन्नै उसपै गौर करया, तो उस म्ह धरती के
चार पैरां आळे अर बणपशु अर रेंगण आळे जिनोर अर अकास के पंछी
देक्खे, 7 अर यो बोल भी सुण्या, "हे पतरस उठ, मार अर खा।" 8 मन्नै
कह्या, "ना प्रभु, ना, क्यूँके कोए अशुद्ध चीज मेरै मुँह म्ह कदे न्ही गई।" 9
इसकै जवाब म्ह अकास तै दुसरी बर आवाज होई, "जो किमे परमेसवर नै
शुद्ध ठैहराया सै, उस ताहीं अशुद्ध मतना कहवै।" 10 तीन बर इसा होया, फेर
सारा किमे दुबारा अकास पै खींच लिया गया। 11 जिब्बे तीन माणस जो
कुरनेलियुस नै कैसरिया परदेस तै मेरै धोरै भेज्जे थे, उस घर पै जिसम्ह हम
थे, आण खड़े होए। 12 फेर पवित्र आत्मा नै मेरै तै बेझिझक होकै उनकै
गेल्या जाण खात्तर कह्या, अर छ: भाई भी मेरै गेल्या हो लिये, अर हम उस
माणस कै घरां गये। 13 उसनै म्हारै ताहीं बताया, के उसनै एक सुर्गदूत ताहीं
अपणे घर म्ह खड्या देख्या, जिसनै उसतै कह्या, "याफा नगर म्ह माणस
भेजकै शमौन ताहीं जो पतरस कुह्वावै सै, बुलवा ले। 14 वो थारे तै इसी बात
कहवैगा, जिनकै जरिये तू अर तेरा सारा घराना उद्धार पावैगा।" 15 जिब म्ह
बात करण लाग्या, तो पवित्र आत्मा उनपै उस्से तरियां तै उतरया जिस
तरियां तै शरु म्ह म्हारै पै उतरया था। 16 फेर मन्नै प्रभु का यो वचन याद
आया, जो उसनै कह्या था, "यूहन्ना नै तो पाणी तै बपतिस्मा दिया, पर थम
पवित्र आत्मा तै बपतिस्मा पाओगे। 17 इस खात्तर जिब परमेसवर नै उन
ताहीं भी वोए दान दिया, जो म्हारै ताहीं प्रभु यीशु मसीह पै बिश्वास करण तै
मिल्या था, तो मै कौण था जो परमेसवर नै रोक सकदा?" 18 यो सुणण कै
बाद उसके जवाब म्ह वे यहूदी बिश्वासी कुछ भी न्ही बोल पाए, अर परमेसवर
की बड़ाई करकै कहण लाग्गे, "फेर तो परमेसवर नै गैर यहूदियाँ ताहीं भी
अनन्त जीवन कै खात्तर पापां की माफी अर यीशु मसीह पै बिश्वास करण
का दान दिया सै।" 19 जो आदमी उस क्लेश के मारे जो स्तिफनुस कै
कारण पड्या था, खिंड-मिंड हो गये थे, वे हांडदे-हांडदे फीनीके परदेस अर
साइप्रस टापू अर अन्ताकिया नगर म्ह पोहचे, पर यहूदियाँ नै छोड़ किसे और

ताहीं वचन कोनी सुणावै थे। 20 पर उन म्ह तै कुछ बिश्वासी साइप्रस टापू
अर कुरेनवासी थे, जो अन्ताकिया नगर म्ह आकै यूनानियाँ ताहीं भी प्रभु
यीशु का सुसमाचार सुणाण लाग्गे। 21 प्रभु का हाथ उनपै था, अर घणे
आदमी बिश्वास करकै प्रभु की ओड़ फिरे। 22 जिब उनका जिक्र यरुशलेम
नगर की कलीसिया के लोग्गां कै सुणण म्ह आया, तो उननै बरनबास ताहीं
अन्ताकिया नगर भेज्या। 23 वो उड़ै पोहचकै अर परमेसवर के अनुग्रह नै
देखकै राज्जी होया, अर सारया ताहीं उपदेश दिया के तन-मन लगाकै प्रभु तै
लिपटे रहो। 24 वो एक भला माणस था, अर पवित्र आत्मा अर बिश्वास तै
पूरा भरया था, अर दुसरे घणखरे आदमी प्रभु म्ह आ मिले। 25 फेर वो
शाऊल नै टोह्ण कै खात्तर तरसुस नगर म्ह चल्या गया। 26 जिब वो उसतै
मिल्या तो उस ताहीं अन्ताकिया नगर ल्याया, अर इसा होया के वे एक साल
ताहीं कलीसिया कै गेल्या मिलदे अर प्रभु यीशु मसीह का घणे आदमियाँ
ताहीं उपदेश देन्दे रहे, अर चेल्लें सारया तै पैहल्या अन्ताकिया नगर ए म्ह
मसीह कुहाए। 27 उननै दिनां म्ह कई नबी यरुशलेम नगर तै अन्ताकिया नगर
आए। 28 उन म्ह तै अगबुस नामक एक नबी नै खड़े होकै आत्मा की प्रेरणा
तै न्यू बताया के सारी दुनिया म्ह बड्ड़ा अकाळ पड़ैगा, वो अकाळ (रोम के
सम्राट) क्लौदियुस के बखत म्ह पड्या। 29 फेर चेल्यां नै फैसला लिया
के हरेक अपणी-अपणी पूंजी कै मुताबिक यहूदिया परदेस म्ह रहण आळे
भाईयाँ की मदद कै खात्तर किमे भेज्जै। 30 उननै इस तरियां ए करया, अर
बरनबास अर शाऊल कै हाथ कलीसिया के अगुवां कै धोरै कुछ भेज दिया।

**12** उस बखत हेरोदेस राजा नै कलीसिया के कई माणसां ताहीं सताण कै
मकसद तै बन्दी बणा लिया। 2 उसनै प्रेरित यूहन्ना के भाई याकूब ताहीं
तलवार तै मरवा दिया। 3 जिब उसनै देख्या के यहूदी माणस इसतै राज्जी
होवै सै, तो उसनै पतरस ताहीं भी पकड़ लिया। वे अखमीरी रोट्टी के त्यौहार
के दिन थे। 4 हेरोदेस नै उस ताहीं पकड़कै जेळ म्ह गेरया, अर चार-चार
सिपाहियाँ के चार पहरया म्ह राख्या, इस विचार तै के फसह कै बाद उसनै
आदमियाँ कै स्याम्ही ल्यावै। 5 जेळ म्ह पतरस बन्द था, पर कलीसिया
उसकै खात्तर लौ लाकै परमेसवर तै प्रार्थना करण लागरी थी। 6 जिब हेरोदेस
राजा उसनै आदमियाँ कै स्याम्ही ल्याण आळा था, उस्से रात पतरस दो

जंजीरां तै बंध्या होड़ दो सिपाहियाँ कै बिचाळै सोण लागरया था, अर पहरेदार
दरबाजे पै जेळ की रुखाळी कररे थे। 7 तो देक्खो, प्रभु का एक सुर्गदूत
आण खड्या होया अर उस कोठड़ी म्ह चाँदणा चमक्या, अर उसनै पतरस
की पासळी पै हाथ मारकै उस ताहीं जगाया अर बोल्या, "उठ, तावळ कर।"
अर उसकै हात्थां तै बेड़ी खुलकै गिरगी। 8 फेर सुर्गदूत नै उसतै कह्या,
"कमर बाँध, अर अपणे जूत्ते पहर ले।" उसनै उस्से ढाळ करया। फेर उसनै
उसतै कह्या, "अपणे लत्ते पहरकै मेरै पाच्छै हो ले।" 9 वो लिकड़कै उसकै
पाच्छै हो लिया, पर उसनै न्यू न्ही बेरा था के जो किमे सुर्गदूत कर रह्या सै वो
साच्ची सै, बल्के न्यू समझै था के जणु मै दर्शन देखण लागरया सूं। 10 फेर
वे पैहल्या अर दुसरे पहरे तै लिकड़कै उस लोहे के फाटक पै पोहचे, जो नगर
की ओड़ सै। वो उनकै खात्तर अपणे-आप्पे खुलग्या, अर वे लिकड़कै एक
गळी म्ह गए, अर जिब्बे ए सुर्गदूत उसनै छोड़कै चल्या गया। 11 फेर पतरस
नै चेत म्ह होकै कह्या, "इब मन्नै सच का बेरा पटया सै के प्रभु नै अपणा
सुर्गदूत भेजकै मेरै ताहीं हेरोदेस राजा के हात्थां तै छुड़ा लिया, अर यहूदी
अगुवां की सारी मनसा पै पाणी फेर दिया सै।" 12 न्यू जाणकै वो उस यूहन्ना
की माँ मरियम कै घरां आया, जो मरकुस कुह्वावै सै। ओड़ै घणे आदमी
कठ्ठे होकै प्रार्थना करण लागरे थे। 13 जिब उननै दरबाजा खटखटाया, तो
रूदे नामक एक नौकराणी देखण नै आई। 14 पतरस का बोल पिच्छाणकै
उसनै खुशी के मारे दरबाजा न्ही खोल्या, पर भाजकै भीत्तर गई अर बताया
के पतरस दरबाजे पै खड्या सै। 15 उननै उसतै कह्या, "तू बावळी सै।"
पर वा पूरे बिश्वास तै बोल्ली के पतरस ए सै। फेर उननै कह्या, "उसका
सुर्गदूत होगा।" 16 पर पतरस खटखटान्दा ए रहया आखर म्ह उननै दरबाजा
खोल्या, अर उस ताहीं देखकै हैरान होग्ये। 17 फेर उसनै उन ताहीं हाथ तै
इशारा करया के बोल-बाल्ले रहवैं, अर उन ताहीं बताया के प्रभु किस ढाळ
उस ताहीं जेळ तै लिकाड़ ल्याया सै। फेर बोल्या, "याकूब अर दुसरे भाईयाँ
नै या बात बता दियो।" फेर लिकड़कै दुसरी जगहां चल्या गया। 18 तड़कैए
जेळ के सिपाहियाँ म्ह घणी भगदड़ माचगी के पतरस कित्त गया। 19 जिब
हेरोदेस राजा नै उसकी टोहया-टाही करवाई अर न्ही मिल्या, तो पैहरेदारां की
जाँच करकै हुकम दिया के वे मार दिये जावै, अर वो यहूदिया परदेस नै

छोड़कै कैसरिया नगर म्ह जाकै रहण लाग्या। 20 हेरोदेस राजा सूर अर सैदा
नगर के लोग्गां तै घणा नाराज था। वे एक टोळ बणाकै उसतै मिलण आये,
राजा का एक खास कर्मचारी बलास्तुस ताहीं मनाकै राजा तै मेल करणा
चाह्या, क्यूँके राजा के देश म्ह उनकै देश का पालन-पोषण होवै था। 21
खास दिन पै हेरोदेस राजा राजसी-बाणा पहरकै सिंहासन पै बेठ्या, अर उन
ताहीं खुलास्सा करण लाग्या। 22 फेर आदमियाँ नै रुक्का मारया, "यो तो
माणस का न्ही ईश्वर का बोल सै।" 23 उस्से घड़ी प्रभु कै एक सुर्गदूत नै
जिब्बे आकै हेरोदेस राजा ताहीं झिड़का, अर वो कीड़े पड़कै मरग्या। क्यूँके
उसनै परमेसवर की महिमा कोनी करी, 24 पर परमेसवर का वचन बढ़दा अर
फैलदा गया। 25 जिब बरनबास अर शाऊल नै अपणी सेवा पूरी कर ली तो
यूहन्ना जो मरकुस कुह्वावै था, गेल्या लेकै यरुशलेम नगर तै बोह्ड़े।

**13** अन्ताकिया नगर की कलीसिया म्ह कई नबी अर उपदेशक थे, यानी
बरनबास, शमौन जो नीगर (काळा आदमी) कुह्वावै सै, अर शाऊल अर कुरेनी
लूकियुस, मनाहेम जिसका पालन-पोषण चौथाई देश के राजा हेरोदेस कै
गैल होया था। 2 जिब ये लोग प्रभु की आराधना अर ब्रत करण लागरे थे, तो
पवित्र आत्मा नै उनतै कह्या, "मेरै खात्तर बरनबास अर शाऊल नै उस काम
कै खात्तर न्यारा करो जिसकै खात्तर मन्नै उन ताहीं बुलाया सै।" 3 फेर उननै
ब्रत अर प्रार्थना करकै अर उनपै हाथ धरकै उन ताहीं परमेसवर के काम
खात्तर बिदा करया। 4 शाऊल अर बरनबास पवित्र आत्मा के भेज्जै होए
सिलूकिया बन्दरगाह गये, अर ओड़ै तै जहाज पै चढ़कै साइप्रस टापू कान्ही
चाल्ले, 5 अर सलमीस नगर म्ह पोहचकै, परमेसवर का वचन यहूदियाँ के
आराधनालयाँ म्ह सुणाया। यूहन्ना उनका सेवक था। 6 वे उस सारे टापू
म्ह होन्दे होए पाफुस परदेस ताहीं पोहचे। ओड़ै उननै बारयीशु नामक एक
यहूदी जादूगर अर झूठ्ठा नबी मिल्या। 7 वो राज्यपाल सिरगियुस पौलुस
कै गेल्या था, जो अकलमंद माणस था। उसनै बरनबास अर शाऊल ताहीं
अपणे धोरै बुलाकै परमेसवर का वचन सुणणा चाह्या। 8 पर इलीमास
जादूगर नै (क्यूँके योए उसकै नाम का मतलब सै) उनका बिरोध करकै
हाकिम ताहीं यीशु पै बिश्वास करण तै रोकणा चाह्या। 9 फेर शाऊल नै
जिसका नाम पौलुस भी सै, पवित्र आत्मा तै पूरी तरियां भरकै उसकी ओड़

टकटकी लाकै देख्या अर बोल्या, 10 “हे सारे कपट अर सारी ढ़ाळ कि
चतुराई तै भरे होड़ शैतान की ऊलाद, सारे धर्मां के बैरी, के तू प्रभु के सीध्धी
राही नै टेढ़ी करणा न्ही छोड्डैगा?” 11 इब लखा, “प्रभु का हाथ तेरे बिरोध
म्ह उठ्या सै, अर तू कुछ बखत ताहीं आन्धा रहवैगा अर सूरज नै कोनी
देक्खैगा।” फेर जिब्बे धुँधळापण अर अन्धेरा उसपै छा गया, वो आस्सै-
पास्सै टटोळण लाग्या ताके कोए उसका हाथ पकड़कै ले चाल्लै। 12 फेर
हाकिम नै जो होया था उस ताहीं देखकै अर प्रभु के उपदेश तै हैरान होकै
यीशु पै बिश्वास करया। 13 पौलुस अर उसके मित्तर पाफुस परदेस तै पाणी
का जहाज खोल कै पंफूलिया परदेस के पिरगा नगर म्ह आये, अर यूहन्ना
उननै छोड़कै यरुशलेम नगर बोहड़ गया। 14 पिरगा नगर तै आग्गै बढ़कै
वे पिसिदिया परदेस के अन्ताकिया नगर म्ह पोहचे, अर आराम कै दिन
आराधनालय म्ह जाकै बैठग्ये। 15 मूसा के नियम-कायदे अर नबियाँ की
किताब नै पढ़ण कै पाच्छै आराधनालय के सरदारां नै उनकै धोरै कहवां
भेज्या, “हे भाईयो, जै आदमियाँ के उपदेश कै खात्तर थारे मन म्ह कोए बात
हो तो कहो।” 16 फेर पौलुस नै खड़े होकै अर हाथ तै इशारा करकै कह्या,
“हे इस्राएलियों, अर गैर यहूदी जो परमेसवर तै डरण आळो, सुणो!” 17
इस्राएल के परमेसवर नै म्हारै पूर्वजां ताहीं छाँट लिया, अर जिब वे मिस्र देश
म्ह परदेशी होकै रहवै थे, तो उनकी बढ़ोतरी करी, अर अपणी शक्ति के दम पै
उननै लिकाड़ ल्याया। 18 वो कोए चाळीस साल ताहीं जंगल-बियाबान म्ह
उनकी सहण करदा रहया, 19 अर कनान देश की सात जात्तां का नाश करकै
उनका देश कोए साढ़े चार सौ साल म्ह इनकी वसियत म्ह कर दिया। 20
“इसकै बाद परमेसवर नै शमूएल नबी ताहीं उन म्ह न्यायाधीश ठहराया। 21
इसकै पाच्छै उननै शमूएल तै उनपै एक राजा ठैहराण की माँग करी, फेर
परमेसवर नै चाळीस साल कै खात्तर बिन्यामीन के गोत्र म्ह तै एक माणस,
यानिके कीश के बेट्टे शाऊल ताहीं उनपै राजा ठहराया। 22 फेर परमेसवर नै
शाऊल ताहीं पद तै हटाकै दाऊद ताहीं उनका राजा बणाया, जिसकै बारै म्ह
उसनै गवाही दी, ‘मन्नै एक माणस यिशै का बेट्टा दाऊद, जो मेरी इच्छा कै
मुताबिक मिलग्या सै, वोए मेरी सारी इच्छा पूरी करैगा।’” 23 इस्से पीढ़ी म्ह
तै परमेसवर नै अपणे वादा कै मुताबिक इस्राएल कै धोरै एक उद्धारकर्ता,

यानिके यीशु भेज्या। 24 यीशु कै आण तै पैहल्या यूहन्ना नै सारे इस्राएलियाँ
नै अपणे पाप मान के परमेसवर की ओड़ मुड़ण का अर बपतिस्मा का प्रचार
करया। 25 जिब यूहन्ना अपणी सेवा पूरी करण पै था, तो उसनै कह्या, "थम
मन्नै के समझो सो? मै मसीह कोनी! बल्के देक्खो, मेरै पाच्छै एक आण
आळा सै, जो भोत महान् सै, जिसके जूत्याँ के फित्ते भी मै खोल्लण जोग्गा
कोनी।" 26 "हे भाईयो, थम जो अब्राहम की ऊलाद सो, अर थम गैर यहूदी
जो परमेसवर तै डरो सो, थारे धोरै इस उद्धार का वचन भेज्या गया सै। 27
यरुशलेम नगर के रहणआळो अर उनकै सरदारां नै, ना मसीह यीशु ताहीं
पिच्छाणा अर ना नबियाँ की बात समझी, जो हरेक आराम कै दिन पढ़ी जावै
सै, ज्यांतै उस ताहीं कसूरवार ठहराकै उन बात्तां नै पूरा करया। 28 उननै
मारण कै जोग्गा कोए कसूर उस म्ह कोनी पाया, फेरभी राज्यपाल पिलातुस
तै बिनती करी, के वो मार दिया जावै। 29 जिब उननै उसकै बारै म्ह पवित्र
ग्रन्थ लिक्खी होई सारी बात पूरी करी, तो उस ताहीं क्रूस पै तै उतारकै कब्र
म्ह धरया। 30 पर परमेसवर नै उस ताहीं मरे होया म्ह तै जिन्दा करया, 31
अर वो उन ताहीं जो उसकै गेल्या गलील परदेस तै यरुशलेम नगर आये थे,
घणे दिनां ताहीं अपणे चेल्यां नै दिख्दा रहया, आदमियाँ कै स्याम्ही इब वैए
उसके गवाह सै।" 32 हम थमनै उस वादा कै बारै म्ह जो बाप-दाद्या तै करया
गया था, यो सुसमाचार सुणावां सां, 33 के परमेसवर नै यीशु ताहीं जिन्दा
करकै, वोए वादा म्हारी ऊलाद कै खात्तर पूरा करया, जिसा के भजन संहिता
दो म्ह लिख्या सै, "तू मेरा बेट्टा सै, आज तै ए मै तेरा पिता बणग्या सूं।" 34
अर उसके इस तरियां तै मरे होया म्ह तै जिन्दा होण कै बारै म्ह भी के वो कदे
न्ही सड़ै, परमेसवर नै यो कह्या सै, "मै दाऊद पै की पवित्र अर अटल दया तेरे
पै करुँगा।" 35 दाऊद नै और जगहां भी भजन संहिता म्ह भी लिख्या सै, "तू
अपणे पवित्र माणस नै सड़ण न्ही देवैगा।" 36 दाऊद तो परमेसवर की मर्जी
कै मुताबिक अपणे बखत म्ह सेवा करकै मर गया, अर अपणे बाप-दाद्या म्ह
जा मिल्या, अर सड़ भी गया। 37 पर जिस ताहीं परमेसवर नै जिन्दा करया,
वो सड़ण कोनी पाया। 38 ज्यांतै, हे भाईयो, थम जाण ल्यो के इस्से के
जरिये पापां की माफी का सुसमाचार थारे ताहीं दिया जावै सै, 39 अर पापां
तै मुक्त करण म्ह मूसा नबी के नियम-कायदे हमेशा नाकामयाब रहे सै, हरेक

जो बिश्वास करै सै, वो यीशु के जरिये सारे पापां तै मुक्त करया जावै सै। 40
ज्यांतै चौकन्ने रहो, इसा ना हो के जो नबियाँ की किताब म्ह आया सै, थारे पै
भी आण पड़ै 41 "हे बुराई करण आळो, देक्खो, अर हैरान होवो, अर मिट
जाओ, क्यूँके मै थारे दिनां म्ह एक काम करुँ सूं, 'इसा काम के जै कोए थारे
तै उसका जिक्र करै, तो थम भी बिश्वास कोनी करोगे।'" 42 जिब पौलुस अर
बरनबास यहूदी सभाघर तै बाहरणै लिकड़ण लागरे थे, तो माणस उनतै
बिनती करण लाग्गे के आगले आराम कै दिन म्हारै ताहीं ये बात फेर सुणाई
जावै। 43 जिब सभा उठ ली फेर भोत-से यहूदी अर यहूदी पंथ म्ह आये होए
भगतां म्ह तै घणखरे पौलुस अर बरनबास कै पाच्छै हो लिये, अर उननै उन
ताहीं बात करकै समझाया के परमेसवर कै अनुग्रह म्ह बणे रहो। 44 आगले
आराम कै दिन नगर के तकरीबन सारे लोग परमेसवर का वचन सुणण नै कठ्ठे
हो गये। 45 पर यहूदी भीड़ नै देखकै मन ए मन म्ह जळण लाग्गे, अर बुराई
करदे होए पौलुस की बात्तां कै बिरोध म्ह बोल्लण लाग्गे। 46 फेर पौलुस अर
बरनबास हिम्मत करकै कहण लाग्गे, "जरूरी था के परमेसवर का वचन
पैहल्या थारे तै सुणाया जान्दा, इब जिब के थमनै इस ताहीं नकार दिया सै,
अर यो करते होए अपणे-आप ताहीं अनन्त जीवन कै खात्तर अयोग्य घोषित
कर दिया सै, तो देक्खो, हम गैर यहूदियाँ कै कान्ही फिरां सां। (aiōnios g166)
47 क्यूँके प्रभु नै म्हारै ताहीं यो हुकम दिया सै, 'मन्नै तेरे ताहीं गैर यहूदियाँ कै
खात्तर चाँदणा ठहराया, ताके तू धरती कै छोर ताहीं उद्धार का दरबाजा हो।'"
48 न्यू सुणकै गैर यहूदी राज्जी होए, अर परमेसवर कै वचन की बड़ाई करण
लाग्गे, अर जितने अनन्त जीवन कै खात्तर ठहराए गये थे, उननै बिश्वास
करया। (aiōnios g166) 49 फेर प्रभु का वचन उस सारे देश म्ह फैलाण
लाग्या। 50 पर यहूदी अगुवां नै भगत अर आच्छे खानदान की लुगाईयाँ ताहीं
अर नगर के खास आदमियाँ ताहीं उकसाया, अर पौलुस अर बरनबास कै
खिलाफ दंगा करा कै उन ताहीं अपणी सीमा तै लिकाड़ दिया। 51 फेर
पौलुस अर बरनबास उनकै स्याम्ही पायां की धूळ झाड़कै इकुनियुम नगर म्ह
चले गये। 52 अर चेल्लें आनन्द अर पवित्र आत्मा तै भरदे चले गये।

**14** इकुनियुम नगर म्ह इसा होया के वे यहूदियाँ के आराधनालय म्ह गैल-
गैल गये, अर इस ढाळ बात करी के यहूदियाँ अर यूनानियाँ म्ह घणखरयां नै

बिश्वास करया। 2 पर बिश्वास ना करण आळे गैर यहूदियाँ के मन बिश्वासी
भाईयाँ कै बिरोध म्ह उकसाये अर कड़ुवापण पैदा करया। 3 पौलुस अर
बरनबास घणे दिन ताहीं उड़ै रहे, अर प्रभु कै भरोसै पै हिम्मत तै बात करै
थे, अर वो उनकै हाथ्थां तै चमत्कार अर अनोक्खे काम करवा कै अपणे
अनुग्रह के वचन ताहीं साबित करदा रह्या। 4 पर नगर के लोग्गां म्ह फूट
पड़गी थी, इसतै घणेए तो यहूदियाँ कान्ही अर घणेए प्रेरितां कान्ही होग्ये। 5
जिब गैर यहूदी अर यहूदी उनकी बेजती करण नै अर उनकै पत्थर मारण कै
खात्तर अपणे सरदारां सुधा उन कान्ही भाज्जे, 6 फेर वे इस बात नै जाणगे
अर लुकाउनिया परदेस के लुस्त्रा अर दिरबे नगरां म्ह, अर लोवै-धोरै के
परदेसां म्ह भाजगे 7 अर ओड़ै सुसमाचार सुणाण लाग्गे। 8 लुस्त्रा नगर म्ह
एक माणस बेठ्या था, जो पायां तै लाचार था। वो जन्म तै ए लंगड़ा था,
अर कदे न्ही चाल्या था। 9 वो पौलुस नै बात करदे सुणै था। पौलुस नै
उसकी ओड़ टकटकी लाकै देख्या के उसनै ठीक होण का बिश्वास सै, 10
अर ठाड्डू आवाज म्ह बोल्या, "अपणे पायां कै बळ सीध्धा खड्या हो।" फेर
वो उछळकै चाल्लण-फिरण लाग्या। 11 लोग्गां नै पौलुस का यो काम देखकै
लुकाउनिया की भाषा म्ह ठाड्डू आवाज म्ह कह्या, "देवता माणस कै रूप म्ह
होकै म्हारै धोरै उतर आये सै।" 12 उननै बरनबास ताहीं ज्यूस देवता, अर
पौलुस ताहीं हिरमेस कह्या क्यूँके वो खास संदेश देण आळा था। 13 ज्यूस
देवता के उस मन्दर का पुजारी जो उनकै नगर कै स्याम्ही था, बळध अर
फूल्लां के हार फाटकां पै ल्याकै लोग्गां कै गेल्या बलिदान करणा चाहवै था।
14 पर बरनबास अर पौलुस प्रेरितां नै जिब यो सुण्या, तो अपणे लत्ते पाड़े अर
भीड़ म्ह लपके, अर रुक्का मारकै कहण लाग्गे, 15 "हे भले माणसों, थम
के करो सो? हम भी तो थारे तरियां दुख-सुख भोग्गण आळे माणस सां,
अर थमनै सुसमाचार सुणावां सां के थम इन बेकार चिज्जां तै न्यारे होकै
जिन्दे परमेसवर कै कान्ही फिरो, जिसनै सुर्ग अर धरती अर समुन्दर अर
जो किमे उन म्ह सै बणाया सै। 16 उसनै बीत्ते होए बखत म्ह सारी जात्तां
ताहीं अपणे-अपणे रास्तयां पै चाल्लण दिया। 17 फेर भी वो अपणे भले
काम करण के जरिये अपणे बारें म्ह गवाही देंदा रहया, अर अकास तै मिह
अर फळआळी ऋतु देकै थारे मन नै खाणे अर खुशी तै भरदा रहया।" 18

न्यू कहकै भी उननै लोग्गां ताहीं बड्डी मुश्किलां तै रोक्या के उनकै खात्तर
बलिदान ना करै। 19 पर कुछ यहूदियाँ नै अन्ताकिया नगर अर इकुनियुम
नगर तै आकै लोग्गां ताहीं अपणी ओड़ कर लिया, अर पौलुस पै पत्थर
बरसाए, अर मरया होड़ सोचकै उस ताहीं नगर कै बाहरणै घसीट लेगे। 20
पर चेल्लें जिब उसकै चौगरदेकै आण खड़े होए, तो वो उठकै नगर म्ह गया
अर दुसरे दिन बरनबास कै गेल्या दिरबे नगर कान्ही चल्या गया। 21 वे उस
नगर के लोग्गां ताहीं सुसमाचार सुणाकै अर घणे चेल्लें बणाकै, लुस्त्रा अर
इकुनियुम अर अन्ताकिया नगर नै बोहड़ आये, 22 अर चेल्यां के मनां नै
स्थिर करदे अर उत्साहित करते होए या शिक्षा देते रह्ये के बिश्वास म्ह बणे
रहो, अर न्यू कहवै थे, "हमनै घणे दुख ठाकै परमेसवर के राज्य म्ह बड़णा
होगा।" 23 अर उननै हरेक कलीसिया म्ह उनकै खात्तर अगुवें ठहराए, अर
ब्रत सुधा प्रार्थना करकै उन ताहीं प्रभु कै हाथ्थां म्ह सौप्या जिसपै उननै
बिश्वास करया था। 24 फेर पिसिदिया परदेस तै होन्दे होए वे पंफूलिया
परदेस पोहचे, 25 फेर पिरगा नगर म्ह वचन सुणाकै अत्तलिया नगर म्ह आये,
26 अर ओड़ै तै वे पाणी के जहाज तै अन्ताकिया नगर गये, जित्त वे उस काम
कै खात्तर जो उननै पूरा करया था परमेसवर के अनुग्रह म्ह सौपे गये थे।
27 अन्ताकिया नगर पोहचकै उननै कलीसिया कठ्ठी करी अर बताया के
परमेसवर नै उनकै गेल्या होकै किसे बड़े-बड़े काम करे, अर गैर यहूदियाँ कै
खात्तर बिश्वास का बारणा खोल दिया। 28 अर वे चेल्यां कै गेल्या घणे दिन
ताहीं रहे।

**15** फेर कुछ यहूदी बिश्वासी यहूदिया परदेस तै आकै भाईयाँ नै सिखाण
लाग्गे "जै मूसा नबी की रीत पै थारा खतना न्ही हो तो थम उद्धार कोनी
पा सकदे।" 2 जिब पौलुस अर बरनबास का उनतै घणा वाद-विवाद अर
बहस होई तो यो फैसला लिया गया के पौलुस अर बरनबास अर उन म्ह तै
कुछ माणस इस बात कै बारै म्ह प्रेरितां अर कलीसिया के अगुवां कै धोरै
यरुशलेम नगर म्ह जावै। 3 कलीसिया नै उन ताहीं बिदा करया, अर वे
फीनीके अर सामरिया परदेसां तै होन्दे होए गैर यहूदियाँ के जरिये यीशु
मसीह पै बिश्वास करण का जिक्र करते गये, जिसतै सारे बिश्वासी भाई घणे
राज्जी होए। 4 जिब वे यरुशलेम नगर पोहचे, तो कलीसिया अर प्रेरित अर

कलीसिया के अगुवें उनतै खुशी कै गैल मिले, अर पौलुस अर बरनबास नै
बताया के परमेसवर नै उनकै गेल्या होकै किसे-किसे काम करे थे। 5 पर
फरीसियाँ के पंथ म्ह तै जिन नै बिश्वास करया था, उन म्ह तै कितन्याँ नै
उठकै कह्या, "गैर यहूदियाँ ताहीं खतना कराण अर मूसा नबी के नियम-
कायदे नै मानण का हुकम देणा चाहिए।" 6 फेर प्रेरित अर कलीसिया के
अगुवें इस बात कै बारै म्ह विचार करण कै खात्तर कठ्ठे होए। 7 फेर पतरस
नै घणी बहस हो जाणकै पाच्छै खड़े होकै उनतै कह्या, "हे भाईयो, थमनै
बेरा सै के घणे दिन होए परमेसवर नै थारे म्ह तै मेरै ताहीं छाँट लिया के
मेरै मुँह तै गैर यहूदी सुसमाचार का वचन सुणकै बिश्वास करै। 8 मन कै
जाँचण आळे परमेसवर नै उन ताहीं भी म्हारै की तरियां पवित्र आत्मा देकै यो
बताया सै के वे सब भी उसके माणस सै, 9 अर बिश्वास कै जरिये उनके
मन शुद्ध करकै म्हारै म्ह अर उन म्ह किमे फर्क कोनी राख्या। 10 तो इब
थम क्यांतै परमेसवर नै परखो सों, ताके गैर यहूदी चेल्यां के कंध्या पै इसा
जूआ धरो, जिसनै ना म्हारे बाप-दाद्दे ठा सकै थे अर ना हम ठा सकां सां?
11 हाँ, म्हारा यो यकिन सै के जिस तरियां तै वे प्रभु यीशु कै अनुग्रह तै
उद्धार पावैंगें, उस्से तरियां तै हम भी पावागें।" 12 फेर सारी सभा चुपचाप
बरनबास अर पौलुस की सुणण लाग्गी, के परमेसवर नै उनकै जरिये गैर
यहूदियाँ म्ह किसे बड़े-बड़े चमत्कार, अर अनोक्खे काम दिखाए। 13 उनके
भाषण के खतम होण पै याकूब सभा ताहीं कहण लाग्या, "हे भाईयो, मेरी
सुणो।" 14 शमौन पतरस नै बताया के परमेसवर नै पैहले-पहल गैर यहूदियाँ
पै किसी दया की निगांह करी के उन म्ह तै अपणे नाम कै खात्तर एक प्रजा
बणा ले। 15 नबियाँ लेख भी इस बात का समर्थन करै सै, जिसा के पवित्र
ग्रन्थ म्ह लिख्या सै 16 "इसकै पाच्छै मै फेर आकै दाऊद का पड्या होड़
डेरा उठाऊँगा, अर उसके खण्डरां नै दुबारा बणाऊँगा, अर उस ताहीं खड्या
करुँगा," 17 जिसके कारण बाकी की बची होड़ मानवजात्ति परमेसवर नै पा
सकै, अर वे सारी गैर यहूदी भी, जिनपै मेरै नाम की छाप लाग्गी सै, प्रभु नै
टोहवैं, 18 यो वोए प्रभु कहवै सै जो दुनिया की शरुआत तै इन बात्तां की
खबर देंदा आया सै। (aiōn g165) 19 "ज्यांतै मेरा विचार यो सै के हम उन गैर
यहूदियाँ खात्तर कोए मुसीबत पैदा ना करा, जो परमेसवर कै कान्ही फिरै सै,

हम उन ताहीं दुख ना देवां, 20 पर आच्छा तो यो होगा के हम उन ताहीं यो
हुकम लिख भेज्जा, के वे मूर्तियाँ नै चढ़ाण आळी चिज्जां अर जारी अर गळा
घोट्टे होया के माँस तै अर लहू तै दूर रहवै। 21 क्यूँके गुजरे बखत तै नगर-
नगर मूसा नबी के नियम-कायदे का प्रचार करण आळे होन्दे चले आये
सै, अर वा हरेक आराम कै दिन आराधनालय म्ह पढ़ी जावै सै।" 22 फेर
सारी कलीसिया सुधा प्रेरितां अर कलीसिया के अगुवां नै आच्छा लाग्या के
अपणे म्ह तै कुछ माणसां नै चुणै, यानिके यहूदा जो बरसब्बा कुह्वावै सै, अर
सीलास ताहीं जो भाईयाँ म्ह मुखिया थे, अर उन ताहीं पौलुस अर बरनबास
कै गेल्या अन्ताकिया नगर खन्दावै। 23 उननै उनकै हाथ या चिट्ठी लिख भेजी
"अन्ताकिया नगर, सीरिया अर किलिकिया परदेस के रहण आळे भाईयाँ
नै जो गैर यहूदियाँ म्ह तै सै, प्रेरितां अर कलीसिया के अगुवें भाईयाँ का
नमस्कार। 24 हमनै सुण्या सै के म्हारै म्ह तै कुछां नै ओड़ै जाकै, थारे ताहीं
अपणी बात्तां तै डरा दिया, अर थारे मन उल्ट दिये सै पर हमनै उन ताहीं
हुकम कोनी दिया था। 25 इस करकै हमनै एक चित्त होकै ठीक जाण्या के
छाँटे होड़ माणसां ताहीं अपणे प्यारे बरनबास अर पौलुस कै गेल्या थारे धोरै
भेज्जा। 26 ये इसे माणस सै जिन नै अपणी ज्यांन म्हारै प्रभु यीशु मसीह कै
नाम कै खात्तर जोख्खम म्ह गेरी सै। 27 ज्यांतै हमनै यहूदा अर सीलास ताहीं
भेज्या सै, के थम खुद उनकै ए मुँह तै इस बारें म्ह सुण सको। 28 पवित्र
आत्मा नै अर हमनै ठीक जाण पाट्टी के इन जरूरी बात्तां नै छोड़, थारे पै और
बोझ ना गेरै, 29 के थम मूर्तियाँ पै बलि करे होया तै अर लहू तै, अर गळा
घोट्टे होए पशुआं के माँस तै, अर जारी तै दूर रहो। इनतै दूर रहो तो थारा भला
होगा। बाकी सब ठीक-ठाक सै।" 30 फेर वे बिदा होकै अन्ताकिया नगर
पोहचे, अर सभा नै कठ्ठी करकै वा चिट्ठी उन ताहीं दे दी। 31 वे चिट्ठी पढ़कै
उस उपदेश की बात तै घणे राज्जी होए। 32 यहूदा अर सीलास नै जो आप
भी नबी थे, घणी बात्तां तै बिश्वासी भाईयाँ ताहीं उपदेश देकै पक्का करया।
33 वे कुछे दिन रहकै, बिश्वासी भाईयाँ तै शान्ति कै गेल्या बिदा होए के
अपणे खन्दाण आळा कै धोरै जावै। 34 (पर सीलास नै ओड़ै रहणा आच्छा
लाग्या।) 35 पर पौलुस अर बरनबास अन्ताकिया नगर म्ह रह गये अर
और घणखरे आदमियाँ कै गेल्या प्रभु यीशु कै वचन का उपदेश करदे अर

सुसमाचार सुणान्दे रहे। 36 कुछे दिनां पाच्छै पौलुस नै बरनबास तै कह्या,
“जिन-जिन नगरां म्ह हमनै प्रभु का वचन सुणाया था, आओ, फेर उन म्ह
चालकै अपणे बिश्वासी भाईयाँ ताहीं देक्खै के वे किस तरियां सै।” 37
फेर बरनबास नै यूहन्ना ताहीं जो मरकुस कुह्वावै सै, गेल्या लेण का विचार
करया। 38 पर पौलुस नै उस ताहीं जो पंफूलिया परदेस म्ह उनतै न्यारा
होग्या था, अर काम पै उनकै गेल्या कोनी गया, गेल्या ले जाणा ठीक कोनी
समझया। 39 आखर म्ह इसा वाद-विवाद होया के वे एक-दुसरे तै न्यारे
पाटगे, अर बरनबास, मरकुस नै लेकै जहाज पै साइप्रस टापू चल्या गया। 40
पर पौलुस नै सीलास ताहीं छाँट लिया, अर बिश्वासी भाईयाँ तै परमेसवर कै
अनुग्रह म्ह सौंप्या जाकै ओड़ै तै चल्या गया, 41 अर वो कलीसियाओं ताहीं
स्थिर करदा होया सीरिया अर किलिकिया परदेस तै होन्दे होए लिकड़्या।

**16** फेर वो दिरबे अर लुस्त्रा नगर म्ह भी गया। ओड़ै तीमुथियुस नाम का
एक चेल्ला था, उसकी माँ एक यहूदी बिश्वासी थी, पर उसका बाप यूनानी
था। 2 वो लुस्त्रा अर इकुनियुम नगर के भाईयाँ म्ह उसका आच्छा नाम था।
3 पौलुस की मर्जी या थी के वो उसके गेल्या जावै, अर जो यहूदी माणस उन
जगहां म्ह थे उनकै कारण उननै उनका खतना करया, क्यूँके वे सारे जाणै थे,
के उनका बाप यूनानी था। 4 पौलुस अर उसका साथी नगर-नगर जान्दे होड़
चेल्यां ताहीं वे सारे हुकम सौपते जावै थे, जो यरुशलेम नगर के प्रेरितां अर
कलीसिया के अगुवां नै तय करी थी। 5 इस तरियां कलीसिया बिश्वास
म्ह पक्की होंदी गई अर गिणती दिन-ब-दिन बधती गई। 6 वे फ्रुगिया अर
गलातिया परदेसां म्ह तै होकै गये, क्यूँके पवित्र आत्मा नै उननै आसिया
परदेस म्ह वचन सुणाण तै मना करया। 7 उननै मूसिया परदेस कै लोवै
पोहचकै, बिथुनिया परदेस म्ह जाणा चाह्या, पर पवित्र आत्मा नै उन ताहीं
जाण कोनी दिया। 8 आखर म्ह वे मूसिया परदेस तै होकै त्रोआस म्ह आये।
9 ओड़ै पौलुस नै रात नै दर्शन देख्या के एक मकिदुनिया परदेस का माणस
खड्या होया उनतै बिनती करकै कहण लागरया सै, “पार उतरकै मकिदुनिया
परदेस म्ह आ, अर म्हारी मदद कर।” 10 उसकै यो दर्शन देखदे हमनै जिब्बे
मकिदुनिया परदेस जाणा चाह्या, न्यू सोचकै के परमेसवर नै म्हारै ताहीं उनतै
सुसमाचार सुणाण कै खात्तर बुलाया सै। 11 इस करकै त्रोआस नगर तै

जहाज खोल कै हम सीध्धे सुमात्राके टापू अर दुसरे दिन नियापुलिस नगर म्ह
आये। 12 ओड़ै तै हम फिलिप्पी नगर पोहचे, जो मकिदुनिया परदेस का
खास नगर अर रोमियों का मोहल्ला सै, अर हम उस नगर कुछे दिन रहे। 13
आराम कै दिन हम नगर कै फाटक कै बाहरणै नदी कै किनारे न्यू सोचकै गये
के ओड़ै प्रार्थना करण की जगहां होगी, अर बैठकै उन लुगाईयाँ तै जो कठ्ठी
होई थी, बतळाण लाग्गे। 14 थुआतीरा नगर की बैंजनी लत्ते बेचण आळी
एक लुदिया नाम की परमेसवर की भगतणी उनकी बात सुणण लागरी थी।
प्रभु नै उसका मन खोल्या ताके वा पौलुस की बात्तां पै मन लगावै। 15 जिब
उसनै अपणे कुण्बे सुधा बपतिस्मा लिया, तो उसनै म्हारै तै बिनती करी, "जै
थम मन्नै प्रभु की बिश्वासिणी समझो सो, तो चालकै मेरै घर म्ह रहो," अर वा
हमनै मनाकै ले गई। 16 जिब हम प्रार्थना करण की जगहां पै जाण लागरे थे,
तो हमनै एक कम उम्र की दास्सी मिली जिसम्ह भविष्य बताण आळी आत्मा
थी, अर वा भविष्य बताकै अपणे मालिकां कै खात्तर घणाए कमा लेवै थी।
17 वा पौलुस कै अर म्हारै पाच्छै आकै नै किल्की मारण लाग्गी, "ये माणस
परमप्रधान परमेसवर के दास सै, जो म्हारै ताहीं उद्धार के राह की कथा
सुणावै सै।" 18 वा घणे दिनां ताहीं न्यूए कर दी रही, पर पौलुस परेशान
होग्या, अर बोहड़कै उस ओपरी आत्मा तै बोल्या, "मै तन्नै यीशु मसीह कै
नाम तै हुकम दियुँ सूं के उस म्ह तै बाहरणै लिकड़ जा।" अर वा उस्से बखत
लिकड़गी। 19 जिब उसके मालिकां नै देख्या के म्हारी कमाई की आस खतम
होग्यी, तो पौलुस अर सीलास नै पकड़कै चौक म्ह प्रधानां कै धोरै खींच
ल्याए, 20 अर उन ताहीं न्यायाधीश कै धोरै ल्याए अर बोल्ले, "ये माणस जो
यहूदी सै, म्हारे नगर म्ह दंगा मचाण लागरे सै, 21 अर इसे रीति-रिवाज
बतावै सै, जिन ताहीं हम रोमियाँ कै खात्तर अपणाना सही कोनी।" 22 फेर
भीड़ के माणस उनकै बिरोध म्ह कठ्ठे होकै उनपै चढ़ याए, अर हाकिमां नै
उनके लत्ते पाड़कै उतार दिये, अर उनकै बैत मारण का हुकम दिया। 23
घणी बैत मारे पाच्छै उननै उन ताहीं जेळ म्ह गेर दिया अर दरोग्गा ताहीं
हुकम दिया के उननै चौक्कस राखिये। 24 उसनै इसा हुकम पाकै उन ताहीं
भित्तरली कोठड़ी म्ह राख्या अर उनके पाँ काठ की बेड़ियाँ तै जकड़ दिये।
25 आध्धी रात कै बखत पौलुस अर सीलास प्रार्थना करदे होए परमेसवर

के भजन गाण लागरे थे, अर कैदी उनकी सुणण लागरे थे। 26 इतनै म्ह
चाणचक बड्ड़ा हाल्लण आ ग्या, उरै ताहीं के जेळ की नीम भी हालगी, अर
जिब्बे सारे दरबाजे खुलगे, अर सारया के बन्धन खुलकै पड़गे। 27 दरोग्गा
जागग्या, अर जेळ के दरबाजे खुल्ले देखकै समझ गया के कैदी भाजगे सै,
इस करकै उसनै तलवार खिंचकै खुद ताहीं मारणा चाह्या। 28 पर पौलुस नै
ठाड्डू आवाज म्ह रुक्का मारया, "अपणे-आपनै किमे नुकसान ना पोहोचाइये,
क्यूँके हम सारे उरैए सां।" 29 फेर दरोग्गा दिवां मँगाकै भित्तर आया, अर
काम्बदा होया पौलुस अर सीलास कै आग्गै पड्या, 30 अर उन ताहीं बाहरणै
ल्याकै बोल्या, "हे भले माणसों, उद्धार पाण कै खात्तर मै के करुँ?" 31
उननै कह्या, "प्रभु यीशु मसीह पै बिश्वास कर, तो तू अर तेरा कुण्बा उद्धार
पावैगा।" 32 अर उननै उस ताहीं अर उसके सारे घर के माणसां ताहीं प्रभु
का वचन सुणाया। 33 रात नै उस्से बखत उसनै उन ताहीं ले जाकै उनके
घाव धोये, अर उसनै अपणे सारे माणसां सुधा जिब्बे बपतिस्मा लिया। 34
फेर दरोग्गै नै उन ताहीं अपणे घरां ले जाकै उनकै आग्गै खाणा धरया, अर
साब्ते कुण्बे सुधा परमेसवर पै बिश्वास करकै आनन्द करया। 35 आगले दिन
फेर हाकिमां नै सिपाहियाँ के हाथ्थां कहवां भेज्या के उन माणसां नै छोड़
द्यो। 36 दरोग्गै नै ये बात पौलुस तै कही, "हाकिमां नै थारे ताहीं छोड़ देण का
हुकम दिया सै। ज्यांतै इब खुश होकै जाओ।" 37 पर पौलुस नै उनतै कह्या,
"उननै म्हारै ताहीं जो रोमी माणस सै, कसूरवार ठहराए बिना माणसां कै
स्याम्ही मारया अर जेळ म्ह गेरया। इब के हमनै बोल-बाल्ले लिकाड़ण लागरे
सै? इसा कोनी, पर वे खुद आकै हमनै बाहरणै लिकाड़ै।" 38 सिपाहियाँ नै
ये बात हाकिमां तै कही, अर वे न्यू सुणकै के वे रोम के बासिन्दे सै, डरगे, 39
अर आकै उन ताहीं मनाया, अर बाहरणै ले जाकै बिनती करी के नगर चले
जाओ। 40 वे जेळ तै लिकड़कै लुदिया कै उरै गये, अर बिश्वासी भाईयाँ तै
भेंट करकै उन ताहीं शान्ति देई, अर चले गये।

**17** पौलुस अर सीलास अम्फिपुलिस अर अपुल्लोनिया नगरां तै होकै
थिस्सलुनीके नगर म्ह आये, जित्त यहूदियाँ का एक आराधनालय था। 2
पौलुस अपणी रीत कै मुताबिक उनकै धोरै गया, अर तीन्नु आराम कै दिनां
म्ह पवित्र ग्रन्थ म्ह तै उनकै गेल्या बहस करी, 3 अर वो उनका मतलब

खोल-खोल कै समझावै था के मसीह नै दुख ठाणा, अर मरे होया म्ह तै
जिन्दा उठणा, जरूरी था, अर "योए यीशु जिसकी मै थमनै कथा सुणाऊँ
सूं, मसीह सै।" 4 कितने यहूदी अर परमेसवर के भगत यूनानियाँ म्ह तै
घणखरयां नै, अर घणी आच्छे खानदान की लुगाईयाँ नै मान लिया, अर
पौलुस अर सीलास कै गेल्या मिलगे। 5 पर यहूदियाँ नै जळण तै भरकै
बाजारू माणसां म्ह तै कुछ दुष्ट माणसां ताहीं अपणे गेल्या लिया, अर भीड़
कठ्ठी करकै नगर म्ह दंगा मचाण लाग्गे, अर यासोन कै घर पै चढ़ाई करकै
उन ताहीं आदमियाँ कै स्याम्ही ल्याणा चाह्या। 6 उननै जिब वे ओड़ै न्ही मिले
तो वे किल्की मारदे होए यासोन अर कुछ बिश्वासी भाईयाँ ताहीं नगर के
हाकिमां कै स्याम्ही खींच ल्याए, "ये माणस जिन नै दुनिया ताहीं उल्टा-
पुल्टा कर दिया सै, उरै भी आ लिए सै। 7 यासोन नै उन ताहीं अपणे घरां
रहण की इजाजत दी सै। ये सारे के सारे न्यू कहवै सै के यीशु राजा सै, अर
कैसर के हुकमां का बिरोध करै सै।" 8 उननै आदमियाँ ताहीं अर नगर
के हाकिमां ताहीं न्यू सुणाकै डरा दिया। 9 ज्यांतै उननै यासोन अर बाकी
माणसां तै जमानत पै उन ताहीं छोड़ दिया। 10 बिश्वासी भाईयाँ नै जिब्बे
राते-रात पौलुस अर सीलास ताहीं बिरीया नगर भेज दिया, अर वे ओड़ै
पोहचकै यहूदियाँ के आराधनालय म्ह गये। 11 ये माणस तो थिस्सलुनीके
नगर के यहूदियाँ तै आच्छे थे, अर उननै घणे चाह् तै वचन अपणाया, अर हर-
रोज पवित्र ग्रन्थां म्ह टोह्न्दे रहे के ये बात न्यू सै के न्ही। 12 ज्यांतै उन
म्ह तै घणखरयां नै, अर यूनानी आच्छे खानदान की बिरबानियाँ म्ह तै अर
माणसां म्ह तै भी घणखरयां नै बिश्वास करया। 13 पर जिब थिस्सलुनीके
नगर के यहूदी जाणगे के पौलुस बिरीया नगर म्ह भी परमेसवर का वचन
सुणावै सै, तो ओड़ै भी माणसां ताहीं उकसाण अर गड़बड़ मचाण लाग्गे।
14 फेर बिश्वासी भाईयाँ नै जिब्बे पौलुस ताहीं बिदा करया के समुन्दर कै
किनारे चल्या जावै, पर सीलास अर तीमुथियुस बिरीया रहगे। 15 पौलुस के
मददगार उस ताहीं एथेंस नगर तक लेगे, अर सीलास अर तीमुथियुस कै
खात्तर या आज्ञा पाकै बिदा होए के उसकै धोरै घणी तगाजै तै आवै। 16 जिब
पौलुस एथेंस नगर म्ह उसकी बाट देक्खै था, तो नगर नै मूर्तियाँ तै भरया होड़
देखकै भोत परेशान होग्या। 17 इस करकै वो आराधनालय म्ह यहूदियाँ तै

अर भगतां तै, अर चौक म्ह जो माणस उसतै फेटै थे उनतै हरेक दिन बहस
करया करै था। 18 फेर इपिकूरी अर स्तोईकी उपदेशकां म्ह तै कुछे उसतै
तर्क करण लाग्गे, अर कुछां नै कह्या, "यो बकवादी के कहणा चाहवै सै?"
पर दुसरयां नै कह्या, "वो दुसरे देवत्यां का प्रचारक दिक्खै सै" क्यूँके वो यीशु
का अर पुनरुत्थान का सुसमाचार सुणावै था। 19 फेर वे उसनै अपणे गेल्या
अरियुपगुस नामक आराधनालय म्ह लेगे अर बुझ्झया, "के हम जाण सकां
सां के यो नया पंथ जो तू सुणावै सै, के सै? 20 क्यूँके तू अनोक्खी बात
म्हारै ताहीं सुणावै सै, ज्यांतै हम जाणणा चाहवां सां के इनका के मतलब
सै।" 21 (ज्यांतै के सारे एथेंसवासी अर परदेशी जो ओड़ै रहवै थे, नयी-नयी
बात कहण अर सुणण कै सिवाए और किसे काम म्ह बखत कोनी बितावैं
थे।) 22 फेर पौलुस नै अरियुपगुस कै बिचाळै खड़े होकै कह्या, "हे एथेंस के
माणसों, मै देक्खूँ सूं के थम हर बात म्ह देवत्यां के घणे मानण आळे सो।
23 क्यूँके मै हांडदे होए जिब थारी पूज्जण की चिज्जां नै देखण लागरया
था, तो एक इसी वेदी भी मिली, जिसपै लिख्या था, 'अनजाणे ईश्वर कै
खात्तर।' इस करकै जिसनै थम बिना बेरे पूज्जो सो, मै थमनै उस्से परमेसवर
का सुसमाचार सुणाऊँ सूं।" 24 जिस परमेसवर नै धरती अर उसकी सारी
चिज्जां ताहीं बणाया, वो सुर्ग अर धरती का माल्लिक होकै, हाथ के बणाए
होड़ मन्दरां म्ह कोनी रहन्दा, 25 उसनै माणसां की जरूरत कोनी, क्यूँके वो
तो खुदे सारया ताहीं जिन्दगी अर साँस अर सारा किमे देवै सै। 26 उसनै एक
ए मूल तै माणसां की सारी जात सारी धरती पै रहण कै खात्तर बणाई सै, अर
उनकै ठहराए होड़ बखत अर रहण या निवास की हदां ताहीं ज्यांतै बाँधया सै,
27 के वे परमेसवर नै टोहवै, कदाचित उस ताहीं टटोळकै पावै, फेरभी वो
म्हारै म्ह तै किसे तै दूर कोनी। 28 क्यूँके उस्से म्ह म्हारा जीवन, चलणा-
फिरणा अर म्हारी पहचान बणै सै, जिस ढाळ थारे कितने कवियाँ नै भी
कह्या सै, "हम तो उस्से के वंशज सां।" 29 "इस करकै म्ह परमेसवर का
वंश होकै म्हारा यो समझणा सही कोनी के ईश्वरत्व सोन्ने-चाँदी, पत्थर के
जिसा सै, जो माणसां की कारीगरी अर कल्पना तै गढ़े गये हों। 30 ज्यांतै
परमेसवर नै अज्ञानता के बखत पै खियास कोनी करी, पर इब हरेक जगहां
सारे माणसां ताहीं पाप छोड़ण का हुकम देवै सै। 31 क्यूँके उसनै एक दिन

तय करया सै, जिसम्ह वो धार्मिकता म्ह खुद के जरिये ठहराया गये उस
माणस के जरिये दुनिया का न्याय करैगा, जिन ताहीं उसनै मरे होया म्ह तै
दुबारा जिन्दा करकै या बात सारे माणसां के स्याम्ही साबित कर दी सै।" **32**
मरे होया के पुनरुत्थान की बात सुणकै कुछ तो मखौल करण लाग्गे, अर
कुछां नै कह्या, "या बात हम तेरे तै फेर कदे सुणांगें।" **33** इसपै पौलुस उनकै
बिचाळै तै लिकड़ग्या। **34** पर कई माणस प्रभु यीशु कै गेल्या मिलगे, अर
बिश्वास करया, जिन म्ह दियुनुसियुस जो अरियुपगुस का सदस्य था, अर
दमरिस नामकी एक लुगाई थी, अर उनकै गेल्या कुछ और भी माणस थे।

**18** इसकै पाच्छै पौलुस एथेंस नगर नै छोड़कै कुरिन्थुस नगर म्ह आया। **2**
ओड़ै उसनै अक्विला नामक एक यहूदी मिल्या, जिसका जन्म पुन्तुस परदेस
म्ह होया था। वो अपणी घरआळी प्रिसकिल्ला कै गेल्या इटली देश तै इब्बे
आया था, क्यूँके सम्राट क्लौदियुस नै सारे यहूदियाँ ताहीं रोम तै लिकड़
जाण का हुकम दिया था। ज्यांतै वो उनकै उरै गया। **3** पौलुस अर अक्विला
का एक ए काम-धन्धा था, इस करकै वो उनकै गेल्या रहया अर वे काम
करण लाग्गे, अर उनका काम-धन्धा तम्बू बणाण का था। **4** पौलुस हरेक
आराम कै दिन आराधनालय म्ह बहस करकै यहूदियाँ अर यूनानियाँ ताहीं
भी समझावै था, के यीशु ए मसीह सै। **5** जिब सीलास अर तीमुथियुस
मकिदुनिया परदेस तै आये, तो पौलुस वचन सुणाण की धुन म्ह यहूदियाँ
ताहीं गवाही देण लाग्या के यीशु ए मसीह सै। **6** पर जिब यहूदी बिरोध अर
बुराई करण लाग्गे, तो उसनै अपणे लत्यां तै धूळ झाड़कै उनतै कह्या, "इब
जै परमेसवर थमनै इस पाप की सजा देवै तो उसकी मौत के जिम्मेदार थम
खुदे हो! मै बेकसूर सूं। इब तै मै गैर यहूदियाँ कै धोरै जाऊँगा।" **7** पौलुस
यहूदी आराधनालय तै लिकड़कै वो तीतुस यूस्तुस नामक परमेसवर के एक
भगत कै घरां आया, जिसका घर आराधनालय तै लाग्या होड़ था। **8** फेर
आराधनालय के सरदार क्रिस्पुस नै अपणे सारे कुण्बे सुधा प्रभु पै बिश्वास
करया, अर घणखरे कुरिन्थवासी सुणकै बिश्वास लाये, अर बपतिस्मा लिया।
**9** प्रभु नै एक रात दर्शन कै जरिये पौलुस तै कह्या, "मतना डरै, बल्के कहे जा
अर बोल-बाल्ला मतना रहवै, **10** क्यूँके मै तेरे गैल सूं, अर कोए तेरे पै चढ़ाई
करकै तेरा नुकसान कोनी करैगा, क्यूँके इस नगर म्ह मेरे घणे माणस सै।"

11 ज्यांतै पौलुस उन म्ह परमेसवर का वचन सिखान्दे होए डेढ़ साल ताहीं
रहया। 12 जिब गल्लियो अखाया परदेस का राज्यपाल था, तो यहूदी माणस
एक्का करकै पौलुस पै चढ़ आये, अर उस ताहीं न्याय गद्दी कै स्याम्ही ल्याकै
कहण लाग्गे, 13 "यो माणसां नै समझावै सै, के परमेसवर की आराधना इस
ढाळ तै करो, जो नियम-कायदे कै उल्ट सै।" 14 जिब पौलुस बोल्लण पैए
था, तो गल्लियो नै यहूदियाँ ताहीं कह्या, "हे यहूदियों, जै या किमे अन्याय या
दुष्टता की बात होन्दी, तो सही था के मै थारी सुणदा। 15 पर जै या बहस
शब्दां, अर नाम्मां, अर थारे उरै के नियम-कायदे कै बारै म्ह सै, तो थमे
जाणो, क्यूँके मै इन बात्तां का न्यायाधीश कोनी बणणा चाहन्दा।" 16 अर
उसनै उन ताहीं न्याय गद्दी कै स्याम्ही तै लिकाड़ दिया। 17 जद सारे माणसां
नै आराधनालय के सरदार सोस्थिनेस ताहीं पकड़कै न्याय गद्दी कै स्याम्ही
मारया। पर गल्लियो नै इन बात्तां की भी किमे चिन्ता कोनी करी। 18 पौलुस
घणे दिन ताहीं कुरिन्थुस नगर रहया। फेर बिश्वासी भाईयाँ तै बिदा होकै
किंख्रिया बन्दरगाह म्ह ज्यांतै सिर मुण्डाया, क्यूँके उसनै मन्नत मान्नी थी,
अर जहाज पै सीरिया परदेस नै चल्या गया अर उसकै गेल्या प्रिसकिल्ला अर
अक्विला थे। 19 उसनै इफिसुस नगर पोहचकै उन ताहीं ओड़ै छोड्या, अर
खुद आराधनालय म्ह जाकै यहूदियाँ तै बहस करण लाग्या। 20 जिब माणसां
नै उसतै बिनती करी, "म्हारै गेल्या कुछ और दिन रह।" तो उसनै कोनी
मान्नी, 21 पर न्यू कहकै उसतै बिदा होया, "जै परमेसवर नै चाह्या तो मै थारे
धोरै फेर आऊँगा।" फेर वो इफिसुस नगर तै जहाज खोल कै चाल दिया, 22
अर कैसरिया नगर म्ह उतरकै (यरुशलेम नगर नै) गया अर कलीसिया ताहीं
नमस्कार करकै अन्ताकिया नगर म्ह आया। 23 फेर किमे दिन रहकै वो ओड़ै
तै लिकड़या, अर एक और तै गलातिया अर फ्रुगिया परदेसां म्ह सारे चेल्यां
ताहीं स्थिर करदा हांडया। 24 अपुल्लोस नामक एक यहूदी, जिसका जन्म
सिकन्दरिया नगर म्ह होया था, जो ज्ञान्नी माणस था अर पवित्र ग्रन्थ ताहीं
आच्छी तरियां तै जाणै था, इफिसुस नगर म्ह आया। 25 उसनै प्रभु कै राह
की शिक्षा पाई थी, अर मन लाकै यीशु कै बारै म्ह सही-सही सुणावै अर
सिखावै था, पर वो सिर्फ यूहन्ना कै बपतिस्मा की बात जाणै था। 26 वो
आराधनालय म्ह बिना डरे बोल्लण लाग्या, पर प्रिसकिल्ला अर अक्विला

उसकी बात सुणकै उस ताहीं अपणे उरै लेगे अर परमेसवर की राह उस ताहीं
और भी सही-सही बताई। 27 जिब उसनै फैसला करया के पार उतरकै
अखाया परदेस म्ह जावै तो बिश्वासी भाईयाँ नै उस ताहीं धीरज बन्धाकै
चेल्यां ताहीं लिख्या के वे उसतै आच्छी ढाळ फेटै, अर उसनै ओड़ै पोहचकै
उन माणसां की घणी मदद करी जिन नै अनुग्रह कै कारण बिश्वास करया
था। 28 क्यूँके वो पवित्र ग्रन्थ तै सबूत दे-देकै के यीशु ए मसीह सै, घणे
तावळेपण तै यहूदियाँ ताहीं सारया कै स्याम्ही निरुतर (बोलती बन्द) करदा
रहया।

**19** जिब अपुल्लोस कुरिन्थुस नगर म्ह था, तो पौलुस उप्पर के सारे परदेस
तै होकै इफिसुस नगर म्ह आया। ओड़ै कई चेल्यां ताहीं मिल्या। 2 उनतै
बोल्या, "के थमनै बिश्वास करदे बखत पवित्र आत्मा पाया था?" उननै उसतै
कह्या, "हमनै तो पवित्र आत्मा का जिक्र भी कोनी सुण्या।" 3 पौलुस नै
उनतै कह्या, "तो फेर थमनै किसका बपतिस्मा लिया?" वे बोल्ले, "यूहन्ना
का बपतिस्मा।" 4 पौलुस बोल्या, "यूहन्ना नै न्यू कह्या, के पाप करणा छोड़
दो, अर बपतिस्मा ल्यो, परमेसवर थारे पाप माफ कर देगा, अर जो मेरै पाच्छै
आण आळा सै, उसपै बिश्वास करियो, यानिके यीशु पै।" 5 न्यू सुणकै
उननै प्रभु यीशु कै नाम म्ह बपतिस्मा लिया। 6 जिब पौलुस नै उनपै हाथ
धरे, तो पवित्र आत्मा उनपै उतरया, अर वे अन्य-अन्य भाषा बोल्लण अर
भविष्यवाणी करण लाग्गे। 7 ये सारे करीबन बारहा माणस थे। 8 पौलुस
आराधनालय म्ह जाकै तीन महिन्ने ताहीं बिना डरे होकै बोल्दा रहया, अर
परमेसवर के राज्य कै बारै म्ह बहस करदा अर समझान्दा रहया। 9 पर
जो माणसां कठोर थे उननै उसका बिश्वास कोनी करया, बल्के माणसां कै
स्याम्ही इस पंथ नै बुरा कहण लाग्गे, तो उसनै उन ताहीं छोड़ दिया अर
चेल्यां ताहीं साथ लेकै तुरन्नुस की पाठशाला म्ह गये, जित्त वे रोज भीड़ तै
परमेसवर के बारें म्ह बहस करया करै थे। 10 दो साल ताहीं न्यूए होन्दा
रहया, उरै ताहीं के आसिया परदेस के रहणीये के यहूदी के यूनानी सारया नै
प्रभु का वचन सुण लिया। 11 परमेसवर नै पौलुस ताहीं अदभुत चमत्कार
करण की सामर्थ दी। 12 उरै ताहीं के रूमाल अर अन्गोंछे उसकै गात तै छुआ
कै बिमारां पै गेरै थे, अर उनकी बीमारी जान्दी रहवैं थी, अर भुंडी ओपरी

आत्मा उन म्ह तै लिकड़ जाया करै थी। 13 पर कुछ यहूदी लोग जो झाड़ा-
फूँक करदे हान्डै थे, न्यू करण लाग्गे के जिन म्ह भुंडी ओपरी आत्मा हो उनपै
प्रभु यीशु का नाम न्यू कहकै फूँके, "जिस यीशु का प्रचार पौलुस करै सै, मै
थारे ताहीं उस्से आदमी की कसम दियुँ सूं।" 14 अर स्क्किवा नाम का एक
यहूदी प्रधान याजक के सात बेट्टे थे, जो इस्से तरियां ए करै थे। 15 पर
भुंडी ओपरी आत्मा नै उन ताहीं जवाब दिया, "यीशु ताहीं मै जांणु सूं, अर
पौलुस ताहीं भी पिच्छाणु सूं, पर थम कौण सो?" 16 अर उस माणस नै
जिसम्ह भुंडी ओपरी आत्मा थी उनपै लपककै अर उन ताहीं बस म्ह करकै,
उनपै इसा दुर्गति मचाया के वे उघाड़े अर घायल होकै उस घर तै लिकड़
भाज्जे। 17 या बात इफिसुस नगर के रहण आळे सारे यहूदी अर यूनानी भी
जाणगे, अर वे सारे डरगे, अर प्रभु यीशु कै नाम की बड़ाई होई। 18 जिन
नै बिश्वास करया था, उन म्ह तै घणखरयां नै आकै अपणे-अपणे काम्मां
ताहीं मान लिया अर दिखा दिया। 19 जादू करण आळा म्ह तै घणाए नै
अपणी-अपणी सारी पोथी कठ्ठी करकै सारया कै स्याम्ही जळा दी, अर
जिब उसका दाम जोड़या गया, तो पचास हजार चाँदी के सिक्के कै बराबर
लिकड़या। 20 इस तरियां प्रभु का वचन सामर्थी तरिक्के तै फैलदा अर हावी
होंदा गया। 21 जिब ये बात हो ली तो पौलुस नै आत्मा म्ह ठाण लिया के
मकिदुनिया अर अखाया परदेस तै होकै यरुशलेम नगर जाऊँ, अर बोल्या,
"यरुशलेम जाणकै बाद मन्नै रोम ताहीं भी देखणा जरूरी सै।" 22 इस करकै
अपणी सेवा करणीया म्ह तै तीमुथियुस अर इरास्तुस ताहीं मकिदुनिया
परदेस भेजकै खुद किमे दिन आसिया परदेस म्ह रहग्या। 23 उस बखत उस
पन्थ कै बारै म्ह घणा दंगा माच्या। 24 क्यूँके देमेत्रियुस नाम का एक सुनार
अरतिमिस के चाँदी के मन्दर बणवाकै कारिगरां ताहीं घणा काम दुवाया करै
था। 25 उसनै उन ताहीं अर इस्से तरियां की चिज्जां के कारिगरां ताहीं कठ्ठा
करकै कह्या, "हे भाईयो, थमनै बेरा सै के इस काम तै हमनै कितना धन मिलै
सै। 26 थम देक्खो अर सुणो सो के सिर्फ इफिसुस नगर म्ह ए कोनी, बल्के
कई बर सारे आसिया परदेस म्ह न्यू कह-कहकै इस पौलुस नै घणे माणसां
ताहीं समझाया अर भकाया भी सै, के जो हाथ की कारीगरी सै, वे ईश्वर
कोनी। 27 इसतै इब सिर्फ इस्से बात का ए भय न्ही सै के म्हारै इस धन्धे की

इज्जत-मान जान्दी रहवैगी, बल्के न्यू भी के महान् देवी अरतिमिस का मन्दर
तुच्छ समझया जावैगा, अर जिस ताहीं सारा आसिया परदेस अर दुनिया
पूज्जै सै उसका महत्व भी जान्दा रहवैगा।" 28 कारीगर न्यू सुणकै खुन्दक
तै भरगे अर किल्की मार-मारकै कहण लाग्गे, "इफिसियाँ की अरतिमिस
देवी, महान् सै!" 29 अर सारे नगर म्ह घणा दंगा माचग्या, अर माणसां नै
मकिदुनियावासी गयुस अर अरिस्तर्खुस ताहीं जो पौलुस के संगी मुसाफर थे,
पकड़ लिया, अर एक सेत्ती रंगशाला म्ह भाजगे। 30 जिब पौलुस नै माणसां
कै धोरै भीत्तर जाणा चाह्या तो चेल्यां नै उस ताहीं जाण न्ही दिया। 31
आसिया परदेस के हाकिमां म्ह तै भी उसके कई साथियाँ नै उसकै धोरै
कहवां भेज्या अर बिनती करी के रंगशाला म्ह जाकै जोख्खम ना ठाईयो। 32
भीड़ म्ह तै कोए कुछ चिल्लावै था अर कोए कुछ, सारी भीड़ पूरी तरियां
घबराई होई थी, अर घणखरे माणसां नै तो न्यूए कोनी बेरा था के वे क्यां
खात्तर कठ्ठे होए सै। 33 फेर उननै सिकन्दर ताहीं, जिस ताहीं यहूदियाँ नै
खड्या करया था, भीड़ म्ह आग्गै बढ़ाया। सिकन्दर हाथ तै इशारा करकै
माणसां कै स्याम्ही जवाब देणा चाहवै था। 34 पर जिब उननै बेरा लागग्या के
वो यहूदी सै, तो सारे के सारे एक बोल म्ह कोए दो घंटे ताहीं चिल्लान्दे
रहे, "इफिसियाँ की अरतिमिस देवी, महान् सै।" 35 फेर नगर के मन्त्री नै
माणसां ताहीं शान्त करकै कह्या, "हे इफिसुस नगर के माणसों, किसनै न्ही
बेरा के इफिसियाँ का नगर महान् अरतिमिस देवी के मन्दर, अर ज्यूस की
ओड़ तै गिरी होड़ मूर्ति का टहलुआ सै।" 36 आखर म्ह जिब के इन बात्तां का
खण्डन ए कोनी हो सकदा, तो सही सै के थम शान्त रहो अर बिना सोच्चे-
समझे किमे ना करो। 37 क्यूँके थम इन माणसां नै ल्याए सो जो ना मन्दर
के लुट्टण आळे सै अर ना म्हारी देवी के बुराई करणीये सै। 38 इस करकै
देमेत्रियुस अर उसके मित्तर-कारिगरां ताहीं किसे तै एतराज हो तो कच्हेड़ी
जा सकै सै अर हाकिम भी सै, वे एक-दुसरे पै दोष लावै। 39 पर जै थम
किसे और बात कै बारै म्ह किमे बुझणा चाहो सो, तो बखत पै सभा म्ह
फैसला करया जावैगा। 40 आज की इस घटना कै कारण म्हारै पै उपद्रव का
इल्जाम लाग्गण का खतरा सै, क्यूँके इसकै खात्तर कोए भी ठोस कारण

दिखाई कोनी देंदा, “हम इस भीड़ के कठ्ठा होण का कोए जवाब कोनी दे
सकांगें।” 41 न्यू कहकै उसनै सभा ताहीं बिदा करया।

20 जिब दंगा थम ग्या तो पौलुस नै चेल्यां ताहीं बुलाकै उत्साहित करया,
अर उनतै बिदा होकै मकिदुनिया परदेस की ओड़ चाल दिया। 2 उस सारे
परदेस म्ह तै होकै अर चेल्यां ताहीं घणा समझाकै वो यूनान देश म्ह आया।
3 जिब तीन महिन्ने रहकै वो ओड़ै तै जहाज पै सीरिया परदेस की ओड़ जाण
पै था, तो यहूदी अगुवें उसकी टाह म्ह लाग्गे, ज्यांतै उसनै निश्चय करया के
मकिदुनिया परदेस होकै बोहड़ जावै। 4 बिरीयावासी पुर्रुस का बेट्टा सोपत्रुस
अर थिस्सलुनीकियों नगर म्ह तै अरिस्तर्खुस अर सिकुन्दुस, अर दिरबे नगर
का गयुस, अर तीमुथियुस, अर आसिया परदेस का तुखिकुस अर त्रुफिमुस
आसिया परदेस ताहीं उसकै गैल हो लिये। 5 ये म्हारे मुसाफिर साथी म्हारे तै
पैहले चले गये। 6 अर हम अखमीरी रोट्टी के त्यौहार के दिनां कै पाच्छै
फिलिप्पी तै जहाज पै चढ़कै पाँच दिन म्ह त्रोआस म्ह उसकै धोरै पोहचे, अर
सात दिन ताहीं रहे। 7 हफ्तै के पैहल्ड़े दिन जिब हम प्रभुभोज कै खात्तर कठ्ठे
होए, तो पौलुस जो दुसरे दिन चले जाण पै था, उनतै बात करी, आध्धी रात
ताहीं बात करदा रहया। 8 जिस चौबारे पै हम कठ्ठे थे, उस म्ह घणे दीवे
जळण लागरे थे। 9 अर यूतुखुस नाम का एक जवान खिड़की पै बेठ्या होया
नींद की झपकियाँ लेण लागरया था। जिब पौलुस वारी ताहीं बात करदा
रहया तो यूतुखुस नींद कै झोक्के म्ह तीसरी अटारी पै तै पड़ग्या, अर उसकी
मौत होगी। 10 पौलुस नीच्चै गया, उसकै धोरै जाकै उसतै लिपटग्या, अर
गळे लाकै कह्या, “घबराओ ना, वो जीवै सै।” 11 अर उसनै दुबारा उप्पर
जाकै रोट्टी तोड़ी अर खाकै दिन लिकड़ण ताहीं उनतै बात करदा रहया, सबेरा
होग्या। फेर वो चल्या गया। 12 अर वे उस जवान ताहीं जिन्दा लियाए अर
माणस भोत खुश होए। 13 हम पाणी के जहाज पै सवार होकै अस्सुस नगर
की ओड़ बढ़े, जड़ै हमनै पौलुस ताहीं साथ लेकै आग्गै बढ़णा था, पर पौलुस
ओड़ै पैदल राह तै पोहोचा था, क्यूँके या उसकी पैहले तै बणाई तरकीब थी।
14 अस्सुस नगर उन ताहीं मिल्या तो हमनै उस ताहीं पाणी के जहाज म्ह
अपणे साथ लिया अर मितुलेने नगर म्ह जा पोहचे। 15 ओड़ै तै जहाज खोल
कै हम दुसरे दिन खियुस टापू कै स्याम्ही पोहचे, अर आगले दिन सामुस टापू

म्ह जाण लाग्गे, पर उसके आगले एक दिन कै बाद मीलेतुस बन्दरगाह म्ह
आये। 16 पौलुस नै इफिसुस नगर म्ह ना उतरकै आग्गै बढ़ जाण का इरादा
करया क्यूँके वो चाहवै था के आसिया परदेस म्ह ठैहरण की बजाए जै हो
सक्या तो तगाजै तै पिन्तेकुस्त कै त्यौहार के मौक्कै पै यरुशलेम नगर म्ह
पोहच जावै। 17 मीलेतुस नगर तै पौलुस नै इफिसुस नगर म्ह समाचार
भेजकै कलीसिया के अगुवां ताहीं बुलवाया। 18 जिब वे उसकै लोवै आये,
तो उनतै कह्या "थमनै बेरा सै के पैहल्ड़े ए दिन तै जिब मै आसिया परदेस म्ह
पोंहच्या, मै हर-बखत थारे गेल्या किस ढाळ रहया, 19 यानिके घणी दीनता
तै, अर आँसू बहा-बहाकै, अर उन मुसीबतां म्ह जो यहूदियाँ की साजिस कै
कारण मेरै पै आण पड़ी, मै प्रभु की सेवा करदा ए रहया। 20 अर जो-जो
बात थारे फायदे की थी, उन ताहीं बताण अर माणसां कै स्याम्ही अर घर-घर
सिखाण तै कदे न्ही झिझक्या, 21 बल्के यहूदियाँ अर यूनानियाँ कै स्याम्ही
गवाही देंदा रहया के परमेसवर की ओड़ मन फिराणा अर म्हारै प्रभु यीशु पै
बिश्वास करणा चाहिये।" 22 इब देक्खो, मै पवित्र आत्मा म्ह बन्धया होया
यरुशलेम नगर नै जाऊँ सूं, अर मन्नै न्ही बेरा के ओड़ै मेरै पै के-के बीतैगी।
23 सिर्फ यो के पवित्र आत्मा हरेक नगर म्ह गवाही दे-देकै मेरै तै कहवै सै के
बन्धन अर क्लेश तेरे खात्तर त्यार सै। 24 पर मै अपणी जान नै किमे न्ही
समझदा के उसतै प्यार राक्खूँ, बल्के यो के मै अपणी दौड़ ताहीं अर उस
सेवा नै पूरी करुँ, जो मन्नै परमेसवर कै अनुग्रह के सुसमाचार पै गवाही देण
कै खात्तर प्रभु यीशु तै पाई सै। 25 इब देक्खो, मन्नै बेरा सै के थम सारे जिन
म्ह मै परमेसवर के राज्य का प्रचार करया सै, मेरा मुँह दुबारा कोनी देक्खोगे।
26 ज्यांतै मै आज कै दिन थारे तै गवाही देकै कहूँ सूं, के मै किसे की भी मौत
का कसूरवार न्ही सूं। 27 क्यूँके मै परमेसवर की सारी इच्छा नै थारे ताहीं
बताण म्ह कदे कोनी हिचकिचाया। 28 इस करकै थम अपणा ध्यान राक्खो
अर उस टोळ का भी, जिसका रुखाळा थारे ताहीं पवित्र आत्मा ठहराया सै,
के थम परमेसवर की कलीसिया की रुखाळी करो, जिस ताहीं उसनै खुद
अपणे लहू तै मोल लिया सै। 29 मन्नै बेरा सै के मेरै जाणकै बाद पाड़ण
आळे भेड़िये थारे म्ह आवैगें जो टोळ नै कोनी छोड्डैगें। 30 थारे ए बिचाळै तै
भी इसे-इसे माणस उठैगें, जो चेल्यां ताहीं अपणे पाच्छै खींच लेण ताहीं

टेढ़ी-मेढ़ी बात कहवैगें। **31** इस करकै जागदे रहो, अर याद राक्खो के मन्नै
तीन साल्लां ताहीं रात-दिन आँसू बहा-बहाकै हरेक ताहीं चेतावनी देणा न्ही
छोड्या। **32** “अर इब मै थमनै परमेसवर अर उनके अनुग्रह के वचन की
देखभाळ म्ह सौपण लागरया सूं, जिस म्ह थारी बढ़ोतरी करण अर उन सब
के साथ मीरास देण की ताकत सै, जो प्रभु खात्तर न्यारे करे गये सै। **33** मन्नै
किसे के चाँदी, सोन्ने या लत्ते का लोभ कोनी करया। **34** थमनै खुदे बेरा सै
के इन्हे हात्थां नै मेरी अर मेरे साथियाँ की जरूरत पूरी करी सै। **35** मन्नै
थारे ताहीं सारया किमे करकै दिखाया के इस तरियां तै मेहनत करदे होए
कमजोरां ताहीं सम्भालणा अर प्रभु यीशु के वचन याद राखणा जरूरी सै, जो
उसनै खुदे कह्या सै: ‘लेण तै देणा धन्य सै।’” **36** न्यू कहकै उसनै गोड्डे टेक्के
अर उन सारया कै गेल्या प्रार्थना करी। **37** फेर वे सारे घणे रोये अर पौलुस
कै गळे लिपटकै उस ताहीं चुम्मण लाग्गे। **38** वे खासकर इस बात तै दुखी थे
जो उसनै कही थी के थम मेरा मुँह दुबारा कोनी देक्खोगे। इसके बाद वे
पौलुस के साथ पाणी के जहाज तक गये।

**21** जिब हमनै उनतै न्यारे होकै जहाज खोल्या, तो सीध्धी राही तै कोस
टापू म्ह आये, अर दुसरे दिन रुदुस टापू म्ह अर ओड़ै तै पतरा टापू म्ह। **2**
ओड़ै एक जहाज फीनीके परदेस नै जान्दा होया मिल्या, अर हमनै उसपै
चढ़कै अपणा सफर शरु करया। **3** हमनै ओळै हाथ कान्ही साइप्रस टापू
दिखया, तो हम उसनै छोड़कै सीरिया परदेस की ओड़ बढ़ते गये अर सूर
नगर म्ह जा पोहचे, क्यूँके ओड़ै जहाज तै समान उतारया जाणा था। **4** चेल्यां
नै पाकै हम ओड़ै सात दिन ताहीं रहे। उननै पवित्र आत्मा के सिखाए पौलुस
तै कह्या के ओड़ै (यरुशलेम नगर म्ह) पाँ ना धरिये। **5** सात दिन के बाद जिब
ओड़ै तै म्हारे जाण का बखत आया, तो वे पूरे परिवार कै साथ म्हारै ताहीं
बिदा करण खात्तर नगर की सीमा तक आये, अर समन्दर कै किनारे हमनै
घुटने टेककै प्रार्थना करी, **6** फेर एक-दुसरे तै बिदा होकै, हम तो जहाज पै
चढ़गे अर वे अपणे-अपणे घरां बोहड़गे। **7** जिब हम सूर नगर तै जहाज पै
सफर करकै पतुलिमयिस नगर म्ह पोहचे, अर बिश्वासी भाईयाँ नै नमस्कार
करकै उनकै गेल्या एक दिन रहे। **8** दुसरे दिन हम ओड़ै तै चालकै कैसरिया
नगर म्ह आये, अर फिलिप्पुस सुसमाचार प्रचारक कै घर म्ह जो उन सात

आदमियाँ म्ह तै एक था, जिन ताहीं प्रेरितां नै बिधवा जनानियाँ की सेवा
करण खात्तर यरुशलेम म्ह छाट्या था, हम उस्से कै घर म्ह ठहरे। 9 उसकी
चार कुँवारी बेट्टी थी, जो भविष्यवाणी करया करै थी। 10 जिब हम ओड़ै
घणे दिन ताहीं रह लिये, तो अगबुस नाम का एक नबी यहूदिया परदेस म्ह
आया। 11 उसनै म्हारै धोरै आकै पौलुस का कमरबन्द लिया, अर अपणे
हाथ-पाँ बाँधकै कह्या, "पवित्र आत्मा न्यू कहवै सै के जिस माणस का यो
कमरबन्द सै, उस ताहीं यरुशलेम नगर म्ह यहूदी इस्से तरियां तै बाँधैगें, अर
गैर यहूदियाँ कै हाथ्थां म्ह सौंपैगें।" 12 जिब हमनै ये बात सुणी, तो हमनै अर
ओड़ै के माणसां नै पौलुस तै बिनती करी के यरुशलेम नगर नै ना जाइए। 13
पर पौलुस नै जवाब दिया, "थम के करो सो के रो-रोकै मेरा मन तोड़ो सो? मै
तो प्रभु यीशु कै नाम कै खात्तर यरुशलेम नगर म्ह ना सिर्फ बाँधे जाण ए कै
खात्तर बल्के मरण कै खात्तर भी त्यार सूं।" 14 जिब उसनै न्ही मान्नी तो हम
न्यू कहकै बोल-बाल्ले रहगे, "प्रभु की मर्जी पूरी हो।" 15 कई दिनां पाच्छै
हमनै त्यारी करी अर यरुशलेम नगर नै चाल दिए। 16 कैसरिया नगर तै भी
कुछ चेल्लें म्हारै गेल्या हो लिए, अर म्हारै ताहीं ठैहराण खात्तर साइप्रसवासी
मनासोन के घर ले गये, वो सब तै पैहले के चेल्यां म्ह तै एक था। 17 जिब
हम यरुशलेम नगर म्ह पोहचे, तो बिश्वासी भाई घणी खुशी कै गेल्या हम तै
मिले। 18 दुसरे दिन पौलुस म्हारै ताहीं लेकै याकूब कै धोरै गया, जित्त सारे
कलीसिया के अगुवें कठ्ठे थे। 19 जद उसनै उन ताहीं नमस्कार करकै, जो-जो
काम परमेसवर नै उसकी सेवा के जरिये गैर यहूदियाँ म्ह करे थे, एक-एक
करकै सारे बताए। 20 उननै न्यू सुणकै परमेसवर की महिमा करी, फेर उसतै
बोल्या, "हे भाई, तू देक्खै सै के यहूदियाँ म्ह तै कई हजारां नै बिश्वास करया
सै, अर सारे नियम-कायदे कै खात्तर मानण म्ह पक्के सै। 21 उननै यो सुण
राख्या सै के तू गैर यहूदी माणसां के बीच म्ह रहन्दे होए यहूदियाँ ताहीं या
शिक्षा देण लागरया सै के मूसा नबी के नियम-कायदा नै छोड़ द्यो, ना तो
अपणे बाळकां का खतना करो अर ना रीति-रिवाज्जां पै चाल्लों। 22 तो फेर
के करया जावै? माणस जरुर सुणैगें के तू आया सै। 23 इस करकै जो हम
तेरे तै कह्वां सां, वो कर। म्हारा सुझाव मान उरै इसे चार माणस सै, जिन नै
कसम खाई सै।" 24 तू उनकै गैल जा, शुद्ध होण की विधि पूरी कर, अर

उसकै मुण्डन का खर्चा ठा, फेर सारया नै यो बेरा लाग ज्यागा के जो कुछ भी
बात तेरे बारै म्ह कह्या गया सै, उस म्ह कोए सच्चाई न्ही सै पर तू खुद भी
नियम-कायदे का पालन करै सै। 25 पर उन गैर यहूदियाँ कै बारै म्ह जिन नै
बिश्वास करया सै, हमनै यो फैसला करकै लिख भेज्या सै "के वे मूर्तियाँ कै
स्याम्ही बलि करे हाड़ माँस तै, अर लहू तै अर घेट्टी घोट्टे होयां के माँस तै अर
जारी तै बचे रहवैं।" 26 फेर पौलुस उन माणसां नै लेकै, अर दुसरे दिन
उनकै गेल्या शुद्ध होकै मन्दर म्ह गया, अर ओड़ै बता दिया के शुद्ध होण कै
दिन, यानिके उन म्ह तै हरेक कै खात्तर चढ़ावा चढ़ाए जाण तक के दिन
कद पूरे होवैगें। 27 जिब वे सात दिन पूरे होण पै थे, तो आसिया परदेस के
यहूदियाँ नै पौलुस ताहीं मन्दर म्ह देखकै सारे माणसां ताहीं उकसाया, अर
न्यू रुक्का मारकै उस ताहीं पकड़ लिया, 28 "हे इस्राएलियों, मदद करो, यो
वोए माणस सै, जो माणसां के, अर नियम-कायदे के, अर इस जगहां कै
बिरोध म्ह हरेक जगहां सारे माणसां नै सिखावै सै, उरै ताहीं के यूनानियाँ
ताहीं भी मन्दर म्ह ल्याकै उसनै इस पवित्र जगहां ताहीं अपवित्र करया सै।"
29 उननै इसतै पैहल्या इफिसुसवासी त्रुफिमुस ताहीं पौलुस कै गेल्या नगर
म्ह देख्या था, अर सोच्चै थे के पौलुस उसनै मन्दर म्ह लियाया सै। 30 फेर
सारे नगर म्ह दंगा माचग्या, अर माणस भाजकै कठ्ठे होए, अर पौलुस नै
पकड़कै मन्दर कै बाहरणै घसीट ल्याए, अर जिब्बे किवाड़ बन्द करे गये। 31
जिब वे उसनै मार देणा चाहवै थे, तो पलटन के सरदार नै सन्देशा पोंहच्या के
सारे यरुशलेम नगर म्ह दंगा माचरया सै। 32 फेर वो जिब्बे सिपाहियाँ अर
सूबेदारां नै लेकै उनकै धोरै तळै भाज आया, अर उननै पलटन के सरदार अर
सिपाहियाँ ताहीं देखकै पौलुस ताहीं मारणा-छेतणा छोड़ दिया। 33 फेर
पलटन के सरदार नै धोरै आकै पौलुस ताहीं पकड़ लिया, अर दो साँकळां तै
बाँधण का हुकम देकै बुझ्झण लाग्या, "यो कौण सै अर इसनै के करया
सै?" 34 पर भीड़ म्ह तै कोए किमे अर कोए किमे चिल्लान्दा रहया। जिब
रोले कै कारण वो सही सच्चाई न्ही जाण सक्या, तो उस ताहीं गढ़ म्ह ले
जाण का हुकम दिया। 35 जिब वो सीढ़ी पै पोंहच्या, तो इसा होया के भीड़
की दाब कै मारे सिपाहियाँ नै उस ताहीं ठाकै ले जाणा पड्या। 36 क्यूँके
माणसां की भीड़ न्यू चिल्लान्दी होई उसकै पाच्छै पड़री थी, "उसनै खतम

कर द्यो।" 37 जिब वे पौलुस नै गढ़ म्ह ले जावण आळे थे, तो उसनै पलटन
के सरदार तै कह्या, "जै मन्नै इजाजत हो तो मै थारे तै किमे कहूँ?" वो
बोल्या, "के तू यूनानी भाषा जाणै सै? 38 "के तू मिस्र देश का कोनी, जो
इन दिनां तै पैहल्या बिद्रोही बणकै, चार हजार हथियार सुधा माणसां नै
जंगळ म्ह लेग्या?" 39 पौलुस नै कह्या, "मै तो तरसुस का यहूदी माणस सूं!
मै किलिकिया परदेस के तरसुस नगर का बासिन्दा सूं। मै तेरे तै बिनती करुँ
सूं के मन्नै माणसां तै बात करण दे।" 40 जिब उसनै हुकम दिया, तो पौलुस
नै सीढ़ी पै खड़े होकै माणसां ताहीं हाथ तै इशारा करया। जिब वे चुप होए तो
वो इब्रानी भाषा म्ह बोल्लण लाग्या:

**22** "हे भाईयो अर बुजुर्गों, मेरा बदले म्ह जवाब सुणो, जो मै इब थारे
स्याम्ही ल्याऊँ सूं।" 2 वे न्यू सुणकै के वो हम तै इब्रानी भाषा म्ह बोल्लै सै,
और भी बोल-बाल्ले होगे। फेर उसनै कह्या 3 "मै तो यहूदी माणस सूं, जो
किलिकिया के तरसुस नगर म्ह जन्मा, पर इस नगर म्ह गमलीएल के पायां
कै धोरै बैठकै पढ़ाया गया, अर पूर्वजां के नियम-कायदा नै ठीक रीति तै
सिखाया गया अर परमेसवर कै खात्तर इसी धुन लारया था, जिस तरियां थम
सारे आज लारे सो। 4 मन्नै माणस अर लुगाई दोनुआ ताहीं जुड़-जुड़कै अर
जेळ म्ह गेर-गेर कै, इस पंथ नै उरै ताहीं सताया के उन ताहीं मरवा भी दिया।
5 इस बात कै खात्तर महायाजक अर सारे यहूदी अगुवें गवाह सै, के उनतै मै
भाईयाँ कै नाम पै चिट्ठियाँ लेकै दमिश्क नगर नै चाल्या जाऊँ था, के जो
ओड़ै हों उन ताहीं भी सजा दुवाण कै खात्तर बाँधकै यरुशलेम नगर लाऊँ।
6 "जिब मै चाल्दे-चाल्दे दमिश्क नगर कै लोवै पोंहच्या, तो इसा होया के
दोपहर कै करीबन चाणचक एक घणा चाँदणा अकास तै मेरै चौगरदे नै
चमक्या। 7 अर मै धरती पै गिर ग्या अर यो शब्द सुण्या, 'हे शाऊल, हे
शाऊल, तू मन्नै क्यांतै सतावै सै?'" 8 मन्नै जवाब दिया, "हे प्रभु, तू कौण
सै?" उसनै मेरै तै कह्या, "मै यीशु नासरी सूं," जिस ताहीं तू सतावै सै। 9
मेरे साथियाँ नै चाँदणा तो देख्या, पर मेरै तै जो बोल्लै था उसनै समझ कोनी
पाए। 10 फेर मन्नै कह्या, "हे प्रभु, मै के करुँ?" प्रभु नै मेरै तै कह्या, "उठकै
दमिश्क नगर म्ह जा, अर जो किमे तेरे तै करण कै खात्तर ठहराया गया
सै ओड़ै तेरे तै सब बता दिया जावैगा।" 11 जिब उस चाँदणे के तेज के

मारे मन्नै किमे कोनी दिख्या, तो मै अपणे साथियाँ का हाथ पकड़े होए
दमिश्क नगर म्ह आया। 12 "फेर हनन्याह नामक नियम-कायदे कै मुताबिक
एक भगत माणस, जो ओड़ै के रहणीये सारे यहूदियाँ म्ह सुनाम्मी था, मेरै
धोरै आया," 13 अर खड़े होकै मेरै तै कह्या, "हे भाई शाऊल, फेर देखण
लाग।" उस्से बखत मेरी आँख खुलगी अर मन्नै उस ताहीं देख्या। 14 फेर
उसनै कह्या, "म्हारै बाप-दाद्या के परमेसवर नै तेरे ताहीं ज्यांतै ठहराया के
तू उसकी मर्जी नै जाणै, अर उस धर्मी नै देक्खै अर उसकै मुँह की बात
सुणै। 15 क्यूँके तू उसकी ओड़ तै सारे माणसां कै स्याम्ही उन बात्तां का
गवाह होगा जो तन्नै देक्खी अर सुणी सै। 16 इब क्यांतै वार करै सै? उठ,
बपतिस्मा ले, अर उसका नाम लेकै अपणे पापां की माफी पा ले।" 17
"जिब मै दुबारा यरुशलेम नगर म्ह आकै मन्दर म्ह प्रार्थना करण लागरया था,
तो बेसुध होग्या, 18 अर उस ताहीं देख्या के वो मेरै तै कहवै सै, 'तावळ
करकै यरुशलेम नगर तै झट दे-सी लिकड़ज्या,' क्यूँके वे मेरै बारै म्ह तेरी
गवाही कोनी मान्नैगें।" 19 मन्नै कह्या, "हे प्रभु, उननै तो खुदे बेरा सै के मै
तेरे पै बिश्वास करण आळा नै जेळ म्ह गेरू अर जगहां-जगहां आराधनालय
म्ह छित्वाऊँ था। 20 जिब तेरे गवाह स्तिफनुस का लहू बहाया जाण लागरया
था जद मै भी ओड़ैए खड्या था अर इस बात म्ह सहमत था, अर उसकै
मारणीयां के लत्यां की रुखाळी करूँ था।" 21 अर प्रभु नै मेरै तै कह्या,
"चल्या जा क्यूँके मै तेरे ताहीं गैर यहूदियाँ कै धोरै दूर-दूर भेज्जूँगा।" 22
माणस इस बात तक उसकी सुणदे रहे, फेर जोर तै चिल्लाए, "इसे माणस
का नाश करो, उसका जिन्दा रहणा ठीक कोनी!" 23 जिब वे चिल्लान्दे अर
लत्ते बगान्दे अर अकास म्ह धूळ उड़ावै थे, 24 तो पलटन के सरदार नै कह्या,
"इस ताहीं गढ़ म्ह ले जाओ, अर कोड़े मारकै जाँच्चो, के मन्नै बेरा लाग्गै के
माणस किस कारण उसकै बिरोध म्ह इस ढाळ चिल्लावै सै।" 25 जिब उननै
उस ताहीं फित्त्यां तै बाँधया तो पौलुस नै उस सूबेदार तै जो धोरै खड्या था,
कह्या, "के यो सही सै के थम एक रोमी माणस ताहीं, अर वो भी बिना
कसूरवार ठहराए होए, कोड़े मारो?" 26 सूबेदार नै न्यू सुणकै पलटन के
सरदार कै धोरै जाकै कह्या, "तू यो के करै सै? यो तो रोमी माणस सै।" 27
फेर पलटन के सरदार नै उसकै धोरै आकै कह्या, "मन्नै बता, के तू रोमी

सै?" उसनै कह्या, "हाँ।" 28 न्यू सुणकै पलटन के सरदार नै कह्या, "मन्नै
रोमी होण का पद घणे रपिये देकै मिल्या सै।" पौलुस नै कह्या, "मै तो जन्म
तै रोमी सूं?" 29 फेर जो माणस उस ताहीं जांच्चण पै थे, वे जिब्बे उसकै
धोरै तै हटगे, अर पलटन का सरदार भी न्यू जाणकै के यो रोमी सै अर मन्नै
उस ताहीं बाँधया सै, डरग्या। 30 दुसरे दिन उसनै सही-सही जाणण की मर्जी
तै के यहूदी उसपै क्यांतै दोष लावै सै, उसके बन्धन खोल दिए, अर प्रधान
याजकां अर यहूदी अगुवां की सभा ताहीं कठ्ठा होण का हुकम दिया, अर
पौलुस नै तळै ले जाकै उनकै स्याम्ही खड्या कर दिया।

**23** पौलुस नै यहूदी अगुवां की सभा की ओड़ गौर तै देख्या अर कह्या, "हे
भाईयो, मन्नै आज ताहीं परमेसवर कै खात्तर जमा-कती सच्चे मन तै जीवन
बिताया सै।" 2 इसपै हनन्याह महायाजक नै उन ताहीं जो उसकै धोरै खड़े
थे, उसकै मुँह पै थप्पड़ मारण का हुकम दिया। 3 फेर पौलुस नै उसतै कह्या,
"हे चुन्ना फिरी होड़ भीत, परमेसवर तेरे ताहीं मारैगा। तू नियम-कायदे कै
मुताबिक मेरा न्याय करण नै बेठ्या सै, अर फेर के नियम-कायदे कै खिलाफ
मेरै ताहीं मारण का हुकम देवै सै?" 4 जो धोरै खड़े थे उननै कह्या, "के तू
परमेसवर कै महायाजक नै आच्छा-भुंडा बोल्लै सै?" 5 पौलुस नै कह्या, "हे
भाईयो, मन्नै न्ही बेरा था के यो महायाजक सै, क्यूँके वचन म्ह लिख्या सै:
'अपणे माणसां के प्रधान नै भुंडा ना बोलिए।'" 6 फेर पौलुस नै न्यू जाणकै
के एक टोळ सदूकी अर दुसरा फरीसी लोग्गां का सै, यहूदी अगुवां की सभा
म्ह रुक्का मारकै कह्या, "हे भाईयो, मै फरीसी अर फरीसी लोग्गां के वंश का
सूं, मरे होया की आस अर पुनरुत्थान कै बारै म्ह मेरा मुकद्दमा होरया सै।" 7
जिब उसनै या बात कही तो फरीसियाँ अर सदूकियाँ म्ह दंगा होण लाग्या,
अर सभा म्ह फूट पड़गी। 8 क्यूँके सदूकियाँ का बिश्वास तो न्यू कहवै सै, के
ना पुनरुत्थान सै, ना सुर्गदूत अर ना आत्मा सै, पर फरीसी इन सारया नै
मान्नैं सै। 9 फेर घणा दंगा माच्या अर कुछ शास्त्री जो फरीसियाँ के टोळ के
थे, उठ लिए अर न्यू कहकै दंगा करण लाग्गे, "हम इस माणस म्ह कोए
बुराई कोनी पांदे, अर जै कोए आत्मा या सुर्गदूत उसतै बोल्या सै तो फेर के
होग्या?" 10 जिब घणा दंगा होया, तो पलटन के सरदार नै इस भय तै के वे
पौलुस के टुकड़े-टुकड़े ना कर देवै, पलटन ताहीं हुकम दिया के उतरकै उस

ताहीं उनकै बिचाळै तै हाँगै तै लिकाड़ै, अर गढ़ म्ह ले जावै। 11 उस्से रात
प्रभु यीशु नै उसकै धोरै खड़े होकै कह्या, "हे पौलुस, धीरज राख, क्यूँके
जिसी तन्नै यरुशलेम नगर म्ह मेरी गवाही देई, उसीए तन्नै रोम म्ह भी गवाही
देणी होगी।" 12 जिब दिन लिकड़या तो यहूदियाँ नै साजिस रची अर कसम
खाई के जिब ताहीं हम पौलुस नै मार न्ही देवा, जै हम खावां या पीवां तो
म्हारै पै धिक्कार सै। 13 जिन नै आप्पस म्ह या कसम खाई थी, वे चाळीस
जण्यां तै घणे थे। 14 उननै प्रधान याजकां अर यहूदी अगुवां कै धोरै जाकै
कह्या, "हमनै न्यू ठान लिया सै के जिब ताहीं हम पौलुस नै मार न्ही देंदे, जद
ताहीं जै किमे चाक्खां तो म्हारै पै धिक्कार सै। 15 इस करकै इब यहूदी
अगुवां की सभा सुधा पलटन के सरदार नै समझाओ के उसनै थारे धोरै
लियावै, मान ल्यो के थम उसकै बारै म्ह और भी सही तै जाँच करणा चाहवो
सो, अर हम उसकै पोहोचण तै पैहल्याए उस ताहीं मार देण कै खात्तर त्यार
रहवांगें।" 16 पौलुस कै भाण्जै नै सुण्या के वे उसकी टाह म्ह सै, तो गढ़ म्ह
जाकै पौलुस ताहीं संदेशां दिया। 17 पौलुस नै सूबेदारां म्ह तै एक ताहीं
अपणे धोरै बुलाकै कह्या, "इस जवान नै पलटन के सरदार कै धोरै ले जाओ,
यो उसतै किमे कहणा चाहवै सै।" 18 इस करकै उसनै उस ताहीं पलटन के
सरदार कै धोरै ले जाकै कह्या, "कैदी पौलुस नै मेरै ताहीं बुलाकै बिनती करी
के यो जवान पलटन के सरदार तै किमे कहणा चाहवै सै, उस ताहीं उसकै
धोरै ले जा।" 19 पलटन के सरदार नै उसका हाथ पकड़कै अर न्यारा जाकै
बुझ्झया, "तू मेरै तै के कहणा चाहवै सै?" 20 वो बोल्या, "यहूदियाँ नै
साजिस रची सै के तेरे तै बिनती करै के काल पौलुस नै यहूदी अगुवां की
सभा म्ह ल्यावै, मान्नो वे और सही ढाळ तै उसकी जाँच करणा चाहवै सै।
21 पर उनकी मानियो मतना, क्यूँके उन म्ह तै चाळीस कै उप्पर माणस उसनै
मारण की टाह म्ह सै, जिन नै न्यू ठान लिया सै के जिब ताहीं वे पौलुस नै
मार न्ही देवै, जद ताहीं ना खावैगें अर ना पीवैगें, अर इब वे त्यार सै अर तेरे
वचन की बाट देखण लागरे सै।" 22 फेर पलटन के सरदार नै जवान ताहीं यो
हुकम देकै बिदा करया, "किसे तै ना कहिये के तन्नै मेरै तै ये बात बताई
सै।" 23 फेर उसनै दो सूबेदारां ताहीं बुलाकै कह्या, "दो सौ सिपाही, सत्तर
सवार, अर दो सौ भालैत, रात के नौ बजे कैसरिया नगर नै जाणकै खात्तर

त्यार कर करो। 24 अर पौलुस की सवारी कै खात्तर घोड़े त्यार राक्खो,
के उस ताहीं फेलिक्स राज्यपाल कै धोरै राज्जी-खुशी तै पोहोचा दे।" 25
उसनै इस तरियां की चिट्ठी भी लिक्खी 26 महामहिम फेलिक्स राज्यपाल
ताहीं क्लौकियुस लूसियास का नमस्कार। 27 इस माणस ताहीं यहूदियाँ नै
पकड़कै मार देणा चाह्या, पर जिब मन्नै जाण्या के रोमी सै, तो पलटन लेकै
छुड़ा ल्याया। 28 मै जाणणा चाहूँ था के वे उसपै किस कारण दोष लावै सै,
ज्यांतै उस ताहीं यहूदी अगुवां की सभा म्ह ले गया। 29 फेर मन्नै जाण लिया
के वे अपणे नियम-कायदे कै रोळे कै बारै म्ह उसपै इल्जाम लगावै सै, पर
मार देण जोग्गा या बाँधे जाणकै जोग्गा उस म्ह कोए कसूर कोनी। 30 जिब
मेरै ताहीं बताया गया के वे इस माणस की टाह म्ह लागरे सै तो मन्नै जिब्बे
उस ताहीं तेरे धोरै भेज दिया, अर बैरियाँ ताहीं भी हुकम दिया के तेरे स्याम्ही
उसपै नालिश करै। 31 आखर म्ह जिसा सिपाहियाँ नै हुकम मिल्या था, उस्से
तरियां ए वे पौलुस नै लेकै रातो-रात अन्तिपत्रिस म्ह आये। 32 दुसरे दिन वे
सवारा नै उसकै गेल्या जाणकै खात्तर छोड़कै खुद यरुशलेम म्ह बोहड़ै। 33
उननै कैसरिया पोहचकै राज्यपाल ताहीं चिट्ठी दी, अर पौलुस ताहीं भी उसकै
स्याम्ही खड्या करया। 34 राज्यपाल नै चिट्ठी पढ़कै बुझ्झया, "यो किस
प्रान्त का सै?" 35 अर जिब जाण लिया के किलिकिया परदेस का सै तो
उसतै कह्या, "जिब तेरे बैरी भी आवैगें, तो मै तेरा मुकद्दमा करुँगा।" अर
उसनै उस ताहीं हेरोदेस कै किले म्ह पहरे म्ह राक्खण का हुकम दिया।

**24** पाँच दिन कै पाच्छै हनन्याह महायाजक कई यहूदी अगुवें अर तिरतुल्लुस
नामक किसे वकील नै गेल्या लेकै कैसरिया नगर आ पोहचे। उननै राज्यपाल
कै स्याम्ही पौलुस कि बुराई करी। 2 जिब पौलुस बुलाया गया तो तिरतुल्लुस
उसपै इल्जाम लाकै कहण लाग्या: "हे महामहिम फेलिक्स, तेरे जरिये हम
राज्जी-खुशी सां, अर तेरे इन्तजाम तै इस जात कै खात्तर घणीए बुराईयाँ
सुधरदी जावै सै। 3 इस ताहीं हम हरेक जगहां अर हरेक तरियां तै धन्यवाद
कै गैल मान्नां सां। 4 मै तेरा और ज्यादा बखत कोनी लेऊँ, मै तेरे तै बिनती
करुँ सूं के दया करकै दो-एक बात सुण ले।" 5 "बात या सै के इस माणस
ताहीं हमनै एक उत्पाती के रूप म्ह पाया सै, सारी दुनिया के यहूदिया परदेस
म्ह इसनै दंगे भड़काए सै, यो नासरियाँ के पंथ का नेता सै। 6 उसनै मन्दर

ताहीं अशुद्ध करणा चाह्या, पर हमनै उस ताहीं पकड़ लिया। (हमनै उस
ताहीं अपणे नियम-कायदे कै मुताबिक सजा दे दी होन्दी, 7 पर पलटन के
सरदार लूसियास नै उस ताहीं हाँगै तै म्हारै हाथ तै खोस लिया, 8 अर बैरियाँ
ताहीं तेरे स्याम्ही आण का हुकम दिया।) इन सारी बात्तां नै जिनकै बारै म्ह
हम उसपै इल्जाम लावां सां, तू खुदे ए उसनै जाँच करकै जाण लेवैगा।"
9 यहूदियाँ नै भी उसका साथ देकै कह्या, ये बात इस्से ढाळ तै करी सै।
10 जिब राज्यपाल नै पौलुस ताहीं बोल्लण का इशारा करया, तो उसनै
जवाब दिया: "मै न्यू जाणकै के तू घणे साल्लां तै इस जात का न्याय करण
लागरया सै, खुशी तै अपणा बदले का जवाब देऊँ सूं। 11 तू आप्पे ए जाण
सकै सै जिब तै मै यरुशलेम नगर के मन्दर म्ह आराधना करण नै आया,
मन्नै बारहा दिनां तै बाध कोनी होए, 12 उनै मेरै ताहीं ना मन्दर म्ह, ना
आराधनालयाँ म्ह, ना किसे नगर म्ह किसे तै बहस करदे या भीड़ लगांदे
पाया, 13 अर ना तो वे उन बात्तां ताहीं, जिनका वे इब मेरै पै दोष लावै सै,
तेरे स्याम्ही साच्ची साबित कर सकै सै। 14 पर मै तेरे स्याम्ही यो मान ल्यु सूं
के जिस पन्थ नै वे बुरा पन्थ कहवै सै, उस्से की रीत पै मै अपणे बाप-दाद्या
के परमेसवर की सेवा करुँ सूं, अर जो बात नियम-कायदे अर नबियाँ की
किताबां म्ह लिक्खी सै, उन सारया पै बिश्वास करुँ सूं। 15 अर परमेसवर तै
आस राक्खूँ सूं जो वे खुद भी राक्खै सै, के धर्मी अर अधर्मी दोनुआ का
जिन्दा उठणा होवैगा। 16 इसतै मै खुद भी कोशिश करुँ सूं के परमेसवर
की, अर माणसां की ओड़ तै मेरा मन सारी-हाण बेकसूर रहवै।" 17 "घणे
साल्लां पाच्छै मै गरीबां नै दान पोहोचाण, अर भेंट चढ़ाण आया था। 18
उस्से बखत इननै मेरै ताहीं मन्दर म्ह, शुद्ध होण की रीति पूरी करते देख्या,
ओड़ै ना कोए भीड़ थी, अर ना ए किसे ढाळ का शोर, पर ओड़ै आसिया
परदेस के कई यहूदी थे 19 जै मेरै बिरोध म्ह उनकै धोरै कोए बात कहण की
हो तो उरै तेरे स्याम्ही आकै मेरै पै इल्जाम लांदे। 20 या ये खुद ए बतावै के
जिब मै यहूदी अगुवां की सभा कै स्याम्ही खड्या था, तो उननै मेरै म्ह कौण
सा कसूर पाया? 21 इस एक बात नै छोड़ जो मन्नै उनकै बिचाळै खड्या
होकै कही थी: 'मरे होया के जिन्दा उठण कै बारै म्ह आज मेरा थारे स्याम्ही
मुकद्दमा होण लागरया सै।'" 22 फेलिक्स नै, जो इस पन्थ की बात सही-

सही जाणै था, उन ताहीं न्यू कहकै टाळ दिया, “जिब पलटन का सरदार
लूसियास आवैगा, तो थारी बात का फैसला करुँगा।” 23 उसनै सूबेदार ताहीं
हुकम दिया के पौलुस ताहीं जेळ म्ह तो राख्या जावै पर उस ताहीं इतनी छूट
जरुर दी जावै के उसके खास साथी आकै उसकी सेवा कर सकै। 24 कुछ
दिनां पाच्छै फेलिक्स हाकिम अपणी घरआळी दुसिल्ला ताहीं, जो यहूदी थी,
गेल्या लेकै आया अर पौलुस ताहीं बुलवाकै उस बिश्वास कै बारै म्ह जो
मसीह यीशु पै सै, उसतै सुण्या। 25 जिब पौलुस धर्म, अर संयम, अर आण
आळे न्याय का जिक्र करण लागरया था, तो फेलिक्स नै भयभीत होकै
जवाब दिया, “इब तो जा, मौक्का मिल तिए मै तन्नै दुबारा बुलवाऊँगा।” 26
फेलिक्स ताहीं पौलुस तै कुछ रपिये मिलण की भी आस थी, ज्यांतै और भी
बुला-बुलाकै उसतै बात करया करै था। 27 पर जिब दो साल बीतगे तो
पुरकियुस फेस्तुस, फेलिक्स की जगहां पै आया, अर फेलिक्स यहूदियाँ
ताहीं राज्जी करण की मर्जी तै पौलुस ताहीं कैदी ए छोड़ ग्या।

**25** राज्यपाल पद का काम सम्भाळण के तीन दिन बाद फेस्तुस कैसरिया
नगर तै यरुशलेम नगर म्ह गया। 2 फेर प्रधान याजकां अर यहूदियाँ के
खास माणसां नै उसकै स्याम्ही पौलुस की बुराई करी, 3 के वो खियास
करकै पौलुस ताहीं यरुशलेम नगर भेजदे, असल म्ह उसकी तरकीब राह
म्ह मौक्का देखकै पौलुस ताहीं मारण की थी। 4 फेस्तुस नै जवाब दिया,
“पौलुस कैसरिया म्ह पहरे म्ह सै, अर मै आप्पे ए तावळ तै ओड़ै जाऊँगा।”
5 फेर बोल्या, “थारे म्ह जो अधिकार राक्खै सै वे गैल चाल्लै, अर जै इस
माणस नै किमे गलत काम करया सै तो उसपै इल्जाम लावै।” 6 उनकै
बिचाळै कोए आठ-दस दिन रहकै फेस्तुस कैसरिया चल्या गया, अर दुसरे
दिन न्याय-गद्दी पै बैठकै पौलुस ताहीं ल्याण का हुकम दिया। 7 जिब वो
आया तो जो यहूदी अगुवें यरुशलेम नगर तै आये थे, उननै लोवै-धोवै खड़े
होकै उसपै घणे भारया दोष लगाये, जिनका सबूत वे कोनी दे सकै थे। 8
पर पौलुस नै जवाब दिया, “मन्नै ना तो यहूदियाँ के नियम-कायदे कै अर
ना मन्दर कै, अर ना ए कैसर कै बिरुध्द कोए अपराध करया सै।” 9 फेर
फेस्तुस नै यहूदी अगुवां ताहीं राज्जी करण के मकसद तै पौलुस तै कह्या,
“के तू चाहवै सै के यरुशलेम नगर नै जावै, अर ओड़ै मेरै स्याम्ही तेरा यो

मुकद्दमा तय करया जावै?" 10 पौलुस नै कह्या, "मै कैसर कै न्याय-गद्दी
कै स्याम्ही खड्या सूं, मेरै मुकद्दमे फैसला उरैए होणा चाहिये। जिसा तन्नै
आच्छी ढाळ बेरा सै, यहूदियाँ का मन्नै किमे अपराध कोनी करया। 11
जै मै अपराधी सूं अर मारण कै जोग्गा कोए काम करया सै, तो मरण तै
कोनी नाटदा, पर जिन बात्तां की ये मेरै पै इल्जाम लावै सै, जै उन म्ह तै
कोए भी बात साच्ची न्ही लिकड़ी, तो कोए मेरै ताहीं उनकै हात्थां न्ही सौंप
सकदा। मै कैसर की दुहाई द्यु सूं।" 12 फेर फेस्तुस नै मन्त्रियाँ की सभा कै
गेल्या बात करकै जवाब दिया, "तन्नै कैसर की दुहाई दी सै, तू कैसर कै ए
धोरै जावैगा।" 13 कुछे दिन बीतण कै पाच्छै अग्रिप्पा राजा अर बिरनीके नै
कैसरिया म्ह आकै फेस्तुस तै भेंट करी। 14 उनकै घणे दिन ओड़ै रहण कै
पाच्छै फेस्तुस नै पौलुस कै बारै म्ह राजा ताहीं बताया "एक माणस सै, जिस
ताहीं फेलिक्स कैदी छोड़ ग्या सै।" 15 जिब मै यरुशलेम नगर म्ह था, तो
प्रधान याजक अर यहूदिया परदेस के यहूदी अगुवां नै उसकी बुराई करी अर
चाह्या के उसपै दण्ड का हुकम होवै। 16 पर मन्नै उन ताहीं जवाब दिया के
रोमियों की या रीत कोनी के किसे माणस ताहीं सजा कै खात्तर सौंप देवै,
जिब ताहीं मुजरिम ताहीं अपणे बैरियाँ कै स्याम्ही खड़े होकै दोष का जवाब
देण का मौक्का ना मिलै। 17 आखर जिब वे कठ्ठे होए, तो मन्नै किमे वार
कोनी करी, पर दुसरे ए दिन न्याय-गद्दी पै बैठकै उस माणस ताहीं ल्याण का
हुकम दिया। 18 जिब उसके बैरी खड़े होए, तो उनन्नै इसी गलत बात्तां की
इल्जाम कोनी लाई, जिसा मै समझूँ था। 19 पर वे अपणे पंथ कै अर यीशु
नाम किसे माणस कै बारै म्ह, जो मरग्या था अर पौलुस उस ताहीं जिन्दा
बतावै था, बहस करै थे। 20 मै उळझन म्ह था के इन बात्तां का बेरा किस
ढाळ लाऊँ? ज्यांतै मन्नै उसतै बुझ्झया, के तू यरुशलेम नगर जावैगा के ओड़ै
इन बात्तां का फैसला होवै? 21 पर जिब पौलुस नै दुहाई देई के "उसकै
मुकद्दमे का फैसला सम्राट कै उरै हो, तो मन्नै हुकम दिया के जिब तक उस
ताहीं कैसर कै धोरै न्ही भेज्जू, उस ताहीं हिरासत म्ह राख्या जावै।" 22 फेर
अग्रिप्पा नै फेस्तुस तै कह्या, "मै भी उस माणस की सुणणा चाहूँ सूं।"
उसनै कह्या, "तू काल सुण लेवैगा।" 23 आखर म्ह दुसरे दिन जिब अग्रिप्पा
अर बिरनीके बड्डी धूम-धड़ाकै तै आये अर पलटन के सरदारां अर नगर के

खास आदमियाँ कै गेल्या दरबार म्ह पोहचे। फेर फेस्तुस नै हुकम दिया के वे
पौलुस ताहीं ली यावै। 24 फेस्तुस नै कह्या, "हे राजा अग्रिप्पा, अर हे सारे
माणसों जो उरै म्हारै गेल्या सो, थम इस माणस नै देक्खो सो, जिसकै बारै
म्ह सारे यहूदियाँ नै यरुशलेम नगर म्ह अर उरै भी रुक्के मार-मारकै मेरै तै
बिनती करी के इसका जिन्दा रहणा सही कोनी। 25 पर मन्नै बेरा पाट लिया
के उसनै इसा किमे कोनी करया के मार दिया जा, अर जिब के उसनै आप्पे
ए सम्राट की दुहाई दी, तो मन्नै उस ताहीं खन्दाण का फैसला करया। 26
मन्नै उसकै बारै म्ह कोए पक्की बात कोनी पाई के अपणे माल्लिक कै धोरै
लिखूँ। ज्यांतै मै उस ताहीं थारे स्याम्ही अर खासकर हे राजा अग्रिप्पा तेरे
स्याम्ही ल्याया सूं के जाँचे पाच्छै मन्नै किमे लिखण का मौक्का मिलै।
27 क्यूँके कैदी ताहीं खन्दाणा अर जो दोष उसपै लगाये सै, उन ताहीं न्ही
बताणा, मन्नै खामखां लाग्या सै।"

**26** अग्रिप्पा नै पौलुस तै कह्या, "तेरे ताहीं अपणे बाबत बोल्लण की
आज्ञा सै।" फेर पौलुस हाथ तै इशारा करकै जवाब देण लाग्या, 2 "हे
राजा अग्रिप्पा, जितनी बात्तां का यहूदी अगुवें मेरै पै इल्जाम लावै सै, आज
तेरे स्याम्ही उनका जवाब देण म्ह अपणे ताहीं धन्य समझूँ सूं, 3 खास
करकै ज्यांतै के तू सारी यहूदी प्रथा अर परेशानियाँ नै भली-भाँति जाणै सै।
इस करकै मै बिनती करुँ सूं, धीरज तै मेरी सुण।" 4 "मेरा चाल-चलण
शरुआत तै अपणी जात कै बिचाळै अर यरुशलेम नगर म्ह जिसा था, उसका
सारे यहूदियाँ नै बेरा सै। 5 जै वे गवाही देणा चाहवैं, तो तू मेरै ताहीं तब तै
पिच्छाणै सै जिब मै जवान था, के मै फरीसी होकै अपणे धर्म कै सबतै खरे
पन्थ कै मुताबिक चाल्या। 6 अर आज मै परमेसवर के जरिये म्हारे पूर्वजां नै
दिए गये उस वादे की आस के कारण उरै दोषी के रूप म्ह खड्या सूं। 7 यो
वोए वादा सै, जिसके पूरे होण की आस म्हारे बारहां कुल दिन-रात सच्चाई
म्ह परमेसवर की भगति-आराधना करदे होए आये सै। हे राजा, आज मेरे पै
यहूदियाँ के जरिये मुकद्दमा इस्से आस कै कारण चलाया जाण लागरया सै।
8 जिब के परमेसवर मरे होया नै जिन्दा करै सै, तो थारे उरै या बात क्यांतै
बिश्वास कै जोग्गी कोनी समझी जान्दी?" 9 "मन्नै भी समझया था के यीशु
नासरी कै नाम कै बिरोध म्ह मन्नै भोत कुछ करणा चाहिये। 10 अर मन्नै

यरुशलेम नगर म्ह न्यूए करया, अर प्रधान याजकां तै हक पाकै घणखरे
पवित्र माणसां ताहीं जेळ म्ह गेरया, अर जिब वे मार दिये जावै थे तो मै भी
उनकै बिरोध म्ह अपणी राय द्यु था। 11 हरेक आराधनालय म्ह मै उन ताहीं
कांल कर-करकै यीशु की बुराई करवाऊँ था, उरै ताहीं के छो के मारे इसा
बावळा होग्या के दुसरे नगरां म्ह भी जाकै उन ताहीं कांल करूँ था।" 12
"इस्से धुन म्ह जिब मै प्रधान याजकां तै अधिकार अर हुकम-चिट्ठी लेकै
दमिश्क नगर नै जाण लागरया था, 13 तो हे राजा, राह म्ह दोफारी कै बखत
मन्नै अकास तै सूरज कै तेज तै भी बढ़कै एक चाँदणा, अपणे अर अपणे
गेल्या चाल्लण आळा कै चौगरदे नै चमकदा होड़ देख्या। 14 जिब हम सारे
धरती पै पड़गे, तो मन्नै इब्रानी भाषा म्ह, मेरै तै न्यू कहन्दे होए एक बोल
सुण्या, 'हे शाऊल, हे शाऊल, तू मन्नै क्यांतै सतावै सै? पैने पै लात मारणा
तेरे खात्तर ओक्खा सै। (जै तू मन्नै सतावैगा तो तू खुद नै सतावैगा)'" 15
फेर मै बोल्या, "हे प्रभु, तू कौण सै?" प्रभु नै कह्या, "'मै यीशु सूं, जिस ताहीं
तू सतावै सै। 16 पर तू उठ, अपणे पायां पै खड्या हो, क्यूँके मन्नै तेरे ताहीं
ज्यांतै दर्शन दिया सै के तन्नै उन बात्तां का भी सेवक अर गवाह ठहराऊँ, जो
तन्नै देक्खी सै, अर उनका भी जिनकै खात्तर मै तन्नै दर्शन दियुँगा। 17 अर
मै तन्नै तेरे माणसां तै अर गैर यहूदियाँ तै बचान्दा रहूँगा, जिनकै धोरै मै इब
तन्नै इस करकै भेज्जू सूं 18 के तू उनकी आँख खोल्लै के वे अन्धेरै तै चाँदणे
कान्ही, अर शैतान कै अधिकार तै परमेसवर कै कान्ही पलटै, इस करकै के
पापां की माफी अर उन माणसां कै गेल्या जो मेरै पै बिश्वास करण तै पवित्र
करे गये सै, वसियत पावैं।'" 19 "इस करकै हे राजा अग्रिप्पा, मन्नै उस
सुर्गीय दर्शन की बात कोनी टाळी, 20 मन्नै सबतै पैहल्या दमिश्क नगर कै,
फेर यरुशलेम नगर कै, अर फेर यहूदिया परदेस के बासिन्दा ताहीं, अर गैर
यहूदियाँ म्ह भी यो प्रचार करदा रहया के पाप करणा छोड़कै परमेसवर
कान्ही बोहड़ आओ, अर अपणे सुभाव के जरिये यो साबित करो के थमनै
पाप करणा छोड़ दिया सै। 21 इन बात्तां कै कारण यहूदी मन्नै मन्दर म्ह
पकड़कै मार देण की कोशिश करै थे। 22 पर परमेसवर की मदद तै मै आज
ताहीं बण्या सूं छोट्या-बड़या सारया कै स्याम्ही गवाही द्यूँ सूं, अर उन बात्तां नै
छोड़ किमे कोनी कहन्दा जो नबियाँ अर मूसा नबी नै भी कह्या के होण आळी

सै, 23 के मसीह नै दुख ठाणा होगा, अर वोए सब तै पैहल्या मरे होया म्ह तै
जी उठकै, म्हारै माणसां म्ह गैर यहूदियाँ म्ह चाँदणे का प्रचार करैगा।" 24
जिब वो इस तरियां तै जवाब देण लागरया था, तो फेस्तुस नै ऊँच्ची आवाज
म्ह कह्या, "हे पौलुस, तू बावळा सै। घणे ज्ञान नै तेरे ताहीं बावळा कर दिया
सै।" 25 पर पौलुस नै कह्या, "हे महामहिम फेस्तुस, मै बावळा कोनी, पर
सच्चाई अर बुद्धि की बात कहूँ सूं। 26 राजा नै भी जिसकै स्याम्ही मै बिना
डरे बोल्लण लागरया सूं, इन बात्तां का बेरा सै, अर मन्नै बिश्वास सै के इन
बात्तां म्ह तै कोए उसतै लुक्ही कोनी, क्यूँके यो वाक्या गुप्त म्ह कोनी होया।
27 हे राजा अग्रिप्पा, के तू नबियाँ का बिश्वास करै सै? हाँ, मन्नै बेरा सै के तू
बिश्वास करै सै।" 28 फेर अग्रिप्पा नै पौलुस तै कह्या, "तू माड़े-से समझाण
तै मन्नै मसीह बणाणा चाहवै सै?" 29 पौलुस बोल्या, "परमेसवर तै मेरी
प्रार्थना सै के, देर या सबेर तै, पर ये सारे सुणण आळे, जो आज मेरी बात
सुणै सै, वे मेरै समान हो जावै।" 30 फेर राजा अर अधिकारी अर बिरनीके
अर उनकै गेल्या बैठणीये उठ खड़े होए, 31 न्यायालय तै बाहर लिकाड़कै
आप्पस म्ह कहण लाग्गे, "यो माणस इसा तो किमे कोनी करदा, जो मौत
की सजा या जेळ, म्ह गेरण जोग्गा हो।" 32 अग्रिप्पा नै फेस्तुस तै कह्या,
"जै यो माणस कैसर की दुहाई न्ही देंदा, तो छूट सकै था।"

27 जिब फेस्तुस राज्यपाल के जरिये यो पक्का होग्या के हम जहाज कै
जरिये इटली देश जावां, तो उननै पौलुस अर कुछ दुसरे कैदियाँ ताहीं भी
यूलियुस नामक औगुस्तुस सम्राट की पलटन कै एक सूबेदार कै हात्थां सौंप
दिया। 2 अद्रमुत्तियुम नगर के एक जहाज पै जो आसिया परदेस कै किनारे
की जगहां पै जाण पै था, पाणी रास्ते हमनै अपणा सफर शुरु करया, अर
अरिस्तर्खुस नामक जो मकिदुनिया परदेस के थिस्सलुनीके नगर का एक
बसिन्दा था। 3 दुसरे दिन हम सैदा नगर पोह्चाये गये, अर यूलियुस नै पौलुस
पै दया करकै उस ताहीं साथियाँ कै उरै जाण दिया के उनतै जरूरी चीज ले
आवां। 4 ओड़ै तै हमनै सफर दुबारा शरु करया, हवा कै पलट होण कै
कारण हम साइप्रस टापू की ओट म्ह होकै चाल्ले, 5 अर किलिकिया परदेस
अर पंफूलिया किनारे कै लोवै कै समुन्दर म्ह होकै लूसिया के मूरा नगर म्ह
उतरे। 6 ओड़ै सूबेदार नै सिकन्दरिया नगर का एक जहाज इटली देश जान्दा

होड़ मिल्या, अर उसनै म्हारै ताहीं उस जहाज पै चढ़ा दिया। 7 जिब हम घणे
दिनां ताहीं होळे-होळे चालकै मुश्किल तै कनिदुस कस्बे कै स्याम्ही पोहचे,
तो इस करकै के हवा म्हारै ताहीं आग्गै बढ़ण कोनी देवै थी, हम सलमोने
कै स्याम्ही तै होकै क्रेते टापू की आड़ म्ह चाल्ले, 8 अर उसकै किनारे-
किनारे मुश्किल तै चालकै "शुभलंगरबारी" नामक एक जगहां पोहचे, जित्त
तै लसया नगर लोवै था। 9 जिब घणे दिन बीत लिये अर पाणी कै सफर म्ह
जोख्खम ज्यांतै होवै थी ब्रत के दिन इब बीत लिये थे। आखर म्ह पौलुस नै
उन सारया ताहीं कहकै चेतावनी दी, 10 "हे सज्जनों, मन्नै इसा लाग्गै सै के
इस सफर म्ह मुश्किल अर घणा नुकसान, ना सिर्फ माळ अर जहाज की
बल्के म्हारी जान का भी, होणआळा सै।" 11 पर सूबेदार नै पौलुस की
बात्तां तै कप्तान अर जहाज कै माल्लिक की बात्तां तै बाध मान्या। 12 शुभ
लंगरबारी नाम का बंदरगाह जाड्डा काटण कै खात्तर सही कोनी था, ज्यांतै
घणाए का विचार होया के ओड़ै तै आग्गै बढ़ जावां जै किसे तरियां तै हो सकै
तो फीनिक्स पोहचकै जाड्डा काटै। यो तो क्रेते टापू का एक बंदरगाह सै जो
दक्षिण-पश्चिम अर उत्तर-पश्चिम कान्ही खुलै सै। 13 जिब दक्षिणी हवा होळे-
होळे चाल्लण लाग्गी, तो न्यू सोच्या के उनकी तरकीब पूरी करण खात्तर
बढ़िया बखत था, लंगर उठाया अर किनारे धोरै होन्दे होए क्रेते टापू कै किनारे
जाण लाग्गे। 14 पर माड़ी वार म्ह धरती कै कान्ही तै बड्डी ए आँधी उठी, जो
"यूरकुलिन" कुह्वावै सै। 15 जिब आँधी जहाज पै लाग्गी तो जहाज उसकै
स्याम्ही ठैहर कोनी सक्या, इस करकै हमनै जहाज ताहीं हवा के बाहाव छोड़
दिया, अर इस्से तरियां बहन्दे होए चाल्ले गये। 16 फेर कौदा नामक एक
छोट्टे-से टापू की आड़ म्ह बहन्दे-बहन्दे हम मुश्किल तै डोंगी नै बस म्ह कर
सके। 17 फेर जहाज के मल्लाहां नै उस ताहीं ठाकै सही उपाय करकै जहाज
ताहीं तळै तै रस्यां तै कसकै बाँधया, अर सुरतिस खाड़ी के चोरबालू पै फँस
जाणकै डर तै उननै लंगर ताहीं थोड़े नीच्चै उतारकै जहाज ताहीं हवा के
बाहाव के गैल-गैल बहण कै खात्तर छोड़ दिया। 18 जिब हमनै आँधी तै घणे
हिचकोले अर धक्के खाए, तो दुसरे दिन वे जहाज का माळ बगाण लाग्गे, 19
अर तीसरे दिन उननै अपणे हात्थां तै जहाज का साज-सामान भी बगा दिया।
20 जिब घणे दिन ताहीं ना सूरज, ना तारे दिक्खे अर बड्डी आँधी चाल्दी रही,

तो आखर म्ह म्हारै बचण की सारी उम्मीद जान्दी रही। 21 जिब वे घणे
दिन ताहीं भूखे रह लिये, तो पौलुस नै उनकै बिचाळै खड़े होकै कह्या, "हे
भाईयो, चाहिये था के थम मेरी बात मानकै क्रेते टापू तै आग्गै ए ना बढ़ते
तो या मुसीबत न्ही आन्दी अर ना यो नुकसान ठान्दे। 22 पर इब मै थमनै
समझाऊँ सूं के धीरज राक्खो, क्यूँके थारे म्ह तै किसे की जान का नुकसान
कोनी होवैगा, पर सिर्फ जहाज का। 23 क्यूँके परमेसवर जिसका मै सूं, अर
जिसकी भगति करुँ सूं, उसके सुर्गदूत नै आखरी रात मेरै धोरै आकै कह्या,
24 'हे पौलुस, डरै मतना! तन्नै कैसर कै स्याम्ही खड्या होणा जरूरी सै।
परमेसवर नै सारया ताहीं जो तेरे गेल्या सफर करै सै, जीवन दान दिया सै।'
25 ज्यांतै, हे भले माणसों, सब्र करो, क्यूँके मै परमेसवर का बिश्वास करुँ सूं,
के जिसा मेरै तै कह्या गया सै, उसाए होगा। 26 पर म्हारै ताहीं किसे टापू पै
जा टिकणा होगा।" 27 जिब चौदहवीं रात आई, अर हम अद्रिया समुन्दर म्ह
भटकदे होए हाँ डरे थे, तो आध्धी रात कै लोवै मल्लाहां नै अंदाजे तै जाण्या
के हम किसे देश कै लोवै पोहच रहे सां। 28 पाणी की गहराई नाप्पण पै
उननै एक सौ बीस फुट डून्घा पाया, अर थोड़ा आग्गै बढ़कै दुबारा थाह लेई
तो नब्बै फुट पाया। 29 फेर पथरीली जगहां तै टकराण कै डर तै उननै जहाज
की पिछली ओड़ चार लंगर गेरे, अर सबेरै होण की चाह करदे रहे। 30 पर
जिब मल्लाह जहाज पै तै भाजणा चाहवैं थे, अर गलही तै लंगर गेरण कै
बहाणै डोंगी समुन्दर म्ह उतार दी, 31 तो पौलुस नै सूबेदार अर सिपाहियाँ तै
कह्या, "जै ये जहाज पै न्ही रहे, तो थम भी कोनी बच सकदे।" 32 फेर
सिपाहियाँ नै जोड़े काटकै डोंगी गेर दी। 33 जिब सबेरै होण पै था, फेर
पौलुस नै न्यू कहकै, सारया ताहीं खाणा खाण कै खात्तर बिनती करी, "आज
चौदहा दिन होगे सै के थम चिन्ता करते-करते भूखे रहे, अर किमे न्ही खाया।
34 ज्यांतै थारे तै समझाऊँ सूं के किमे खा ल्यो, जिसतै थारा बचाव होवै,
क्यूँके थारे म्ह तै किसे का सिर का एक बाल भी कोनी गिरैगा।" 35 न्यू
कहकै उसनै रोट्टी लेकै सारया कै स्याम्ही परमेसवर का धन्यवाद करया
अर तोड़कै खाण लाग्या। 36 इस बात तै वे सारे उत्साहित होकै खाणा
खुवाण लाग्गे। 37 हम सारे मिलकै जहाज पै दो सौ छिहत्तर जणे थे। 38
जिब वे खाणा खाकै छिक्क लिये, तो गेहूँ ताहीं समुन्दर म्ह बगाकै जहाज

हल्का करण लाग्गे। 39 जिब दिन लिकड़या तो उननै उस देश ताहीं कोनी
पिच्छाणा, पर एक खाड़ी देक्खी जिसका किनारा चौरस था, अर विचार
करया के जै हो सकै तो इस्से पै जहाज नै टिकावै। 40 फेर उननै लंगरा ताहीं
खोल कै समुन्दर म्ह छोड़ दिया अर उस्से बखत पाल के रस्से ढील्ले कर
दिये, अर हवा कै स्याम्ही आगला पाल चढ़ाकै किनारे कै कान्ही चाल्ले। 41
पर दो समुन्दर के संगम की जगहां पड़कै उननै जहाज ताहीं टिकाया, अर
आगला भाग तो टिक ग्या, पर पिछली ओड़ लहरा तै टूटण लाग्गी। 42 फेर
सिपाहियाँ का यो विचार होया के कैदियाँ ताहीं मार देवैं, इसा ना हो के कोए
तैर कै लिकड़ भाज्जै। 43 पर सूबेदार नै पौलुस ताहीं बचाण की मर्जी तै उन
ताहीं इस विचार तै रोक्या अर न्यू कह्या, के जो तैर सकै सै, पैहल्या छलाँग
मारकै किनारे पै लिकड़ जावै। 44 अर बाकी कोए फट्टा पै, अर कोए जहाज
की दुसरी चीज कै सहारै लिकड़ जावै। इस तरियां तै सारे धरती पै बच
लिकड़े।

**28** जिब हम बच लिकड़े, तो बेरा लाग्या के यो माल्टा टापू कुह्वावै सै। 2
ओड़ै के बासिन्दयां नै म्हारै पै अनोक्खी दया करी, क्यूँके मिह बरसण कै
कारण ठण्ड थी, ज्यांतै आग सुलगाकै हम सारया ताहीं ठहराया। 3 जिब
पौलुस नै लाकड़ियाँ का भरोटा कठ्ठा करकै आग पै धरया, तो एक साँप आँच
पाकै लिकड़या अर उसकै हाथ तै लिपट गया। 4 जिब उन बासिन्दयां नै साँप
ताहीं उसकै हाथ तै लिपटे होड़ देख्या, तो आप्पस म्ह कह्या, "साच्चए यो
माणस खून्नी सै के फेर भी समुन्दर तै बच ग्या, तोभी न्याय नै जिन्दा कोनी
रहण दिया।" 5 फेर उसनै साँप ताहीं आग म्ह झटक दिया, अर उस ताहीं
किमे नुकसान कोनी होया। 6 पर वे लोग बाट देक्खै थे के वो सूज जावैगा या
चाणचक पड़कै मर जावैगा, पर जिब वे घणी वार ताहीं देखदे रहे अर देख्या
के उसका किमे भी कोनी बिगड़या, तो अपणा विचार बदलकै कह्या, "यो तो
कोए देवता सै।" 7 उस जगहां कै लोवै-धोवै उस टापू कै प्रधान पुबलियुस
की धरती थी। उसनै म्हारै ताहीं अपणे घरां ले जाकै तीन दिन मित्तर की ढाळ
सेवा-पाणी करी। 8 पुबलियुस का बाप बुखार अर बवासीर तै बीमार पड्या
था। आखर म्ह पौलुस नै उसकै धोरै कमरे म्ह जाकै प्रार्थना करी अर उसपै
हाथ धरकै उस ताहीं ठीक करया। 9 जिब इसा होया तो उस टापू के बाकी

बीमार पौलुस कै धोरै आये अर वे चंगे करे गये। 10 उननै म्हारा घणा आदर-
मान करया, अर जिब हम चाल्लण लाग्गे तो जो किमे म्हारै खात्तर जरूरी
था, उननै जहाज पै धर दिया। 11 तीन महिन्ने कै पाच्छै हमनै सिकन्दरिया
जावण आळे जहाज पै सफर शरु करया, यो जहाज ठण्ड़ के कारण इस
टापू म्ह ठैहरा होया था, इस जहाज के आगले भाग पै एक जोड़ी देवत्यां
का एक निशान था। (दियुसकूरी गढ़ी होई थी) 12 सुरकूसा नगर म्ह लंगर
गेर कै हम तीन दिन टिके रहे। 13 ओड़ै तै आग्गै बढ़कै हम रेगियुम नगर
म्ह आये, अर एक दिन कै पाच्छै दक्षिणी हवा चाल्ली, फेर हम दुसरे दिन
पुतियुली नगर म्ह आये। 14 ओड़ै हमनै बिश्वासी भाई मिले, उनकै कहणे तै
हम उनकै उरै सात दिन ताहीं रहे, अर इस तरियां तै हम रोम देश कान्ही
चाल्ले। 15 कुछ बिश्वासी भाई रोम देश तै म्हारी खबर सुणकै अप्पियुस कै
चौक अर तीन-सराए ताहीं म्हारै तै फेटण नै लिकड़ आये, जिन नै देखकै
पौलुस नै परमेसवर का धन्यवाद करया अर बड़ा उत्साहित होया। 16 जिब
हम रोम नगर म्ह पोहचे, तो पौलुस ताहीं एक सिपाही कै गेल्या जो उसकी
रुखाळी करै था, एक्ले रहण का हुकम मिलग्या। 17 तीन दिन कै पाच्छै
उसनै यहूदियाँ कै खास माणसां ताहीं बुलाया, अर जिब वे कठ्ठे होए तो उनतै
कह्या, "हे भाईयो, मन्नै अपणे माणसां कै या बाप-दाद्या कै बीवारां कै बिरोध
म्ह किमे भी कोनी करया, तोभी कैदी बणाकै यरुशलेम नगर तै रोमी सरकार
कै हाथ्थां सौंप्या गया। 18 उननै मेरै ताहीं जाँचकै छोड़ देणा चाह्या, क्यूँके
मेरै म्ह मौत कै जोग्गा कोए कसूर कोनी था। 19 पर जिब यहूदी अगुवें इसकै
बिरोध म्ह बोल्लण लाग्गे, तो मन्नै कैसर की दुहाई देणी पड़ी यो न्ही के मन्नै
अपणे माणसां पै कोए दोष लाणा था। 20 ज्यांतै मन्नै थारे ताहीं बुलाया सै
के थारे तै मिलूं अर बतळाऊँ, क्यूँके इस्राएल की आस कै खात्तर वो मसीह
इस बेल तै जकड़े होए सै।" 21 उननै उसतै कह्या, "ना हमनै तेरे बारै म्ह
यहूदिया परदेस तै चिट्ठी पाई, अर ना बिश्वासी भाईयाँ म्ह तै किसे नै आकै तेरे
बारै म्ह किमे बताया अर ना बुरा कह्या। 22 पर तेरा विचार के सै? वोए हम
तेरे तै सुणणा चाहवां सां, क्यूँके हमनै बेरा सै के हरेक जगहां इस पंथ कै
बिरोध म्ह माणस बात करै सै।" 23 फेर जो यहूदी पौलुस कै गैल थे, उननै
उसकै खात्तर एक दिन ठहराया, अर घणे माणस उसकै उरै कठ्ठे होए, अर वो

परमेसवर कै राज्य की गवाही देंदा होया, अर मूसा नबी के नियम-कायदे अर
नबियाँ की किताबां तै यीशु कै बारै म्ह समझा-समझाकै सबेरै तै साँझ ताहीं
वर्णन करदा रहया। 24 फेर कुछां नै उन बात्तां ताहीं मान लिया, अर कुछां नै
बिश्वास कोनी करया। 25 जिब वे आप्पस म्ह एक पंथ कोनी होए, तो पौलुस
की इस बात कै कहण पै चाल्ले गये "पवित्र आत्मा नै यशायाह नबी कै
जरिये थारे बाप-दाद्या तै सही ए कह्या था," 26 "जाकै इन माणसां तै कह,
के सुणदे तो रहोगे, पर ना समझोगे, देखदे तो रहोगे, पर ना बुझ्झोगे! 27
क्यूँके 'इन माणसां का मन मोट्टा अर उनके कान भारया हो गये सै, अर उननै
अपणी आँख मूंद ली सै, इसा ना हो के वे कदे आँखां तै देक्खै अर कान्ना तै
सुणै अर मन तै समझै अर पलटै, अर मै उन ताहीं ठीक करुँ।' 28 "इस
करकै थम जाणो सो के परमेसवर कै इस उद्धार की कथा गैर यहूदियाँ कै
धोरै भेज्जी गयी सै, अर वे स्वीकार करैगें।" 29 जिब उसनै न्यू कह्या तो
यहूदी आप्पस म्ह घणे बहस करण लाग्गे अर ओड़ै तै चले गये। 30 वो पूरे दो
साल अपणे किराए कै घर म्ह रहया, 31 अर जो उसकै धोरै आवै थे, उन
सारया तै मिलदा रहया अर बिना रोक-टोक घणा निडर होकै परमेसवर कै
राज्य का प्रचार करदा अर प्रभु यीशु मसीह की बात सिखान्दा रहया।

# रोमियों

**1** या चिट्ठी पौलुस की ओड़ तै सै, जो यीशु मसीह का दास सै अर परमेसवर
के जरिये प्रेरित होण कै खात्तर चुण्या गया अर उसका सुसमाचार सुणाण
खात्तर न्यारा करया गया सै। 2 यीशु के इस दुनिया म्ह आण तै भोत पैहले
परमेसवर नै वादा करया था, के वो नबियाँ कै जरिये इस सुसमाचार ताहीं
जाहिर करै, जिननै इसके बारें म्ह पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै। 3 यो सुसमाचार
परमेसवर के बेट्टे के बारें म्ह सै, जो म्हारा प्रभु यीशु मसीह सै। वो शारीरिक
तौर पै तो राजा दाऊद की पीढ़ी तै पैदा होया, 4 पर पवित्र आत्मा की शक्ति
तै मरे होया म्ह तै जिन्दा होण के कारण परमेसवर का बेट्टा कुह्लाया। 5
मसीह कै जरिये हमनै अनुग्रह अर प्रेरिताई परमेसवर तै मिली, ताके उसकै
नाम कै कारण गैर यहूदी माणस मसीह म्ह बिश्वास करकै उसकी मान्नै, 6
थम गैर यहूदी बिश्वासी जो रोम नगर म्ह सों, उन माणसां म्ह शामिल सों,
जिन ताहीं परमेसवर नै यीशु मसीह के माणस होण खात्तर बुलाया सै। 7 या
चिट्ठी रोम नगर के उन सारे माणसां के नाम सै, जो परमेसवर के प्यारे सै,
अर उसके पवित्र जन होण कै खात्तर बुलाए गये सै। मै प्रार्थना करुँ सूं, के
म्हारै पिता परमेसवर अर प्रभु यीशु मसीह की ओड़ तै थारे ताहीं अनुग्रह
अर शान्ति मिलदी रहवै। 8 सब तै पैहल्या मै थम सारया कै खात्तर यीशु
मसीह कै जरिये अपणे परमेसवर का धन्यवाद करुँ सूं, क्यूँके यीशु मसीह म्ह
थारे बिश्वास का जिक्र साब्ती दुनिया म्ह होरया सै। 9 परमेसवर, जिसकी
सेवा मै पूरे मन तै करुँ सूं, अर उसकै बेट्टे के सुसमाचार कै बारै म्ह माणसां
ताहीं बताऊँ सूं, वोए मेरा गवाह सै, के मै अपणी प्रार्थना म्ह थमनै किस
तरियां सारी हाण याद करुँ सूं। 10 अर बिनती करुँ सूं, के जै हो सक्या तो
परमेसवर की इच्छा के मुताबिक मै थारे तै मिलण भी आऊँ। 11 क्यूँके मै
थारे तै मिलण की लालसा करुँ सूं, ताके मै थमनै कोए आत्मिक आशीष
दियुँ जिसतै थम बिश्वास म्ह मजबूत हो जाओ। 12 मेरे कहण का मतलब यो
सै, के जिब मै थारे तै मिलु, तो मै थारे ताहीं अर थम मन्नै उत्साहित कर
सको, थम मेरे बिश्वास नै जाणकै मजबूत हो जाओ, अर मै थारे बिश्वास नै
जाणकै मजबूत हो जाऊँ। 13 हे बिश्वासी भाईयो, मै चाहूँ सूं के थम इस बात
नै जाणो, के मन्नै कई बार थारे धोरै आण की योजना बणाई, के मै थारे बीच

म्ह उसीए आत्मिक बढ़ोतरी देख सकूँ, जिसी मन्नै बाक्की गैर यहूदियाँ म्ह
देक्खी सै, पर इब तक मेरे आण म्ह रुकावट ए होन्दी रही सै। **14** मै उन
संस्कारी माणसां का जो यूनानी भाषा अर सभ्यता नै जाणै सै, अर जो
माणस उनकी भाषा अर सभ्यता नै न्ही जाणते, अर अकलमंद अर बेअक्ल
माणसां ताहीं वचन सुणाण का मन म्ह बोझ राक्खूँ सूं। **15** इस करकै म्ह मै
थमनै भी जो रोम नगर म्ह रहो सो, सुसमाचार सुणाण खात्तर जमा उत्सुक
सूं। **16** क्यूँके मै मसीह के सुसमाचार के बारें म्ह कोनी सरमान्दा, परमेसवर
अपणी शक्ति के जरिये सब नै बचावै सै जो सुसमाचार पै बिश्वास करै सै,
पैहल्या यहूदियाँ ताहीं अर फेर गैर यहूदी ताहीं। **17** क्यूँके सुसमाचार हमनै
बतावै सै, के परमेसवर अपणी नजर म्ह हमनै किस तरियां धर्मी बणावै सै।
जो शरु तै लेकै अंत तक मसीह पै बिश्वास करण तै हो सै, जिसा पवित्र ग्रन्थ
म्ह लिख्या भी सै, के परमेसवर अपणी नजर म्ह धर्मी जन बणावै सै, वो
बिश्वास तै जिन्दा रहवैगा। **18** परमेसवर का छो तो उन माणसां की सारी
अभगति अर अधर्म के काम्मां के कारण जो माणस करै सै, सुर्ग तै जाहिर हो
सै, वो अपणे सब अधर्म के काम्मां तै माणस ताहीं, परमेसवर की सच्चाई के
बारें म्ह जाणण तै रोक्कै सै। **19** वे परमेसवर के बारें म्ह इस करकै सही अर
आसान्नी तै जाण सकै सै, क्यूँके परमेसवर नै उन ताहीं इन बात्तां के बारें
म्ह बताया सै। **20** सच यो सै के दुनिया की शरुआत तै ए परमेसवर के
अनदेक्खे गुण, उसकी अनन्त सामर्थ्य अर उनका परमेसवरत्व, दुनिया म्ह
सै, अर दिक्खै भी सै, इस करकै माणस कै धोरै कोए बहाना कोनी, के वो
परमेसवर नै न्ही जाणता। **(aïdios g126)** **21** परमेसवर का ज्ञान होण पै,
भी उननै ना तो उस ताहीं परमेसवर होण कै लायक सम्मान दिया, अर ना
ए उसका धन्यवाद करया। इसके उल्ट वो उसके बारें म्ह बेकार की बात
सोच्चण लाग्गे, अर जिसा उन ताहीं सोचणा चाहिए था उसा न्ही सोच्या, पर
बुरा ए सोच्या। **22** वे अपणे-आप ताहीं अकलमंद मानकै बेअक्ले बणगे, **23**
अर अविनाशी परमेसवर की महिमा न्ही करी, बल्के नाशवान माणस, अर
पंछियाँ, रेंगण आळे अर चार पैरां आळे जानवरां की मूर्ति की आराधना करण
लाग्गे। **24** इस करकै परमेसवर नै उन ताहीं उनकै मन की बुरी इच्छा कै
मुताबिक गलत काम करण खात्तर छोड़ दिया ताके वे आप्पस म्ह अपणे

शरीरां तै गन्दे काम करै। 25 क्यूँके उननै परमेसवर के बारें म्ह सच्ची बात्तां
ताहीं जाणण की बजाये झूठ पै बिश्वास करया, अर सृष्टि की चिज्जां की
आराधना अर सेवा करी, ना के उस सृजनहार परमेसवर की जो सदा खात्तर
महिमा के लायक सै! आमीन। (aiōn g165) 26 ज्यांतै परमेसवर नै उन ताहीं
उनकी नीच कामनाओं कै बस म्ह छोड़ दिया, जिस कारण उनकी लुगाईयाँ नै
भी प्राकृतिक संभोग की जगहां अप्राकृतिक संभोग अपणालिया। 27 उस्से
तरियां ए लुगाईयाँ कै गेल्या प्राकृतिक संभोग नै छोड़कै माणस दुसरे माणस
कै खात्तर आप्पस म्ह कामुकता म्ह जळण लाग्गे, अर माणस का माणस कै
गेल्या बेशर्मी के काम करणा उनके उप्पर दण्ड लेकै आये। 28 अर जिब
उननै परमेसवर ताहीं जाणणा बेवकूफी लाग्या, तो परमेसवर नै भी उन ताहीं
उनकै निकम्मे मन के बस म्ह छोड़ दिया, ताके वे बुरे काम करै। 29 ज्यांतै वे
सारे ढाळ के अधर्म, दुष्टता, लालच, अर बैर-भाव तै भरगे, अर जळण,
हत्या, झगड़े, छळ, ईर्ष्या तै भरगे, अर चुगलखोर, 30 बदनाम करण आळे,
परमेसवर तै नफरत करण आळे, बुराई करण आळे, दुसरयां की बेजती
करण आळे, डिंगमार, घमण्डी, भुंडी-भुंडी बात्तां कै बणाण आळे, माँ-बाप
का हुकम ना मानण आळे, 31 बेअक्ले, बिश्वासघाती, प्यार अर दया की
कमी अर निर्दयी होग्ये। 32 वे तो परमेसवर की या धार्मिक विधि नै जाणै सै,
के इसे-इसे काम करण आळे मौत के दण्ड कै जोग्गे सै, फेरभी ना सिर्फ
आप ए इसे काम करै सै, बल्के इसे काम करण आळा तै राज्जी भी होवै सै।

**2** इस करकै हे मेरे बिश्वासी भाईयो, थम जो कोए भी क्यूँ ना हो, थारे धोरै
इस बात का कोए जवाब कोनी, के थम जो दुसरयां पै दोष लगाओ सों, तो
उस बात के कारण खुद अपणे-आप पै दण्ड लेकै आओ सों, क्यूँके जिस
बात के बारें म्ह थम उसनै दोषी बणाओ हो, थम खुद भी वोए काम करो
सों। 2 हमनै यो बेरा सै, के परमेसवर उसका न्याय धार्मिकता कै साथ
जरुर करैगा, जो इसे बुरे काम करै सै। 3 जिब के थम जो इसे-इसे काम
करणीया पै दोष लगाओ सों, अर खुद वैए काम करो सों, के न्यू समझों सों
के थम परमेसवर के दण्ड तै बच जाओगे? 4 के थम परमेसवर की भलाई,
सहनशीलता, अर धीरजरूपी धन ताहीं तुच्छ जाणो सों? के थम न्ही समझते
के परमेसवर की भलाई ए थारे ताहीं पाप छोड़णा सिखावै सै? 5 पर थम

हठिल्ले सों, अर पाप करणा न्ही छोड़दे, अर ना ए अपणे-आपनै बदलना
चाहन्दे। इस करकै जिस दिन परमेसवर अपणा छो दिखावैगा, उस दिन
धार्मिकता कै साथ उसका न्याय जाहिर होवैगा, अर वो थारे ताहीं भारी दण्ड
देवैगा। 6 परमेसवर हरेक नै उसकै काम कै मुताबिक फळ देवैगा। 7 जो
माणस भले काम करते रहवै सै, अर परमेसवर की महिमा, आदर अर अनन्त
जीवन की खोज म्ह लाग्गे रहवै सै, परमेसवर उन सारया ताहीं अनन्त जीवन
देवैगा। (aiōnios g166) 8 पर जो मतलबी सै अर सच नै कोनी मान्दे, बल्के
अधर्म नै मान्नैं सै, उनपै परमेसवर का छो अर प्रकोप पड़ैगा। 9 क्लेश अर
संकट हरेक माणस पै आवैगा। परमेसवर सबतै पैहल्या यहूदियाँ का अर बाद
म्ह उन माणसां का न्याय करैगा जो गैर यहूदी सै। 10 पर महिमा, आदर अर
शान्ति हरेक नै मिलैगी, जो भले काम करै सै, पैहल्या यहूदी ताहीं फेर उन
माणसां ताहीं जो गैर यहूदी सै। 11 क्यूँके परमेसवर किसे का पक्षपात कोनी
करदा। 12 वे सारे गैर यहूदी माणस जिननै परमेसवर के नियम-कायदे जो
मूसा नबी ताहीं मिले थे, उन ताहीं जाणे बिना जिसनै पाप करया सै, वे
नियम-कायदा नै बिना जाणे नाश भी होवैंगें, पर जिन नै नियम-कायदे नै
जाणकै भी पाप करया सै, उनका न्याय भी नियम-कायदे कै मुताबिक करया
जावैगा। 13 क्यूँके परमेसवर की निगांह म्ह नियम-कायदे कै सुणण आळे
धर्मी माणस कोनी, पर नियम-कायदे पै चाल्लण आळा नै धर्मी बणावैगा।
14 फेर जिब गैर यहूदी लोग जिनकै धोरै मूसा नबी के नियम-कायदे कोनी,
कुदरती तौर पैए नियम-कायदे की बात्तां पै चाल्लै सै, तो नियम-कायदे उनकै
धोरै ना होण पै भी, उन ताहीं बेरा सै, के उननै के करणा सै, अर के न्ही
करणा। 15 वे नियम-कायदे की बात अपणे-अपणे दिलां म्ह लिखी होई
दिखावै सै अर उनकी अन्तरात्मा भी इसकी गवाही देवैं सै, के ये बात सच सै,
क्यूँके उनके विचार उनपै दोष लगावै सै, या फेर यो बतावै सै के वो ठीक करै
सै। 16 यो सब उस दिन स्पष्ट हो जावैगा, जिब परमेसवर मेरै जरिये सुणाये
गये सुसमाचार के मुताबिक, माणसां की लुक्ही होई बात्तां का न्याय, यीशु
मसीह कै जरिये करैगा। 17 थम खुद नै यहूदी कुहावै सों, अर मूसा नबी के
नियम-कायदे पै भरोस्सा राक्खों सों, परमेसवर थारे पै दया करै सै, इस
कारण थम घमण्ड करण लागरे सों। 18 अर थमनै परमेसवर की मर्जी का

बेरा से, थम आच्छी-आच्छी बात्तां नै तो चाहो सों, क्यूँके थारे ताहीं ये बात
मूसा नबी के नियम-कायदे म्ह तै सिखाई गई सै। 19 अर थमनै इस बात का
पूरा भरोस्सा सै, के थम आंध्याँ नै राह दिखाण आळे अर अन्धकार म्ह भटके
होए माणसां खात्तर परमेसवर का चाँदणा सों। 20 अर बेअक्लां नै सिखाण
आळे अर बाळकां के उपदेशक सों। थमनै बेरा सै के परमेसवर के नियम-
कायदे थमनै पूरी तरियां तै ज्ञान अर सच्चाई देवै सै। 21 इस करकै थम जो
दुसरयां नै शिक्षा देओ सों, तो अपणे-आपनै शिक्षा क्यूँ न्ही देन्दे? थम उपदेश
देओ सों, के "चोरी ना करियो," के थम खुद चोरी कोनी करते! 22 थम
जो कहवै सों, के "जारी ना करियो," के खुद जारी कोनी करते? थम जो
मूर्तियाँ तै नफरत करो सों, के खुद ए मन्दरां नै कोनी लूटते? 23 थम जो
नियम-कायदे नै जाणण का घमण्ड करो सों, के नियम-कायदे नै ना मानकै
परमेसवर का अनादर कोनी करते? 24 "थम यहूदियाँ के कारण गैर यहूदियाँ
म्ह परमेसवर के बारें म्ह बुरा भला कह्या जावै सै, जिसा पवित्र ग्रन्थ म्ह
लिख्या भी सै।" 25 मै थमनै कुछ बताऊँ सूं, थारा खतना करया जाणा जिब्बे
फायदेमन्द सै, जिब थम नियम-कायदा नै मान्नो, जै थम इसा न्ही करते तो
थम उन माणसां की ढाळ सों जिनका खतना न्ही होया। 26 जै बिना खतना
करे होए माणस नियम-कायदे की विधियाँ नै मान्नै, तो परमेसवर उन ताहीं
अपणे माणस क्यूँ न्ही कहवैगा। 27 बिना खतना होए माणस जो परमेसवर
के हुकमां नै मान्नै सै, वे थारी बुराई करैगें जिनकै धोरै परमेसवर के नियम-
कायदे सै जिन ताहीं थम मानते न्ही। 28 असली यहूदी वो कोनी जो सिर्फ
यहूदी माँ-बाप तै पैदा होया सै, अर ना ए वो असली खतना सै, जो दिखाण
खात्तर देह म्ह करया गया सै। 29 यहूदी वो सै, जो अपणे मन म्ह यहूदी सै,
अर खतना वो सै, जो पवित्र आत्मा के जरिये मन का करया जावै सै, ना के
वो जो नियम-कायदा के मुताबिक करया जावै सै, इस ढाळ के माणसां की
तारीफ माणसां की ओड़ तै न्ही, पर परमेसवर की ओड़ तै करी जावै सै।

**3** कोए कह सकै सै, के भला यहूदी होण का के फायदा, या खतना कराण
का के फायदा? 2 यहूदी होण के भोत फायदे सै, क्यूँके परमेसवर के वचन
यहूदियाँ ताहीं ए सौंपे गये सै। 3 अगर कुछ यहूदी माणस बिश्वासघाती
लिकड़ै भी तो उसतै के फर्क पड़ै सै? परमेसवर अपणे वादे पूरा करण म्ह

बिश्वास जोग्गा सै, तो इसका यो मतलब कोनी के परमेसवर भी बिश्वासघाती
सै। 4 न्ही! बिल्कुल न्ही! बल्के परमेसवर सच्चा सै, अर दुनिया का हरेक
माणस झूठ्ठा ठैहरै, जिसा पवित्र ग्रन्थ म्ह परमेसवर के बारें म्ह लिख्या सै,
“जिसतै तू अपणी बात्तां म्ह धर्मी साबित हो अर न्याय करदे बखत तू जीत
पावै।” 5 इस करकै जै म्हारे बुरे काम परमेसवर की धार्मिकता साबित कर
देवै सै, तो हम के कह्वां? के न्यू कह्वां के परमेसवर जो छो करै सै, तो के वो
अन्यायी सै? (यो तो मै दुनियावी नजरिये तै कहूँ सूं)। 6 न्ही! बिल्कुल न्ही!
जै परमेसवर यहूदी माणसां का न्याय सही तरिक्कें तै न्ही कर सकता, तो वो
दुनिया के माणसां का भी न्याय सही तरिक्कें तै न्ही कर सकता? 7 के कोए
कह सकै सै, जै मेरा झूठ परमेसवर की सच्चाई नै दिखावै अर उसकी महिमा
नै बढ़ावै, तो परमेसवर किस तरियां मन्नै परख के पापी साबित कर सकै
सै? 8 कई माणस यो कह के मेरे पै दोष लगावै सै, के “आओ, हम बुरे काम
करा के इसतै ए कुछ भलाई हो जा।” जो मेरे बिरुध्द इसी बात कहवै सै वो
दण्ड के लायक सै। 9 तो फेर हम के कह सका सां? के हम यहूदी गैर
यहूदियाँ तै आच्छे सां? कदे भी न्ही! क्यूँके हम यहूदी अर गैर यहूदी दोनुवां पै
यो दोष ला चुके सां के वे सारे के सारे पाप की शक्ति के बस म्ह सै। 10
जिसा के पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै: “कोए भी माणस परमेसवर की नजर
म्ह धर्मी कोनी, एक भी कोनी। 11 कोए भी माणस समझदार कोनी, कोए
परमेसवर का टोह्ण आळा कोनी। 12 सारे माणस परमेसवर की राह तै भटक
ग्ये सै, सबके सब परमेसवर की नजर म्ह निकम्मे बणगे सै, कोए भी भलाई
करण आळा कोनी, एक भी कोनी। 13 उनका मुँह खुली होई कब्र की ढाळ
सै, जिस म्ह तै बदबू आवै सै। क्यूँके अपणे मुँह तै वे भुंडा बोल्लै सै, अर वे
जो भी बोल बोल्लै सै वो साँप के जहर की तरियां जहरीले सै। 14 उनका
बोल श्राप अर कड़वाहट तै भरया सै। 15 वो लहू बहाण खात्तर फुर्तीले सै,
16 वे जित्त भी किते जावै सै ओड़े नाश अर क्लेश लेकै जावै सै, 17 वे न्ही
जाणते के माणसां के गैल खुशी अर शान्ति तै किस तरियां जीणा सै। 18 उन
म्ह परमेसवर का डर सै ए कोनी।” 19 हमनै बेरा सै के मूसा नबी के नियम-
कायदे जो कुछ कहवै सै, उन्हे तै कहवै सै, जो नियम-कायदे कै अधीन सै,
ताके कोए भी माणस भान्ना न्ही बणा सकै, अर दुनिया के सारे माणस

परमेसवर के स्याम्ही दोषी ठैहराये जावै। 20 क्यूँके मूसा नबी के नियम-
कायदे के पुगाण तै कोए माणस उसकै स्याम्ही धर्मी कोनी बणैगा, क्यूँके
नियम-कायदा कै जरिये हमनै बेरा लाग्गै सै के हम पापी सां। 21 पर इब
नियम-कायदा नै मान्ने बिना धार्मिकता जो परमेसवर तै मिलै सै, अर जिसके
बारें म्ह मूसा नबी के नियम-कायदा अर नबियाँ की किताब्बां म्ह भोत पैहले
लिख्या सै, के परमेसवर हमनै धर्मी किस तरियां बणावै सै। 22 मतलब
यो के हम प्रभु यीशु मसीह पै बिश्वास करण तै धर्मी बणा सां, जो यीशु
मसीह पै बिश्वास करण तै सब माणसां खात्तर सै। क्यूँके परमेसवर की नजर
म्ह सब माणस एक समान सै। 23 क्यूँके सारया नै पाप करया सै, अर
सब परमेसवर की महिमा तै दूर होगे सै, 24 परमेसवर नै म्हारे पै अनुग्रह
करया, के उसनै यीशु मसीह के जरिये म्हारे ताहीं म्हारे पापां के दण्ड तै छुड़ा
लिया, अर म्हारे ताहीं बिना कुछ करे धर्मी बणाया। 25 परमेसवर नै यीशु
मसीह ताहीं म्हारे पाप की कीमत चुकाण खात्तर इस दुनिया म्ह भेज्जा, यीशु
मसीह नै म्हारे खात्तर अपणा लहू बहा के अपणी जान दे दी। ताके हम उसपै
बिश्वास करण के जरिये परमेसवर कै धोरै आ सकां, अर उसनै इसा यो
दिखाण खात्तर करया, के वो पैहले जमाने म्ह भी पापी माणसां गैल सबर तै
रहण म्ह अर उनके पाप माफ करण म्ह धर्मी था, बल्के इब भी उसकी
धार्मिकता जाहिर हो जावै, जिसतै वे खुद धर्मी बणै अर जो प्रभु यीशु म्ह
बिश्वास राक्खै सै, वो परमेसवर की नजर म्ह भी धर्मी बण जावै। 27 तो के
हम किसे बात पै घमण्ड कर सकां सां? उसकै खात्तर कोए जगहां न्ही। के
नियम-कायदा के जरिये या उननै मानण कै जरिये सां? न्ही! पर यीशु मसीह
पै बिश्वास करण तै घमण्ड करां सां। 28 इस करकै हम इस नतीजै पै पोहचे
सा, के परमेसवर म्हारे ताहीं यीशु मसीह पै बिश्वास करण कै जरिये धर्मी
बणावै सै, ना के मूसा नबी के नियम-कायदा ताहीं मानण तै। 29 परमेसवर
सिर्फ यहूदियाँ ए का परमेसवर कोनी, पर वो गैर यहूदियाँ का भी परमेसवर
सै। 30 क्यूँके एक ए परमेसवर सै, जो खतना आळा नै यीशु मसीह पै
बिश्वास करण तै अर बिन-खतना आळा ताहीं भी, बिश्वास कै जरिये धर्मी
बणावै सै। 31 तो के म्हारा बिश्वास नियम-कायदे नै बेकार बतावै सै? न्ही!

बिल्कुल न्ही! बल्के इसके उल्ट जिब हम बिश्वास करा सां तो हम समझ
जावां सां, के परमेसवर नै म्हारे ताहीं नियम-कायदा क्यूँ दिये।

**4** तो हम यहूदी होण के नाते म्हारे पूर्वज अब्राहम के बारें म्ह के कहवा। 2 जै
अब्राहम आच्छे काम्मां तै धर्मी बणाया जान्दा, तो वो इसका घमण्ड कर सकै
था, पर वो परमेसवर के स्याम्ही आच्छे काम्मां के जरिये घमण्ड न्ही कर
सकदा। 3 पवित्र ग्रन्थ के कहवै सै? न्यू के "अब्राहम नै परमेसवर के वादे पै
बिश्वास करया, अर परमेसवर नै उसके बिश्वास के कारण उस ताहीं धर्मी
बणा दिया।" 4 जो मेहनत करै सै उसकी मजदूरी नै ईनाम न्ही कहन्दे, बल्के
वो तो उसका हक सै। 5 पर माणस काम्मां के जरिये धर्मी कोनी बणता, पर
भगतिहीन माणस जो परमेसवर पै बिश्वास करै सै उसके बिश्वास के करण
वो धर्मी बणै सै। 6 जिसनै परमेसवर बिना काम्मां कै धर्मी बणावै सै, पवित्र
ग्रन्थ म्ह राजा दाऊद भी धन्य उस ताहीं कहवै सै। 7 "धन्य सै, वे जिनके
अधर्म माफ होए, अर पाप भूला दिये गये। 8 धन्य सै वो माणस जिसके
पापां का हिसाब परमेसवर न्ही राखदा।" 9 के या आशीष जिन माणसां का
खतना हो लिया, उनकै ए खात्तर सै, या जिनका खतना न्ही होया उन खात्तर
भी सै? हम न्यू कह्वां सां, "अब्राहम नै परमेसवर पै बिश्वास करया, अर
परमेसवर नै उसके बिश्वास के कारण उस ताहीं धर्मी बणा दिया।" 10 तो यो
कद होया? खतने की हालत म्ह या बिना खतने की हालत म्ह? खतने की
हालत म्ह कोनी पर बिना खतने की हालत म्ह। 11 जिब अब्राहम का खतना
न्ही होया था, जिब भी परमेसवर नै उस ताहीं स्वीकार करया, अर उस ताहीं
धर्मी बणाया, खतने का निशान अब्राहम ताहीं अपनाण की छाप सै, इस
करकै अब्राहम उन माणसां का आत्मिक पूर्वज सै, जो बिश्वास करै सै पर
जिनका खतना न्ही होया, वो बिश्वास के जरिये धर्मी बणे। 12 अर वो उन
खतना करे होए माणसां का आत्मिक पूर्वज सै, जो ना सिर्फ खतना करे होए
सै, पर उनका बिश्वास उसाए हो जिसा उनके पूर्वज अब्राहम का तब था, जिब
उसका खतना न्ही होया था। 13 परमेसवर नै अब्राहम ताहीं अर उसके वंश
ताहीं पूरी दुनिया देण का वादा करया, यो इस करकै कोनी होया के अब्राहम
नै नियम-कायदा ताहीं मान्या, क्यूँके उसनै परमेसवर पै बिश्वास करया, इस
बजह तै उसनै उस ताहीं धर्मी बणा दिया। 14 अब्राहम अर उसके वंश ताहीं

यो वादा इस खात्तर दिया गया, क्यूँके उननै नियम-कायदा ताहीं मान्या, तो
बिश्वास बेकार अर वादा झूठ्ठा लिकड़या। 15 परमेसवर का छो नियम-कायदा
नै ना मानण आळा पै पड़ै सै, अर जित्त नियम-कायदे कोनी ओड़ै उसका
उल्लंघन भी कोनी। 16 इस बजह तै वादा परमेसवर पै बिश्वास करण तै मिलै
सै, जो अनुग्रह के मुताबिक से, यो वादा अब्राहम के सारे वंशा ताहीं मिल्या
सै, ना कै सिर्फ उन ताहीं जो माणस मूसा नबी के नियम-कायदा नै मान्नै सै,
पर उन माणसां कै खात्तर भी जो अब्राहम की ढाळ परमेसवर पै बिश्वास करै
सै, क्यूँके अब्राहम ए म्हारे सारया का पूर्वज सै। 17 जिसा पवित्र ग्रन्थ म्ह
लिख्या सै, "मन्नै तेरे ताहीं घणीए जात्तां का पूर्वज बणाया सै" परमेसवर की
नजर म्ह अब्राहम म्हारा पूर्वज सै। उननै उस परमेसवर पै बिश्वास करया, जो
मरे होया नै जिन्दा करै सै, अर जो बात सै ए न्ही उनका नाम इसा लेवै सै के
मान्नो वे सै। 18 परमेसवर नै अब्राहम तै कह्या, तेरे भोत-से वंश होवैंगे। पर
अब्राहम नै सोच्या के बुढ़ापे म्ह, मेरै किस तरियां ऊलाद पैदा होगी? क्यूँके
वो तकरीबन सौ साल का हो लिया था, अर सारा भी बूढ़ी होण के कारण
बच्चे पैदा कोनी कर सकै थी। इन सारी बात्तां तै साफ जाहिर था, के उसके
भोत-से वंशज न्ही हो सकदे, तोभी अब्राहम का बिश्वास कमजोर न्ही होया,
वो परमेसवर के वादे पै बिश्वास करदा रह्या, अर उसनै आस न्ही तोड़ी। 20
अर ना ए अबिश्वासी होकै परमेसवर कै वादा पै शक करया, पर बिश्वास म्ह
पक्का होकै उसकी महिमा करी। 21 अर पक्के तौर पै जाण्या के जिस बात
का परमेसवर नै वादा करया सै, वो उसनै पूरा करण म्ह भी सामर्थी सै।
22 अर परमेसवर नै उसके बिश्वास के कारण उस ताहीं धर्मी बणा दिया।
23 अर पवित्र ग्रन्थ के इस वचन नै, "बिश्वास के कारण उस ताहीं धर्मी
बणा दिया।," ना सिर्फ यो वचन अब्राहम कै खात्तर लिख्या गया, 24 बल्के
म्हारै खात्तर भी जिनकै खात्तर लिख्या गया, जो बिश्वास के जरिये धर्मी बण
जावैगा, यानिके के म्हारै खात्तर, जो उसपै बिश्वास करा सां, जिसनै म्हारै प्रभु
यीशु ताहीं मरे होया म्ह तै जिन्दा करया। 25 यीशु मसीह म्हारै अपराध्धा कै
खात्तर पकड़वाया अर मारा भी गया, अर म्हारे ताहीं धर्मी बणाण कै खात्तर
परमेसवर नै उस ताहीं जिन्दा कर दिया।

**5** इस करकै जिब हम मसीह पै बिश्वास करण तै धर्मी बणा दिए गये सां, तो
परमेसवर तै म्हारा मेळ-मिलाप अपणे प्रभु यीशु मसीह कै जरिये हो लिया।
**2** बिश्वास कै जरिये मसीह नै म्हारी पोहच पिता के उस अनुग्रह तक कर दी
सै। उस अनुग्रह म्ह हम बणे होए सां, अर परमेसवर की महिमा की आस
म्ह खुश सां। **3** सिर्फ योए न्ही, बल्के हम मुसीबतां म्ह भी खुश रहवां,
न्यू जाणकै के मुसीबतां तै धीरज, **4** धीरज तै खरयां लिकड़णा, अर खरे
लिकड़ण तै आस होवै सै। **5** अर आस तै निराशा न्ही होन्दी, क्यूँके पवित्र
आत्मा जो परमेसवर नै म्हारै ताहीं दिया सै, उसकै जरिये परमेसवर का
प्यार म्हारै मन म्ह भरया गया सै। **6** क्यूँके जिब हम कमजोर थे, तो मसीह
परमेसवर के बताये गये सही बखत पै बुरे माणसां कै खात्तर मरया। **7** किसे
धर्मी माणस कै खात्तर कोए जान देवै यो तो मुश्किल सै, पर शायद कोए
भले माणस खात्तर जान देण खात्तर तैयार हो सकै सै। **8** पर परमेसवर म्हारे
पै अपणे प्यार की भलाई इस तरियां तै साबित करै सै, के जिब हम पापी ए
थे, जिब्बे मसीह यीशु म्हारै खात्तर मरया। **9** जिब के इब यीशु कै लहू बहाण
के कारण परमेसवर नै म्हारे ताहीं अपणी नजर म्ह धर्मी बणाया सै, तो उसकै
जरिये परमेसवर कै छो तै क्यांतै न्ही बचांगें? **10** क्यूँके जिब हम परमेसवर
के बैरी थे, तो उसकै बेट्टे की मौत कै जरिये म्हारा मेळ-मिलाप परमेसवर कै
गेल्या होया, अर सब तै आच्छी बात या सै, के मेळ-मिलाप हो जाण के
कारण उसकै बेट्टे यीशु मसीह के जरिये दिए गये जीवन कै कारण म्हारा
उद्धार पक्का सै। **11** इब तो म्हारे प्रभु यीशु मसीह कै जरिये, परमेसवर म्ह
म्हारा मेळ-मिलाप होग्या सै, इस खात्तर हम उस म्ह खुश सां। **12** परमेसवर
नै एक माणस आदम बणाया, जिसकै कारण दुनिया म्ह पाप आया, अर उस
पाप के करण मौत आई, अर इस तरियां तै मौत सारे माणसां म्ह फैलगी,
क्यूँके आदम के वंश होण के कारण सब पापी बणगे। **13** मूसा नबी के
नियम-कायदा कै दिए जाण तै पैहले भी, दुनिया म्ह माणस पाप करै थे, पर
वो पाप गिण्या कोनी जावै था, क्यूँके ओड़ै नियम-कायदे कोनी थे, जिन
ताहीं तोड्या जा सकै। **14** तोभी आदम तै लेकै मूसा नबी तक सब नै मौत
आई। जिस तरियां आदम नै परमेसवर के हुकम ताहीं तोड्या उसकी तरियां
हमनै उसके हुकम ताहीं न्ही तोड़ा, अर आदम यीशु मसीह का नमूना था जो

आण आळा था। 15 पर आदम के अपराध अर परमेसवर के अनुग्रह के
वरदान के बीच म्ह एक भोत बड़ा अन्तर सै, क्यूँके जब एक माणस आदम,
कै अपराध करण के कारण, भोत-से माणसां की मौत होई, पर दुसरे माणस
यीशु मसीह के जरिये, परमेसवर का अनुग्रह भोत-से माणसां पै होया सै। 16
तो परमेसवर के वरदान का नतिज्जा आदम के पाप तै भोत अलग सै।
उसका पाप दण्ड लेकै आवै सै, पर परमेसवर का वरदान म्हारे ताहीं धर्मी
बणावै सै, भलाए हम कई पापां के दोषी क्यूँ ना हो। 17 क्यूँके एक माणस
के अपराध कै कारण सब नै मौत आई। पर इसतै ज्यादा परमेसवर का
अनुग्रह अर धार्मिकता का वरदान सै, जो उस ताहीं पावै सै, वो पाप अर मौत
पै यीशु मसीह कै जरिये जयवन्त होवै सै, अर वे उसकै गैल अनन्त जीवन म्ह
राज करैगें। 18 जिस तरियां आदम का अपराध, सारे माणसां कै खात्तर दण्ड
लेकै आया, ठीक उस्से तरियां ए मसीह यीशु के धार्मिकता के काम करण तै,
सारे माणसां नै जिन्दगी मिली, अर वे परमेसवर की नजर म्ह धर्मी बणै। 19
क्यूँके जिसा एक माणस कै हुकम ना मानण तै भोत-से माणस पापी बणे,
उस्से तरियां ए एक माणस कै हुकम मानण तै भोत-से माणस धर्मी बणैगें।
20 मूसा के नियम-कायदे म्हारे ताहीं इस खात्तर दिए गये, ताके माणस देख
सकै के वे कितने पापी सै पर जिब माणस पाप पै पाप करै सै, तो ओड़ै
परमेसवर का अनुग्रह उसतै भी घणा होया करै। 21 सारे माणसां नै पाप पै
पाप करया, अर वे मरगे, पर म्हारै प्रभु यीशु मसीह कै जरिये परमेसवर का
अनुग्रह हमनै धर्मी बणावै सै, अर म्हारे ताहीं अनन्त जीवन देवै सै। (aiōnios
g166)

**6** कोए कह सकै सै? के परमेसवर अपणे अनुग्रह तै म्हारे पाप माफ करै सै,
पर इसा मत सोच्चों के पाप करदे रहवां ताके अनुग्रह घणा हो। 2 न्ही!
बिल्कुल न्ही! हम जिब पाप कै खात्तर मरग्ये तो हमनै आग्गै तै दुबारा पाप
न्ही करणा चाहिए। 3 हम जाणा सां, के हम सारे जिननै मसीह यीशु के नाम
म्ह बपतिस्मा लिया सै, यो इसा सै, के जिसा हम मसीह के गैल मर जाणा।
4 इस करकै जिब हम बपतिस्मा लेवां सां, तो हम उसकै साथ मर जावां सां,
अर उसके साथ गाड्डे जावां सां, ताके जिस तरियां मसीह पिता परमेसवर की
महिमा कै जरिये मरे होया म्ह तै जिन्दा करया गया, उस्से तरियां ए हमनै भी

नया जीवन जीणा चाहिए। 5 क्यूँके जै हम उसकी मौत की समानता म्ह
बपतिस्में के जरिये उसके गेल्या एक हो जावां सां, तो पक्के तौर पै उसकै
जिन्दा उठण की समानता म्ह भी एक हो जावांगें। 6 इस्से तरियां म्हारा
पुराणा पापी सुभाव यीशु मसीह कै गेल्या क्रूस पै चढ़ाया गया, ताके जो
पापी सुभाव म्हारी देह म्ह सै वो नाश हो जावै, अर हम आग्गै दुबारा पाप की
गुलामी म्ह न्ही रहवां। 7 क्यूँके जिब हम मसीह के गैल मरा सां, तो हम पाप
की शक्ति तै आजाद हो जावां सां। 8 इस करकै जै हम मसीह कै गेल्या मरगे,
तो म्हारा बिश्वास यो सै के उसकै गेल्या जीवांगें भी। 9 क्यूँके न्यू बेरा सै, के
मसीह मरे होया म्ह तै जिन्दा उठकै दुबारा फेर न्ही मरैगा, उसपै फेर मौत का
राज न्ही होवैगा। 10 क्यूँके मसीह पाप कै खात्तर एक ए बार मर गया, पर
इब जो जिन्दा सै, तो परमेसवर की महिमा करण कै खात्तर जिन्दा सै। 11
इस्से तरियां थम भी अपणे-आप ताहीं पाप कै खात्तर तो मरया होड़, पर
परमेसवर की महिमा करण खात्तर मसीह यीशु म्ह जिन्दा समझो। 12 इस
करकै पाप की लालसा थारी नाश होण आळी देह म्ह राज न्ही करै, के थम
उसकी लालसाओं के कब्जे म्ह ना रहो। 13 अपणे देह के अंगा ताहीं अधर्म
कै काम्मां खात्तर इस्तमाल ना करो, पर अपणे-आप ताहीं मरे होया म्ह तै
जिन्दे जाणकै अपणी जिन्दगी परमेसवर ताहीं दे दो, अर अपणे देह के अंगा
ताहीं धार्मिक काम्मां खात्तर परमेसवर नै सौंप दो। 14 फेर थारे पै पाप
का राज कोनी होवैगा, क्यूँके थम नियम-कायदे कै अधीन म्ह न्ही, बल्के
परमेसवर के अनुग्रह कै अधीन म्ह जीण लागरे सों। 15 तो इसका मतलब के
सै? के हम नियम-कायदे का अधीन म्ह न्ही, बल्के परमेसवर के अनुग्रह कै
अधीन सां, इस करकै के हम पाप कर सका सां? न्ही! बिलकुल न्ही! 16
थम जाणो सों के जिब थम खुद नै किसे का गुलाम होण खात्तर देओ सों, तो
थम वोए करो सों, जो थारा माल्लिक कहवै सै। थम पाप के गुलाम भी बण
सकों सों, जो मौत लेकै आवै सै, या फेर थम परमेसवर के हुकम नै मानकै
धार्मिकता का जीवन जी सको सों। 17 थम पाप के गुलाम थे, पर इब थमनै
वे सारी शिक्षा मान्नी सै, जो थारे ताहीं मिली थी, इस करकै मै परमेसवर का
धन्यवाद करुँ सूं। 18 इब पाप की शक्ति तै छुटाये जाकै परमेसवर के दास
बणो ताके थम धर्म के काम करो। 19 मै थारे ताहीं आसान तरिक्कें लिखूँ सूं,

ताके आम आदमी भी आसान्नी तै समझ सकै, के जिब थम अपणी पिच्छली
जिन्दगी की गुलाम थे, अर थम हरेक ढाळ के अशुद्ध अर भुन्डे काम करो थे।
तो इब थम अपणी देह नै धार्मिक जीवन के दास बणा ल्यो, ताके थम पवित्र
जीवन जी सको। 20 जिब थम पाप के गुलाम थे, तो थम धार्मिकता के
काम न्ही कर पाओ थे। 21 थम बुरा काम करो थे, अर इब उन बुरे काम्मां
के कारण शर्मिन्दा सों, तो थमनै के मिल्या? इन सारी बात्तां का नतिज्जा
मौत सै। 22 पर इब पाप तै आजाद होकै अर परमेसवर के दास बणकै इब
थम वो काम करो सों, जिसतै थम पवित्र बणो सों, अर उसका नतिज्जा
अनन्त जीवन सै। **(aiōnios g166)** 23 क्यूँके पाप का नतिज्जां तो मौत सै, पर
परमेसवर का वरदान म्हारै प्रभु मसीह यीशु म्ह अनन्त जीवन सै। **(aiōnios
g166)**

**7** हे बिश्वासी भाईयो, थमनै बेरा सै, (मै नियम-कायदे के जाणण आळा तै
कहूँ सूं) के जिब ताहीं माणस जिन्दा रहवै सै, तब तक उसनै नियम-कायदे
मानने पड़ैगें। 2 उदाहरण के तौर पै एक ब्याता लुगाई नै मरते दम तक
नियम-कायदे कै मुताबिक अपणे धणी कै साथ रहणा चाहिये, पर जै धणी
मर जा, तो वा धणी के नियम-कायदे तै आजाद हो जा सै। 3 ज्यांतै जै धणी
कै जिन्दे जी वा किसे दुसरे माणस की हो जावै, तो जार कुह्वावैगी, पर जै
धणी मर ज्या, तो वा उस नियम-कायदे तै आजाद हो जा सै, उरै ताहीं के जै
किसे दुसरे माणस की हो जावै तोभी जार कोनी ठैहरैगी। 4 उस्से तरियां ए हे
मेरे बिश्वासी भाईयो, जिब थम मसीह कै साथ मरगे, तो थम नियम-कायदा
खात्तर मरेगे, इब थम मसीह के हो, जो मरे होया म्ह तै जिन्दा उठ्या, ताके
हम परमेसवर कै खात्तर धार्मिक जीवन जी सका। 5 क्यूँकि जिब हम अपणे
देह की इच्छा के मुताबिक जिवां सां, तो पाप की लालसा म्हारै अंगा म्ह काम
करै सै, अर नियम-कायदे ए उन लालसा नै उजाग्गर करकै मौत नै लेकै आवै
सै। 6 हम नियम-कायदा खात्तर मरगे जिसकै बन्धन म्ह हम पैहले थे। इब
हम पवित्र आत्मा की मानकै, नये सिरे तै परमेसवर की सेवा कर सकां सां।
7 तो हम के कह्वां? के मूसा नबी के नियम-कायदे पाप सै? न्ही! बिलकुल
न्ही! बल्के नियम-कायदा ए सै, जो मेरे ताहीं बतावै सै, के पाप के सै! जै
नियम-कायदे न्ही कहन्दे, के लालच मतना करै तो मै लालच नै जाण ए न्ही

पान्दा। 8 पर पाप नै मौक्का पाकै, हुकम कै जरिये मेरै म्ह सारी तरियां का
लालच पैदा करया, क्यूँके बिना नियम-कायदे पाप मुर्दा सै। 9 एक बखत था
जिब मै मूसा नबी के नियम-कायदे बिना जीऊँ था, पर जिब मन्नै मूसा नबी
के नियम-कायदा ताहीं जाण्या, तो मेरे म्ह पाप करण की इच्छा होण लाग्गी,
अर मै मरे होया जिसा होग्या। 10 अर वो हुकम जिसतै मन्नै जिन्दगी मिलणी
थी वो मेरी आत्मिक मौत का कारण बण्या। 11 क्यूँके पाप नै मौक्का पाकै
हुकम कै जरिये मेरै ताहीं भकाया, अर उस्से कै जरिये मेरी आत्मिक मौत भी
हो गई। 12 ज्यांतै हम यो नतिज्जा लिकाड़ा सां, के नियम-कायदे पवित्र सै,
अर हुकम पवित्र, धर्मी अर खरया सै। 13 तो के मूसा नबी के नियम-कायदे
जो खरे थे, मेरै खात्तर मौत लेकै आये? न्ही! बिलकुल न्ही! यो पाप ए था
जिसनै इसा करया। पर नियम-कायदे जो खरे थे, मेरै खात्तर मौत लेकै आये,
ताके पाप की असलियत जाहिर हो जा, अर हुकम दिखावै सै के पाप घणाए
बुरा सै। 14 क्यूँके हमनै बेरा सै, के मूसा नबी के नियम-कायदे तो आत्मिक
सै, पर मै शारीरिक सूं, अर पाप का गुलाम सूं। 15 अर जो मै करुँ सूं, उस
ताहीं कोनी जाण्दा, क्यूँके जो मै चाहूँ सूं, वो न्ही करया करदा, पर जिसतै
मन्नै घृणा आवै सै वोए करै सूं। 16 जै जो मै न्ही चाहन्दा वोए बुरे काम करुँ
सूं, तो मै मान ल्यूँ सूं, के मूसा नबी के नियम-कायदे खरे सै। 17 तो इसी
हालत म्ह जो मेरे म्ह बुरे काम करै सै, वो मै न्ही, बल्के पाप सै, जो मेरै म्ह
बस्या होया सै। 18 क्यूँके मन्नै बेरा सै के मेरै म्ह यानिके मेरे पापी सुभाव म्ह
कोए आच्छी चीज वास कोनी कर दी। मेरा जी तो भले काम करण की इच्छा
तो करै सै, पर भले काम मेरै तै बणदे कोनी। 19 क्यूँके जिस आच्छे काम
करण नै मेरा जी करै सै, वो तो कोनी करदा, पर जो बुरे काम करणा न्ही
चाहन्दा, वोए करुँ सूं। 20 इस करकै जै मै वोए करुँ सूं जो न्ही चाहन्दा, तो
उसका करण आळा मै कोनी रहया, पर पाप सै जो मेरै भित्तर म्ह बस रहया
सै। 21 इस तरियां तै मन्नै सच का बेरा पटै सै, के जिब मै भलाई करण की
इच्छा करुँ सूं, तो बुराई ए करुँ सूं। 22 क्यूँके मै भीतरी माणस-पण तै तो
परमेसवर के नियम-कायदे तै घणा खुश रहूँ सूं। 23 पर मेरे भित्तर एक
नियम-कायदा की शक्ति काम करण लागरी सै, जो मेरी पापी अन्तरात्मा तै
युध्द करै सै। या नियम-कायदा की शक्ति मेरी अन्तरात्मा नै पाप का गुलाम

बणावै सै जो इब भी मेरी देह म्ह सै। 24 मै किसा निरभागा माणस सूं! मन्नै
इस पापी सुभाव तै जो मौत लेकै आवै सै, कौण छुड़ावैगा? 25 म्हारै प्रभु
यीशु मसीह कै जरिये परमेसवर का धन्यवाद होवै। ज्यांतै मै अपणी समझ तै
तो परमेसवर के नियम-कायदे नै मानना चाहूँ सूं, पर पापी सुभाव के कारण
मै पाप का गुलाम सूं।

8 इस करकै इब जो मसीह यीशु पै बिश्वास करै सै, उनपै दण्ड का हुकम
कोनी। 2 क्यूँके पवित्र आत्मा थमनै वा जिन्दगी देवैगा, जो मसीह यीशु की
ओड़ तै आवै सै, अर वो थारे ताहीं पाप अर मौत तै आजाद करै सै। 3 क्यूँके
जो काम मूसा नबी के नियम-कायदे पापी सुभाव कै कारण देह म्ह न्ही कर
सके, उस ताहीं परमेसवर नै करया, यानिके अपणे ए बेट्टे ताहीं इन्सान के
रूप म्ह पापबलि होण कै खात्तर भेज दिया, परमेसवर नै पाप की शक्ति ताहीं
अपणे बेट्टे की देह के बलिदान के जरिये तोड़ दिया। 4 ज्यांतै के मूसा नबी के
नियम-कायदे की विधि म्हारै म्ह पूरी करी जावै, जो पापी सुभाव कै मुताबिक
न्ही, बल्के पवित्र आत्मा कै मुताबिक चाल्लै सै, 5 क्यूँके जो अपणे पापी
सुभाव के कारण चाल्लै सै, वो बुरी चिज्जां कै बारें म्ह सोच्चै सै, पर जो-जो
पवित्र आत्मा के जरिये चाल्लै सै, वो उन चिज्जां के बारें म्ह सोच्चै सै, जो
पवित्र आत्मा ताहीं खुश करै सै। 6 जै थम अपणी पापमय लालसा के
मुताबिक चाल्लोंगे तो मरोगे, पर पवित्र आत्मा के कहे मुताबिक चाल्लोंगे तो
जिन्दगी अर शान्ति पाओगे। 7 क्यूँके पापमय लालसा के मुताबिक चालणा
तो परमेसवर तै बैर राखणा सै, क्यूँके ना तो वो परमेसवर के नियम-कायदे
कै अधीन सै अर ना कदे हो सकै सै। 8 अर जो पापमय लालसा के मुताबिक
चाल्लै सै, वे परमेसवर नै खुश न्ही कर सकदे। 9 पर जिब के परमेसवर का
पवित्र आत्मा थारे म्ह बसै सै, तो थम पापमय लालसा के मुताबिक न्ही पर
पवित्र आत्मा के कहे मुताबिक चाल्लों। जै किसे म्ह मसीह का आत्मा कोनी
चाल्दा तो वो परमेसवर का माणस कोनी। 10 जै मसीह थारे म्ह वास करै सै,
तो पाप कै कारण देह मरी होई सै, पर धार्मिकता कै कारण थारी आत्मा
जिन्दा सै। 11 जै परमेसवर का आत्मा जिसनै मसीह यीशु ताहीं मरे होया
म्ह तै जिन्दा करया, थारे म्ह बस्या होया सै, तो जिसनै मसीह ताहीं मरे
होया म्ह तै जिन्दा करया, वो थारी नाश होण आळी देह नै भी अपणे पवित्र

आत्मा कै जरिये जिन्दा करैगा, जो थारे म्ह बस्या होया सै। 12 इस करकै हे
बिश्वासी भाईयो, हम पापी सुभाव के कर्जदार कोनी के हम इसकै मुताबिक
बरताव करां। 13 क्यूँके जै थम पापी सुभाव के मुताबिक जीओगे, तो मरोगे
जै पवित्र आत्मा तै पापमय लालसा के काम्मां नै मारोगे तो जिन्दे रहोगे।
14 ज्यांतै के जितने माणस परमेसवर के आत्मा के चलाए चाल्लै सै, वैए
परमेसवर की ऊलाद सै। 15 क्यूँके थारे ताहीं गुलामी की आत्मा कोनी दी
गई, के थम डरो, पर पवित्र आत्मा हमनै परमेसवर की ऊलाद बणावै सै,
जिसतै हम हे अब्बा, हे पिता कहकै बोल्लां सां। 16 पवित्र आत्मा आप ए
म्हारी आत्मा कै गेल्या गवाही देवै सै, के हम परमेसवर की ऊलाद सां, 17
अर जै ऊलाद सां तो वारिस भी, बल्के परमेसवर के वारिस अर मसीह कै
संगी वारिस सां, अगर हम मसीह के ढाळ दुख ठावांगे, तो हम उसकी महिमा
म्ह भी शामिल हो पावांगे। 18 मन्नै पक्का यकिन सै, के इस बखत के दुख
अर क्ळेश उस महिमा कै स्याम्ही, उस महिमा के समान जो प्रभु म्हारै ताहीं
देवैगा, किमे भी कोनी सै। 19 क्यूँके सृष्टि की सारी चिज्जें घणी उम्मीद भरी
निगांह तै परमेसवर की ऊलाद की बाट देखण लागरी सै। 20 परमेसवर की
बणाई गई हर एक चीज नै अपणे मकसद ताहीं खो दिया सै, यो इस करकै
न्ही के सृष्टि खुद चाहवै थी, पर परमेसवर नै इसा करया, पर फेर भी आस
सै। 21 सृष्टि भी खुद उस दिन की बाट देक्खै सै, जिब वो मौत अर विनाश
की गुलामी तै छुटकारा पाकै, परमेसवर की महिमा म्ह उसकी ऊलाद कै
साथ शामिल होवैंगे। 22 क्यूँके हमनै बेरा सै के सारी सृष्टि इब ताहीं मिलकै
कराहती अर दर्दां म्ह पड़ी, उस जनानी की तरियां सै, जिसा बच्चा होण तै
पैहले दर्दां म्ह तड़फै सै। 23 अर सिर्फ परमेसवर की बणाई सृष्टि ए न्ही, पर
हम भी जिस म्ह होण आळी महिमा के पैहले तै स्वाद चखण के रूप म्ह
पवित्र आत्मा का वास सै, हम खुद भी अपणे-आप म्ह कराहवा सां। यो
जिब्बे होगा जिब हम देह तै आजाद होवांगे, अर परमेसवर हमनै अपणी
ऊलाद बणाण कै खात्तर अपणावै। 24 आण आळी महिमा की आस के
जरिये ए थारा उद्धार होया सै, जै थम उन चिज्जां की आस राक्खों सों जो
थारे धोरै पैहले तै सै, तो थारी आस धरणा बेकार सै, कोए भी उस चीज की
आस कोनी राखदा, जो उसकै धोरै पैहले तै सै। 25 हम उन चिज्जां की आस

करां सां, जो म्हारे धोरै इब ताहीं सै कोनी, तो हम धीरज तै बाट देक्खां सां,
जिब तक वो चीज हमनै मिल ना जावै। 26 प्रार्थना करण खात्तर म्हारे धोरै
बुद्धि कोनी, पर पवित्र आत्मा म्हारी मदद करै सै, क्यूँके हमनै न्ही बेरा के
किन बात्तां कै खात्तर प्रार्थना करणी चाहिये, पर पवित्र आत्मा आप्पे इसी
आह भर-भरकै, जो बयान तै बाहरणै सै, म्हारै खात्तर बिनती करै सै। 27
परमेसवर जो मनां का जाँचण आळा सै उसनै बेरा सै, के पवित्र आत्मा का
मकसद के सै? क्यूँके वो पवित्र माणसां कै खात्तर परमेसवर की मर्जी कै
मुताबिक बिनती करै सै। 28 हमनै बेरा सै के जो माणस परमेसवर तै प्यार
राक्खै सै, उनकै खात्तर सारी बात मिलकै भलाई ए नै पैदा करै सै, यानिके
उनकै खात्तर जो उसकी मर्जी कै मुताबिक चुणे होए सै। 29 क्यूँके जिन ताहीं
परमेसवर नै पैहल्या तै चुण्या होया सै, उन ताहीं उसकै बेट्टे यीशु मसीह जिसे
बणण खात्तर ठहराया भी सै, ताके वो घणे भाईयाँ म्ह पैहल्ड़ा यानी जेट्ठा
बणै। 30 फेर जिन माणसां ताहीं उसनै पैहल्या तै ठैहराया, उन ताहीं चुण्या
भी, अर जिन ताहीं चुण्या, उन ताहीं धर्मी भी बणाया सै, अर जिन ताहीं धर्मी
बणाया, उन ताहीं अपणी महिमा म्ह भागीदारी भी बणाया सै। 31 तो इन
बात्तां तै हम यो नतिज्जां लिकाड़ा सां, जै परमेसवर म्हारी कान्ही सै, हमनै
कौण हरा सकै सै? 32 परमेसवर वो सै जिसनै अपणे खुद कै बेट्टे ताहीं भी
म्हारे खात्तर बलिदान करण म्ह कोए संकोच कोनी करया, तो जो उसनै म्हारे
तै वादा करया सै, वो सारा कुछ म्हारे ताहीं क्यूँ न्ही देवैगा? 33 कोए भी
हमनै परमेसवर के स्याम्ही दोषी न्ही ठैहरा सकता? परमेसवर ए सै जो म्हारे
ताहीं धर्मी बणावै सै। 34 कोए भी हमनै दोषी न्ही ठैहरा सकता? क्यूँके यीशु
मसीह ए सै, जो मरया बल्के मुर्दां म्ह तै जिन्दा भी उठ्या, अर परमेसवर कै
सोळी ओड़ सै, अर म्हारै खात्तर बिनती भी करै सै। 35 कौण हमनै मसीह कै
प्यार तै न्यारा करैगा? के क्लेश, संकट, उपद्रव, अकाळ, नंगाई, जोख्खम,
या तलवार? 36 जिसा पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै, "तेरे खात्तर लोग हमनै
रोज मारण की धमकी देवै सै, हम मरण आळी भेड्डां की तरियां समझे गये
सां।" 37 पर इन सारी बात्तां म्ह हम उसकै जरिये जिसनै म्हारै तै प्यार करया
सै, जयवन्त तै भी बाध सै। 38 क्यूँके मै जाणु सूं, के कोए भी चीज मसीह नै
म्हारे तै प्यार करण तै न्ही रोक सकदी। इसतै कोए फर्क न्ही पड़ता के चाहे

हम जिवां या मरा, सुर्गदूत, प्रधानताएँ, शक्तियाँ जो सुर्ग म्ह सै इन म्ह तै कोए
भी हमनै मसीह के प्यार तै अलग न्ही कर सकदी, अर इब जो होण लागरया
सै, जो भविष्य म्ह होण आळा सै, गहराई, ऊँचाई हमनै परमेसवर के प्यार
तै, जो म्हारे प्रभु यीशु मसीह म्ह सै अलग न्ही कर सकदी।

**9** जै कोए भी चीज हमनै परमेसवर के प्यार तै अलग न्ही कर सकदी, तो
क्यूँ इस्राएली, मेरे यहूदी भाई परमेसवर तै दूर सै? मेरा मन उन खात्तर भोत
दुखी सै, जै उन माणसां के छुटकारै खात्तर मेरे उप्पर चाहे दोष भी लगाये
जावै या मसीह तै अलग करया जावै, तोभी मै इसकै खात्तर तैयार सूं, अर मै
मसीह नै गवाह मानते होए सच बोल्लू सूं, पवित्र आत्मा अर मेरी अन्तरात्मा
भी या गवाही देवै सै के मै झूठ कोनी बोल्दा। 4 वे इस्राएल देश के माणस
सै, अर वे परमेसवर के गोद लिये होड़ माणस सै, अर महिमा, करार, नियम-
कायदे अर परमेसवर की आराधना करण का हक अर वादे उन्हे के सै। 5
अब्राहम, इसहाक, याकूब ये सारे पूर्वज भी उन्हे के सै, अर मसीह भी देह कै
भाव तै उन्हे म्ह तै इस्राएली सै। जो सारया कै उप्पर परम परमेसवर सै,
युगानयुग धन्य हो। आमीन। **(aiōn g165)** 6 पर इसा कोनी के परमेसवर
अपणे वादे तै मुकर गया, ज्यांतै के जो इस्राएल के वंशज सै, वे सारे सच्चे
इस्राएली कोनी। 7 अर ना अब्राहम का वंश होण कै कारण सारे उसकी
सच्ची ऊलाद होगी, पर पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै, "इसहाक के वंश म्ह
जन्म लेण तै ए सारे उसकी सच्ची ऊलाद न्ही हो जान्दी।" 8 यानिके जो
दुनियावी तौर पै शारीरिक रूप तै जन्मे होए परमेसवर की ऊलाद कोनी, पर
वायदे की ऊलाद सै। 9 क्यूँके वादे का वचन यो सै: "आगले साल मै इस्से
बखत दुबारा आऊँगा, अर तब सारा कै एक बेट्टा पैदा होवैगा।" 10 अर सिर्फ
योए न्ही, पर जिब रिबका कै गर्भ म्ह एक ए आदमी यानिके म्हारै पूर्वज
इसहाक तै जुड़वां बाळक पैदा होए। 11 इब तै पैहले के वो पैदा होते अर कुछ
बुरा या भला काम जाणते, परमेसवर नै रिबका तै कह दिया था के "जेट्ठा
बेट्टा छोटळै का गुलाम होवैगा," परमेसवर नै यो दिक्खाण कै खात्तर कह्या
था, वो अपणे मन की इच्छा तै खुद चुनाव करै सै, ना के उनके भले या बुरे
काम्मां तै। 13 जिसा पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै, "मन्नै एसाव तै बढ़कै
याकूब ताहीं घणा प्यार करया।" 14 ज्यांतै हम के कह्वां? के परमेसवर की

अपणी इच्छा तै चुनाव करणा अन्याय सै? न्ही! बिलकुल न्ही! 15 क्यूँके
परमेसवर मूसा नबी तै कहवै सै, "मै जिस किसे पै दया करणा चाहूँ, उसपै
दया करुँगा, अर जिस किसे पै तरस खाणा चाहूँ उस्से पै तरस खाऊँगा।"
16 इस करकै परमेसवर उस ताहीं चुणै सै, जिसकै उप्पर वो दया दिखाणा
चाहवै सै, उसका चुनाव इस बात पै आधारित कोनी, के लोग के चाहवै सै,
अर वे के करण की कोशिश करै सै। 17 क्यूँके पवित्र ग्रन्थ म्ह परमेसवर नै
फिरौन (मिस्र के राजा) तै कह्या, "मन्नै तेरे ताहीं ज्या ए तै राजा बणाया सै,
के तेरे म्ह अपणी सामर्थ दिखाऊँ, अर मेरै नाम का प्रचार सारी धरती पै
होवै।" 18 इस करकै वो जिसपै चाहवै सै उसपै दया करै सै, अर जिस ताहीं
चाहवै सै उस ताहीं हठील्ला बणा देवै सै। 19 तब घणखरे माणस मेरै तै
कहवैगें, "जै इसा सै, तो परमेसवर किस तरियां कह सकै सै, के हम गलत
सां? क्यूँके परमेसवर जो करणा चाहवै सै उसनै करण तै कौण रोक सकै
सै?" 20 हे भले माणस, भला तू कौण सै जो परमेसवर तै वाद-विवाद करै?
के बणाई होई चीज बणाण आळे तै कह सकै सै, "तन्नै मेरै ताहीं इसा क्यांतै
बणाया सै?" 21 के कुम्हार ताहीं माट्टी पै हक कोनी के एक ए लोंदे म्ह तै
एक बासण आदर कै खात्तर, अर दुसरे ताहीं अनाद्दर कै खात्तर बणावै? 22
परमेसवर अपणा छो अर अपणी सामर्थ उनकै बिरुध्द दिखाणा चाहवै सै, जो
नाश ए होण लायक सै, पर वो धीरज धरे सै क्यूँके वो दिखाणा चाहवै सै के
वो कितना महान् सै, वो उन माणसां पै दया करै सै, जिन ताहीं उसनै अपणी
महिमा म्ह साँझा करण खात्तर चुण्या सै। 24 यानिके म्हारै पै जिन ताहीं
उसनै ना सिर्फ यहूदी माणसां म्ह तै, बल्के गैर यहूदियाँ म्ह तै भी चुण्या। 25
जिसा के वो होशे नबी की किताब म्ह भी गैर यहूदियाँ के बारें म्ह कहवै सै,
"जो मेरी प्रजा कोनी थी, उन ताहीं मै अपणी प्रजा कहूँगा, अर जिनतै मै प्यार
न्ही करुँ था, उन ताहीं प्यार करुँगा। 26 अर जिस जगहां पै परमेसवर नै इसा
कह्या था, के थम मेरी प्रजा कोनी सो, उस्से जगहां पै परमेसवर उन ताहीं
अपणी ऊलाद कहवैगा।" 27 अर यशायाह नबी इस्राएल के माणसां कै बारै
म्ह रुक्का मारकै कहवै सै, "चाहे इस्राएल की ऊलादां की गिणती समुन्दर के
बालू कै बराबर हो, तोभी उन म्ह तै थोड़े ए बचैंगें। 28 क्यूँके परमेसवर धरती
पै तावळा-ए आवैगा, अर एक बार म्ह ए सबका न्याय करैगा।" 29 जिसा

यशायाह नबी नै पैहल्या भी कह्या था, “जै सेनाओं का प्रभु म्हारै खात्तर कुछ
वंश न्ही छोड़दा, तो म्हारी हाल्लत सदोम अर अमोरा नगर के जिसी हो
जान्दी, जिस ताहीं परमेसवर नै पूरी तरियां तै नाश कर दिया।” 30 ज्यांतै हम
के कह्वां? गैर यहूदियाँ नै अपणे-आप ताहीं धर्मी बणाण की कोशिश न्ही
करी, पर परमेसवर नै मसीह यीशु पै बिश्वास करण कै कारण उन ताहीं धर्मी
बणा दिया। 31 जो इस्राएली मूसा नबी के नियम-कायदा नै मानकै धर्मी
बणणा चाहवै थे वे धर्मी न्ही बण पाये। 32 यो किस तरियां हो सकै सै? इस
करकै के वे बिश्वास तै न्ही, पर मान्नो आच्छे काम्मां तै धर्मी बणणा चाहवै
थे। उननै उस ठोक्कर कै पत्थर पै ठोक्कर खाई, 33 जिसा पवित्र ग्रन्थ यीशु
मसीह के बारें कहवै सै, “देक्खो, मै यरुशलेम नगर म्ह एक ठेस लाग्गण का
पत्थर, अर ठोक्कर खाण की चट्टान राक्खूँ सूं, अर जो कोए उसपै बिश्वास
करैगा वो शर्मिन्दा कोनी होवैगा।”

**10** हे बिश्वासी भाईयो, मेरै मन की इच्छा अर मेरे यहूदी माणसां खात्तर,
परमेसवर तै मेरी याए प्रार्थना सै के वे बचाए जावै। 2 क्यूँके मै उनकी गवाही
द्यूँ सूं, के उन ताहीं परमेसवर कै खात्तर उत्साह रहवै सै, पर सही समझकै
गेल्या न्ही। 3 क्यूँके वा धार्मिकता जो परमेसवर की ओड़ तै आवै सै, उस
ताहीं वे समझण म्ह नाकामयाब रहे अर अपणे तरिक्कें तै धर्मी बणण की
कोशिश करी, वे परमेसवर की धार्मिकता के अधीन न्ही होए। 4 क्यूँके मसीह
नै पैहले तै ए उस मकसद ताहीं पूरा कर लिया सै। जिस खात्तर नियम-कायदे
दिए गये थे, उसका नतिज्जां यो होया के जो यीशु मसीह पै बिश्वास करै सै
वो धर्मी बणाए जावैंगे। 5 क्यूँके मूसा नबी नै नियम-कायदा तै धर्मी बणण के
बारें म्ह पवित्र ग्रन्थ म्ह यो लिख्या सै, के जो माणस उननै मान्नै सै, वो
इस्से कारण तै जिन्दा रह्वैगा। 6 पर बिश्वास के जरिये धर्मी बणाये जाण के
बारें म्ह पवित्र ग्रन्थ या कहवै सै, के “तू अपणे मन म्ह न्यू ना कहिये, के
मसीह ताहीं नीच्चै ल्याण खात्तर सुर्ग पै कौण चढ़ैगा?” 7 या “अधोलोक म्ह
कौण उतरैगा?” (यानिके मसीह ताहीं मरे होया म्ह तै जिन्दा उप्पर लाण कै
खात्तर!) (Abyssos g12) 8 पर के कहवै सै, योए के “परमेसवर का वचन तेरे
धोरै सै, ताके तू उसनै अपणे मुँह तै अंगीकार कर सकै अर अपणे मन म्ह
राक्ख सकै,” यो वोए बिश्वास का वचन सै, जो हम प्रचार करा सां। 9 जै तू

माणसां के स्याम्ही यीशु नै प्रभु मान ले, अर अपणे मन तै बिश्वास करै के
परमेसवर नै उस ताहीं मरे होया म्ह तै जिन्दा करया, तो परमेसवर तन्नै
बचावैगा। 10 क्यूँके हम अपणे मन तै बिश्वास करां सां, तो हम परमेसवर के
जरिये धर्मी बणाए जावै सै, अर हम मुँह तै अंगीकार करां सां, के हम मसीह
पै बिश्वास करां सां, तो इस करकै हम बच जावांगे। 11 क्यूँके यशायाह नै
पवित्र ग्रन्थ म्ह मसीह के बारें म्ह यो लिख्या सै, "जो कोए उसपै बिश्वास
करैगा वो शर्मिन्दा कोनी होवैगा।" 12 यहूदियाँ अर यूनानियाँ म्ह किमे फर्क
कोनी, ज्यांतै के परमेसवर सारया का प्रभु सै, जो उसका नाम लेवै सै उस
ताहीं वो बचावै सै। 13 क्यूँके पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै के "जो कोए प्रभु का
नाम लेवैगा, वो बचाया जावैगा।" 14 पर जिन माणसां नै मसीह पै बिश्वास
न्ही करया, तो वे उसनै मदद खात्तर किस तरियां पुकारैंगे? अर जिसकै बारें
म्ह सुण्या न्ही उसपै किस तरियां बिश्वास करैंगें? अर वे किस तरियां सुणैगें
जिब तक कोए प्रचारक ना जावै। 15 जै प्रचारक भेज्जे ना जावै, तो किस
तरियां प्रचार करै? जिसा पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै, "जो आच्छी बात्तां का
सुसमाचार लेकै आवै सै, उनके पाँव कितने सुहावने सै।" 16 पर सारया नै
उस सुसमाचार पै बिश्वास कोनी करया जिसा यशायाह नबी कहवै सै, "हे
प्रभु, किस्से नै भी म्हारै सन्देस पै बिश्वास न्ही करया?" 17 पर मसीह के बारें
म्ह वचन सुणण तै बिश्वास होवै सै। 18 पर मै पूच्छु सूं, के यहूदियाँ नै, मसीह
के बारें म्ह न्ही सुण्या? सुण्या तो जरुर सै, क्यूँके पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै,
"उनके बोल साब्ती धरती पै, अर उनके वचन दुनिया के कुणे ताहीं पोंहोचगे
सै।" 19 फेर मै पूच्छु सूं, के इस्राएली लोग मसीह के बारें म्ह सन्देस ताहीं
समझै सै? पैहल्या तो प्रभु नै मूसा नबी के जरिये यो कह्या, "मै उन गैर
यहूदियाँ के जरिये थारे मन म्ह जळण पैदा करुँगा, मै थमनै यहूदियाँ कै जरिये
मूर्ख समझण आळे माणसां तै गुस्सा दिलाऊँगा।" 20 फेर जो बात प्रभु नै
कही वा बात यशायाह नबी बड़ी हिम्मत करकै कहवै सै, "जो मन्नै न्ही टोहवैं
थे, उननै मेरै ताहीं पा लिया, अर जो मन्नै बुझ्झै भी कोनी थे, उनपै मै जाहिर
होया।" 21 पर इस्राएल देश के माणसां कै बारै म्ह, परमेसवर यशायाह नबी
के जरिये न्यू भी कहवै सै, "मै सारा दिन अपणे हाथ, एक हुकम ना मानण
आळी अर विवाद करण आळी प्रजा कै कान्ही पसारे रहया।"

**11** ज्यांतै मै पूच्छु सूं, के परमेसवर नै अपणी प्रजा ताहीं छोड़ दिया? न्ही!
बिलकुल न्ही! मै भी तो इस्राएली सूं, मै अब्राहम की पीढ़ी अर बिन्यामीन
कै गोत्र म्ह तै सूं। **2** परमेसवर नै अपणी उस प्रजा ताहीं कोनी छोड्या,
जिस ताहीं उसनै पैहल्याए तै चुण्या सै। के थमनै न्ही बेरा के पवित्र ग्रन्थ
एलिय्याह नबी कै बारै म्ह के कहवै सै, वो इस्राएल के माणसां कै बिरोध म्ह
परमेसवर तै शिकायत करै सै। **3** "हे प्रभु, उननै तेरे नबियाँ ताहीं मार दिया,
अर तेरी वेदियाँ ताहीं नाश कर दिया सै, अर मै ए एक्ला बचा सूं, जो तेरे पै
बिश्वास करुँ सूं अर जिन्दा सूं, अर वे मेरी जान भी लेणा चाहवै सै।" **4**
तब परमेसवर नै एलिय्याह नबी तै कह्या, "मन्नै अपणे खात्तर सात हजार
माणसां ताहीं राख राख्या सै, जिन नै बाल देवता की मूर्ति की आराधना
करण खात्तर गोड्डे कोनी टेक्के सै।" **5** ठीक इस्से तरियां तै इस बखत भी,
परमेसवर के अनुग्रह तै अलग करे होए कुछ यहूदी माणस बचरे सै, जिन
ताहीं उसनै अपणे खात्तर चुण्या सै। **6** जै उन ताहीं परमेसवर नै अपणे
अनुग्रह तै चुण्या सै, तो यो आच्छे काम्मां तै न्ही होया, न्ही तो अनुग्रह फेर
अनुग्रह न्ही रहया। **7** फेर इसका नतिज्जा के लिकड़या? हालाकि इस्राएली
माणस जो परमेसवर की नजर म्ह धर्मी बणणा चाहवै थे, पर वो बण न्ही
पाए, पर परमेसवर नै जिन ताहीं चुण्या वे उसकै गैल धर्मी बण ग्ये, अर बचे
होड़ माणस हठीले करे गये अर उननै उसकी सुणण तै इन्कार कर दिया। **8**
जिसा पवित्र ग्रन्थ म्ह यशायाह नबी नै लिख्या सै, "परमेसवर नै उन ताहीं
आज कै दिन तक सुस्त दिमाग दे राख्या सै, अर इसी आँख दी जो ना देक्खै,
अर इसे कान दिये जो ना सुणै।" **9** अर राजा दाऊद कहवै सै, "के जिसा
एक पंछी खाणा खाण खात्तर जाळ म्ह फँस जावै सै अर जानवर खड्डे म्ह
गिर जावै सै, उसी तरियां ये माणस भी परमेसवर की ओड़ तै दण्ड पावैंगें।
**10** उनकी आँख आँधी हो जावै ताके वो देख न्ही पावै, अर वे सारी हाण
मुसीबतां म्ह फसे रहवै।" **11** तो मै पूच्छु सूं, के यहूदी लोग ठोक्कर खाण कै
कारण सदा कै खात्तर नाश होगे? न्ही! बिलकुल न्ही! पर उनकै अबिश्वास कै
कारण गैर यहूदियाँ ताहीं उद्धार मिल्या, ताके इस्राएल के माणसां कै जळण
होवै। **12** ज्यांतै जै उनका अबिश्वास दुनिया की गैर यहूदियाँ कै खात्तर भलाई
का कारण बणै, तो इस्राएल के माणसां का परमेसवर के धोरै बोहड़ के

आणा और भी आच्छा क्यूँ न्ही होगा। 13 मै थम दुसरी जात्तां तै ये बात
कहूँ सूं। जिब के मै गैर यहूदियाँ कै खात्तर प्रेरित सूं, तो मै अपणी सेवा की
बड़ाई करुँ सूं, 14 ताके किसे तरियां तै मै अपणे कुण्बे आळे माणसां म्ह
जळण पैदा करवा कै उन म्ह तै एक-आधे का उद्धार कराऊँ। 15 क्यूँके जिब
इस्राएली माणसां का छोड़ दिया जाणा, गैर यहूदियाँ का परमेसवर कै साथ
मेळ-मिलाप का कारण होया। तो उनका मसीह ताहीं अपणाया जाणा, इसा
होगा, जिसा किसे माणस का मुर्दां म्ह तै जिन्दा जाणा। 16 मै थमनै एक
उदाहरण देऊँ सूं, यो यहूदी माणसां का रिवाज सै, जिब हम चून गुंधा सां, तो
उस म्ह तै पैहले रोट्टी का एक पेड़ा परमेसवर कै खात्तर लिकाड़ा सां, तो पूरा
गुन्द्या होया चून भी परमेसवर कै खात्तर सै, उस्से तरियां जिस तरियां जड़
परमेसवर की सै, तो डाळी भी उस्से की सै। 17 इस्राएल के माणस जैतून
की डाळी की तरियां सै अर पिता अब्राहम, इसहाक अर याकूब पेड़ की जड़
की तरियां सै, पर जै कुछ डाळी तोड़ दी गई, अर तू जंगळी जैतून होकै उन
म्ह कलम करया गया, अर यहूदी माणसां ताहीं मिलण आळी आशीष का
फायदा थारे ताहीं भी होया, जिसा जैतून के पेड़ की डाळी पेड़ की जड़ तै रस
हासिल करै सै। 18 तो थम यो घमण्ड ना करियो, के थम उन कटी होई
डाळियाँ तै बढ़िया सों, यो याद राक्खों के थम जड़ नै कोनी पर, जड़ थमनै
सम्भाळै सै। 19 फेर थम बोल सकों सों के "परमेसवर पेड़ तै टुट्टी होए
डाळियाँ की तरियां थमनै छोड़ देगा।" ताके गैर यहूदियाँ ताहीं अपणाले,
जो के उन डाळियाँ की तरियां सै जो कलम करकै लगाई गई सै। 20 यो
सच सै के वे तो अबिश्वास कै कारण तोड़ी गई, पर तू बिश्वास तै बण्या
रहवै सै ज्यांतै घमण्डी ना होवै, पर भय मान, 21 क्यूँके जिब परमेसवर नै
खुद की डाळियाँ पै दया न्ही करी तो वो थारे पै भी दया न्ही करैगा। 22
ज्यांतै परमेसवर की दया अर कठोरता नै देख! जो अबिश्वासी माणसां खात्तर
कठोरता अर थारे खात्तर दया सै, जै थम असलियत म्ह उसकी दया की हद
म्ह न्ही बणे रहवोंगे, तो थारे ताहीं भी काट के अलग कर दिया जावैगा। 23
यहूदी लोग भी जै बिश्वास करणा शरु करदे, तो दुबारा तै लगा दिए जावैंगे,
क्यूँके परमेसवर उन ताहीं फेर छांग सकै सै। 24 एक जंगळी डाळी खात्तर
एक आच्छे पेड़ का हिस्सा बणणा कुदरती न्ही सै, अर जो यहूदी कोनी

जंगळी जैतून के पेड़ की डाळी की तरियां सै, जो के एक आच्छे जैतून के पेड़
म्ह लगाई गई सै, पर यहूदी एक डाळी की तरियां सै जो आच्छे पेड़ तै उगै सै,
पक्के तौर पै वे अपणे पेड़ म्ह शामिल हो सकै सै। 25 हे बिश्वासी भाईयो, मै
न्ही चाहन्दा के थम इस भेद तै अनजाण रहों, इसा ना हो के थम अपणे-आप
पै घमण्ड करण लाग्गों, जिब तक गैर यहूदी परमेसवर के धोरै ना आवै सै,
तब तक इस्राएल के कुछ माणस सख्त बणे रहवैंगे। 26 अर इसके बाद
सारे इस्राएल के माणस उद्धार पावैंगें। जिसा पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै,
"छुटाण आळा यरुशलेम तै आवैगा, अर अभगति नै याकूब के वंश तै दूर
करैगा। 27 अर उनकै गेल्या मेरा यो करार होगा, जिब मै उनके पापां नै माफ
कर दियुँगा।" 28 यहूदी लोग परमेसवर के दुश्मन बणगे थे, क्यूँके वे उस
सुसमाचार पै बिश्वास करणा न्ही चाहन्दे, यो थारे खात्तर फायदेमन्द होया,
पर परमेसवर उनतै प्यार करै सै, क्यूँके उसनै अपणे खात्तर उन ताहीं चुण्या
सै, योए वो वादा सै जो उसनै म्हारे पूर्वजां तै करया था। 29 क्यूँके परमेसवर
अपणे वरदान्नां तै, अर बुलाहट तै कदे भी पाच्छै कोनी हटदा। 30 एक बखत
था जिब थम गैर यहूदियाँ नै परमेसवर ताहीं ठुकरा दिया था, पर इब इस्राएल
के माणसां नै परमेसवर ताहीं ठुकरा दिया, इस कारण थारे पै दया दिखाई
गई। 31 थारे पै दया दिखाण कै कारण उनपै भी दया दिखाई जावैगी। 32
क्यूँके सारे माणसां नै परमेसवर के हुकम का उलंघण करया सै, योए कारण
सै के परमेसवर उनकै गैल कैदियाँ की ढाळ बरताव करै सै, वो इस करकै
इसा करै सै के सब माणसां पै दया हो सकै। (eleēsē g1653) 33 ओह! किसा
अपार सै परमेसवर की बुद्धि अर ज्ञान का भण्डार! कितने महान् सै उसके
फैसले! अर किसा रहस्यमयी सै उसके काम करण का तरिक्कां! 34 "भला
कौण जाण सकै सै परमेसवर के मन नै? या कौण उसका सलाहकार होया
सै? 35 या किसनै परमेसवर ताहीं कुछ दिया सै, जिसका बदला उस ताहीं
दिया जावै?" इसा कोए कोनी। 36 क्यूँके सब कुछ उस्से कै कान्ही तै आवै
सै, अर उस्से नै सब कुछ बणाया सै अर सब कुछ उस्से का सै। उसकी
महिमा युगानुयुग होन्दी रहवै आमीन। (aiōn g165)

**12** ज्यांतै हे बिश्वासी भाईयो, मै थारे तै परमेसवर की दया याद दुवाकै
बिनती करुँ सूं, के अपणी जिन्दगी ताहीं जिन्दा, पवित्र अर परमेसवर ताहीं

भान्दा होया बलिदान करकै चढ़ाओ। योए परमेसवर की सेवा करण का सही
तरिक्कां सै। 2 इस दुनिया के माणसां बरगे ना बणो, पर परमेसवर थारी
सोच नै बदलै, अर थारा चाल-चलण भी बदलता जावै, जिसतै थम परमेसवर
की भली, अर आच्छी लागण आळी, अर सिध्द इच्छा अनुभव तै बेरा पाड़
सको। (aiōn g165) 3 क्यूँके मै उस अनुग्रह कै कारण जो मेरै ताहीं मिल्या सै,
थारे म्ह तै हरेक तै कहूँ सूं, के जिसा समझणा चाहिये, उसतै बढ़कै कोए
भी अपणे-आपनै ना समझै। पर इसकी बजाए सदबुध्दी राखकै, जिसा
परमेसवर नै जितना बिश्वास थारे ताहीं दिया सै उसकै मुताबिक अपणे-
आपनै समझो। 4 क्यूँके जिसा म्हारी एक देह म्ह घणे-ए अंग सै, अर सारे
अंगा का एके काम कोनी। 5 इस्से तरियां हम जो मसीह म्ह बिश्वास करा
सां, हम उसके देह के कुछ अंग बणगे सां, अर हम दुसरे तै जुड़े होए सां। 6
जिब के उस अनुग्रह कै मुताबिक जो परमेसवर नै म्हारै ताहीं दिया सै, हमनै
न्यारे-न्यारे वरदान मिले सै। तो जिस ताहीं परमेसवर नै भविष्यवाणी का
दान दिया सै, वो उन ए बात्तां नै बोल्लै जो उसनै बिश्वास दिलाते हो के ये
परमेसवर की ओड़ तै सै। 7 जै दुसरयां की सेवा करण का दान मिल्या हो,
तो सेवा म्ह लाग्या रहवै, जै कोए सिखाण आळा हो, तो सिखाण म्ह लाग्या
रहवै। 8 जो उत्साहित करण आळा हो, वो उत्साहित करण म्ह लाग्या रहवै,
दान देण आळा हो उदारता तै देवै, जो अगुवाई करै, वो जोश तै करै, जो दया
करै, वो खुशी तै करै। 9 प्यार करण का दिखावा ना करो, बुराई तै नफरत
करो, भलाई म्ह उत्सुक रहो। 10 एक-दुसरे तै इस तरियां प्यार करो, जणु
एक ए परिवार के हो, आप्पस म्ह एक-दुसरे का बढ़-चढ़कै आदर करो। 11
कड़ी मेहनत करो अर आलसी ना बणो, आत्मिक जोश तै भरे रहो। प्रभु की
सेवा पूरे मन तै करदे रहो। 12 आस म्ह खुश रहो, क्लेश म्ह धीरज धरो,
प्रार्थना म्ह सारी हाण लाग्गे रहो। 13 पवित्र माणसां ताहीं जो किमे जरूरी हो,
उस म्ह उनकी मदद करो, अर अजनबी माणसां की सदा सेवा-पाणी म्ह
लाग्गे रहो। 14 अपणे सताण आळा ताहीं आशीष द्यो, आशीष दो श्राप ना
द्यो। 15 आनन्द करण आळा कै गेल्या आनन्द करो, अर रोण आळा कै
गेल्या रोओ। 16 जिस तरियां थम अपणी परवाह करो सों, उस्से तरियां
दुसरयां की परवाह करो, खुद पै घमण्ड ना करो, पर दीन-दुखियाँ कै गेल्या

संगति राक्खो, अपणी नजर म्ह अकलमंद ना होवो। 17 बुराई कै बदले किसे
तै बुराई ना करो, जो बात सारे माणसां कै लोवै आच्छी सै, उनकी फिक्र
करया करो। 18 जित्त ताहीं हो सकै, थम पूरे मन तै सारे माणसां कै गेल्या
मेळ-मिलाप राक्खो। 19 हे प्यारे बिश्वासी भाईयो, बदला ना लियो, पर
परमेसवर ताहीं बदला लेण का मौक्का द्यो, क्यूँके पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै,
"बदला लेणा मेरा काम सै, प्रभु कहवै सै मै ए बदला ल्यूँगा।" 20 पर वचन
यो भी कहवै "जै तेरा बैरी भूक्खा हो तो उस ताहीं खाणा खुवा, जै तिसाया
हो तो उस ताहीं पाणी पिला, क्यूँके तेरे इसा करण तै वो खुद शर्मिन्दा हो
जावैगा।" 21 बुराई तै ना जीत हासिल करो, पर भलाई तै बुराई नै जीत
ल्यो।

**13** हरेक माणस शासन करण आळे अधिकारियां कै अधीन रहवै, क्यूँके
सारे अधिकार परमेसवर की ओड़ तै आवै सै, अर जो अधिकार सै, वे
परमेसवर नै बणाये सै। 2 ज्यांतै जो कोए भी माणस उन माणसां का पालन
करण तै इन्कार करै सै, जिनके धोरै शासन करण की शक्ति सै, तो वो
परमेसवर की विधि का बिरोध करै सै, अर बिरोध करण आळे दण्ड पावैंगें।
3 क्यूँके हाकिम आच्छे काम के न्ही, पर भुन्डे काम कै खात्तर डर का कारण
सै। जै तू हाकिम तै बिना डरे रहणा चाहवै सै, तो आच्छा काम कर, ताके
उसकी ओड़ तै तेरी बड़ाई हो। 4 क्यूँके वो तेरी भलाई कै खात्तर परमेसवर
का सेवक सै। परन्तु जै तू बुराई करै, तो डर, क्यूँके उसनै दण्ड देण का हक
सै, अर वो परमेसवर का सेवक सै ताके उसकै छो कै मुताबिक भुन्डे काम
करण आळे ताहीं सजा देवै। 5 ज्यांतै थम उनके अधीन रहों ना सिर्फ उसकै
दण्ड तै बचण खात्तर बल्के साफ अन्तरात्मा राक्खण खात्तर भी। 6 ज्यांतै
चुंगी भी द्यो क्यूँके शासन करण आळे परमेसवर के सेवक सै अर सारी हाण
उस फर्ज नै पूरा करण म्ह लाग्गे रहवैं सै। 7 ज्यांतै हरेक का हक चुकाया
करो, जिस ताहीं चुंगी देणी चाहिये, उस ताहीं चुंगी देओ, कर देण आळे ताहीं
कर देओ, जिसतै डरणा चाहिये, उसतै डरो, जिसका आदर-मान करणा
चाहिये, उसका आदर-मान करो। 8 एक ए चीज सै जिसके थमनै कर्जदार
होणा चाहिए, वो सै थारा आप्पस म्ह प्यार, क्यूँके जो एक-दुसरे तै प्यार करै
सै, उस्से नै परमेसवर के नियम-कायदा ताहीं पूरा करया सै। 9 क्यूँके, मूसा

नबी के नियम-कायदा म्ह भोत-से हुकम सै, “जारी ना करणा, खून ना
करणा, चोरी ना करणा, लालच ना करणा,” अर इन्नै छोड़ और कोए भी
हुकम हो, तो सारया का निचोड़ इस एक हुकम म्ह पाया जावै सै, “अपणे
पड़ोसी तै अपणे जिसा प्यार करो।” 10 प्यार पड़ोसी की कुछ बुराई कोनी
करदा, जो प्यार करै सै, वो परमेसवर के नियम-कायदा नै पूरा करै सै। 11
आप्पस म्ह हरेक नै एक-दुसरे तै प्यार करते रहणा चाहिए, क्यूँके वो बखत
आवै सै, के जिब परमेसवर हमनै इस बुरी दुनिया तै छुड़ावैगा, जिब हमनै
पैहली बार मसीह म्ह बिश्वास करया था, तब तै इब वो बखत धोरै आ लिया
सै, तो थारे ताहीं नींद तै जागणा चाहिए अर सावधान रहणा चाहिए। 12
दुनिया म्ह रहण का म्हारा बखत लगभग एक रात की ढाळ सै, जो खतम
होण आळी सै, अर मसीह के बोहड़ण आळा बखत भोत लवै सै, ज्यांतै हमनै
अन्धकार के काम्मां नै छोड़कै, चाँदणे की ढाळ आच्छे काम करणे चाहिए,
जो बुराई का बिरोध करण म्ह म्हारे हथियार बणै सकै। 13 आओ! हम खुद
नै सही तरिक्के तै चलाणा शरु करा, जो उन माणसां की तरियां सै जो
चाँदणे म्ह रहवै सै, पर अँधेरे म्ह रहण आळे माणसां की ढाळ ना बणो जो
भोग-विलास, दारूबाजी, जारी, लुचपण, रोळे अर जळण करण जिसा काम
करै सै। 14 बल्के प्रभु यीशु मसीह ताहीं कवच बणा के पैहर ल्यो, अर देह
की पापी अभिलाषायां नै पूरा करण का उपाय ना करो।

**14** जो माणस बिश्वास म्ह कमजोर सै, उस ताहीं अपणी संगति म्ह ले ल्यो,
पर उस ताहीं के करणा चाहिए के न्ही करणा चाहिए इस बारें म्ह बहस ना
करो। 2 एक नै बिश्वास सै, के सारा कुछ खाणा सही सै, पर जो बिश्वास म्ह
कमजोर सै वो साग-पात ए खावै सै। 3 अर माँस-मच्छी खाण आळे साग-
पात खाण आळे ताहीं तुच्छ ना जाणै, अर ना साग-पात खाणआळा, माँस-
मच्छी खाणआळै पै दोष लावै, क्यूँके परमेसवर नै दोंनुआ ताहीं अपणाया
सै। 4 तू कौण सै जो दुसरे कै नौक्कर पै दोष लावै सै? पर उसकी कामयाबी
या नाकामयाबी उसकै माल्लिक कै ए हाथ्थां म्ह सै, बल्के वो कामयाब ए
कर दिया जावैगा, क्यूँके प्रभु उस ताहीं कामयाब कर सकै सै। 5 इस तरियां
कई माणस तो एक दिन नै दुसरे तै बाध मान्नै सै, अर कई माणस सारे दिनां
नै एक जिसा जाणै सै, इस तरियां तै हरेक अपणे ए मन म्ह, इस बात नै

पक्का कर लेवै जो वो सोच्चै सै वोए सही सै। 6 जो कोए किसे दिन नै बाध
मान्नै सै, वो प्रभु नै आदर मान देण खात्तर मान्नै सै। जो कोए माँस-मच्छी
खावै सै, वो प्रभु नै आदर मान देण खात्तर खावै सै, क्यूँके वो परमेसवर का
धन्यवाद करै सै, अर जो साग-पात खावै सै, क्यूँके वो प्रभु नै आदर मान देण
खात्तर खावै अर परमेसवर का धन्यवाद करै सै। 7 क्यूँके हम सारे प्रभु के
सां। म्हारै म्ह तै ना तो कोए अपणे खात्तर जिन्दा सै, अर ना कोए अपणे
खात्तर मरै सै, पर परमेसवर ताहीं खुश करण खात्तर करै सै। 8 जै हम जिवां
सां, तो प्रभु कै खात्तर जिवां सां, अर जै मरा सां, तो प्रभु कै खात्तर ए मरा
सां, हम जिवां या मरा, हम प्रभु ए के सां। 9 क्यूँके मसीह यीशु इस्से खात्तर
मरा अर मुर्दां म्ह तै जिन्दा भी हो गया के वो मरे होया अर जिन्दयां का,
दोनुआं का प्रभु होवै। 10 तू अपणे बिश्वासी भाई पै क्यांतै दोष लावै सै? या
फेर क्यांतै अपणे बिश्वासी भाई नै तुच्छ जाणै सै? परमेसवर हम सारा का
न्याय करैगा। 11 क्यूँके पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै, "प्रभु कहवै सै, मेरे जीवन
की कसम, के हरेक घुटना मेरै स्याम्ही टिकैगा, अर हरेक कोए अपणी जुबान
तै मन्नै परमेसवर मान लेवैगा।" 12 ज्यांतै म्हारै म्ह तै हरेक नै अपणे-अपणे
काम का लेक्खा परमेसवर ताहीं देणा पड़ैगा। 13 इस खात्तर आग्गै तै हम
एक-दुसरे पै दोष न्ही लावांगें, पर थम या ठान ल्यो के कोए अपणे बिश्वासी
भाई कै स्याम्ही पाप करण की बजह ना बणै। 14 मन्नै बेरा सै अर प्रभु यीशु
म्ह मन्नै पक्का यकिन होया सै, के कोए खाण-पीण की चीज अपणे-आप तै
अशुद्ध कोनी, पर जो उस ताहीं अशुद्ध समझै सै, उसकै खात्तर अशुद्ध सै। 15
जै तेरा बिश्वासी भाई तेरे खाणे कै कारण दुखी होवै सै, तो फेर तू मसीह की
प्यार की रीत पै न्ही चाल्दा, जिसकै खात्तर मसीह मरा, तेरे खाणे की बजह
तै तेरा बिश्वासी भाई मसीह तै पाच्छै ना हटै। 16 इस करकै जै तू अपणी
नजर म्ह बढ़िया काम करै सै, पर दुसरा उसनै बुरा मान्नै सै तो उसनै ना करै।
17 क्यूँके परमेसवर का राज्य खाणा-पीणा कोनी, पर धार्मिकता अर मेळ-
मिलाप म्ह ए खुशी सै, जो पवित्र आत्मा तै मिलै सै। 18 जो कोए इस तरियां
तै मसीह की सेवा करै सै, इसतै परमेसवर खुश होवै सै, अर माणसां म्ह भी
उसकी तारीफ होवै सै। 19 ज्यांतै हम उन काम्मां म्ह लाग्गे रह्वां जिनतै मेळ-
मिलाप अर शान्ति होवै, अर एक-दुसरे का बिश्वास मजबूत होवै। 20 खाणे

कै खात्तर परमेसवर का काम ना बिगाड़ै। सारी ढाळ का खाणा शुद्ध सै, पर
उस माणस कै खात्तर पाप करण की बजह ना बणो, जिस ताहीं उसकै खाणे
तै ठेस लाग्गै सै। 21 भला तो यो सै के तू ना माँस-मच्छी खा अर ना अंगूर
का रस पी, ना और किमे इसा करै जिसतै तेरे बिश्वासी भाई के बिश्वास नै
ठेस लाग्गै। 22 जै तू बिश्वास करै के तू सही करै सै, तो इन बात्तां नै अपणे ए
अर परमेसवर के बीच म्ह राख। धन्य सै वो जो उस बात म्ह, जिस ताहीं वो
सही समझै सै, अपणे-आपनै कसूरवार न्ही समझदे। 23 पर इब थारे मन म्ह
शक सै, के खाणा सै अर के न्ही खाणा अर फेर भी खा ल्यो सो, तो पाप
करो सों। क्यूँके थम अपणे बिश्वास के मुताबिक न्ही करते अर जै थम इसा
काम करो सों, जिसपै थमनै बिश्वास सै, वो काम गलत सै, तो वो पाप सै।

**15** हो सकै सै के हम जो बिश्वास म्ह मजबूत सां, हम जाणा सां के इन
बात्तां तै कोए फर्क न्ही पड़ता, हम इस खात्तर यो काम न्ही करते के हम
अपणे-आपनै खुश कर सका, हमनै उन माणसां का डर अर शंका का भी
ध्यान करणा सै, के जो यो सोच्चै सै के हम गलत सां। 2 म्हारै म्ह तै हरेक नै
अपणे बिश्वासी भाई कै साथ भले काम करणे चाहिए, जो उसनै खुश करै
अर उस ताहीं बिश्वास म्ह मजबूत बणाए राक्खै। 3 क्यूँके मसीह नै अपणे-
आप ताहीं खुश कोनी करया, पर जिसा पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै, "तेरी
बुराई करण आळा नै मेरी बुराई करी सै।" 4 जितनी बात पैहल्या तै पवित्र
ग्रन्थ म्ह लिक्खी गई, वे म्हारी ए सिखाण कै खात्तर लिक्खी गई सै, ताके
हम धीरज अर उत्साह जो म्हारे ताहीं पवित्र ग्रन्थ देवै सै, उसके जरिये हमनै
आस मिलै। 5 मै प्रार्थना करुँ सूं के धीरज अर उत्साह का दात्ता परमेसवर,
थमनै यीशु मसीह की तरियां जीवन बिताण अर एक-दुसरयां कै साथ शान्ति
तै रहण म्ह मदद करै। 6 ताके थम सब कठ्ठे होकै म्हारै परमेसवर प्रभु यीशु
मसीह कै पिता की महिमा करो। 7 इस करकै एक-दुसरे नै अपणाओ जिसा
मसीह नै थारे ताहीं अपणाया सै, यो इस खात्तर करो के माणस परमेसवर
की जै-जै कार करै। 8 ज्यांतै मै कहूँ सूं के जो वादे म्हारे पूर्वजां ताहीं दिए
गये थे, उन वादा नै मजबूत करण खात्तर मसीह, परमेसवर की सच्चाई
साबित करण खात्तर मसीह, यहूदी माणसां का सेवक बण्या। 9 अर गैर
यहूदी भी परमेसवर की दया कै कारण उसकी महिमा करै, जिसा पवित्र

ग्रन्थ म्ह लिख्या सै, "ज्यांतै मै गैर यहूदी माणसां म्ह तेरा धन्यवाद करुँगा,
अर तेरे नाम के भजन गाऊँगा।" 10 फेर कह्या सै, "हे गैर यहूदी माणसों,
परमेसवर की प्रजा कै गैल आनन्द करो।" 11 अर फेर पवित्र ग्रन्थ कहवै सै,
"हे गैर यहूदी माणसों, प्रभु की जय-जयकार करो, अर हे राज्य-राज्य के सारे
माणसों, उसकी बड़ाई करो।" 12 अर यशायाह नबी पवित्र ग्रन्थ म्ह कहवै
सै, "यिशै के वंश तै एक बेट्टा पैदा होगा, अर सारी जात्तां पै राज करैगा, वो
गैर यहूदी माणसां नै बचावैगा।" 13 मै प्रार्थना करुँ सूं, के परमेसवर जो
आस का दात्ता सै, थारे ताहीं बिश्वास करण म्ह सारी तरियां के आनन्द अर
शान्ति तै भरपूर करै, के पवित्र आत्मा की सामर्थ तै थारी आस बधती जावै।
14 हे मेरे बिश्वासी भाईयो, मै अपणे-आप थारे बारै म्ह पक्का जाणु सूं,
के थम भी आप ए भलाई तै भरे होए सों, अर थमनै बेरा होणा चाहिए के
थमनै के करणा चाहिए, अर एक-दुसरे नै सीखा भी सको सों। 15 तोभी
मन्नै कई बात्तां के बारें म्ह थारे ताहीं जो हिम्मत करकै लिख्या। यो उस
अनुग्रह कै कारण होया जो परमेसवर नै मेरै ताहीं दिया सै, 16 के मै गैर
यहूदियाँ कै खात्तर मसीह यीशु का सेवक होकै परमेसवर कै सुसमाचार
की सेवा याजक कै ढाळ करुँ, ताके गैर यहूदियाँ ताहीं परमेसवर खात्तर
भेट के रूप म्ह दे सकूँ, जिसकै साथ वो खुश होवै सै, जिन ताहीं पवित्र
आत्मा नै पवित्र माणस बणा दिया। 17 ज्यांतै मै यीशु मसीह के कारण ए
परमेसवर की सेवा पै गर्व कर सकूँ सूं। 18 क्यूँके मै हिम्मत कै गैल सिर्फ उन
बात्तां बारै म्ह जिक्र करणा चाहूँ सूं, जो मसीह नै मेरे ताहीं करण के काबिल
बणाया, ताके जो मन्नै कह्या अर करया सै उसके जरिये गैर यहूदी माणस
परमेसवर का हुकम मान्नै। 19 पवित्र आत्मा के जरिये दी गई शक्ति तै मै
अदभुत चिन्ह-चमत्कार करुँ सूं, इस कारण जित्त भी मै यरुशलेम नगर तै
लेकै चौगरदेकै इल्लुरिकुम परदेस तक गया, ओड़ै मन्नै सारया ताहीं यीशु
मसीह का सुसमाचार सुणाया। 20 पर मेरै मन की इच्छा या सै के जित्त-
जित्त मसीह यीशु का नाम न्ही लिया गया, ओड़ैए सुसमाचार सुणाऊँ, अर
उस मकान बणाण आळे मिस्त्री की ढाळ ना होऊँ जो दुसरे की नीम पै घर
बणावै सै। 21 पर जिसा पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै मै उस ताहीं पूरा करणा
चाहूँ सूं, "जिनकै धोरै यीशु मसीह का सुसमाचार न्ही पोंहच्या, वैए देखैंगें,

अर जिन नै न्ही सुणा वैए समझैंगें।” 22 ज्यांतै मै थारे धोरै आण तै बार-बार
रुक्या रहया। 23 पर इब यरुशलेम नगर अर इल्लुरिकुम परदेस म्ह मन्नै
माणसां ताहीं परमेसवर का वचन सुणा दिया सै, जिननै यीशु मसीह के बारें
म्ह सुण्या ए न्ही था, अर इब मै थारे तै आकै मिलूँगा, जिसकी लालसा मन्नै
घणे साल्लां तै थी। 24 ज्यांतै जिब मै स्पेन देश म्ह जाऊँगा, तो थारे धोरै
होंदा होया जाऊँगा, क्यूँके मन्नै उम्मीद सै के उस सफर म्ह थारे तै भेंट
होवैगी, अर जिब थारी संगति तै मेरा जी खुश हो जावै, तो थम मेरी स्पेन देश
जाण म्ह मदद कर दिओ। 25 पर इब तो मै यरुशलेम नगर म्ह जाऊँ सूं ताके
ओड़ै परमेसवर के पवित्र माणसां नै दान दे सकूँ। 26 क्यूँके मकिदुनिया अर
अखाया परदेस के माणसां नै यो आच्छा लाग्या के यरुशलेम नगर के गरीब
माणसां कै खात्तर कुछ दान कठ्ठा करै। 27 उननै आच्छा तो लाग्या, पर वे
यरुशलेमवासियों कै कर्जदार भी सै, क्यूँके यहूदियाँ नै गैर यहूदियाँ कै साथ
परमेसवर की आत्मिक बात्तां का साँझा करया सै, यो सही सै गैर यहूदियाँ
की दुनियावी चिज्जां नै यहूदियाँ कै गैल साँझा करै। 28 ज्यांतै मै यरुशलेम
नगर म्ह जाण लागरया सूं, ताके वो दान दे सकूँ, जो मन्नै कठ्ठा करया सै,
उसकै बाद थारे तै रोम देश म्ह मिलकै स्पेन देश म्ह जाऊँगा। 29 अर मन्नै
बेरा सै के जिब मै थारे धोरै आऊँगा, तो मै मसीह की आशीष नै थारे साथ
साँझा करुँगा। 30 हे बिश्वासी भाईयो, म्हारै प्रभु यीशु मसीह म्ह बिश्वास के
कारण अर जो पवित्र आत्मा नै म्हारे ताहीं जो प्यार दिया सै मै थारे तै बिनती
करुँ सूं, के मेरै खात्तर अर मेरे साथ मन तै परमेसवर तै प्रार्थना करो 31 ताके
मै यहूदिया परदेस के अबिश्वासियाँ तै बचा रहूँ, अर जो दान मै यरुशलेम नगर
म्ह लेकै जाण लागरया सूं, वो परमेसवर के पवित्र माणसां खात्तर खुशी का
कारण बणै। 32 अर मै परमेसवर की मर्जी तै थारे धोरै आनन्द कै गैल आकै
थारे गेल्या आराम पाऊँ। 33 मै प्रार्थना करुँ सूं, शान्ति का दात्ता परमेसवर
थारे सारया कै गेल्या रहवै। आमीन।

**16** मै थारे तै फिबे कै खात्तर जो म्हारी बिश्वासी भाण अर किंख्रिया नगर
की कलीसिया की सेविका सै, मै चाहूँ सूं के थम उसका आदर करो। 2 थम
यो जाणकै उसका इसा स्वागत करो जिसा थम परमेसवर के पवित्र माणसां
का करो सों, अर जिस किसे बात म्ह उस ताहीं थारी जरूरत होवै, उसकी

मदद करो, क्यूँके वा भी घणखरयां की बल्के मेरी भी उपकार करण आळी
रही सै। 3 प्रिसकिल्ला बिश्वासी भाण अर उसके धणी अक्विला नै जो मसीह
यीशु म्ह मेरै गैल काम करणीये सै, उन ताहीं मेरा नमस्कार। 4 उननै मेरै
प्राण कै खात्तर अपणा ए जीवन जोख्खम म्ह गेर दिया था, अर सिर्फ मै ए
न्ही, बल्के गैर यहूदियाँ की सारी कलीसिया भी उनका धन्यवाद करै सै। 5
अर उस कलीसिया नै भी नमस्कार जो उनकै घर म्ह कठ्ठा होवै सै। मेरे प्यारे
भाई इपैनितुस नै, जिसनै आसिया म्ह सब तै पैहले मसीह पै बिश्वास करया,
उस ताहीं भी मेरा नमस्कार। 6 बिश्वासी भाण मरियम ताहीं, जिसनै थारे
खात्तर घणी मेहनत करी, नमस्कार। 7 बिश्वासी भाई अन्द्रुनीकुस अर उसकी
भाण यूनियास नै जो मेरे यहूदी साथी सै, जो मेरै गेल्या कैद होए थे अर
प्रेरितां म्ह बड़ा नाम्मी सै, अर मेरै तै पैहल्या मसीह म्ह आए थे, नमस्कार। 8
बिश्वासी भाई अम्पलियातुस नै, जो प्रभु मसीह म्ह मेरा प्यारा सै, नमस्कार।
9 बिश्वासी भाई उरबानुस नै, जो मसीह म्ह म्हारा गैल काम करणीया सै, अर
मेरे प्यारे बिश्वासी भाई इस्तखुस नै नमस्कार। 10 बिश्वासी भाई अपिल्लेस
नै जो मसीह म्ह खरयां लिकड़या, नमस्कार। बिश्वासी भाई अरिस्तुबुलुस कै
कुण्बे नै नमस्कार। 11 मेरै बिश्वासी साथी हेरोदियोन नै नमस्कार। बिश्वासी
भाई नरकीस्सुस का कुण्बे के जो माणस परमेसवर पै बिश्वास करै सै, उन
ताहीं नमस्कार। 12 त्रुफेना अर त्रूफोसा बिश्वासी भाणां नै जो प्रभु म्ह मेहनत
करै सै, नमस्कार। प्यारी बिश्वासी भाण पिरसिस नै, जिसनै प्रभु म्ह घणी
मेहनत करी, नमस्कार। 13 बिश्वासी भाई रूफुस नै जो प्रभु नै अपणा होण
खात्तर चुण्या सै, अर उसकी माँ नै, जो मेरी भी माँ के समान सै, दोनुआ नै,
नमस्कार। 14 बिश्वासी भाई अंसुक्रितुस, फिलगोन, हिर्मेस, पत्रुबास, हर्मास
अर उनकै साथ के सारे बिश्वासी भाईयाँ नै, नमस्कार। 15 बिश्वासी भाई
फिलुलुगुस, यूलिया अर नेर्युस अर उसकी बेब्बे, अर बिश्वासी भाई उलुम्पास
अर उनकै साथ के सारे पवित्र माणसां नै नमस्कार। 16 आप्पस म्ह एक-
दुसरे ताहीं गळे मिलकै प्यार तै नमस्कार करो। थारे ताहीं मसीह की सारी
कलीसियाओं की ओड़ तै नमस्कार। 17 इब हे बिश्वासी भाईयो, मै थारे तै
बिनती करुँ सूं, के जो माणस उस सच्ची शिक्षा कै उल्ट जो थमनै मिली सै,
अर उन माणसां नै जो फूट गेरण अर ठेस लाग्गण का कारण बणै सै, उननै

ताड़ लिया करो अर उनतै दूर रहो। 18 क्यूँके इसे माणस म्हारै प्रभु मसीह के
न्ही, पर अपणी ए इच्छा पूरी करै सै, अर चिकणी-चुपड़ी बात्तां तै सीध्धे-साद्दे
माणसां नै भका देवैं सै। 19 थारा, परमेसवर के हुकम मानण का जिक्र सारे
माणसां म्ह फैल गया सै, ज्यांतै म्ह थारे बारै म्ह आनन्द करुँ सूं, पर मै न्यू
चाहूँ सूं के थम भलाई कै खात्तर अकलमंद, पर बुराई कै खात्तर भोळे बणे
रहो। 20 शान्ति का परमेसवर शैतान की शक्तियाँ नै खतम करकै, थारे
अधीन कर देवैगा। म्हारै प्रभु यीशु मसीह का अनुग्रह थारे पै होंदा रहवै। 21
मेरे गैल काम करणीया बिश्वासी भाई तीमुथियुस का, अर मेरे कुण्बे आळे
भाई लूकियुस, यासोन अर सोसिपत्रुस का थारे ताहीं नमस्कार। 22 मै
तिरतियुस जो पौलुस की चिट्ठी लिखण म्ह मदद करण लागरया सूं, मेरा प्रभु
म्ह थारे ताहीं नमस्कार। 23 बिश्वासी भाई गयुस भी थारे ताहीं नमस्कार करै
सै मै इब उसके घर म्ह रहण लागरया सूं, जित्त कलीसिया कठ्ठी हो सै।
बिश्वासी भाई इरास्तुस जो नगर का भण्डारी सै, अर भाई क्वारतुस का भी
थारे ताहीं नमस्कार। 24 मै प्रार्थना करुँ सूं के म्हारै प्रभु मसीह का अनुग्रह
थारे पै होंदा रहवै। 25 इब जो मन्नै थारे ताहीं सुसमाचार सुणाया सै, यानिके
यीशु मसीह कै संदेश कै प्रचार कै मुताबिक जो थमनै बिश्वास म्ह मजबूत कर
सकै सै, उस भेद कै प्रकाशन कै मुताबिक जो पुराणे बखत तै लुहक्या
रहया। (aiōnios g166) 26 पर इब जाहिर होकै, सनातन परमेसवर कै हुकम
तै, अर नबियाँ की किताबां कै जरिये गैर यहूदियाँ ताहीं बताया गया सै, ताके
वे भी बिश्वास करकै हुकम मानणआळे हो जावै, (aiōnios g166) 27 यीशु
मसीह कै जरिये उस एकमात्र बुद्धिमान परमेसवर की युगानुयुग महिमा होन्दी
रहवै। आमीन। (aiōn g165)

# 1 कुरिन्थियों

**1** या चिट्ठी पौलुस की ओड़ तै सै, जो परमेसवर की इच्छा तै प्रभु यीशु
मसीह का प्रेरित होण कै खात्तर बुलाया गया अर बिश्वासी भाई सोस्थिनेस
भी मेरे गैल सै। 2 मै या चिट्ठी परमेसवर की उस कलीसिया के माणसां ताहीं
लिखूँ सूं, जो कुरिन्थुस नगर म्ह सै, अर जिन ताहीं परमेसवर नै मसीह यीशु
म्ह अपणे खात्तर अलग तै छाँट कै राक्खे सै, अर उसनै म्हारे ताहीं अपणे
पवित्र माणस होण कै खात्तर बुलाया सै, अर उन सारया के नाम भी जो
हरेक जगहां म्हारे अर अपणे प्रभु यीशु मसीह की सेवकाई करै सै। 3 हम
प्रार्थना करां सां, के म्हारै पिता परमेसवर अर प्रभु यीशु मसीह की ओड़ तै
थमनै अनुग्रह अर शान्ति मिल्दी रहवै। 4 मै थारे बारै म्ह अपणे परमेसवर का
सारी हाण धन्यवाद करुँ सूं, क्यूँके मसीह यीशु म्ह परमेसवर का अनुग्रह जो
थारे पै होया सै, उसके कारण उसनै थारे ताहीं भोत सी आशीष दी सै। 5
थम मसीह यीशु म्ह सारी ढाळ तै सम्पन्न करे गये सों, उसनै थारे ताहीं हरेक
ढाळ के आत्मिक वरदान दिए सै, ताके थम दुसरयां नै वचन का ज्ञान अर
सुसमाचार सुणा सको। 6 जो खास काबलियत थारे ताहीं मिली सै, वा
साबित करै सै, के मसीह यीशु के बारें जो सन्देस सै, वो सच्चा सै। 7 इस
कारण जिब थम म्हारै प्रभु यीशु मसीह के बोहड़ण की बाट देखण लागरे सों,
तो पवित्र आत्मा नै थारे ताहीं हरेक ढाळ के आत्मिक वरदान दिये सै। 8
परमेसवर थमनै आखिर ताहीं बिश्वास म्ह मजबूत करैगा, ताके थम म्हारै प्रभु
यीशु मसीह के बोहड़ण के दिन म्ह बेकसूर ठहरो। 9 परमेसवर इसाए करैगा,
क्यूँके जो वो कहवै सै, उसनै वो करण म्ह बिश्वास लायक सै, अर उसनै थारे
ताहीं अपणे बेट्टे, अर म्हारै प्रभु यीशु मसीह की संगति म्ह बुलाया सै। 10 हे
बिश्वासी भाईयो, जो प्रभु यीशु मसीह नै मेरे ताहीं हक दिया सै, उसकै कारण
मै थारे तै बिनती करुँ सूं, के थम सारे एक-दुसरे तै सहमत रहो, थम एकता
बणाए राक्खों ताके थारे म्ह फूट ना होवै, अर थम एक मत हो कै आप्पस म्ह
मिले रहो। 11 क्यूँके हे मेरे बिश्वासी भाईयो, खलोए के कुण्बे के माणसां नै
मेरै ताहीं थारे बारै म्ह बताया सै, के थारे म्ह झगड़ें होवै सै। 12 मेरे कहण का
मतलब यो सै के, थारे म्ह तै कोए अपणे-आपनै पौलुस का, कोए अपुल्लोस
का, कोए कैफा का, कोए मसीह का चेल्ला कहवै सै। 13 जो थम करो सों

वो ठीक कोनी, के मसीह बट ग्या? के मै पौलुस थारे खात्तर क्रूस पै चढ़ाया
गया? के थमनै मेरे नाम तै बपतिस्मा मिल्या? 14 मै परमेसवर का धन्यवाद
करुँ सूं, बिश्वासी भाई क्रिस्पुस अर गयुस नै छोड़, मन्नै थारे म्ह तै किसे ताहीं
भी बपतिस्मा कोनी दिया। 15 कदे इसा ना हो के कोए थारे म्ह तै कहवै
के थमनै मेरै नाम पै बपतिस्मा मिल्या सै। 16 अर हाँ, मन्नै स्तिफनास
के कुण्बे ताहीं भी बपतिस्मा दिया, इन्नै छोड़ मै न्ही जाण्दा के मन्नै और
किसे ताहीं भी बपतिस्मा दिया। 17 क्यूँके मसीह नै मेरै ताहीं बपतिस्मा देण
ताहीं न्ही, बल्के सुसमाचार सुणाण ताहीं भेज्या सै, अर मन्नै माणसां ताहीं
सुसमाचार चतुर विचार के मुताबिक कोनी सुणाया, इसा ना हो के मसीह के
क्रूस पै मरण की कथा बेकार ठहरै। 18 क्यूँके क्रूस पै मसीह यीशु के मरण
की कथा, नाश होण आळे माणसां कै खात्तर बेकूफी सै, पर हम उद्धार
पाण आळा कै खात्तर परमेसवर की सामर्थ सै। 19 क्यूँके पवित्र ग्रन्थ म्ह
परमेसवर नै कह्या सै, के "जो अपणे-आपनै ज्ञानवान समझ सै, मै उननै
दिखा दियुँगा के असलियत म्ह उनका ज्ञान बेकूफी तै भरया सै, अर वे बेकूफ
सै।" 20 कित्त रहया ज्ञान्नी? कित्त रहया शास्त्री? कित्त रहया इस दुनिया
का विवाद करण आळा? के परमेसवर नै दुनिया के ज्ञान ताहीं बेकूफी न्ही
ठहराया? (aiōn g165) 21 क्यूँके परमेसवर नै यो आच्छा लाग्या के दुनिया के
माणस अपणे ज्ञान कै मुताबिक परमेसवर ताहीं न्ही जाण सकै, तो उसनै
म्हारे जरिये सुसमाचार के प्रचार ताहीं इस्तमाल करया, ताके उन माणसां नै
बचा सकै जिननै उसपै बिश्वास करया सै, पर कुछ लोग्गां नै इस ताहीं बेकूफी
समझा। 22 यहूदी लोग ए इस ताहीं बेकूफी समझै सै, क्यूँके वे सुर्ग तै
चिन्ह-चमत्कार की बात्तां नै ए सच मान्नै सै, अर यूनानी लोग ज्ञान की टोह्
म्ह रहवैं सै। 23 पर हम तो उस क्रूस पै चढ़ाए होड़ मसीह का प्रचार करा सां,
जो यहूदी लोग्गां कै खात्तर ठोक्कर का कारण अर गैर यहूदियाँ कै खात्तर
बेकूफी सै। 24 पर जिन ताहीं परमेसवर नै बुलाया सै, के यहूदी लोग, के
यूनानी लोग, योए मसीह यीशु परमेसवर का सामर्थ अर परमेसवर का ज्ञान
सै। 25 क्यूँके जो परमेसवर की बेकूफी लाग्गै सै, वो माणसां के ज्ञान तै
ज्ञानवान सै, अर जो परमेसवर की कमजोरी लाग्गै सै, वो माणसां की ताकत
तै घणी ताकतवर सै। 26 हे बिश्वासी भाईयो, याद करो के थम किसे थे

जिब परमेसवर नै थारे ताहीं बुलाया था, ना तो दुनिया के मुताबिक घणे
ज्ञानवान, अर ना घणे सामर्थी, अर ना घणे आच्छे खानदान आळे थे। **27**
बल्के परमेसवर नै दुनिया के बेकुफां ताहीं छाँट लिया सै के ज्ञानवानां ताहीं
शर्मिन्दा करै, अर परमेसवर नै दुनिया के कमजोरां ताहीं छाँट लिया सै के
ठाड्यां नै शर्मिन्दा करै। **28** अर परमेसवर नै उन माणसां ताहीं चुण्या, जो
दुनिया की निगांह म्ह नीच अर तुच्छ सै। इनकै जरिये परमेसवर नै, जो घणे
खास समझे जावै सै, उन ताहीं बेकार ठैहरा दिया। **29** परमेसवर नै यो इस
करकै करया, ताके कोए प्राणी उसकै स्याम्ही घमण्ड न्ही करण पावै। **30**
परमेसवर के जरिये करे गये काम के नतिज्जें तै थम मसीह यीशु म्ह सो, जो
परमेसवर की ओड़ तै म्हारै खात्तर ज्ञान, धार्मिकता, पवित्रता, अर छुटकारा
बणगे। **31** ताके जिसा पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै, उस्से तरियां ए होवै, "जो
घमण्ड करै वो प्रभु नै जो करया उसपै घमण्ड करै।"

**2** हे बिश्वासी भाईयो, मै थारे धोरै बात्तां की चतुराई अर ना ए उत्तम ज्ञान का
प्रदर्शन करण आया, बल्के मै थारे धोरै परमेसवर का सन्देस सुणाण आया
था। **2** क्यूँके मन्नै यो ठान लिया था, के मै मसीह यीशु अर उसकी क्रूस की
मृत्यु के अलावा, किसे और चीज के बारें म्ह थारे तै ना सुणु। **3** मै कमजोरी
अर डरकै गेल्या, घणा थरथराता होया थारे गेल्या रहया। **4** अर मेरी शिक्षा,
अर प्रचार म्ह ज्ञान की लुभाण आळी बात कोनी, पर पवित्र आत्मा नै सामर्थी
रूप तै जाहिर करया सै, के जो सन्देस मन्नै थारे ताहीं सुणाया सै, वो सच्चा
सै। **5** ज्यांतै के थारा बिश्वास माणसां कै ज्ञान पै न्ही, पर परमेसवर की
सामर्थ के आसरै हो। **6** फेर भी मै, जो बिश्वास म्ह मजबूत सै उन ताहीं, ज्ञान
भरया सन्देस सुणाऊँ सूं, पर यो इस दुनिया का अर इस दुनिया के नाश होण
आळे हाकिमां का ज्ञान कोनी। **(aiōn g165)** **7** पर जो ज्ञान हम सुणावां सां,
वो परमेसवर का ज्ञान सै, जो छिप्या होया था, कोए भी उस ताहीं इब ताहीं
न्ही समझ पाया था, परमेसवर नै दुनिया बणाण तै पैहले ए यो फैसला कर
लिया था, के उसका ज्ञान म्हारे खात्तर महिमा लेकै आवैगा। **(aiōn g165)** **8**
परमेसवर की योजना ताहीं इस दुनिया के हाकिमां म्ह तै कोए न्ही जाण
पाया, क्यूँके जै वे जाणदे तो तेजोमय प्रभु ताहीं क्रूस पै कोनी चढ़ान्दे। **(aiōn
g165)** **9** जिसा पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै, "जो कदे आँखां तै देख्या कोनी

गया, अर कान तै सुण्या कोन्या गया, अर जो बात माणसां के चित्त म्ह कोनी
चढ़ी, वे सारी बात परमेसवर नै उन खात्तर तैयार करी जो उसतै प्यार करै
सै।" 10 पर परमेसवर नै उन बात्तां ताहीं अपणे पवित्र आत्मा के जरिये
म्हारै पै जाहिर करया, क्यूँके पवित्र आत्मा सारी बात, बल्के परमेसवर
की गहरी बात्तां नै भी जाँच्चै सै। 11 माणसां म्ह तै कौण किसे माणस की
बात्तां नै जाणै सै, सिर्फ माणस की आत्मा जो उस म्ह सै? उस्से तरियां ए
परमेसवर की बात्तां नै भी कोए न्ही जाण्दा, सिर्फ परमेसवर की आत्मा। 12
पर परमेसवर नै म्हारे ताहीं अपणा आत्मा दिया सै, अर हम इसा न्ही सोचते
जो दुनिया के लोग सोच्चै सै, इस करकै हम उन आशीषां नै पिच्छाण सका
सां जो परमेसवर नै म्हारे ताहीं मुफ्त म्ह दी सै। 13 अर हम ये बात थारे ताहीं
बतावां सां, हम माणसां के ज्ञान की सिखाई होड़ बात्तां नै न्ही, पर पवित्र
आत्मा की सिखाई होड़ बात्तां नै आत्मिक माणसां ताहीं सिखावा सां। 14 पर
शारीरिक माणस परमेसवर के आत्मा की बात अपणान्दा कोनी, क्यूँके वे
उसकी निगांह म्ह बेकूफी की बात सै, अर ना वो उन ताहीं जाण सकै सै
क्यूँके उनकी जाँच आत्मिक तरियां तै होवै सै। 15 आत्मिक माणस सारा
किमे जाँच्चै सै, पर वो दुसरयां के जरिये जाँचया न्ही जान्दा। 16 यो सच सै,
क्यूँके पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या से, के कोए भी न्ही जाणता के प्रभु के मन म्ह
के सै? पर हम बिश्वासी माणस जाणा सां के मसीह के मन म्ह के सै।

**3** हे बिश्वासी भाईयो, जिब मै थारे साथ था तो थारे ताहीं आत्मिक बात
न्ही सीखा पाया, जिस तरियां मै आत्मिक माणसां नै सिखाऊँ सूं, पर मन्नै
थारे तै दुनियावी माणसां की तरियां बात करी, क्यूँके थम मसीह म्ह इब
भी बाळक के समान सों। 2 मन्नै थारे ताहीं परमेसवर के सुसमाचार की
शरुआती शिक्षा ए सिखाई, जिस तरियां कोए इन्सान छोट्टे बाळक नै दूध
पियावै सै, अर मन्नै थारे ताहीं वचन की गहरी बात न्ही सिखाई जो की रोट्टी
की तरियां सै, क्यूँके थम इब्बे उस ताहीं अपणा न्ही सकदे। 3 क्यूँके इब
ताहीं थम दुनियावी माणसां के पापी सुभाव के मुताबिक जीवन जिओ सों।
ज्यांतै के इब भी थारे म्ह जळण अर झगड़े सै, तो के थम दुनियावी माणसां
की तरियां कोनी? थम उन माणसां की तरियां सों जो परमेसवर के कोनी। 4
क्यूँके जिब एक माणस कहवै सै, "मै पौलुस का चेल्ला सूं," अर दुसरा

कहवै सै, “मै अपुल्लोस का चेल्ला सूं,” तो के थम दुनियावी माणस की
तरियां कोनी? 5 अपुल्लोस कौण सै? अर पौलुस कौण सै? सिर्फ सेवक,
जिनकै जरिये थमनै मसीह म्ह बिश्वास करया। हम सब नै वोए काम करया
जो म्हारे ताहीं प्रभु नै दिया। 6 यो उस पौधे की ढाळ सै, जो मन्नै लगाया,
अपुल्लोस नै सींचा, अर परमेसवर नै बढ़ाया। 7 ज्यांतै ना तो लाणआळा
किमे सै अर ना सींच्चण आळा, पर परमेसवर ए सारा किमे सै जो बढ़ाण
आळा सै। 8 पौधा लगाण आळा अर उस ताहीं सींच्चण आळा दोनुआ का
एक्के मकसद सै, पर हरेक माणस अपणी ए मेहनत कै मुताबिक अपणी ए
मजदूरी पावैगा। 9 क्यूँके हम परमेसवर कै गैल काम करणीये सां, अर थम
परमेसवर की खेत्ती अर उस घर की ढाळ सों जिस ताहीं परमेसवर बणाण
लाग रह्या सै। 10 परमेसवर नै जो वरदान मेरे ताहीं दिए सै, तो मन्नै एक
अकलमंद चिणाई आळे मिस्त्री की तरियां घर की नीम धरी, अर दुसरा उसपै
रद्दा धरै सै। पर हरेक माणस चौक्कस रहवै के वो उसपै किसा रद्दा धरै सै।
11 क्यूँके जो नीम धरी सै, वा यीशु मसीह सै, कोए दुसरी नीम कोनी धर
सकदा। 12 जै सेवक परमेसवर की सच्ची शिक्षा सिखावै सै, जो परमेसवर
नै उस ताहीं दी सै, तो वो उस राज मिस्त्री की ढाळ सै, जो उस नीम पै आच्छे
समान तै, जुकर सोन्ना, चाँदी, बेसकिमती पत्थर के जरिये, नीम पै घर
बणावै सै, अर जै वो झूठ्ठी शिक्षा नै सिखावै सै, तो वो उसकी ढाळ सै, जो
लाकड़ी, घास-फूस तै नीम पै घर बणावै सै। 13 तो हरेक माणस अपणे
काम नै देक्खैगा के उसनै किसा काम करया सै, क्यूँके यीशु मसीह जाहिर
कर देवैगा जिब वो बोहड़ के आवैगा, यो उस दिन की तरियां होगा जिब वो
समान आग म्ह डाला जावैगा तो वो देक्खैगा के किसनै किसा काम करया
सै, फेर वो फैसला करैगा के किसनै आच्छा अर किसनै बुरा काम करया
सै। 14 जिस किसे का बणाया गया घर उस नीम पै डटया रहवैगा, तो वोए
उसकी मजदूरी पावैगा। 15 जै मसीह तय करै के जो काम करया सै वो
सही कोनी तो मसीह उस काम करण आळे नै मजदूरी न्ही देवैगा, पर वो
अनन्त जिन्दगी नै न्ही खोवैगा जो परमेसवर नै उस ताहीं दी सै। 16 के
थमनै न्ही बेरा के थम परमेसवर के मन्दर सो, अर परमेसवर की आत्मा
थारे म्ह वास करै सै? 17 जै कोए परमेसवर कै मन्दर नै नाश करैगा, तो

परमेसवर उसनै नाश करैगा, क्यूँके परमेसवर का मन्दर पवित्र सै, अर वो
थम सो। 18 धोक्खे म्ह ना रहों, जै थारे म्ह तै कोए यो सोच बेठ्ठै के वो
दुनियावी बात्तां के मुताबिक अकलमंद सै, तो ठीक तो यो होगा के वो खुद नै
बेकूफ बणाले ताके अकलमंद बण जावै। (aiōn g165) 19 क्यूँके इस दुनिया
का ज्ञान परमेसवर की नजर म्ह बेकूफी सै, जिसा पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै,
"वो ज्ञानियाँ ताहीं उनकी श्याणपत म्ह फँसा देवै सै।" 20 अर यो भी लिख्या
सै, के "प्रभु ज्ञानियाँ के विचारां नै जाणै सै, के वो बेकार सै।" 21 ज्यांतै
माणसां पै कोए घमण्ड ना करै, क्यूँके सारा किमे थारा सै। 22 के पौलुस,
के अपुल्लोस, के कैफा, के दुनिया, के जीवन, के मरण, के वर्तमान, के
भविष्य, सारा किमे थारा सै, 23 अर थम मसीह के सो, अर मसीह परमेसवर
का सै।

**4** माणस हमनै मसीह के सेवक अर परमेसवर के भेदां के भण्डारी समझै,
जो माणसां नै परमेसवर का भेद समझावै सै। 2 फेर उरै भण्डारी म्ह या बात
देक्खी जावै सै, के वो बिश्वास कै जोग्गा हो। 3 पर मेरी निगांह म्ह या घणी
छोट्टी बात सै, के थम या माणसां का कोए न्यायाधीश मन्नै परखै, बल्के मै
खुद अपणे-आप ताहीं कोनी परखदा। 4 क्यूँके मेरा मन मेरै ताहीं किसे
बात म्ह कसूरवार कोनी ठहरान्दा, इस म्ह मै बेकसूर कोनी ठहरदा, पर मेरा
परखण आळा प्रभु सै। 5 ज्यांतै जिब ताहीं प्रभु का आणा ना हो, कोए किसे
नै परखै ना, वो माणसां के विचारां नै साफ-साफ जाहिर कर देगा, अर वो
माणसां के मनां के मकसद नै दिखावैगा, फेर परमेसवर की ओड़ तै हरेक की
बड़ाई होवैगी। 6 हे बिश्वासी भाईयो, मन्नै अपणा अर अपुल्लोस का जिक्र
उदाहरण के तौर पै करया सै, यो बताण खात्तर के मै थारे ताहीं के कहणा
चाहूँ सूं, जै थम उसपै ध्यान करो, जो पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै, अर उसतै
आग्गै ना बढ़ो, इसा ना हो के थम एक माणस का पक्ष ल्यो, अर दुसरे का
अपमान करो। 7 थारे ताहीं कौण कहवै सै, के थम दुसरयां तै उत्तम हो? हर
काबलियत थमनै परमेसवर की ओड़ तै मिली सै, अर सब कुछ परमेसवर के
जरिये दिया गया सै, तो थमनै घमण्ड करण का कोए हक कोनी? 8 थम
सोच्चो सों के थारे धोरै पवित्र आत्मा के सारे वरदान सै, जो माणसां ताहीं
दिए जावै सै, थम यो सोच्चों सों के म्हारे बिना सहयोग के थम राजा बणगे

सो, अर थम साहूकार भी बण लिए सो, पर आच्छा तो यो होंदा के थम
असलियत म्ह ए राजा बणे होन्दे, अर हम भी थारे गेल्या राज करदे। 9
परमेसवर नै हम प्रेरितां ताहीं सारया तै आखरी जगहां पै राख्या सै। हम
उन माणसां की तरियां सां, जिनकी मौत का हुकम हो लिया सै, क्यूँके
हम सुर्गदूत्तां अर दुनिया के माणसां कै खात्तर एक तमाशा बणे सां। 10
माणस हमनै बेकूफ समझै सै, क्यूँके हम मसीह का प्रचार करया सां। थम
या सोच्चों सों के थम अकलमंद सों, क्यूँके मसीह कै गैल थारा रिश्ता सै।
भोत सारे माणस या सोच्चै सै के प्रेरित होण का म्हारे धोरै अधिकार कोनी,
पर थम घमण्ड तै कहो सों, के थारे धोरै परमेसवर की शक्ति सै। माणस
म्हारा न्ही थारा आदर करै सै। 11 हम आज तक भूक्खे-प्यास्से मार खावां
सां, अर पाट्टे-पुराणे लत्यां म्ह रहवां सां, अर ना ए म्हारे घर-बार सै। 12 अर
अपणे ए हाथ्थां तै काम करकै मेहनत करा सां। माणस म्हारै ताहीं बुरा कहवै
सै, हम आशीष देवां सां, वे सतावै सै, हम सहण करा सां। 13 वे बदनाम करै
सै, हम प्यार तै बोल्ला सां। आज भी दुनिया के माणस म्हारा आदर कोनी
करते, क्यूँके वे न्यू समझै सै के हम बेकार के माणस सां। 14 मै थमनै
शर्मिन्दा करण कै खात्तर ये बात कोनी लिखदा, मेरा मकसद यो सै के मै
थमनै सुधारु क्यूँके थम मेरे उन प्यारे बाळकां की ढाळ सों, जिनतै मै प्यार
करुँ सूं। 15 जै मसीह म्ह थारे सिखाण आळे दस हजार भी होन्दे, तोभी थारे
पिता घणे कोनी, क्यूँके मसीह यीशु म्ह थारे ताहीं सुसमाचार सुणाण कै
कारण मै थारा पिता बणग्या। 16 मै थारे तै बिनती करुँ सूं के मेरे जिसा
जीवन जिओ। 17 इस करकै मन्नै तीमुथियुस ताहीं जो प्रभु म्ह मेरा प्यारा
अर बिश्वास कै जोग्गा बेट्टा सै, थारे धोरै भेज्या सै। वो थमनै मसीह यीशु
म्ह मेरा चाल-चलण याद करवावैगा, जिस तरियां के हरेक जगहां मै हरेक
कलीसिया म्ह उपदेश देऊँ सूं। 18 थारे म्ह तै घणखरे तो यो सोच्चै सै, के मै
थमनै दुबारा मिलण कोनी आऊँगा, इस करकै वे घमण्डी होगे सै। 19 पर
प्रभु नै चाह्या तो मै थारे धोरै तावळा-ए आऊँगा, अर देखूँगा के ये घमण्डी
माणस सिर्फ बणावटी बात करै सै, या इनकै धोरै परमेसवर की सामर्थ सै।
20 क्यूँके परमेसवर का राज्य बात्तां म्ह न्ही पर परमेसवर की सामर्थ के साथ
जीण म्ह सै। 21 थम के चाहो सों, जो मै थारे गैल करुँ? जै थम अपणा बुरा

सुभाव न्ही छोड़ोगे तो मै सखताई तै थारे गैल पेश आऊँ, अर जै बुरा सुभाव
छोड़ द्योगे तो मै प्यार अर नरमाई तै थारे धोरै आऊँगा।

**5** कई माणसां नै थारे बारें म्ह बताया सै, के कलीसिया म्ह कई माणस
सै जो जारी करै सै, बल्के इसी जारी जो अबिश्वासी माणसां म्ह भी कोनी
होन्दी, के एक माणस अपणी सौतेल्ली माँ गैल गलत सम्बन्ध राक्खै सै। 2
कलीसिया के माणसां नै इस बात तै दुखी अर उदास होणा चाहिए, जिननै
इसा काम करया सै, उननै कलीसिया तै काढ देणा चाहिए, पर थम तो इसी
बात्तां पै घमण्ड करो सों। 3 भलाए मै थारे तै दूर था, पर इसा मान्नो, जणु मै
आत्मा म्ह थारे धोरै था, अर इसा पाप करण आळे माणस के बारै म्ह मेरा
योए हुकम सै। 4 थमनै यो करणा चाहिए, के जिब थम बिश्वासी भाई कठ्ठे
होओ सों, तो यो याद राक्खों के यीशु मसीह का अधिकार थारे धोरै सै, अर
इसा मान्नो जणु मै आत्मा म्ह थारे साथ सूं। जिब परमेसवर का सामर्थ थारे
साथ हो, 5 तब वो माणस जो पाप करण लागरया सै, उस ताहीं कलीसिया
तै लिकाड़ द्यो, अर उस ताहीं शैतान के हाथ म्ह सौंप द्यो। ताके वो अपणे
पापां खात्तर माफी माँग ले, अर वो आदमी माफी माँग ले सै, तो वो उस दिन
बच जावैगा, जिस दिन प्रभु यीशु मसीह बोहड़कै आवैगा। 6 थारा घमण्ड
करणा आच्छा कोनी, के थमनै न्ही बेरा के माड़ा-सा खमीर पूरे गुन्दे होए आटे
ताहीं खमीर बणा देवै सै। उस्से तरियां जै एक माणस पाप करदा रहवै तो
उस ताहीं देखकै और माणस भी पाप करणा शरु कर देंगे। 7 जिस तरियां
यहूदी माणस फसह का त्यौहार मनाण तै पैहले, अपणे घर तै खमीर काढ
देवै सै, उस्से तरियां थम उस जार माणस नै अपणे टोळ म्ह तै लिकाड़ द्यो,
तो थम वो बिश्वासियाँ का टोळ बण जाओगे, जिन म्ह कोए भी जाण-बुझ के
पाप करण आळा न्ही होगा, अर परमेसवर थारे मन नै भित्तर तै साफ करैगा,
जै थम मसीह पै बिश्वास करोंगे, क्यूँके मसीह म्हारे खात्तर मरया ताके हमनै
पापां तै आजाद करदे, वो उस भेड़ की ढाळ सै, जिस ताहीं यहूदी लोग
फसह के त्यौहार पै बलिदान करै सै। 8 तो आओ, हम फसह का त्यौहार
मनावां, ना तो पुराणे खमीर तै, ना बुराई अर दुष्टता कै खमीर तै, बल्के खराई
अर सच्चाई की अखमीरी रोट्टी तै। जिसका मतलब यो सै, के जिस तरियां
थम बिश्वासी बणण तै पैहले जिओ थे, उस तरियां जीणा छोड़कै मसीह

कै पाच्छै चालणा शरु कर द्यो, ताके थारे मनां म्ह कोए बुराई ना रह पावै।
9 मन्नै अपणी पैहले की चिट्ठी म्ह यो लिख्या था, के जारी करणीया की
संगति ना करियो। 10 मेरा मतलब यो कोनी, के थम जमाए इस दुनिया के
जारी, लालची, अन्धेर या मूर्तिपूजा करण आळे माणसां तै कोए सम्बन्ध ना
राखियों, क्यूँके इस तरियां के माणसां तै बचण खात्तर तो थमनै दुनिया ए
छोड़णी पड़ैगी। 11 पर मेरा कहणा यो सै के जै कोए भाई बिश्वासी कुह्वाकै,
जार, लालची, मूर्तिपूजा करणीये, गाळी देण आळा, दारूबाज, या अन्धेर
करणीया हो, तो उसकी संगति मतना करियो, बल्के इसे माणस कै गेल्या
खाणा भी ना खाईयों। 12 अबिश्वासी माणसां का न्याय भला मै क्यूँ करूँ?
मन्नै दुसरयां तै के काम? पर या जिम्मेदारी थारी सै के थम उनकी बारीकी तै
जाँच करो, जो कलीसिया म्ह सै। 13 जिसा के पवित्र ग्रन्थ कहवै सै, के
अबिश्वासी माणसां का न्याय परमेसवर करै सै। ज्यांतै उस बुरे काम करणीये
ताहीं अपणे बिचाळै तै लिकाड़ द्यो।

**6** जै थारे म्ह किसे का दुसरे बिश्वासी गैल झगड़ा हो जावै, तो अपणा फैसला
परमेसवर के पवित्र माणसां कै धोरै ले जाओ, ना के उस न्यायाधीश कै धोरै
जो के अबिश्वासी सै। 2 के थमनै बेरा कोनी के दुनिया का न्याय पवित्र
माणस करैंगें? ज्यांतै जिब थमनै दुनिया के माणसां का न्याय करणा सै, तो
के थम छोट्या तै छोट्टे झगड्या का भी फैसला करण जोग्गे कोनी? 3 के
थमनै न्ही बेरा के हम सुर्गदूत्तां का न्याय करागें? तो उसकी बराबरी म्ह ये
दुनियावी झगड़े के सै? 4 जै थारे बीच दुनियावी झगड़े सै, तो फैसला करण
खात्तर उननै ए बिठाओगे, जो कलीसिया म्ह किमे कोनी समझे जावै सै?
5 मै थमनै शर्मिन्दा करण कै खात्तर न्यू कहूँ सूं। के साच्चए थारे म्ह एक
भी अकलमंद न्ही मिलदा, जो अपणे बिश्वासी भाईयाँ के बीच होए झगड़े
नै सुलझा सकै? 6 पर याड़ै तो एक बिश्वासी भाई दुसरे बिश्वासी भाई नै
कचेह्ड़ी म्ह घसीटै सै, अर वो भी अबिश्वासी माणसां कै स्याम्ही। 7 पर
सच म्ह ए थारे म्ह मुकदमे चाल्लण लागरे सै, तो थम मसीह के माणस
कोनी, इसकी बजाए थम खुद ए अन्याय अर अपणा नुकसान क्यांतै न्ही
सहन्दे? 8 पर थम तो खुदे अन्याय करो सों, अर नुकसान पोहोचाओ सो,
अर वो भी दुसरे बिश्वासी भाईयाँ ताहीं। 9 के थमनै न्ही बेरा के जुल्मी माणस

परमेसवर के राज्य के वारिस न्ही होवैगें? धोक्खा ना खाओ, बेश्या कै धोरै
जाणीए, मूर्ति पूजणीये, बिगान्नी लुगाई कै धोरै जाणीए, लुच्चे, माणसां कै
गेल्या कुकर्म करणीये, 10 चोर, लालची, दारूबाज, गाळी देणीये अर अन्धेर
करणीये परमेसवर कै राज्य के वारिस न्ही होवैगें। 11 अर थारे म्ह तै कई
इसेए थे, पर प्रभु यीशु मसीह कै नाम तै अर म्हारै परमेसवर के आत्मा तै
थारे पाप धोए गये, अर पवित्र अर धर्मी बणे। 12 थम कह सको सों, के मै
कुछ भी करण खात्तर आजाद सूं, पर मै कहूँ सूं, के सारी चीज मेरे फायदे की
कोनी, जिब के मै सब कुछ कर सकूँ सूं, पर मै किसे चीज का गुलाम कोनी।
13 थम कह सको सों, के "खाणा पेट कै खात्तर, अर पेट खाणे कै खात्तर
सै," यो सच सै, पर परमेसवर पेट अर खाणे नै दोनुआ ताहीं नाश करैगा।
उस्से तरियां देह जारी कै खात्तर कोनी, बल्के प्रभु की महिमा खात्तर सै, अर
प्रभु देह का रुखाळिया सै। 14 इस्से तरियां म्हारी देह भी महत्वपूर्ण सै,
क्यूँके जिस तरियां परमेसवर नै अपणी सामर्थ तै प्रभु यीशु ताहीं जिन्दा
करया, अर वो म्हारै ताहीं भी जिन्दा करैगा। 15 के थमनै बेरा सै के थारी देह
मसीह का अंग सै? तो के मै मसीह के अंग लेकै उन ताहीं बेश्या के संग जोड़
द्यूँ? कदे भी न्ही। 16 के थमनै न्ही बेरा के जो कोए बेश्या तै संगति करै सै,
वो उसकै गेल्या एक तन हो जावै सै, क्यूँके पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै, "वे
दोन्नु एक तन होवैगें।" 17 अर जो प्रभु की संगति म्ह रहवै सै, उसकी अर
परमेसवर की आत्मा एक हो जावै सै। 18 जारी तै बचे रहो। और दुसरा कोए
पाप म्हारे देह पै असर कोनी गेरै जितना के जारी, पर जारी करणीया अपणी
ए देह कै खिलाफ पाप करै सै। 19 के थमनै न्ही बेरा के थारी देह पवित्र
आत्मा का मन्दर सै, जो थारे म्ह बस्या होया सै, अर थारे ताहीं परमेसवर की
ओड़ तै मिल्या सै, अर थम परमेसवर के सो। 20 क्यूँके थम दाम देकै मोल
लिये गये सो, ज्यांतै अपणी देह कै जरिये परमेसवर की महिमा करो।

7 उन बात्तां कै बारै म्ह जो थमनै मेरे ताहीं चिट्ठी म्ह पूच्छी थी, के यो ठीक
सै, के माणस ब्याह ना करै। 2 क्यूँके भोत सारे माणस जारी करै सै, इस
करकै हरेक माणस जारी तै बचण खात्तर ब्याह करले, अर धणी-बीर एक-
दुसरे के प्रति वफादार हो। 3 पति अपणी पत्नी की शारीरिक इच्छा पूरी
करै, अर उस्से तरियां ए पत्नी भी अपणे पति की शारीरिक इच्छा पूरी करै।

4 पत्नी का अपणी देह पै हक कोन्या पर उसकै पति का हक सै, उस्से
तरियां ए पति नै भी अपणी देह पै हक कोनी, पर पत्नी का सै। 5 थम एक-
दुसरे तै न्यारे ना रहो, पर सिर्फ कुछ बखत खात्तर आप्पस म्ह सलाह करकै
प्रार्थना कै खात्तर बखत लिकाड़ो, अर फेर एक साथ रहो, इसा ना हो के थारे
असंयम कै कारण शैतान थमनै इम्तिहान म्ह फँसा ले। 6 पर मेरा यो सुझाव
सै, ना के आज्ञा। 7 मेरा तो यो सुझाव सै, के जिसा मै अकेल्ला सूं, उस्से
तरियां ए सारे माणस भी अकेल्ले रहै। हरेक माणस ताहीं परमेसवर की ओड़
तै एक तरियां का उपहार मिला सै, किसे ताहीं ब्याह का, अर किसे ताहीं
एक्ला रहण का। 8 अविवाहितां अर बिधवायां कै बारै म्ह मेरी या सलाह सै,
के उनकै खात्तर एक्ला रहणा ठीक सै, जिसा मै सूं। 9 पर जै वे खुद पै काब्बू
ना राख सकै, तो ब्याह करै, क्यूँके ब्याह करणा वासना म्ह जळण तै भला
सै। 10 जिनका ब्याह होग्या सै, उन ताहीं मै न्ही, बल्के प्रभु यीशु हुकम देवै
सै, के पत्नी अपणे पति तै तलाक ना देवै 11 जै तलाक हो भी जावै, तो पत्नी
बिना दुसरा ब्याह करे रहवै, या पत्नी अपणे पति तै दुबारा मेल कर लेवै, अर
पति अपणी पत्नी नै तलाक ना दे। 12 दुसरयां तै, प्रभु यीशु मसीह न्ही पर मै
ए कहूँ सूं, जै किसे भाई की पत्नी बिश्वास ना राखदी हो अर उसकै गेल्या
रहण म्ह राज्जी हो, तो वो उस ताहीं तलाक ना देवै। 13 जिस बिरबान्नी का
धणी बिश्वास ना राखदा हो, अर उसकै गेल्या रहण म्ह राज्जी हो, तो वा धणी
नै तलाक ना देवै। 14 बिश्वासी पत्नी होण के कारण अबिश्वासी पति ताहीं
भी परमेसवर अपणे ए लोग मान्नै सै, क्यूँके उसकी पत्नी बिश्वासी सै,
इस्से तरियां जै बिश्वासी पति हो तो उसके कारण अबिश्वासी पत्नी ताहीं भी
परमेसवर अपणे ए लोग मान्नै सै, क्यूँके उसका पति बिश्वासी सै, जै यो सच
न्ही होन्दा तो थारा अबिश्वासी पति या पत्नी परमेसवर के न्ही कुहान्दे, अर
थारे बाळ-बच्चे भी परमेसवर के न्ही कुहान्दे, पर इब वे परमेसवर के कुह्वावै
सै। 15 पर जो माणस बिश्वास कोनी राखदा, अर जै वो तलाक देणा चाहवै,
तो उस ताहीं तलाक देण द्यो, इसी दशा म्ह बिश्वासी भाई या भाण ब्याह के
बन्धन तै आजाद हो जावै सै। क्यूँके परमेसवर नै म्हारै ताहीं मेळ-मिलाप कै
खात्तर बुलाया सै। 16 क्यूँके हे बिरबान्नी, तू के जाणै सै के तू अपणे धणी
का उद्धार करा लेवैगी? अर हे भले माणस, तू के जाणै सै के तू अपणी पत्नी

का उद्धार करा लेवैगा? 17 परमेसवर नै जिस ताहीं जिस दशा म्ह राख्या सै,
अर जिस रूप म्ह मसीह पै बिश्वास करण खात्तर बुलाया सै, वो उस्से म्ह
बण्या रहवै। मै सारी कलीसियां ताहीं योए सुझाव देऊँ सूं। 18 जो यहूदी
माणस परमेसवर पै बिश्वास करै सै, उस ताहीं खतने के निशान नै हटाण की
जरूरत कोनी, अर जो गैर यहूदी माणस परमेसवर पै बिश्वास करै सै, उस
ताहीं खतना करवाण की जरूरत कोनी। 19 इस बात तै कोए फर्क न्ही पड़ता
के किसे माणस का खतना होया सै या कोनी होया, पर सब तै जरूरी बात या
सै, के वो परमेसवर के हुकमां नै मान्नै। 20 हरेक माणस मसीह बणण तै
पैहले जिस हालत म्ह बुलाया गया हो, उस्से हालत म्ह रहवै। 21 जै तू गुलाम
की हालत म्ह बुलाया गया सै, तो फिक्र ना करै, पर जै तू आजाद हो सकै, तो
तू आजाद होण की कोशिश कर। 22 क्यूँके जो दास की हालत म्ह मसीह पै
बिश्वास करण खात्तर बुलाया गया सै, वो मसीह का आजाद करया होया सै।
उस्से तरियां ए जो आजादी की हालत म्ह बुलाया गया सै, वो मसीह का दास
सै। 23 परमेसवर नै थम दाम देकै मोल लिये हो, इस करकै थम माणसां के
दास न्ही, पर परमेसवर के दास बणो। 24 मै दुबारा तै कहूँ सूं, हे बिश्वासी
भाईयो, मसीह पै बिश्वास करण तै पैहले थम जिस हालत म्ह बुलाये गये
थे, विवाहित या अविवाहित उस्से हालत म्ह परमेसवर कै गेल्या रहों। 25
अविवाहितां कै बारै म्ह प्रभु का कोए हुकम मन्नै कोनी मिल्या, पर प्रभु नै
दया करकै मेरे ताहीं बुद्धि दी सै, जिसपै भरोस्सा करया जा सकै सै, अर मै
थमनै सलाह देऊँ सूं। 26 मेरी समझ म्ह यो ठीक सै के आजकाल के क्लेश
कै कारण, जै माणस कुवारा सै, तो वो कुवारा ए रहवै। 27 जै तेरी पत्नी सै,
तो उसनै तलाक देण की कोशिश ना करै, अर जै तेरे पत्नी कोन्या, तो अपणे
खात्तर उसनै टोहवै ना। 28 पर जै तू ब्याह भी करै, तो पाप कोनी, अर जै
कोए कुँवारी छोरी ब्याह करै सै, तो यो कोए पाप कोनी। हालाकि शादीशुदा
माणस इस दुनिया म्ह भोत सी परेशानियाँ का सामना करैंगें, अर मै चाहूँ सूं
के थम इन परेशानियाँ म्ह ना पड़ो। 29 हे बिश्वासी भाईयो, मेरा मतलब यो सै
के मसीह के आण का बखत थोड़ा ए बाक्की रह गया सै, इस करकै आज तै
या चिन्ता ना करो के थारी पत्नी सै या न्ही, पर परमेसवर की सेवा म्ह लाग्गे
रहों। 30 रोण आळे, आनन्द करण आळे, अर चिज्जां नै मोल लेण आळे इन

चिज्जां के बारें म्ह घणा ना सोच्चै, क्यूँके इन सारी बात्तां की फिक्र थमनै
परमेसवर की सेवा तै भटका देवैगी। 31 जो भी इस दुनिया म्ह सै, उननै
अपणे खात्तर ज्यादा कीमती ना समझों, क्यूँके दुनिया की सारी चीज नाश
हो जावैंगी। 32 मेरी इच्छा या सै के थम संसारिक जिन्दगी की अभिलाषा तै
मुक्त रहों। कुँवारे माणस प्रभु की सेवा करण की फिक्र म्ह रहवै सै के प्रभु
ताहीं किस तरियां खुश करै। 33 पर ब्याहता माणस दुनिया की चिज्जां की
फिक्र म्ह रहवै सै, के अपणी पत्नी नै किस तरियां तै खुश करै। 34 कुँवारी
अर ब्याहता बिरबान्नी म्ह भी फर्क सै, कुँवारी बिरबान्नी प्रभु की सेवा की
फिक्र म्ह रहवै सै, अर वा देह अर आत्मा म्ह पवित्र रहण की कोशिश कर दी
रहवै सै, पर ब्याहता बिरबान्नी दो बात्तां की फिक्र म्ह रहवै सै, के अपणे पति
नै किस तरियां खुश राक्खूँ, अर परमेसवर नै किस तरियां खुश राक्खूँ। 35 मै
या बात थारी ए भलाई खात्तर कहूँ सूं, ना के थमनै फसाण के मारे, बल्के
ज्यांतै के जिसा शोभा देवै सै, उसाए करया जावै, के थम एक चित्त होकै प्रभु
की सेवा म्ह लाग्गे रहो। 36 जै किसे पिता नै यो लाग्गै के मै अपणी कुँवारी
बेट्टी के ब्याह म्ह देर करकै उसकै गैल अन्याय करुँ सूं, क्यूँके उसकी उम्र
ढळण लागरी सै, तो वो वोए करै जो उसनै ठीक लाग्गै सै, वो उसनै ब्याह
करण दे, यो कोए पाप कोनी। 37 पर जिस पिता नै मन म्ह यो ठान लिया सै,
के वो अपणी छोरी का ब्याह कोनी करै, तो उस ताहीं कोए उसका ब्याह
करण खात्तर मजबूर ना करै, यो उसका हक सै जो वो चाहवै वोए करै, अर
वो अपणी छोरी नै कुवारी ए राक्ख सकै सै। 38 ज्यांतै जो अपणी कुवारी
छोरी का ब्याह कर देवै सै, तो वो सही करै सै, अर जो ब्याह न्ही करदा, वो
और भी सही करै सै। 39 बिरबान्नी जिब ताहीं धणी कै गैल बंधी रहवै सै,
जिब ताहीं के उसका धणी जिन्दा सै, पर जै उसका धणी मर जावै तो जिसतै
चाहवै वा ब्याह कर सकै सै, पर वो परमेसवर पै बिश्वास करण आळा हो। 40
पर जै वा दुबारा ब्याह ना करै, तो मेरै विचार म्ह और भी ज्यादा सुखी सै, अर
मै समझूँ सूं, के परमेसवर का आत्मा मेरी अगुवाई करै सै।

8 थारी चिट्ठियाँ म्ह मूर्तियाँ के आग्गै चढ़ाई होड़ चिज्जां कै खाण के बारै म्ह
थमनै पूछा था। हम सारया नै इस बात के बारें म्ह कुछ ज्ञान सै। ज्ञान म्हारे
म्ह घमण्ड पैदा करै सै, पर प्यार तै बढ़ोतरी होवै सै, अर प्यार म्हारे ताहीं

दुसरयां की मदद करणा सिखावै सै। 2 जै कोए समझै सै के वो सब कुछ
जाणै सै, तो वो इब ताहीं यो कोनी जाणता के किस तरियां जाणणा चाहिये।
3 पर जै कोए परमेसवर तै प्यार करै सै, तो परमेसवर भी उस ताहीं जाणै सै।
4 मूर्तियाँ कै स्याम्ही बलि करी होई चिज्जां कै खाण कै बारै म्ह हम जाणा
सां, के दुनिया म्ह कोए भी मूर्ति सच्चा परमेसवर कोनी, क्यूँकि एकैए सच्चा
परमेसवर सै। 5 फेर भी धरती अर अकास पै भोत सै, जिन ताहीं लोग ईश्वर
अर देवता कहवै सै, पर म्हारे खात्तर तो एकैए परमेसवर सै। यानिके पिता
जिसकी ओड़ तै सारी चीज सै, अर हम उस्से कै खात्तर सां। एकैए प्रभु सै,
यानिके यीशु मसीह जिसकै जरिये सारी चीज बणाई गई, अर हम भी उस्से
के जरिये जिन्दे सां। 7 पर म्हारे कुछ बिश्वासी भाईयाँ नै इब ताहीं बेरा कोनी
के मूर्तियाँ म्ह कोए शक्ति कोनी। क्यूँकि वे पैहले मूर्तियाँ की पूजा करै थे,
जिब वे मूर्तियाँ ताहीं दी गई बलि म्ह तै खावै सै, तो गलती तै इब भी मूर्तियाँ
की पूजा करण म्ह शामिल सै, अर गलती तै सोच्चै सै के उननै पाप कर दिया
जिब वे मूर्ति के स्याम्ही चढ़ाई चीज खा लेवै सै। 8 खाणा हमनै परमेसवर कै
लोवै कोनी पोहोचान्दा। खाण तै इन्कार करण तै परमेसवर म्हारे तै खुश न्ही
होन्दा, अर ना ए खाणा म्हारे ताहीं परमेसवर की निगांह म्ह आच्छा बणादा।
9 पर सावधान! इसा ना होवै के थारी या आजादी कदे बिश्वास म्ह कमजोर
लोग्गां खात्तर ठोक्कर का कारण हो जावै। 10 थम जाणो सों के मूर्त असली
देवता कोनी, अर थम मूरतां के मन्दर म्ह खाओ सों, पर जो बिश्वास म्ह
कमजोर आदमी थारे ताहीं ओड़ै खान्दे देक्खै सै तो वो उत्साहित होवैगा,
ताके मूर्ति के स्याम्ही बलि करया गया माँस वो खावै, जिब के उस ताहीं बेरा
सै के यो पाप सै, जै वो इसा काम करै सै। 11 इस तरियां तै तेरे ज्ञान कै
कारण वो बिश्वास म्ह कमजोर भाई जिसकै खात्तर मसीह मरया, मसीह म्ह
बिश्वास करणा छोड़ देवैगा। 12 इस तरियां तै बिश्वासी भाईयाँ कै खिलाफ
अपराध करण तै अर उनकी कमजोर अन्तरात्मा ताहीं चोट पोहोचाण तै, थम
मसीह कै खिलाफ अपराध करो सो। 13 इस कारण जै मूर्तियाँ ताहीं दिया
गया खाणा खाण तै दुसरे बिश्वासियाँ खात्तर बिश्वास छोड़ण का कारण बणै
सै, तो मै उस तरियां का खाणा कदे न्ही खाऊँगा ताके दुसरे बिश्वासी भाई
बिश्वास करणा ना छोड़ दे। **(aiōn g165)**

**9** जो मै चाहूँ सूं, वो सब कुछ करण खात्तर मै आजाद सूं, मै प्रेरित सूं। मन्नै
म्हारे प्रभु यीशु ताहीं देख्या सै, थम प्रभु म्ह मेरी मेहनत का ईनाम सों। 2 जै
दुसरे माणस या न्ही मानते के मै प्रभु यीशु का प्रेरित सूं, तो भाईयो थमनै
बिश्वास करणा होगा, क्यूँके मै वो सूं, जो थारे धोरै सुसमाचार लेकै आया।
थारा प्रभु यीशु मसीह म्ह बिश्वास यो बतावै सै के मै प्रेरित सूं। 3 जो माणस
मेरे प्रेरित होण पै शक करै सै, उनकै खात्तर योए मेरा जवाब सै। 4 बरनबास
अर मेरे खात्तर, प्रेरित होण कै कारण म्हारे ताहीं यो हक सै, के हम अपणे
काम कै खात्तर थारे तै आर्थिक मदद ले सका सां। 5 के हमनै यो हक कोनी,
के किसे मसीह भाण कै गेल्या ब्याह करकै उस ताहीं अपणे गैल सफर म्ह
लेकै जावां, जिसा दुसरे प्रेरित अर प्रभु का भाई याकूब, यहूदा अर पतरस
करै सै। 6 मेरै अर बरनबास कै धोरै भी यो हक सै, के हम और प्रेरितां के
स्याम्ही आर्थिक मदद हासिल करां अर म्हारे ताहीं जीण खात्तर कोए काम
करण की जरूरत कोनी। 7 कौण सा फौज्जी अपणे खर्च तै जंग लड़ै सै?
कौण अंगूर का बाग लगाकै उसका फळ न्ही खान्दा? कौण भेड्डां की रुखाळी
करकै उनका दूध कोनी पीन्दा? 8 मै इन बात्तां नै सिर्फ माणस होण के नाते
कोनी कहन्दा। मूसा नबी के नियम-कायदे भी योए कहवै सै, क्यूँके मूसा
नबी के नियम-कायदे म्ह लिख्या सै, "नाज लिकाड़ते बखत चाल्दे होए बळध
का मुँह ना बाँधियो।" के परमेसवर बळधां की ए फिक्र करै सै? 10 यो खास
करकै म्हारे खात्तर कह्या गया सै, हाँ, म्हारे खात्तर ए लिख्या गया सै, क्यूँके
यो जरूरी सै, के खेत बाहण आळा अर खलिहाण म्ह, भूसी तै नाज अलग
करण आळा फसल का कुछ हिस्सा पाण खात्तर तो आस राक्खै ए गा। 11
हमनै परमेसवर के सुसमाचार का प्रचार थारे बीच म्ह करया। उस माणस की
ढळ जो पौधे लगावै सै, हमनै थारे भित्तर परमेसवर के सन्देस ताहीं लगाया
सै। इस करकै यो म्हारा हक सै, के म्हारी आर्थिक जरूरतां कै खात्तर हम
थारी मदद हासिल करां। 12 थमनै दुसरे माणसां की भी आर्थिक मदद करी,
जिननै थारे ताहीं सुसमाचार सुणाया था, बरनबास अर मै उनतै भी ज्यादा
आर्थिक मदद पाण का हक राक्खां सां, हालाकि, म्हारे म्ह तै किसे नै भी
जोर कोनी दिया के थम उन चिज्जां नै द्यो जिनकी हमनै जरूरत सै। बल्के हम
सब कुछ सहण खात्तर तैयार सां, ताके हम किसे ताहीं भी मसीह के बारें म्ह

सुसमाचार पै बिश्वास करण म्ह अडचन पैदा ना करा। 13 के थमनै न्ही बेरा
के जो मन्दर म्ह काम करण आळे सै, वे मन्दर म्ह तै खाणा खावैं सै? पर जो
वेदी पै बलि चढ़ावै सै वे बलिदानां का हिस्सा लेवै सै? 14 इस्से तरियां तै
प्रभु नै भी ठहराया के जो माणस सुसमाचार सुणावै सै, उनकी जिन्दगी
का गुजारा उन माणसां तै होणा चाहिए जो सुसमाचार सुणै सै। 15 पर
मन्नै इन म्ह तै किसे भी अधिकार का इस्तमाल कोनी करया, अर ना ए
मै इस मकसद तै लिखूँ सूं, के मेरै खात्तर इसा कुछ करया जावै। बजाये
इसकै, के कोए मन्नै, मेरी इस बात के गर्व तै अलग करै। इसतै आच्छा मै मर
जाणा समझूगाँ। 16 जै मै सुसमाचार सुणाऊँ, तो इस म्ह मन्नै गर्व करण का
कोए हक कोनी। या तो मेरै ताहीं सौप्पी गई जिम्मेदारी सै। जै मै सुसमाचार
न्ही सुणाऊँ, तो मेरै पै धिक्कार सै! 17 जै मै यो काम करुँ सूं, जो मन्नै
अपणी मर्जी तै चुण्या सै, तो मेरे ताहीं एक ईनाम मिलैगा, अर जै या मेरी
अपणी मर्जी कोनी, पर एक जिम्मेदारी सै, जो मेरे ताहीं परमेसवर की ओड़
तै मिली सै, तो मै किसे भी ईनाम की उम्मीद न्ही कर सकता। 18 तो मेरी
कौण सी मजदूरी सै? या मेरी खुशी सै, के बिना भुगताण के मै सुसमाचार
का प्रचार करण लागरया सूं, मेरै धोरै खर्चा मांग्गण का भी हक सै। 19
इसका मतलब यो कोनी के मै माणसां का कहणा मान्नु, भलाए वे लोग मेरी
आर्थिक मदद करै सै, पर मै इसकै खात्तर मजबूर कोनी, फेर भी मै हरेक
किसे का दास बणग्या सूं, ताके उन ताहीं मसीह कै धोरै ल्या सकूँ। 20 जिब
मै यहूदी नियम-कायदा नै मानण आळा था, तो मै भी उन नियम-कायदा के
अधीन था, मै यहूदी माणसां कै खात्तर यहूदी बण्या, ताके यहूदी माणसां नै
परमेसवर कै धोरै ले आऊँ। भलाए मेरे ताहीं नियम-कायदे मानण की जरूरत
कोनी, फेर भी मन्नै इसा करया, ताके मै उन ताहीं मसीह कै धोरै ल्या सकूँ
जो नियम-कायदा के अधीन सै। 21 इस्से तरियां जिब मै गैर यहूदी माणसां
कै गैल काम करुँ सूं, तो मै एक गैर यहूदी की तरियां रहूँ सूं, जो यहूदी
नियम-कायदा नै कोनी मानते, ताके मै उन ताहीं मसीह खात्तर जीत सकूँ।
पर मन्नै बेरा था के मै परमेसवर के नियम-कायदा के बिना न्ही रहूँ था, क्यूँके
मै मसीह के नियम-कायदा के अधीन सूं। 22 जिब मै उन माणसां के गैल सूं
जिनका बिश्वास कमजोर सै, तो मै उनकी तरियां बरताव करुँ सूं, ताके मेरी

कोशिश के जरिये कुछ माणसां का उद्धार हो जावै। 23 मै यो सब कुछ
सुसमाचार कै खात्तर करुँ सूं ताके उन आशीषां का हिस्सेदार बण सकूँ
जिनका वादा सुसमाचार म्ह करया गया सै। 24 के थमनै न्ही बेरा के दौड़ म्ह
तो भाज्जै सारे ए सै, पर ईनाम एक ए ले जावै सै? इस्से तरियां, हम सब नै
वो करणा चाहिए जो हम परमेसवर ताहीं खुश करण कै खात्तर कर सका सां
ताके हम उस ईनाम नै पा सका जो परमेसवर आण आळे बखत म्ह देवैगा।
25 हरेक खिलाड़ी जो प्रतियोगिता म्ह भाग लेवै सै, कठोर संयम का पालन
करै सै। वे तो एक (नाशवान) नाश होण आळे मुकुट नै पाण कै मकसद तै
यो सब करै सै, पर हम यो सब कुछ (अविनाशी) नाश ना होण आळे मुकुट नै
पाण खात्तर करां सां। 26 इस करकै जिसा दौड़ण आळा अपणे मकसद कै
गैल दौड़ै सै, अर जिस तरियां मुक्केबाज अपणे मुक्कयां नै अपणे अधीन
राक्खै सै, उस्से तरियां मै भी अपणी मसीह जिन्दगी नै एक मकसद कै गैल
जीण लागरया सूं। 27 मै अपणी देह नै मसीह के अधीन राक्खूँ सूं, ताके मै
अपणी बुरी इच्छा नै पूरी ना करुँ, मै जो दुसरे माणसां खात्तर सुसमाचार का
प्रचार करण लाग रह्या सूं, अर मै खुद ईनाम कै खात्तर अयोग्य करार हो
जाऊँ।

**10** हे बिश्वासी भाईयो, मै न्ही चाहन्दा के थम इस बात तै अनजाण रहो के
म्हारे सारे पूर्वजां कै गैल जंगल-बियाबान म्ह के होया। परमेसवर नै उन
सारया की एक बाद्दळ कै जरिये अगुवाई करी, जो उनकै आग्गै-आग्गै चाल्लै
था, अर उन ताहीं लाल समुन्दर कै बिचाळै तै इस तरियां तै पार लेग्या, जिस
तरियां सुखी धरती पै ले जाया गया हो। 2 मूसा नबी कै पाच्छै चाल्लण के
कारण, उन सारया नै बाद्दळ म्ह अर समुन्दर म्ह बपतिस्मा ले लिया था। 3
उन सारया नै वो खाणा खाया जो परमेसवर नै सुर्ग तै दिया था। 4 उननै वो
पाणी पिया जो पत्थर की चट्टान तै लिकड्या था, पत्थर की चट्टान की तुलना
हम मसीह के गैल कर सका सां, जो उनकै गैल चाल्लै था, अर उन ताहीं
जीवन देवै था। 5 पर परमेसवर उन म्ह तै घणखरयां तै राज्जी कोन्या होया,
ज्यांतै वे जंगल-बियाबान म्ह ढेर होग्ये। 6 ये बात म्हारै ताहीं चेतावनी के रूप
म्ह दी सै, ताके हम बुरे काम्मां की लालसा ना करां। 7 अर ना थम मूर्ति
पूजणीये बणो, जिस तरियां के उन म्ह तै कितने बणगे थे, जिसा पवित्र ग्रन्थ

म्ह लिख्या सै, “लोग एक दावत म्ह खाण-पीण नै बेठ्ठे, अर फेर भोगविलास
के काम करण खात्तर उठगे।” 8 अर ना हम जारी करा, जिसा उन म्ह तै
कितन्याँ नै करी, अर एक दिन म्ह तेईस हजार मरग्ये। 9 अर ना हम प्रभु नै
परखां, जिसा उन म्ह कितन्याँ नै करया, अर साँपां कै जरिये मरगे। 10 अर
ना थम कुड़कुड़ाओ, जिस तरियां तै उन म्ह कितने कुड़कुड़ाए, अर नाश
करण आळे सुर्गदूत्तां कै जरिये मारे गये। 11 पर ये सारी बात, जो उनपै आण
पड़ी, चेतावनी की तरियां थी, वे म्हारी चेतावनी कै खात्तर जो दुनिया के
आखरी बखत म्ह रहवै सै, लिक्खी गई सै। (aiōn g165) 12 इस करकै जै
कोए इसा माणस सै जो कहन्दा हो, के परमेसवर पै उसका भरोस्सा अटूट
सै, तो उसनै सावधान रहणा चाहिए, के वो चाणचक किसे इम्तिहान म्ह ना
पड़ जावै अर वो पाप ना कर बेठ्ठै। 13 पाप करण की इच्छा पक्की हम सब
कै धोरै आवै सै। पर परमेसवर साच्चा अर बिश्वास लायक सै, वो थमनै
सामर्थ तै बाहर इम्तिहान म्ह कोनी गेरैगा, जो माणस कै सहण तै बाहरणै सै,
बल्के वो थमनै शक्ति देवैगा के थम पाप ना करो। 14 इस कारण, हे मेरे प्यारे
दोस्तों, मूर्तिपूजा तै बचे रहो। 15 मै अकलमंद जाणकै थारे तै कहूँ सूं, जो मै
कहूँ सूं, उसकै बारें म्ह सोच्चों के वो सही सै या गलत। 16 जिब हम उसके
कटोरे म्ह तै (अंगूर का रस) पीवां सां, जिस ताहीं हम प्रभु भोज म्ह इस्तमाल
करां सां, जिसकै खात्तर हम परमेसवर का धन्यवाद करा सां, हम असलियत
म्ह मसीह के लहू म्ह साझी होण लागरे सां, अर जिब हम रोट्टी तोड़ा सां
अर इस ताहीं खावां सां, तो हम असलियत म्ह मसीह के देह म्ह साझा
करण लागरे सां। 17 जिब के सिर्फ एकैए रोट्टी सै, जो मसीह सै, भलाए हम
घणे सां, फेर भी हम एक देह बण जावां सां, क्यूँके हम सब एक रोट्टी म्ह
तै ए खावां सां। 18 इस्राएल के माणसां के बारें म्ह सोच्चों, जिब वे सारे
माणस खावै सै, जो परमेसवर ताहीं चढ़ाया जावै सै, उसतै वे परमेसवर की
आराधना म्ह शामिल हो जावै सै, इस्से तरियां जो वो खाणा खावै सै, जो
मूर्ति कै आग्गै चढ़ाया जावै सै, तो वो भी मूर्ति की आराधना म्ह शामिल
होवै सै, 19 मेरे कहण का मतलब के सै? यो सै के मूर्ति असलियत म्ह
देवता सै, जिनकै खात्तर बलिदान करे जावै सै अर के इस बलिदान की कोए
अहमियत सै? 20 न्ही, बल्के जो माणस मूर्तियाँ नै बलिदान करै सै, वे

परमेसवर कै खात्तर न्ही पर ओपरी आत्मायाँ कै खात्तर बलिदान करै सै, अर
मै न्ही चाहन्दा के थम ओपरी आत्मायाँ के गैल-साझ्झी होवो। 21 यो थारे
खात्तर ठीक कोनी के, थम वो खाओ अर पीओ सों, जो ओपरी आत्मायाँ
ताहीं चढ़ाया जावै सै, अर वो भी खाओ अर पीओ सों, जो हमनै प्रभु की मौत
की याद दुवावै सै। 22 जै हम इसा करां सां, तो हम परमेसवर नै घणा गुस्सा
दुवावां सां, अर हम परमेसवर तै घणे ताकतवर कोनी। 23 हम सब कुछ
करण खात्तर आजाद सां, हम कहवां सां, हाँ, पर सब कुछ म्हारे खात्तर
आच्छा कोनी, हम सब कुछ करण खात्तर आजाद सां, पर सब कुछ म्हारे
बिश्वास नै कोनी बढ़ाते। 24 कोए अपणी ए भलाई नै न्ही, बल्के औरां की
भलाई के बारें म्ह सोच्चों। 25 हालाकि जिब थम कस्साइयाँ धोरै माँस लेण
खात्तर बजारां म्ह जाओ सों, तो उनतै या ना पूच्छो, के यो मूर्तियाँ कै आग्गै
चढ़ाया गया सै या न्ही, अर इसतै थारी अन्तरात्मा भी दुखी न्ही होगी। 26
थम इस करकै खा सको सों क्यूँके पवित्र ग्रन्थ कहवै सै, "क्यूँके धरती अर
धरती पै जो कुछ भी सै सब कुछ प्रभु का सै।" 27 जै अबिश्वासियाँ म्ह तै
कोए थमनै न्योंदा देवै, अर थम खाण खात्तर जाणा चाहो, तो जो किमे थारे
स्याम्ही धरया जावै वोए खा ल्यो, अर थमनै यो न्ही पूछणा चाहिए, के यो
चढ़ावा सै या न्ही, ताके चढ़ावा हो तो थम खुद नै दोषी महसूस कोनी करोगे।
28 पर जै कोए थारे तै कहवै, "यो खाणा तो मूर्ति ताहीं बलि करया गया था,"
तो इस ताहीं अपणी अन्तरात्मा कै कारण न्ही, बल्के थमनै बताण आळे
माणस की अन्तरात्मा के कारण इसनै ना खाओ। 29 मै थारी अन्तरात्मा के
बारें म्ह न्ही, पर उस बताण आळे माणस की अन्तरात्मा बारें म्ह कहूँ सूं। जै
थम खाण की आजादी पै जोर देओ सों, अर दुसरे माणस नै लाग्गै सै के यो
पाप सै, तो उसका के फायदा सै? कुछ भी तो कोनी। 30 जै मै मूर्तियाँ कै
आग्गै चढ़ाई होए चीज ताहीं धन्यवाद करकै खाणे म्ह शामिल होऊँ सूं, तो
उसकै खात्तर मेरे पै दोष क्यूँ लगाया जावै सै, जिसके खाणे खात्तर मन्नै
परमेसवर के प्रति धन्यवाद जाहिर करया? 31 सारी बात्तां का निचोड़ यो सै
के थम चाहे खाओ, चाहे पीओ, चाहे जो किमे करो, सारा किमे परमेसवर की
महिमा कै खात्तर करो। 32 मै जो कुछ भी करुँ सूं, हरेक ताहीं खुश करण की
कोशिश करुँ सूं, अपणे-आप का भला कोनी सोचदा, बल्के सबके भले कै

खात्तर सोच्चुं सूं, ताके वो बचाए जा सकै। उस्से तरियां थम भी इस्से तरियां
जिओ, ताके यहूदी, गैर यहूदी अर परमेसवर की कलीसिया के माणसां कै
खात्तर उद्धार पाण म्ह रुकावट ना बणो।

**11** जिस तरियां मै मसीह के जिसी चाल चाल्लुँ सूं, थम भी मेरी सी चाल
चाल्लों। 2 हे बिश्वासी भाईयो, मै थारी तारीफ करुँ सूं। क्यूँके थम मेरे
ताहीं हर बखत याद करो सों, अर जितनी शिक्षा मन्नै थारे ताहीं दी सै,
उनका सावधानी तै पालन करते रहों। 3 पर एक बात सै जो मै चाहूँ सूं
के थम उसनै जाण ल्यो, वा या सै के हरेक माणस का सिर मसीह सै,
अर बिरबान्नी का सिर उसका धणी सै, अर मसीह का सिर परमेसवर सै।
4 जिब थम कलीसिया म्ह कठ्ठे होओ सों, तो जो माणस सिर ढके होए
प्रार्थना या भविष्यवाणी करै सै, वो मसीह का अपमान करै सै। 5 पर जो
बिरबान्नी उघाड़े सिर प्रार्थना या भविष्यवाणी करै सै, इसका मतलब सै के
वा अपणे धणी का अपमान करै सै, क्यूँके वा गन्जी होण कै बरोब्बर सै। 6
जै बिरबान्नी ओढ़णी ना ओढ़ै तो बाळ भी कटवा लेवै, जै बिरबान्नी कै खात्तर
बाळ कटवाणा या गन्जी होणा बड़े शर्म की बात सै, तो ओढ़णी ओढ़ै। 7 हाँ,
एक माणस नै सिर ढक्ण की जरूरत कोनी, क्यूँके परमेसवर नै उस ताहीं
खुद के समान बणा दिया सै, अर उस ताहीं अपणे जिसा सुभाव अर महिमा
दी सै, पर बिरबान्नी मर्द की शोभा सै। 8 क्यूँके पैहला माणस बिरबान्नी तै
न्ही होया, पर पैहली बिरबान्नी हव्वा, माणस तै होई। 9 परमेसवर नै पैहले
माणस ताहीं बिरबान्नी की मदद करण खात्तर न्ही बणाया था, बल्के उसनै
बिरबान्नी ताहीं बणाया ताके माणस की मदद करै। 10 अर इस बजह तै
सुर्गदूत्तां की मौजूदगी कै कारण बिरबान्नी खात्तर जरूरी सै, के अधिकार के
रूप म्ह उसनै अपणे सिर पै कुछ ओढ़णा चाहिए। 11 फेर भी प्रभु म्ह ना तो
बिरबान्नी माणस तै, अर ना माणस बिना बिरबान्नी तै आजाद सै। 12 भलाए
परमेसवर नै पैहले इन्सान तै पैहली जनानी बणाई, अर या जनानी ए सै जो
इन्सान नै जन्म देवै सै, पर सारी चीज परमेसवर तै सै। 13 थम आप ए
विचार करो, के कलीसिया म्ह बिरबान्नी नै उघाड़े सिर परमेसवर तै प्रार्थना
करणा शोभा देवै सै? 14 के सुभाव कै तौर पै भी थमनै न्ही बेरा के जै
माणस लाम्बे बाळ राक्खै, तो उसकै खात्तर अपमान सै। 15 पर जै लुगाई

लाम्बे बाळ राक्खै तो उसकै खात्तर शोभा सै, क्यूँके बाळ उसकी ओढ़णी कै
खात्तर दिए गये सै। 16 पर जै कोए मेरे तै सहमत कोनी, तो म्हारे धोरै अर
परमेसवर की कलीसिया कै धोरै आराधना करण का इसकै अलावा कोए
और रिवाज कोनी। 17 इब जो बात मै थारे ताहीं बताऊँ सूं, उसकै खात्तर मै
थारी बड़ाई कोनी करदा, ज्यांतै के थारे कठ्ठे होण तै भलाई न्ही, पर नुकसान
होवै सै। 18 क्यूँके मेरे सुणण म्ह आया सै, के जिब थम कलीसिया म्ह
आराधना कै खात्तर कठ्ठे होवो सों, तो थारे म्ह फूट होवै सै, अर मै मान्नु सूं के
यो सच सै। 19 पर यकीनन थारे बीच बटवारा होणा चाहिए, ताके जिनकै
धोरै परमेसवर की मंजूरी सै, उन ताहीं पिच्छाणा जावै। 20 आखर म्ह थम जो
एक जगहां म्ह कठ्ठे होवो सों, म्हारे प्रभु यीशु मसीह की मौत नै याद करण कै
खात्तर होओ सों, यो प्रभु-भोज खाण कै खात्तर न्ही। 21 क्यूँके खाण कै
बखत एक-दुसरे तै पैहल्या अपणा खाणा खा लेवै सै, इस ढाळ कोए तो
भूक्खा रहवै सै अर कोए मतवाला हो जावै सै। 22 के खाण-पीण कै खात्तर
थारे घर कोनी? या थम परमेसवर की कलीसिया का तिरस्कार अर गरीबां नै
शर्मिन्दा करण पै तुले होए सों? इब मै थारे तै के कहूँ? के इस बात म्ह थारी
बड़ाई करुँ? ना! बिलकुल न्ही। 23 मन्नै थारे ताहीं जितनी शिक्षा दी सै वोए
शिक्षा सै, जो मन्नै परमेसवर की ओड़ तै मिली थी, के प्रभु यीशु जिस रात
पकड़ाया गया, रोट्टी लेई, 24 अर परमेसवर का धन्यवाद करकै उसनै तोड़ी
अर कह्या, "या मेरी देह सै, जो थारे खात्तर सै: मेरी यादगारी खात्तर न्यूए
करया करो।" 25 इसे तरियां उसनै खाणे कै बाद अंगूर के रस का कटोरा भी
लिया अर कह्या, "यो कटोरा मेरे लहू म्ह नया करार सै: जिब कदे पीओ, तो
मेरी यादगारी कै खात्तर न्यूए करया करो।" 26 क्यूँके जिब कदे थम या रोट्टी
खाओ अर इस कटोरे म्ह तै पीओ सो, तो प्रभु की मौत नै जिब ताहीं वो न्ही
आवै, प्रचार करदे रहो। 27 ज्यांतै जो कोए इस तरिक्कें तै प्रभु की रोट्टी खावै
या उसकै कटोरे म्ह तै पीवै, जिसतै मसीह का आनदर हो, तो वो प्रभु की
देह अर लहू के बिरुध्द पाप करै सै। 28 ज्यांतै माणस अपणे-आप ताहीं
जाँच लेवै अर इस्से तरियां तै इस रोट्टी म्ह तै खावै, अर इस कटोरे म्ह तै
पीवै। 29 क्यूँके जो खांदे-पिंदे बखत प्रभु की देह के साथ अपणे रिश्ते नै न्ही
पिच्छाणता, वो इस खाणे अर पीणै तै अपणे उप्पर दण्ड ल्यावै सै। 30

अर दण्ड की शरुआत थारे बीच हो ली सै, इस्से कारण थारे म्ह तै घणखरे
कमजोर अर बीमार सै, अर घणखरे मर भी गये। 31 जै हम अपणे-आपनै
जाँचदे तो दण्ड न्ही पांदे। 32 पर प्रभु म्हारै ताहीं दण्ड देकै म्हारी ताड़ना करै
सै, ज्यांतै के हम न्याय के दिन दुसरे माणसां के साथ दंडित ना करे जावां।
33 इस करकै, हे बिश्वासी भाईयो, जिब थम प्रभु भोज खाण खात्तर कठ्ठे
होओ सो, तो एक-दुसरे कै खात्तर ठहरे रहो, ताके थम मिलकै प्रभु भोज खा
सको। 34 जै कोए भूक्खा हो तो अपणे घर म्ह खा लेवै, ताके जिब थम एक
साथ आओगे, तो थम सही तरियां तै बरताव करोगे, अर परमेसवर थारा
न्याय कोनी करैगा। दुसरी बात्तां नै मै जिब्बे सुलझाऊँगा जिब आऊँगा।

**12** हे बिश्वासी भाईयो, इब पवित्र आत्मा के जरिये दी गई उन खुबियाँ तै
तालुकात राखती उन बात्तां के बारें म्ह मै न्ही चाहन्दा के थम अनजाण रहो।
2 थम जाणो सो, के प्रभु म्ह बिश्वास करण तै पैहले थम किसे थे, कोए थमनै
राह दिखावै था ताके थम मूर्तियाँ की पूजा कर सको जो बोल न्ही सकदी। 3
ज्यांतै मै थमनै बताणा चाहूँ सूं, के जो कोए परमेसवर की आत्मा की अगुवाई
तै बोल्लै सै, वो न्ही कहन्दा के यीशु श्रापित सै, अर ना कोए पवित्र आत्मा कै
बिना कह सकै सै के यीशु प्रभु सै। 4 आत्मिक वरदान तो कई ढाळ के सै,
पर या पवित्र आत्मा ए सै जो इन सबका भण्डार सै। 5 अर काम भी कई
ढाळ के सै, जो हम परमेसवर खात्तर करा सां, पर हम सब एकैए परमेसवर
की सेवा करा सां। 6 परमेसवर म्हारी जिन्दगी म्ह कई ढाळ के तरिक्कां तै
काम करै सै, पर यो वोए परमेसवर सै, जो हमनै उसके काम करण की
काबलियत देवै सै। 7 एक इसी काबलियत सै जो म्हारे म्ह तै हरेक ताहीं दी
जावै सै, जो पवित्र आत्मा की मौजूदगी नै दिखावै सै ताके हम अपणे संगी
बिश्वासियाँ की मदद कर सका। 8 परमेसवर की आत्मा एक माणस ताहीं
बुद्धि तै भरा सन्देस बोल्लण की काबलियत देवै सै, अर वाए आत्मा किसे
दुसरे माणस नै ज्ञान तै भरा सन्देस बोल्लण की काबलियत देवै सै। 9 वो
एक माणस ताहीं मसीह म्ह मजबुत्ती तै बिश्वास करण की काबलियत देवै सै,
अर दुसरे माणस ताहीं आत्मा, बीमार लोग्गां नै ठीक करण की काबलियत
देवै सै। 10 किसे ताहीं सामर्थ के काम करण की ताकत, अर किसे ताहीं
भविष्यवाणी की, अर किसे ताहीं आत्मायाँ की परख, अर किसे ताहीं घणी

ढाळ की भाषा, अर किसे ताहीं भाषायां का मतलब बताणा की काबलियत
दी। **11** पर ये परमेसवर की आत्मा सै, जो सारी काबलियत का भण्डार सै,
अर वो हर किसे नै बाट देवै सै, जिसा वो चाहवै सै। **12** जिस तरियां देह के
भोत सारे अंग होवै सै, पर भोत सारे अंग मिलकै एक देह नै बणावै सै,
उस्से ढाळ मसीह देह सै, अर सब बिश्वासी उसके देह के अंग सै। **13** क्यूँके
हम सब यहूदी, यूनानी, गुलाम अर आजाद, एकए देह की तरियां सां, अर
परमेसवर हम सब नै पवित्र आत्मा का बपतिस्मा देवै सै, अर हम सारया नै
एके तरियां का पवित्र आत्मा पाया सै। **14** देह म्ह एके अंग न्ही, पर भोत-से
सै। **15** जै पैर कहवै के मै हाथ कोनी, इस करकै देह का अंग कोनी, तो के
उसके इसा कहण तै वो देह का अंग कोनी? **16** अर जै कान कहवै, के मै
आँख कोनी, इस करकै देह का अंग कोनी, तो के वो इस कारण देह का अंग
कोनी? **17** जै साब्ती देह आँख होन्दी तो सुणणा कित्त तै होंदा? जै साब्ती
देह कान ए होंदी तो सूंघणा कित्त तै होंदा? **18** पर सचमुच परमेसवर नै देह
के सारे अंगा ताहीं अपणी मर्जी कै मुताबिक एक-एक करकै देह म्ह सही
जगहां पै राख्या सै। **19** जै सारे अंग एके अंग होन्दे, तो देह कित्त तै होंदी?
**20** बल्के अंग तो भतेरे सै, पर देह एके सै। **21** आँख हाथ तै कोनी कह
सकदी, "मन्नै तेरी जरूरत कोनी," अर ना सिर पैर तै कह सकै सै, के "मन्नै
तेरी जरूरत कोनी।" **22** पर देह के कुछ अंग जो दुसरे अंगा तै कमजोर लाग्गै
सै, भोत-ए जरूरी सै। **23** अर देह के जिन अंगा नै हम कम आदर देवां सां, वे
सै जिन ताहीं हम बड़ी सावधानी तै ढका सां, इस करकै उन अंगा की हम
सावधानी तै हिफाजत करा सां, जिन ताहीं देख्या न्ही जा सकता, जिब के
आदर के लायक अंगा नै इस खास देखभाळ की जरूरत कोनी। इस करकै
परमेसवर नै देह ताहीं एक साथ राख्या सै, ताके उन अंगां ताहीं खास आदर
अर देखभाळ दी जावै, जिनका महत्व कम सै। **25** ताके देह म्ह फूट ना पड़ै
पर देह के सारे हिस्से दुसरे अंगा की देखभाळ करै। **26** जै देह का कोए अंग
दुख पावै सै, तो उसकै गैल देह के सारे अंग दुख पावै सै, अर जै एक अंग की
बड़ाई होवै सै, तो उसकै गेल्या सारे अंग आनन्द मनावै सै। **27** इस्से ढाळ
थम सारे मिलकै मसीह की देह सो, अर थारे म्ह तै हरेक उसके देह के कुछ
हिस्सां के रूप म्ह उसके अंग सों **28** मसीह की इस देह म्ह जो के कलीसिया

सै, परमेसवर नै म्हारे ताहीं न्यारे-न्यारे ढाळ के काम करण कै खात्तर दिया,
सब तै पैहल्या प्रेरितां, फेर नबी, तीसरे शिक्षक, फेर सामर्थ के काम करण
आळे, फेर चंगाई देण आळे, भलाई करण आळे, अर अगुवें, अर अन्य भाषा
बोल्लण की काबलियत दी। **29** के सारे प्रेरित सै? न्ही! के सारे नबी सै?
न्ही! के सारे उपदेशक सै? न्ही! के सारे सामर्थ के काम करण आळे सै?
न्ही! **30** के सारया नै चंगा करण का वरदान मिल्या सै? न्ही! के सारे अन्य
भाषा बोल्लै सै? न्ही! **31** के सारे अन्य भाषा का मतलब बताणीये सै? न्ही!
थम सबतै उपयोगी वरदानां की धुन म्ह रहो, पर मै थमनै सारया तै बढ़िया
राह बताऊँ सूं।

**13** जै मै माणसां अर सुर्गदूत्तां की बोल्ली बोल्लूँ अर दुसरयां तै प्यार ना
करुँ, तो मै ठनठनादा होया पीत्तळ, अर झंझनाती होई झाँझ सूं। **2** अर जै मै
भविष्यवाणी कर सकूँ, अर सारे भेद अर सारी ढाळ के ज्ञान ताहीं समझूँ,
अर मन्नै उरै ताहीं इतणा बिश्वास हो के मै पहाड़ां ताहीं हटा दियुँ, पर दुसरयां
तै प्यार ना करुँ, तो मै कुछ भी कोनी। **3** जै अपणा सारा धन कंगालां नै
खुवा दियुँ, या अपणी देह जळाण कै खात्तर दे दियुँ, अर दुसरयां तै प्यार ना
करुँ, तो मन्नै किमे भी फायदा कोनी। **4** जो लोग दुसरयां तै प्यार करै सै, वे
पूरे धीरज अर दयालु तरिक्कें तै काम करै सै, वे नफरत न्ही करते, अर वे
खुद की बड़ाई न्ही करते। **5** वे दुसरयां का अनादर कोनी करते, वे स्वार्थी
कोनी अर ना ए तावळे नाराज होवै सै, पर आसान्नी तै उन माणसां ताहीं
माफ करदे सै जो उनके खिलाफ बुरा बरताव करै सै। **6** जिब लोग बुरे काम
करै सै तो वे खुश कोनी होन्दे, पर जिब लोग सही काम करै सै तो वे खुश
होवै सै। **7** प्यार सारी बात्तां नै सह लेवै सै, अर हमेशा म्हारे हरेक हालात्तां म्ह
बिश्वास करण म्ह, परमेसवर पै भरोस्सा राक्खण म्ह, अर दुख अर मुसीबतां
नै धीरज तै सहण करण म्ह म्हारी मदद करै सै। **8** प्यार सदा तक रहण
आळा सै। जड़ै ताहीं भविष्यवाणीयाँ का सवाल सै, वे थोड़े ए बखत खात्तर
सै, भाषाएँ बिना शब्द की हो जावैंगी अर ज्ञान मिट जावैगा। **9** क्यूँके म्हारा
ज्ञान अर म्हारी भविष्यवाणी का वरदान अधूरा सै। **10** पर जिब हम सिद्धता
तक पोहच जावांगे तो, वो सब, जो अधूरा सै, मिट जावैगा। **11** जिब मै
बाळक था, तो मै बाळकां की ढाळ बोल्लू था, बाळकां जिसी मेरी सोच थी,

बाळकां जिसी समझ थी, पर जिब श्याणा हो गया तो बाळकां के जिसी बात
छोड़ दी। 12 इब जो हम परमेसवर के बारें म्ह जाणा सां, वो सब शीशे म्ह
धुँधळा दिखाई देण की ढाळ सै, पर बाद म्ह हम उस ताहीं आम्ही-स्याम्ही
देक्खांगें, इब्बे हम सब कुछ न्ही जाणते, पर बाद म्ह हम सब किमे जाण
जावांगे जिस तरियां परमेसवर म्हारे ताहीं जाणै सै। 13 ये तीन्नु चीज सदा
खात्तर सै, बिश्वास, आस, अर प्यार पर इन म्ह सारया तै बड्ड़ा प्यार सै।
**14** एक-दुसरे तै प्यार करण की कोशिश करो, अर आत्मिक वरदान्नां की
भी धुन म्ह रहो, खास करकै यो के भविष्यवाणी करो। 2 क्यूँके जो अन्य
भाषा म्ह बात करै सै वो माणसां तै न्ही पर परमेसवर तै बात करै सै, ज्यांतै
के उसकी बात कोए न्ही समझदा, क्यूँके वो भेद की बात पवित्र आत्मा
की शक्ति तै बोल्लै सै। 3 पर जो भविष्यवाणी करै सै, वो बिश्वासियाँ नै
मजबूत करण की, उत्साहित करण की, अर शान्ति की बात कहवै सै। 4 जो
अन्य भाषा म्ह बात करै सै, वो अपणा ए बिश्वास मजबूत करै सै, पर जो
भविष्यवाणी करै सै, वो कलीसिया के बिश्वासियाँ के बिश्वास नै मजबूत करै
सै। 5 मै चाहूँ सूं के थारे म्ह तै हरेक नै अन्य भाषायां म्ह बात करण की
काबलियत मिलै, पर इसकी बजाए आच्छा तो यो सै के थमनै भविष्यवाणी
की काबलियत मिलै, क्यूँके जो भविष्यवाणी करै सै, वो उस अन्य भाषा
बोल्लण आळा तै, जो उसका मतलब खोल कै बताए बिना अन्य भाषा म्ह
बात करै सै, उसतै आच्छा सै, क्यूँके उसका मतलब खोल कै बताये जाण
पैए कलीसिया के बिश्वासियाँ के बिश्वास की बढ़ोतरी हो सकै सै। 6 ज्यांतै,
हे बिश्वासी भाईयो, जै मै थारे तै अन्य भाषा म्ह बात करुँ, तो उसतै थमनै के
फायदा होगा, जै इस म्ह थारे खात्तर कोए प्रकाशन, ज्ञान, भविष्यवाणी या
शिक्षा की बात ना हो, तो मै इस म्ह थारा के भला करुँगा? 7 इस्से ढाळ
बेजान चीज म्ह तै भी आवाज लिकड़ै सै, चाहे बाँसुरी हो या संगीत के साज,
जै उनतै लिकड़ै सुरां म्ह फर्क ना हो तो यो किस तरियां बेरा लाग्गैगा के यो
कौण सा साज बजाया जाण लाग रह्या सै। 8 अर जै तुरही का शब्द साफ ना
हो, तो कौण लड़ाई कै खात्तर त्यारी करैगा? 9 इस्से तरियां जै थम अन्य
भाषा म्ह बोल्लों सों, अर थारे शब्दां नै कोए समझ न्ही पावै, के थम के
बोल्लण लागरे सों? तो यो तो हवा तै बात करण जिसा होगा। 10 भलाए

दुनिया म्ह कितनी ए ढाळ की भाषा क्यूँ ना हों, पर हरेक भाषा का मतलब
सै। 11 पर जै मै किसे भाषा का मतलब ना समझूँ, तो बोल्लण आळे की
निगांह म्ह परदेशी ठहरूँगा, अर बोल्लण आळा भी मेरी निगांह म्ह परदेशी
ठहरैगा। 12 ज्यांतै थम भी जिब आत्मिक वरदानां की खोज म्ह हो, तो इसे
वरदानां की लालसा राक्खों, जिसतै कलीसिया के बिश्वासी माणसां का
बिश्वास भी मजबूत हो सकै। 13 इस कारण जो अन्य भाषा बोल्लै, वो
प्रार्थना करै के उसका खोल कै मतलब भी बता सकै। 14 ज्यांतै जै मै अन्य
भाषा म्ह प्रार्थना करुँ, तो मेरी आत्मा प्रार्थना करै सै, पर मेरी बुद्धि काम न्ही
देंदी। 15 इस बजह तै मै आत्मा तै भी प्रार्थना करुँगा, अर बुद्धि तै भी प्रार्थना
करुँगा, मै आत्मा तै भी गाऊँगा, अर बुद्धि तै भी गाऊँगा। 16 मान ल्यो के
कई आम आदमी थारे गैल परमेसवर की आराधना म्ह शामिल होवै सै,
अर जिब थम अपणी आत्मा के साथ परमेसवर की आराधना करण लागरे
सों, अर जो थम बोल्लो सों वो उननै समझ कोनी आन्दा, तो परमेसवर का
धन्यवाद करण कै बाद, उननै किस तरियां बेरा लाग्गैगा के कद "आमीन"
कहणा सै, जो थम कहण लागरे सों? 17 परमेसवर का धन्यवाद करणा थारे
खात्तर अदभुत हो सकै सै, पर यो दुसरयां ताहीं उनके बिश्वास म्ह मजबूत न्ही
बणा सकदा। 18 मै अपणे परमेसवर का धन्यवाद करुँ सूं, के मै थम सारया
तै घणा अन्य भाषायां म्ह बोल्लू सूं। 19 पर कलीसिया म्ह अन्य भाषा म्ह
दस हजार बात कहण तै यो मन्नै और भी सही लाग्गै सै, के दुसरयां नै
सिखाण कै खात्तर मै बुद्धि तै पाँच ए बात कह सकू। 20 हे बिश्वासी भाईयो,
इन बात्तां नै समझण म्ह बाळक ना बणो, बुराई करण म्ह तो बाळक बणे
रहो, पर इस तरियां के मामलां नै समझण म्ह श्याणे बणो। 21 पवित्र ग्रन्थ
म्ह लिख्या सै, के प्रभु कहवै सै, "के मै अजनबियाँ के जरिये बात करुँगा,
जो अन्य भाषा बोल्लैगें, तोभी वे मेरी न्ही सुणैगें।" 22 ज्यांतै अन्य भाषा
बिश्वासियाँ कै खात्तर न्ही, पर अबिश्वासियाँ कै खात्तर निशान्नी सै, जो
ये भाषा न्ही समझते, पर भविष्यवाणी अबिश्वासियाँ कै खात्तर न्ही, पर
बिश्वासियाँ कै खात्तर निशान्नी सै। 23 इस करकै जै कलीसिया एक जगहां
कठ्ठी हो, अर सारे के सारे अन्य भाषा बोल्लै, जो ये भाषा न्ही समझते, या
अबिश्वासी माणस भीत्तर आ जावै, तो के वे थमनै बावळे न्ही कहवैगें? 24

पर जै सारे भविष्यवाणी करण लाग्गे, अर कोए अबिश्वासी माणस या जो
भविष्यवाणी नै न्ही समझते हो, भीत्तर आ जावै, तो उननै अपणे पापां
का अहसास होगा अर जो थम बोल्लण लागरे सों उसकी बजह तै अपणे-
आप ताहीं कसूरवार महसूस करैंगें। 25 अर परमेसवर का संदेश उस ताहीं
उसकी बुराई या उसकी गुप्त सोच का अहसास करां देवैगा। वो महसूस
करैगा के वो पापी सै, अर वो पाप करणा छोड़ देगा अर वो झुककै प्रभु की
आराधना करैगा, अर मान लेवैगा के सच म्ह ए परमेसवर थारे बिचाळै सै।
26 हे बिश्वासी भाईयो, सुणो के ये बात किस तरियां होणी चाहिये? जिब थम
आराधना खात्तर कठ्ठे होवो सो, तो थारे म्ह तै कोए तो भजन गावै सै, कोए
उपदेश देवै सै, कोए प्रभु के जरिये दिए गये प्रकाशन सै, कोए अन्य भाषा म्ह
बात करै सै, कोए उसका मतलब बतावै सै। इन सारी बात्तां का मकसद योए
सै, के कलीसिया बिश्वास म्ह मजबूत हो सकै। 27 जै अन्य भाषा म्ह बात
करै तो ज्यादा तै ज्यादा दो या तीन माणस बारी-बारी तै बोल्लै, अर एक
माणस उन बात्तां का खोल कै मतलब भी बतावै। 28 पर जै खोल कै मलतब
बताणीया ना हो, तो अन्य भाषा बोल्लण आळा कलीसिया म्ह शान्त रहवै,
अर अपणे मन म्ह परमेसवर तै बात करै। 29 नबियाँ म्ह तै दो या तीन बोल्लै,
अर बाकी माणस उनकै वचन नै परखै। 30 जै उस बखत ओड़ै कोए बेठ्या
हो जिस ताहीं ईश्वरीय प्रकाशन मिलै, तो पैहले आळा माणस चुप हो जावै
अर दुसरे माणस नै बोल्लण दे। 31 थम सारे एक-एक करकै भविष्यवाणी
कर सको हो, ताके सारे सीखै अर सारे उत्साहित भी हो जावै। 32 अर
नबियाँ की आत्मा नबियाँ कै बस म्ह सै, उसकै भित्तर इतनी काबलियत सै,
के वो अपणी इच्छा के मुताबिक बोल सकै सै, अर चुप भी रह सकै सै। 33
क्यूँके परमेसवर गड़बड़ी का न्ही, पर शान्ति का परमेसवर सै। यो वो नियम
सै जिसका पालन परमेसवर के माणसां के सारी कलीसियाओं म्ह करया
जाणा चाहिए। 34 बिरबान्नी कलीसिया की सभा म्ह चुपचाप रहवै, क्यूँके
उन ताहीं बात करण का हुकम कोनी, पर अधीन रहण का हुकम सै, जिसा
नियम-कायदे म्ह लिख्या भी सै। 35 जै वे किमे सिखणा चाहवै, तो घर म्ह
अपणे-अपणे धणी तै बुझै, क्यूँके बिरबान्नी का कलीसिया म्ह घणा बोलणा
शर्म की बात सै। 36 इसा क्यूँ सै के थारे म्ह तै कुछ पैहले उप्पर लिखे होए

नियमां का पालन न्ही करणा चाहन्दे? के थमनै लाग्गै सै, के थम परमेसवर
का वचन देण आळे पैहले आदमी सों? 37 जै कोए माणस खुद नै नबी या
आत्मिक माणस समझै, तो न्यू जाण ले के जो बात मै थमनै लिखूँ सूं, वे प्रभु
के हुकम सै। 38 जै कोए माणस इन बात्तां पै बिश्वास न्ही करदा, तो थम भी
उसकी बात्तां पै बिश्वास ना करो, जो वो बोल्लण लागरया सै। 39 इस करकै
हे बिश्वासी भाईयो, भविष्यवाणी करण की धुन म्ह रहो, अर अन्य भाषा
बोल्लण तै मना ना करो। 40 कलीसिया म्ह जो कुछ भी करो सों, आच्छी
तरियां अर सही ढंग तै करया जावै।

**15** हे बिश्वासी भाईयो, इब मै थमनै वोए सुसमाचार याद दिवाऊँ सूं, जो
पैहल्या सुण्या जा चुक्या सै, जिस सुसमाचार का थमनै बिश्वास भी करया
था, अर थम उस बिश्वास म्ह बणे भी रहो। 2 जै थम सुसमाचार म्ह बिश्वास
करणा जारी राक्खों सों, जो मन्नै थारे ताहीं सुणाया था तो परमेसवर थमनै
सुसमाचार के जरिये बचावैगा, जै थम उस सुसमाचार पै बिश्वास करणा छोड़
द्यो, तो थारा मसीह पै बिश्वास करणा बेकार सै। 3 इस्से कारण मन्नै थारे
ताहीं सब तै खास सन्देस बताया सै, जो मेरे ताहीं प्रभु यीशु तै मिल्या सै, वो
सन्देस यो सै, के पवित्र ग्रन्थ कै वचन कै मुताबिक यीशु मसीह म्हारै पापां कै
खात्तर मारया गया, 4 गाड्या गया, अर पवित्र ग्रन्थ कै मुताबिक तीसरे दिन
जिन्दा भी होग्या, 5 अर उसकै बाद वो पतरस ताहीं अर फेर बारहां चेल्यां नै
दिख्या। 6 फेर वो पाँच सौ तै ज्यादा चेल्यां नै एक साथ दिख्या, जिन म्ह तै
घणखरे तो इब ताहीं जिन्दे सै पर कई मर लिये सै। 7 इसकै बाद वो याकूब
नै अर फेर सारे प्रेरितां नै भी दिख्या। 8 सब तै आखर म्ह मन्नै भी दिख्या,
मेरे ताहीं प्रभु नै अदभुत तरिक्कें तै प्रेरित बणाया। 9 क्यूँके मै प्रेरितां म्ह
सारया तै कम महत्वपूर्ण सूं, बल्के प्रेरित बणण कै जोग्गा भी कोनी था,
क्यूँके मन्नै परमेसवर की कलीसिया के बिश्वासियाँ ताहीं सताया था। 10 पर
मै जो कुछ भी सूं, परमेसवर के अनुग्रह तै प्रेरित सूं। उसका अनुग्रह जो मेरै पै
होया, वो बेकार न्ही होया, पर मन्नै उन और प्रेरितां तै बाध मेहनत भी करी,
तोभी या मेरी ओड़ तै न्ही होई, पर परमेसवर का अनुग्रह तै होई जो मेरै पै
था। 11 ज्यांतै चाहे मै हूँ, चाहे दुसरे प्रेरित हों, हम सब नै मसीह के बारें म्ह
एक जिसा प्रचार करा, अर इस्से पै थमनै बिश्वास भी करया। 12 मै थारे तै

एक बात पूच्छु सूं, जिब तै हम सारया नै यो प्रचार करया सै, के परमेसवर नै
मसीह ताहीं मुर्दां म्ह तै जिन्दा करया, तो थारे म्ह तै कई क्यूँ न्ही मानते के
बिश्वासी भी मरकै जिवैंगे? 13 जै मरे होया का जी उठणा सै ए कोनी, तो
मसीह भी मरे होया म्ह तै जिन्दा कोनी होया, 14 अर जै मसीह मरे होया म्ह
तै न्ही जी उठ्या, तो म्हारा प्रचार करणा बेकार सै अर थारा बिश्वास करणा
भी बेकार सै। 15 इसतै भी बढ़कै यो सै के हम परमेसवर के झूठ्ठे गवाह
साबित होण लागरे सां, क्यूँके हमनै उनके बारें म्ह या गवाही दी सै के उननै
हम उम्र के यहूदियाँ म्ह भोत उत्सुक था। 15 पर परमेसवर की जिब इच्छा
होई के वो मेरे पै अपणे बेट्टे नै जाहिर करै के मै गैर यहूदियाँ म्ह उसका
सुसमाचार सुणाऊँ, उसनै मेरे ताहीं मेरी माँ की कोख म्ह ए चुण लिया, अर
अपणे अनुग्रह तै मेरे ताहीं बुला लिया था। तो मन्नै किसे की राय कोनी ली,
17 अर ना यरुशलेम म्ह उनकै धोरै ग्या जो मेरै तै पैहल्या प्रेरित चुणे गये थे,
पर जिब्बे अरब देश म्ह चल्या गया अर फेर ओड़ै तै दमिश्क नगर म्ह बोहड़
ग्या। 18 फेर तीन साल के पाच्छै मै पतरस जो प्रेरित सै उसतै मिलण खात्तर
यरुशलेम ग्या, अर उसकै धोरै पन्द्रह दिन तैई रह्या। 19 पर मै प्रभु यीशु
मसीह के भाई याकूब नै छोड़ और किसे प्रेरित तै न्ही मिल्या। 20 परमेसवर
मेरा गवाह सै के मन्नै थारे ताहीं जो लिख्या सै उस म्ह कुछ भी झूठ कोनी।
21 उन प्रेरितां के मिलण कै बाद मै सीरिया अर किलिकिया के परदेसां म्ह
आया। 22 पर यहूदिया परदेस की कलीसियां के बिश्वासी भाईयाँ नै जो
मसीह म्ह बिश्वास करै थे, उननै मेरा मुँह कदे न्ही देख्या था, 23 पर न्यूए
सुण्या करै थे के एक बखत था जो हमनै सताण आळा था, इब वोए उस
बिश्वास का सुसमाचार सुणावै सै जिसनै पैहल्या नाश करै था। 24 अर वे मेरै
बारै म्ह परमेसवर की बड़ाई लगातार करै थे।

**2** चौदहा साल कै पाच्छै मै बरनबास के गेल्या फेर यरुशलेम नगर म्ह ग्या,
अर तीतुस नै भी गेल्या लेग्या। 2 मै इस खात्तर ओड़ै गया क्यूँके परमेसवर नै
मेरे ताहीं ओड़ै जाण खात्तर कह्या था, अर जिब मै ओड़ै था तो मै कलीसिया
के अगुवां तै एकान्त म्ह मिला, अर उस सुसमाचार के बारें म्ह उन ताहीं
बताया, जो मै गैर यहूदियाँ म्ह प्रचार करुँ सूं, ताके इसा ना हो के जो मन्नै
पैहले अर जो इब भी करण लागरया सूं, उसका कोए नतिज्जा ना लिकड़ै। 3
पर तीतुस जो मेरा संगी साथी सै अर जो यूनानी सै, उसका कदे खतना कोनी
होया पर कलीसिया के अगुवां नै जो यरुशलेम म्ह सै उस ताहीं अपणालिया,
अर उननै उस ताहीं खतना कराण खात्तर मजबूर कोनी करया। 4 तो या बात
एक समस्या बणगी, उन झूठ्ठे भाईयाँ के कारण होया जो चोरी तै घुस आये
थे, के उस आजादी का जो मसीह यीशु म्ह हमनै मिली सै, भेद लेकै हमनै
यहूदी नियम-कायदा के दुबारा तै दास बणा दे। 5 उनकै साथ एक पल भी

हमनै सहमत होणा न्ही चाह्या, ताके थम सुसमाचार की सच्चाई के मुताबिक
जिन्दगी जिओ। 6 उन कलीसिया के अगुवां ताहीं जो यरुशलेम नगर म्ह थे,
उननै मेरे ताहीं मजबूर कोनी करया, के मै अपणे सन्देस नै बदलु, जो मै थमनै
सिखाऊँ सूं। इसतै कोए फर्क कोनी पड़ता, के वो अगुवें मेरे खात्तर के सै,
क्यूँके परमेसवर बाहरी रूप नै देखकै न्याय न्ही करदा। 7 पर इसके उल्ट
जिब उन अगुवां नै देख्या के परमेसवर नै पतरस ताहीं हक दे राख्या सै, वो के
यहूदी माणसां ताहीं सुसमाचार सुणावै, उस्से तरियां गैर यहूदियाँ के खात्तर
मेरै ताहीं भी सुसमाचार सुणाणा सौप्या ग्या। 8 (क्यूँके जिसनै पतरस तै
यहूदी माणसां म्ह प्रेरिताई का काम बड़े असरदार ढंग तै करवाया, उस्से नै
मेरै तै भी गैर यहूदियाँ म्ह असरदार काम करवाया), 9 जो लोग कलीसिया
के खम्भे समझे जावै थे, यानी याकूब, पतरस, अर यूहन्ना, उननै अनुग्रह का
वो वरदान पिच्छाणा जो मेरे ताहीं मिला सै। उननै मेरै ताहीं अर बरनबास
ताहीं अपणा साथी समझकै म्हारे ताहीं खास सहभागी बणा लिया। वे इस
बात खात्तर सहमत होगे के हम गैर यहूदियाँ कै धोरै जावै, अर वे यहूदियाँ के
धोरै जावै। 10 उननै म्हारे तै सिर्फ याए बिनती करी के हम यरुशलेम के
गरीब बिश्वासी भाईयाँ की मदद करां, अर इस्से काम नै करण की मै खुद भी
कोशिश करुँ था। 11 एक दिन जिब पतरस अन्ताकिया नगर म्ह आया, तो
मन्नै बिश्वासी भाईयाँ के स्याम्ही उस ताहीं फटकारा, क्यूँके जो वो काम करै
था वो गलत था। 12 वो पैहले गैर यहूदियाँ कै गैल खाया-पिया करै था, जिब
कुछ बिश्वासी जो याकूब नै यरुशलेम नगर म्ह भेज्जे थे, तो उसनै अपणे-
आप ताहीं गैर यहूदियाँ तै अलग कर लिया, अर उनकै गैल खाणा-पीणा छोड़
दिया अर उसनै यहूदी माणसां के डरकै मारै इसा करया, क्यूँके वे चाहवै थे,
के गैर यहूदियाँ का भी खतना हो। 13 पतरस के गेल्या बाकी बचे यहूदी
माणस भी उसके कपट म्ह शामिल होगे, अर उन म्ह बरनबास भी शामिल
था। 14 पर जिब मन्नै देख्या के उनका सुभाव सुसमाचार की सच्चाई के
मुताबिक कोनी, तो मन्नै सारे बिश्वासी भाईयाँ कै स्याम्ही पतरस तै कह्या,
"जिब तू यहूदी होकै गैर यहूदियाँ की तरियां चाल्लै सै अर यहूदी माणसां
की तरियां कोनी चाल्दा, तो तू गैर यहूदियाँ नै यहूदी माणसां की तरियां
चालण खात्तर क्यूँ कहवै सै।" 15 हम तो जन्म तै यहूदी सां, अर पापी गैर

यहूदियाँ म्ह तै कोन्या। 16 हम यहूदी बिश्वासी यो जाणा सां, के माणस मूसा
नबी के नियम-कायदा तै न्ही, पर यीशु मसीह पै बिश्वास करण के जरिये
परमेसवर की नजर म्ह धर्मी बणै सै, इस खात्तर हमनै खुद भी प्रभु यीशु
मसीह पै बिश्वास करया, ताके हम नियम-कायदा तै न्ही, पर यीशु मसीह पै
बिश्वास करण तै परमेसवर की नजर म्ह धर्मी बणा, क्यूँके के मूसा नबी के
नियम-कायदा तै कोए माणस धर्मी न्ही बणैगा। 17 हम जो मसीह के जरिये
परमेसवर की नजर म्ह धर्मी बणणा चांह्वा सां, बल्के इसकै के हम मूसा नबी
के नियम-कायदा नै मानण के जरिये, तो कुछ यहूदी हमनै पापी समझै सै
(क्यूँके इब हम यहूदी नियम-कायदा नै कोनी मानते) तो के इसका मतलब
यीशु मसीह नै म्हारे तै पाप करवाया, न्ही बिलकुल न्ही! 18 पर मै सचमुच
म्ह पाप करुँ सूं जै मै उन काम्मां नै करुँ सूं, जिन ताहीं मन्नै छोड़ दिया था
जिसा के माणस परमेसवर की नजर म्ह धर्मी बणणा चाहवै, मूसा नबी के
नियम-कायदा के मानण के जरिये। 19 मै जाणु सूं, के मूसा नबी के नियम-
कायदा के मानण तै मै धर्मी न्ही बण सकता, तो मै सोच्चु सूं, के मै नियम-
कायदा कै खात्तर मर जाऊँ ताके परमेसवर कै खात्तर मै सदा जिन्दा रहूँ। 20
यो इसा सै, के मान्नो जिसा मै मसीह कै गैल क्रूस पै मारया गया, अर इब मै
जिन्दा न्ही रह्या, पर मसीह मेरै म्ह जीवै सै, अर इब जो मै जीण लागरया सूं,
तो सिर्फ परमेसवर कै बेट्टै पै बिश्वास करण के जरिये जिसनै मेरै तै इतणा
प्यार करया के मेरै खात्तर अपणी जान दे दी। 21 मै परमेसवर कै अनुग्रह नै
बेकार न्ही बतान्दा, क्यूँके जै नियम-कायदे धार्मिकता का कारण होन्दे तो
मसीह का जान देणा बेकार हो जान्दा।

**3** हे बिना अकल के गलातिवासियो! किसनै थारे ताहीं बहका दिया सै? मन्नै
थारे ताहीं समझाया सै के यीशु मसीह के क्रूस पै जान देण के जरिये उसनै
के हासिल करया! 2 मेरे ताहीं एक बात बताओ के थमनै पवित्र आत्मा,
मूसा नबी के नियम-कायदा के मानण तै पाया था या बिश्वास की खबर तै
जो हमनै थारे ताहीं सुणाई थी? 3 के थम इसे बेअक्ल के सों के थमनै
नई जिन्दगी पवित्र आत्मा के जरिये शरु करी पर इब थम अपणी जिन्दगी
का अन्त अपणी ताकत तै करणा चाहो सों? 4 जिब थम बिश्वासी बणे तो
थमनै भोत दुख ठाया, मै उम्मीद करुँ सूं के थमनै बेकार म्ह ए वो दुख न्ही

ठाया। 5 परमेसवर थमनै पवित्र आत्मा भरपूरी तै देवै सै, अर जो थारे म्ह
सामर्थ के काम करै सै, के वो मूसा नबी के नियम-कायदा के मानण तै या
मसीह के सुसमाचार पै बिश्वास करण तै इसा करै सै? 6 अब्राहम के बारें म्ह
पवित्र ग्रन्थ या कहवै सै, "अब्राहम नै तो परमेसवर पै बिश्वास करया अर
उसकी बजह तै परमेसवर नै उस ताहीं धर्मी बणा दिया।" 7 तो यो जाण
ल्यो के जो अब्राहम की तरियां बिश्वास करण आळे सै, वेए अब्राहम के
वंशज कुह्वावैगें। 8 अर परमेसवर नै पवित्र ग्रन्थ म्ह पैहल्या तै ए यो कह्या,
के वो गैर यहूदियाँ नै बिश्वास के जरिये धर्मी बणावैगा, परमेसवर नै भोत
पैहले तै ए अब्राहम ताहीं यो सुसमाचार सुणा दिया था, के "तेरे म्ह तै सारी
जात आशीष पावैगीं।" 9 जितने मसीह पै बिश्वास करण आळे सै, वे अपणे
बिश्वास के कारण वोए आशीष पावैंगें जो अब्राहम नै पाई थी। 10 इस करकै
जितने माणस मूसा नबी के नियम-कायदा नै मानकै परमेसवर की नजर म्ह
धर्मी बणण की सोच्चै सै, वे सारे परमेसवर की ओड़ तै श्रापित सै, क्यूँके
पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै, "वो श्रापित सै, क्यूँके कोए भी माणस हर पल
नियम-कायदा की किताब म्ह लिखी होई सारी बात्तां नै निभा न्ही सकदा।"
11 पर या बात साफ सै, के मूसा नबी के नियम-कायदा कै मानण के जरिये
परमेसवर की नजर म्ह कोए भी धर्मी न्ही बणदा, क्यूँके पवित्र ग्रन्थ कहवै
सै, के "जो मसीह पै बिश्वास करैगा, परमेसवर उसनै ए धर्मी बणावैगा।" 12
पर मूसा नबी के नियम-कायदा नै मानकै जीणा अर परमेसवर पै बिश्वास
करकै जीणा एक जिसा कोनी, जिसा पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै पर "जो
इन सारी बात्तां नै मान्नैगा, वो उनकै कारण जिन्दा रह्वैगा।" 13 हम सारे
परमेसवर के श्राप के लायक थे, क्यूँके हम उसके नियम-कायदा नै पूरी
तरियां न्ही मानते, तोभी मसीह म्हारै ताहीं उस श्राप तै छुड़ावै सै, जो नियम-
कायदा के जरिये आवै सै। जिब मसीह क्रूस पै मारया गया, तो उसनै अपणे
उप्पर वो श्राप ले लिया, जिसा के पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै, के "श्रापित सै
वो जो क्रूस पै लटकाया जावै सै।" 14 मसीह नै यो इस करकै करया, ताके
जिसका वादा परमेसवर नै अब्राहम तै करया था, वो आशीष मसीह यीशु पै
बिश्वास करण तै गैर यहूदियाँ तक पोहच सकै, अर हम मसीह म्ह बिश्वास कै
जरिये उस पवित्र आत्मा नै पा लेवां, जिसका देण का वादा उसनै म्हारे तै

करया सै। 15 हे बिश्वासी भाईयो, मै रोज की जिन्दगी का उदाहरण देकै
थमनै समझाऊँ सूं, जिब दो आदमी कोए करार करै सै अर उस ताहीं पक्का
करै सै, तो ना कोए उसनै घटा सकै सै अर ना उस म्ह किमे बढ़ा सकै सै। 16
इस तरियां परमेसवर नै वादा अब्राहम अर उसकै वंश तै करया था। पवित्र
ग्रन्थ न्यू कोनी कहवै, के तेरी "वंशां नै," जिसका मतलब भोत सारे माणस,
पर यो एक माणस के बारें म्ह कहवै सै "तेरे वंश नै" अर वो मसीह सै। 17
मेरे कहण का मतलब यो सै, के परमेसवर नै अब्राहम के गैल करार करण कै
चार सौ तीस साल के बाद मूसा नबी के नियम-कायदे दिए, जो उस करार नै
ना तो तोड़ पाए, अर ना उसके वादे नै टाळ पाए। 18 परमेसवर माणसां नै
इस बजह तै आशीष कोनी देवै, के वे मूसा नबी के नियम-कायदा नै मान्नै,
बल्के वो इस करकै देवै सै, क्यूँके इसका देण का परमेसवर नै वादा करया
था, अर अब्राहम ताहीं भी ये आशीष इस करकै मिली थी। 19 जिब फेर
नियम-कायदे क्यूँ दिये गये? नियम-कायदे इस खात्तर दिए गये ताके लोग
जाण सकै के पाप के सै। मूसा नबी के नियम-कायदे तब तक रहणे थे, जिब
तक अब्राहम की पीढ़ी म्ह तै जिसका परमेसवर नै वादा करया था के वो आ
ना जावै। मूसा नबी ताहीं नियम-कायदे सुर्गदूत्तां कै जरिये दिए गये थे अर
मूसा नबी लोग्गां के बीच एक बिचौलिया बण्या। 20 परमेसवर नै अब्राहम तै
वादा करया था इस करकै बिचौलिया की जरूरत कोनी थी। 21 तो के मूसा
नबी के नियम-कायदे परमेसवर के वादे कै बिरोध म्ह सै? न्ही बिल्कुल न्ही!
क्यूँके जै इसे नियम-कायदे सै, जो परमेसवर की नजर म्ह हमनै धर्मी बणावै,
तो सदा का जीवन मूसा नबी के नियम-कायदा के मानण तै हम पा सकां सां।
22 पर पवित्र ग्रन्थ हमनै बतावै सै के हम सब पापी सां, ताके परमेसवर उन
माणसां नै जो यीशु मसीह पै बिश्वास करै सै वो दे सकै जिसका उसनै उसका
वादा करया सै। 23 पर इसतै पैहल्या के लोग प्रभु यीशु मसीह पै बिश्वास करै
हम यहूदी कैद म्ह थे, नियम-कायदे म्हारी रुखाळी करै थे। हम कैद म्ह जिब
ताहीं रहे जिब के मसीह कौण सै अर हम उस म्ह बिश्वास करते रहवां। 24
नियम-कायदे म्हारे ताहीं इस खात्तर दिए गये, ताके मसीह के आण तक वो
म्हारी अगुवाई कर सकै अर म्हारे ताहीं सम्भाळ सकै, ताके हम मसीह पै
बिश्वास करण के जरिये परमेसवर की नजर म्ह धर्मी बणा। 25 जिब हमनै

मसीह यीशु पै भरोस्सा करया सै तो नियम-कायदा की अगुवाई अर मदद की
जरूरत कोनी। 26 थम सारे मसीह यीशु पै बिश्वास करण के कारण परमेसवर
की ऊलाद सों। 27 अर थारे म्ह तै जितना नै मसीह के नाम म्ह बपतिस्मा
लिया सै, उननै नई जिन्दगी पा ली सै। 28 इब मसीह म्ह यहूदी अर गैर यहूदी
म्ह कोए फर्क न्ही रह्या, अर ना नौक्कर ना आजाद म्ह, ना लोग अर लुगाई
म्ह कोए फर्क रह्या, क्यूँके थम सारे मसीह यीशु म्ह एक सों। 29 अर जै थम
मसीह के सों तो अब्राहम के वंश अर वादे के मुताबिक वारिस भी सों।

**4** मै थमनै एक उदाहरण देकै समझाऊँ सूं, के बेट्टा पिता की सम्पत्ति का
वारिस होगा, जिब ताहीं वो बाळक सै, वो एक दास की तरियां सै, इब ताहीं
उसका सम्पत्ति पै कोए हक कोनी पर आण आळे बखत म्ह वो पिता की
सम्पत्ति का माल्लिक होवैगा। 2 पर जिब ताहीं बेट्टे की सही उम्र न्ही हो अर
सारी सम्पत्ति का माल्लिक ना बण जावै सै, वो रुखवाळियाँ अर भण्डारीयाँ
कै बस म्ह रहवै सै। 3 उस्से तरियां जिब हम मसीह नै न्ही जाणा थे, तो
दुनिया की रीति-रिवाजां अर नियम-कायदा के गुलाम थे। 4 पर जिब सही
बखत आया तो परमेसवर नै अपणा बेट्टा इस दुनिया म्ह भेज्या, अर एक
बीरबानी नै उस ताहीं जन्म दिया, वो यहूदी माणसां म्ह पैदा होया अर उसनै
मूसा के नियम-कायदा ताहीं मान्या। 5 ताके हमनै छुड़ाले जो हम मूसा नबी
के नियम-कायदा के अधीन सां, अर हमनै उसकी ऊलाद होण का हक
मिल्या। 6 इब थम उसकी ऊलाद सों, इस करकै परमेसवर नै अपणे बेट्टे की
आत्मा नै म्हारे दिलां म्ह भेज्या सै, जो आत्मा परमेसवर ताहीं "हे अब्बा, हे
पिता" कहकै नै बुलावै सै। 7 इस करकै तू इब नौक्कर कोनी, पर उसकी
ऊलाद सै, अर परमेसवर वो सारी चीज थमनै देवैगा जिसनै उसका वादा थारे
ताहीं देण का करया सै। 8 जिब थम परमेसवर नै न्ही जाणो थे तो उस बखत
थम उसके गुलाम थे, जो असलियत म्ह परमेसवर सै ए कोनी। 9 इब थारा
रिश्ता परमेसवर कै गैल सै, उसनै म्हारे ताहीं अपणा बेट्टा होण खात्तर बुलाया
सै, तो उन कमजोर अर निकम्मी पुराणी शिक्षाओं के गुलाम बणण खात्तर
क्यूँ उसकी ओड़ जाओ सों, के थम दुबारा उनके गुलाम होणा चाह्हो सों? 10
थम गैर यहूदी बिश्वासी लोग दिन, महिन्ना, सही बखत अर साल्लां नै मान्नो
सों, जो मूसा नबी के नियम-कायदा के मुताबिक सै। 11 मै थारे बारै म्ह डरुँ

सूं, जो थम करो सों, कदे इसा ना हो के जो मेहनत मन्नै थारे खात्तर करी सै
वा बेकार हो जावै। 12 हे बिश्वासी भाईयो, मै थारे तै बिनती करुँ सूं, के
अपणे-आपनै मूसा नबी के नियम-कायदा तै आजाद करो, क्यूँके मै भी मूसा
नबी के नियम-कायदा तै आजाद होग्या सूं, जिस तरियां थम गैर यहूदी होण
तै नियम-कायदा तै आजाद हो, थमनै मेरे साथ बुरा बरताव न्ही करया। 13
थमनै याद होगा के मन्नै पैहलम पहल देह की बीमारी कै कारण थारे ताहीं
सुसमाचार सुणाया। 14 मेरी बीमारी थारे खात्तर मुसीबत थी, फेर भी थमनै
ना तो मेरे तै नफरत करी, अर ना ए मेरे ताहीं तुच्छ जाण्या, पर परमेसवर के
सुर्गदूत बल्के खुद मसीह यीशु के समान मेरै ताहीं अपणाया 15 थम खुश थे,
पर इब थारी खुशी कित्त गई? मै थारा गवाह सूं के थम मेरे खात्तर सब कुछ
कुरबान कर सको थे, बल्के अपणी आँख भी लिकाड़कै मन्नै दे देन्दे। 16 तो
के थारे तै सच बोलण के कारण मै थारा बैरी बणग्या सूं? 17 वे थमनै अपणे
पक्ष म्ह करणा तो चाहवै सै, पर भले मकसद तै न्ही, बल्के उनका मतलब तो
थारे ताहीं मेरे तै न्यारा पाड़ना सै ताके थम उनके ए चेल्लें बण जाओ। 18
सदा ए आच्छे मकसद कै खात्तर उत्साही होणा आच्छा सै अर सिर्फ उस्से
बखत न्ही, जिब मै थारे गेल्या रहूँ सूं। 19 हे मेरे बाळकों, जिस तरियां एक
औरत बच्चा होण कै बखत जो दर्द सहवै सै उस्से तरियां मै भी थारे खात्तर
दर्द सहु सूं मै जिब ताहीं दर्द म्ह रहूँगा जिब ताहीं थम मसीह म्ह सिध्द ना हो
जाओ। 20 जी तो इसा करै सै, के इस बखत मै थारे धोरै होन्दा अर प्यार तै
थारे ताहीं समझान्दा, क्यूँके मेरी समझ म्ह कोनी आन्दा के मै थमनै के कहूँ।
21 थम जो मूसा नबी के नियम-कायदा कै अधीन होणा चाहवै सों, मेरी बात्तां
पै ध्यान द्यो, मै बताऊँ सूं के मूसा नबी के नियम-कायदा की किताब म्ह के
लिख्या सै? 22 पवित्र ग्रन्थ म्ह यो लिख्या सै, के अब्राहम कै दो छोरे होए,
उसका एक छोरा हाजिरा नाम की नौकराणी तै पैदा होया अर दुसरा सारा तै
पैदा होया जो उसकी ब्याहता थी। 23 पर जो नौकराणी तै पैदा होया था वो
एक साधारण बच्चा था जो शरीर की इच्छा तै पैदा होया, अर जो उसकी
ब्याहता बीरबानी तै पैदा होया, वो परमेसवर के वादे कै मुताबिक पैदा होया
जो उसनै अब्राहम तै करया था। 24 इन बात्तां तै हमनै या सीख मिलै सै, ये
बीरबानी मान्नो दो करार सै। करार जो परमेसवर नै सीनै पहाड़ पै इस्राएली

माणसां तै जो करया था वो हाजिरा की तरियां सै। 25 अर हाजिरा मान्नो
अरब देश का सीनै पहाड़ सै, अर वो आज के यरुशलेम नगर की तरियां सै
जड़ै के माणस मूसा के नियम-कायदा के समान सै। 26 पर सुर्गीय यरुशलेम
अब्राहम की बिरबान्नी सारा के समान सै, अर उसके बाळक गुलाम कोनी,
यो यरुशलेम बिश्वासियाँ कै खात्तर माँ की तरियां सै। 27 जिसा यशायाह नै
पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै, "हे बाँझ बिरबान्नी, तू जो बाळक पैदा न्ही कर
सकदी, आनन्दित हो, तू जो प्रसव-पीड़ा तै अनजाण सै, ऊँच्ची आवाज म्ह
जयजयकार कर, क्यूँके छोड्डी होई की ऊलाद सुहागण की ऊलाद तै भी
घणी सै।" 28 हे बिश्वासी भाईयो, थम इसहाक की तरियां हो क्यूँके थारा
जन्म परमेसवर के वादे कै मुताबिक होया सै जो उसनै अब्राहम तै करया
सै। 29 अर जिसा उस बखत शरीर की इच्छा के मुताबिक जन्मा होया बेट्टा
परमेसवर की आत्मा के शक्ति कै मुताबिक जन्मे होए बेट्टे नै सतावै था, उस्से
तरियां हम भी उन माणसां तै सताये जावां सां, जो यो चाहवै सै के परमेसवर
की नजर म्ह धर्मी बणण खात्तर मूसा नबी के नियम-कायदा नै मानना जरूरी
सै। 30 पर पवित्र ग्रन्थ कहवै सै, के "नौकराणी अर उसकै बेट्टे नै लिकाड़ दे,
क्यूँके वो ब्याहता बिरबान्नी के बेट्टे कै गैल कदे भी पिता की सम्पत्ति का
वारिस न्ही होगा।" 31 इस करकै हे बिश्वासी भाईयो, हम नौकराणी की
ऊलाद कोनी जो के मूसा नबी के नियम-कायदे सै, बल्के ब्याहता बिरबान्नी
की ऊलाद सां जो के बिश्वास सै।

**5** मसीह नै म्हारे ताहीं मूसा नबी के नियम-कायदा तै आजाद कर दिया सै,
इस करकै अपणी आजादी बणा के राक्खो, अर मूसा के नियम-कायदा नै
मानण खात्तर कोए थमनै गुलाम ना बणावै। 2 सुणो! मै, पौलुस, थारे तै कहूँ
सूं के जै खतना करावोगे, तो मसीह तै थमनै किमे फायदा न्ही होगा। 3 फेर
भी मै एक खतना कराण आळे नै बता द्यु सूं, के उसनै सारे नियम-कायदे
मानने पड़ैंगें। 4 थम जो नियम-कायदा कै जरिये धर्मी बणणा चाह्वो सों, तो
फेर थमनै यीशु मसीह तै रिश्ता तोड़ लिया सै, अर थमनै अपणे-आप ताहीं
उस दया तै अलग कर लिया सै जिसके जरिये परमेसवर थमनै बचा सकै
सै। 5 मै यो इस खात्तर कहूँ सूं, क्यूँके हमनै पवित्र आत्मा की ओड़ तै पूरा
भरोस्सा सै, के परमेसवर यीशु मसीह पै बिश्वास करण के कारण हमनै धर्मी

बणावैगा। 6 जै थम यीशु मसीह नै मानण आळे सों, तो उसतै कोए फर्क
कोनी पड़ता के थारा खतना होया सै के न्ही होया, पर जरूरी यो सै, के हम
मसीह पै बिश्वास करां, अर परमेसवर अर माणसां प्रति प्यार राक्खा। 7 थम
मसीह पै बिश्वास करण म्ह बढ़ण लागरे थे, पर इब थमनै सच्चाई मानण तै
कोए रोक न्ही ले। 8 इसी सीख परमेसवर की ओड़ तै न्ही आन्दी जो थमनै
अपणी ऊलाद होण खात्तर बुलावै सै। 9 सीख जो सच्ची न्ही सै वो इस
कहावत की तरियां सै, थोड़ा-सा खमीर सारे गूँधे होए चून नै खमीर बणा दे
सै। 10 पर मै परमेसवर पै भरोस्सा राक्खूँ सूं, के वो थमनै झूठी अर भरमाण
आळी सीख तै बचाये राक्खैगा, पर जो थमनै भरमा दे सै चाहे वो कोए भी
क्यूँ ना हो परमेसवर तै दण्ड पावैगा। 11 हे बिश्वासी भाईयो, थम जाणो सों
के मै यो प्रचार करुँ सूं, के खतना करवाणा जरुरी कोनी, इस करकै यहूदी
माणस मेरे ताहीं सारी हाण सतावै सै, जै मै क्रूस नै छोड़कै खतना का प्रचार
करुँ तो उसतै यहूदी माणस मेरे ताहीं कोनी सतावैगें। 12 भला होंदा जो
थमनै डामाडोल करै सै, वे अपणे-आपनै नपुंसक बणा लेवै। 13 हे बिश्वासी
भाईयो, थम आजाद होण कै खात्तर परमेसवर के जरिये बुलाए गये सों, इस
खात्तर थमनै मूसा नबी के नियम-कायदा ताहीं मानण की जरूरत कोनी, पर
इसा ना होवै के थम इसनै बुरी लालसा पूरी करण का जरिया बणा ल्यो,
पर हरेक कै गैल प्यार करो अर सेवा करो। 14 क्यूँके सारे नियम-कायदे
इस एक बात म्ह पूरे हो ज्या सै, "तू अपणे पड़ोसी तै अपणे जिसा प्यार
कर।" 15 पर जै थम एक-दुसरे नै जानवरां की ढाळ पाड़ खाओ सों, तो
चौक्कस रहो, के थम एक-दुसरे नै नाश ना कर दियो। 16 पर मै कहूँ सूं,
पवित्र आत्मा नै थारे जीवन म्ह अगुवाई करण द्यो, ताके थम अपणी बुरी
आदत्तां नै (लालसा) नै पूरी ना कर सकों। 17 देह की बुरी लालसा पवित्र
आत्मा के बिरोध म्ह, अर पवित्र आत्मा देह की बुरी लालसा के बिरोध म्ह
लड़दी रहवै सै। इस कारण जो भले काम थम करणा चाह्वो सों वो न्ही कर
पान्दे। 18 जै थम आत्मा की अगुवाई म्ह चाल्लों सों, तो थम मूसा के नियम-
कायदा के अधीन न्ही सों। 19 देह के काम तो दिक्खै सै, यानी के जारी,
भुन्डे काम, लुचपण, 20 मूर्तिपूजा, टोणा, बैर, गुस्सा, बिरोध, फूट विधर्म,
21 डाह, मतवालापण, रासलीला अर इनकै जिसे और काम सै, इनकै बारै

म्ह मै थारे तै पैहल्या कह द्यु सूं जिसा पैहल्या कह्या था, के इसे-इसे काम
करणीये परमेसवर के राज्य के वारिस न्ही होंगे। 22 पर आत्मा का फळ
प्यार, आनन्द, शांति, धीरज, करुणा, भलाई, बिश्वास, 23 नम्रता, अर सयंम
सै, इसे-इसे काम्मां के बिरोध म्ह कोए भी नियम-कायदे कोनी। 24 अर जो
मसीह यीशु म्ह सै उननै देह की बुरी लालसाओं ताहीं क्रूस पै चढ़ा दिया सै।
25 क्यूँके पवित्र आत्मा नै म्हारे ताहीं नई जिन्दगी दी सै, इस खात्तर पवित्र
आत्मा नै जिन्दगी के हरेक क्षेत्र म्ह अगुवाई करण द्यो। 26 हम घमण्डी होकै
ना एक-दुसरे नै छेड़ा, अर ना एक-दुसरे तै जळण करा।

**6** हे बिश्वासी भाईयो, जै कोए माणस किसे पाप या कसूर म्ह पकड्या भी
जावै, तो थम जो पवित्र आत्मा के चलाए चाल्लों सों, उसनै नरमाई के गेल्या
धर्म की राह पै उल्टा ल्यावण म्ह उसकी मदद करो, अर अपणा भी ध्यान
राक्खों के थम भी इसे इम्तिहान म्ह ना पड़ जाओ। 2 म्हारे म्ह तै जै कोए भी
मुसीबत म्ह हो, तो हमनै एक-दुसरे की मदद करणी चाहिए, अर इस तरियां
हम मसीह के नियम-कायदा नै मान्ना सां। 3 क्यूँके जै कोए अपणे-आपनै नै
बड़ा समझै सै, तो अपणे-आपनै धोक्खा देण लाग रहया सै। 4 हरेक माणस
अपणे काम्मां नै परख ले, उसके काम आच्छे सै तो वो अपणे-आपनै पै
घमण्ड कर सकै सै, अर उसनै अपणे काम की बराबरी किसे दुसरे के काम
गैल न्ही करणी चाहिए। 5 म्हारे म्ह तै हरेक माणस अपणे सुभाव के खात्तर
जिम्मेदार सै। 6 यो जरूरी सै के जो माणस परमेसवर के वचनां नै सिखावै
सै, तो उसकी संसारिक चिज्जां की जरूरत सीखण आळे तै पूरी हो होणी
चाहिए। 7 अपणे-आप ताहीं धोक्खा ना द्यो, कोए माणस यो ना सोच्चै के वो
परमेसवर नै धोक्खा दे सकै सै। 8 क्यूँके जो माणस इसे काम करै सै उसका
बुरा सुभाव उसकै खात्तर मौत लेकै आवै सै, पर जो माणस परमेसवर की
इच्छा पूरी करै सै, तो उसका आत्मा उसनै अनन्त जीवन देवै सै। **(aiōnios
g166)** 9 हम भले काम करण का होसला ना छोड्डा, क्यूँके जै हम हिम्मत ना
छोड्डा तो परमेसवर के बखत पै कटनी काटैगें। 10 इस करकै जड़ै ताहीं
मौक्का मिलै हम सारा के गेल्या भलाई करा, खास करकै बिश्वासी भाईयाँ
के गैल। 11 मन्नै बड़े-बड़े अक्षरां म्ह थारे तैई अपणे हाथ तै लिख्या सै। 12
इस कारण के यहूदी लोग थमनै अपणावै, अर वे थारा खतना करवाण के

खात्तर मजबूर करै सै, ताके लोग उन ताहीं इस बात का प्रचार करण खात्तर
सतावै ना, के परमेसवर माणसां ताहीं जिब्बे बचावैगा जिब वे बिश्वास करैगें
के मसीह क्रूस पै मरा। 13 क्यूँके खतना कराण आळे खुद तो मूसा नबी के
नियम-कायदा पै न्ही चाल्दे, वो थारा इस खात्तर खतना कराणा चाहवै सै
ताके और यहूदियाँ कै स्याम्ही घमण्ड कर सकै, के थारा खतना उनकी बजह
तै होया सै।। 14 खुद कै खात्तर, मै, किसे बात पै घमण्ड कोनी करणा चाहूँ,
पर यीशु मसीह के क्रूस पै जान देण कै कारण, मै घमण्ड करणा चाहूँ सूं, अर
जो उसनै करया उस बजह तै दुनियावी चिज्जां का मेरे उप्पर कोए हक कोनी
रह्या, अर इब मेरी दुनियावी चिज्जां म्ह कोए दिलचस्पी कोनी। 15 क्यूँके ना
खतना अर ना बिना खतना कुछ सै, जो जरूरी बण चुके सै, जो जरूरी सै वो
यो सै के परमेसवर हमनै पवित्र आत्मा के जरिये नया इन्सान बणा दे। 16
परमेसवर अपणी शान्ति अर आशीष उन सारया नै देवैगा, जो उसके हुकम नै
मान्नै सै। वे परमेसवर के माणस सै। 17 आग्गै तै मन्नै कोए दुख ना दे,
क्यूँके जो मेरे देह पै जख्मां के दाग सै वो ये दिखावै सै के मै यीशु का दास
सूं। 18 हे बिश्वासी भाईयो, म्हारे प्रभु यीशु मसीह का अनुग्रह थारी आत्मा के
गेल्या रहवै। आमीन।

# इफिसियों

**1** या चिट्ठी पौलुस की ओड़ तै सै, जो परमेसवर की इच्छा तै यीशु मसीह का
प्रेरित सै, मै या चिट्ठी उन पवित्र अर मसीह यीशु म्ह बिश्वासी माणसां कै नाम
लिखूँ सूं, जो इफिसुस नगर म्ह रहवै सै। 2 मै प्रार्थना करुँ सूं, के म्हारे पिता
परमेसवर अर प्रभु यीशु मसीह की ओड़ तै थारे ताहीं अनुग्रह अर शान्ति
मिल्दी रहवै। 3 म्हारे परमेसवर अर प्रभु यीशु मसीह के पिता का धन्यवाद हो
के उसनै म्हारे ताहीं मसीह म्ह आत्मिक रूप तै हरेक तरियां तै, उन आशीषां
के जरिये आशिषित करया जो सुर्ग तै आवै सै। 4 परमेसवर नै धरती अर
अकास बणाण तै पैहले ए उसनै मसीह म्ह म्हारै ताहीं चुण लिया, ताके हम
इसकी निगांह म्ह पवित्र अर बेकसूर होवां। 5 अर प्यार म्ह उसनै अपणी भले
मकसद मुताबिक म्हारे ताहीं अपणे खात्तर पैहले तै ठहराया के यीशु मसीह
के जरिये हम उसकी गोद ली होई ऊलाद हो। 6 तो आओ हम परमेसवर के
अदभुत अनुग्रह की महिमा करा, अर यो इस खात्तर होया सै क्यूँके म्हारा
रिश्ता उसके बेट्टे कै गैल सै, जिसतै वो प्यार करै सै। 7 यीशु मसीह के लहू
बहाए जाण के कारण हम छुड़ाए गये, जिसका मतलब यो सै के म्हारे सारे
पाप माफ होए। परमेसवर के भोत अनुग्रह के मुताबिक मसीह म्ह उसके लहू
के जरिये छुटकारा यानी पापां तै माफी मिलै सै। 8 परमेसवर नै सारी बुद्धि
अर ज्ञान तै म्हारै पै भोत-ए घणी दया करी। 9 परमेसवर नै अपणी इच्छा का
भेद म्हारै पै भले मकसद के मुताबिक जाहिर करया, जिस ताहीं उसनै खुद
मसीह म्ह स्थापित करया। 10 अर परमेसवर की योजना कै मुताबिक, तय
करे गए बखत पै, जो किमे सुर्ग अर धरती पै सै, वो सारा किमे मसीह के
हाथ म्ह सौप्पैगा। 11 परमेसवर नै मसीह म्ह हम यहूदी माणसां ताहीं भी
अपणे माणस होण खात्तर छाँट लिया सै, क्यूँके शरु तै ए उसकी या योजना
थी, उसनै यो सब कुछ अपणी इच्छा अर योजना के मुताबिक करया। 12 यो
उसनै इस खात्तर करया जिसतै के हम यहूदियाँ ताहीं जो पैहले माणस सै,
जो मसीह पै आस राक्खै सै, अर उसकी महिमा की बड़ाई के कारण बणा।
13 अर योए थारे गैल भी होया के थमनै सच्चाई का वचन सुण्या, अर वो
सुसमाचार यो सै, के थमनै वो किस तरियां बचा सकै सै, जिब थम मसीह पै
बिश्वास करो सों तो परमेसवर थमनै वादे कै मुताबिक पवित्र आत्मा देवै सै,

यो दिखाण खात्तर के थम परमेसवर के माणस सों। 14 क्यूँके परमेसवर नै
म्हारे ताहीं पवित्र आत्मा दिया सै, तो हम यो जाणा सां के परमेसवर म्हारे
ताहीं और भी आच्छी चीज देवैगा, जिसका उसनै वादा करया सै, अर यो उस
बखत होगा जिब परमेसवर अपणे माणसां नै पूरी तरियां तै छुड़ावैगा, उसके
अदभुत अनुग्रह की बड़ाई होवै। 15 इस कारण, जिब तै मन्नै भी प्रभु यीशु
मसीह म्ह थारे बिश्वास अर पवित्र माणसां के प्रति थारे प्यार के बारें म्ह
सुण्या, तो मै परमेसवर का सदा धन्यवाद करुँ सूं, अर अपणी प्रार्थना म्ह
थमनै हमेशा याद राक्खूँ सूं। 17 मै प्रार्थना करुँ सूं, के महिमामय परमेसवर
जो के म्हारे प्रभु यीशु मसीह का पिता सै, वो थारे ताहीं आत्मिक समझ अर
ज्ञान देवै, ताके थम परमेसवर नै पूरी तरियां जाण सकों। 18 मै या भी प्रार्थना
करुँ सूं, के वो सच्चाई जाणण म्ह थारी मदद करै के थम जाण सकों के
परमेसवर के जरिये बुलाये जाण की आस के सै, अर थम जाण सकों के
इतनी बड़ी अर महान् आशीष अपणे पवित्र माणसां खात्तर राख राक्खी सै।
19 मै चाहूँ सूं के थम उसनै जाण सको, के उस महान् परमेसवर नै यीशु
मसीह पै बिश्वास करण आळे खात्तर जो शक्ति राख राक्खी सै, या वाए बड़ी
शक्ति सै। 20 जिसनै मसीह ताहीं मरे होया म्ह तै जिवाया अर सुर्ग म्ह अपणी
सोळी ओड़ बैठाया। 21 सारी ढाळ की प्रधानता, हक, सामर्थ, प्रभुता के
उप्पर राज करैगा जो इस लोक म्ह सै, अर आण आळे लोक म्ह भी राज
करैगा। (aiōn g165) 22 परमेसवर नै सारा किमे उसकै पायां तळै कर दिया,
अर उसनै कलीसिया की भलाई खात्तर सब किमे उसके हाथ्थां म्ह सौप
दिया। 23 कलीसिया मसीह की देह सै, अर उसतै भरपूर सै, वो अपणी
मौजूदगी तै हरेक चीज अर हरेक जगहां नै भरै सै।

**2** पुराणे बखत म्ह थारे धोरै नई जिन्दगी कोनी थी, थम अपणे बुरे काम्मां
अर पापां के कारण मरे होए माणसां के समान थे। 2 थम उस बखत दुनिया
की रीति-रिवाज के मुताबिक, बुरी आत्मायाँ के सरदार जो अकास म्ह सै,
उसके मुताबिक चाल्लों थे, जो इब भी उनके मनां म्ह काम करै सै, जो
परमेसवर का हुकम न्ही मानते। (aiōn g165) 3 इन म्ह हम भी सारे के सारे
पैहले अपणी देह की लालसाओं म्ह दिन बितावा थे, अर देह अर मन की
मर्जियाँ नै पूरी करा थे, अर और माणसां की ढाळ सुभाव तै ए छो की ऊलाद

थे। 4 पर परमेसवर नै जो दया का धनी सै, अपणे उस घणे प्यार कै कारण
जिसतै उसनै म्हारै तै प्यार करया। 5 अपणे पुराणे जीवन म्ह पापां के कारण
हम मरे होए थे तो परमेसवर नै जिस तरियां यीशु मसीह ताहीं जिन्दा करया,
हमनै भी आत्मिक रूप तै जिन्दा करैगा, अर सुर्गीय जगहां म्ह मसीह कै
गेल्या बिठावैगा, अर परमेसवर के अनुग्रह तै ए थारा उद्धार होया सै। 7
परमेसवर नै यो इस खात्तर करया के अपणी दया तै जो मसीह यीशु म्ह म्हारै
पै सै, आण आळे दिनां म्ह दिखा सकै, के उसका अनुग्रह कितना बड़ा सै,
हम जो मसीह म्ह सां, उसनै म्हारे पै भी अनुग्रह दिखाया। (aiōn g165) 8
जिब थमनै परमेसवर पै बिश्वास करया तो उसनै अपणे अनुग्रह के जरिये
थारा उद्धार करया सै, थारा उद्धार थारी ओड़ तै न्ही, बल्के परमेसवर ओड़ तै
दान सै। 9 यो इस करकै न्ही होया के थमनै कोए भला काम करया सै, अर
थम उसपै घमण्ड करो। 10 क्यूँकै हम उसके बणाए होए सां, अर मसीह
यीशु म्ह उन भले काम्मां के खात्तर रचे गये जिन ताहीं परमेसवर नै पैहले तै
म्हारे करण कै खात्तर तैयार करया। 11 इस कारण थम याद राक्खों के थम
जन्म तै गैर यहूदी सों, अर यहूदी लोग थारा मजाक उड़ावै सै, के थारा खतना
कोनी होया, पर उनका खतना होया सै, इस खात्तर वे परमेसवर के लोग सै।
पर उननै खतना अपणी देह का करवाया सै मन का कोनी करवाया। 12 थम
उस बखत मसीह ताहीं कोनी जाणो थे, अर थम परमेसवर के चुणे होए
इस्राएली माणस कोनी थे, अर वादे कै करार के भी साझ्झी कोनी थे, जो
उसनै अपणे माणसां तै बाँधी थी, अर बिना आस अर दुनिया म्ह बिना ईश्वर
के थे। 13 पर पैहले जो थम, परमेसवर तै दूर थे, परमेसवर नै थारे ताहीं
मसीह यीशु के लहू बहाण के जरिये धोरै बुला लिये सों। 14 मसीह नै हम
यहूदी अर थम गैर यहूदी माणसां म्ह शान्ति बणाई सै, पुराणे बखत म्ह यो
लाग्गै था के यहूदी अर गैर यहूदी माणसां म्ह एक दीवार सै, वो एक-दुसरे तै
नफरत करै थे, पर मसीह नै वा दीवार ढ़ा दी सै, अर दोन्नु दलां ताहीं एक कर
दिया सै। 15 उसनै अपणी मौत के जरिये मूसा के नियम-कायदा ताहीं रद
कर दिया, ताके वो यहूदी अर गैर यहूदी माणसां म्ह शान्ति लेकै आवै, अर
इसके जरिये वो अपणे-आप म्ह यहूदी अर गैर यहूदी की जगहां एक नई जात
बणा दे। 16 उसनै क्रूस पै अपणी जाण देकै यहूदी-अर गैर यहूदी माणसां म्ह

बैर का नाश करकै एक देह बणाकै परमेसवर तै मिला दिया। 17 मसीह नै
आकै थम गैर यहूदी जो उसतै दूर थे, अर थम यहूदी माणस जो परमेसवर कै
लोवै थे, दोनुआ ताहीं मेळ-मिलाप का सुसमाचार सुणाया। 18 क्यूँके मसीह
म्ह ए हम सब उस एक पवित्र आत्मा कै जरिये ए पिता के धोरै पोहच सका
सां। 19 इस करकै थम गैर यहूदी इब विदेशी अर मुसाफिर कोनी रहे, पर
पवित्र माणसां के साथी देशी अर परमेसवर के कुण्बे के होगे सों। 20 थम
उस घर की तरियां सों जिसकी नीम प्रेरित अर नबी सै, अर जिसकै कोणे का
पत्थर मसीह यीशु आप सै। 21 मसीह ए सै जिसनै घर ताहीं टिकाकै राख्या
सै, अर उसतै प्रभु कै खात्तर एक पवित्र मन्दर बणदा जावै सै। 22 क्यूँके थम
मसीह म्ह सों, इस खात्तर थम गैर यहूदी बिश्वासी परमेसवर के माणसां गैल
एक होगे, ताके थम वो घर बणदे जाओ जिस म्ह परमेसवर रहवै सै।

3 इस कारण मै पौलुस थारे खात्तर कैद म्ह सूं, क्यूँके मै थम गैर यहूदी
माणसां नै सुसमाचार सुणाकै मसीह यीशु की सेवा करुँ सूं। 2 पक्का थमनै
सुण्या होगा के परमेसवर नै अपणे अनुग्रह तै थारे ताहीं सुसमाचार की खबर
सुणाण की जिम्मेदारी मेरे ताहीं दी सै। 3 परमेसवर की गुप्त योजना घणे
लम्बे बखत तै छुपी होई थी, पर परमेसवर नै इस ताहीं मेरे उप्पर जाहिर
करया, मै इस चिट्ठी के जरिये परमेसवर के उस गुप्त भेद नै थारे ताहीं
समझाणा चाहूँ सूं। 4 जिब थम मेरी चिट्ठी नै पढ़ोगे तो थम जाण पाओगे,
के मै मसीह के उस भेद के बारें म्ह कितनी आच्छी तरियां जाणु सूं। 5
पुराणे बखत म्ह परमेसवर नै इस भेद ताहीं माणसां के उप्पर जाहिर कोनी
करया, पर इब उसनै उस भेद ताहीं पवित्र आत्मा कै जरिये, अपणे पवित्र
प्रेरितां अर नबियाँ पै जाहिर करया। 6 अर वो भेद यो सै के मसीह यीशु
म्ह सुसमाचार कै जरिये गैर यहूदी वाए विरासत हासिल करै, जो यहूदी
माणसां कै धोरै सै, अर एकैए देह के अंग अर परमेसवर के वादे के साझ्झी
सै। 7 परमेसवर के अनुग्रह अर बड़ी सामर्थ के जरिये मेरे ताहीं सुसमाचार
सुणाण का काम मिला सै। 8 मेरै पै जो सारे पवित्र माणसां म्ह तै, छोट्टे तै
भी छोट्टा सूं, यो अनुग्रह होया के मै गैर यहूदियाँ नै मसीह का सुसमाचार
सुणाऊँ, अर लोग्गां नै परमेसवर की योजना ताहीं समझण म्ह मदद करुँ। 9
अर हरेक माणसां ताहीं समझा सकूँ के उसनै उस योजना ताहीं जो उसनै

पैहले तै सोच्ची थी, किस तरियां पूरी करी, या योजना पैहले तै जाहिर कोनी
होई थी क्यूँके परमेसवर जो सारी चिज्जां नै रचणियाँ सै, उस ताहीं छिपाए
राख्या। (aiōn g165) 10 ताके इब कलीसिया कै जरिये, परमेसवर का बेसुमार
ज्ञान आसमान के उन प्रधानां अर अधिकारियां पै जाहिर करया जावै। 11
परमेसवर नै दुनिया बणाण तै पैहले या योजना बणाई थी, जिस ताहीं उसनै
म्हारे प्रभु यीशु मसीह के जरिये पूरा करया। (aiōn g165) 12 क्यूँके म्हारा
मसीह पै बिश्वास सै, अर उसकै कारण परमेसवर की मौजूदगी म्ह हिम्मत
अर भरोस्से के गेल्या परमेसवर कै लोवै आ सका सां। 13 इस करकै मै
बिनती करुँ सूं के जो क्लेश थारे खात्तर मन्नै होवै सै, उनकै कारण हिम्मत
ना छोड़ो, क्यूँके हम पिता परमेसवर कै धोरै जा सका सां। 14 मै इस्से
कारण उस पिता परमेसवर कै आग्गै घुटने टेक कै प्रार्थना करुँ सूं। 15 वोए
सै जो सुर्ग अर धरती पै, हरेक वंश का पिता सै। 16 मै प्रार्थना करुँ सूं, के
परमेसवर अपणी महिमा के असीमित धन के मुताबिक थारे पै अनुग्रह करै,
ताके थम उसकी पवित्र आत्मा तै अपणे भीतरी माणसपण म्ह सामर्थ पाकै
शक्तिशाली होन्दे जाओ। 17 अर बिश्वास कै जरिये मसीह म्हारै मन म्ह बसै,
ताके थम प्यार म्ह मजबूत होकै बणे रहों, अर सारे पवित्र माणसां कै गेल्या
आच्छी ढाळ समझण की ताकत पाओ, के उसके प्यार की चौड़ाई, लम्बाई,
अर ऊँचाई, अर गहराई कितनी सै। 19 मै प्रार्थना करुँ सूं, के थम मसीह के
उस प्यार नै जाण सको जो ज्ञान तै परै सै, ताके थारा सुभाव परमेसवर के
सुभाव जिसा हो जावै। 20 परमेसवर ताकतवर सै, अर वो म्हारी बिनती अर
समझ तै भी घणा काम कर सकै सै, उस सामर्थ कै मुताबिक जो म्हारे म्ह
काम करै सै। 21 कलीसिया म्ह अर मसीह यीशु म्ह उसकी बड़ाई पीढ़ी तै
पीढ़ी तैई युगानुयुग होंदी रहै। आमीन। (aiōn g165)

**4** मै प्रभु की सेवा करण के कारण कैद म्ह सूं, अर थारे तै बिनती करुँ सूं,
के जिस बुलाहट तै परमेसवर नै थारे ताहीं बुलाया सै, उस्से तरियां जीवन
बिताओ। 2 यानी सारी दीनता अर नम्रता गैल, धीरज धरकै प्यार तै एक-
दुसरे नै सह ल्यो। 3 इसा करण की भरपूर कोशिश करो, के थम रळ-मिलकै
रह सकों, क्यूँके परमेसवर की आत्मा के जरिये थम एक ए होण खात्तर
बुलाए गये सों। 4 हम सारे बिश्वासी, देह के अंगां की ढाळ सां, अर सारया नै

एकैए पवित्र आत्मा पाई सै, उस्से ढाळ जिब परमेसवर नै थारे ताहीं अपणे
माणस होण खात्तर बुलाया था, तो थारे ताहीं एक उम्मीद दी गई थी। **5**
सिर्फ एके प्रभु सै, एके बिश्वास सै, हम सारया नै यीशु के नाम म्ह बपतिस्मा
पाया सै, **6** सिर्फ एके परमेसवर सै जो सारे माणसां का पिता सै, जो सब कै
उप्पर राज करै सै, अर हम सब कै जरिये काम करै सै, अर हम सारया के म्ह
रहवै सै। **7** पर मसीह नै हम सारया ताहीं उसके काम करण खात्तर न्यारे-
न्यारे ढाळ की खास काबलियत देई सै। **8** इस करकै पवित्र-ग्रन्थ मसीह के
बारें म्ह कहवै सै, "वो ऊँच्चे पै चढ़ा अर कैदियाँ नै बाँधले ग्या, अर माणसां
ताहीं आत्मिक दान दिए।" **9** उसकै ऊँच्चे पै चढ़ण का, के मतलब हो सकै
सै, सिवाए इसके के वो अधोलोक म्ह भी उतर ग्या। **10** अर जो उतर ग्या,
यो वोए सै, जो सुर्ग म्ह सारे तै ऊँच्चे पद पै पोहच ग्या, जिसतै के उसका
राज सारे ब्रह्माण्ड म्ह फैल जावै। **11** यो मसीह सै जो म्हारे ताहीं वरदान देवै
सै, उसनै कईयाँ तै प्रेरित, अर कईयाँ तै नबी, कईयाँ तै सुसमाचार सुणाण
आळे, कईयाँ तै सेवक अर शिक्षक नियुक्त करया, इनकी जिम्मेदारी या सै
के ये और दुसरे माणसां नै सीखा के परमेसवर का काम करवा सकै, अर
कलीसिया जो मसीह की देह सै उस ताहीं मजबूत कर सकै। **13** यो तब तक
होन्दा रहवैगा जिब तक के हम अपणे बिश्वास, अर परमेसवर के बेट्टे कै बारें
म्ह अपणी समझ म्ह एक ना हो जावां, फेर हम सिध्द बणागे जिस तरियां
मसीह सिध्द सै, अर हम पूरी तरियां तै उसके जिसे बण जावांगे। **14** मसीह
म्ह बढ़ण अर सिध्द होण कै कारण, हम बाळकां के जिसा बरताव ना करां,
हम उस किस्ती की ढाळ ना बणा, जिसनै झाल आग्गै-पाच्छै, अर हवा
आस्सै-पास्सै उछाळै सै। इसका मतलब यो सै, के चलाक, अर ठग माणस
अपणी झूठ्ठी शिक्षा कै जरिये हमनै धोक्खा न्ही देण पावै। **15** बल्के सच नै
प्यार तै बोल्लों, अर सारी बात्तां म्ह मसीह यीशु की तरियां सिध्द बणो, जो
के म्हारा सिर सै। **16** हम सारे जो मसीह म्ह बिश्वास करां सां, हम उसकी देह
के अंग की तरियां सां, जिस तरियां एक माणस की देह, जोड़ा के जरिये एक
साथ जुड़ी हो सै अर जिब देह का हर हिस्सा आच्छी तरियां काम करै सै,
तो देह का विकास होकै मजबूत बणे सै, इस्से तरियां म्हारे म्ह तै जै कोए
मसीह का काम करै सै, जो मसीह नै म्हारे ताहीं दिया सै, तो हम भी मजबूत

अर सिध्द होवां सां, अर हम एक-दुसरे तै ज्यादा प्यार करां सां। 17 इस
करकै परमेसवर नै जो अधिकार मेरे ताहीं दिया सै, उसकी बजह तै मै न्यू
कहूँ सूं, के जिसा अबिश्वासी माणस अपणे मन की बेकार की रीति-रिवाजां
म्ह अपणा जीवन जीवै सै, थम आज तै इसा जीवन ना जिओ। 18 क्यूँके
वे समझ न्ही पाण लागरे, के उस अज्ञानता कै कारण, अर उनके मन की
कठोरता कै कारण, जो उन म्ह सै, वे परमेसवर के उस जीवन तै न्यारे करे
गए सै जो परमेसवर देवै सै। 19 वे बुरे काम की बजह तै अपणी गलती
महसूस न्ही करते अर उननै अपणे-आप ताहीं बुरे काम्मां खात्तर सौप दिया
सै, वे सारी ढाळ के भुन्डे काम लगातार करते जावै सै। 20 पर थमनै मसीह
की शिक्षायां म्ह इसे काम करणे न्ही सीखे। 21 बल्के जो थमनै यीशु मसीह
के बारें म्ह सुण्या अर जो थारे शिक्षकां नै सिखाया, वोए उसकी ओड़ तै
सच्चा सन्देस सै। 22 अर थारे शिक्षकां नै थारे बुरे काम अर बुरा सुभाव
छोड़णा सिखाया सै, थारी बुरी लालसायां नै थारा जीवन नाश कर दिया। 23
थम पवित्र आत्मा नै थारे सुभाव अर सोच्चण के तरिक्कें नै बदलण द्यो।
24 परमेसवर नै थारे ताहीं एक नया सुभाव दिया सै, जो के उसके अपणे
सुभाव की तरियां सै, इस करकै इस नये सुभाव के मुताबिक बरताव करो।
असलियत म्ह धर्मी अर पवित्र बणो। 25 इस कारण झूठ बोलणा छोड़कै
हरेक अपणे पड़ोसी तै सच बोल्लै, क्यूँके हम आप्पस म्ह हम एक ही देह के
अंग सां। 26 जै थारे ताहीं गुस्सा आ भी जावै तो उस गुस्से म्ह पाप ना
करियो, अर सूरज ढळण तै पैहल्या थारा गुस्सा भी न्ही रहणा चाहिए। 27
अर अपणे-आप ताहीं शैतान नै परखण का मौक्का ना द्यो। 28 चोरी करण
आळा फेर चोरी ना करै, बल्के मेहनत करकै अपणी कमाई के जरिये दुसरे
माणसां की भी मदद कर सकै, जो जरूरत मन्द हो। 29 कोए भी गलत बात
थारे मुँह तै ना लिकड़ै, पर जरूरत कै मुताबिक वोए लिकड़ै जो दुसरयां के
बिश्वास की बढ़ोतरी कै खात्तर हो, ताके वा बात जो थारे मुँह तै लिकड़ै सै वा
सुणण आळा नै उत्साहित कर सकै। 30 परमेसवर के पवित्र आत्मा नै दुखी
ना करो, जो उसनै थारे ताहीं दिया सै, जो पक्का छुटकारै कै दिन थमनै बचा
सकै सै। 31 इस करकै सारी ढाळ की कड़वाहट, प्रकोप, गुस्सा, झगड़ा, अर
बुराई, सारे बैरभाव नै अपणी जिन्दगी तै लिकाड़ द्यो। 32 एक-दुसरे पै दयालु

अर करुणामय हो, अर जिसा परमेसवर नै मसीह म्ह थारे कसूर माफ करे,
उस्से तरियां थम भी एक-दुसरे के कसूर माफ करो।

**5** थम परमेसवर के बाळक सों, जिनतै वो प्यार करै सै, इस करकै उसकी
ढाळ बणण की कोशिश करो। 2 दुसरयां तै प्यार करण आळी जिन्दगी
जिओ, जिस तरियां मसीह जिया, जिसनै थारे तै प्यार करया अर म्हारे पापां
नै मिटाण खात्तर अपणे-आप ताहीं कुरबान कर दिया, अर परमेसवर उसकी
कुरबान्नी तै खुश था, क्यूँके वा कुरबान्नी परमेसवर कै खात्तर खसबूदार भेट
कै समान थी। 3 जिसा पवित्र माणसां कै लायक सै, उसाए थारे म्ह जारी
अर किसे ढाळ के अशुद्ध काम या लोभ का जिक्र तैई ना हो, 4 अर ना
बेशर्मी, ना मूर्खता की बातचीत, ना मजाक की, क्यूँके ये बात शोभा न्ही देंदी,
बल्के थारे मुँह तै परमेसवर का ए धन्यवाद सुण्या जावै। 5 क्यूँके थम यो
आच्छी तरियां तै जाणो सों, के कोए भी जार, दुराचारी, या लोभी माणस जो
मूर्तिपूजकां के समान सै, ये मसीह अर परमेसवर के राज्य के भागी न्ही हो
सकदे। 6 कोए थमनै धोक्खा ना देवै के परमेसवर पाप करण आळे माणसां
नै दण्ड कोनी देवै, क्यूँके परमेसवर का छो हुकम ना मानण आळे पै भड़कै
सै। 7 इस करकै थम उनके पापी काम्मां म्ह उनके साझीदार ना होओं। 8
क्यूँके थम तो पैहल्या उन माणसां की ढाळ थे जो अन्धकार म्ह थे, पर इब
थम परमेसवर के लोग बणगे सों, इस करकै थम इब चाँदणे म्ह सों, तो
इब थमनै उन माणसां की ढाळ जीणा चाहिए जो चाँदणे म्ह सै। 9 क्यूँके
जै माणस चाँदणे म्ह सै तो उसका सुभाव आच्छा अर धर्मी सै, अर उसपै
बिश्वास करया जा सकै सै। 10 अर यो परखो के प्रभु नै के आच्छा लाग्गै
सै। 11 थम उनके बुरे काम्मां म्ह उनके साझीदार ना होओं, बल्के लोग्गां नै
बताओ के ये काम बुरे सै। 12 क्यूँके उनकै गुप्त काम्मां का जिक्र भी शर्म
की बात सै। 13 जिब बुरे लोग थारा आच्छा सुभाव देक्खै सै तो उनका बुरा
सुभाव जाहिर हो जावै सै, उसकी बजह तै वो अपणा बुरा सुभाव छोड़ दे
सै, अर थारे जिसे आच्छे बण जावै सै। 14 इस कारण एक कहावत सै के
"हे सोण आळे जाग! अर मुर्दां म्ह तै जी उठ! ताके मसीह थारे पै अपणा
चान्दणा चमकावै।" 15 इस करकै ध्यान तै देक्खों, के किसा जीवन जीण
लागरे सों। बेअक्ला की तरियां न्ही पर अकलमंद की तरियां जिओ। 16

मौक्कै नै घणा कीमती समझों, क्यूँके दिन बुरे सै। 17 इस कारण बेअक्ल
ना होओं, पर ध्यान तै समझो के प्रभु की मर्जी के सै। 18 मदिरा पी कै
मतवाले ना बणो, क्यूँके इसतै लुचपण होवै सै, पर पवित्र आत्मा तै भरदे
जाओ। 19 जिब थम पवित्र आत्मा के कहे म्ह चाल्लोंगे तो ये काम करोगे,
जिब थम कठ्ठे होओगे तो आप्पस म्ह परमेसवर के भजन, उसकी जै-जै कार
अर आत्मिक गीत गाया करोगे, अर अपणे-अपणे मन म्ह प्रभु के आग्गै गान्दे
अर कीर्तन करदे रहो। 20 अर सदा सारी बात्तां कै खात्तर म्हारे प्रभु यीशु
मसीह कै नाम तै परमेसवर पिता का धन्यवाद करते रहो। 21 मसीह कै प्रति
श्रद्धा-भक्ति राक्खण के कारण एक-दुसरे कै अधीन रहो। 22 हे पत्नियों,
अपणे-अपणे पति कै इस ढाळ अधीन रहो जिस ढाळ प्रभु के अधीन रहो
सों। 23 क्यूँके पति तो पत्नी का सिर सै, जिस ढाळ मसीह कलीसिया का
सिर सै, अर कलीसिया मसीह की देह सै अर उद्धारकर्ता भी सै। 24 पर जिस
ढाळ कलीसिया मसीह कै अधीन सै, उस्से तरियां पत्नियाँ भी हर बात म्ह
अपणे-अपणे पति कै अधीन रहै। 25 हे पतियों, अपणी-अपणी पत्नियाँ तै
प्यार राक्खो, जिसा मसीह नै भी कलीसिया तै प्यार करकै उसकै खात्तर
अपणी जान दे दी। 26 ताके वो कलीसिया (बिश्वासी लोग्गां) ताहीं वचन
तै नाहण के जरिये पापां तै शुद्ध करै, अर पवित्र बणावै। 27 वो अपणी
कलीसिया खात्तर मरया ताके वो अपणे माणसां नै सिध्द बणाकै अपणी
हजुरी म्ह ल्या सकै, जिस म्ह ना कलंक, ना झुरी, ना कोए और इसी चीज हो
बल्के पवित्र अर बेकसूर हो। 28 इस तरियां सही सै के पति अपणी-अपणी
पत्नी तै अपणी देह कै समान प्यार राक्खै। जो अपणी पत्नी तै प्यार करै सै।
वो अपणे-आप तै प्यार करै सै। 29 क्यूँके किसे नै कदे अपणे देह तै बैर न्ही
करया बल्के वो उसका पालन-पोषण करै सै, जिसा मसीह भी कलीसिया कै
गैल करै सै। 30 इस करकै के हम मसीह की देह के अंग के समान सां। 31
जिसा के पवित्रग्रन्थ म्ह लिख्या सै, "इस कारण माणस अपणे माँ बाप नै
छोड़कै अपणी पत्नी तै मिल्या रह्वैगा, अर वे दोनु एक देह होंगे।" 32 यो भेद
तो बड्ड़ा सै, पर मै याड़ै मसीह अर कलीसिया कै बारै म्ह कहूँ सूं। 33 पर
थारे म्ह तै हरेक अपणी पत्नी तै अपणे समान प्यार करै, अर पत्नी भी अपणे
पति का डर मान्नै।

6 पवित्र ग्रन्थ कहवै सै, के “अपणे माँ बाप का आदर कर, तो तेरा भला
होगा अर इस धरती पै तेरी उम्र भी लम्बी होवैगी।” अर यो परमेसवर की
ओड़ तै दिया गया पैहला हुकम सै, जिसके गैल वादा भी सै। हे बाळकां
आळो, यो थारे खात्तर सही सै, के थम जो परमेसवर पै बिश्वास करो सों, तो
अपणे माँ-बाप का कहणा मान्नो। 4 हे बाळकां आळो, अपणे बाळकां नै
गुस्सा ना दुवाओ, पर शिक्षा अर चेतावनी देंदे होए उनका पालन-पोषण
करो। 5 हे नौकरों, जो माणस इस दुनिया म्ह थारे माल्लिक सै, उनका हुकम
डरदे अर कापते होए मान्नो, जिस मन तै थम मसीह का हुकम मान्नो सों। 6
माणसां नै खुश करण आळा कै समान दिखावटी सेवा ना करो, पर थम
मसीह के दास सों, इस करकै थम पूरे मन तै वो काम करो जो परमेसवर
चाहवै सै। 7 अर उस सेवा नै माणसां की न्ही, पर प्रभु की सेवा जाणकै सच्चे
मन तै करो। 8 क्यूँके थम जाणो सों के जो कोए जिसा आच्छा काम करैगा,
चाहे दास हो चाहे आजाद माणस, प्रभु तै उसका फळ पावैगा। 9 हे मालिकों,
थम भी धमकी देणा छोड़कै नौकरां गैल उसाए व्यवहार करो, क्यूँके थम
जाणो सों के उनका अर थारा दोनुआ का माल्लिक सुर्ग म्ह सै, अर वो किसे
का पक्षपात न्ही करदा। 10 इस करकै मै कहूँ सूं के थम प्रभु म्ह आत्मिक
रूप तै शक्तिशाली बणो। 11 परमेसवर के सारे हथियार बाँध ल्यो ताके थम
शैतान की चालां कै स्याम्ही खड़े रह सको। 12 क्यूँके म्हारा यो आत्मिक
युध्द माणसां तै कोनी, पर प्रधानां, अधिकारियां, अर इस संसार के अन्धकार
के हाकिमां अर दुष्टता की आत्मिक सेनाओं तै सै, जो अकास म्ह सै। (aiōn
g165) 13 इस करकै परमेसवर के सारे हथियार बाँध ल्यो ताके जिब बुरे दिन
आवै तो उनका सामना कर सको, अर सब कुछ करण म्ह मजबुत्ती तै डटे
रह सको। 14 इस करकै परमेसवर की सच्चाई के मुताबिक जिओ, यो
इस तरियां सै, जिसा एक सिपाही का बेल्ट तै अपणी कमर कसणा, अर
धार्मिकता की झिलम पैहर ल्यो जो थारे आच्छे सुभाव नै दिखावै सै, जो
थमनै शैतान के हमले तै बचावैगा। 15 जिस तरियां एक सिपाही युध्द लड़ण
कै खात्तर पैरां म्ह जूत्ते पैहरै सै, उस्से तरियां थम भी परमेसवर के साथ
शान्ति के सुसमाचार के जरिये, शैतान तै लड़ण खात्तर त्यार हो जाओ। 16
अर इन बात्तां के होन्दे होए जिस तरियां सिपाही, ढाल तै अपणे-आपनै

दुश्मन के तीरां तै बचावै सै, उस्से तरियां मसीह म्ह पक्का बिश्वास करो ताके
थम शैतान के हमलां तै खुद नै बचा सको। 17 जिस तरियां सिपाही युध्द म्ह
अपणे सिर नै बचाण खात्तर टोप पैहरै सै, उस्से तरियां परमेसवर की ओड़ तै
मिल्या उद्धार भी म्हारा टोप सै, जो थमनै शैतान के हमलां तै बचावैगा, अर
जिस तरियां सिपाही युध्द म्ह तलवार तै अपणे-आपनै बचावै सै, अर थम भी
आत्मा की तलवार, जो परमेसवर का वचन सै, ले ल्यो, अर शैतान तै खुद नै
बचा ल्यो। 18 हरेक बखत अर हरेक ढाळ तै पवित्र आत्मा की अगुवाई
म्ह प्रार्थना अर बिनती करते रहों, इस करकै जागते रहों अर सारे पवित्र
माणसां खात्तर लगातार बिनती करते रहों। 19 अर थम मेरै खात्तर भी प्रार्थना
करो, ताके मेरे बोल्लण कै बखत इसे शब्द दिये जावै के मै हिम्मत कै गैल
सुसमाचार का भेद बता सकूँ। 20 इस्से खात्तर मै बेल्लां तै जकड़ा होया
राजदूत के समान सेवा करण लाग रहया सूं, प्रार्थना करो के जिस तरियां
मन्नै बोलणा चाहिए, उस्से ढाळ बेधड़क होकै सुसमाचार का प्रचार कर
सकूँ। 21 तुखिकुस जो प्रभु म्ह मेरा प्यारा भाई अर बिश्वास लायक सेवक
सै, वो थारे ताहीं मेरे सारे हालात अर सारी बात्तां के बारें म्ह बता देवैगा। 22
उस ताहीं मन्नै थारे धोरै इस्से खात्तर भेज्या सै के थम म्हारी दशा नै जाणो,
अर वो थारे मनां नै होसला दे। 23 परमेसवर पिता अर प्रभु यीशु मसीह की
ओड़ तै बिश्वासी भाईयाँ नै शान्ति अर बिश्वास गैल प्यार मिलै। 24 उन सारा
पै अनुग्रह होंदा रहवै, जो म्हारै प्रभु यीशु मसीह तै कदे ना खतम होण आळा
प्यार करै सै।

# फिलिप्पियों

**1** या चिट्ठी पौलुस अर तीमुथियुस की ओड़ तै सै, जो यीशु मसीह के दास
सै, मै पौलुस कलीसिया के सारे पवित्र माणसां, अगुवां, अर सेवकां के नाम
जो प्रभु यीशु मसीह म्ह होकै फिलिप्पी नगर म्ह रहवै सै। 2 हम प्रार्थना करां
सां के म्हारै पिता परमेसवर अर प्रभु यीशु मसीह की ओड़ तै थारे ताहीं
अनुग्रह अर शान्ति मिल्दी रहवै। 3 मै जिब-जिब थमनै याद करुँ सूं, तब-तब
अपणे परमेसवर का धन्यवाद करुँ सूं, 4 अर खुशी कै गैल अपणी हरेक
प्रार्थना म्ह थारे सारया खात्तर हमेशा परमेसवर तै मदद की बिनती करुँ सूं।
5 इस करकै के पैहले दिन तै जिब थमनै सुसमाचार पै बिश्वास करया, तब तै
आज तक थम यीशु मसीह कै प्यार के बारें म्ह सुसमाचार फैलाण म्ह म्हारे
साथ रह्ये सों। 6 मन्नै इस बात का भरोस्सा सै, के परमेसवर जिसनै थारे म्ह
आच्छा काम शरु करया सै, वोए उसनै जिब यीशु मसीह बोहड़ के आवैगा
तब तक पूरा करैगा। 7 सही सै ताके मै थारे सारया खात्तर इसाए विचार
करुँ। क्यूँके थारे खात्तर मेरै मन म्ह खास जगहां सै, इब मै कैद म्ह सूं, अर
सुसमाचार की सच्चाई नै साबित अर बचाव करण म्ह लागरया सूं, तो थम
सब मेरै गैल परमेसवर के अनुग्रह म्ह साझीदार सों। 8 इस म्ह परमेसवर मेरा
गवाह सै, के मै मसीह यीशु की तरियां लगाव करकै, थारे सारया की मिलण
की लालसा करुँ सूं। 9 मै या प्रार्थना करुँ सूं, कै थारा प्यार वास्तविक ज्ञान
अर अन्तरात्मा म्ह और भी बढ़ता जावै। 10 ताके थम आच्छी तै आच्छी बात
नै चुण सकों, अर मसीह कै बोहड़ण तक हरेक बुराई तै बचे रहों, अर ठोक्कर
ना खाओ। 11 अर उस धार्मिकता के काम नै जो यीशु मसीह कै जरिये होवै
सै, भरपूर होन्दे जाओ जिसतै परमेसवर की महिमा अर बड़ाई होंदी रहवै। 12
हे बिश्वासी भाईयो, मै चाहूँ सूं के थम यो जाण ल्यो, के जो मेरै पै बित्या सै,
उसतै भोत सारे माणसां नै सुसमाचार पै बिश्वास करया सै। 13 उरै ताहीं के
महाराजा के राजभवन की सारी पलटन अर बाकी सारे माणस यो जाणगे सै,
के मै कैद म्ह सूं, क्यूँके मै मसीह का दास सूं। 14 अर प्रभु म्ह जो बिश्वासी
भाई सै, उन म्ह तै घणखरे मेरै कैद होण कै कारण, साहस कै गैल परमेसवर
का वचन बिना डरे सुणावै सै। 15 कुछ लोग तो जळण अर झगड़े कै कारण
मसीह के सुसमाचार के बारें म्ह सुणावै सै, अर कई माणस भली इच्छा तै,

ताके मेरे वचन फैलाण म्ह मदद कर सकै। **16** भली इच्छा तै प्रचार करण
आळे प्यार तै प्रचार करै सै, क्यूँके वो जाणै सै, के मै सुसमाचार के बचाव कै
खात्तर जेळ म्ह बन्द सूं। **17** कई माणस तो जळण अर बिरोध के कारण
मसीह का प्रचार करै सै, यो सोचकै के मेरी कैद म्ह मेरै खात्तर और क्लेश
पैदा कर सकै। **18** तो के होया? सिर्फ यो के हर ढाळ तै, बुरी इच्छा तै चाहे
सच्चाई तै, मसीह के वचन का प्रचार हरेक जगहां करया जाण लागरया सै,
अर मै इसतै आनन्दित सूं अर आनन्दित रहूँगा भी। **19** क्यूँके मै जाणु सूं, के
थारी बिनती कै जरिये, अर पवित्र आत्मा जो यीशु मसीह की ओड़ तै आया
सै, इसका प्रतिफळ जो मेरे बिश्वास म्ह बणे रहण अर कैद तै लिकड़ण का
कारण होगा। **20** मै तो याए मन तै लालसा अर आस राक्खूँ सूं, के मै किसे
बात म्ह शर्मिन्दा ना होऊँ, पर साहस कै साथ परमेसवर का वचन सुणा सकूँ,
जिसा पैहले मन्नै सुण्या था, चाहे मै जिन्दा रहूँ या मरु, मसीह की बड़ाई मेरी
देह के जरिये होन्दी रहवै। **21** क्यूँके मेरै खात्तर जिन्दा रहणा मसीह सै, अर
मर जाणा और भी आच्छा सै, क्यूँके मै मसीह कै धोरै चला जाऊँगा। **22** पर
जै देह तै जिन्दा रहणा ए परमेसवर के काम कै खात्तर फायदेमन्द सै, तो मै
न्ही जाणदा के किसनै चुणु। **23** क्यूँके मै उळझन म्ह सूं, के मै के करुँ, जी
तो करै सै, के मै दुनिया छोड़कै मसीह कै धोरै चला जाऊँ, क्यूँके यो घणाए
आच्छा सै, **24** पर देह म्ह रहणा थारे कारण और भी जरूरी सै, ताके मै थारी
मदद कर सकूँ। **25** इस करकै के मन्नै इसका भरोस्सा सै। मै जाणु सूं के मै
जिन्दा रहूँगा, बल्के सारा कै गेल्या रहूँगा, जिसतै थमनै बिश्वास म्ह मजबूत
कर सकूँ, अर उस म्ह आनन्दित रहों। **26** जिब मै थारे धोरै बोहड़ के आऊँगा
तो यीशु मसीह जो मेरे जरिये काम करण लागरया सै, उसपै थम गर्व कर
सकों सों। **27** सिर्फ इतणा करो, के थारा चाल चलण मसीह कै सुसमाचार
कै लायक हो जावै। चाहे मै आकै थमनै देक्खूँ, चाहे ना भी आऊँ, तोभी थारे
बारें म्ह योए सुणु, कै थारा एक ए मकसद हो, अर एक मन होकै बिश्वास तै
जो सुसमाचार तै आवै सै, उसकै खात्तर मेहनत करते रहों। **28** अर किसे
बात म्ह बिरोधियाँ तै भय ना खाओ। उनकै खात्तर विनाश का, अर थारे
खात्तर उद्धार का साफ सबूत सै, अर यो परमेसवर की ओड़ तै सै। **29** क्यूँके
मसीह कै कारण थारे पै या अनुग्रह होया के ना केवल उसपै बिश्वास करो पर

उसकै खात्तर दुख भी ठाओ, 30 अर थमनै उसीए मेहनत परमेसवर कै
खात्तर करणी सै, जिसी थमनै मेरै ताहीं पैहले फिलीपी नगर म्ह करते देख्या
सै, अर इब भी सुणो सों के मै उसाए करुँ सूं।
**2** थम यीशु मसीह के कारण उत्साहित हो, अर जो उसका प्यार थारे खात्तर
सै, वो थमनै शान्ति देवै सै, क्यूँके पवित्र आत्मा कै गैल थारी संगति सै, अर
मसीह की करुणा अर दया थारे पै सै। 2 तो मेरा यो आनन्द पूरा करो के एक
मन रहों, अर एके प्यार, एके चित्त, अर एके मनसा राक्खों। 3 मतलबीपण
या झूठी बड़ाई कै खात्तर कुछ ना करो, पर दीनता तै एक-दुसरे नै अपणे तै
घणा आदर मान द्यो। 4 हरेक अपणे ए हित की न्ही, बल्के दुसरयां कै हित
की भी चिंता करै। 5 जिसा मसीह यीशु का सुभाव था उसाए तेरा भी सुभाव
हो। 6 यीशु, परमेसवर कै समान होकै भी होकै भी परमेसवर कै बराबर होण
नै अपणे बस म्ह राक्खण की चीज ना समझा। 7 बल्के अपणा सारा सुर्गीय
हक छोड़ दिया, अर दास का रूप धारण करते होए माणस की समानता म्ह
होग्या। 8 अर माणस कै रूप म्ह जाहिर होकै अपणे-आपनै दीन करया, अर
परमेसवर का आज्ञाकारी रहया अर याड़ै तक के अपराधियाँ की तरियां मौत,
हाँ क्रूस की मौत भी सह ली। 9 इस कारण परमेसवर नै उस ताहीं ऊँच्ची
उपाधि दी, अर उसनै वो नाम दिया जो सारे नाम्मां म्ह ऊँच्चा सै, 10 के जो
सुर्ग म्ह अर धरती पै धरती कै नीच्चै सै, वे सारी यीशु कै नाम की बड़ाई करै,
11 अर परमेसवर पिता की महिमा के खात्तर हरेक इन्सान मान ले के यीशु
मसीह ए प्रभु सै। 12 इस करकै हे मेरै प्यारे बिश्वासी भाईयो, जिस ढाळ थम
सदा तै हुकम मानते आये सों, उसाए इब भी ना सिर्फ मेरै गैल रहंदे होए,
पर खास करकै इब मेरै दूर रहण पै, भी परमेसवर तै डरदे अर कापते होए
अपणे उद्धार के काम नै पूरा करो। 13 क्यूँके परमेसवर थारे म्ह काम करण
लागरया सै, अर वोए थमनै अपणी इच्छा अर सामर्थ देवै सै, वो काम करो
जो उसनै पसन्द सै। 14 सारे काम बिना कुड़कड़ाए अर बिना विवाद कै
करया करो, 15 ताके थम परमेसवर की ऊलाद की तरियां इस दुनिया के बुरे
अर मतलबी माणसां के बीच म्ह पवित्र अर बेदाग जीवन जी सकों। दुनिया
के माणसां के बीच म्ह थम जीवन का वचन लिये होए, आसमान के तारां के
समान चमकों। 16 जिब मसीह बोहड़ै तो मन्नै गर्व करण का कारण हो, ताके

मेरी कोशिश अर मेरी मेहनत करणा बेकार ना होवै। 17 जिब मन्नै थारे ताहीं
वचन सुणाया, तो थमनै यीशु मसीह पै बिश्वास करया, अर अपणा जीवन भी
सेवा खात्तर प्रभु ताहीं बलिदान दिया। इस करकै मै प्रभु खात्तर मर भी जाऊँ,
तोभी थारे साथ खुश अर आनन्दित सूं। 18 उस्से तरियां थम भी आनन्दित
होओ, अर मेरै गैल आनन्द करो। 19 मन्नै प्रभु यीशु मसीह म्ह आस सै, के
मै तीमुथियुस नै थारे धोरै तावळा-ए भेजूगाँ, ताके थारे हाल नै जाणकै,
मै उत्साहित होऊँ। 20 क्यूँके मेरै धोरै तीमुथियुस के जिसा सुभाव आळा
माणस और कोए न्ही सै जो शुद्ध मन तै थारी चिंता करै। 21 क्यूँके सारे
अपणे स्वार्थ की खोज म्ह रहवै सै, परमेसवर के काम्मां खात्तर न्ही। 22 पर
थम जाणो सों, के तीमुथियुस तो बिश्वास लायक अर आच्छे सुभाव का सै,
जिसा बेट्टा पिता कै गेल्या रहवै सै, उसाए उसनै सुसमाचार कै फैलाण म्ह
मेरै गैल मेहनत करी। 23 इस करकै मन्नै आस सै, कै ज्यो ही मन्नै बेरा
लाग्गैगा के मेरा के हाल होगा, त्यों ही मै उसनै तावळी सी भेज देऊँगाँ। 24
अर मन्नै प्रभु म्ह भरोस्सा सै, के मै आप भी तावळा आऊँगा। 25 मन्नै
इपफ्रुदीतुस नै थारे धोरै भेजणा जरूरी समझा, जो मेरा भाई अर सहकर्मी
साथी योध्दा, अर जरूरतां म्ह मेरी मदद करण आळा थारी ओड़ तै भेज्जा
गया दूत सै। 26 क्यूँके उसका मन थारे सारया म्ह लाग्या रह्या था, अर वो
बेचैन रहवै था क्यूँके थमनै उसकी बीमारी का हाल सुण्या था। 27 पक्का वो
बीमार तो होग्या था, उरै ताहीं वो मरण पै था, पर परमेसवर नै उस ताहीं
मरण न्ही दिया, अर सिर्फ उस्से पै न्ही पर मेरै पै भी दया करी, ताके मन्नै
दुख पै दुख ना हो। 28 इस करकै मन्नै उस ताहीं भेजण का और भी जत्न
करया, के तू उसतै फेर मिलकै आनन्दित हो जा, अर मेरी भी चिन्ता घट
जावै। 29 इस करकै तू प्रभु म्ह उसतै घणे आनन्द कै गैल मिलये, अर इसा
का आदर करया करिये। 30 क्यूँके वो मसीह कै काम खात्तर अपणी जान
जोखिम म्ह गेर कै मौत कै धोरै आ ग्या था। ताके वो मेरी मदद कर सकै
जिस काम नै थम कर न्ही पाये, क्यूँके थम दूर थे।

**3** इस करकै हे मेरै बिश्वासी भाईयो, प्रभु म्ह आनन्दित रहों। वेए बात थारे
ताहीं बारबार लिखण म्ह मन्नै तो कोए दिक्कत कोनी होन्दी, पर ये बात
थमनै इस्से झूठ्ठे शिक्षाकां तै बचाकै राक्खैगी। 2 उन बुरे माणसां तै चौक्कस

रहों जो कुत्याँ कै समान सै, अर जो कहवै सै, के उद्धार पाण खात्तर खतना
करणा जरूरी सै। **3** हम्मे परमेसवर के सच्चे लोग सां, जो पवित्र आत्मा की
अगुवाई म्ह आराधना करा सां, अर मसीह यीशु पै घमण्ड करा सां, पर अपणे
उन काम्मां के जरिये न्ही जो हम शरीर तै करा सां। **4** पर मै तो शारीरिक
काम्मां पै घमण्ड राक्ख सकू सूं। जै किसे और का शारीरिक काम्मां पै
घमण्ड राक्खण का विचार हो, तो मै उसतै भी बढ़कै राक्ख सकू सूं। **5**
परमेसवर के हुकम के मुताबिक जन्म के आठवे दिन मेरा खतना होया, मै
जन्म तै इस्राएली अर बिन्यामीन कै गोत्र का सूं, मेरे माँ-बाप इब्रानी थे, इस
करकै मै भी इब्रानी सूं, अर (मूसा नबी के) नियम-कायदा नै मानण के कारण
मै फरीसी भी था। **6** उत्साह कै बारें म्ह जै कहो तो कलीसिया का सतावण
आळा, अर सारे यहूदी नियम-कायदा नै मानण आळा था, इस करकै लोग
की फिक्र ना करै, तो वो बिश्वास तै मुकर गया सै अर अबिश्वासी तै भी बुरा
बण गया सै। 9 उस्से बिधवा का नाम लिख्या जावै जो साठ साल तै उप्पर
की हो, अर जो एके धणी की बिश्वास लायक रही हों। 10 अर भले काम
म्ह आच्छी नाम्मी रही हो, जिसनै बाळकां का पालन-पोषण, मेहमानां की
सेवा, परमेसवर के माणसां की सेवा, दुखियाँ की मदद करी हो, अर हरेक
भले काम म्ह मन लगाया हो। 11 पर जवान बिधवा बिरबानियाँ कै नाम ना
लिखिए, क्यूँके जिब उनकी शारीरिक अभिलाषा मसीह की सेवा करण तै
बढ़कै हो जावै सै, तो वा ब्याह करणा चाहवैं सै। 12 दुबारै ब्याह करकै, वे
खुद कसूरवार बणैगी, क्यूँके उननै अपणे पैहल्ड़े वादे ताहीं जो के ब्याह ना
करण का था, उस ताहीं तोड़ दिया सै। 13 इसकै गेल्या ए गेल्या वे घर-
घर हाँड कै आलसी होणा सिक्खैं सै, अर सिर्फ आलसी न्ही पर बकबक
कर दी रहै सै, अर दुसरयां कै काम म्ह भी दखल देती रहवै सै, अर चुगली
कर दी रहवै सै। 14 ज्यांतै मै न्यू चाहूँ सूं के जवान बिधवां ब्याह करै, अर
बाळक जामै अर घर-बार सम्भाळै, अर किसे बिरोधी नै बदनाम करण का
मौक्का ना देवैं। 15 मै इस करकै कहूँ सूं, के उन म्ह तै कईयाँ नै प्रभु का

कहणा मानना छोड़ दिया सै, अर शैतान कै पाच्छै चालणा शरु कर दिया सै।
16 जै किसे बिश्वासी परिवार म्ह कोए बिधवां हों, तो वैए उनकी मदद करै
के कलीसिया पै बोझ ना हो, ताके कलीसिया उनकी मदद कर सकै जो
साच्चए बिधवां सै। 17 कोए भी कलीसिया का अगुवां जो अपणा काम
आच्छी तरियां करै सै उस ताहीं बड़ा सम्मान अर पर्याप्त वेतन पाण के
लायक मान्या जाणा चाहिए, खासकर जो लोग परमेसवर के सन्देस नै
पढ़ाण अर प्रचार करण म्ह कड़ी मेहनत करै सै। 18 क्यूँके पवित्र ग्रन्थ म्ह
लिख्या सै, "नाज लिकाड़ण आळे बळध का मुँह ना बाँधिये," क्यूँके "मजदूर
अपणी मजदूरी का हकदार सै।" 19 किसे भी कलीसिया के अगुवै के बिरुध्द
दो या तीन गवाह के बिना कोए भी उसनै दोषी ना मान्नो। 20 पाप करण
आळा नै सारया कै स्याम्ही समझा दे, ताके बाक्की के बिश्वासी भी डरै। 21
परमेसवर, अर मसीह यीशु अर छाँटे होड़ सुर्गदूत्तां नै मौजूद जाणकै मै तन्नै
हुकम देऊँ सूं, के बिना भेदभाव के तू इन हुकमां नै पूरा कर, अर सब कै गैल
एक जिसा बरताव कर। 22 किसे ताहीं जल्दबाजी म्ह अगुवां ना बणाईये,
अर जै तू इसा करै सै, तो उसका जिम्मेदार भी तू खुद होवैगा, तू यो तय
करकै मै कोए पाप न्ही करुँगा। 23 आण आळे बखत म्ह सिर्फ पाणी ए का
पीण आळा ना रह, पर अपणे पेट के अर अपणे बार-बार बीमार होण कै
कारण माड़ा-माड़ा अंगूर का रस भी काम म्ह ल्याया कर। 24 मै कहूँ सूं,
के किसे ताहीं जल्दबाजी म्ह अगुवां ना बणाईये, क्यूँके कई लोग सब कै
स्याम्ही पाप करै सै, इसतै पैहले के उनका न्याय हो, बिश्वासियाँ कै स्याम्ही
वे पापी बण चुके सै, दुसरे माणसां के पाप दिखाई न्ही देन्दे, पर पाच्छै नजर
आवै सै। 25 उस्से तरियां तै जिब माणस आच्छे काम करै सै तो दुसरे माणस
उसके काम्मां नै देक्खै सै, अर जै इब न्ही दिखदे तो बाद म्ह वे दिख जावै
सै।

**6** जितने बिश्वासी गुलाम सै, वे अपणे-अपणे माल्लिक का आदर करै,
ताके दुसरे लोग परमेसवर की अर म्हारी शिक्षा की बुराई ना करै। 2 जिनके
माल्लिक बिश्वासी सै, वे अपणे माल्लिकां का अपमान ना करै, यो जाणकै
के इब तो वे उनके बिश्वासी भाई सै, बल्के वे उनकी सेवा और भी ज्यादा मन
तै करै, क्यूँके वे जो सेवा तै फायदा ठाण लागरे सै, अर उननै वे मसीह म्ह

अपणे भाईयाँ की तरियां प्यार करै, इन बात्तां का उपदेश देंदा रह, अर उन
ताहीं मानण खात्तर भी उत्साहित करदा रह। 3 जै कोए झूठ्ठी शिक्षा देवै सै
अर खरी शिक्षा नै न्ही मानता, यानिके म्हारै प्रभु यीशु मसीह की शिक्षा अर
हुकम नै जिसतै परमेसवर नै महिमा मिलै सै। 4 तो वो घमण्डी सै, अर किमे
न्ही जाण्दा, बल्के इसा माणस फालतू के मुद्दे अर शब्दां के बारै म्ह बहस
करणा चाहवै सै, जिसतै जळण, अर झगड़े, अर बुराई की बात, भुन्डे-भुन्डे
शक, 5 अर उन माणसां म्ह बेकार रगड़े-झगड़े पैदा होवै सै, जिनकी अकल
खराब हो जा सै, अर वे सच तै दूर हो गये सै, जो समझै सै, के परमेसवर की
सेवा करणा कमाई का साधन सै। 6 पर यो म्हारे खात्तर भला सै, के हम वो
करा जिसतै परमेसवर खुश होवै सै, अर उस्से म्ह सबर करा जो वो म्हारे
ताहीं देवै सै। 7 क्यूँके ना हम दुनिया म्ह किमे ल्याए सां, अर ना किमे लेकै
जा सकां सां। 8 जै म्हारै धोरै खाण अर पैहरण नै हो, तो इन्नै म्ह सबर
करणा चाहिये। 9 पर जो साहूकार होणा चाहवैं सै, वे हर तरियां के पाप
करण के जरिये धोक्खे म्ह पड़े सै, वे एक जानवर की तरियां जाळ म्ह फँस
जावै सै, वे उन चिज्जां नै करणा चाहवै सै जो उनकै खात्तर बेकूफी अर
खतरनाक सै अर येए इच्छा उनके नाश का कारण बण जावै सै। 10 क्यूँके
रपियाँ का लोभ सारे ढाळ की बुराई की जड़ सै, जिसनै पाण की कोशिश
करदे होए घणखरयां नै मसीह की शिक्षा पै बिश्वास करणा बन्द कर दिया सै,
क्यूँके वे भोत पईसा चाहवै थे, अर उननै अपणे-आप ताहीं कई ढाळ के दुखां
तै छलनी कर लिया सै। 11 पर हे तीमुथियुस, परमेसवर के जन, तू इन बात्तां
तै भाज, अर धर्म, बिश्वास, प्यार, धीरज, अर नम्रता कै पाच्छै चाल। 12 एक
आच्छे सिपाही की तरियां जो हार न्ही मानता, परमेसवर पै बिश्वास करणा
अर उसका कहणा मानना ना छोड़ै अर उस अनन्त जीवन नै पा ले, जिसकै
खात्तर तू बुलाया गया सै, अर भोत सारे माणसां के स्याम्ही तन्नै मान लिया
सै, के तू मसीह पै बिश्वास करै सै। (aiōnios g166) 13 मै तेरे ताहीं परमेसवर
नै, जो सब नै जीवन दे सै, अर मसीह यीशु नै गवाह मानकै जिसनै पुन्तियुस
पिलातुस कै स्याम्ही अपणे बारें म्ह बड़ी हिम्मत तै सच बोल्या, यो निर्देश
देऊँ सूं, 14 के जो परमेसवर नै तेरे ताहीं हुकम दिये सै, उन सब ताहीं दिल तै
मान, ताके कोए भी तन्नै प्रभु यीशु मसीह के बोहड़ण तक गलत काम म्ह

दोषी ना बता सकै। 15 परमेसवर जो एकमात्र राजा सै, वोए महिमा कै
लायक सै, जो राजयां का राजा, अर प्रभुओ का प्रभु सै, वो मसीह ताहीं सही
बखत पै जाहिर करैगा। 16 वोए सै जो सदा खात्तर जिन्दा सै, अर वो उस
चमकदार रोशनी म्ह रहवै सै, जिसकै धोरै कोए न्ही आ सकदा, अर ना
उस ताहीं किसे माणस नै देख्या अर ना कदे देख सकै सै। उसकी प्रतिष्ठा
अर राज्य युगानुयुग रहवैगा। आमीन। (aiōnios g166) 17 इस दुनिया के
साहूकारां नै आज्ञा दे, के वे घमण्डी ना हों अर अपणे धन पै भरोस्सा ना
राक्खै, जो के थोड़े दिन का सै, पर परमेसवर पै भरोस्सा राक्खै, जो उदारता
तै सब कुछ देवै सै, जो हमनै चाहिए, ताके हम उसका आनन्द उठा सका।
(aiōn g165) 18 वे भलाई करै, अर भले काम्मां म्ह धनी बणै, अर उदार अर
मदद करण म्ह त्यार हों। 19 जै वे इसा करै सै, तो इसा लाग्गै सै, के वे सुर्ग
म्ह अपणी सम्पत्ति जमा करण लागरे सै, जो असलियत म्ह खू न्ही सकदी,
अर उस ताहीं सच्चा जीवन भी दिया जावैगा, जिसका मतलब सै सदा का
जीवन। 20 हे तीमुथियुस, वो सब कुछ करण म्ह सावधान रह, जो परमेसवर
नै तेरे ताहीं दिया सै, अर अभगति, बेकूफी भरी बात, अर उस झूठी शिक्षा तै
जो सच्ची शिक्षा के बिरोध म्ह सै, जिन ताहीं वे ज्ञान की बात कहवै सै, उनतै
दूर रह। 21 कई माणसां नै इस झूठे ज्ञान ताहीं अपणालिया सै, अर कहवै सै,
के हमनै ज्ञान सै, इसा करण तै वे सच्ची शिक्षा तै दूर होगे सै, मै प्रार्थना करुँ
सूं, के परमेसवर का अनुग्रह उनपै भी अर थारे पै भी होन्दा रहवै।

# 2 तीमुथियुस

**1** या चिट्ठी मुझ पौलुस की ओड़ तै सै, परमेसवर नै मेरे ताहीं मसीह यीशु
का प्रेरित होण खात्तर चुण्या सै, ताके मै यो सन्देस प्रचार कर सकू, के
परमेसवर नै अनन्त जीवन देण का वादा करया सै, जो यीशु मसीह पै बिश्वास
करण तै मिलै सै। 2 मै तीमुथियुस ताहीं या चिट्ठी लिखूँ सूं, जिसतै मै प्यार
करुँ सूं, अर मै प्रार्थना करुँ सूं, के पिता परमेसवर अर म्हारै प्रभु मसीह यीशु
की ओड़ तै तन्नै अनुग्रह, दया अर शान्ति मिलदी रहवै। 3 मै परमेसवर का
धन्यवाद करुँ सूं, जिसकी आराधना मै साफ अन्तरात्मा तै उस्से ढाळ करुँ
सूं, जिस तरियां मेरे पूर्वज करै थे, मै अपणी प्रार्थनायां म्ह तन्नै दिन रात याद
करुँ सूं। 4 मन्नै याद सै के जिब मन्नै थारे ताहीं छोड़कै जाणा पड्या था, तो
थम मेरे खात्तर किस तरियां रोए थे। मै दिन-रात तेरे तै मिलण की लालसा
राक्खूँ सूं, ताके आनन्द तै भर जाऊँ। 5 मन्नै तेरी माँ यूनिके का खरा बिश्वास
भी याद सै, अर तेरी नानी लोइस का भी इसाए बिश्वास था, अर मन्नै पक्का
बिश्वास सै के थारा भी बिश्वास उसाए होगा सै। 6 इस्से कारण मै तन्नै याद
दुवाऊँ सूं के तू परमेसवर कै उस वरदान नै जो मेरै हाथ धरण कै जरिये
तन्नै मिल्या सै प्रज्वलित करदे। 7 क्यूँके परमेसवर नै म्हारै ताहीं डरपोक
न्ही बणाया, बल्के उसका आत्मा म्हारे मन मजबूत बणावै सै, जो म्हारे
ताहीं दुसरयां तै प्यार करण म्ह मदद करै सै, अर म्हारे ताहीं अपणे-आप पै
काब्बू राखणा सिखावै सै। 8 इस कारण म्हारै प्रभु यीशु मसीह के बारें
म्ह लोग्गां ताहीं बताण म्ह शर्मिन्दा मत होओ, अर शर्मिन्दा होणा भी न्ही
चाहिए, क्यूँके मै उसकी सेवा करण कै कारण जेळ म्ह सूं, इसके बजाये
थमनै उस शक्ति का इस्तमाल करणा चाहिए जो परमेसवर थमनै देवै सै, अर
सुसमाचार कै खात्तर मेरै गेल्या दुख नै सह ल्यो। 9 परमेसवर नै म्हारा उद्धार
करया सै, अर म्हारे ताहीं पवित्र जीवन जीण खात्तर बुलाया सै। उसनै म्हारै
ताहीं इस कारण कोनी चुण्या के हमनै आच्छे काम करे सै, बल्के अपणी
अनुग्रह अर इच्छा के मुताबिक चुण्या सै। उसनै यीशु मसीह ताहीं भेजकै
म्हारे उप्पर अनुग्रह दिखाण की योजना दुनिया बणाण तै पैहले ए बणा ली
थी। (aiōnios g166) 10 पर इब म्हारै उद्धारकर्ता मसीह यीशु जाहिर होए, अर
अपणी करुणा दिखाई, जिसनै मौत की शक्ति ताहीं हरा दिया अर म्हारे ताहीं

सुसमाचार कै जरिये दिखाया के अनन्त जीवन का एक ए रास्ता सै। 11
जिसकै खात्तर परमेसवर नै मेरे ताहीं प्रचारक, प्रेरित, अर उपदेशक भी
बणाया। 12 इस कारण मै जेळ म्ह इन दुखां नै भी सहूँ सूं, पर सरमान्दा
कोनी, क्यूँके मै मसीह नै जाणु सूं, जिसपै मन्नै बिश्वास करया सै, अर मन्नै
पक्का बिश्वास सै के मसीह मेरी उस धरोहर की रक्षा जिब तक करदा रहवैगा
जिब तक के वो आ ना ले, क्यूँके वो भरोस्सेमंद सै। 13 जो खरी बात तन्नै
मेरै तै सुणी सै, उन ताहीं उस बिश्वास अर प्यार कै गैल, जो मसीह यीशु म्ह
सै, अपणा बढ़िया नमूना बणाकै राख। 14 अर उस धरोहर की रक्षा करो जो
पवित्र आत्मा कै जरिये थारे ताहीं सौप्या गया सै, जो म्हारै भित्तर रहवै
सै। 15 तन्नै बेरा सै के आसिया परदेस के भोत-से बिश्वासी भाईयाँ नै मेरै
ताहीं छोड़ दिया सै, जिन म्ह फूगिलुस अर हिरमुगिनेस भी शामिल सै। 16
उनेसिफुरुस कै कुण्बे पै प्रभु दया करै, क्यूँके वो कई बार मेरै धोरै आया अर
उसनै मेरे ताहीं उत्साहित करया अर जेळ म्ह भी मेरे तै मिलण खात्तर आण
म्ह शर्मिन्दगी महसूस कोनी करी। 17 पर जिब वो रोम नगर म्ह आया, तो
उसनै मेरे ताहीं हरेक जगहां ढूंढ्या, अर ढूँढ़ कै मेरै तै मिल्या। 18 (प्रभु करै
के उस दिन उसपै प्रभु की दया हो)। जिब मै इफिसुस नगर म्ह था, तो उसनै
वो सब कुछ मेरे खात्तर करया जिसनै थम भी जाणो सों।

**2** ज्यांतै हे मेरे बेट्टे तीमुथियुस, तू उस अनुग्रह म्ह जो मसीह यीशु म्ह सै,
मजबूत हो जा। 2 थमनै मेरे ताहीं कई माणसां के स्याम्ही मसीह की शिक्षा
के बारें म्ह सन्देस सिखान्दे देख्या होगा। इस करकै मै चाहूँ सूं, के थम
उन दुसरे बिश्वासियाँ ताहीं भी वोए सन्देस सिखाओ जिन माणसां पै थम
भरोस्सा करो सों, जो दुसरयां नै भी योए सन्देस सीखा सकै। 3 इस्से तरियां
एक सैनिक धीरज तै लड़ाई के मैदान म्ह सारे दुख सहवै सै, थमनै भी सारे
दुख सहण करणे पड़ैगें, जिसा हम मसीह यीशु खात्तर सहवां सां। 4 जिब
कोए सैनिक लड़ाई पै जावै सै, तो उसका काम अपणे-आपनै दुनियादारी के
काम्मां म्ह फसाणा कोनी बल्के उसका काम अपणे भर्ती करण आळे नै
खुश करणा सै। 5 जै दौड़ म्ह दौड़ण आळा सही तरीके तै न्ही दौड़ता तो वो
ईनाम न्ही पा सकदा। 6 जो किसान मेहनत करै सै, फसल के पैहले हिस्से पै
हक उसका सै। 7 या सोच्चों के ये उदाहरण हमनै के सिखाणा चाहवै सै,

परमेसवर इन सारी बात्तां नै समझण म्ह थारी मदद करै। 8 यीशु मसीह नै
याद राख, जो दाऊद की पीढ़ी तै पैदा होया अर जिस ताहीं परमेसवर नै मरे
होया म्ह तै जिन्दा करया, अर योए सुसमाचार सै जिसका हम प्रचार करां
सां। 9 क्यूँके मै सुसमाचार सुणाऊँ सूं, जिसकै खात्तर मै भुन्डे काम करणीये
की ढाळ दुख ठाऊँ सूं, उरै ताहीं के कैद भी सूं, पर कोए भी चीज परमेसवर
का सुसमाचार प्रचार करण तै लोग्गां नै रोक न्ही सकदी। 10 इस कारण मै
छाँटे होए माणसां कै खात्तर सब कुछ सहूँ सूं, ताके वे भी यीशु मसीह पै
बिश्वास करकै बच सकै अर अनन्त महिमा नै हासिल कर पावैं। (aiōnios
g166) 11 या बात साच्ची सै, के जै हम मसीह कै गेल्या मरगे सां, तो उसकै
गेल्या जीवांगें भी। 12 जै हम उसकै खात्तर दुख सहन्दे रहवांगें, तो उसकै
गेल्या राज भी करागें, जै हम इन्कार करां, के हम उसनै न्ही जाणते, तो वो
भी कह देवैगा, के वो भी हमनै न्ही जाणता। 13 जै हम बिश्वासघाती भी
हों, तोभी वो भरोसेमन्द बणा रहवै सै, क्यूँके वो हमेशा अपणे सुभाव के
मुताबिक काम कर करै सै। 14 बिश्वासियाँ नै ये बात समझा दे, अर प्रभु की
मौजूदगी म्ह समझा दे, के शब्दां पै बहस-बाजी ना करया करै, जिसतै कुछ
फायदा कोनी होन्दा, क्यूँके यो उन माणसां के उस बिश्वास नै नुकसान पुहचा
सकै सै जो उननै सुणै सै। 15 अपणे-आपनै परमेसवर का अपनाण जोग्गा
अर इसा काम करण आळा बणाण की कोशिश कर, जो शर्मिन्दा न्ही होण
पावै, अर जो सच कै वचन नै सही ढाळ तै समझा सकै। 16 पर दुनियावी अर
बेकार की बात्तां तै दूर रह, क्यूँके जो लोग दुनियावी अर बेकार की बात्तां म्ह
शामिल होवै सै, वे परमेसवर तै और घणे दूर हो जावै सै। 17 उनकी बातें सड़े
घांव की ढाळ फैलदी जावैगी, जो दुसरयां के बिश्वास नै कमजोर कर देंगी जो
उन बात्तां नै सुणै सै, अर हुमिनयुस अर फिलेतुस उनकी तरियां ए सै। 18
उननै सच्चाई पै बिश्वास करणा बन्द कर दिया सै, वे कहवै सै के परमेसवर नै
पैहले ए मरे होए बिश्वासियाँ ताहीं अनन्त जीवन कै खात्तर जिन्दा करया था,
इस करकै वे कुछ बिश्वासियाँ ताहीं कहवै सै, के मसीह पै बिश्वास ना करो।
19 परमेसवर के लोग इसी नीम की ढाळ सै जो हालदी कोनी, अर उस नीम
पै या छाप लागरी सै: “प्रभु अपणे माणसां ताहीं पिच्छाणै सै,” अर “जो
कोए प्रभु का नाम लेवै सै, उसनै बुराई करणा छोड़ देणा चाहिए।” 20 एक

बड़े घर म्ह ना सिर्फ सोन्ने-चाँदी ए के, पर काठ अर माट्टी के बासण भी होवै
सै, कुछ खास मौक्कै, अर कुछ रोज कै खात्तर इस्तमाल करे जावै सै। 21
इस्से तरियां जै कोए बिश्वासी अपणे-आपनै नै इन बुरी चिज्जां तै दूर कर
लेवैगा, तो वो माल्लिक के उस उपयोगी बासण की तरियां होवैगा, जो खास
मौक्का पै इस्तमाल करया जावै सै, वो पवित्र बण जावैगा, अर वो माल्लिक
कै जरिये हरेक भले काम कै खात्तर इस्तमाल करया जावैगा। 22 जवान्नी
की अभिलाषाओं तै दूर भाज्जो, अर उनकी संगति म्ह रहों जो धार्मिकता,
बिश्वास, प्यार, अर शान्ति का सुभाव राक्खै सै, जो साफ मन तै परमेसवर नै
पुकारै सै। 23 पर बेकूफी अर अज्ञानता के बहस तै दूर रह, क्यूँके तन्नै बेरा
सै के इनतै झगड़े पैदा होवै सै। 24 प्रभु कै दास नै झगड़ालू न्ही होणा चाहिये,
पर वो सब कै गेल्या नरम अर शिक्षा म्ह निपुण अर सहनशील हो। 25
वो बिरोधियाँ नै नम्रता तै समझावै, के बेरा परमेसवर उननै इसा मन देवै
के वे पाप करणा छोड़ दे ताके वे भी सच नै पिच्छाणै। 26 अर ये लोग
आच्छी तरियां फेर तै सोच्चण अर शैतान के धोक्खे तै बचण के लायक हो
जावैंगे, अर यो धोक्खा एक फंदे के तरियां सै। शैतान नै उन ताहीं इस खात्तर
पकड्या सै, ताके जो वो चाहवै सै वो उनतै करवा सकै।

**3** मै इब के कहूँ सूं, उन बात्तां पै ध्यान दे अन्त के दिनां म्ह कष्ट का बखत
भी आवैगा। 2 क्यूँके माणस स्वार्थी, लोभ्भी, डिंगमार, अभिमानी, बुराई
करण आळे, माँ-बाप का हुकम टाळण आळे, अहसान-फरमोस, अपवित्र, 3
निर्दयी, माफ ना करण आळे, दोष लाण आळे, असंयमी, कठोर, भले के
बैरी, 4 बिश्वासघाती, ढ़ीठ, घमण्डी, अर परमेसवर के न्ही बल्के सुखविलास
ए के चाहणआळे होंगे। 5 वे भगति का भेष तो धरैगें, पर वे उस शक्ति नै
अपणावै कोनी, जो उननै ईश्वरीय बणा सकै सै, इसा तै परै रहियो। 6 इन्हे
म्ह तै वे माणस सै जो घरां म्ह दबे पाँ बड़ जावै सै, अर उन लुगाईयाँ ताहीं
बस म्ह कर लेवैं सै, जो पापां तै दबी अर हरेक ढाळ की अभिलाषायां कै बस
म्ह हो सै। 7 अर वे हमेशा नई बात सिखदी तो रहवैं सै, पर सच की पिच्छाण
तक कदे न्ही पोहोचदी। 8 जिस तरियां यत्रेस अर यम्ब्रेस नै मूसा नबी का
बिरोध करया था, उस्से तरियां ए ये भी सच का बिरोध करै सै, ये इसे माणस
सै, जिनकी बुद्धि भ्रष्ट होगी सै अर वे बिश्वास कै बारै म्ह निकम्मे सै। 9 उनकी

कामयाबी थोड़े बखत की थी, क्यूँके जिस तरियां माणसां नै मान लिया के
यत्रेस अर यम्ब्रेस बेकूफ थे, अर हर कोए यो स्वीकार कर लेगा के वे बेकूफ
सै। 10 पर तन्नै उपदेश, चाल-चलण, मनसा, बिश्वास, सहनशीलता, प्यार,
धीरज, अर सताए जाण, अर दुख ठाण म्ह मेरा साथ दिया, अर इसे दुखां म्ह
भी जो अन्ताकिया नगर अर इकुनियुम अर लुस्त्रा नगरां म्ह मेरै पै आण पड़े
थे, अर दुसरे दुखां म्ह भी जो मन्नै ठाए सै, पर प्रभु नै मेरै ताहीं उन सारया तै
छुटा लिया। 12 पर जितने मसीह यीशु म्ह भगति कै गेल्या जीवन बिताणा
चाहवैं सै वे सारे सताए जावैंगे। 13 पर दुष्ट अर भकाण आळे बिगड़दे चले
जावैंगे, वे दुसरयां नै धोक्खा देवैगें, अर खुद दुसरयां तै धोक्खा खावैंगे। 14
थमनै बिश्वास करते रहणा चाहिए जो हमनै थारे ताहीं सिखाया सै, क्यूँके थम
हमनै जाणो सों, अर म्हारे पै भरोस्सा कर सको सों जिननै थारे ताहीं ये बातें
सिखाई सै। 15 जिब थम छोट्टे बाळक थे, जिब तै ए थमनै अपणे पवित्र
ग्रन्थां म्ह सिख्या सै, जो थारे ताहीं या समझण म्ह मदद करै के जिब थम
मसीह यीशु म्ह बिश्वास करो सों तो परमेसवर थमनै बचावै सै। 16 साब्ता
पवित्र ग्रन्थ परमेसवर की प्रेरणा तै रच्या गया, अर म्हारे ताहीं सिखाण
खात्तर उपयोगी सै, के सच के सै, अर म्हारे ताहीं यो महसूस करण खात्तर के
म्हारी जिन्दगी म्ह के गलत सै। यो म्हारी गलतियाँ नै सुधारै, जिब हम गलत
होवां सां, अर वोए करणा सिखावै सै जो सही सै। 17 ताके परमेसवर का
जन हरेक भले काम करण खात्तर त्यार अर सिध्द बण जावै।

**4** जिब मसीह यीशु राजा के रूप म्ह शासन करण खात्तर आवैगा, तो वो उन
जिन्दे अर मरे होए माणसां का न्याय करैगा जो मर चुके सै, तो गवाह के रूप
म्ह परमेसवर अर मसीह कै साथ, मै ईमानदारी कै साथ थारे तै आग्रह करुँ
सूं। 2 के तू परमेसवर के वचन का प्रचार कर, परमेसवर के वचन ताहीं
सुणाण खात्तर सदा तैयार रह, चाहे लोग इस ताहीं सुणणा चाहवै या ना
चाहवै, ताके थम माणसां नै दिखा सको, के जो उननै करया सै, वो गलत
करया सै, अर उनके पापां खात्तर उन ताहीं डाट सको, पर थम माणसां नै
उत्साहित भी करो जिब थम उननै बड़े धीरज तै सिखाओ सों। 3 क्यूँके इसा
बखत आवैगा जिब माणस खरयां उपदेश न्ही सह सकैगें, पर अपणी ए इच्छा
पूरी करैगें अर वे अपणे खात्तर कई उपदेशक कठ्ठे करैगें जो उपदेश वे सुणणा

चाहवै सै उन ताहीं वे बतावैगें। 4 अर वे सच्चाई नै अणदेखा कर देवैगें,
अर झूठ्ठी कथा-कहाँनियाँ पै मन लगावैंगे। 5 थमनै हरेक बखत अपणे-
आप पै काब्बू राखणा चाहिए, दुख ठा, सुसमाचार प्रचार का काम कर, अर
परमेसवर के जरिये दी गई सेवा नै पूरी कर। 6 जै वे मन्नै मार भी देवैगें, तो
मेरी जिन्दगी परमेसवर ताहीं चढ़ाई गई एक भेट की तरियां होगी। इस दुनिया
ताहीं छोड़ण का इब मेरा बखत आ लिया सै। 7 मन्नै मसीह की सेवा करण
खात्तर कड़ी मेहनत करी सै, मन्नै अपणी दौड़ पूरी कर ली सै, मन्नै आखरी
तक उसपै बिश्वास करया। 8 आण आळे बखत म्ह प्रभु मेरै ताहीं मुकुट
देवैगा, जो के धार्मिकता का मुकुट सै, वो जो सच्चा न्याय करै सै, अर मन्नै
वो ईनाम देवैगा जिब बोहड़ के आवैगा बल्के मेरे ताहीं ए न्ही उन सब ताहीं
भी देवैगा, जो उसके दुबारा आण की बाट बड़ी आस तै देखण लागरे सै। 9
मेरै धोरै तावळा आण की कोशिश कर। 10 क्यूँके देमास नै इस दुनिया की
चिज्जां तै प्यार करया सै, अर मेरै ताहीं छोड़ दिया सै, अर वो थिस्सलुनीके
नगर म्ह चल्या गया सै। क्रेसकेंस, गलातिया नगर की ओड़ चल्या गया अर
तीतुस दलमतिया परदेस कान्ही चल्या गया सै। (aiōn g165) 11 सिर्फ लूका
मेरै गैल सै। मरकुस नै लेकै चल्या आ, क्यूँके वो मेरे काम करण म्ह मेरी
मदद करैगा। 12 तुखिकुस ताहीं मन्नै इफिसुस नगर म्ह भेज्या सै। 13 जो
चोल्ला, मै, त्रोआस नगर म्ह करपुस के घर छोड़ आया सूं, जिब तू आवै तो
उस ताहीं अर उस किताब ताहीं भी लेंदे आईये, खास करकै चर्मपत्रों नै। 14
सिकन्दर ठठेरे नै मेरा बड़ा नुकसान करया सै, प्रभु उस ताहीं उसकै काम्मां
कै मुताबिक बदला देवैगा। 15 तू भी उसतै चौकन्ना रह, क्यूँके उसनै म्हारी
शिक्षायां का घणाए बिरोध करया सै। 16 पैहली बार मै खुद नै बचाण खात्तर
अदालत गया, कोए भी मेरे गैल न्ही था, पर सब नै मेरे ताहीं छोड़ दिया,
परमेसवर इस बात का दण्ड उननै ना देवै, मै प्रार्थना करुँ सूं, मेरे ताहीं छोड़ण
के कारण उन ताहीं परमेसवर माफ करदे। 17 पर मेरे गैल मेरा प्रभु मददगार
रहया, मेरे जरिये सन्देस की घोषणा पूरी तरियां सम्पन्न हो जावै अर उरै
जितने भी गैर यहूदी लोग मौजूद सै, ये बात सुण ले, के उसनै मेरे ताहीं मौत
के मुँह म्ह तै छुड़ाया। 18 अर प्रभु मन्नै हरेक भुन्डे काम तै छुड़ावैगा, अर वो
अपणे सुर्गीय राज्य म्ह सही-सलामत ले जावैगा। उस्से की महिमा युगानुयुग

होन्दी रहवै। आमीन। **(aiōn g165)** **19** प्रिसकिल्ला अर उसका धणी अक्विला
अर उनेसिफुरुस कै कुण्बे नै मेरी ओड़ तै नमस्कार। **20** इरास्तुस कुरिन्थुस
नगर म्ह रह गया, अर त्रुफिमुस ताहीं मन्नै मीलेतुस नगर म्ह बीमार छोड्या
सै। **21** जाड्डे तै पैहल्या चले आण की कोशिश कर। यूबूलुस, अर पूदेंस, अर
लीनुस अर क्लौदीया, अर सारे बिश्वासी भाईयाँ की ओड़ तै तन्नै नमस्कार।
**22** मै प्रार्थना करुँ सूं, के प्रभु तेरी आत्मा कै गैल रहवै। थारे पै अनुग्रह होंदा
रहवै।

# तीतुस

**1** या चिट्ठी मुझ पौलुस की ओड़ तै सै, जो परमेसवर का दास अर यीशु
मसीह का प्रेरित सै, मै इस करकै भेज्जा गया सूं ताके उन माणसां कै
बिश्वास नै स्थापित कर सकूँ जिन ताहीं परमेसवर नै चुण्या सै, अर उन ताहीं
सीखा सकूँ के वो उस सच्चाई नै जाण सकै, जो उन ताहीं दिखा सकै के
पवित्र जिन्दगी किस तरियां जीणी सै। 2 वे हमेशा के खात्तर परमेसवर के
साथ रहण की आस करै सै, क्यूँके परमेसवर, जो कदे झूठ न्ही बोल्दा, उसनै
दुनिया बणाण तै पैहले वादा करया था के उसके लोग हमेशा खात्तर जिन्दा
रहवैंगे। (aiōnios g166) 3 अर ठीक बखत पै परमेसवर नै यो सुसमाचार म्हारे
पै जाहिर करया, अर हमनै यो सुसमाचार सारया ताहीं सुणाया। परमेसवर
जो म्हारा उद्धारकर्ता सै, उसनै मेरे ताहीं या जिम्मेदारी दी सै, अर अपणा
काम करण खात्तर मेरे ताहीं उसनै हुकम दिया सै। 4 मै या चिट्ठी तीतुस नै
लिखूँ सूं, मसीह पै बिश्वास करण के नाते तू मेरे आत्मिक बेट्टे की तरियां सै,
मै प्रार्थना करुँ सूं, के पिता परमेसवर, अर म्हारै उद्धारकर्ता प्रभु मसीह यीशु
की ओड़ तै तन्नै अनुग्रह, दया अर शान्ति मिलदी रहवै। 5 मै इस करकै तन्नै
क्रेते टापू म्ह छोड़ आया था, ताके तू ओड़ै उस काम नै खतम कर सकै जो
अधूरा रहग्या था, अर मेरै हुकम कै मुताबिक उस टापू के हरेक नगर म्ह
कलीसिया के अगुवां नै तैयार कर सकै, जिसा मन्नै कह्या सै। 6 अगुवां
बेकसूर अर एके पत्नी का पति हो, जिनके बाळक बिश्वासी हो, अर उन
म्ह लुचपण अर निरंकुशता का दोष ना हो। 7 क्यूँके अगुवां, नै परमेसवर
का भण्डारी होण के कारण बेकसूर होणा चाहिए, ना जिद्दी, ना गुसेल, ना
पियक्कड़, ना मारपीट करण आळा, ना नीच कमाई का लोभी हो, 8 पर
मेहमान का आदर करण आळा, भलाई का चाह्‌ आळा, अपणे-आप्पे म्ह
रहण आळा, न्यायकारी, पवित्र अर अपणे मन नै काब्बू राक्खण आळा हो।
9 वो यीशु मसीह के सन्देस के बारें म्ह मजबुत्ती तै बिश्वास करदा हो, जो
हमनै थारे ताहीं सिखाया सै, अर वो दुसरयां ताहीं उत्साहित कर सकै, ताके
वे सही शिक्षा का पालन कर सकै, अर उन ताहीं भी समझा सकै जो सही
शिक्षा का बिरोध करै सै। 10 क्यूँके भोत-से माणस सही शिक्षा के बिरुध्द
खड़े होवैंगे, जो बेकार की बात सिखावै सै अर जो दुसरयां ताहीं धोक्खा देवै

सै, उन म्ह तै कुछ लोग यहूदी सै जो बिश्वासी बणगे सै। 11 इन माणसां ताहीं
सिखाण का मौक्का न्ही देणा चाहिए, क्यूँके वे इसी शिक्षा देवै सै जो उन
ताहीं देणी न्ही चाहिए, अर ये पूरे घराने का बिश्वास खतम कर देवै सै, अर वे
यो इस खात्तर करै सै ताके उन ताहीं पईसे मिल सकै। 12 उन म्ह तै एक
जण्यै नै, जो उनका नबी सै, कह्या सै, "क्रेते नगर का माणस जिस ताहीं वे
नबी मान्नै सै उसनै क्रेती के माणस के बारें म्ह कह्या, के ये सदा झूठ बोल्लै
सै, ये जंगली-जानवरां की तरियां बरताव करै सै, ये आलसी होवै सै अर ये
भोत पेट्टू सै।" 13 या बात क्रेती माणसां के बारें म्ह सच सै, इस करकै उननै
सखताई तै चेतावनी दिया कर, के वे यीशु मसीह की सच्ची शिक्षा पै बिश्वास
करै। 14 अर यहूदिया की कथा कहानियाँ अर माणसां के हुकम पै मन ना
लगावै, जो सच तै भटक जावै सै। 15 वे माणस जिनकै मन म्ह कोए पाप
कोनी, उनकै खात्तर सारी चीज शुद्ध सै, पर उन माणसां खात्तर जो बुरे सै,
अर जो मसीह यीशु पै बिश्वास कोनी करते, उन खात्तर कोए भी चीज शुद्ध
कोनी, वे हर बखत बुरे काम करै सै, क्यूँके उनका मन पूरी तरियां अशुद्ध हो
लिया सै। 16 ये झूठ्ठे शिक्षक कहवै सै, के हम परमेसवर नै जाणा सां, पर
उनके काम दिक्खै सै, के वो परमेसवर ताहीं न्ही जाणते क्यूँके वे घृणित अर
हुकम ना मानण आळे सै, अर किसे आच्छे काम कै लायक कोन्या।

**2** पर तीतुस तेरे खात्तर योए सही सै के तू बिश्वासियाँ ताहीं वोए सीखा जो
सच्ची शिक्षा कै मुताबिक हो। 2 यानी के बूढ़े माणस शान्त गम्भीर अर
संयमी हो, अर उनका बिश्वास, प्यार अर धीरज पक्का हो। 3 इस ढाळ बूढ़ी
बिरबानियाँ का बरताव इसा हो के परमेसवर नै महिमा मिलै, वे लाच्छण
लगाण आळी अर पियक्कड़ न्ही हो, पर आच्छी बात सिखाण आळी हो। 4
जवान बिरबानियाँ नै तीतुस तै न्ही बल्के बूढ़ी बिरबानियाँ तै निर्देश पाणा
चाहिए, ताके वो उन ताहीं सीखा सकै किस तरियां अपणे धणी अर बाळकां
तै प्यार करै। 5 अर वे मन पै काब्बू राक्खण आळी, पतिव्रता, घर का
कामकाज सम्भाळण आळी, भली अर अपणे-अपणे धणी कै प्रति बिश्वास
लायक हो, ताके कोए परमेसवर के वचन की बुराई ना कर सकै। 6 इसे
तरियां जवान माणसां नै भी समझाया कर, के वे खराई तै चाल्लण आळे हो।
7 हरेक काम म्ह तू अपणे आच्छे बरताव तै दुसरयां खात्तर एक मिसाल बण

जा, जिब तू बिश्वासियाँ ताहीं परमेसवर के बारें म्ह सिखावै सै, तो उन ताहीं
आच्छे मकसद तै सीखा, अर इसा सीखा ताके लोग तेरा आदर कर सकै। 8
तेरी शिक्षाओं म्ह हमेशा सच्चाई हो, जिसकी आलोचना ना हो सकै, जिसतै
बिरोधी नै म्हारै म्ह कोए दोष लगाण का मौक्का ना मिलै अर वो खुद पै
शर्मिन्दा हो जावै। 9 नौकरां नै समझा के अपणे-अपणे माल्लिक कै कह्यै म्ह
रहवै, अर सारी बात्तां म्ह उसनै राज्जी राक्खै, अर उल्ट कै जवाब ना दे। 10
चोरी चलाकी ना करो, अर हमेशा यो दिक्खै के वो बिश्वास लायक सै, अर
थारे आच्छे सुभाव नै देखकै, वे भी म्हारे उद्धारकर्ता परमेसवर की शिक्षा ताहीं
सुणणा चाहवैगें। 11 परमेसवर नै अपणा अनुग्रह इस बात म्ह जाहिर करया
के उसनै मसीह यीशु ताहीं म्हारा उद्धारकर्ता बणाकै भेज दिया, ताके हरेक
माणस बचाए जा सकै। 12 अपणी दया के कारण परमेसवर म्हारे ताहीं
सिखावै सै, के हम उन तरिक्कां तै बरताव करणा बन्द कर द्या, जो उस ताहीं
खुश न्ही कर सकदे, अर इसी लालसा ना राक्खा जिसी अबिश्वासी लोग
राक्खै सै, पर बुध्दिमानी अर धार्मिकता तै बरताव करां, अर इसा बरताव
करा जो परमेसवर नै पसन्द हो, जिब तक हम दुनिया म्ह रहवां। **(aiōn g165)**
13 हम इस तरिक्कें तै बरताव करा, जिसा के हम उस अदभुत दिन की बाट
देखदे हो, जिसकी हम आस राक्खां सां, यो वो दिन सै जिब यीशु मसीह जो
म्हारा परमेसवर अर उद्धारकर्ता सै बड़ी महिमा म्ह इस दुनिया म्ह बोहड़ के
आवैगा। 14 इस मसीह यीशु नै अपणे-आप ताहीं म्हारे पापां खात्तर बलिदान
कर दिया, ताके हम सारे पापां तै आजाद हो जावां, अर म्हारे ताहीं शुद्ध
करया ताके हम उसके अपणे खास माणस बण जावां, जो भले काम करण
की बड़ी इच्छा राक्खै सै। 15 पूरे अधिकार कै गैल इन सारी बात्तां की शिक्षा
देते होए लोग्गां नै समझा अर उत्साहित करदा रह, अर कोए तन्नै तुच्छ न्ही
जाणण पावै।

**3** बिश्वासियाँ नै याद दुआ के हाकिमां अर अधिकारियां का आदर कर, अर
उनका हुकम मान्नै, अर दुसरयां का भला करदे रहो। 2 किसे नै बदनाम ना
करै, अर ना झगड़ालू बणै, पर दुसरे माणसां कै खात्तर दया दिखाण आळे
बणो, अर सारे माणसां कै गैल बड़ी नरमाई के गैल रहवै। 3 क्यूँके हम भी
पैहल्या बेअक्ल, परमेसवर का हुकम ना मानण आळे, भ्रम म्ह पड़े होए अर

न्यारी-न्यारी ढाळ की बुरी अभिलाषा अर सुखभोगण की गुलामी म्ह, अर
बैरभाव अर माणसां के प्रति जळण करण म्ह जीवन बिताण लागरे थे, हम
घृणा के लायक माणस थे, अर हर कोए म्हारे तै घृणा करै था, अर हम भी
उनतै घृणा करा थे। **4** पर फेरभी परमेसवर जो म्हारा उद्धारकर्ता सै उसनै
अपणी दया अर प्यार हम माणसां पै दिखाया। **5** उसनै म्हारे ताहीं पापां के
दण्ड तै बचाया, अर यो धार्मिक काम्मां के जरिये न्ही होया जो हमनै खुद
करे, पर उसनै म्हारे पै दया करी। उसनै म्हारे ताहीं पवित्र आत्मा देण कै
जरिये बचाया, जो म्हारे पापां नै माफ करै सै, अर हमनै नई जिन्दगी अर नया
सुभाव देवै सै। **6** परमेसवर नै मुफ्त म्ह पवित्र आत्मा दिया ताके वो म्हारे म्ह
सामर्थी रूप तै काम करै क्यूँके मसीह यीशु म्हारे पापां खात्तर मरया अर
म्हारा उद्धारकर्ता बण गया। **7** ताके हम अनन्त जीवन की आस राक्ख सका,
जिसका परमेसवर नै अपणे माणसां ताहीं देण का वादा करया सै, अर हमनै
उसपै पूरा भरोस्सा सै, क्यूँके वो अपणी करुणा के मुताबिक म्हारे ताहीं धर्मी
बणावै सै। **(aiōnios g166)** **8** या बात सच सै, अर मै चाहूँ सूं, के तू इन
बात्तां के बारें म्ह मजबूती तै बोल्लै इस करकै के जिननै परमेसवर पै बिश्वास
करया सै, वे भले काम करण खात्तर हमेशा ध्यान लगावैंगे। ये बात भली अर
माणसां के फायदे की सै। **9** पर बेवकूफी के विवादों, पीढियाँ, बिरोध अर
झगड़ा तै जो मूसा नबी के नियम-कायदा के बारें म्ह हो, इनतै बचा रह, क्यूँके
वे फायदेमन्द कोनी बल्के बेकार सै। **10** तू उन माणसां नै एक दो बार समझा
जो कलीसिया म्ह फूट गेरै सै, अर उन ताहीं इसा करण तै मना कर, उसकै
बाद उनपै और बखत बरबाद ना करै। **11** तन्नै पक्का बेरा सै, के इस ढाळ
का माणस भटक ग्या सै, अर अपणे काम्मां के जरिये दोषी ठहराया जावैगा।
**12** जिब मै तेरे धोरै अरतिमास या तुखिकुस नै भेज्जूँ तो मेरै धोरै निकुपुलिस
नगर आण की कोशिश करिये, क्यूँके मन्नै ओड़ैए जाड्डा लिकाड़ण का मन
बणाया सै। **13** जेनास वकील अर अपुल्लोस जै सफर खात्तर आग्गै जावै,
तो जो मदद थम उनकी कर सको तो वा जरुर करियो। **14** इतणाए न्ही
बल्के तू बिश्वासियाँ नै यो सीखा, के वो अपणा ध्यान कड़ी मेहनत करण म्ह
लगावै, ताके उन माणसां खात्तर जिनकै धोरै सै कोनी उनकी जरूरत पूरी हो
सकैं, अर वे एक आच्छे मकसद के साथ जिन्दगी जी सकै। **15** मेरै सारे

साथियाँ की ओड़ तै तेरे ताहीं नमस्कार। जो बिश्वास कै कारण म्हारै तै प्यार करै सै, उननै भी नमस्कार। थारे सारया पै परमेसवर का अनुग्रह होंदा रहवै।

# फिलेमोन

**1** या चिट्ठी मुझ पौलुस, की ओड़ तै सै, जो मसीह यीशु का कैदी सै। हे
फिलेमोन, मेरी अर बिश्वासी भाई तीमुथियुस की ओड़ तै तन्नै नमस्कार।
तू म्हारा प्यारा मित्तर अर मसीह के काम करण म्ह म्हारा साझीदार सै।
**2** मै भाण अफफिया, अर अरखिप्पुस ताहीं जो परमेसवर की सेवा एक
सिपाही की तरियां करण लागरया सै, अर उस कलीसिया नै भी लिखूँ सूं,
जो फिलेमोन के घर म्ह कठ्ठी हो सै। **3** मै प्रार्थना करुँ सूं, के म्हारे पिता
परमेसवर अर प्रभु यीशु मसीह की ओड़ तै थमनै अनुग्रह अर शान्ति मिलती
रहवै। **4** मै जिब भी थारे खात्तर प्रार्थना करुँ सूं, तो मै सारी हाण थारे खात्तर
परमेसवर का धन्यवाद करुँ सूं। **5** मै प्रभु यीशु मसीह पै थारे बिश्वास अर
परमेसवर के पवित्र माणसां के प्रति प्यार के बारें म्ह सुणदा रहूँ सूं। **6** मै
प्रार्थना करुँ सूं, के जो बिश्वासियाँ गैल थारी साझेदारी सै, उन भली चिज्जां
के जाणण के जरिये जो परमेसवर नै म्हारे ताहीं दी सै, वा और घणी बढ़ती
जावै। अर या म्हारे मसीह की महिमा खात्तर हो। **7** क्यूँके हे बिश्वासी भाईयो,
मै भोत खुश सूं, अर मेरे प्रति थारे प्यार तै मै घणा उत्साहित सूं, अर इस
कारण पवित्र माणसां नै घणी खुशी मिली सै। **8** जो हक मेरे ताहीं मसीह नै
दिया सै, उसकी बजह तै मै थमनै हुकम दे सकूँ सूं, के थमनै के करण की
जरूरत सै, पर मै इसा कोनी करुँ, मै पौलुस, बुजुर्ग माणस होण के नाते अर
मसीह यीशु का कैदी होण के कारण थारे तै प्यार तै बिनती करुँ सूं। **10** मेरी
बिनती या सै के उनेसिमुस जो मेरै बाळक की तरियां सै, वो मसीह म्ह मेरा
आत्मिक बेट्टा जिब बण्या जिब मै कैद म्ह था, थम उसपै दया करियो। **11** वो
तो पैहला तेरे किमे काम का ना था, पर इब तेरे अर मेरै दोनुआ कै खात्तर बड़े
काम का सै। **12** उस्से नै यानी जो मेरै दिल का टुकड़ा सै, मै तेरे धोरै भेज्जू
सूं। **13** उसनै मै अपणे ए धोरै राखणा चाहूँ था, ताके वो तेरी जगहां मेरी मदद
कर सकै, जिब के मै मसीह का सुसमाचार सुणाण कै खात्तर कैद म्ह सूं। **14**
पर मन्नै तेरी इच्छा बगैर कुछ भी न्ही करणा चाह्या। मै चाहूँ था के तू मेरी
मदद मजबूरी म्ह न्ही पर खुद की इच्छा तै खुशी तै करै। **15** हो सकै सै के
परमेसवर नै उनेसिमुस ताहीं, तेरे तै इस करकै थोड़े बखत खात्तर दूर जाण
का मौक्का दिया, ताके वो मसीह पै बिश्वास कर सकै, अर उसकी बजह तै तू

सदा खात्तर उसनै पा लेवै। (aiōnios g166) 16 पर इब वो तेरा दास ए कोनी
बल्के दास तै भी बढ़कै, यानी बिश्वासी भाई सै। मै उसतै भोत प्यार करुँ सूं,
पर इब तू मेरे तै भी ज्यादा उसतै प्यार कर, दास की तरियां न्ही, पर बिश्वासी
भाई की तरियां। 17 इस करकै जै तू मन्नै अपणा साझीदार समझै सै, तो
उनेसिमुस जिब थारे धोरै बोहड़ के आवैगा, तो उसनै प्यार तै अपणा लियो,
जिस तरियां थम मन्नै अपणाओ सों। 18 जै उसनै तेरा कुछ भी नुकसान
करया सै, या उसपै तेरा कुछ कर्ज सै, तो आकै दे दियुँगा। 19 मै पौलुस
अपणे हाथ तै लिखूँ सूं, के उसका कर्जा मै आप दे दियुँगा, तू खुद जाणै सै,
जै मै तेरी मदद न्ही करदा, तो तन्नै नई जिन्दगी न्ही मिलती, इस करकै तू
जिन्दगी भर मेरा कर्जदार सै। 20 हे मेरे प्यारे भाई, मेरे खात्तर योए कर
क्यूँके हम बिश्वासी भाई सां, अर तेरे इसा करण तै मै मसीह म्ह उत्साहित हो
जाऊँगा। 21 मै तेरे पै भरोस्सा करकै तेरे तै लिखूँ सूं, अर या जाणु सूं के जो
कुछ मै कहूँ सूं, तू उसतै घणा बढ़कै करैगा। 22 अर या भी कै मेरै खात्तर
रुकण की जगहां तैयार राक्खै। मन्नै उम्मीद सै, के परमेसवर थारी प्रार्थनायां
का जवाब देवैगा, अर मै थारे धोरै आकै थमनै देख पाऊँगा। 23 इपफ्रास, जो
मेरै गैल जेळ म्ह कैद सै, क्यूँके वो यीशु मसीह की सेवा करै सै थारे ताहीं
नमस्कार कहवै सै। 24 अर मरकुस, अरिस्तर्खुस, देमास अर लूका जो मेरे
गैल परमेसवर का काम करणीये सै, इनका भी तेरे ताहीं नमस्कार। 25 मै
प्रार्थना करुँ सूं, के म्हारे प्रभु यीशु मसीह का अनुग्रह थारे साथ होंदा रहवै।
आमीन।

# इब्रानियों

1 पैहल्ड़े युग म्ह परमेसवर नै म्हारे पूर्वजां तै भोत बार अर अलग-अलग
ढाळ तै नबियाँ के जरिये बात करी। 2 पर इन आखरी के दिनां म्ह म्हारै तै,
अपणे बेट्टे के जरिये बात करी। परमेसवर नै सारी सृष्टि की रचना अपणे बेट्टे
के जरिये करी अर उसनै उस ताहीं सारी चिज्जां का वारिस बणाया। (aiōn
g165) 3 बेट्टा ए परमेसवर की महिमा का चाँदणा सै अर उस म्ह हम देक्खां
सां, के वो किसा सै, अर सारी चिज्जां नै अपणे शक्तिशाली हुकम तै सम्भाळै
सै। वो माणसां के पापां की माफी का कारण बण्या, अर ऊँच्ची जगहां पै
महिमामय कै सोळी ओड़ जा बेठ्या, 4 इसा करण तै सुर्गदूत्तां तै उतनाए
बढ़िया ठैहराया, जितना उसनै बड़े ओद्दे का उसका पद सुर्गदूत्तां तै ऊँच्चा
ठैहराया। 5 क्यूँके परमेसवर नै कदे किसे सुर्गदूत तै न्ही कह्या, के "तू मेरा
बेट्टा सै, आज मै घोषणा करुँ सूं के, तू मेरा बेट्टा सै" अर सुर्गदूत्तां म्ह तै उसनै
कद किसे तै कह्या, के "मै उसका पिता होऊँगा, अर वो मेरा बेट्टा होवैगा?"
6 अर जिब परमेसवर नै अपणे जेठ्ठे बेट्टे ताहीं इस दुनिया म्ह भेज्या, तो कहवै
सै, "परमेसवर के सारे सुर्गदूत उस ताहीं मोध्धे मुँह पड़कै प्रणाम करै।" 7
अर सुर्गदूत्तां कै बारै म्ह न्यू कहवै सै, "वो अपणे सुर्गदूत्तां ताहीं हवा, अर
अपणे सेवकां नै भड़कदी होई आग बणावै सै।" 8 पर बेट्टे कै बारै म्ह कहवै
सै, "हे परमेसवर, उसका राज युगायुग रहवैगा, तेरे राज्य का राजदण्ड न्याय
का राजदण्ड सै। (aiōn g165) 9 तन्नै धर्म तै प्यार अर अधर्म तै बैर राख्या,
इस कारण परमेसवर, तेरे परमेसवर नै, तेरे साथियाँ तै बढ़कै हर्षरूपी तेल तै
तेरा अभिषेक करया।" 10 अर यो के, "हे प्रभु, शरुआत म्ह तन्नै धरती अर
जो कुछ अकास म्ह सै उन ताहीं बणाया, अर सुर्ग तेरे हाथ्थां की कारीगरी
सै। 11 वे तो नाश हो जावैंगे, पर तू सदा खात्तर जिन्दा रहवैगा, अर वे सारे
लत्ते की ढाळ पुराणे हो जावैंगे, 12 अर तू उन ताहीं चाद्दर की तरियां लपेटैगा,
अर वे लत्ते की ढाळ बदल जावैंगे पर तू कदे न्ही बदलैगा, अर तू सदा खात्तर
जिन्दा रहवैगा।" 13 अर सुर्गदूत्तां म्ह तै उसनै किसतै कद कह्या, "तू मेरै
सोळी ओड़ बैठ, यानी के तू हक की जगहां पै बैठ। जिब ताहीं के मै तेरे
बैरियाँ नै पूरी तरियां तै हरा ना द्यूँ?" 14 के वे सारे परमेसवर की सेवा-पाणी

करण आळी आत्मा कोनी, जो उद्धार पाण आळा कै खात्तर मदद करण नै
भेजी जावै सै?

**2** इस करकै म्हारे ताहीं जो कुछ सिखाया गया था उसका पालन करण
खात्तर हमनै और सावधान रहणा चाहिए। तब हम सच्चाई तै दूर न्ही जावांगे।
2 क्यूँके जो वचन सुर्गदूत्तां कै जरिये कह्या गया था। जिब वो सच साबित
होया अर हरेक अपराध अर हुकम ना मानण का परमेसवर नै उन ताहीं दण्ड
दिया। 3 तो हम माणस इसे महान् उद्धार नै अणदेखा करकै किस तरियां बच
सकां सां? इस महान् उद्धार की पैहली बार प्रभु यीशु नै घोषणा करी थी, अर
जिन चेल्यां नै उस ताहीं सुण्या, तो चेल्यां नै म्हारे ताहीं साबित करकै दिखा
दिया के यो सच सै। 4 अर गेल्या ए परमेसवर भी अपणी मर्जी कै मुताबिक
चमत्कार, अर अनोक्खे काम्मां, अर कई ढाळ के सामर्थ के काम्मां, अर
पवित्र आत्मा के वरदान्नां के बांडण के जरिये इन बात्तां नै सच साबित करदा
रहया। 5 उसनै उस आण आळी दुनिया ताहीं जिसका जिक्र हम करण
लागरे सां, सुर्गदूत्तां कै अधीन न्ही करया, पर अपणे बेट्टे के अधीन कर
दिया। 6 पवित्र ग्रन्थ म्ह किते, किसे नै परमेसवर तै यो कह्या सै, के "माणस
के सै के तू उसकी सुधि लेवै सै? या माणस का बेट्टा के सै, के तू उसकी
फिक्र करै सै? 7 तन्नै उस ताहीं सुर्गदूत्तां तै थोड़ा ए कम महत्वपूर्ण बणाया,
तन्नै उस ताहीं राजा की तरियां महिमा अर सम्मान दिया, अर सब किमे
उसके अधीन कर दी। 8 तन्नै उस ताहीं सारी चिज्जां पै हक दिया।" इसा
लाग्गै सै के परमेसवर नै सारा कुछ उसकै अधीन कर दिया सै, उरै ताहीं के
कुछ भी न्ही बचा जो उसके अधीन ना हो, पर हम देख सका सां, के सारी
चिज्जें उसके अधीन म्ह न्ही। 9 पर हम यो देक्खां सां, के यीशु ताहीं कुछ
बखत खात्तर सुर्गदूत्तां तै कम करया गया था, ताके परमेसवर के अनुग्रह तै
वो हरेक किसे खात्तर मर सकै, क्यूँके उसनै दुख ठाया अर मर ग्या, इस
करकै परमेसवर नै उस ताहीं महिमा अर सम्मान दिया। 10 परमेसवर नै जो
कुछ भी बणाया सै, वो सारा अपणे खात्तर सै, अर उस ताहीं योए आच्छा
लाग्या के जिब वो भोत सारे माणसां ताहीं अपणी महिमा म्ह साँझा करै, तो
यीशु मसीह जो उनका उद्धारकर्ता सै, उसके दुख ठाण कै जरिये उन ताहीं
सिध्द बणा लेवैगा। 11 क्यूँके जो माणसां नै उनके पाप तै साफ करै सै, अर

जिन माणसां के पाप साफ होण लागरे सै, दोन्नु एक ए पिता परमेसवर की
ऊलाद सै, इस्से कारण वो उननै भाई-भाण कहण तै कोनी सरमान्दा। 12
अर वो (मसीह) परमेसवर तै कहवै सै, "मै अपणे भाईयाँ ताहीं बताऊँगा के
तन्नै मेरे खात्तर कितने भले काम करे सै, अर जिब आराधना करण खात्तर
मण्डली म्ह कठ्ठे होंगे तो मै तेरी महिमा करुँगा।" 13 अर वो दुबारा कहवै सै,
के मै उन माणसां कै साथ सूं, "जो परमेसवर नै मेरे ताहीं दिए सै।" 14
ज्यांतै जिब के परमेसवर के बच्चे सै, जो के माँस अर लहू तै बणे सै, अर
उसका बेट्टा (यीशु मसीह) भी इन्सान बण्या, इस करकै वो एक इन्सान के
रूप म्ह ए मर सकै था, अर सिर्फ मरण तै ए वो शैतान की शक्ति नै तोड़ सकै
था, जिसकै धोरै मौत की शक्ति थी। 15 अर इस तरियां यीशु नै उन सारे
माणसां ताहीं मुक्त कर दिया जो हर बखत गुलाम्मां की तरियां जीवै थे, अर वे
मरण तै डरै थे। 16 क्यूँके मसीह यीशु तो सुर्गदूत्तां ताहीं न्ही बल्के अब्राहम
की पीढ़ी नै सम्भाळै सै। 17 इस कारण उस ताहीं चाहिये था, के वो हर बात्तां
म्ह बिश्वासी भाईयाँ की तरियां बणै, ताके वो परमेसवर का महायाजक बण
सकै, जो दयालु अर बिश्वास जोग्गा सै, अर वो माणसां के पापां की माफी
खात्तर खुद नै बलिदान कर सकै। 18 क्यूँके यीशु का इम्तिहान हो लिया अर
उसनै खुद दुख ठाया सै, इस करकै वो इम्तिहान म्ह पड़े होए माणसां की
मदद कर सकै सै।

**3** ज्यांतै हे बिश्वासी भाईयो, थम जो परमेसवर के कुह्वाओ सों, सुर्ग म्ह
साझ्झी होण खात्तर बुलाये गये सों, यीशु पै ध्यान द्यों, जो म्हारे खात्तर
परमेसवर की ओड़ तै भेज्जा गया प्रेरित अर महायाजक सै, जिसपै हम
बिश्वास करा सां। 2 यीशु परमेसवर कै प्रति वफादार था, जिस ताहीं उसनै
नियुक्त करया था, जिसा मूसा नबी नै भी वफादारी तै पूरा काम करया जो भी
परमेसवर नै उस ताहीं करण खात्तर कह्या था। 3 जिसा के घर बणाण आळे
माणस नै घर तै बढ़कै सम्मान मिलै सै। इस्से तरियां यीशु मूसा नबी तै घणा
सम्मान जोग्गा सै। क्यूँके हरेक घर का कोए ना कोए बणाण आळा होवै सै,
पर जिसनै सारा किमे बणाया वो परमेसवर सै। 5 मूसा नबी तो परमेसवर के
घर के माणसां खात्तर सेवक की तरियां बिश्वास जोग्गा रहया। के जो मूसा
नबी नै करया था, वो दिखावै सै के परमेसवर आण आळा बखत म्ह के करण

आळा सै। 6 पर परमेसवर के कुण्बे म्ह मसीह, तो एक बेट्टे के रूप म्ह
बिश्वास लायक सै, अर उस आस म्ह बिश्वास नै बणाए राक्खै सै, तो हमे
उसका कुण्बा सां। 7 जिसा परमेसवर अपणे पवित्र आत्मा के जरिये कहवै
सै, "जै आज थम परमेसवर की आवाज सुणो, 8 "तो अपणे मन ताहीं
कठोर ना करो, जिसा के छो दुवाण के बखत अर इम्तिहान के दिन जंगळ म्ह
थारे पूर्वजां नै करया था। 9 थारे पूर्वजां नै चाळीस साल तक मेरे महान् काम
देक्खण कै बाद भी चुनौती देन्दे होए मेरे ताहीं परख्या था। 10 इस कारण मै
उस बखत के माणसां तै गुस्सा रहया, अर कह्या, 'उननै मेरे पाच्छै चालणा
न्ही चाह्या, अर इसा करण तै इन्कार कर दिया जो मन्नै उन ताहीं करण का
आदेश दिया था।' 11 फेर मन्नै छो म्ह आकै कसम खाकै कह्या, के 'उस
आराम की जगहां म्ह थम बड़ण न्ही पाओगे, जित्त मै उननै आराम देऊँगा।'"
12 हे बिश्वासी भाईयो, चौक्कस रहो के थारे म्ह इसा बुरा अर अबिश्वासी
मन ना हो, जिसतै थम जिन्दे परमेसवर तै दूर हो जाओ। 13 जिब भी थम
पवित्र ग्रन्थ नै यो कहते सुणो, "आज का दिन" तो एक-दुसरे नै उत्साहित
करते रहो, इसा ना हो पाप थारे ताहीं धोक्खा देवै, अर थम परमेसवर कै
खिलाफ जिद्दी हो जाओ। 14 क्यूँके जै हम अन्त तक मजबुत्ती कै साथ
अपणे शरुआती बिश्वास नै थाम्मे राक्खां सां, तो हम मसीह के साझीदार
बण जावां सां। 15 जिसा पवित्र ग्रन्थ कहवै सै, "जै आज थम परमेसवर
का शब्द सुणो, तो अपणे मनां नै कठोर ना करो, जिसा के छो दुवाण के
बखत थारे पूर्वजां नै करया था।" 16 कौण थे वे माणस जिननै परमेसवर की
आवाज सुणकै भी उस ताहीं छो दुवाया? ये वे माणस थे जिन ताहीं मूसा
नबी मिस्र देश तै बाहर लेकै गया था। 17 चाळीस साल तक परमेसवर ताहीं
इन माणसां नै गुस्सा दुवाया, ये इस्राएल के माणस थे, जिननै मरुस्थल म्ह
पाप करया अर वे मरगे, अर उनकी लाश जंगळ म्ह पड़ी रहीं? 18 अर जिब
परमेसवर नै कसम खाई के "वे उस आराम की जगहां म्ह कदे न्ही बड़
पावैंगें, जित्त मै उननै आराम देऊँगा।" वो वास्तव म्ह उन माणसां के बारें म्ह
बात करै था जिननै उसका बिरोध करया था। 19 इस बात तै हमनै यो बेरा
लाग्या सै, के वे अपणे अबिश्वास कै कारण बड़ न्ही सके।

4 इस करकै परमेसवर नै म्हारे ताहीं वादा करया सै, के हम आराम की
जगहां पै जावैंगे, क्यूँके आराम की जगहां म्ह बड़ण का वादा इब भी सै, तो
हमनै भोत सावधान रहणा चाहिए, इसा ना हो के थारे म्ह तै कोए माणस
आराम की जगहां जाण म्ह नाकामयाब हो जा, जिस ताहीं देण का वादा
परमेसवर नै म्हारे ताहीं करया सै। 2 जिस तरियां हमनै यीशु मसीह के बारें
म्ह सुसमाचार सुण्या, अर उन इस्राएल के माणसां नै भी जिन नै आराम की
जगहां म्ह बड़ण के बारें म्ह सुसमाचार सुण्या पर उननै उस सुसमाचार पै
बिश्वास न्ही करया, इस कारण उनकै खात्तर संदेश बेकार ठैहराया। 3 पर
म्हारे ताहीं जो परमेसवर नै कह्या सै, हम उसपै भरोस्सा करां सां, अर हम
आराम की जगहां म्ह बडांगे। जिसा औरां खात्तर परमेसवर नै कह्या सै, "मन्नै
अपणे छो म्ह कसम खाई के वे मेरी आराम की जगहां म्ह बड़ण न्ही पावैंगें।"
फेर भी उसके काम दुनिया के बणाण तै पैहल्याए पूरे हो लिए थे। 4 क्यूँके
सातमै दिन कै बारै म्ह परमेसवर नै पवित्र ग्रन्थ म्ह न्यू कह्या सै, "परमेसवर
नै सातमै दिन अपणे सारे काम्मां ताहीं निपटा कै बिश्राम करया।" 5 हमनै
यो भी पढ़्या के उसनै बाद म्ह कह्या, के "वे मेरै आराम की जगहां म्ह बड़ण
न्ही पावैंगें।" 6 इस्राएल के वे माणस जिन ताहीं सुसमाचार सुणाया गया था,
वो आराम की जगहां म्ह बड़ण म्ह नाकामयाब रहे, क्यूँके उननै परमेसवर के
हुकम ताहीं कोनी मान्या था, पर उस आराम की जगहां म्ह जाण का इब भी
मौक्का सै। 7 ज्यांतै उसनै आराम की जगहां म्ह बड़ण का एक और मौक्का
तय करया, अर वो मौक्का आज सै। म्हारे पूर्वजां के बिद्रोह के कई साल्लां
बाद, दाऊद के मुँह तै यो कह्या था, "जै आज थम उसकी आवाज सुणो, तो
उस ताहीं सुणकै इन्कार ना करो।" 8 हम यो भी जाणा सां के परमेसवर नै
जो आराम की जगहां का वादा करया सै, वो कनान देश कोनी, जिसपै यहोशू
नै म्हारे पूर्वजां की अगुवाई करी थी, जै यो कनान देश होन्दा, तो परमेसवर नै
बाद म्ह यो न्ही कह्या होगा, के एक और मौक्का सै। 9 यो भी हो सकै सै, के
परमेसवर के माणसां नै इस तरियां के तरिक्कें तै आराम करणा पड़ै, जिस
तरियां तै परमेसवर नै दुनिया बणाण के सातवे दिन आराम करया था। 10
क्यूँके जो उसकै आराम की जगहां म्ह बड़या सै, उसनै भी परमेसवर की
ढाळ अपणे काम पूरे करकै बिश्राम करया सै। 11 इस करकै हम उस आराम

की जगहां म्ह बड़ण की कोशिश बड़ी मेहनत कै साथ करा, ताके कोए भी
उन माणसां की तरियां ना बणे जिननै परमेसवर के हुकम ताहीं मानण तै
इन्कार कर दिया, फेर हम उसकी आराम की जगहां म्ह बड़ण पावांगे। 12
क्यूँके परमेसवर का वचन जिन्दा, अर प्रभावशाली सै, अर वो एक दोधारी
तलवार तै भी घणा पैना सै। वो प्राण अर आत्मा ताहीं, अर गाँठ-गाँठ अर
गुद्दे-गुद्दे ताहीं न्यारा करकै आरम-पार पाड़ दे सै अर मन की भावनायां अर
विचारां ताहीं परख ले सै। 13 जिस ताहीं लेखा देणा सै, उसकी नजर तै कोए
भी प्राणी छुप्या कोनी। सारी चीज उसके स्याम्ही साफ अर खुली होड़ सै।
14 ज्यांतै जिब म्हारा इसा बड्ड़ा महायाजक सै, जो सुर्ग म्ह चल्या गया सै,
यानिके परमेसवर का बेट्टा यीशु, तो आओ, हम बिश्वास म्ह पक्के बणे रहवां
जो हमनै सारे माणसां के आग्गै स्वीकार करया सै। 15 क्यूँके म्हारा यो
महायाजक जो यीशु मसीह सै, म्हारी हरेक कमजोरियाँ नै जाणे सै, बल्के वो
सारी बात्तां म्ह म्हारै तरियां परख्या तो गया, फेर भी निष्पाप लिकड़्या। 16
इस करकै आओ, हम परमेसवर के स्याम्ही बिना डर के जावां जो करुणा तै
भरा होया सै, फेर परमेसवर म्हारै पै दया करैगा, अर जिब हमनै मदद की
जरूरत होगी तो वो म्हारी मदद करैगा।

5 परमेसवर इस्राएल के माणसां म्ह तै एक महायाजक ताहीं चुणै सै, अर वो
महायाजक ताहीं नियुक्त करै सै, ताके वो उसकी सेवा भेट चढ़ाकै, अर
माणसां के पापां की माफी कै खात्तर बलि चढ़ाकै कर सकै। 2 वो बेअक्ले
अर भूले भटक्यां कै गेल्या नर्मी तै बरताव कर सकै सै, ज्यांतै वो आप भी
कमजोरी तै घिरया सै। 3 उसकै खात्तर एक महायाजक के रूप म्ह अपणे
अर माणसां कै पापां नै दूर करण खात्तर बलि चढ़ाणा जरूरी सै। 4 कोए भी
इन्सान अपणे-आपनै तै महायाजक होण का पद न्ही ले सकता। एक माणस
सिर्फ महायाजक जिब्बे बण सकै सै, जिब परमेसवर उस ताहीं याजक होण
कै खात्तर बुलावै सै, जिस तरियां हारुन ताहीं परमेसवर नै पैहला महायाजक
होण खात्तर बुलाया था। 5 उस्से तरियां ए मसीह नै भी खुद ताहीं महायाजक
बणाकै खुद का सम्मान करण का फैसला कोनी करया, परमेसवर नै उस
ताहीं यो सम्मान दिया जिब उसनै कह्या, के "तू मेरा बेट्टा सै, आज मन्नै ए
तेरे ताहीं पैदा करया सै।" 6 एक और जगहां परमेसवर उस ताहीं दुबारा

कहवै सै, “तू मलिकिसिदक की रीत पै सारी हाण खात्तर याजक सै।” (aiōn
g165) 7 जिब यीशु इस दुनिया म्ह रहवै था, तो ठाड्डू शब्दां तै रुक्का मार-
मारकै अर आँसू बहा-बहाकै परमेसवर तै प्रार्थनाएँ अर बिनती करी, जो उस
ताहीं मौत तै बचा सकै था, अर आदरपूर्ण समर्पण कै कारण परमेसवर नै
उसकी सुण ली। 8 परमेसवर का बेट्टा होण पै भी मसीह यीशु नै दुख ठा-
ठाकै भी उसका हुकम मानना सिख्या। 9 फेर सिध्द हो जाणकै बाद वो खुद
उन सब खात्तर, जो उसके हुकमां नै मानणीयां कै खात्तर अनन्त काल के
उद्धार का कारण बणग्या। (aiōnios g166) 10 अर उस ताहीं परमेसवर की
ओड़ तै मलिकिसिदक की रीत पै महायाजक का पद मिल्या। 11 इसकै बारै
म्ह हमनै घणीए बात कहणी सै, पर उनके बारें म्ह खुलकै जिक्र करणा
मुश्किल सै, क्यूँके थम परमेसवर के वचन के बारें म्ह जाणण खात्तर आलसी
होगे सों। 12 बखत कै विचार तै तो थमनै शिक्षा देण आळा बण जाणा
चाहिए था, पर थमनै तो इब भी इसे माणस की जरूरत सै, जो थारे ताहीं नये
सिरे तै परमेसवर की शिक्षा की शरुआती बात ए सिखावै, थम तो इब्बे भी
उन छोट्टे बाळक की ढाळ सों, जिन ताहीं दूध चाहिए, पर भारी खाणा न्ही।
13 याद राक्खों जो माणस इब भी वचन की शरुआती शिक्षा नै सीखण
लागरे सै, वे न्ही जाणदे, के परमेसवर धर्मी बणण के बारें म्ह के कहवै सै, वो
दूध पीन्दे बाळक की तरियां सै। 14 पर जिस माणस की तुलना श्याणे
माणस तै करी जा सै, जो ठीक तै खाण चबा-चबा कै खा सकै सै, वो यो
माणस सै जिसका बिश्वास पक्का सै अर जो खरी शिक्षा नै समझ सकै सै,
उसनै आच्छे अर बुरे की पिच्छाण करणा सीखा लिया सै।

**6** इस करकै जिब म्हारे ताहीं मसीह के बारें म्ह शरु म्ह सिखाया गया था,
तो आओ हम उन ताहीं छोड़ के खरी शिक्षा पै चर्चा करण खात्तर आग्गै बढ़दे
जावां। शरुआती शिक्षा जिसा पाप तै भरे काम तै जो मौत नै लेकै आवै सै,
परमेसवर पै बिश्वास करण नै नीम की तरियां ना धरो, 2 अर बपतिस्मा अर
हाथ धरण, अर मरे होया के जिन्दा उठण, अर आखरी न्याय की शिक्षा रूपी
नीम दुबारा ना बणावां। (aiōnios g166) 3 जै परमेसवर नै चाह्या तो मै थमनै
खरी शिक्षा दिऊँगा। 4 क्यूँके जो माणस अपणे बिश्वास नै खो दे सै, तो उन
ताहीं फेर तै पश्चाताप करण कै खात्तर उलटा न्ही ल्याया जा सकता। एक

बार उननै परमेसवर की सच्चाई नै जाणा अर सुर्ग तै वरदान्नां ताहीं पाया,
अर बाकियाँ की तरियां पवित्र आत्मा भी पाया। 5 अर उननै अनुभव करया
था के परमेसवर का वचन आच्छा सै, अर वे परमेसवर की आण आळी शक्ति
का अनुभव कर चुके थे। (aiōn g165) 6 उननै फेर तै उल्टा ल्याण का कोए
तरिक्का कोन्या, क्यूँके वे परमेसवर के बेट्टे ताहीं अपणे खात्तर दुबारा क्रूस पै
चढ़ावैं सै, अर सबके स्याम्ही उसपै कलंक लगावै सै। 7 जिन माणसां नै
आच्छी शिक्षा मिलै सै, वे उस जमीन की तरियां सै, जित्त बारिस होन्दी ए
रहवै सै, जै जमीन बढ़िया सै, तो या किसान खात्तर बढ़िया फसल देवै सै,
अर उसपै परमेसवर की आशीष होवै सै। 8 पर दुसरे माणस उस जमीन की
तरियां सै जो काण्डे अर खरपतवार उगावै सै तो या बेकार सै। उस ताहीं
परमेसवर के जरिये श्राप दिये जाण का खतरा सै, अर वो आग तै नाश हो
जावैगा। 9 हे प्यारे भाईयो, भलाए हम इस ढाळ की बात करण लागरे सां,
पर हम असलियत म्ह बिश्वास न्ही करते के यो थारे खात्तर लाग्गू होवै सै।
हमनै बिश्वास सै के थम बढ़िया चिज्जां खात्तर बणाये गये सों, जो उद्धार कै
साथ आवै सै। 10 जिसा के थमनै आच्छे काम करे सै, अर इब थम परमेसवर
के नाम म्ह बिश्वासी भाईयाँ कै खात्तर प्यार तै, सेवा के काम करण लागरे
सों, इसकी बजह तै परमेसवर थारे ताहीं भुल्लैगा न्ही, क्यूँके वो धर्मी सै।
11 आलसी ना बणो। पर कड़ी मेहनत करण आळा की तरियां थमनै इन
प्रेमपूर्वक काम्मां ताहीं जारी राखणा चाहिए, ताके परमेसवर के वादे पाण
खात्तर थारी आस पक्की हो। 13 जिब परमेसवर नै अब्राहम तै करार करया,
तो तब खुद परमेसवर तै बड्ड़ा कोए और न्ही था, जिसकी कसम ली जा
सकै, इस करकै अपणी खुद की कसम लेन्दे होए परमेसवर नै अब्राहम
तै कह्या, 14 “मै सचमुच तेरे ताहीं घणा आशीष दियुँगा, अर तेरे वंशां नै
अनगिणत बणा दिऊँगा।” 15 अब्राहम नै भोत धीरज धरण कै बाद वादा का
ईनाम मिल्या। 16 माणस तो अपणे तै किसे बड़े का नाम लेकै कसम खाया
करै सै, अर उन म्ह कसम के जरिये बात का फैसला होवै सै, अर सारा
विवाद खतम हो जावै सै। 17 योए कारण था, के परमेसवर नै भी कसम
खाई थी। इस बात तै वो उन माणसां नै साफ तरियां तै दिखाणा चाहवै था,
के वो जो भी वादा करै सै, उस ताहीं वो पूरा करै सै। 18 तो उरै दो बात सै

उसका वादा अर उसकी कसम जो कदे बदल न्ही सकदे अर जिनकै बारै म्ह
परमेसवर कदे झूठ कोनी बोल सकता। इस करकै हम जो परमेसवर कै धोरै
बचण आये सां अर जो आस उसनै म्हारे ताहीं दी सै उस ताहीं थाम्मे होए
घणे उत्साहित सां। 19 जिस तरियां किस्ती ताहीं लंगर तै बाँधया जावै सै,
जो किस्ती नै पकड़कै राक्खै सै, इस्से तरियां तै आस म्हारी जिन्दगी नै
मजबूत अर टिकाए राक्खै सै, अर म्हारी आस यीशु सै, वो परमेसवर कै
धोरै सुर्ग म्ह पवित्र मन्दर म्ह परदे कै पाच्छै पोहचा सै। 20 जित्त यीशु नै
मलिकिसिदक की रीत पै सारे हाण के बखत का महायाजक बणकै, म्हारै
खात्तर अगुवां के रूप म्ह दाखल होया सै। **(aiōn g165)**

**7** यो मलिकिसिदक शालेम नगर का राजा अर परमप्रधान परमेसवर का
याजक था, उनके नाम का मतलब "राजा" सै जो नियम कै साथ न्याय करै
सै, शालेम के राजा का मतलब सै "शान्ति का राजा।" 2 पवित्र ग्रन्थ म्ह
उसके माँ-बाप, उसके पूर्वज, या उसकी मौत या जन्म के बारें म्ह, कुछ
भी न्ही लिख्या गया सै। वो हमेशा खात्तर एक याजक सै। इस करकै वो
परमेसवर के बेट्टे की तरियां सै। 3 जिब अब्राहम नै चार राजां की हत्या कर
दी थी, तो मलिकिसिदक नै उसतै मुलाकात करी, अर उस ताहीं आशीर्वाद
दिया। अब्राहम नै युध्द म्ह जीत हासिल करी, अर सारी चिज्जां का दसमां
हिस्सा भी दिया। 4 इब इसपै ध्यान करो के वो किसा महान् था जिस ताहीं
पूर्वज अब्राहम नै दुश्मनां की लूट के बढ़िया तै बढ़िया माळ का दसमां हिस्सा
दिया। 5 मूसा नबी के नियम-कायदे बतावै सै के लेवी के वंशज जो याजक
का पद पावै सै, उननै इस्राएल के माणसां तै दसमां हिस्सा लेणा चाहिए,
यानिके उसके खुद के माणस तै, पर वे याजक अर दुसरे बिश्वासी भाईयाँ की
तरियां सै, क्यूँके वे सब अब्राहम के वंश के सै। 6 पर इसनै, जो लेवी-वंशी
भी न्ही था, अब्राहम तै दसमां हिस्सा लिया, फेर भी अब्राहम वो था जिसकै
धोरै परमेसवर का वादा था, फेर भी मलिकिसिदक नै उस ताहीं आशीर्वाद
दिया। 7 इस म्ह कोए शक कोनी के जो आशीर्वाद देवै सै, वो उस माणस तै
बड्डा हो सै जिस ताहीं आशीर्वाद देवै सै। 8 उरै तो याजक दसमां हिस्सा लेवै
सै, भलाए वो सिर्फ एक माणस सै, जो जीवै सै अर फेर मर जावै सै, पर
मलिकिसिदक, जिसनै अब्राहम तै दसमां हिस्सा लिया, वो इब भी जिन्दा सै,

जिसा के पवित्र ग्रन्थ कहवै सै। 9 के जिब अब्राहम नै मलिकिसिदक ताहीं
दसमां हिस्सा दिया, जिब ताहीं लेवी माणसां का जन्म अब्राहम के वंश म्ह
न्ही होया था। पर इब भी उसके वंश होण के कारण, यो इस तरियां सै के
लेवी नै खुद ही अब्राहम के जरिये मलिकिसिदक ताहीं दसमां हिस्सा दिया।
10 क्यूँके जिस बखत मलिकिसिदक उसकै पिता तै मिल्या, उस बखत वो
अपणे पिता की देह म्ह था। 11 माणसां ताहीं जिन याजकां के आधार पै
नियम-कायदे दिए गये थे, जो हारुन के परिवार का अर लेवी के गोत्र का था,
पर ये याजक सिध्द न्ही बण सकै। इस करकै यो जरूरी था, के एक और
याजक आवै, जो हारुन जिसा न्ही, पर मलिकिसिदक जिसा हो। 12 क्यूँके
इब एक्के तरियां का याजक कोनी, तो नियम-कायदे का भी बदलना जरूरी
सै। 13 क्यूँके हम मसीह के बारें म्ह ये बात करण लागरे सां, जो एक अलग
गोत्र तै थे। उस जनजात्ति म्ह तै किसे नै भी वेदी पै एक याजक के रूप म्ह
सेवा न्ही करी, 14 सब जाणै सै, के म्हारा प्रभु यीशु यहूदा के गोत्र म्ह तै पैदा
होया सै, मूसा नबी नै यहूदा के किसी भी वंशज के बारें म्ह न्ही बताया, जो
यहूदा के याजक बणगे अर यहूदा का कोए वंशज कदे याजक न्ही बणा।
15 इब हम और भी आच्छी तरियां तै समझा सां, जिब मलिकिसिदक कै
तरियां एक और याजक पैदा होण आळा था, जो के यीशु मसीह सै। 16
यीशु का याजक बणणा, नियम-कायदा नै पुगाण पै, या लेवी के वंश म्ह तै
पैदा होण पै आधारित कोनी। पर वो अपणे अविनाशी जीवन की शक्ति के
कारण याजक बणग्या। 17 क्यूँके उसकै बारै म्ह पवित्र ग्रन्थ कहवै सै, "तू
मलिकिसिदक की रीत पै युगानुयुग याजक सै।" (aiōn g165) 18 इस करकै,
पैहल्ड़ी आज्ञा कमजोर अर बेअसर होण कै कारण बदलगी। 19 (ज्यांतै के
नियम-कायदे नै किसे बात ताहीं सिध्द कोन्या करया), अर उसकी जगहां पै
एक बेहतर उम्मीद सै, जो के यीशु मसीह सै, जिसकै जरिये हम परमेसवर कै
लोवै जा सकां सां। 20 जिब यीशु मसीह ताहीं परमेसवर नै याजक बणा
दिया तो परमेसवर नै कसम खाई। 21 क्यूँके लेवी के वंश तो बिना कसम
याजक बणाए गये, पर यीशु मसीह बिना कसम के परमेसवर की ओड़ तै
नियुक्त करया गया, जिसनै उसकै बारै म्ह कह्या, "प्रभु नै कसम खाई, अर
उसतै फेर ना पछतावैगा के तू युगानुयुग याजक सै।" (aiōn g165) 22 इस

करकै यीशु नै म्हारे ताहीं परमेसवर कै गैल सब तै आच्छे करार का वादा करै
सै। 23 यीशु के याजक होण का एक और फायदा से, पैहले तो घणी बड्डी
गिणती म्ह याजक बणदे आये, क्यूँके हरेक याजक की मौत के साथ उसकी
सै: “देखों, मन्नै किसे ताहीं यरुशलेम नगर म्ह कोणे के पत्थर की तरियां
राख्या सै, वो उस पत्थर की तरियां सै, जो नीम पै धरया जावै सै, अर जो
कोए उसपै बिश्वास करैगा, वो किसे तरियां तै शर्मिन्दा कोनी होवैगा।” 7 यो
पत्थर थारे खात्तर कीमती सै, जो मसीह यीशु पै बिश्वास करो सों, पर पवित्र
ग्रन्थ उन माणसां के बारें म्ह जो बिश्वास न्ही करदे कहवै सै, “जिस पत्थर
ताहीं राजमिस्त्रियाँ नै निकम्मा ठहराया था, वोए कोणे का पत्थर हो गया।”,
8 पवित्र ग्रन्थ यो भी कहवै सै, के “इस पत्थर तै लोग्गां कै ठोक्कर लाग्गैगी,
या वा चट्टान सै जिसतै लोग ठोक्कर खाकै गिर जावैंगे,” वे इस खात्तर गिरै
सै, क्यूँके उननै परमेसवर के वचन पै बिश्वास कोनी करया, परमेसवर नै
उन खात्तर याए योजना बणाई सै। 9 पर थारे म्ह इसा ना हो, क्यूँके थम
परमेसवर के चुणे होए माणस सो, थम परमेसवर के याजक सों, जो के
राजा सै, थम परमेसवर के समर्पित माणस सों, अर थम जो परमेसवर के
कुह्वावै सों, उसनै थारे ताहीं अन्धकार म्ह तै रोशनी म्ह बुलाया सै, ताके थम
परमेसवर के उन अनोक्खे काम्मां के बारें म्ह माणसां ताहीं बता सको। 10
पैहले थम परमेसवर के माणस न्ही थे, पर इब परमेसवर के माणस सो,
पैहले थम परमेसवर की दया नै कोनी जाणो थे, पर इब जाणो सों, क्यूँके
उसनै अपणी दया पैहल्या तै थारे ताहीं दिखाई सै। 11 हे प्यारे बिश्वासी
भाईयो, मै थारे तै बिनती करुँ सूं, के थम अपणे-आपनै दुनिया म्ह परदेशी
अर मुसाफर जाणकै उन दुनियावी अभिलाषायां तै जो आत्मा तै युध्द करै सै,
बचे रहो। 12 वे लोग जो परमेसवर पै बिश्वास न्ही करदे, वे भी थारे आस्सै-
पास्सै ए रहवै सै, अर वे भी कह सकै सै, के थम बुरा काम करण लागरे हो।
थमनै इसी आच्छी जिन्दगी जीणी चाहिए, ताके वो थारे भले काम्मां नै देखकै
परमेसवर की महिमा उस दिन कर सकै जिब मसीह बोहड़ के आवैगा। 13
प्रभु नै महिमा देण खात्तर थम उन सारे माणसां का हुकम मान्नो जो इस
दुनिया के शासक सै, जिस तरियां राजा, जो के सब पै प्रधान शासक सै। 14
अर राज्यपालों के भी अधीन रहों, क्यूँके राजा उन बुरे काम करणीया नै दण्ड
देण अर आच्छे काम करणीया नै सम्मानित करण खात्तर इस्तमाल करै सै।
15 परमेसवर चाहवै सै के थम भले काम करो ताके थम उन बेकूफ माणसां नै
जो परमेसवर नै न्ही जाणदे, अर थारे पै झूठे दोष लगावै सै, उन ताहीं रोक

सको। 16 थारे खात्तर भी इसा कोए कोनी जो थारे ताहीं रोक सकै, जो थम
करणा चाहवो सों, क्यूँके यीशु मसीह के जरिये थम आजाद करे गये सों, पर
इस बात नै थम बुरे काम करण का बहाना ना बणाओ, पर अपणे काम्मां के
जरिये दिखाओ के थम परमेसवर के सच्चे दास सों। 17 सब का आदर करो,
बिश्वासी भाईयाँ तै प्यार करो, परमेसवर तै डरो, राजा का आदर करो 18 हे
सेवको थम जो घर म्ह काम करो सों, अर बिश्वासी भी सों, अपणे मालिकां
का कहणा मान्नो अर सदा उनका आदर करो, हरेक ढाळ के माल्लिक के
साथ इसाए बरताव करो, चाहे वो भले हो, नम्र हो, या फेर चाहे वे बुरे हो। 19
क्यूँके जै हम दुख ठान्दे, फेर भी जिब म्हारी कोए गलती भी ना हो, तोभी हम
इस खात्तर सह लेवां सां, क्यूँके हमनै बेरा सै, के परमेसवर सब कुछ जाणै
सै, परमेसवर इसतै ए खुश होवै सै। 20 क्यूँके जै थमनै अपराध करकै घूँसे
खाए, अर धीरज राख्या, तो इस म्ह के बड़ाई की बात सै? पर जै भला काम
करकै दुख ठाया हो अर धीरज राख्या हो, तो यो परमेसवर नै भावै सै। 21
अर थम इस्से कै खात्तर बुलाए भी गये सो, क्यूँके मसीह भी थारे खात्तर दुख
ठाकै थारे ताहीं एक बढ़िया नमूना दे ग्या सै, ताके थम भी उसके नक्शे-
कदम पै चाल्लों। 22 पवित्र ग्रन्थ म्ह मसीह के बारें म्ह न्यू लिख्या सै, के
“ना तो उसनै पाप करया अर ना उसकै मुँह तै छळ-कपट की कोए बात
लिकड़ी।” 23 वो गाळी सुणकै गाळी कोनी देवै था, अर दुख ठाकै किसे
ताहीं भी धमकी कोनी देवै था, पर अपणे-आप ताहीं परमेसवर कै हाथ म्ह
सौंप दिया, जो धार्मिकता तै न्याय करै सै। 24 वो आप ए म्हारै पापां नै
अपणी देह पै लिये होए क्रूस पै चढ़ गया, जिसतै हम पापां कै खात्तर मरकै
धार्मिकता कै खात्तर जीवन बितावां, उस्से कै मार खाण तै थम चंगे होए। 25
क्यूँके थम पैहल्या भटकी होड़ भेड्डां कै बरगे थे, पर इब अपणे जीवन के
रुखाळे अर पाळी कै धोरै बोहड़ आए सों।

**3** हे बिरबानियों, थम भी अपणे धणी कै अधीन रहो, अर जै थारे पिता
परमेसवर के वचन पै बिश्वास करण तै मना करै सै, तो जिस तरियां थम
उनतै बरताव करो सों, उसकी बजह तै थारे बिना कहे वे बिश्वास करैंगें, वो
मसीह पै जिब बिश्वास करैंगें, जिब वो थारा शुद्ध अर भक्तिमय जीवन नै
देक्खैंगे। 3 बाहरली की खूबसूरती के बारें म्ह चिन्ता ना करै, जिस तरियां

खूबसूरती तै बाळ गूँथणा, महँगे गहणे, या सुथरे लत्तें पैहरणा। 4 पर थारा
भीतरी माणसपण, नम्रता अर दीनता जिसे अविनाशी गुणा तै सजा हो,
क्यूँके परमेसवर की निगांह म्ह इसका मोल बड़्ड़ा सै। 5 पैहल्ड़े बखत म्ह
पवित्र बिरबान्नी भी, जो परमेसवर पै बिश्वास अर आस राक्खै थी, वे अपणे-
आपनै नै इस्से तरियां तै सिंगारै थी, अर अपणे-अपणे धणी का हुकम मान्नै
थी। 6 जिस तरियां सारा अब्राहम कै हुकम म्ह रहवै थी, अर उसनै स्वामी
कह्या करै थी। इस्से ढाळ थम भी जै दुसरयां की भलाई करो, अर थमनै
किसे बात का डर ना हो, तो थम सारा की बेटियाँ की तरियां होओगी। 7
इस्से तरियां ए हे पतियों, थम अपणी पत्नियाँ कै साथ मेळ-मिलाप कै
साथ रहों, अर सोच्चों के उनकी मदद किस तरियां करी जा सकै सै, थमनै
यो बेरा होणा चाहिए के बिरबान्नी थारे तै कमजोर सै, इस करकै थमनै
उनका आदर करणा चाहिए, क्यूँके थम दोन्नु उस वरदान के साझेदार सों,
जिसा के परमेसवर नै थारे ताहीं दिया सै, जो के अनन्त जीवन सै, यो इस
खात्तर करो ताके जिब थम परमेसवर तै प्रार्थना करो तो वो थारी सुणै।
8 आखरी म्ह मै कहणा चाहूँ सूं, के थम एक मन हो जाओ, एक-दुसरे तै
भाई-भाण की तरियां प्यार करो, एक-दुसरे के बाबत दयालु रहो, अर नरम
बणो। 9 बुराई कै बदले बुराई ना करो अर ना गाळी कै बदले गाळी द्यो, पर
इसकै उल्ट आशीष ए द्यो, क्यूँके परमेसवर नै थारे ताहीं इस खात्तर बणाया
सै, के थम दुसरयां कै खात्तर आशीष बण सको, जै थम इसा करोगे, तो
परमेसवर थारे ताहीं भी आशीष देवैगा। 10 क्यूँके पवित्र ग्रन्थ कहवै सै, के
"जै कोए इन्सान जिन्दगी का आनन्द ठाणा चाहवै सै, अर आच्छे दिन देखणा
चाहवै सै, तो वो ध्यान राक्खे के बुरी बातें अर जो बात सच न्ही उन ताहीं ना
बोल्लो। 11 जो बुरे काम सै, उन ताहीं करणा छोड़ दे, इसकी बजाए वो
भले काम करै, अर एक-दुसरे के साथ शान्ति तै रहण का पूरा जतन करै।
12 क्यूँके प्रभु की आँख धर्मियाँ पै लाग्गी रहवै सै, अर उसके कान उनकी
बिनती की ओड़ लाग्गे रहवै सै, पर प्रभु बुराई करण आळे तै दूर रहवै सै।"
13 जै थम सदा भले काम करो तो कोए थमनै नुकसान न्ही पुहुचा सकदा।
14 जै थम धार्मिकता कै कारण दुख भी ठाओ, तो थम धन्य सो, पर माणसां
के डराण तै ना डरो, अर ना घबराओ, 15 पर अपणे-अपणे मन म्ह मसीह के

प्रति आदर राक्खों, अर उस ताहीं अपणा प्रभु जाणो। जो कोए थारे तै थारी
आस कै बारै म्ह बुझ्झै, जो हम बिश्वासियाँ की सै, तो उस ताहीं जवाब देण
कै खात्तर सारी हाण त्यार रहो, पर नम्रता अर आदर कै गैल उस ताहीं जवाब
द्यो। जो सही सै वोए करो, जै माणस थारे बारें म्ह बुरा बोल्लै सै, तो वो खुद
शर्मिन्दा होवैंगे, जिब वो थारे आच्छे चाल-चलण नै देक्खैंगे, क्यूँके मसीह
कै गैल थारा गहरा रिश्ता सै। 17 कई बार परमेसवर म्हारे ताहीं दुख अर
मुसीबतां तै गुजारै सै, भलाए हम भला काम करदे हो, पर यो म्हारे खात्तर
आच्छा सै, बजाए इसकै के हम बुरे काम्मां के कारण दुख अर मुसीबत
ठावां। 18 मसीह नै भी म्हारे पापां खात्तर एके बार अपणी जान दे दी, यानी
के एक धर्मी नै सारे अधर्मियाँ खात्तर दुख ठाया, ताके वो थमनै परमेसवर
तक ले जावै, उसकी शारीरिक मौत तो होई पर परमेसवर की आत्मा के
जरिये वो जिन्दा करया गया। 19 तब उसकी आत्मा नै उन आत्मायाँ ताहीं
सुसमाचार सुणाया, अर प्रचार करया जो उस जगहां पै परमेसवर के जरिये
कैद करी गई थी, जित्त मरे होए लोग्गां की आत्मा रहवै सै। 20 ये वो आत्मा
सै, जिननै परमेसवर का भोत पैहले कहणा न्ही मान्या। जिब नूह जहाज
बणाण लागरया था, तो परमेसवर धीरज तै देखण लागरया था, के ये लोग
माफी माँग्गै सै के न्ही, पर पाणी नै पूरी दुनिया ताहीं नाश करया सिर्फ आठ
माणस जो जहाज म्ह बचे थे। 21 उस्से पाणी का उदाहरण भी, यानिके
बपतिस्मा, यीशु मसीह कै जी उठण कै जरिये, इब थमनै बचावै सै, इसतै देह
का मैल दूर करण का मतलब न्ही सै, पर शुद्ध अन्तरात्मा तै परमेसवर कै
पाच्छै हो जाणा सै। 22 वो सुर्ग पै जाकै परमेसवर कै सोळी ओड़ बैठ गया,
अर सुर्गदूत अर अधिकारी अर सामर्थी उसके अधीन करे गये सै।

**4** इस करकै मसीह नै दुख ठाया जिब उसनै देह रूप धारण करया, थारा भी
रविया उस्से तरियां दुख उठाण का होणा चाहिए, जिसा उसका था, क्यूँके जै
थमनै मसीह खात्तर दुख ठाण की सोच ली सै, तो थमनै पाप ना करण की
भी सोच ली सै, ताके आग्गै तै कदे थम पाप ना करो। 2 उस कारण वो
इन्सान अपणी बाकी की जिन्दगी, इस दुनिया म्ह पापमय अभिलाषायां नै
पूरी करण कै खात्तर न्ही इस्तमाल करदा, पर वो, वो करै सै जो परमेसवर
उस ताहीं करण कै खात्तर कहवै सै। 3 पैहले थमनै भोत सारा बखत वो काम

करण म्ह बेकार कर दिया जिस म्ह गैर बिश्वासी खुशी मनावै सै, जिस तरियां
लुचपण की बुरी अभिलाषाओ, मतवाळापण, लीलाक्रीड़ा, दारु-बाजी, जारी
अर घृणित मूर्तिपूजा जिसे काम्मां तै परमेसवर नफरत करै सै। 4 इस कारण
थारे पुराणे मित्तर अचम्भा करै सै, के थम इसे अंधाधुंध लुचपण म्ह उनका
साथ न्ही देंदे, अर वे इब थमनै गाळी देवै सै। 5 पर वे उसनै जो जिन्दयां अर
मरे होए माणसां का न्याय करण नै त्यार सै, लेक्खा देवैगें। 6 योए कारण सै
के सुसमाचार उन माणसां ताहीं सुणाया गया, जो इब मर चुके सै, हालाकि
वे सब माणसां की तरियां मरण कै जोग्गे ए थे, इब वे आत्मा म्ह परमेसवर
के साथ हमेशा कै खात्तर रहवै सै। 7 सारी बात्तां का अन्त तावळा होणआळा
सै, इस करकै सावधान रह अर शान्त मन राख ताके तू प्रार्थना कर सकै।
8 सारया म्ह बढ़िया बात या सै के एक-दुसरे तै घणा प्यार करो, क्यूँके
जै थम माणसां तै प्यार करोगे तो थम उन ताहीं माफ करण खात्तर तैयार
रहोगे, जो थारा बुरा करै सै। 9 बिना कुड़कुड़ाए एक-दुसरे की मेहमान-
नवाजी करो। 10 हरेक इन्सान ताहीं परमेसवर के जरिये काबलियत मिली सै
अर वो उस काबलियत नै दुसरे लोग्गां की मदद करण खात्तर इस्तमाल
करै, वो परमेसवर के आच्छे सेवक की तरियां उसके अनुग्रह के जरिये दिए
गए वरदानां का बढ़िया इस्तमाल करै। 11 जै थारे धोरै प्रचार करण का
वरदान सै, तो थमनै परमेसवर के वचन का प्रचार करणा चाहिए, जै थारे धोरै
दुसरयां की मदद करण का वरदान सै, तो उस शक्ति तै करो जो परमेसवर नै
थारे ताहीं दी सै, फेर जो भी काम करोगे, यीशु मसीह के जरिये परमेसवर नै
महिमा मिलैगी, सारी महिमा अर सामर्थ युगानुयुग उस्से का सै। आमीन।
(aiōn g165) 12 हे प्यारे बिश्वासी भाईयो, उन दुखां कै खात्तर अचम्भा ना
करो जो थम सहण लागरे सों, क्यूँके थम मसीह के कुह्वाओ सों, ये चीज इस
खात्तर होण लागरी सै, क्यूँके सचमुच थम यीशु पै बिश्वास करो सों, तो इसा
ना समझो के अनोक्खी बात थारे ए गैल होण लागरी सै। 13 इस बात खात्तर
खुश होओ, के थम मसीह के दुख म्ह साझेदारी हो सके, उस बजह तै जिब
मसीह बोहड़ के आवैगा, अपणी महिमा लोग्गां नै दिखाण खात्तर, तो थम
खुशी तै भर जाओगे। 14 फेर जै मसीह कै नाम कै खात्तर थारी बुराई करी
जावै सै तो थम धन्य सो, क्यूँके परमेसवर की महिमामय आत्मा सै जो थारे

म्ह रहवै सै। 15 जै दुख ठाओ सों, तो यो दुख खून्नी, चोर, किसे बुरे काम,
या किसे और के काम म्ह दखलंदाजी करण के कारण न्ही होणा चाहिए। 16
पर जै मसीह होण कै कारण दुख पावै, तो शर्मिन्दा ना होइयो, पर इस बात
कै खात्तर परमेसवर की महिमा करो, क्यूँके थम उसके कुह्वाओ सों। 17
क्यूँके वो बखत आण पोंहच्या सै, के पैहल्या परमेसवर के माणसां का न्याय
करया जावैगा, अर जिब के न्याय की शरुआत म्हारै ए तै होगी, तो उनका के
अन्त होगा जो परमेसवर के सुसमाचार नै न्ही मानते? 18 जिसा पवित्र ग्रन्थ
कहवै सै, के "जै धर्मी माणस ए मुश्किल तै उद्धार पावैगा, तो भगतिहीन अर
पापी का के ठिकाणा?" 19 ज्यांतै जो परमेसवर की मर्जी कै मुताबिक दुख
ठावै सै, उननै परमेसवर पै सदा बिश्वास करते रहणा चाहिए, जिसनै उन ताहीं
बणाया सै। परमेसवर नै जो भी वादा करया सै, उस ताहीं वो हमेशा पूरा करै
सै, इस खात्तर हमनै हमेशा भलाई करदे रहणा चाहिए।

**5** थारे म्ह जो कलीसिया के अगुवें सै, मै थारे ताहीं कुछ बताणा चाहूँ सूं,
क्यूँके मै थारी तरियां बुजुर्ग सूं, मन्नै खुद वे दुख देक्खे सै, जो मसीह नै भोत
पैहले सहे सै, जिब वो बोहड़ के आवैगा तो मै भी उसकी महिमा म्ह शामिल
होऊँगा। 2 जिस तरियां एक पाळी भेड्या की रुखाळी करै सै, उस्से तरियां
थमनै भी उन लोग्गां की रुखाळी करणी चाहिए, जिन ताहीं परमेसवर नै थारे
ताहीं सौप्या सै, अर यो मजबूरी म्ह न्ही पर खुद की इच्छा तै राज्जी होकै
करो, क्यूँके परमेसवर यो चाहवै सै के थम इसाए करो, पर इसा काम पईसा
कै खात्तर न्ही पर परमेसवर अर माणसां की सेवा करण खात्तर करो। 3 उन
माणसां पै हक ना जमाओ, जो थारे ताहीं सौंपे गये सै, पर उनकै खात्तर
बढ़िया मिसाल बणो। 4 जिब प्रभु यीशु मसीह जो के पाळीयाँ का प्रधान
बोहड़ के आवैगा, तो थारे ताहीं वो महिमा का मुकुट दिया जावैगा जिसकी
चमक कदे न्ही जावैगी। 5 इस्से ढाळ हे जवान्नों, थम भी कलीसिया के
अगुवां का कहणा मान्नो, बल्के थम सारे के सारे दीनता तै एक-दुसरे की
सेवा करते रहो, क्यूँके हम पवित्र ग्रन्थ म्ह पढ़ा सां, के "परमेसवर घमण्डियाँ
का बिरोध करै सै, पर दीन पै अनुग्रह करै सै।" 6 इस करकै परमेसवर के
स्याम्ही दीन बणो, जो थमनै बचा सकै, ताके वो थमनै सही बखत आण
पै बढ़ा सकै। 7 अपणी सारी चिन्ता परमेसवर ताहीं दे द्यो, क्यूँके उसनै

थारा ध्यान सै। 8 सावधान रहो, अर जागदे रहो, क्यूँके थारा बिरोधी शैतान
गरजनआळे शेर की ढाळ इस टाह म्ह रहवै सै, के किसनै पाड़ खावै, ताके
थम परमेसवर की राह ना चाल सको। 9 बिश्वास म्ह मजबूत होकै, अर न्यू
जाणकै उसका सामना करो, के थारे भोत-से बिश्वासी भाई जो दुनिया म्ह
इसेए दुख सहण लागरे सै। 10 इब परमेसवर जो सारे अनुग्रह का दात्ता
सै, जिसनै थारे ताहीं मसीह म्ह अपणी अनन्त महिमा कै खात्तर बुलाया,
थारे कुछ बखत तक दुख ठाण कै पाच्छै आप ए थमनै सिध्द अर स्थिर
अर मजबूत करैगा। (aiōnios g166) 11 उस्से का साम्राज्य युगानुयुग रहवै।
आमीन। (aiōn g165) 12 मन्नै या छोट्टी चिट्ठी लिखकै सिलवानुस के हाथ
थारे धोरै भेजी सै, जिस ताहीं मै मसीह म्ह बिश्वास जोग्गा भाई समझूँ सूं, मेरे
लिखण का यो मकसद सै के मै थारे ताहीं उत्साहित कर सकूँ, अर थारे ताहीं
बिश्वास दिला सकूँ, के जो थम अनुभव करण लागरे सों, वो असलियत म्ह
परमेसवर की करुणा का हिस्सा सै, थम उस कृपा म्ह बणे रहों। 13 जो
बिश्वासी बेबीलोन नगर म्ह सै, उन ताहीं भी परमेसवर नै चुण्या सै, जिस
तरियां थारे ताहीं चुण्या, उनका अर मरकुस जो मेरे बेट्टे की तरियां सै, उसका
थारे ताहीं नमस्कार। 14 आप्पस म्ह एक-दुसरे ताहीं गळे मिलकै प्यार तै
नमस्कार करो। थम सारया ताहीं, जो मसीह म्ह हो, थमनै शान्ति मिलदी
रहवै।

# 2 पतरस

**1** या चिट्ठी शमौन पतरस की ओड़ तै सै, जो यीशु मसीह का दास अर प्रेरित
सै, उन माणसां के नाम सै, जिन नै म्हारै परमेसवर अर उद्धारकर्ता यीशु
मसीह की धार्मिकता के जरिये म्हारी तरियां बेसकिमती बिश्वास पाया सै। 2
मै प्रार्थना करुँ सूं, के परमेसवर थारे ताहीं ज्यादा तै ज्यादा अनुग्रह अर शान्ति
दे, जिस तरियां थम परमेसवर के ज्ञान अर म्हारै प्रभु यीशु मसीह म्ह बढ़ण
लागरे सों। 3 परमेसवर जिसनै अपणी शक्ति के जरिये म्हारे ताहीं वो सब
दिया सै, जो हमनै भगतिमय जिन्दगी जीण खात्तर चाहिए, यो इस खात्तर
मुमकिन सै, क्यूँके हम परमेसवर नै जाणा सां, अर उसनै अपणी महिमा अर
सद्गुणा के मुताबिक अपणे माणस होण खात्तर बुलाया सै। 4 अर उसकी
महिमा अर भलाई के कारण उसनै म्हारै ताहीं बड़े महान अर कीमती वादे
करे सै, ताके इनकै जरिये थम इस दुनिया की बुरी लालसा तै बच जाओ,
जिन ताहीं वे लोग करणा चाहवै सै, जो मसीह पै बिश्वास न्ही करदे, पर
थम ईश्वरीय सुभाव के गैल-साझ्झी हो जाओ। 5 इस कारण थम सिर्फ
मसीह पैए बिश्वास करण आळे न्ही, पर हमेशा दुसरयां की भलाई करण
म्ह लाग्गै रहों, अर सिर्फ भलाई ए न्ही बल्के बुध्दिमानी तै बरताव करण
आळे भी बणो। 6 थम सिर्फ बुध्दिमानी तै ए बरताव करण आळे न्ही बल्के
अपणे-आप पै काब्बू राक्खण आळे भी बणो, अर अपणे-आप पै काब्बू
राक्खण आळे ए न्ही बल्के दुखां नै धीरज तै सहण आळे भी बणो, अर दुखां
नै धीरज तै सहण आळे ए न्ही बल्के भगति म्ह जिन्दगी बिताण आळे भी
बणो। 7 ना सिर्फ थम परमेसवर नै भावण आळी जिन्दगी जिओ, बल्के
बिश्वासियाँ तै भी अपणे परिवार के माणस की तरियां प्यार करो, एक-दुसरे
ताहीं अपणे परिवार के माणस की तरियां प्यार करण आळे ए न्ही बल्के सब
नै प्यार करण आळे भी बणो। 8 जै थारे म्ह ये गुण मौजूद सै अर जै थारे म्ह
इनकी बढ़ोतरी होण लागरी सै तो इनकै कारण थम म्हारे प्रभु यीशु मसीह के
सम्पूर्ण ज्ञान म्ह ना तो निकम्मे अर ना बिना फळ के होओगे। 9 जै कोए
इन्सान इसी जिन्दगी न्ही बितान्दा, तो वो उस इन्सान की तरियां सै, जो सही
तै न्ही देख पान्दा, अर वो आन्धा से। वो भूल जावै सै के परमेसवर नै उसके
पाप माफ कर दिये, जो उसनै मसीह पै बिश्वास करण तै पैहले करे सै। 10

इस कारण हे बिश्वासी भाईयो, आच्छा करण की कोशिश करदे रहों, ताके
थम अपणे-आपनै अर दुसरे माणसां नै दिखा सको, के परमेसवर नै थारे
ताहीं चुण्या सै, अर बुलाया सै। जै थम इसाए करदे रहों, तो थम कदे भी
परमेसवर तै अलग न्ही होओगे 11 बल्के इस तरियां तै थम म्हारै प्रभु अर
उद्धारकर्ता यीशु मसीह के अनन्त राज्य म्ह बड़े आदर कै गैल बड़ण पाओगे।
(aiōnios g166) 12 ज्यांतै हालाकि थम ये बात जाणो सो, अर जो सच्चा
वचन थारे ताहीं मिल्या सै उस म्ह बणे रहो सो, तोभी मै थारे ताहीं ये बात
याद दुवाण खात्तर सारी हाण त्यार रहूँगा। 13 मै यो जाणु सूं के जिब तक मै
जिन्दा सूं, यो सही सै, के मै उन बात्तां के बारें म्ह थारे तै बात करदा रहूँ, ताके
थम इन बात्तां नै कदे भूल ना जाओ। 14 क्यूँके मै जांणु सूं के मै तावळा
मरण आळा सूं, अर प्रभु यीशु मसीह नै मेरै ताहीं इस बारें म्ह बता दिया सै।
15 ज्यांतै मै इसी कोशिश करुँगा, के मेरे इस दुनिया तै जाये पाच्छै, थम इन
सारी बात्तां नै सारी हाण याद कर सको। 16 क्यूँके जिब हमनै थारे ताहीं,
अपणे प्रभु यीशु मसीह की सामर्थ अर बोहड़ण की खबर दी थी, तो हमनै
श्याणपत तै गढ़ी होई कहाँनियाँ का सहारा कोनी लिया, बल्के हमनै आप
ए उसकै प्रताप ताहीं देख्या था। 17 क्यूँके जिब उसनै परमेसवर पिता तै
आदर अर महिमा पाई जो के प्रतापमय महिमा सै, हमनै उस ताहीं यो कहन्दे
सुणा, "यो मेरा प्यारा बेट्टा सै, जिसतै मै राज्जी सूं।" फेर हम उसकै गेल्या
पवित्र पहाड़ पै थे, अर सुर्ग तै योए बोल आन्दे सुण्या। 19 हम जाणा सां
के जो वचन नबियाँ नै मसीह के बारें म्ह लिख्या सै, वो सच सै, थम इन
वचनां नै गौर तै सुणो, जिस तरियां अन्धकार म्ह दीवै का चाँदणा, माणसां
नै राह दिखावै सै, उस्से तरियां ये वचन भी सच्चाई नै जाणण म्ह थारी
मदद करैंगें, थम इन वचनां नै ध्यान तै सुणते रहो, जिब तक के यीशु मसीह
बोहड़कै ना आ जावै। उसका आणा एक नये दिन की सुबह की तरियां सै,
जो उजाळा लेकै आवै सै, अर वो सुबह के तारे की तरियां होगा। उस बखत
उसका चाँदणा थारे मन म्ह चमकैगा, अर परमेसवर नै साफ तौर पै थारे पै
जाहिर करैगा। 20 पर सबतै पैहले यो जाण ल्यो के पवित्र ग्रन्थ की कोए
भी भविष्यवाणी, खुद नबियाँ का अपणा विचार कोनी 21 क्यूँके कोए भी

भविष्यवाणी माणस की मर्जी तै कदे न्ही होई, पर भगतजन पवित्र आत्मा के
जरिये उभारे जाकै परमेसवर की ओड़ तै बोल्लै थे।

**2** जिस तरियां इस्राएली माणसां म्ह झूठ्ठे नबी थे, उस्से ढाळ थारे म्ह भी
झूठ्ठे शिक्षक होंगे, वे थारे ताहीं चुपके तै झूठ्ठी शिक्षा सिखावैंगे, जिसकी
बजह तै लोग मसीह पै बिश्वास न्ही करैगें, वे झूठ्ठे शिक्षक मसीह ताहीं अपणा
प्रभु न्ही मान्नैगें, जिसनै उन ताहीं मोल लिया सै, अर पाप की शक्ति तै
आजाद करया सै, इस तरियां वे चाणचक अपणे-आप ताहीं नाश कर लेवैगें।
2 घणखरे जो कहवैगें के हम बिश्वासी सां, वे उनकी ढाळ लुचपण के सुभाव
नै अपणावैगे, अर उनके कारण जो लोग बिश्वासी कोनी सच के राह की बुराई
करैगें। 3 ये शिक्षक लालची होंगे, अर थारे तै धन पाण कै खात्तर मनघडन्त
कहाँनी सुणाकै थारे ताहीं धोक्खा देवैगें, परमेसवर नै भोत पैहले फैसला ले
लिया था, के वो उन ताहीं दण्ड देवैगा, अर वो यो करण आळा सै, वो सच म्ह
उन ताहीं नाश करण आळा सै। 4 क्यूँके जिब परमेसवर नै उन सुर्गदूत्तां
ताहीं जिननै पाप करया था, उन ताहीं माफ न्ही करया, पर उन ताहीं नरक
म्ह भेजकै अँधेरे कुण्डां म्ह गेर दिया ताके न्याय कै दिन ताहीं कैदी रहवै।
**(Tartaroō g5020)** 5 थम यो भी जाणो सों, के जो लोग भोत पैहले जिन्दा
थे, उन म्ह परमेसवर का भय न्ही था, परमेसवर नै उनकी बुराईयाँ ताहीं
नजरअंदाज कोनी करया, जो उननै करी थी, पर उन ताहीं बाढ़ के जरिये नाश
कर दिया, उन म्ह तै परमेसवर नै आठ माणसां ताहीं बचाया जिस म्ह नूह भी
था, जिसनै धार्मिकता का प्रचार करया। 6 थम यो भी जाणो सों, के जो लोग
भोत पैहल्या सदोम अर अमोरा के नगर म्ह रहवै थे, परमेसवर नै उन ताहीं
भी दण्ड दिया, क्यूँके उननै भोत बुरे काम करे थे, अर उन ताहीं आग म्ह
भस्म करकै राख बणा दिया। इसा करण के जरिये उसनै दिखा दिया, के उन
माणसां का के होगा जो उसका कहणा न्ही मानते। 7 सदोम नगर का नाश
करण तै पैहले उसनै, लूत जो के एक धर्मी माणस था, उस ताहीं उस नगर तै
लिकाड़कै उस ताहीं बचा लिया। लूत दुखी था क्यूँके सदोम नगर के लोग
परमेसवर का कोए भी हुकम कोनी मान्नै थे, अर वे भोत बुरे काम करै थे। 8
वो उन बुरे माणसां के बीच म्ह रहवै था, अर हरेक दिन उनके बुरे काम्मां नै
देक्खै था जो वे करै थे, अर बुरी बात्तां नै सुणै था जो वे बोल्लै थे, अर ये सारी

बात उस ताहीं दुखी करै थी, क्यूँके वो धर्मी माणस था। 9 वे सारी बात जो
परमेसवर नै पुराणे बखत म्ह करी सै, वे ये दिखावै सै, के परमेसवर पवित्र
माणसां नै मुसीबतां तै किस तरियां बचावै सै, अर न्याय होण के दिन तक
बुरे माणसां नै लगातार दण्ड दिया जावै। 10 परमेसवर बुरे माणसां नै दण्ड
देवैगा, खास करकै उन झूठ्ठे शिक्षकां नै जो अशुद्ध अभिलाषायां कै पाच्छै देह
कै मुताबिक चाल्दे, अर प्रभुता नै तुच्छ जाणै सै। वे ढ़ीठ, अर जिद्दी सै, अर
सुर्गीय चिज्जां के बारें म्ह आच्छा-भुंडा कहण तै न्ही डरदे। 11 तोभी सुर्गदूत
जो झूठ्ठे शिक्षकां तै अर सामर्थ म्ह उनतै बड़े सै, प्रभु कै स्याम्ही जिब उन
झूठ्ठे शिक्षकां पै दोष लगावै सै तो वे अपमानजनक बात कहकै उनकी बुराई
न्ही करदे। 12 पर ये झूठ्ठे शिक्षक जंगली-जानवरां की तरियां सै, ये जानवर
न्ही जाणते के किस तरियां सोचणा सै, अर उनका मकसद पकड़े जाणा अर
मरणा सै। ये लोग भी वोए काम करै सै जो इनकै मन म्ह आवै सै, अर उन
चिज्जां के बारें म्ह बुराई करै सै, जिसके बारें म्ह वे न्ही समझते, वे नाश हो
जावैंगे। 13 दुसरयां का बुरा करण कै बदले उन्हे का बुरा होवैगा। उननै दिन-
दोफारी म्ह भोग-विलास करणा आच्छा लाग्गै सै। ये थारे पै कलंक अर दोष
सै, जिब वे थारे गेल्या प्रीति भोज म्ह शामिल होवै सै, तो अपणे छलावे का
आनन्द ले सै। 14 वो हरेक जनानी नै देखकै उसके साथ जारी करणा चाहवै
सै, अर पाप करण का मौक्का टोहवै सै, ये उन माणसां ताहीं धोक्खा देवै सै
जो परमेसवर पै पक्का बिश्वास कोनी राखदे, अर उन ताहीं पाप करण खात्तर
उकसावै सै, उनकी सदा बढ़दी रहण आळी लालसा के कारण परमेसवर उन
ताहीं दण्ड देवैगा। 15 उननै वो करणा छोड़ दिया सै, जो सही सै, अर उननै
बओर के बेट्टे बिलाम की तरियां बुरे काम करणे शरु कर दिए, जो उसनै
भोत पैहले करे थे, क्यूँके उसनै बुरे काम्मां तै पईसा कमाणा चाह्या। 16 पर
परमेसवर नै बिलाम नबी की गधी के जरिये उस ताहीं डांटा-फटकारा जो
बुरे काम वो करण जावै था, हालाकि गधी जो बोल न्ही सकै थी, उसनै
बिलाम नबी तै इन्सान की वाणी म्ह बात करी, जिब वो राजा तै मिलण जाण
लागरया था, तो गधी नै बिलाम नबी ताहीं उसकै बावळेपण तै रोक्या। 17 ये
झूठ्ठे शिक्षक उस बेकार पाणी के चोवै की तरियां सै जो सूख लिया सै, अर
ये उस बाद्दळ की तरियां भी सै जिस ताहीं बारिस तै पैहले हवा उड़ा ले

जावै सै, परमेसवर नै उन खात्तर, अनन्त अन्धकार म्ह जगहां राक्खी सै।
**(questioned)** **18** जिब वे माणसां नै सिखावै सै तो वो बेकार के अर घमण्डी
शब्दां नै इस्तमाल करै सै, वे माणसां नै समझावै सै के वो बुरे काम कर सकै
सै जो उनकी देह करणा चाहवै सै, अर उन माणसां तै भी दुबारा धोक्खें तै
पाप करवाणा चाहवै सै, जो बुरी जिन्दगी तै बाळ-बाळ बचे सै। **19** ये झूठ्ठे
शिक्षक माणसां ताहीं कहवै सै के थम सारे काम करण खात्तर आजाद सों,
जो थम करणा चाहों सों, पर वो खुद गुलाम की तरियां सै, क्यूँके उनका
पापी सुभाव उन ताहीं बुरे काम करवावै सै, थम हर उस चीज के गुलाम सों
जो थमनै काब्बू करै सै। **20** माणस इस दुनिया की बुराईयाँ तै भाज्जै सै जिब
वो मसीह यीशु नै अपणा उद्धारकर्ता मान लेवै सै, पर वे फेर तै बुरे काम
करण लाग्गै सै, अर वे बुरी चीज उन ताहीं काब्बू म्ह राक्खै सै, इब उनकी
दशा जो के मसीह नै छोड़ देण तै सै, वो पैहल्ड़ी दशा तै भी भुंडी सै, जिब
उननै मसीह पै बिश्वास करया था। **21** मेरे कहण का मतलब यो सै, के
परमेसवर उन माणसां ताहीं घणा दण्ड देवैगा जो मसीह ताहीं छोड़ देवै सै,
उन माणसां तै ज्यादा जो उस ताहीं कदे न्ही अपणादे, उन खात्तर यो ठीक
होन्दा के वो कदे न्ही जाणते के धार्मिकता का जीवन किस तरियां जीणा सै,
उन ताहीं बेरा सै के सही के सै, पर वो परमेसवर के हुकम नै कोनी मानते जो
हम प्रेरितां नै उन ताहीं सिखाये सै। **22** उनपै ये दो कहावत सही बेठ्ठै सै, के
कुत्ता अपणी उलटी नै चाट्टै सै, अर नुहाई होई सुरी कीचड़ म्ह लोट्टण कै
खात्तर फेर चली जावै सै।

**3** हे प्यारे बिश्वासी भाईयो, इब मै थारे ताहीं दुसरी चिट्ठी लिक्खूँ सूं, अर
मै दोन्नु चिट्ठियाँ म्ह थारे ताहीं कुछ चीज याद दुआ के थमनै सही ढंग तै
सोच्चण खात्तर उत्साहित करण की कोशिश करण लागरया सूं, जो थमनै
पैहले तै सीख ली सै। **2** मै यो इस करकै करण लागरया सूं, क्यूँके मै थमनै
उन नबियाँ के शब्द याद दुवाणा चाहूँ सूं, जो उननै भोत पैहले कहे अर प्रभु
यीशु मसीह जो म्हारा उद्धारकर्ता सै, उसकी शिक्षा जो थमनै उन प्रेरितां तै
सीखी जो थारे धोरै आए थे। **3** यो जाण ल्यो के आखरी के दिनां म्ह मसीह
के आण तै पैहल्या भोत-से इसे माणस होवैंगे जो थारा मजाक उड़ावैंगे,
क्यूँके थम बिश्वास करो सों के मसीह बोहड़ के आवैगा, अर वे बुरे तै बुरा

काम करैगें जो उन ताहीं खुश करै सै। 4 अर कहवैगें, “उसकै आण का वादा
कित्त गया? क्यूँके जिब तै उनके पूर्वज सो ग्ये सै, सारा किमे उस्से तरियां ए
सै जिस तरियां सृष्टि की शरुआत तै था?” 5 वो इस करकै कहवैंगें क्यूँके वो
भूलणा चाहवै सै, के परमेसवर के वचन कै जरिये अकास पुराणे बखत तै
विद्यमान सै। उसनै धरती ताहीं भी पाणी म्ह तै बणाया अर पाणी तै न्यारा
करया। 6 यो उनके मजाक का ए नतिज्जा था, के बाद म्ह उसनै एक बड़ी
बाढ़ के जरिये इस दुनिया ताहीं पाणी म्ह डूबो कै नाश कर दिया। 7 पर
परमेसवर नै इब के बखत का अकास अर धरती उस्से वचन कै जरिये ज्यांतै
राख राक्खे सै, के जळाए जावै, अर ये भगतिहीन माणसां के न्याय अर नाश
होण कै दिन ताहीं इसेए धरे रहवैंगे। 8 हे प्यारे बिश्वासी भाईयो, या बात थारे
तै लुक्ही ना रहवै के प्रभु कै उरै एक दिन हजार साल कै बराबर सै, अर हजार
साल एक दिन कै बराबर सै, उसकै खात्तर दोन्नु एक्के सै। 9 प्रभु अपणे वादे
कै बारै म्ह वार न्ही करदा, जिसी देर कुछ माणस समझै सै, पर थारे बारै म्ह
धीरज धरै सै, अर न्ही चाहन्दा के कोए नाश हो, बल्के यो, के सारया ताहीं
मन पलटन का मौक्का मिलै। 10 पर मसीह जरुर बोहड़ के आवैगा, उस दिन
अकास म्ह बड़ा गरजण होगा अर अकास गायब हो जावैगा, जो कुछ अकास
म्ह सै जिस तरियां सूरज, चाँद अर तारे ये सब आग म्ह पूरी तरियां जळ
जावैंगे, उस दिन परमेसवर सब जाहिर करैगा, अर इस दुनिया म्ह होण लागरे
सारे काम्मां का भी न्याय करैगा। 11 जिब के ये सारी चीज इस तरियां तै
पिंघळ के खतम होण आळी सै, तो थारे ताहीं पवित्र चाल-चलण अर भगति
म्ह किस ढाळ का माणस होणा चाहिये, 12 जिब थम उस दिन की बाट
देक्खो सों जिब परमेसवर इस दुनिया का न्याय करण आवैगा, तो उस दिन
ताहीं तावळा ल्याण खात्तर पूरी कोशिश करो, उस दिन आग अकास ताहीं
जळा कै भस्म कर देवैगी अर जो कुछ अकास म्ह सै उस ताहीं गर्मी पिंघळा
देवैगी। 13 पर उसके वादे कै मुताबिक हम एक नये अकास अर नयी धरती
की आस देक्खां सां, जिस म्ह परमेसवर की धार्मिकता वास करैगी। 14
जिब के थम इन बात्तां नै पूरा होण की बाट देक्खो सों तो थम इसी जिन्दगी
जिओ जो परमेसवर नै पसन्द सै यानी थम एक-दुसरे के साथ शान्ति तै
उसकै स्याम्ही बेदाग अर बेकसूर रहो। 15 यो जाण ल्यो के, क्यूँ म्हारा प्रभु

धीरजवान सै? क्यूँके वो माणसां नै कुछ और बखत देणा चाहवै सै, ताके वो
पाप करणा छोड़ दे, अर वो उन ताहीं बचा सकै, जिब म्हारा संगी बिश्वासी
भाई पौलुस जिसतै हम प्यार करां सां, उसनै परमेसवर के ज्ञान के जरिये
थारे ताहीं लिख्या सै, उसनै भी थारे ताहीं येए बात बताई सै, जो मन्नै थारे
ताहीं बताई सै। 16 उस्से तरियां ए उसनै अपणी सारी चिट्ठियाँ म्ह भी जो
बिश्वासियाँ ताहीं लिखी सै इन बात्तां का जिक्र करया सै, जिन म्ह कुछ बात
इसी सै जिनका समझणा ओक्खा सै, अर अनपढ़ अर चंचल माणस उनके
मतलबां नै गलत तरिक्कें तै बतावै सै जिसा वो पवित्र ग्रन्थ की दुसरे वचनां
का गलत मतलब लिकाड़ै सै, इसा करकै वो परमेसवर नै मजबूर करै ताके
वो उन ताहीं नाश करदे। 17 ज्यांतै हे प्यारे बिश्वासी भाईयो, थम जाणो सों,
के ये सारी बात होवैंगी, तो ध्यान राक्खों के जो लोग परमेसवर का हुकम
ताहीं न्ही मानते वो झूठ के जरिये थारे ताहीं बहका ना दे, अर उन बात्तां के
बारें म्ह शक करण लागरे सों, जिनपै पैहले बिश्वास करो थे। 18 पर म्हारे प्रभु
अर उद्धारकर्ता यीशु मसीह के अनुग्रह अर ज्ञान की पहचान म्ह बढ़दे जाओ।
उस्से की महिमा इब भी हो, अर युगानुयुग होन्दी रहवै। आमीन। (aiōn g165)

# 1 यूहन्ना

**1** हम उस जीवन देण आळे वचन कै बारें म्ह लिखण लागरे सां, जो शरु तै
था, जिस ताहीं हमनै सुण्या, अर जिस ताहीं हमनै अपणी आँखां तै देख्या,
बल्के जिस ताहीं हमनै ध्यान तै देख्या अर हाथ्थां तै छुआ। 2 (यो जीवन
दुनिया म्ह आया अर हमनै इस ताहीं देख्या, अर हम उसके गवाह सां, अर
थमनै उस अनन्त जीवन की खबर देवां सां, जो पिता कै गैल था अर म्हारै पै
जाहिर होया)। **(aiōnios g166)** 3 जो किमे हमनै यीशु मसीह के बारें म्ह देख्या
अर सुण्या सै उसकी खबर थमनै भी देवा सां, इस करकै के थम भी म्हारै
गैल संगति करो; अर म्हारी या संगति पिता अर उसकै बेट्टे यीशु मसीह कै
गैल सै। 4 अर ये बात हम इस करकै लिखा सां ताके थम खुशी तै भर
जाओ। 5 जो खबर हमनै यीशु मसीह तै सुणी अर थमनै सुणावां सां, वो या
सै के परमेसवर चाँदणे के समान पवित्र सै, अर उस म्ह कुछ भी अन्धकार के
समान कोए बुराई कोनी। 6 जै हम कहवां, के परमेसवर कै गैल म्हारी संगति
सै पर फेर भी अन्धकार म्ह चाल्लां, तो हम झूठ्ठे सां अर सच की राह पै
कोनी चाल्दे; 7 पर जिसा परमेसवर चाँदणे के समान सै, उसेए हम भी
चान्दणा म्ह चाल्लां, तो एक-दुसरे तै संगति राक्खा सां, अर उसकै बेट्टे यीशु
मसीह का लहू हमनै सारे पाप तै शुद्ध करै सै। 8 जै हम कहवां के म्हारै म्ह
कोए भी पाप कोनी, तो अपणे-आपनै धोक्खा देवा सां, अर म्हारै म्ह सच्चाई
कोनी। 9 जै हम अपणे पाप नै परमेसवर के स्याम्ही मान ल्या, तो वो म्हारे
पाप नै माफ करण म्ह भरोसेमन्द अर धर्मी सै, अर वो हमनै सारे अधर्म तै
शुद्ध करै सै। 10 जै हम कहवां के हमनै पाप न्ही करया, तो परमेसवर नै झूठ्ठा
बणावा सां, अर हम उसके वचन के मुताबिक जीवन कोनी जिन्दे।

**2** हे मेरै प्यारे बाळकों, मै ये बात थारे ताहीं इस करकै लिखूँ सूं, के थम
पाप ना करो; अर जै कोए पाप करै, तो परमेसवर पिता कै धोरै म्हारा एक
मददगार सै, यीशु मसीह जो धर्मी सै, जो म्हारे पापां की माफी खात्तर पिता
तै बिनती करै सै। 2 यीशु मसीह ए म्हारै पापां कै खात्तर प्रायशिचित बलि सै,
अर सिर्फ म्हारे ए न्ही बल्के सारी दुनिया के माणसां के पापां खात्तर भी। 3
जै हम परमेसवर के हुकम का पालन करांगे, उस्से तै हमनै बेरा लाग्गैगा के
हम उस ताहीं जाणागे सां। 4 जो कोए या कहवै सै, "मै उसनै जाण ग्या सूं,"

अर उसकै हुकम नै न्ही मानता, यो वो माणस झूठ्ठा सै, उस म्ह सच कोन्या;
5 पर जो कोए परमेसवर कै वचन नै मान्नै सै, उस म्ह सचमुच परमेसवर का
प्यार सिध्द होया सै, परमेसवर म्ह म्हारे बणे रहण का सबूत योए सै, इस्से तै
हम जाणा सां के हम उस म्ह सां। 6 जो कोए या कहवै सै के मै मसीह
यीशु म्ह बण्या रहूँ सूं, तो उसकै खात्तर जरूरी सै, के जिसा मसीह यीशु
जिया उसाए वो भी जीवै। 7 हे प्यारे बिश्वासी भाईयो, मै थमनै कोए नया
हुकम न्ही, पर वोए पुराणा हुकम लिखूँ सूं, जो शरु तै था, यो वाए हुकम सै,
जिस ताहीं थमनै मसीह म्ह बिश्वास करते बखत सुण्या था। 8 फेर भी मै
थमनै नया हुकम लिखूँ सूं, उस हुकम की सच्चाई मसीह म्ह थी, अर वाए
थारे म्ह भी सै; क्यूँके अन्धकार मिटता जावै सै, अर सच का चान्दणा इब
चमकण लाग्या सै। 9 जो कोए या कहवै सै, के मै चाँदणे म्ह रहूँ सूं, पर
अपणे बिश्वासी भाई तै बैर राक्खै सै, तो वो इब ताहीं अन्धकार म्ह ए रहण
लागरया सै। 10 जो कोए अपणे बिश्वासी भाई तै प्यार करै सै, वो चान्दणा
म्ह रहवै सै, अर उस म्ह इसा कुछ कोनी के दुसरयां नै पाप करवावै। 11 पर
जो कोए अपणे बिश्वासी भाई तै बैर राक्खै सै, वो अन्धकार म्ह रहवै सै अर
अन्धेरे म्ह चाल्लै सै, अर न्ही जाण्दा के कित्त जावै सै, क्यूँके अन्धकार नै
उसकी आँख आँधी कर दी सै। 12 हे बाळकों, मै थमनै इस करकै लिखूँ सूं
के यीशु कै नाम तै थारे पाप माफ होए सै। 13 हे बुजुर्गों, मै थमनै इस करकै
लिखूँ सूं के जो शरु तै सै, थम उसनै जाणो सों। हे गबरूओ, मै थमनै इस
करकै लिखूँ सूं के थमनै उस शैतान पै जीत पाई सै। हे लड़को, मन्नै थारे
ताहीं इस करकै लिख्या सै के थम पिता परमेसवर नै जाणगे सों। 14 हे
बुजुर्गों, मन्नै थारे ताहीं इस करकै लिख्या सै, के जो शरु तै सै, थम पिता
परमेसवर नै जाणगे सों। हे गाबरूओं, मन्नै थारे ताहीं इस करकै लिख्या सै,
के थम ताकतवर बणो, अर परमेसवर का वचन थारे म्ह बणा रहवै सै, अर
थमनै उस शैतान पै जीत पाई सै। 15 थम ना तो दुनिया तै अर ना दुनियावी
चिज्जां तै प्यार राक्खो। जै कोए दुनिया तै प्यार राक्खै सै, तो उस म्ह पिता
परमेसवर का प्यार कोन्या। 16 क्यूँके जो किमे दुनिया म्ह सै, यानी देह
की अभिलाषा, आँखां की अभिलाषा अर रोजी रोटी का घमण्ड, वो पिता
परमेसवर की ओड़ तै कोनी पर दुनिया की ए ओड़ तै सै। 17 दुनिया अर

उसकी अभिलाषा दोनु मिटते ज्या सै, पर जो परमेसवर की मर्जी पै चाल्लै सै
वो सदा बण्या रहवैगा। (aiōn g165) 18 हे बाळकों, यो मसीह के आण का
आखरी बखत सै; अर जिसा थमनै सुण्या सै, के मसीह का बिरोधी भी आण
आळा सै, उसकै मुताबिक इब भी घणेए मसीह बिरोधी उठ खड़े होए सै;
इसतै हम जाणगे सां, के यो आखरी बखत सै। 19 मसीह बिरोधी लिकड़ै तो
म्हारी कलीसिया म्ह ए तै सै, पर वे म्हारै थे ए कोनी; जै वे म्हारै होन्दे, तो
हमनै छोड़ के ना जान्दे; उनका म्हारे ताहीं छोड़ के जाणा ए यो साबित करै
सै, के उन म्ह तै कोए भी म्हारा कोनी था। 20 पर थारे ताहीं तो पवित्र आत्मा
मसीह के जरिये मिला सै, इस करकै थम सारी सच्चाई नै जाणो सों। 21
मन्नै थारे ताहीं इस करकै न्ही लिख्या, के थम सच्चाई नै न्ही जाणदे, पर इस
करकै कै थम उस ताहीं जाणो सों, क्यूँके कोए भी झूठ, सच की ओड़ तै
कोनी लिकड़ता। 22 झूठ्ठा कौण सै? सिर्फ वो जो यीशु नै मसीह होण तै
नाटै सै; अर मसीह का बिरोधी वोए सै, जो पिता परमेसवर का अर बेट्टे का
इन्कार करै सै। 23 जो कोए बेट्टे नै (मानण) तै नाटै सै उसकै धोरै पिता
परमेसवर भी कोनी जो बेट्टे नै मान ले सै, उसकै धोरै पिता परमेसवर भी सै।
24 जो संदेश थमनै शरु तै सुण्या सै, जिब थमनै मसीह पै बिश्वास करया, जै
वो थारे म्ह बण्या रहवै, तो थम भी बेट्टे म्ह अर पिता परमेसवर म्ह बणै रहोगे।
25 परमेसवर नै म्हारे तै वादा करया सै, के वो हमनै अनन्त जीवन देवैगा।
(aiōnios g166) 26 मै थारे ताहीं उन माणसां कै बारें म्ह चेतावनी देऊ सूं, जो
थमनै झूठ्ठी शिक्षा तै भरमावै सै; 27 अर थारे म्ह पवित्र आत्मा जो मसीह की
ओड़ तै मिला सै, वो थारे म्ह रहवै सै; इस करकै यो जरूरी कोनी, के कोए
थमनै उस सच्चाई के बारें म्ह सिखावै, बल्के पवित्र आत्मा थारे ताहीं उन
बात्तां की सारी सच्चाई बतावै सै, अर पवित्र आत्मा जो थारे ताहीं सिखावैगा,
वो बिल्कुल सच सै, अर थारे तै झूठ कोनी बोल्लैगा, इस करकै मसीह म्ह
बणे रह्वो, जिसा थारे ताहीं पवित्र आत्मा नै सिखाया सै। 28 हे बाळकों,
मसीह म्ह बणे रह्वो, के जिब वो दुबारा आवैगा, तो म्हारी हिम्मत बणी रहवै,
ताके मसीह कै आण पै उसकै स्याम्ही शर्मिन्दा ना होआ। 29 जै थम जाणो
सों, के मसीह धर्मी सै, अर जो कोए धर्म का काम करै सै, वो परमेसवर की
ऊलाद सै।

3 सोच्चों तो सही के पिता परमेसवर नै म्हारै तै किसा प्यार करया, कै हम
पिता परमेसवर की ऊलाद कुहवाऐ; अर हम सां भी। पर इस कारण दुनिया
के माणस हमनै कोनी जाणते, के हम परमेसवर की ऊलाद सां, क्यूँके वे
पिता परमेसवर नै भी कोनी जाणते। 2 हे मेरे प्यारे बिश्वासी भाईयो, इब हम
परमेसवर की ऊलाद सां अर इब ताहीं यो तय न्ही होया, के आण आळे
बखत म्ह हम के बणागें! इतणा जाणा सां के जिब यीशु मसीह आवैगा तो
हम उसकै समान होवांगे, क्यूँके हम मसीह नै उसेए दिक्खांगें जिसा वो सै।
3 अर जो कोए मसीह पै या आस राक्खै सै, वो अपणे-आपनै उसाए पवित्र
करै सै, जिसा वो पवित्र सै। 4 जो कोए बार-बार पाप करै सै, वो नियम-
कायदा का बिरोध करै सै। अर हुकम ना मानना ए पाप सै। 5 थम जाणो सों
के मसीह इस खात्तर आया, ताके पाप नै दूर करै; अर उसकै म्ह कोए भी
पाप कोनी। 6 जो कोए उस म्ह बण्या रहै सै, वो बार-बार पाप न्ही करदा: जो
कोए बार-बार पाप करै सै, वे कोनी जाणते के मसीह कौण सै, अर ना ए
उसकै गैल कोए उनका रिश्ता सै। 7 हे बाळकों, किसे कै बहकावै म्ह ना
आइयो। जो धर्म के काम करै सै, वोए मसीह कै समान धर्मी सै। 8 जो कोए
पाप करदा रहवै सै, वो शैतान की ओड़ तै सै, क्यूँके शैतान शरु तै ए पाप
करदा आया सै। परमेसवर का बेट्टा इस खात्तर आया के शैतान कै काम्मां
का नाश करै। 9 जो परमेसवर की ऊलाद सै, वो बार-बार पाप न्ही करदा;
क्यूँके मसीह का सुभाव उस म्ह बण्या रहवै सै, अर वो पाप कर ए न्ही
सकता, क्यूँके वो परमेसवर की ऊलाद सै। 10 परमेसवर की अर शैतान की
ऊलाद की पिच्छाण इस्से तै हो ज्या सै: कोए भी माणस, जिसका जीवन
धार्मिकता का कोनी, वो परमेसवर की ओड़ तै कोनी, अर ना ए वो, जिसनै
अपणे भाई तै प्यार न्ही करया। 11 जो खबर थमनै शरु तै सुणी, वो या सै
के हम एक-दुसरे तै प्यार करां; 12 अर आदम के बेट्टे कैन की ढाळ ना
बणो, जो उस शैतान की ओड़ तै था, अर जिसनै अपणे भाई ताहीं मार
दिया। अर उस ताहीं क्यूँ मारया? क्यूँके उसके खुद के काम बुरे थे, अर
उसके भाई के काम धर्म के थे। 13 हे बिश्वासी भाईयो, जै दुनिया के माणस
थारे तै बैर करै सै तो अचम्भा ना करो। 14 हम जाणा सां, के हम मौत के
मुँह तै लिकड़कै जीवन म्ह दाखल होवा सां; क्यूँके हम बिश्वासी भाईयाँ तै

प्यार राक्खा सां। जो प्यार न्ही राखदा वो मृत्यु के सिकन्जे म्ह रहवै सै।
15 जो कोए अपणे बिश्वासी भाई तै बैर राक्खै सै, वो हत्यारा सै; अर थम
जाणो सों के हत्यारे म्ह अनन्त जीवन न्ही रहन्दा। (aiōnios g166) 16 प्यार
के सै? इस्से तै हमनै जाण लिया के यीशु मसीह नै म्हारै खात्तर अपणी
जान दे दी; इस करकै हमनै भी अपणे बिश्वासी भाईयाँ कै खात्तर जान
देणी चाहिए। 17 पर जिस किसे कै धोरै दुनिया की दौलत हो अर वो अपणे
बिश्वासी भाई नै कंगाल देखकै उसपै तरस ना खावै, तो उस म्ह परमेसवर का
प्यार किस तरियां बण्या रहै सकै सै? 18 हे प्यारे बाळकों, म्हारे बोल्लण तै
ए न्ही, पर काम अर सच्चाई म्ह भी म्हारा प्यार दिखणा चाहिए। 19 जिब हम
दुसरयां तै प्यार करां सां, तो हम जाण लेवां सां, के हम सच के सां; अर
जिस बात म्ह म्हारा मन हमनै दोष देवै सै, उसकै बारें म्ह हम परमेसवर कै
आग्गै अपणे-अपणे मन नै होसला दे सकां सां; 20 जै बुरे काम की बजह तै
म्हारा मन हमनै दोषी बणावै तोभी हम परमेसवर के स्याम्ही जा सकां सां,
क्यूँके परमेसवर म्हारे मन तै बड़ा अर सब कुछ जाणण आळा सै। 21 हे
प्यारे बिश्वासी भाईयो, जै म्हारा मन हमनै दोष ना दे, तो हमनै परमेसवर कै
आग्गै जाण म्ह होसला मिलै सै। 22 अर जो कुछ हम परमेसवर तै माँग्गा
सां, वो हमनै उसतै मिलै सै, क्यूँके हम उसकै हुकम नै मान्ना सां अर जो
उसनै आच्छा लाग्गै सै, वोए हम करा सां। 23 उसका हुकम यो सै के हम
उसकै बेट्टे यीशु मसीह पै बिश्वास करा, अर जिसा उसनै म्हारै ताहीं हुकम
दिया सै उस्से कै मुताबिक हम आप्पस म्ह प्यार करां। 24 जो परमेसवर के
हुकम नै मान्नै सै, वो परमेसवर म्ह वास करे सै, अर वो उन म्ह वास करे सै:
अर इस्से तै, हम जाणा सां, के वो म्हारै म्ह रहवै सै उस पवित्र आत्मा के
जरिये जो उसनै म्हारै ताहीं दिया सै।

4 हे प्यारे बिश्वासी भाईयो, हरेक आत्मा का बिश्वास ना करो, बल्के आत्मायाँ
नै परखो के वो परमेसवर की ओड़ तै सै के न्ही; क्यूँके घणखरे झूठ्ठे नबी
दुनिया म्ह उठ खड़े होए सै। 2 परमेसवर की आत्मा थम इस रीति तै पिच्छाण
सको सों: जो आत्मा मान ले सै के यीशु मसीह देह धारण करकै आया
सै, वो परमेसवर की ओड़ तै सै। 3 अर जो आत्मा यीशु नै न्ही मानती, वो
परमेसवर की ओड़ तै न्ही सै; अर वोए तो मसीह कै बिरोधी की आत्मा सै,

जिसका जिक्र थमनै सुण्या सै के वो आण आळा सै, अर इब भी दुनिया म्ह
सै। 4 हे प्यारे बाळकों, थम परमेसवर के लोग सों, अर थमनै झूठ्ठे नबियाँ पै
जीत पाई सै; क्यूँके पवित्र आत्मा जो थारे म्ह बसै सै, वो शैतान तै बड्ड़ा सै,
जो इस दुनिया म्ह सै। 5 झूठ्ठे नबी दुनिया के लोग सै, इस कारण वे दुनिया
की बात बोल्लै सै, अर लोग उनकी सुणै सै। 6 हम परमेसवर के लोग सां।
जो परमेसवर नै जाणै सै, वो म्हारी सुणै सै; जो परमेसवर नै न्ही जाणता वो
म्हारी न्ही सुणदा। इस ढाळ हम सच की आत्मा अर भ्रम की आत्मा नै
पिच्छाण लेवां सां। 7 हे प्यारे बिश्वासी भाईयो, हम आप्पस म्ह प्यार करां;
क्यूँके प्यार परमेसवर की ओड़ तै सै, जो कोए प्यार करै सै, वो परमेसवर की
ऊलाद सै, अर वो परमेसवर नै जाणै सै। 8 जो दुसरयां तै प्यार न्ही करते, वो
परमेसवर नै न्ही जाण्दा, क्यूँके परमेसवर प्यार सै। 9 जो प्यार परमेसवर
म्हारै तै करै सै, वो इसतै जाहिर होया के परमेसवर नै अपणे इकलौते बेट्टे
ताहीं दुनिया म्ह भेज्जा सै, ताके हम उसकै जरिये सच्चे जीवन नै पावां। 10
प्यार वो न्ही जो हमनै परमेसवर तै करया सै, बल्के प्यार वो सै जो उसनै
म्हारै तै करया, के म्हारे पापां कै प्रायशिचित कै खात्तर अपणे बेट्टे ताहीं
भेज्जा। 11 हे प्यारे बिश्वासी भाईयो, जिब परमेसवर नै म्हारै ताहीं इसा प्यार
करया, तो हमनै भी आप्पस म्ह प्यार करणा चाहिए। 12 परमेसवर ताहीं भी
किसे नै न्ही देख्या; जै हम आप्पस म्ह प्यार करां, तो परमेसवर म्हारै म्ह
बसा रहवै सै अर उसका प्यार म्हारै म्ह सिध्द होग्या। 13 इस्से तै हम जाणा
सां के हम उस म्ह बणे रह्वा सां, अर वो म्हारै म्ह; क्यूँके उसनै अपणे पवित्र
आत्मा म्ह तै म्हारै ताहीं दिया सै। 14 हमनै देख भी लिया अर गवाही देवा सां
के पिता परमेसवर नै बेट्टे ताहीं दुनिया का उद्धारकर्ता बणाकै भेज्जा सै। 15
जो कोए या मान ले सै के यीशु परमेसवर का बेट्टा सै, परमेसवर उस माणस
म्ह वास करै सै, अर वो परमेसवर म्ह। 16 हम जाणगे सां, अर हमनै बिश्वास
सै के परमेसवर म्हारै तै प्यार करै सै। परमेसवर प्यार सै, अर जो प्यार म्ह
बण्या रहवै सै, वो परमेसवर म्ह वास करै सै, अर परमेसवर उस म्ह वास करै
सै। 17 इस्से तै प्यार म्हारै म्ह सिध्द होया, के न्याय कै दिन हमनै यो होसला
मिलै, के परमेसवर हमनै दण्ड न्ही देगा। जिसा मसीह दुनिया म्ह रहन्दे होए
परमेसवर म्ह वास करै था, उसाए हम भी परमेसवर म्ह वास करां सां। 18

प्यार म्ह डर न्ही होंदा, बल्के सिध्द प्यार डर नै दूर करदे सै; क्यूँके डर का
सम्बन्ध दण्ड तै होवै सै, अर जो डरै सै वो प्यार म्ह सिध्द न्ही होया। 19 हम
इस करकै प्यार करा सां, के पैहले उसनै म्हारै तै प्यार करया। 20 जै कोए
कहवै, "मै परमेसवर तै प्यार करुँ सूं," पर अपणे बिश्वासी भाई तै बैर राक्खै
तो वो झूठ्ठा सै; क्यूँके जो अपणे बिश्वासी भाई तै जिस ताहीं उसनै देख्या सै
प्यार न्ही कर सकता, तो वो परमेसवर तै भी जिस ताहीं उसनै न्ही देख्या
प्यार न्ही कर सकता। 21 परमेसवर तै हमनै यो हुकम मिल्या सै, कै जो
कोए परमेसवर तै प्यार राक्खै सै वो अपणे भाई तै भी प्यार राक्खै।

**5** जिसका यो बिश्वास सै, के यीशु ही मसीह सै, वो परमेसवर पिता की
ऊलाद सै; अर जो कोए परमेसवर तै प्यार करै सै, वो उसके माणसां तै भी
प्यार करैगा। 2 जिब हम परमेसवर तै प्यार करां सां अर उसकै हुकम नै
मान्ना सां, तो इस्से तै हम जाणा सां, के हम परमेसवर अर उसके माणसां तै
प्यार करां सां। 3 परमेसवर तै प्यार करण का मतलब यो सै के हम उसकै
हुकमां नै मान्नै; अर उसके हुकम मुश्किल कोन्या। 4 क्यूँके जो परमेसवर
पिता की ऊलाद सै, उसनै दुनिया पै जीत हासिल करी सै; अर वा जीत
दुनिया ताहीं हरा देवै सै, वो म्हारा बिश्वास ए सै। 5 दुनिया पै जीत पावैण
आळा कौण सै? सिर्फ वो जिसका यो बिश्वास सै के यीशु ए परमेसवर का
बेट्टा सै। 6 मसीह यीशु ए सै, जिसनै बपतिस्मा लिया अर म्हारे खात्तर सूळी
पै अपणा लहू भी बहाया। 7 गवाही देण आळे तीन सै। 8 आत्मा, पाणी अर
लहू; ये तीन्नु एके बात पै सहमत सै। 9 जिब हम माणसां की गवाही मान
ल्यां सां, तो परमेसवर की गवाही तो उसतै बढ़कै सै; अर परमेसवर की
गवाही या सै के उसनै अपणे बेट्टै कै बारें म्ह गवाही दी सै। 10 जो परमेसवर
कै बेट्टै पै बिश्वास करै सै, वो अपणे मन म्ह ए बिश्वास राक्खै सै। जिसनै
परमेसवर पै बिश्वास न्ही करया उसनै परमेसवर ताहीं झूठ्ठा बताया, क्यूँके
उसनै उस गवाही पै बिश्वास न्ही करया जो परमेसवर नै अपणे बेट्टै कै बारें म्ह
दी सै। 11 अर वा गवाही या सै के परमेसवर के बेट्टे के जरिये हमनै अनन्त
जीवन पाया सै, अर यो जीवन उसकै बेट्टै म्ह सै। (aiōnios g166) 12 उसके
बेट्टे तै म्हारा गहरा रिश्ता सै, उसकै धोरै अनन्त जीवन सै; अर जिसका
परमेसवर के बेट्टे तै रिश्ता कोनी, उसकै धोरै अनन्त जीवन भी कोनी। 13 मै

या चिट्ठी थारे ताहीं लिखूँ सूं, जो परमेसवर कै बेट्टै कै नाम पै बिश्वास करो
सों, ताके थम जाणो के अनन्त जीवन थारा सै। (aiōnios g166) 14 हमनै
परमेसवर कै स्याम्ही यो होसला मिलै सै, वो होसला यो सै, के जो हम
उसकी इच्छा के मुताबिक माँग्गा सां, तो वो म्हारी सुणै सै। 15 जिब हम
जाणा सां, के जो कुछ परमेसवर तै मांग्या सै, वो म्हारी सुणै सै, तो यो भी
जाणा सां, के जो कुछ हमनै परमेसवर तै मांग्या, वो पाया सै। 16 जै कोए
अपणे बिश्वासी भाई नै इसा पाप करते देक्खै, जिसका नतिज्जा मौत ना हो,
तो बिनती करै, अर परमेसवर उस ताहीं उन खात्तर, जिन नै इसा पाप करया
सै, जिसका कारण मौत ना हो, जीवन देगा। जिस पाप का नतिज्जा मृत्यु
सै; मै इसकै बारें म्ह बिनती करण खात्तर न्ही कहन्दा 17 सारी ढाळ के
बुरे काम तो पाप सै, पर इसा पाप भी सै जिसका नतिज्जा मृत्यु कोनी।
18 हम जाणा सां, के जो कोए परमेसवर ऊलाद सै, वो बार-बार पाप न्ही
करते; क्यूँके परमेसवर का बेट्टा यीशु मसीह उसनै पाप तै बचाई राक्खैगा,
अर शैतान उसनै छू भी न्ही पांदा। 19 हम जाणा सां, के हम परमेसवर तै
सां, अर सारी दुनिया उस शैतान कै बस म्ह पड़ी सै। 20 हम यो भी जाणा
सां, के परमेसवर का बेट्टा यीशु मसीह आ ग्या सै, उसनै म्हारे ताहीं उस
सच्चे परमेसवर नै पिच्छाणण की समझ दी सै; के म्हारा परमेसवर का
करीबी रिश्ता सै, क्यूँके म्हारा उसके बेट्टे कै गेल्या करीबी रिश्ता सै। सच्चा
परमेसवर अर अनन्त जीवन योए सै। (aiōnios g166) 21 हे बाळकों हरेक
उस चीज तै दूर रहों जो थमनै परमेसवर तै दूर करै सै।

# 2 यूहन्ना

**1** या चिट्ठी मुझ यूहन्ना की ओड़ तै सै, जो कलीसिया का अगुवां सै, मै उस
परमेसवर के जरिये चुणी गई बिरबान्नी अर उसके बाळकां के नाम या चिट्ठी
लिखण लागरया सूं, जिनतै मै सच्चा प्यार करुँ सूं, अर सिर्फ मै ए न्ही बल्के
वे सारे भी प्यार करै सै, जो सच्चाई नै जाणै सै। **2** हम थारे तै प्यार करा सां,
क्यूँके सच्ची शिक्षा म्हारे म्ह रहवै सै, अर म्हारे साथ सदा रहवैगी। **(aiōn
g165)** **3** परमेसवर पिता, अर उसके बेट्टे यीशु मसीह की ओड़ तै अनुग्रह,
दया, शान्ति, ये सब उनकै साथ रहवैंगी, जो इस सच्चाई नै मान्नै सै, अर
एक-दुसरे तै प्यार करै सै। **4** मै घणा राज्जी होया के मन्नै तेरे कई बाळकां
ताहीं उस हुकम कै मुताबिक, जो म्हारै पिता की ओड़ तै मिल्या था, सच पै
चाल्दे होए पाया। **5** इब हे नारी, मै तेरे तै बिनती करुँ सूं, के हमनै एक-दुसरे
तै प्यार करणा चाहिए, यो कोए नया हुकम कोनी, बल्के यो वो हुकम सै
जिसनै हम उस बखत तै जाणा सां, जिब हमनै मसीह कै पाच्छै चालणा
शरु करया था। **6** अर सच्चा प्यार यो सै, के हम परमेसवर के हुकमां कै
मुताबिक चाल्लां, जिस दिन तै थमनै मसीह कै पाच्छै चालणा शरु करया था,
उस दिन तै थम जाणो सों, के परमेसवर नै म्हारे ताहीं हुकम दिया सै, के हम
सदा एक-दुसरे तै प्यार करा। **7** मै ज्यांतै कहूँ सूं, क्यूँके भोत-से लोग झूठी
शिक्षा तै दुसरयां नै धोक्खा देण आळे, इस दुनिया म्ह अलग-अलग जगहां तै
लिकड़ आए सै, वे कहवै सै, के मसीह इस दुनिया म्ह इन्सान का रूप धारण
करकै न्ही आया, जै कोए माणस ये बात कहवै सै तो वो माणस यीशु मसीह
का बिरोधी सै, वो दुसरयां ताहीं भरमाण आळा सै। **8** थमनै चौक्कस रहणा
चाहिए, के ये लोग थमनै धोक्खा न्ही देण पावै, ताके परमेसवर की सेवा
करण म्ह जो मेहनत थमनै करी सै, वा बेकार ना जावै, पर परमेसवर थारी
उस मेहनत का थमनै ईनाम देवैगा। **9** जै कोए माणस, मसीह नै जो शिक्षाएँ
दी सै उसका पालन न्ही करदा, अर अपणी ओड़ तै उन शिक्षा म्ह कुछ और
जोडै सै, तो उसकी परमेसवर कै गैल साझेदारी कोनी, पर जो कोए उसकी
दी गई शिक्षा का पालन करदा रह सै, उसकी पिता परमेसवर अर उसके बेट्टे
यीशु मसीह कै गैल साझेदारी सै। **10** जै कोए थारे धोरै आवै अर वा शिक्षा दे
जो मसीह की शिक्षा तै न्यारी सै, तो उस ताहीं थम ना तो घर म्ह आण द्यो

अर ना नमस्कार करो। 11 क्यूँके जो कोए इसे माणस नै नमस्कार करै सै,
वो उसके भुन्डे काम्मां म्ह साझ्झी होवै सै। 12 मन्नै घणीए बात थारे ताहीं
बताणी सै, पर मै उन बात्तां नै इस चिट्ठी म्ह लिखणा कोनी चाहन्दा, अर
उम्मीद सै के मै थारे धोरै आऊँगा, अर आम्ही-स्याम्ही थारे तै बात करुँगा,
अर फेर हम आच्छी ढाळ खुशी मनावांगे। 13 परमेसवर के जरिये चुणी गई
बेब्बे के बाळकां का, थारे ताहीं नमस्कार।

# 3 यूहन्ना

1 या चिट्ठी मुझ यूहन्ना की ओड़ तै, जो कलीसिया का अगुवां सै, प्यारे
मित्तर गयुस कै नाम सै, जिसतै मै सच्चा प्यार करूँ सूं। 2 हे प्यारे मित्तर,
मेरी या प्रार्थना सै, के जिसा तू आत्मिक बढ़ोतरी करण लाग रह्या सै, उस्से
तरियां तू सारी बात्तां म्ह बढ़ोतरी करै अर भला चंगा रहवै। 3 क्यूँके जिब कुछ
बिश्वासी भाईयाँ नै आणकै मेरे ताहीं बताया के तू ईमानदारी तै परमेसवर की
सच्ची राह पै चाल्लण लागरया सै, तो मै भोत-ए राज्जी होया। 4 मन्नै इसतै
बढ़कै किसे और बात की खुशी कोनी के जिब मै सुणु सूं, के वे लोग जो मेरे
बाळकां की तरियां सै, वे परमेसवर की सच्ची राह पै चाल्लण लागरे सै। 5 हे
प्यारे मित्तर, तू म्हारे बिश्वासी भाईयाँ की मदद कै खात्तर ईमानदारी तै भोत
कुछ करण लागरया सै, तन्नै उनकी भी मदद करी जिन ताहीं तू न्ही जाणदा।
6 जिनकी तन्नै मदद करी थी, उन म्ह तै कई माणसां नै, उरै की कलीसिया
के बिश्वासी भाईयाँ ताहीं बताया, के तू अपणे बिश्वासी भाईयाँ तै कितना
प्यार करै सै, इब मै थमनै कहूँ सूं के तू इसे माणसां की हमेशा मदद करदा
रहै, जिब वे दुसरी जगहां सफर खात्तर जावै सै, क्यूँके योए परमेसवर नै
आच्छा लाग्गै सै। 7 क्यूँके ये लोग हरेक जगहां सफर करै सै, ताके मसीह
का वचन सुणा सकै, अर गैर यहूदियाँ तै कुछ मदद न्ही लेंदे। 8 इस करकै
हमनै अपणे घर म्ह, इसे माणसां का स्वागत करकै उनकी सेवा-पाणी करणी
चाहिए, अर उनकी हरेक जरूरत पूरी करणी चाहिए, ताके हम माणसां म्ह
सच्चा सन्देस फैलाण म्ह उनके साझ्झीदार हो सका। 9 मन्नै पैहले थारी
कलीसिया के बिश्वासियाँ ताहीं एक चिट्ठी लिखी थी, पर दियुत्रिफेस नै मेरी
हिदायत मानण तै इन्कार कर दिया क्यूँके वो खुद हमेशा कलीसिया का
अगुवां बणणा चाहवै था। 10 इस करकै जिब मै आऊँगा तो, थारे स्याम्ही
उसके जरिये करे गये सारी बात्तां नै स्पष्ट कर देऊँगा, यानी सारे बुरे-बुरे शब्दां
का इस्तमाल करदे होए जो उसनै म्हारे पै दोष लगाऐ, इतणाए न्ही बल्के वो
ना ए तो किसे शिक्षक ताहीं स्वीकार करै सै, अर ना ए कलीसिया के किसे
बिश्वासी ताहीं इसा करण देवै सै, जो स्वीकार करणा चाहवै सै, उन ताहीं वो
कलीसिया तै बाहर कर देवै सै। 11 हे प्यारे मित्तर, बुराई करण आळे न्ही, पर
भलाई करण आळे बणो। जो भलाई करै सै, वो परमेसवर की ओड़ तै सै, पर

जो बुराई करै सै, वो परमेसवर ताहीं कोनी जाणदा। 12 कलीसिया म्ह हर
कोए कहवै सै, के देमेत्रियुस एक आच्छा माणस सै, क्यूँके उसका बरताव
परमेसवर के सच्चे सन्देस के मुताबिक सै, अर तू भी जाणै सै के जो हम
कहवा सां वो सच सै। 13 मन्नै तेरे ताहीं भोत कुछ बताणा तो था, पर मै उन
बात्तां नै इस चिट्ठी म्ह लिखणा कोनी चाहन्दा। 14 पर मन्नै उम्मीद सै, के तेरे
तै तावळा-ए मिलूँगा, फेर हम आम्ही-स्याम्ही बात करागें। मै प्रार्थना करुँ सूं,
के परमेसवर थमनै शान्ति देवै। ओड़ै के मित्तरां तै नाम ले-लेकै म्हारी ओड़ तै
नमस्कार कह दिये।

# यहूदा

**1** या चिट्ठी मुझ यहूदा की ओड़ तै सै, मै, मसीह यीशु का दास अर याकूब
का छोट्टा भाई सूं। मै या चिट्ठी उन माणसां ताहीं लिखण लागरया सूं, जिन
ताहीं परमेसवर नै अपणे पै बिश्वास करण खात्तर बुलाया सै। पिता परमेसवर
थारे तै प्यार करै सै, अर मसीह यीशु म्ह थारे ताहीं सुरक्षित राक्खै सै। **2**
मै प्रार्थना करुँ सूं, के परमेसवर थारे ताहीं दया, शान्ति अर प्यार भोत-ए
घणा देवै। **3** हे प्यारे बिश्वासी भाईयो, जिब मै उस नई जिन्दगी के बारें म्ह
लिखण म्ह घणी मेहनत करण लागरया था, जो म्हारे ताहीं मसीह यीशु के
जरिये परमेसवर तै मिलै सै, अर जिस म्ह हम सब साझीदार सां। तो मन्नै
महसूस होया के मै इस चिट्ठी के जरिये थमनै उत्साहित करुँ, ताके थम
अपणे बिश्वास की बढ़ोतरी खात्तर और भी मेहनत करो, परमेसवर नै यो
बिश्वास सारे माणसां ताहीं सदा खात्तर एके बार दे दिया सै, अर यो बदल्या
न्ही जा सकदा। **4** क्यूँके परमेसवर का कहणा ना मानण आळे भोत-से झूठी
शिक्षा देण आळे लोग चुपचाप म्हारे बिना जाणे म्हारै म्ह आ मिले सै, ये वो
लोग सै जिनकै बारें म्ह परमेसवर नै सदियाँ पैहले पवित्र ग्रन्थ म्ह कह्या था,
के उन ताहीं परमेसवर दण्ड देवैगा। वे परमेसवर के अनुग्रह के सन्देस नै
बिगाड़ के उस ताहीं भोग-विलास म्ह बदल देवै सै। यीशु मसीह जो म्हारा
एकमात्र माल्लिक अर प्रभु सै, वे उसका इन्कार करै सै। **5** हालाकि थमनै
सारी बात्तां का बेरा सै, फेर भी मै थमनै वे बात याद दुवाणा चाहूँ सूं, जिब
प्रभु नै इस्राएली माणसां ताहीं मिस्र देश की गुलाम्मी तै छुड़ाया था, तो उसकै
बाद उन म्ह बिश्वास ना करणीया का प्रभु नै जंगल-बियाबान म्ह नाश कर
दिया। **6** यो भी याद राक्खों के परमेसवर नै उन सुर्गदूत्तां ताहीं भी दण्ड
दिया, जिननै अपणी प्रभुता बणाए न्ही राक्खी, बल्के अपणी खुद की रहण
की जगहां जो के सुर्ग थी छोड़ दी, परमेसवर नै उन ताहीं भी भीषण दिन कै
न्याय खात्तर अन्धेरै म्ह, जो सदा काल कै खात्तर सै, बेल्लां तै बाँधकै राख्या
सै, जिन ताहीं कोए तोड़ न्ही सकदा। **(aïdios g126)** **7** उस्से तरियां उन
माणसां के बारें म्ह जो सदोम अर अमोरा नगर अर उसकै लोवै-धोवै के नगर
के माणसां कै गैल के बणी थी। वे माणस जार होगे थे, अर अप्राकृतिक
यौन-सम्बन्धां कै पाच्छै लाग्गे थे, तो परमेसवर नै उन ताहीं आग तै भस्म कर

दिया, जो उनकै गैल होया वा दुसरयां खात्तर चेतावनी सै, क्यूँके वे भी अनन्त
आग के जरिये दण्ड पावैंगें। **(aiōnios g166)** 8 इन बात्तां के बारें म्ह बेरा होन्दे
होए, परमेसवर का कहणा ना मानण आळे लोग इस्से तरियां तै पाप करै सै,
उनका कहणा सै, के वे दर्शन देक्खै सै, वे अपणी-अपणी देह नै अशुद्ध
करै सै, अर वे परमेसवर की प्रभुता नै अस्वीकार करै सै, अर सुर्गदूत्तां की
बुराई करै सै। 9 पर परमेसवर के प्रधान सुर्गदूत मीकाईल नै, जिब शैतान तै
मूसा नबी की लाश कै बारें म्ह वाद-विवाद करया, तो मीकाईल सुर्गदूत नै
